  - स्थानीय आवास प्रोग्रामों का समर्थन करने के लिए $200 मिलियन।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- आवास बॉन्ड की वापसी अदायगी के लिए लगभग 25 वर्षों तक राज्य के लिए वार्षिक रूप से $500 मिलियन से $600 मिलियन की बढ़ी हुई लागत।

**राजकीय बॉन्ड लागत का अनुमान**

| | |
|---|---|
| अधिकृत नया ऋण | $11.25 बिलियन |
| बॉन्ड का भुगतान करने की वार्षिक लागत | $500 मिलियन से $600 मिलियन[a] |
| वापसी अदायगी की संभावित अवधि | 25 वर्ष |
| वापसी अदायगी का स्रोत | सामान्य टैक्स राजस्व |

[a] प्रस्ताव 1 में भूतपूर्व सैनिकों के आवास प्रोग्राम के लिए $1.25 बिलियन शामिल हैं। इस ऋण के परिणामस्वरूप राज्य पर कोई अनुमानित लागत नहीं आएगी।

SB 417 (प्रस्ताव 1) पर विधान मंडल द्वारा डाले गए अंतिम मतदान
(अध्याय 16, 2026 का विधान)

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 29 | नहीं 2 |
| विधानसभा: | हाँ 61 | नहीं 7 |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***सार्वजनिक क्षेत्र (पब्लिक सेक्टर) कुछ आवास निर्माण का वित्तपोषण करता है।*** अधिकांश वर्षों में, California में लगभग 100,000 मकानों और अपार्टमेंटों का निर्माण किया जाता है। इनमें से अधिकांश आवास यूनिट्स का निर्माण पूरी तरह से निजी धन से किया जाता है। हालाँकि, कुछ को संघीय, राज्य या स्थानीय सरकारों से वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। राज्य द्वारा वित्तपोषित आवास के मामले में, राज्य सरकार आम तौर पर स्थानीय सरकारों, गैर-लाभकारी

जारी है

संगठनों, और निजी डेवलपरों को आवास यूनिट्स की निर्माण लागत के एक हिस्से का वित्तपोषण करने के लिए अनुदान या कम लागत वाले ऋण प्रदान करती है। आमतौर पर, इन निधियों से निर्मित आवास को कम आय वाले California वासियों को बेचा या किराए पर दिया जाना आवश्यक होता है।

***राज्य द्वारा आवास निर्माण और गृहस्वामित्व वाले प्रोग्रामों के वित्तपोषण करने के लिए बॉन्ड्स एक आम तरीका हैं।*** पिछले कुछ दशकों में, राज्य ने विभिन्न आवास प्रोग्रामों का वित्तपोषण करने के लिए सामान्य दायित्व बॉन्ड्स का उपयोग किया है। बॉन्ड्स एक ऐसा तरीका है जिससे राज्य किसी परियोजना की शुरुआती लागतों को पूरा करने के लिए पैसा उधार लेता है और फिर समय के साथ उधार ली गई राशि को ब्याज सहित चुकाता है। किफायती आवास के लिए पिछले राज्यव्यापी सामान्य दायित्व बॉन्ड को मतदाताओं ने 2024 में मंज़ूरी दी थी, जिसके तहत भूतपूर्व सैनिकों और मानसिक स्वास्थ्य या मादक पदार्थों के सेवन से जुड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे और बेघर होने की स्थिति से जूझ रहे अन्य लोगों के लिए आवास उपलब्ध कराने हेतु $2 बिलियन डॉलर प्रदान किए गए।

***भूतपूर्व सैनिकों हेतु घर खरीदने के लिए ऋण प्रोग्राम*** राज्य का भूतपूर्व सैनिकों हेतु घर खरीदने के लिए ऋण प्रोग्राम योग्य भूतपूर्व सैनिकों को घर के लिए ऋण प्रदान करता है, जिनमें वे भूतपूर्व सैनिक भी शामिल हैं जो अन्यथा घर के लिए ऋण लेने के लिए पात्र नहीं हो सकते हैं। इस प्रोग्राम के तहत, राज्य निवेशकों को सामान्य दायित्व बॉन्ड बेचता है और इन निधियों का उपयोग भूतपूर्व सैनिकों को घर खरीदने के लिए ऋण प्रदान करने हेतु करता है। भाग लेने वाले भूतपूर्व सैनिक अपने घर के लिए लिए गये ऋण के भुगतानों के माध्यम से बॉन्ड्स की लागत चुकाते हैं। भूतपूर्व सैनिकों हेतु घर के लिए ऋण के लिए पिछले राज्यव्यापी सामान्य दायित्व बॉन्ड को मतदाताओं ने 2018 में मंज़ूरी दी थी, जिसके तहत इस प्रोग्राम के लिए $1 बिलियन डॉलर प्रदान किए गए थे।

## प्रस्ताव

***आवास के लिए नया सामान्य दायित्व बॉन्ड।*** प्रस्ताव 1 राज्य को आवास संबंधी उद्देश्यों के लिए $11.25 बिलियन डॉलर के सामान्य दायित्व बॉन्ड्स बेचने की अनुमति देता है। इस राशि में (1) विभिन्न राज्य आवास प्रोग्रामों के लिए $10 बिलियन डॉलर का एक बॉन्ड शामिल है, जिसका वापसी भुगतान सामान्य निधि से किया जाएगा, और (2) $1.25 बिलियन डॉलर का एक बॉन्ड शामिल है, जिसका वापसी भुगतान भूतपूर्व सैनिकों द्वारा उनके घर के लिए ऋणों पर किए गए भुगतानों से किया जाएगा। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है। राज्य की सामान्य निधि से वित्तपोषित बॉन्ड्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए, इस गाइड में आगे दिए शीर्षक "राज्य बॉन्ड ऋण की समीक्षा" देखें।)

***राज्य आवास प्रोग्राम।*** प्रस्ताव 1 विभिन्न प्रकार के आवास प्रोग्रामों के लिए बॉन्ड के माध्यम से वित्तपोषण प्रदान करता है, जिनका सारांश चित्र 1 में दिया गया है। इन निधियों का आबंटन कई वर्षों की अवधि में किया जाएगा। बॉन्ड द्वारा समर्थित आवास प्रोग्रामों की प्रमुख श्रेणियाँ इस प्रकार हैं:

- ***किफायती बहु-परिवार वाले आवास प्रोग्राम।*** प्रस्ताव 1 किराये के आवास, जैसे कि अपार्टमेंट भवनों, को खरीदने, बनाने या उनका नवीनीकरण करने के लिए $7.2 बिलियन डॉलर प्रदान करता है। ये प्रोग्राम आम तौर पर स्थानीय सरकारों और निजी डेवलपरों को परियोजना की लागत के एक हिस्से का वित्तपोषण करने के लिए कम

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी है

ब्याज वाले ऋण प्रदान करते हैं। इसके बदले में, परियोजनाओं को आम तौर पर 55 वर्षों की अवधि के लिए निम्न-आय वाले परिवारों के लिए आवास यूनिट्स आरक्षित रखनी होती हैं। इस वित्तपोषण के एक हिस्से का उपयोग सहायक आवास के लिए किया जाएगा, जहाँ कुछ निवासियों को स्थल पर ही (ऑन-साइट) सेवाएँ (जैसे मानसिक स्वास्थ्य और मादक पदार्थों के सेवन से संबंधित परामर्श) प्रदान की जाती हैं।

- ***घर के स्वामित्व से संबंधी प्रोग्राम।*** प्रस्ताव 1 निम्न और मध्यम आय वाले परिवारों के लिए घर के स्वामित्व को बढ़ावा देने हेतु $1.1 बिलियन डॉलर प्रदान करता है। इन निधियों के एक हिस्से का उपयोग पहली बार घर खरीदने वालों के लिए ऐसे ऋणों के माध्यम से घर खरीदने में सहायता प्रदान करने हेतु किया जाएगा, जिन्हें आम तौर पर घर बेचे जाने या घर के लिए ऋण का पूरा भुगतान होने तक चुकाना नहीं पड़ता है। अन्य निधियाँ गैर-लाभकारी संगठनों और अन्य संस्थाओं को ऐसे कार्यों के लिए प्रदान की जाएँगी, जैसे योग्य निम्न-आय वाले घर खरीदारों के लिए घर बनाने के लिए ज़मीन खरीदना और निम्न-आय वाले परिवारों के स्वामित्व वाले मौजूदा घरों की मरम्मत करना।
- ***बुनियादी ढाँचे से संबंधित प्रोग्राम।*** प्रस्ताव 1 किफायती आवास परियोजनाओं को सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार की बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं, जैसे जल, सीवेज, पार्क और परिवहन संबंधी सुधारों के लिए $500 मिलियन डॉलर प्रदान करता है।
- ***कृषि श्रमिक आवास प्रोग्राम।*** प्रस्ताव 1 कृषि श्रमिकों के लिए आवास बनाने या उसका नवीनीकरण करने हेतु $450 मिलियन डॉलर के ऋण और अनुदान प्रदान करता है। प्रोग्रामों की निधियों का उपयोग किराये के आवास और मालिक के स्वयं के निवास वाले आवास, दोनों के लिए किया जा सकता है।
- ***उच्च शिक्षा विद्यार्थी आवास प्रोग्राम।*** प्रस्ताव 1 किफायती विद्यार्थी आवास के लिए California यूनीवर्सिटी और California स्टेट यूनीवर्सिटी के बीच बराबर बांटे जाने वाले $350 मिलियन डॉलर प्रदान करता है।
- ***जनजातीय आवास प्रोग्राम।*** प्रस्ताव 1 जनजातियों को अनुदानों में $200 मिलियन डॉलर प्रदान करता है। निधियों का उपयोग आवास से संबंधित विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, जिनमें किराये के आवास और मालिक के स्वयं के निवास वाले आवास का निर्माण और उसकी मरम्मत किया जाना शामिल है।

चित्र 1

**बॉन्ड निधियों के प्रस्तावित उपयोग**

(मिलियन में)

| प्रोग्रामों की श्रेणी | राशि |
|---|---|
| **राज्य आवास प्रोग्राम** | |
| किफायती बहु-परिवार वाले आवास | $7,200[a] |
| घर का स्वामित्व | 1,100 |
| बुनियादी ढाँचे | 500 |
| कृषि श्रमिक आवास | 450 |
| उच्च शिक्षा विद्यार्थी आवास | 350 |
| जनजातीय आवास | 200 |
| स्थानीय पायलट प्रोग्राम | 200 |
| कुल योग | ($10,000) |
| **भूतपूर्व सैनिक आवास प्रोग्राम** | |
| भूतपूर्व सैनिकों के लिए घर खरीदने के लिए ऋण | $1,250 |
| **कुल योग** | **$11,250** |

[a] नौजवानों के आवास के लिए $150 मिलियन डॉलर शामिल करता है।.

- ***स्थानीय पायलट प्रोग्राम।*** प्रस्ताव 1 $200 मिलियन डॉलर प्रदान करता है जो शहरों, काउंटियों और कुछ अन्य संस्थाओं को कम लागत पर आवास बनाने के उद्देश्य से पायलट परियोजनाओं के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

***भूतपूर्व सैनिक आवास प्रोग्राम।*** प्रस्ताव 1 भूतपूर्व सैनिकों के लिए घर के लिए ऋण लेने में सहायता करने के लिए $1.25 बिलियन डॉलर भी प्रदान करता है। भूतपूर्व सैनिक आम तौर पर इन ऋणों का उपयोग एकल-परिवार वाले घर, कॉन्डोमिनियम, फार्म और मोबाइल होम खरीदने के लिए करते हैं।

## राजकोषीय प्रभाव

***आवास प्रोग्रामों के लिए $10 बिलियन डॉलर के बॉन्ड का वापसी भुगतान करने हेतु राज्य की बढ़ी हुई लागत।*** बॉन्ड का वापसी भुगतान करने के लिए राज्य की सामान्य निधि से लगभग **25 वर्षों तक प्रतिवर्ष $500 मिलियन डॉलर से $600 मिलियन डॉलर** की लागत आएगी। अनुमानित वार्षिक लागत राज्य के कुल सामान्य निधि बजट के 1 प्रतिशत के लगभग एक-चौथाई (0.25 प्रतिशत) के बराबर होगी। क्योंकि राज्य को उधार ली गई धनराशि पर ब्याज देना पड़ता है, इसलिए बॉन्ड की कुल लागत राज्य द्वारा इसके पास पहले से ही मौजूद धनराशि के साथ भुगतान करने की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक (मुद्रास्फीति समायोजन के बाद) होगी।

***भूतपूर्व सैनिक आवास प्रोग्राम के लिए राज्य पर कोई प्रत्यक्ष लागत नहीं।*** घर खरीदने के लिए ऋण प्रोग्राम में भाग लेने वाले भूतपूर्व सैनिक राज्य को मासिक भुगतान करेंगे, जिससे राज्य बॉन्ड्स का वापसी भुगतान कर सकेगा। इन भुगतानों से बॉन्ड्स पर देय राशि हमेशा पूरी तरह चुकाई गई है, जिसका अर्थ है कि यह प्रोग्राम हमेशा राज्य को कोई प्रत्यक्ष लागत दिए बिना संचालित होता रहा है।

***प्रशासनिक लागतें।*** विभिन्न आवास प्रोग्रामों का प्रशासन करने के लिए बहुत सी राज्य संस्थाओं की लागतों में वृद्धि होगी। इन लागतों को बॉन्ड की निधियों के एक हिस्से से पूरा किया जाएगा।

***निधियों का प्रभाव।*** प्रस्ताव 1 से प्राप्त अधिकांश वित्तपोषण का उपयोग आवास सहायता प्रदान करने के लिए अन्य सरकारी धनराशि के साथ किया जाएगा। बॉन्ड की निधियों से अधिकतम 40,000 बहु-परिवार वाली किराये की आवास यूनिट्स के लिए आर्थिक सहायता (सब्सिडीज़) प्रदान की जाएगी, साथ ही कृषि श्रमिकों के लिए लगभग 2,500 आवास यूनिट्स और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए लगभग 1,200 बिस्तरों के लिए भी सहायता प्रदान की जाएगी। इन निधियों से अधिकतम 40,000 परिवारों को घर का स्वामित्व प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी, जिनमें लगभग 2,100 भूतपूर्व सैनिक शामिल हैं, यह सहायता घर खरीदने वालों को सहायता प्रदान करने और घरों के निर्माण और मरम्मत में सहयोग के माध्यम से दी जाएगी।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/topcontributors.html* पर जाएँ।**

## ★ प्रस्ताव 1 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 1 पर हाँ: भूतपूर्व सैनिकों, वरिष्ठ नागरिकों, विकलांग व्यक्तियों और कामकाजी परिवारों के लिए किफायती आवास—टैक्स में वृद्धि किए बिना

सभी California वासी एक सुरक्षित और किफायती घर पाने के हकदार हैं, लेकिन California में आवास की कमी है, जिसके कारण देश का सबसे गंभीर आवास वहनीयता संकट पैदा हो रहा है। आधे से अधिक किरायेदार अपनी आय का 30% से अधिक किराये पर खर्च करते हैं और केवल 22% परिवार ही औसत कीमत वाला घर खरीदने में सक्षम हैं, फिर भी California के राज्य बजट का केवल 1% आवास पर खर्च किया जाता है।

प्रस्ताव 1 California वासियों को यह अवसर देता है:

- आवास निर्माण में तेजी लाना;
- कामकाजी परिवारों, भूतपूर्व सैनिकों, वरिष्ठ नागरिकों, विकलांग व्यक्तियों के लिए आवास प्रदान करना;
- हमारे सबसे अधिक ज़रूरतमंद पड़ोसियों को उनके घरों में बनाए रखकर बेघर होने से बचाने में मदद करना;
- घर के स्वामित्व के अवसरों का विस्तार करना;
- बिना किसी नये टैक्स के कड़ी राजकोषीय जवाबदेही और पारदर्शिता को बनाए रखता है।

प्रस्ताव 1 हमारे भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान करता है

मौजूदा CalVet घर के लिए ऋण प्रोग्राम के माध्यम से केवल पूर्व सैनिकों के आवास और घर के स्वामित्व के अवसरों के लिए $1.25 बिलियन डॉलर समर्पित करता है। यह प्रोग्राम पहले ही लगभग दस लाख पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की सहायता कर चुका है।

“California देश में बेघर भूतपूर्व सैनिकों की सबसे बड़ी आबादियों में से एक है। अपनी सेवा के बाद, हमारे भूतपूर्व सैनिक एक ऐसा घर पाने के हकदार हैं जिसे वे अपना कह सकें। प्रस्ताव 1 उस वादे को पूरा करता है।”—Michael Blecker, अध्यक्ष, CA वेटरन सर्विस एजेंसीज़ एसोसिएशन

प्रस्ताव 1 निम्न और मध्यम आय वाले परिवारों के लिए किफायती घरों का निर्माण करता है

प्रस्ताव 1 पूरे California में निर्माण के लिए तैयार हजारों किफायती घरों के निर्माण को तेजी से शुरू करता है, जिससे रुकी हुई निर्माण परियोजनाओं को शीघ्र ही रहने के लिए तैयार घरों में बदला जा सके। आपके बच्चे की कक्षा में पढ़ाने वाला शिक्षक, आपके पड़ोस की सुरक्षा करने वाला अग्निशामक, पहली बार घर खरीदने वाले लोग, निम्न और मध्यम आय वाले California वासी, और आपके स्थानीय अस्पताल की नर्स अब California के अधिकांश समुदायों में रहने का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं। प्रस्ताव 1 कामकाजी लोगों के लिए ऐसे अधिक घरों का निर्माण करता है, जिन्हें वे वास्तव में वहन कर सकें।

कोई नया टैक्स नहीं—सख्त जवाबदेही और पारदर्शिता

प्रस्ताव 1 टैक्स में वृद्धि नहीं करता है और प्रत्येक डॉलर के उपयोग के लिए सख्त जवाबदेही और सार्वजनिक रिपोर्टिंग आवश्यक है। मतदाता यह स्पष्ट रूप से देख सकेंगे कि कितने घर बनाए गए, कहाँ बनाए गए और उनकी लागत कितनी थी। प्रस्ताव 1 संघीय मिलान निधियों को उपलब्ध कराता है, जिससे हम जो टैक्स राशि Washington भेजते हैं, वह वापस California में आती है।

प्रस्ताव 1 वरिष्ठ नागरिकों, भूतपूर्व सैनिकों और हमारे सबसे अधिक ज़रूरतमंद लोगों की सहायता करता है

प्रस्ताव 1 ऐसे आवासों का निर्माण और संरक्षण करता है, ताकि उन लोगों को सड़कों पर बेघर होने से बचाया जा सके जो किसी एक संकट के कारण बेघर हो सकते हैं, साथ ही निश्चित आय वाले निम्न-आय के वरिष्ठ नागरिकों, घरेलू हिंसा से बचे लोगों और उनके परिवारों, पूर्व सैनिकों, जोखिम में पड़े और पालक देखभाल में रहने वाले युवाओं और विकलांग व्यक्तियों की सहायता की जा सके—ये सभी सुरक्षित और स्थिर आवास के हकदार हैं।

प्रस्ताव 1 समुदायों और आवश्यक सेवा कर्मियों में निवेश करता है

गुणवत्तापूर्ण और किफायती आवास समृद्ध समुदायों की नींव है। प्रस्ताव 1 उस नींव को मजबूत करता है, जिससे अग्निशामकों और शिक्षकों से लेकर नर्सों तक आवश्यक सेवा कर्मियों को उन समुदायों में रहने का खर्च वहन करने में मदद मिलती है, जिनकी वे सेवा करते हैं। पूरे California में कामकाजी परिवार और आवश्यक सेवा कर्मी बढ़ती लागतों के कारण अपने समुदायों में रहने में असमर्थ होते जा रहे हैं और पीछे छूट रहे हैं। प्रस्ताव 1 हमारे समुदायों के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले इन आवश्यक सेवा कर्मियों के लिए किफायती आवास के निर्माण को संभव बनाता है।

प्रस्ताव 1 पर हाँ: भूतपूर्व सैनिकों, वरिष्ठ नागरिकों, शिक्षकों, अग्निशामकों और किफायती आवास के समर्थकों द्वारा समर्थित, जिनमें हैबिटेट फॉर ह्यूमैनिटी California, California एलायंस फॉर रिटायर्ड अमेरिकन्स, हाउसिंग California, California हाउसिंग कंसोर्टियम और California एलायंस ऑफ चाइल्ड एंड फैमिली सर्विसेज़ शामिल हैं।

प्रस्ताव 1 पर हाँ में वोट, पूर्व सैनिकों और किफायती आवास के लिए बॉन्ड, ताकि सेवा करने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान किया जा सके; California के सबसे अधिक ज़रूरतमंद लोगों को सुरक्षित और स्थिर आवास प्रदान किया जा सके; बिना कोई नया टैक्स लगाए सख्त वित्तीय जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके; और ऐसे किफायती घर बनाए जा सकें जिनके सभी California वासी हकदार हैं।

*YesOnProp1CA.com*

**Anni Chung,** अध्यक्ष
बुज़ुर्गों के लिए स्वयं-सहायता

**Jeffery Freitas,** अध्यक्ष
California फेडरेशन ऑफ़ टीचर्स

**John H. Ing,** मुख्य वित्तीय अधिकारी
US वैट्स



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

★ प्रस्ताव 1 के विरुद्ध तर्क ★

# प्रस्ताव 1 के विरुद्ध कोई तर्क पेश नहीं किए गए थे।

प्रस्ताव

# 2 राज्य के आपातकालीन फंड में वृद्धि करता है। वैधानिक संवैधानिक संशोधन।



**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया** | **आधिकारिक शीर्षक और सारांश**

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 106 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- आर्थिक मंदी के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक सुरक्षा और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए धन प्रदान करने के लिए, 2014 में मतदाताओं द्वारा अनुमोदित, California के आपातकालीन फंड को बढ़ाता है।
- बजट आरक्षित निधि की अधिकतम सीमा को सामान्य फंड राजस्व के 10% से दोगुना करके 20% करता है, जिससे फंड की शेष राशि सामान्य फंड के 20% के बराबर न हो जाने तक बचत करने की आवश्यकता पैदा होती है।
- उन वर्षों में अतिरिक्त बचत की आवश्यकता होती है जब टैक्स राजस्व अधिक होता है।
- शिक्षा, राज्य ऋणों और पेंशन दायित्वों के लिए उपलब्ध बजट आरक्षित निधि को बढ़ाता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- राज्य की बजट आरक्षित निधि अधिक होगी।

ACA 20 (प्रस्ताव 2) पर विधान मंडल द्वारा डाले गए अंतिम मत
(अध्याय 130, 2026 का विधान)

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 29 | नहीं 2 |
| विधानसभा: | हाँ 59 | नहीं 8 |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

### राज्य का बजट

***राज्य अपना पैसा कैसे खर्च करता है?*** इस वर्ष, राज्य जनता को सेवाएँ प्रदान करने के लिए सामान्य निधि से लगभग $250 बिलियन डॉलर खर्च करने की योजना बना रहा है। सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है। इस खर्च का लगभग आधा हिस्सा स्कूलों, सामुदायिक कॉलेजों और राज्य के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के लिए है। (राज्य का संविधान स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के लिए खर्च का न्यूनतम स्तर निर्धारित करता है।) राज्य के खर्च का लगभग एक-तिहाई हिस्सा स्वास्थ्य और मानव सेवा प्रोग्रामों के लिए है, मुख्य रूप से राज्य के निम्न-आय वाले लोगों के स्वास्थ्य बीमा प्रोग्राम, Medi-Cal के लिए। शेष राशि का अधिकांश हिस्सा जेलों, अदालतों और अन्य राज्य सेवाओं पर खर्च किया जाता है।

***राज्य राजस्व कैसे जुटाता है?*** आयकर राज्य का सबसे बड़ा टैक्स है। इससे सामान्य निधि के अधिकांश खर्च का भुगतान किया जाता है। अन्य प्रमुख टैक्सों में कॉर्पोरेशन टैक्स और बिक्री टैक्स शामिल हैं। आयकर का एक बड़ा हिस्सा उच्च आय वाले करदाताओं द्वारा चुकाया जाता है, जिनकी आय में अक्सर शेयरों और अन्य निवेशों से होने वाला लाभ शामिल होता है।

***राज्य का राजस्व अप्रत्याशित होता है।*** राज्य का राजस्व साल-दर-साल काफी बढ़ता-घटता रहता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि राजस्व इस बात पर निर्भर करता है कि अर्थव्यवस्था और शेयर बाज़ार का प्रदर्शन कैसा है। जब परिस्थितियाँ अच्छी होती हैं, तो राजस्व

तेजी से बढ़ सकता है। जब परिस्थितियाँ खराब होती हैं, जैसे कि मंदी या शेयर बाज़ार में भारी गिरावट के दौरान, तो राजस्व में दसियों बिलियन डॉलर की कमी आ सकती है। गंभीर मंदी या बाज़ार में भारी गिरावट के दौरान, कुछ वर्षों में राजस्व में हुई कुल कमी सामान्य निधि के वार्षिक राजस्व के 50 प्रतिशत या उससे अधिक के बराबर हो सकती है।

***राज्य को प्रत्येक वर्ष बजट संबंधी कुछ आवश्यकताओं को पूरा करना होता है।*** राज्य का संविधान विधान मंडल को प्रत्येक वर्ष संतुलित बजट पारित करने की आवश्यकता निर्धारित करता है। इसका अर्थ है कि राज्य ऐसा बजट नहीं अपना सकता जिसमें उपलब्ध धनराशि से अधिक खर्च किया जाए। इसके अतिरिक्त, राज्य का संविधान इस बात को सीमित करता है कि राज्य कितना टैक्स राजस्व खर्च कर सकता है। इस सीमा को "राज्य विनियोजन सीमा" कहा जाता है। कुछ प्रकार के खर्च—जैसे बुनियादी ढाँचे पर होने वाला खर्च—इस सीमा में नहीं गिने जाते हैं। अन्य सभी खर्च, जिनमें आरक्षित निधियों में रखी गई धनराशि भी शामिल है, इस सीमा में गिने जाते हैं।

## आरक्षित निधियाँ

***राजस्व में गिरावट आने पर आरक्षित निधियाँ राज्य को खर्च बनाए रखने में मदद करती हैं।*** जब अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही होती है, तब राज्य धन को आरक्षित निधियों में जमा करता है। इसका अर्थ है कि इन अवधियों के दौरान धन को सार्वजनिक प्रोग्रामों पर खर्च करने के बजाय बचाकर रखा जाता है। जब अर्थव्यवस्था की स्थिति खराब होती है और राजस्व में गिरावट आती है, तब राज्य सार्वजनिक प्रोग्रामों पर खर्च बनाए रखने में मदद के लिए आरक्षित निधियों का उपयोग करता है। आरक्षित निधियाँ राज्य को बजट संतुलित करने के लिए खर्च में कुछ कटौतियों, टैक्स में वृद्धि और कर्ज लेने से बचने में मदद करती हैं। इस समय, राज्य के पास आरक्षित निधियों में लगभग $20 बिलियन डॉलर हैं, जिनका उपयोग किसी भी सार्वजनिक प्रोग्राम के लिए किया जा सकता है।

***राज्य का संविधान राज्य को "मुश्किल समय के लिए कोष" में पैसे की बचत करने की आवश्यकता को निर्धारित करता है।*** राज्य का संविधान राज्य को प्रत्येक वर्ष सामान्य निधि के टैक्स राजस्व का 0.75 प्रतिशत राज्य के मुख्य 'मुश्किल समय के लिए कोष', जिसे बजट स्थिरीकरण खाता कहा जाता है, में जमा करने की आवश्यकता को निर्धारित करता है। मुश्किल समय के लिए कोष में मौजूद धन का उपयोग राज्य के किसी भी प्रोग्राम के लिए किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, जिन वर्षों में निवेश से होने वाले लाभ पर लगाए गए टैक्सों से प्राप्त राजस्व सामान्य से अधिक होता है, उन वर्षों में राज्य को मुश्किल समय के लिए कोष में अधिक धन जमा करना होता है। बजट संबंधी आपातस्थिति के दौरान, राज्य मुश्किल समय के लिए कोष में धन जमा करना बंद कर सकता है और/या उसमें से धन निकाल सकता है।

***मुश्किल समय के लिए कोष के एक निश्चित स्तर तक पहुँच जाने के बाद बचत करना आवश्यक नहीं रहता है।*** जब मुश्किल समय के लिए कोष में धनराशि सामान्य निधि टैक्स के 10 प्रतिशत तक पहुँच जाती है, तो राज्य को अतिरिक्त धन जमा करने की आवश्यकता नहीं रहती है। जो धन मुश्किल समय के लिए कोष में जमा किया जाता, उसे इसके बजाय बुनियादी ढाँचे (जैसे राजमार्गों और आवास) पर खर्च किया जाना आवश्यक होता है।

## ऋण

***राज्य पर विभिन्न प्रकार के ऋण बकाया हैं।*** राज्य पर $250 बिलियन डॉलर से अधिक का ऋण है। इनमें बुनियादी ढाँचे के लिए ऋण और राज्य कर्मचारियों द्वारा अर्जित पेंशन और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य

प्रस्ताव 2 के पूर्ण टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 106 पर जाएँ।

लाभों से संबंधित ऋण शामिल हैं। राज्य सामान्य निधि की लागतों का भुगतान करने में मदद के लिए कभी-कभी अन्य राज्य निधियों से भी धन उधार लेता है। राज्य के ऋणों का भुगतान समय के साथ, आम तौर पर किसी निर्धारित समय-सारणी या योजना के अनुसार किया जाता है। प्रत्येक वर्ष, राज्य अपने ऋणों के भुगतान के लिए राशि चुकाता है।

***राज्य का संविधान राज्य को पेंशन और स्वास्थ्य लाभों से संबंधित ऋणों के लिए अतिरिक्त भुगतान करने की आवश्यकता को निर्धारित करता है।*** राज्य का संविधान राज्य को प्रत्येक वर्ष सामान्य रूप से किए जाने वाले ऋण भुगतानों के अतिरिक्त भुगतान करने की आवश्यकता को निर्धारित करता है। इन अतिरिक्त ऋण भुगतानों की राशि उतनी ही होती है जितनी राशि प्रत्येक वर्ष शुरुआत में मुश्किल समय के लिए कोष में जमा की जाती है। राज्य इन अतिरिक्त ऋण भुगतानों का उपयोग केवल दीर्घकालिक पेंशन और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित ऋणों को चुकाने के लिए कर सकता है। इन ऋणों के लिए अतिरिक्त भुगतान करने से लंबे समय में राज्य के धन की बचत होती है।

***2030 के बाद अतिरिक्त ऋण भुगतान वैकल्पिक होंगे।*** 2030 में अतिरिक्त ऋण के भुगतान किए जाने की आवश्यकता समाप्त होती है। उसके बाद, विधान मंडल और गवर्नर अतिरिक्त ऋण भुगतान के लिए निर्धारित धनराशि को इसके बजाय मुश्किल समय के लिए कोष में जमा करने का निर्णय ले सकते हैं। या, विधान मंडल और गवर्नर कम अतिरिक्त ऋण का भुगतान करने और शेष धनराशि को मुश्किल समय के लिए कोष में जमा करने का निर्णय ले सकते हैं।

## प्रस्ताव

***मुश्किल समय के लिए कोष में अधिक बचत करना*** प्रस्ताव 2 के तहत राज्य को मुश्किल समय के लिए कोष में तब तक धन जमा करना आवश्यक होता है, जब तक कि उसमें जमाराशि सामान्य निधि टैक्स के 20 प्रतिशत तक न पहुँच जाए (सामान्य निधि टैक्स के 10 प्रतिशत के बजाय)। इसके अतिरिक्त, जिन वर्षों में निवेश से होने वाले लाभ पर लगाए गए टैक्स से प्राप्त राजस्व बहुत अधिक होगा, जैसे कि शेयर बाज़ार में तेज़ी के दौरान, राज्य मुश्किल समय के लिए कोष में और भी अधिक धन जमा करेगा।

***अतिरिक्त ऋण भुगतानों की अवधि बढ़ाना और उनका विस्तार करना।*** प्रस्ताव 2 के तहत राज्य को 2040 तक अतिरिक्त ऋण भुगतान करना भी आवश्यक होगा (2030 तक के बजाय)। इन ऋण भुगतानों की राशि उतनी ही होगी जितनी राशि प्रत्येक वर्ष शुरुआत में मुश्किल समय के लिए कोष में जमा की जाती है। इसके अतिरिक्त, अतिरिक्त ऋण भुगतानों के लिए अलग रखी गई राशि का उपयोग अधिक व्यापक उद्देश्यों के लिए किया जा सकेगा। विशेष रूप से, इन भुगतानों का उपयोग स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों को आवश्यक भुगतान करने, अन्य राज्य निधियों से ली गई उधार राशि चुकाने और संघीय सरकार से लिए गए कुछ ऋणों का वापसी भुगतान करने के लिए किया जा सकेगा।

***मुश्किल समय के लिए कोष में जमा राशि को राज्य विनियोजन सीमा में गिने जाने के तरीके में बदलाव।*** मुश्किल समय के लिए कोष में जमा की गई राशि को राज्य विनियोजन सीमा में नहीं गिना जाएगा। इसके बजाय, जब यह धन निकाला जाएगा, तब इसे इस सीमा में गिना जाएगा।

***अन्य जमा राशियों को राज्य विनियोजन सीमा में गिने जाने के तरीके में बदलाव।*** जब राजस्व में तेज़ी से वृद्धि होती है, तब राज्य के पास निधियाँ अलग रखने के लिए एक खाता है। इन निधियों को अलग रखकर, राज्य उस समय अत्यधिक खर्च करने से बच सकता है जब राजस्व के अनुमान विशेष रूप से अनिश्चित हों। प्रस्ताव 2 के तहत, इस खाते में जमा की गई धनराशि को भी राज्य विनियोजन सीमा में नहीं गिना जाएगा। इसके बजाय, जब यह धन निकाला जाएगा, तब इसे इस सीमा में गिना जाएगा। यह छूट प्रत्येक वर्ष सामान्य निधि टैक्स के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती थी।

## राजकोषीय प्रभाव

***बजट आरक्षित निधियाँ अधिक होंगी।*** मुश्किल समय के लिए कोष में तब तक धनराशि जमा करना जारी रखने की आवश्यकता के कारण, जब तक कि उसकी शेष राशि सामान्य निधि टैक्स के 20 प्रतिशत तक न पहुँच जाए, राज्य समय के साथ अधिक बचत करेगा। इसके अतिरिक्त, जब राजस्व में तेज़ी से वृद्धि हो रही हो, तब अधिक धनराशि जमा करने से राज्य कुछ वर्षों में मुश्किल समय के लिए कोष में अधिक बचत कर सकेगा। अधिक आरक्षित निधियाँ होने से राजस्व में गिरावट आने पर बजट को संतुलित करना कुछ हद तक आसान हो जाएगा।

***संभवतः अधिक ऋण के भुगतान।*** राज्य को 2040 तक अतिरिक्त ऋण का भुगतान करने की आवश्यकता निर्धारित करने से, राज्य प्रस्ताव 2 के बिना किए जाने वाले ऋण भुगतानों की तुलना में अधिक ऋण भुगतान कर सकता है।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

## ★ प्रस्ताव 2 के पक्ष में तर्क ★

स्कूलों, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं, सार्वजनिक सुरक्षा और CALIFORNIA के वित्तपोषण की रक्षा करने के लिए प्रस्ताव 2 पर हाँ में मतदान करें।

मतदाताओं द्वारा 2014 में स्थापित, California के मुश्किल समय के लिए कोष को ठीक ऐसी ही परिस्थिति के लिए बनाया गया था: ऐसी अर्थव्यवस्था जिसने केवल कुछ ही वर्षों में हमारे राज्य के बजट को $100 बिलियन डॉलर के अधिशेष से $50 बिलियन डॉलर के घाटे में पहुँचा दिया।

प्रस्ताव 2 उस कोष को मजबूत करता है, ताकि स्कूलों, स्वास्थ्य सेवाओं और सार्वजनिक सुरक्षा को Sacramento की आर्थिक उतार-चढ़ाव वाली बजट व्यवस्था की कीमत न चुकानी पड़े।

प्रस्ताव 2 पर हाँ में मतदान करने से, यह होगा:

- राज्य की आरक्षित निधि की आवश्यकता दोगुनी होगी—सामान्य निधि के राजस्व के 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत—ताकि अगली आर्थिक मंदी आने पर California के पास केवल नाममात्र का नहीं, बल्कि पर्याप्त वित्तीय सुरक्षा कवच हो।
- SACRAMENTO के राजनेताओं को अत्यधिक खर्च करने से रोका जाएगा—जब टैक्स राजस्व में तेज़ वृद्धि होती है, तो यह विधेयक राज्य को उस अतिरिक्त अप्रत्याशित आय का अधिक हिस्सा बचाने की आवश्यकता निर्धारित करके राजनेताओं को अधिक समझदारी से बजट बनाने के लिए बाध्य करता है, बजाय इसके कि उसे ऐसे नए निरंतर खर्चों के लिए निर्धारित कर दिया जाए जिन्हें California लंबे समय तक वहन नहीं कर सकता।
- यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शिक्षा के वित्तपोषण को राज्य के संविधान में संरक्षण प्राप्त रहे, भले ही आरक्षित निधियाँ बढ़ती रहें।
- वित्तीय सुरक्षा बढ़ाई जाएगी—जब Washington स्वास्थ्य देखभाल और खाद्य सहायता के वित्तपोषण में कई बिलियन डॉलर की कटौती करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तो यह विधेयक सुनिश्चित करेगा कि California उन प्रोग्रामों में भारी कटौती किए बिना इन नुकसानों को सहने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो, जिन पर California वासी निर्भर हैं।

यह कोई पक्षपातपूर्ण विचार नहीं है। राज्य विधानमंडल के रिपब्लिकंस और डेमोक्रेट्स और गवर्नर Gavin Newsom प्रस्ताव 2 का समर्थन करते हैं।

California के अपने गैर-पक्षपातपूर्ण विधायी विश्लेषक कार्यालय ने सिफारिश की है कि राज्य को मौजूदा नियमों के तहत आवश्यक राशि से काफी अधिक बचत करनी चाहिए। प्रस्ताव 2 इस सलाह का पालन करता है।

कृपया California के पेशेवर अग्निशामकों, छोटे व्यवसाय संगठनों और पूर्व स्वास्थ्य सचिव Xavier Becerra के साथ मिलकर प्रस्ताव 2 का समर्थन करें, क्योंकि उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है कि आरक्षित निधियाँ समाप्त होने पर क्या होता है: स्वास्थ्य क्लीनिक बंद हो जाते हैं, स्कूलों का वित्तपोषण कम हो जाता है, आवश्यक सेवाओं में कटौती होती है और अग्नि सुरक्षा में भारी कटौती की जाती है।

मुश्किल समय के लिए बचत करना California के परिवारों की आदत है। California की राज्य सरकार को भी यही करना चाहिए।

प्रस्ताव 2 पर हाँ में मतदान करें—और सुनिश्चित करें कि अगली बार अर्थव्यवस्था में गिरावट आने पर California तैयार रहे।

*YesOnProp2.com* पर अधिक जानकारी प्राप्त करें।

**Darrell Roberts,** अध्यक्ष
California के पेशेवर अग्निशामक

**Jesse Gabriel,** प्रमुख
California की राज्य विधानसभा बजट समिति

**Maria S. Salinas,** मुख्य कार्यकारी अधिकारी
Los Angeles क्षेत्र का वाणिज्य मण्डल

## ★ प्रस्ताव 2 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 2 के समर्थक चाहते हैं कि आप यह विश्वास करें कि यह विधेयक वित्तीय ज़िम्मेदारी और शिक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तपोषण की रक्षा से संबंधित है। इस विधेयक को पेश किए जाने के 24 घंटों के भीतर ही, इसे आरक्षित निधियाँ बढ़ाने का तरीका बताकर इसकी प्रशंसा करने वाले उन्हीं राजनेताओं में से कई ने राज्य के बचत खाते में $5 बिलियन डॉलर से अधिक की अनिवार्य जमा राशि को निलंबित करने वाले कानून का भी समर्थन किया।

प्रस्ताव 2 California वासियों से बचत खाते का आकार दोगुना करने को कहता है, जबकि इससे करदाताओं को संवैधानिक रूप से देय रिफंड मिलने की संभावना कम हो जाती है।

*प्रस्ताव 2 से करदाताओं को रिफंड मिलने की संभावना कम हो जाती है*

राज्य का वह राजस्व जो संवैधानिक खर्च सीमा से अधिक हो, करदाताओं को वापस किया जाना आवश्यक है। प्रस्ताव 2 एक ऐसी खामी पैदा करता है, जिससे राजनेता कई बिलियन डॉलरों को उन आरक्षित खातों में स्थानांतरित कर सकते हैं जिन्हें अब खर्च सीमा में नहीं गिना जाता, जिससे आपको रिफंड मिलने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

*प्रस्ताव 2 स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा या सार्वजनिक सुरक्षा के लिए किसी भी नए वित्तपोषण की गारंटी नहीं देता है*

समर्थकों का दावा है कि प्रस्ताव 2 शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सार्वजनिक सुरक्षा की रक्षा करेगा। वर्तमान में, यह इनमें से किसी भी प्राथमिकता के लिए कोई नई धनराशि निर्धारित नहीं करता है। हर वर्ष कितना खर्च किया जाए, इसका निर्णय Sacramento के राजनेता ही लेते रहेंगे, आप नहीं। प्रस्ताव 2 केवल राजनेताओं को अपनी पसंदीदा परियोजनाओं पर अधिक खर्च करने की अनुमति देता है।

Sacramento को किसी और बजटीय हथकंडे या फिजूलखर्ची की आवश्यकता नहीं है। उसे उन संवैधानिक सीमाओं के भीतर खर्च करने के अनुशासन की आवश्यकता है, जिन्हें मतदाता पहले ही मंज़ूरी दे चुके हैं।

*प्रस्ताव 2* पर नहीं में मतदान करें।

**David Tangipa,** उपाध्यक्ष
विधानसभा बजट समिति

**Carl DeMaio,** अध्यक्ष
रिफॉर्म California

**Steven Choi,** उपाध्यक्ष
सीनेट चुनाव और संवैधानिक संशोधन समिति



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 2 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 2 पर नहीं में मतदान का अर्थ है आपकी जेब में अधिक पैसा—और फिजूलखर्ची कम!

*प्रस्ताव 2 SACRAMENTO के राजनेताओं के लिए मनमाने खर्च करने के लिए एक कोष बनाता है*

1978 में California के मतदाताओं ने भारी बहुमत से राज्य के संविधान में संशोधन के पक्ष में मतदान किया, ताकि राज्य के राजनेताओं पर खर्च की सीमा लगाई जा सके—और तब से राजनेताओं को यह खर्च सीमा पसंद नहीं आ रही है। प्रस्ताव 2 राजनेताओं को मतदाताओं द्वारा लगाई गई खर्च सीमा को प्रभावहीन करने की अनुमति देता है। जिसे राजनेता बेईमानी से "मुश्किल समय के लिए कोष" कहते हैं, वह वास्तव में मनमाने खर्च का कोष है! राजनेता अपनी बेलगाम खर्च करने की आदतों को पूरा करने के लिए इस नए मनमाने खर्च के कोष से धन निकाल सकते हैं।

*प्रस्ताव 2 आपका टैक्स रिफंड रद्द कर देता है*

California में पहले से ही देश में सबसे अधिक टैक्स लगाए जाते हैं, लेकिन राज्य का संविधान यह आवश्यक बनाता है कि जब राजस्व खर्च सीमा से अधिक हो, तो आपको टैक्स रिफंड दिया जाए। प्रस्ताव 2 ऐसी खामियाँ और लेखांकन के हथकंडे पैदा करता है, जिनसे राजनेता आपके टैक्स रिफंड मिलने की किसी भी संभावना को समाप्त कर सकते हैं।

*प्रस्ताव 2 अधिक फिजूलखर्ची करने की अनुमति देता है*

2018 से California राज्य का बजट 76% बढ़ गया है—और मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद भी राज्य सरकार का आकार 40% बढ़ गया है! क्या आपको लगता है कि आज आपको 2018 की तुलना में 40% अधिक सेवाएँ और लाभ मिल रहे हैं? बिल्कुल नहीं! वास्तव में, नागरिकों को प्रदान की जाने वाली कई बुनियादी सेवाओं में भारी कटौती की गई है। हम अधिक खर्च कर रहे हैं, लेकिन बदले में हमें कम मिल रहा है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि राज्य के राजनेताओं ने आपके टैक्स के पैसे को बेकार और अत्यधिक खर्च वाली परियोजनाओं और बिना बोली वाले ठेकों में लगा दिया है, जिनसे उनके चुनाव अभियान में योगदान देने वालों को लाभ पहुँचता है। महत्वपूर्ण प्रोग्रामों पर खर्च की जाने वाली थोड़ी-सी धनराशि में से भी बहुत अधिक राशि धोखाधड़ी और फिजूलखर्ची के कारण बर्बाद हो रही है। राजनेताओं पर लागू खर्च सीमा को समाप्त करने से हमें और भी अधिक फिजूलखर्ची देखने को मिलेगी।

*प्रस्ताव 2 हमारे बजट को और अधिक अस्थिर बनाता है*

अच्छे आर्थिक समय में राज्य को धन अलग रखकर बचाना चाहिए, ताकि अगली आर्थिक मंदी के दौरान परिवारों और व्यवसायों को टैक्स में वृद्धि, आवश्यक सेवाओं में कटौती या बजट संबंधी अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। Sacramento को पैसा बचाने के लिए किसी नए विधेयक की आवश्यकता नहीं है। उसे पहले से लागू होने वाले नियमों का पालन करने के अनुशासन और जो पैसा उसके पास नहीं है, उसे खर्च करना बंद करने की आवश्यकता है। प्रस्ताव 2 हमारे बजट को और अधिक अस्थिर बनाता है—जिससे हमारे लिए वित्तीय संकट का जोखिम बढ़ जाता है।

*विश्वसनीय बजट निगरानी संगठनों द्वारा प्रस्ताव 2 का विरोध किया जाता है*

देखिए कि प्रस्ताव 2 का समर्थन कौन कर रहा है: वे राजनेता जिन्होंने बार-बार हमारे बजट का कुप्रबंधन किया है और वे विशेष हित समूह जिन्हें सरकारी ठेके मिलते हैं! इसे मतपत्र में शामिल किए जाने के 24 घंटों के भीतर, प्रस्ताव 2 का समर्थन करने वाले राजनेताओं ने राज्य की बजट आरक्षित निधि में $5 बिलियन डॉलर से अधिक की अनिवार्य जमाराशि को निलंबित करने के पक्ष में मतदान किया। इसके विपरीत, प्रस्ताव 2 के विरोधियों में सरकारी जवाबदेही और पारदर्शिता की निगरानी करने वाले संगठन शामिल हैं—जिनमें रिफॉर्म California और ट्रांसपेरेंसी फाउंडेशन शामिल हैं। California वासियों को सुधार के नाम पर पेश किए गए किसी और बजटीय हथकंडे की आवश्यकता नहीं है। हमें ईमानदार बजट व्यवस्था, फिजूलखर्ची में सुधार और राजनेताओं को जवाबदेह ठहराने के लिए वास्तविक खर्च सीमा की आवश्यकता है।

प्रस्ताव 2 पर नहीं में मतदान करें।

**David Tangipa,** उपाध्यक्ष
विधानसभा बजट समिति

**Steven Choi,** उपाध्यक्ष
सीनेट चुनाव और संवैधानिक संशोधन समिति

**Carl DeMaio,** अध्यक्ष
रिफॉर्म California

## ★ प्रस्ताव 2 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 2 CALIFORNIA वासियों को आर्थिक उतार-चढ़ाव वाले बजट से बचाता है

विरोधियों का कहना है कि राज्य को किसी नए विधेयक की नहीं, बल्कि "अनुशासन" की आवश्यकता है। लेकिन केवल उनकी "अनुशासन" की परिभाषा पर निर्भर रहने के परिणामस्वरूप ही California में $100 बिलियन डॉलर का अधिशेष आया, जिसके बाद $50 बिलियन डॉलर का घाटा हुआ—ठीक वही आर्थिक उतार-चढ़ाव वाला बजट चक्र, जिसे प्रस्ताव 2 रोकने के लिए बनाया गया है। यह अस्थिरता—न कि यह विधेयक—नौकरियों में कटौती, स्वास्थ्य सेवाओं में कटौती, सेवाओं में भारी कटौती और टैक्स में वृद्धि का कारण बनती है।

SACRAMENTO के राजनेताओं को अत्यधिक खर्च करने से रोकता है—प्रस्ताव 2 Sacramento को खर्च करने के लिए कोई नया धन नहीं देता है। इसके विपरीत, यह राज्य की आरक्षित निधि की आवश्यकता को दोगुना करता है और टैक्स राजस्व में तेज़ वृद्धि होने पर नए खर्च के बजाय अधिक बचत करना अनिवार्य बनाता है।

स्कूलों, सार्वजनिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की रक्षा करता है—जब अर्थव्यवस्था धीमी पड़ती है, तो प्रस्ताव 2 स्कूलों, अस्पतालों, स्वास्थ्य क्लीनिकों और सार्वजनिक सुरक्षा के वित्तपोषण को कटौती के लिए सबसे पहले निशाना बनाए जाने से बचाने में मदद करता है। विरोधी जिस काल्पनिक "रिफंड" का उल्लेख करते हैं, वह 50 वर्ष पुराने लेखांकन के एक हथकंडे पर आधारित है, जो बचत की बजाय खर्च को बढ़ावा देता है। प्रस्ताव 2 उस खामी को समाप्त करता है और मुश्किल समय के लिए वास्तविक 20% के कोष को बनाए रखना अनिवार्य बनाता है।

खुद को "निगरानीकर्ता" कहने वालों के बहकावे में न आएँ। California के आधिकारिक गैर-पक्षपातपूर्ण विधायी विश्लेषक के कार्यालय ने आर्थिक उतार-चढ़ाव वाले बजट चक्रों को रोकने के लिए मुश्किल समय के लिए कोष का विस्तार करने की सिफारिश की है। इसीलिए प्रस्ताव 2 को California के पेशेवर अग्निशामकों, छोटे व्यवसायों के समर्थकों, स्वास्थ्य क्लीनिकों, अस्पतालों और शिक्षा क्षेत्र के नेताओं का समर्थन प्राप्त है—ऐसे लोग जो समझते हैं कि आरक्षित निधियाँ समाप्त हो जाने पर क्या होता है।

प्रस्ताव 2 पर हाँ में मतदान करें—*www.YesonProp2.com*

**Dr. Linda Darling-Hammond,** अध्यक्ष
California राज्य का शिक्षा बोर्ड

**Carmela Coyle,** मुख्य कार्यकारी अधिकारी
California डेंटल एसोसिएशन

**Francisco J. Silva,** मुख्य कार्यकारी अधिकारी
California प्राइमरी केयर एसोसिएशन

प्रस्ताव

# 3 उच्च आमदनियों पर मौजूदा टैक्स का विस्तार करके स्कूलों और स्वास्थ्य देखभाल के लिए स्थायी निधिकरण प्रदान करता है। पहल संवैधानिक संशोधन।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया**

आधिकारिक शीर्षक और सारांश

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 109 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

3

- उच्च आमदनियों वाले California वासियों के लिए 2012 की मौजूदा मतदाता-अनुमोदित टैक्स दरों, जो वर्तमान में 2031 में समाप्त होनी हैं, को स्थायी बनाता है।
- दरें एकल फाइल करने वालों के लिए लगभग $371,000, संयुक्त फाइल करने वालों के लिए $742,000, और परिवार के मुखियाओं के लिए $505,000 (2025 के स्तर; मुद्रास्फीति के लिए वार्षिक रूप से समायोजित) से अधिक की आमदनी पर लागू होती हैं।
- टैक्स राजस्व का 89% K-12 स्कूलों को, 11% सामुदायिक कॉलेजों को आबंटित करता है।
- स्थानीय स्कूल बोर्डों को यह तय करने देता है कि राजस्व कैसे खर्च किया जाएगा; प्रशासनिक लागतों के लिए उपयोग करने से रोक लगाता है।
- स्वास्थ्य देखभाल, बजट भंडार और अन्य प्रोग्रामों के लिए उपलब्ध सामान्य निधि राजस्व को बढ़ाता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- उच्च आमदनी अर्जित करने वालों पर अस्थायी टैक्स वृद्धि को 2031 में समाप्त होने देने की बजाय स्थायी बनाकर $5 बिलियन से $15 बिलियन के वार्षिक राज्य आयकर राजस्व को बनाए रखता है।

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***राज्य की अधिकांश धनराशि आयकर से प्राप्त होती है।*** आयकर राज्य का सबसे बड़ा टैक्स है। इससे राज्य के मुख्य परिचालन खाते, सामान्य निधि, से किए जाने वाले अधिकांश खर्चों का भुगतान किया जाता है। सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है। यह टैक्स अधिकांश प्रकार की आय पर लागू होता है, जैसे वेतन, मजदूरी, ब्याज और शेयरों, संपत्ति और अन्य निवेशों की बिक्री से होने वाला लाभ। आयकर की दर कम स्तर से शुरू होती है और अधिक आय वाले करदाताओं के लिए धीरे-धीरे बढ़ती जाती है। उदाहरण के लिए, एक विवाहित दंपत्ति आय के पहले $21,000 डॉलर पर 1 प्रतिशत टैक्स, $21,000 डॉलर से $50,000 डॉलर के बीच की आय पर 2 प्रतिशत टैक्स, और $50,000 डॉलर से $80,000 डॉलर के बीच की आय पर 4 प्रतिशत टैक्स का भुगतान करता है।

***मतदाताओं द्वारा पहले मंज़ूर की गई टैक्स वृद्धि।*** मतदाताओं ने उच्च आय वाले करदाताओं के लिए आयकर की दरों को अस्थायी रूप से बढ़ाने हेतु 2012 में प्रस्ताव 30 को मंज़ूरी दी थी। 2016 में, मतदाताओं ने इन उच्च दरों को 2030 तक बढ़ाने के लिए प्रस्ताव 55 को मंज़ूरी दी थी। California के शीर्ष 2 प्रतिशत करदाता इन उच्च दरों का भुगतान करते हैं। ये करदाता राज्य के कुल आयकरों का लगभग आधा हिस्सा चुकाते हैं।

***राज्य अपना पैसा कैसे खर्च करता है?*** इस वर्ष, राज्य जनता को सेवाएँ प्रदान करने के लिए सामान्य निधि से लगभग $250 बिलियन डॉलर खर्च करने की योजना बना रहा है। इस खर्च का लगभग आधा हिस्सा स्कूलों, सामुदायिक कॉलेजों और राज्य के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के लिए है। (राज्य का संविधान स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के लिए खर्च का न्यूनतम स्तर निर्धारित करता है।) राज्य के खर्च का लगभग एक-तिहाई हिस्सा स्वास्थ्य और मानव सेवा प्रोग्रामों के लिए है, मुख्य रूप से राज्य के निम्न-आय वाले लोगों के स्वास्थ्य बीमा प्रोग्राम,

Medi-Cal के लिए। शेष राशि का अधिकांश हिस्सा जेलों, अदालतों और अन्य राज्य सेवाओं पर खर्च किया जाता है।

## प्रस्ताव

प्रस्ताव 3 प्रस्ताव 30 द्वारा निर्धारित उच्च आयकर दरों को 2031 में समाप्त होने देने की बजाय स्थायी बनाता है। चित्र 1 में दिखाया गया है कि यदि यह विधेयक पारित हो जाता है तो आयकर की दरें क्या होंगी और यदि इसे अस्वीकार कर दिया जाता है तो वे क्या होंगी।

## राजकोषीय प्रभाव

***प्रस्ताव 3 से प्रत्येक वर्ष $5 बिलियन डॉलर से $15 बिलियन डॉलर के बीच राजस्व प्राप्त होगा।*** प्रस्ताव 3 से प्राप्त होने वाली धनराशि साल-दर-साल काफी बढ़ेगी-घटेगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि राजस्व का एक बड़ा हिस्सा ऐसी आय पर टैक्स लगाने से प्राप्त होता है जो शेयर बाज़ार से निकटता से जुड़ी होती है, और शेयर बाज़ार में हमेशा बदलाव होता रहता है। किसी कमज़ोर आर्थिक वर्ष में, प्रस्ताव से राज्य को लगभग $5 बिलियन डॉलर का राजस्व प्राप्त हो सकता है। किसी मज़बूत आर्थिक वर्ष में, प्रस्ताव से राज्य को लगभग $15 बिलियन डॉलर का राजस्व प्राप्त हो सकता है। अधिकांश वर्षों में, राजस्व इन दोनों राशियों के बीच होगा।

***शिक्षा और अन्य प्रोग्रामों के लिए वित्तपोषण।*** प्रस्ताव 3 के परिणामस्वरूप शिक्षा और अन्य प्रोग्रामों के लिए वित्तपोषण उपलब्ध होगा। वित्तपोषण का लगभग 40 प्रतिशत स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों को जाएगा। शेष राशि राज्य के अन्य प्रोग्रामों के लिए रखी जाएगी। इस राशि का एक हिस्सा बजट आरक्षित निधियों में अलग रखा जाएगा, जिसका उपयोग राज्य राजस्व में गिरावट आने पर इन प्रोग्रामों का वित्तपोषण करने के लिए कर सकेगा।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

चित्र 1

**प्रस्ताव 3 के तहत व्यक्तिगत आयकर की दरें**

| | | सीमांत टैक्स दर | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 2030 के बाद, यदि यह प्रस्ताव... | |
| अकेले फाइल करने वाले की आय | इकट्ठे फाइल करने वालों की आय | अब से लेकर 2030 तक | अनुमोदित | नामंज़ूर |
| $0 से $11k | $0 से $22k | 1.0% | 1.0% | 1.0% |
| $11k से $26k | $22k से $53k | 2.0 | 2.0 | 2.0 |
| $26k से $41k | $53k से $83k | 4.0 | 4.0 | 4.0 |
| $41k से $58k | $83k से $115k | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| $58k से $73k | $115k से $145k | 8.0 | 8.0 | 8.0 |
| $73k से $371k | $145k से $743k | 9.3 | 9.3 | 9.3 |
| **$371k से $446k** | **$743k से $892k** | **10.3%** | **10.3%** | **9.3%** |
| **$446k से $743k** | **$892k से $1.5 मिलियन** | **11.3%** | **11.3%** | **9.3%** |
| **$743k से अधिक** | **$1.5 मिलियन से अधिक** | **12.3%** | **12.3%** | **9.3%** |

प्रस्ताव 3 के पूर्ण टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 109 पर जाएँ।

प्रस्ताव

# 3

उच्च आमदनियों पर मौजूदा टैक्स का विस्तार करके स्कूलों और स्वास्थ्य देखभाल के लिए स्थायी निधिकरण प्रदान करता है। पहल संवैधानिक संशोधन।

## ★ प्रस्ताव 3 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 3 आपके टैक्स को बढ़ाए बिना हमारे स्कूलों, स्वास्थ्य सेवाओं और हमारे समुदायों की रक्षा करता है।

प्रस्ताव 3 कोई नया टैक्स नहीं है और किसी के लिए भी टैक्सों में वृद्धि नहीं करता है। प्रस्ताव 3 करोड़पतियों और बिलियनपतियों को टैक्स में कटौती मिलने से रोकता है और यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त जवाबदेही और लेखा-परीक्षण की आवश्यकता को निर्धारित करता है कि स्कूलों का वित्तपोषण कक्षाओं तक पहुँचे।

प्रस्ताव 3 हमारे स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं में कई बिलियन डॉलर की कटौती को रोकता है।

प्रस्ताव 3 के बिना, California के सार्वजनिक स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के 8 मिलियन विद्यार्थियों को कई बिलियन डॉलर की कटौती का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें अध्यापकों की छँटनी, अत्यधिक भीड़ वाली कक्षाएँ और कक्षाओं में विद्यार्थियों की अधिक संख्या होना शामिल है। परिवारों को निवारक स्वास्थ्य सेवाओं और किफायती डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाओं तक पहुँच से वंचित होना पड़ सकता है, और Medi-Cal का वह कवरेज खतरे में पड़ सकता है जिस पर लाखों California वासी निर्भर हैं।

प्रस्ताव 3 केवल सबसे धनी शीर्ष 2% लोगों पर लागू मौजूदा टैक्स दरों की अवधि बढ़ाता है।

प्रस्ताव 3 उन आयकर दरों को बनाए रखता है जिनका भुगतान सबसे धनी California वासी पिछले 15 वर्षों से करते आ रहे हैं। यदि इन टैक्स दरों को समाप्त होने दिया जाता है, तो इससे हमारी कक्षाओं, क्लीनिकों और समुदायों की कीमत पर करोड़पतियों और अरबपतियों को टैक्स में भारी कटौती मिलेगी। प्रस्ताव 3 शीर्ष 2% आय पर लागू मौजूदा दरों को बनाए रखता है।

यह सुनिश्चित करता है कि पैसा कक्षाओं तक पहुँचे—SACRAMENTO तक नहीं।

प्रस्ताव 3 में संवैधानिक सुरक्षा और सख्त जवाबदेही के प्रावधान शामिल हैं। यह सुनिश्चित करता है कि प्रस्ताव 3 की निधियाँ सीधे स्थानीय स्कूलों तक जाएँ—विधानमंडल और Sacramento के राजनेता इस पैसे को न तो छू सकते हैं, न किसी अन्य उद्देश्य के लिए स्थानांतरित कर सकते हैं और न ही नौकरशाही या प्रशासनिक खर्चों पर इसका एक भी डॉलर खर्च कर सकते हैं। इसके बाद प्रस्ताव 3 द्वारा स्कूलों के लिए दी गई गारंटी से कई बिलियन डॉलर उपलब्ध होते हैं, जो बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और परिवारों के लिए Medi-Cal का वित्तपोषण करने में मदद करते हैं।

प्रस्ताव 3 के तहत प्रत्येक डॉलर का हर वर्ष स्वतंत्र रूप से लेखा-परीक्षण किया जाता है और धन का दुरुपयोग करने वाले किसी भी अधिकारी को अभियोजन और आपराधिक दंड का सामना करना पड़ता है। स्थानीय स्कूल ज़िलों को हर वर्ष अपने लेखांकन ऑनलाइन प्रकाशित करना आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि California वासियों को ठीक-ठीक पता हो कि निधियाँ कैसे और कहाँ खर्च की जाती हैं।

प्रस्ताव 3 हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित करता है।

एक दशक से अधिक समय से, इन राजस्वों ने उन महत्वपूर्ण प्रोग्रामों का वित्तपोषण करने में मदद की है जिन पर California के परिवार और समुदाय निर्भर हैं—स्कूल के भोजन, छोटी कक्षाओं और मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाताओं से लेकर बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं और Medi-Cal तक। उन्होंने राज्य के मुश्किल समय के लिए कोष में अधिक निवेश करके आर्थिक मंदी के दौरान कटौतियों को रोकने में भी मदद की है, जिससे अर्थव्यवस्था धीमी पड़ने पर हमारे स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं की रक्षा होती है। प्रस्ताव 3 इस प्रगति को अगली पीढ़ी के लिए भी जारी रखता है।

प्रस्ताव 3 को अध्यापकों, नर्सों और स्वास्थ्य सेवा कर्मियों का समर्थन प्राप्त है।

प्रस्ताव 3 पर हाँ का समर्थन निम्नलिखित द्वारा किया गया है:

- California राज्य की अभिभावक-शिक्षक एसोसिएशन
- California फेडरेशन ऑफ़ टीचर्स
- California नर्सों की एसोसिएशन
- California स्कूल कर्मचारियों की एसोसिएशन
- California स्कूल नर्सों का संगठन
- California अध्यापकों की एसोसिएशन
- कम्युनिटी कॉलेज लीग ऑफ़ California
- नर्स एलायंस ऑफ़ SEIU California
- CA की प्लान्ड पेरेंटहुड से जुड़ी संस्थाएँ

हमारी कक्षाओं में पढ़ाने वाले अध्यापक और हमारे बच्चों की देखभाल करने वाली नर्सें सभी सहमत हैं: प्रस्ताव 3 पर हाँ में मतदान करें। आइए आपके टैक्स बढ़ाए बिना उन चीज़ों की रक्षा करें जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं।

प्रस्ताव 3 पर हाँ में मतदान करें।

*www.YesProp3CA.com*

**David Goldberg,** अध्यक्ष
California अध्यापकों की एसोसिएशन

**Katie Nilsson,** RN, अध्यक्ष
California स्कूल नर्सों का संगठन

**Jodi Hicks,** अध्यक्ष
California की प्लान्ड पेरेंटहुड से जुड़ी संस्थाएँ

## ★ प्रस्ताव 3 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 3 पर नहीं—स्थायी रूप से अधिक आयकरों को रोकें

2012 में, राजनेताओं और विशेष हित समूहों ने California वासियों से वादा किया था कि आयकर में वृद्धि केवल अस्थायी होगी। अब वे दावा कर रहे हैं कि इन टैक्सों को स्थायी बनाना किसी तरह की टैक्स वृद्धि नहीं है।

इस दावे पर विश्वास न करें। प्रस्ताव 3 उस व्यवस्था को स्थायी कर देता है जो California के इतिहास में राज्य के आयकर की सबसे बड़ी स्थायी वृद्धि बन जाएगी—जिससे करदाताओं को हर वर्ष $15 बिलियन डॉलर तक का खर्च उठाना पड़ सकता है।

प्रस्ताव 3 पर नहीं—राजनेताओं को याद दिलाएँ कि "अस्थायी" का क्या मतलब होता है

*अस्थायी: केवल सीमित अवधि तक रहने वाला; स्थायी नहीं।*

California के करदाताओं ने समझौते में अपना हिस्सा निभाया—16 वर्षों तक अस्थायी रूप से अधिक आयकरों का भुगतान किया। राजनेताओं को भी अपना वादा निभाना चाहिए और इससे भी अधिक टैक्सों के लिए दबाव डालना बंद करना चाहिए।

प्रस्ताव 3 पर नहीं: फिजूलखर्ची को रोकें

प्रस्ताव 3 उस बर्बादी, धोखाधड़ी और लापरवाह खर्च को रोकने के लिए कुछ नहीं करता, जिसने केवल तीन वर्षों में $100 बिलियन डॉलर के बजट अधिशेष को $30 बिलियन डॉलर के घाटे में बदल दिया। यदि Sacramento ने ज़िम्मेदारी से खर्च किया होता, तो वह करदाताओं से "अस्थायी" टैक्स को स्थायी बनाने के लिए नहीं कह रहा होता।

प्रस्ताव 3 पर नहीं—CALIFORNIA को और महँगा न बनाएँ

California वासियों को देश में जीवन-यापन की सबसे अधिक लागत का सामना करना पड़ता है और वे अमेरिका में सबसे अधिक आय, बिक्री और गैस टैक्स का भुगतान करते हैं। किसी अस्थायी टैक्स को स्थायी बनाना California को और महँगा ही बनाएगा।

प्रस्ताव 3 पर नहीं—पहले खर्च की समस्या को ठीक करें

California में कर राजस्व की समस्या नहीं है—यहाँ खर्च की समस्या है। पिछले दशक में California की जनसंख्या 2% से कम बढ़ी, जबकि राजनेताओं ने खर्च को दोगुना कर दिया। स्थायी रूप से अधिक टैक्स को ना कहें। अधिक आयकरों का विरोध करने के लिए *VoteNoProp3.com* पर हमारे साथ जुड़ें।

प्रस्ताव 3 पर नहीं।

**Jon Coupal,** अध्यक्ष
Howard Jarvis हॉवर्ड जार्विस करदाता एसोसिएशन

**Carlos Solorzano,** मुख्य कार्यकारी अधिकारी
San Francisco का हिस्पैनिक चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स

**Clint Olivier,** अध्यक्ष
Central Valley बिजनेस फेडरेशन



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 3 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 3—"अस्थायी" टैक्स को स्थायी रूप से अधिक आयकरों में बदलता है

Sacramento के राजनेता अधिक टैक्स के लिए हमारा समर्थन पाने हेतु बड़े-बड़े वादे करते हैं। फिर वे बिना किसी जवाबदेही के हमारे टैक्स के पैसे खर्च करते हैं—जिससे बर्बादी, धोखाधड़ी और अत्यधिक खर्च के कारण कई बिलियन डॉलर का नुकसान होता है।

प्रस्ताव 3 को ही देखिए। राजनेताओं ने मतदाताओं से कहा था कि अधिक आयकर अस्थायी होंगे—बजट घाटे को पूरा करने के लिए केवल सात वर्षों तक। फिर उन "अस्थायी" टैक्स को अगले 12 वर्षों के लिए इस वादे के साथ बढ़ा दिया गया कि अधिक टैक्स राजनेताओं द्वारा पैदा की गई समस्याओं को हल कर देंगे।

अब विशेष हित समूह और राजनेता इन अधिक आयकरों को स्थायी बनाना चाहते हैं।

California के मतदाताओं को स्थायी रूप से अधिक आयकरों के लिए ना कहना चाहिए।

प्रस्ताव 3—अधिक आयकर = जीवन-यापन की अधिक लागत

California वासियों को देश में जीवन-यापन की सबसे अधिक लागत का सामना करना पड़ता है, जिसका एक कारण यह भी है कि हम सभी पचास राज्यों में सबसे अधिक आयकर, सबसे अधिक बिक्री टैक्स और सबसे अधिक गैस टैक्स चुकाते हैं। इन्हीं राजनेताओं के कारण हमें देश में पेट्रोल की सबसे अधिक कीमतों के साथ-साथ अधिक बीमा लागतों, अधिक उपयोगिता सेवा लागतों, अधिक भोजन लागतों और अधिक आवास लागतों का भी सामना करना पड़ रहा है। अब वे अधिक आयकरों को स्थायी बनाना चाहते हैं, साथ ही आपके स्वास्थ्य बीमा पर नए टैक्स, सॉफ्टवेयर पर नए टैक्स लगाना चाहते हैं—और वे "नौकरियों" पर भी टैक्स लगाने पर भी विचार कर रहे हैं। उच्च टैक्सों के कारण हमारे जीवन-यापन की लागत बढ़ाने को ना कहें।

प्रस्ताव 3—मतदाता वास्तविक परिणामों के हकदार हैं, टूटे हुए वादों के नहीं

राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली बर्बादी, धोखाधड़ी और अत्यधिक खर्च हमारे टैक्सों को और अधिक बढ़ाने का कोई बहाना नहीं है।

राजनेताओं और विशेष हित समूहों ने वादा किया था कि सरकारी प्रोग्रामों में बड़ी कटौतियों से बचने के लिए अस्थायी आयकरों की आवश्यकता थी। जब से ये "अस्थायी" वृद्धि पहली बार पारित की गई थी, तब से सरकारी खर्च में $150 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई है—यानी यह 2.5 गुना से भी अधिक हो गया है। इसी अवधि के दौरान, हमारे स्कूलों, बुनियादी ढाँचे और सार्वजनिक सुरक्षा की स्थिति बदतर हुई है। लगातार टूटते वादों को ना कहें।

प्रस्ताव 3 पर नहीं: फिजूलखर्ची को रोकें

राजनेताओं और विशेष हित समूहों ने केवल तीन वर्षों में 100 बिलियन डॉलर के बजट अधिशेष को $30 बिलियन डॉलर के बजट घाटे में बदल दिया। उन्होंने हमारे टैक्स से प्राप्त पैसे का इतना खराब प्रबंधन किया कि अब वे चाहते हैं कि मतदाता स्थायी रूप से अधिक टैक्सों के माध्यम से उन्हें इस स्थिति से बाहर निकालें।

ऐसी ट्रेन पर $100 बिलियन डॉलर की बर्बादी को ना कहें जो कहीं नहीं ले जाती।

काम न करने वाले बेघर लोगों से संबंधित प्रोग्रामों पर $37 बिलियन डॉलर की बर्बादी को ना कहें।

बेरोज़गारी संबंधी धोखाधड़ी में $31 बिलियन डॉलर की बर्बादी को ना कहें।

प्रस्ताव 3 पर नहीं—टैक्स बढ़ाने से पहले SACRAMENTO की खर्च संबंधी समस्या को ठीक करें

California में राजस्व की समस्या नहीं है। हमारे यहाँ खर्च की समस्या है। पिछले 10 वर्षों में California की जनसंख्या में बहुत मामूली वृद्धि हुई, लेकिन राजनेताओं ने खर्च को दोगुने से भी अधिक कर दिया।

केवल राज्य के टैक्स ही लगातार नहीं बढ़ रहे हैं। राजनेताओं और विशेष हित समूहों ने केवल पिछले दस वर्षों में 2,000 से अधिक नए स्थानीय टैक्स लगाए हैं—जिससे आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे California वासियों के लिए अपने खर्चों को पूरा करना और भी कठिन हो गया है।

जब तक हम खर्च पर नियंत्रण नहीं कर लेते, तब तक California वासियों को किसी भी अधिक टैक्स का समर्थन नहीं करना चाहिए।

फिजूलखर्ची को रोकें।

कोई नया टैक्स नहीं।

प्रस्ताव 3 पर नहीं।

**Robert Gutierrez,** अध्यक्ष
California ग्रोसर एसोसिएशन

**Robert Rivinius,** अध्यक्ष
California की फैमिली बिजनेस एसोसिएशन

**Julian Canete,** अध्यक्ष
California का हिस्पैनिक चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स

## ★ प्रस्ताव 3 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 3 आपके टैक्स को बढ़ाए बिना हमारे स्कूलों, हमारी स्वास्थ्य सेवाओं और हमारे समुदायों की रक्षा करता है।

प्रस्ताव 3 उन टैक्स दरों को बनाए रखता है जिनका भुगतान शीर्ष 2% लोग पिछले 15 वर्षों से करते आ रहे हैं और यह आपके टैक्स में वृद्धि नहीं करता है।

प्रस्ताव 3 उन मौजूदा टैक्स दरों को बनाए रखता है जिनका भुगतान सबसे धनी 2% California वासी पिछले 15 वर्षों से करते आ रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि $740,000 डॉलर से अधिक कमाने वाले दंपति अपने उचित हिस्से का भुगतान जारी रखें।

प्रस्ताव 3 के बिना करोड़पतियों और अरबपतियों को भारी टैक्स कटौती मिलेगी—और उसकी कीमत हम बाकी लोगों को चुकानी पड़ेगी।

हमारे स्कूलों में अध्यापकों और कर्मचारियों की छँटनी, अत्यधिक भीड़ वाली कक्षाएँ और कम परामर्शदाता; Medi-Cal, बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं और उन क्लीनिकों में कटौती जिन पर परिवार निर्भर हैं; और हमारे समुदायों को सुरक्षित रखने वाले अग्निशामकों, आपातकालीन सेवाओं और जंगल की आग से सुरक्षा के लिए कम धन उपलब्ध होगा।

प्रस्ताव 3 में सख्त जवाबदेही के प्रावधान हैं और यह शिक्षा का सीधे वित्तपोषण करता है।

प्रस्ताव 3 का वित्तपोषण सीधे स्थानीय स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों को जाता है। Sacramento के राजनेता इस धन को न तो छू सकते हैं और न ही इसे किसी अन्य उद्देश्य के लिए स्थानांतरित कर सकते हैं। नौकरशाही या प्रशासनिक खर्चों पर एक पैसा भी खर्च नहीं किया जा सकता है। प्रत्येक डॉलर का हर वर्ष स्वतंत्र रूप से लेखा-परीक्षण किया जाता है, ज़िलों को अपने खर्च का विवरण ऑनलाइन प्रकाशित करना आवश्यक है, और धन का दुरुपयोग करने वाले किसी भी अधिकारी को अभियोजन और आपराधिक दंड का सामना करना पड़ता है।

प्रस्ताव 3 स्वास्थ्य सेवाओं और अग्नि से सुरक्षा की रक्षा करता है।

हमारी कक्षाओं के लिए वित्तपोषण की गारंटी देकर, प्रस्ताव 3 यह सुनिश्चित करता है कि California Medi-Cal और बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ उन अग्निशामकों और जंगल की आग से सुरक्षा में भी निवेश कर सके, जिन पर हमारे समुदाय निर्भर हैं। इसीलिए अध्यापक, स्कूल कर्मचारी, नर्सें और अग्निशामक सहमत हैं: प्रस्ताव 3 पर हाँ में मतदान करें।

*www.YesProp3CA.com*

**Jeff Freitas,** अध्यक्ष
California फेडरेशन ऑफ़ टीचर्स

**Darrell Roberts,** अध्यक्ष
California के पेशेवर अग्निशामक

**Adam Weinberger,** अध्यक्ष
California स्कूल एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन

इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

प्रस्ताव **4**

# चुनाव अभियानों के सार्वजनिक निधिकरण के खिलाफ प्रतिबंध को समाप्त करता है। विधायी कानून।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया** — आधिकारिक शीर्षक और सारांश

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 115 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

4

- वर्तमान कानून के अनुसार, राज्य और स्थानीय सरकारें चार्टर शहरों और चार्टर काउंटियों को छोड़कर चुनाव प्रचार के लिए सरकारी धन का उपयोग नहीं कर सकतीं।
- यह विधेयक उस निषेध को निरस्त करता है और राज्य और स्थानीय सरकारों को उन उम्मीदवारों के लिए सार्वजनिक अभियान निधिकरण प्रोग्रामों को स्थापित करने की अनुमति देता है जो निर्दिष्ट खर्च सीमाओं से सहमत होते हैं और पात्रता मापदंडों को पूरा करते हैं।
- यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा, परिवहन और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए निर्धारित धन का उपयोग इन चुनाव अभियान कार्यक्रमों में न किया जाए।
- उम्मीदवार सरकारी धन का इस्तेमाल कानूनी रक्षा खर्चों, जुर्माना भरने या चुनाव प्रचार के लिए गए अपने निजी कर्ज को चुकाने के लिए नहीं कर सकेंगे।
- चुनाव अभियानों में विदेशी संस्थाओं द्वारा दिए गए योगदान पर लगने वाला अधिकतम जुर्माना तीन गुना कर दिया जाएगा।

**विधायी विश्लेषक के अनुसार राज्य और स्थानीय सरकारों पर वित्तीय प्रभाव के अनुमान का सारांश:**

- सार्वजनिक अभियान वित्त प्रोग्रामों के बारे में राज्य और स्थानीय सरकारों के सवालों के जवाब देने के लिए निष्पक्ष राजनीतिक आचरण आयोग के लिए प्रत्येक वर्ष राज्य को कुछ सौ हजार डॉलर की निरंतर लागत।

SB 42 (प्रस्ताव 4) पर विधान मंडल द्वारा किए गए अंतिम मत
(अध्याय 245, 2025 का विधान)

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 29 | नहीं 8 |
| विधानसभा: | हाँ 59 | नहीं 20 |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***राजनीतिक सुधार अधिनियम।*** बहुत से लोग, समूह और व्यवसाय सार्वजनिक पद के उम्मीदवारों और मतपत्र प्रस्तावों का समर्थन या विरोध करने के लिए धन खर्च करते हैं। California का राजनीतिक सुधार अधिनियम राजनीति में धन का उपयोग कैसे किया जा सकता है, इसके लिए नियम निर्धारित करता है और राजनीतिक खर्च की सार्वजनिक रिपोर्टिंग की आवश्यकता को निर्धारित करता है। ये नियम राज्य और स्थानीय स्तर के उम्मीदवारों, मतपत्र प्रस्तावों और अन्य सार्वजनिक अधिकारियों पर लागू होते हैं, लेकिन संघीय उम्मीदवारों या अधिकारियों पर लागू नहीं होते हैं। (संघीय कानून संघीय पदों के लिए चुनाव अभियान के वित्तपोषण और रिपोर्टिंग संबंधी आवश्यकताएँ निर्धारित करता है।) राजनीतिक सुधार अधिनियम को पिछले वर्षों के दौरान मतदाताओं द्वारा अपडेट किया गया है।

***चुनाव अभियानों के भुगतान के लिए सार्वजनिक निधियों के उपयोग पर प्रतिबंध।*** राजनीतिक सुधार अधिनियम राजनीतिक उम्मीदवारों के चुनाव अभियानों के लिए सार्वजनिक निधियों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाता है। यह प्रतिबंध राज्य और स्थानीय स्तर के अधिकांश निर्वाचित पदों पर लागू होता है। (यह प्रतिबंध कुछ चार्टर शहरों में शहरी पदों के चुनावों पर लागू नहीं होता है। Los Angeles, San Francisco, Long Beach, Oakland, और Berkeley ऐसे चार्टर शहरों के वर्तमान उदाहरण हैं जो कुछ चुनाव अभियानों के लिए सार्वजनिक निधियाँ प्रदान करते हैं।)

***चुनाव अभियान वित्तपोषण कानूनों की निगरानी करने वाली संस्थाएँ।*** California के चुनाव अभियान वित्तपोषण कानूनों का प्रशासन निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग और California राज्य सचिव द्वारा किया जाता है। राज्य कानून के अनुसार लोगों और समूहों को यह रिपोर्ट करना आवश्यक है कि वे राजनीतिक चुनाव अभियानों के लिए कितना धन देते हैं, प्राप्त करते हैं और खर्च करते हैं। यह जानकारी राज्य सचिव की वेबसाइट पर जनता के लिए उपलब्ध है। निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग राजनीतिक सुधार अधिनियम को लागू करता है और उसकी व्याख्या करता है। निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग वित्तीय रिपोर्टों की समीक्षा करता है और कानून का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और दानदाताओं पर जुर्माना लगा सकता है। निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग राजनीतिक सुधार अधिनियम की अपनी व्याख्या के आधार पर मार्गदर्शन जारी करता है।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी है



## प्रस्ताव

***उम्मीदवारों के चुनाव अभियानों के भुगतान के लिए सार्वजनिक निधियों के उपयोग पर प्रतिबंध को हटाता है।*** प्रस्ताव 4 राजनीतिक उम्मीदवारों के चुनाव अभियानों के लिए सार्वजनिक निधियों के उपयोग पर लगे प्रतिबंध को हटाता है। प्रतिबंध हटाए जाने से राज्य और स्थानीय सरकारें भविष्य में, यदि वे चाहें, तो सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रोग्राम बना सकती हैं। प्रस्ताव 4 राज्य या स्थानीय सरकारों के लिए सीधे तौर पर कोई सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रणाली स्थापित नहीं करता है।

***भविष्य के राज्य और स्थानीय सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रोग्रामों के लिए नियम निर्धारित करता है।*** प्रस्ताव 4 भविष्य के राज्य और स्थानीय सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रोग्रामों के लिए व्यापक नियम निर्धारित करता है, लेकिन इनके स्वरूप से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय भविष्य में राज्य और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने वालों पर छोड़ता है। प्रस्ताव 4 यह सीमित करता है कि भविष्य के किसी भी सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रोग्राम में किन सार्वजनिक निधियों का उपयोग चुनाव अभियानों के लिए किया जा सकता है, निधियाँ कौन प्राप्त कर सकता है और निधियों को कैसे खर्च किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, शिक्षा, परिवहन या सार्वजनिक सुरक्षा के लिए निर्धारित धन का उपयोग चुनाव अभियानों के लिए नहीं किया जा सकता है। उम्मीदवार सार्वजनिक निधियाँ केवल तभी प्राप्त कर सकते हैं, जब वे अपने ज़िले में व्यापक समर्थन प्रदर्शित करें और खर्च की सीमाओं तथा प्रोग्राम के अन्य नियमों का पालन करने के लिए सहमत हों। सार्वजनिक निधियों का उपयोग कानूनी बचाव की फीस या जुर्माने का भुगतान करने या किसी उम्मीदवार द्वारा अपने चुनाव अभियान को दिए गए व्यक्तिगत ऋण का पुनर्भुगतान करने के लिए नहीं किया जा सकता है। राज्य और स्थानीय सरकारें प्रस्ताव 4 द्वारा निर्धारित व्यापक नियमों के अंतर्गत अपने स्वयं के प्रोग्राम तैयार और लागू कर सकती हैं।

***निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रोग्रामों पर मार्गदर्शन जारी करेगा।*** प्रस्ताव 4 में स्पष्ट किया गया है कि निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग के लिए स्थानीय सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रोग्रामों का प्रशासन या प्रवर्तन करना आवश्यक नहीं है। इसके बजाय, राज्य और स्थानीय सरकार के अधिकारी निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग से इस बारे में मार्गदर्शन माँग सकते हैं कि प्रस्ताव 4 के अनुरूप सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रोग्राम कैसे बनाए जाएँ।

## राजकोषीय प्रभाव

***संभावित सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रोग्रामों की लागतें भविष्य के निर्णयों पर निर्भर करेगी।*** प्रस्ताव 4 कोई सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रोग्राम स्थापित नहीं करता है। हालाँकि, यह राज्य और स्थानीय सरकारों को भविष्य में ऐसे प्रोग्राम बनाने की अनुमति देता है। जो सरकारें ऐसे प्रोग्राम बनाने का निर्णय लेंगी, उनके लिए इन प्रोग्रामों की लागत काफी अधिक हो सकती है। कुल लागत इस बात पर निर्भर करेगी कि कौन-सी सरकारें ऐसे प्रोग्राम बनाती हैं और उन प्रोग्रामों को किस प्रकार तैयार किया जाता है।

***सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रोग्रामों पर विचार कर रही राज्य और स्थानीय सरकारों की सहायता के लिए राज्य की मामूली लागत।*** यदि मतदाता प्रस्ताव 4 को अनुमोदित करते हैं, तो राज्य और स्थानीय सरकार के अधिकारी संभवतः राजनीतिक सुधार अधिनियम के तहत सार्वजनिक चुनाव अभियान वित्तपोषण प्रोग्राम बनाने के संबंध में निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग से मार्गदर्शन माँगेंगे। इसके लिए संभवतः निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग को इन प्रश्नों के उत्तर देने में सहायता के लिए अधिक कानूनी कर्मचारियों की नियुक्ति करनी होगी। इसके परिणामस्वरूप, राज्य की लागत प्रत्येक वर्ष कुछ लाख डॉलर होगी। यह राशि राज्य के कुल सामान्य निधि बजट के 1 प्रतिशत के दसवें हिस्से (0.1 प्रतिशत) से भी काफी कम है। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है।)

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

## ★ प्रस्ताव 4 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 4 पर हाँ, CALIFORNIA निष्पक्ष चुनाव अधिनियम: चुनाव जीते जाने चाहिए, खरीदे नहीं

California के चुनावों में खर्च होने वाली धनराशि बेहद अधिक है; यह हमारे लोकतंत्र को विकृत कर रही है। 2020 से अब तक केवल California में राज्य स्तर के उम्मीदवारों के चुनावों पर $1 बिलियन डॉलर से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। यह भारी खर्च विशेष हित समूहों को अधिक पहुँच और प्रभाव देता है, जबकि आम California वासियों की आवाज़ दब जाती है।

प्रस्ताव 4 योग्य उम्मीदवारों को प्रतिस्पर्धा करने में मदद करता है

आज किसी सार्वजनिक पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए अक्सर या तो व्यक्तिगत संपत्ति की आवश्यकता होती है या धनी दानदाताओं तक पहुँच की। सार्वजनिक पद के लिए चुनाव लड़ने हेतु बड़ी धनराशि होना एक अनौपचारिक आवश्यकता बन गई है, जिसके कारण बहुत से योग्य उम्मीदवार पीछे रह जाते हैं।

प्रस्ताव 4 चुनाव अभियानों के वित्तपोषण के तरीके को बदलता है

छोटी राशि के दान के बराबर राशि प्रदान करने जैसे प्रोग्राम उम्मीदवारों को धनी दानदाताओं पर निर्भर हुए बिना प्रतिस्पर्धा करने में मदद करते हैं। हालाँकि, California के अधिकांश समुदायों में इन साधनों के उपयोग पर प्रतिबंध है, जिससे बड़ी धनराशि का प्रभाव बढ़ता जा रहा है।

प्रस्ताव 4 उस प्रतिबंध को हटाता है और मतदाताओं एवं स्थानीय सरकारों को सख्त सुरक्षा उपायों के साथ सार्वजनिक वित्तपोषण अपनाने का विकल्प देता है, ताकि योग्य उम्मीदवार—उनकी आय चाहे जितनी भी हो—धनी हित समूहों द्वारा समर्थित उम्मीदवारों के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा कर सकें।

प्रस्ताव 4 एक प्रमाणित मॉडल पर आधारित है

हम जानते हैं कि यह सुधार कारगर है, क्योंकि यह अन्य राज्यों में सफलतापूर्वक काम कर रहा है। इसी तरह की प्रणालियों का उपयोग करके चौदह राज्यों और 26 स्थानीय क्षेत्रों में विभिन्न पृष्ठभूमियों के हजारों उम्मीदवार निर्वाचित हुए हैं। वे समाज के सभी क्षेत्रों से आने वाले नए लोग हैं, जिनके पास अच्छे विचार हैं। चूँकि वे धनी दानदाताओं पर निर्भर नहीं होते, इसलिए वे खुलकर अपनी बात कह सकते हैं और विशेष हित समूहों के बजाय लोगों के लिए काम कर सकते हैं।

प्रस्ताव 4 स्थानीय समुदायों को एक विकल्प देता है

प्रस्ताव 4 कोई सार्वजनिक वित्तपोषण प्रोग्राम स्थापित नहीं करता है। यह केवल स्थानीय सरकारों को ऐसा प्रोग्राम अपनाने का विकल्प देता है, यदि वे ऐसा करना चाहें।

यदि कोई समुदाय ऐसा करता है, तो इसकी लागत प्रति निवासी प्रति वर्ष केवल $1 डॉलर तक हो सकती है—यह California के चुनावों को प्रभावित करने के लिए खर्च किए जाने वाले कई बिलियन डॉलर के प्रभाव का मुकाबला करने में मदद हेतु एक छोटा-सा निवेश है।

प्रस्ताव 4 करदाताओं की रक्षा करता है

करदाताओं के लिए कड़े सुरक्षा उपाय:

- सार्वजनिक निधियाँ प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों के लिए सख्त पात्रता मानदंडों को पूरा करना और खर्च की सीमाओं का पालन करना आवश्यक है।
- सार्वजनिक वित्तपोषण के माध्यम से पदधारकों को लाभ पहुँचाने या राजनीतिक दल के आधार पर भेदभाव करने पर प्रतिबंध लगाता है।
- कानूनी बचाव या जुर्माने के लिए सार्वजनिक निधियों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाता है।

प्रस्ताव 4 अवैध विदेशी धन पर कड़ी कार्रवाई करता है

प्रस्ताव 4 अवैध विदेशी चुनाव अभियान योगदान और खर्च के लिए अधिकतम जुर्माने को तीन गुना कर देता है, जिससे California के चुनावों में हस्तक्षेप करने का प्रयास करने वालों के लिए दंड और कड़े हो जाते हैं।

प्रस्ताव 4 को पूरे California भर के नेताओं का समर्थन प्राप्त है

प्रस्ताव 4 को एक व्यापक गठबंधन का समर्थन प्राप्त है, जिसमें लीग ऑफ वुमैन वोटर्स ऑफ California, California नर्सों की एसोसिएशन, मेंटल हेल्थ एडवोकेसी सर्विसेज़, सोशल सिक्योरिटी वर्क्स, California क्लीन मनी कैंपेन, California कॉमन कॉज़, California नेशनल ऑर्गनाइज़ेशन फॉर वुमैन, California फॉर डिसएबिलिटी राइट्स, कंज़्यूमर वॉचडॉग, करेज California, डेमोक्रेसी फॉर अमेरिका, इंडिविज़िबल California: स्टेटस्ट्रॉन्ग, ला डिफेंसा, मनी आउट वोटर्स इन, वोटर्स राइट टू नो और कई अन्य शामिल हैं।

प्रस्ताव 4 CALIFORNIA वासियों को अपने चुनावों पर फिर से नियंत्रण पाने का अवसर देता है और यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि चुनाव केवल सबसे धनी दानदाताओं की नहीं, बल्कि लोगों की मान्यताओं को प्रतिबिंबित करें।

प्रस्ताव 4 पर हाँ—ताकत मतदाताओं को लौटाएँ, धनी दानदाताओं को नहीं

**Lorrel Plimier**, सह-अध्यक्ष
लीग ऑफ़ वुमैन वोटर्स ऑफ़ California

**Catherine Kennedy**, अध्यक्ष
California नर्सों की एसोसिएशन

**Tom Umberg**, California राज्य सीनेटर

## ★ प्रस्ताव 4 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 4 का समर्थन करने वाले राजनेता आपको यह नहीं बताते हैं:

प्रस्ताव 4 मतदाताओं द्वारा मंज़ूर किए गए उस कानून को निरस्त करता है, जो उम्मीदवारों को सार्वजनिक पद के लिए चुनाव लड़ने हेतु करदाताओं के पैसे का उपयोग करने से रोकता है।

प्रस्ताव 4 के तहत करदाताओं का पैसा प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की संख्या पर कोई सीमा नहीं है। पिछले जून के चुनाव में 60 से अधिक उम्मीदवारों ने गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ा था। प्रस्ताव 4 हजारों उम्मीदवारों को करदाताओं का पैसा प्राप्त करने की अनुमति देगा!

प्रस्ताव 4 के तहत कोई उम्मीदवार करदाताओं का कितना पैसा प्राप्त कर सकता है, इस पर कोई सीमा नहीं है। प्रस्ताव 4 करदाताओं द्वारा वित्तपोषित चुनाव अभियानों का रास्ता खोलता है, लेकिन कोई उम्मीदवार करदाताओं का कितना पैसा प्राप्त कर सकता है, इस पर कोई सीमा नहीं लगाता और खर्च पर भी कोई सीमा नहीं लगाता। इससे अधिक नकारात्मक विज्ञापन, अधिक अनचाही डाक और अधिक परेशान करने वाले टेक्स्ट मैसेज आएँगे।

प्रस्ताव 4 चुनाव अभियानों में विशेष हित समूहों के धन पर प्रतिबंध नहीं लगाता है। प्रस्ताव 4 उम्मीदवारों को करदाताओं का पैसा और विशेष हित समूहों का पैसा, दोनों प्राप्त करने की अनुमति देता है!

हजारों राजनीतिक चुनाव अभियानों का वित्तपोषण करने के लिए आखिर पैसा कहाँ से आएगा? प्रस्ताव 4 यह नहीं बताता है। लेकिन आप इसका जवाब जानते हैं। यह पैसा आपसे, यानी करदाताओं से आएगा! स्कूलों के लिए कम पैसा, सार्वजनिक सुरक्षा के लिए कम पैसा, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कम पैसा। राजनेताओं के लिए अधिक पैसा।

प्रस्ताव 4 एक कोरा चेक है। यह झूठे वादों और विफल समाधानों पर आधारित है।

प्रस्ताव 4 करदाताओं की रक्षा नहीं करता है। इसीलिए California के प्रमुख करदाता संगठन प्रस्ताव 4 का विरोध करते हैं।

प्रस्ताव 4 "निष्पक्ष चुनावों" का प्रावधान नहीं करता है। इसीलिए निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग के पूर्व आयुक्त प्रस्ताव 4 का विरोध करते हैं।

प्रस्ताव 4 पर नहीं में मतदान करें।

**Robert Gutierrez**, अध्यक्ष
California ग्रोसर एसोसिएशन

**Jon Coupal**, अध्यक्ष
Howard Jarvis हॉवर्ड जार्विस करदाता एसोसिएशन

**Dan Schnur**, पूर्व अध्यक्ष
निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 4 के विरुद्ध तर्क ★

Sacramento के राजनेताओं ने प्रस्ताव 4 को मतपत्र में क्यों शामिल किया? वे अपने चुनाव अभियानों का वित्तपोषण करने के लिए आपके टैक्स के पैसे तक पहुँचना चाहते हैं।

प्रस्ताव 4 मतदाताओं द्वारा मंज़ूर किए गए उस कानून को निरस्त करता है, जो इन राजनेताओं को अपने चुनाव अभियानों के लिए करदाताओं की सार्वजनिक निधियों का उपयोग करने से रोकता है। जी हाँ, प्रस्ताव 4 राजनेताओं को अपने चुनाव अभियानों का वित्तपोषण करने के लिए आपके टैक्स के पैसे का उपयोग करने की अनुमति देता है।

प्रस्ताव 4 के तहत करदाताओं का पैसा प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की संख्या पर कोई सीमा नहीं है और उन्हें कितना पैसा मिल सकता है, इस पर भी कोई सीमा नहीं है! प्रस्ताव 4 एक कोरा चेक है। वे अपने चुनाव अभियानों पर कितना खर्च कर सकते हैं, इसकी भी कोई सीमा नहीं है! अधिक नकारात्मक विज्ञापन। अधिक अनचाही डाक। अधिक परेशान करने वाले टेक्स्ट मैसेज। बस अधिक, अधिक, और अधिक।

प्रस्ताव 4 इतनी खराब तरह से लिखा गया है कि यह राज्य या स्थानीय स्तर के प्रत्येक "उम्मीदवार" को सार्वजनिक वित्तपोषण प्राप्त करने की अनुमति दे सकता है। करदाताओं का पैसा प्राप्त करने के लिए उनका वास्तव में मतपत्र में शामिल होने के योग्य होना भी आवश्यक नहीं है। प्रस्ताव 4 राज्य और स्थानीय स्तर के हज़ारों उम्मीदवारों के सार्वजनिक वित्तपोषण की अनुमति देता है। यहाँ तक कि यह काउंटी की राजनीतिक दल समितियों के उम्मीदवारों के सार्वजनिक वित्तपोषण की भी अनुमति देता है।

केवल पिछले प्राथमिक चुनाव में ही गवर्नर पद के लिए 60 से अधिक उम्मीदवार थे। क्या आप चाहते हैं कि आपके टैक्स का पैसा उनके और अधिक नकारात्मक चुनाव अभियान विज्ञापनों और अनचाही डाक पर खर्च हो?

प्रस्ताव 4 के तहत कोई उम्मीदवार करदाताओं का कितना पैसा प्राप्त कर सकता है, इस पर कोई सीमा नहीं है। इसमें कहा गया है कि करदाताओं की निधियाँ प्राप्त करने के लिए "सख्त मापदंड" आवश्यक हैं, लेकिन ये मापदंड क्या हैं, इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया है! बारीक अक्षरों में लिखे को पढ़ें:

"सख्त मापदंड" से तात्पर्य कानून, अध्यादेश या चार्टर द्वारा निर्धारित उस आवश्यकता से है, जिसे सार्वजनिक निधियाँ प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को पूरा करना आवश्यक है।"

लेकिन वर्तमान में ऐसा कोई कानून, अध्यादेश या चार्टर नहीं है जो कोई मापदंड निर्धारित करता हो। अंदाज़ा लगाइए कि मापदंड कौन तय करेगा? वही राजनेता जो आपके टैक्स के पैसे तक पहुँचना चाहते हैं!

कुछ अच्छे सरकारी समूह चुनाव अभियानों के सार्वजनिक वित्तपोषण का समर्थन करते हैं, क्योंकि वे राजनीति से विशेष हित समूहों के धन को बाहर करना चाहते हैं। लेकिन प्रस्ताव 4 विशेष हित समूहों के धन को समाप्त नहीं करता है! प्रस्ताव 4 के तहत उम्मीदवार विशेष हित समूहों से धन जुटा सकते हैं और सार्वजनिक वित्तपोषण भी प्राप्त कर सकते हैं।

प्रस्ताव 4 सार्वजनिक वित्तपोषण की सबसे खराब प्रकार की योजना है। इसमें कोई विशिष्ट विवरण नहीं दिया गया है। यह सभी विवरण तय करने का काम उन्हीं राजनेताओं पर छोड़ देता है, जो सार्वजनिक निधियों तक पहुँच प्राप्त करना चाहते हैं।

यह एक कोरा चेक है। लेकिन इससे भी बदतर, प्रस्ताव 4 राजनीतिक चुनाव अभियानों के लिए विशेष हित समूहों के वित्तपोषण की अनुमति देता है।

कृपया California के प्रमुख करदाता संरक्षण संगठनों—जिनमें California टैक्सपेयर्स एसोसिएशन, Howard Jarvis टैक्सपेयर्स एसोसिएशन, फैमिली बिज़नेस एसोसिएशन ऑफ California, और यूनाइटेड लैटिनोज़, और साथ ही साथ California का निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग भी शामिल है, जो सभी प्रस्ताव 4 का विरोध करते हैं।

कृपया राजनेताओं के कोरे चेक वाले प्रस्ताव पर नहीं में मतदान करें। प्रस्ताव 4 पर नहीं में मतदान करें।

**Dan Schnur**, पूर्व अध्यक्ष
निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग

**Colleen McAndrews**, पूर्व आयुक्त
निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग

**Julian Canete**, अध्यक्ष
California का हिस्पैनिक चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स



## ★ प्रस्ताव 4 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

विशेष हित समूहों के बहकावे में न आएँ, जो चुनावों को पैसे के बल पर प्रभावित करते रहना चाहते हैं।

California ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहाँ चुनाव अभियानों के सार्वजनिक वित्तपोषण पर प्रतिबंध है। अन्य सभी 49 राज्यों के समुदायों को सार्वजनिक वित्तपोषण अपनाने का अधिकार है, ताकि योग्य उम्मीदवार धनी दानदाताओं के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा कर सकें। California में ऐसा नहीं है। प्रस्ताव 4 केवल उस प्रतिबंध को हटाता है और स्थानीय मतदाताओं को वही विकल्प देता है जो अन्य सभी के पास है, साथ ही करदाताओं के लिए कड़े सुरक्षा उपाय भी लागू करता है।

प्रस्ताव 4 स्थानीय समुदायों को शक्ति वापस देता है और दानदाताओं को नहीं, बल्कि मतदाताओं को सशक्त बनाता है

प्रस्ताव 4 करदाताओं का एक भी डॉलर खर्च नहीं करता और कहीं भी सार्वजनिक वित्तपोषण व्यवस्था लागू नहीं करता। यह केवल प्रतिबंध हटाता है, ताकि प्रत्येक शहर, काउंटी और राज्य को सार्वजनिक वित्तपोषण अपनाने का अधिकार मिल सके, यदि स्थानीय मतदाता ऐसा चाहते हैं। विवरण तय करने का अधिकार उचित रूप से प्रत्येक समुदाय पर छोड़ा गया है। लेकिन किसी भी व्यवस्था के तहत पात्र होने के लिए उम्मीदवारों को खर्च की सीमाओं का पालन करना और अपने ज़िले में व्यापक समर्थन प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

प्रस्ताव 4 निर्वाचित अधिकारियों को दानदाताओं के बजाय मतदाताओं के प्रति जवाबदेह बनाता है

कॉर्पोरेट विशेष हित समूह प्रस्ताव 4 का विरोध करते हैं, क्योंकि सार्वजनिक वित्तपोषण उम्मीदवारों को उन पर निर्भर हुए बिना चुनाव लड़ने और जीतने की अनुमति देता है—जिससे California के चुनावों पर उनकी पकड़ को चुनौती मिलती है।

देश भर में विभिन्न पृष्ठभूमियों के हज़ारों उम्मीदवार बहुत कम लागत पर सार्वजनिक वित्तपोषण का उपयोग करके निर्वाचित हुए हैं। चूँकि वे धनी दानदाताओं पर निर्भर नहीं होते, इसलिए वे खुलकर अपनी बात कह सकते हैं और विशेष हित वाले समूहों के बजाय लोगों के लिए काम कर सकते हैं।

अच्छे लगने वाले नामों के पीछे छिपे कॉर्पोरेट विशेष हित समूहों के बहकावे में न आएँ।

स्थानीय मतदाताओं और समुदायों को अपने चुनावों पर फिर से नियंत्रण पाने का अवसर देने के लिए प्रस्ताव 4 पर हाँ में मतदान करें, ताकि चुनाव जीते जाएँ, खरीदे न जाएँ।

**Carmen Balber**, कार्यकारी निदेशक
कंज़्यूमर वॉचडॉग

**Camerina Davidson**, अध्यक्ष
California नेशनल ऑर्गेनाइज़ेशन फॉर वुमैन

**Darius Kemp**, कार्यकारी निदेशक
California कॉमन कॉज़

प्रस्ताव

# 5 राज्यव्यापी अधिकारियों के लिए रिकॉल चुनाव प्रक्रिया में बदलाव करता है। विधायी संवैधानिक संशोधन।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया** आधिकारिक शीर्षक और सारांश

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 118 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- वर्तमान कानून के तहत, मतदाता उसी चुनाव में निर्णय लेते हैं कि क्या (1) किसी राज्य अधिकारी को रिकॉल करना है, और (2) यदि रिकॉल किया जाता है तो उस अधिकारी की जगह कौन लेगा।
- इस विधेयक के तहत:
  - यदि राज्यपाल को रिकॉल किया जाता है, तो उप-राज्यपाल शेष कार्यकाल के लिए या किसी उत्तराधिकारी के चुने जाने तक राज्यपाल बन जाता है;
  - रिकॉल किए गए अन्य सभी अधिकारियों के लिए, पद तब तक खाली रहेगा जब तक कि पद को मौजूदा कानून में दिए गए अनुसार बाद के किसी विशेष चुनाव या नियुक्ति द्वारा भरा नहीं जाता है; और
  - रिकॉल किया गया अधिकारी उस पद को भरने के लिए किसी विशेष चुनाव में एक उम्मीदवार हो सकता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- शुद्ध राजकोषीय प्रभाव अज्ञात हैं। रिकॉल चुनावों को संचालित करने के लिए राज्य और स्थानीय सरकार के लिए कई मिलियन डॉलर की संभावित बचत या लागत। यह लागत या बचत दुर्लभ होगी,और इस बात पर निर्भर करती है कि किस पद को रिकॉल किया गया है और रिकॉल कितनी बार होता है।

SCA 1 (प्रस्ताव 5) पर विधान मंडल द्वारा डाले गए अंतिम मतदान
(अध्याय 204, 2024 के विधान)

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 32 | नहीं 8 |
| विधानसभा: | हाँ 59 | नहीं 17 |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***राज्य के अधिकारियों का चुनाव।*** राज्य का संविधान राज्य के विधायी, कार्यकारी और न्यायिक पदों की स्थापना करता है। कुछ राज्य अधिकारी राज्य के कुछ हिस्सों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें ज़िले कहा जाता है। अन्य राज्य अधिकारी, जैसे गवर्नर या अटॉर्नी जनरल, पूरे राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। मतदाता निर्धारित कार्यकाल के लिए राज्य के पदों पर अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए लोगों का चुनाव करते हैं। उदाहरण के लिए, राज्य विधानसभा के सदस्य दो वर्ष के कार्यकाल के लिए चुना जाता है और गवर्नर चार वर्ष के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। राज्य के किसी पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों को चुनाव से पहले निर्धारित नामांकन दस्तावेज़ जमा करने होते हैं। राज्य का कानून यह निर्धारित करता है कि यह "नामांकन अवधि" कब होती है।

***राज्य के अधिकारियों को रिकॉल करना।*** राज्य का संविधान मतदाताओं को रिकॉल के माध्यम से राज्य के अधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने से पहले उन्हें पद से हटाने की अनुमति देता है। रिकॉल एक चुनाव है, जिसमें मतदाताओं से पूछा जाता है कि क्या किसी अधिकारी को पद से हटाया जाना चाहिए। रिकॉल को मतपत्र के लिए योग्य बनाने हेतु, रिकॉल के समर्थकों को अधिकारी के ज़िले से निश्चित संख्या में हस्ताक्षर एकत्र

करने होते हैं (या राज्यव्यापी पदों के लिए पूरे राज्य से)। 1913 से अब तक, राज्य स्तर के 11 रिकॉल प्रयास मतपत्र के लिए योग्य हुए हैं (नौ विधायकों और दो गवर्नरों के) और इनमें से छह के परिणामस्वरूप किसी अधिकारी को पद से हटाया गया है (पाँच विधायक और एक गवर्नर)।

***रिकॉल चुनावों में दो प्रश्न।*** रिकॉल चुनाव में मतदाताओं से दो प्रश्न पूछे जाते हैं: (1) क्या अधिकारी को पद से हटाया जाना चाहिए और (2) यदि अधिकारी को पद से हटा दिया जाता है, तो उसकी जगह किसे लेना चाहिए। दूसरे प्रश्न में शामिल उम्मीदवारों की संख्या अलग-अलग हो सकती है। उदाहरण के लिए, 2003 के गवर्नर रिकॉल चुनाव में 135 उम्मीदवार थे और 2021 के गवर्नर रिकॉल चुनाव में 46 उम्मीदवार थे। यदि किसी राज्य अधिकारी को रिकॉल के माध्यम से पद से हटा दिया जाता है, तो दूसरे प्रश्न में सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाला व्यक्ति उस पद को संभालता है।

***राज्य के खाली पद।*** राज्य के अधिकारी रिकॉल के अलावा अन्य कारणों से भी अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले पद छोड़ सकते हैं। उदाहरण के लिए, उनकी मृत्यु हो सकती है या वे इस्तीफ़ा दे सकते हैं। जब ऐसा होता है, तो वह पद खाली हो जाता है। खाली पद को भरने की प्रक्रिया पद के अनुसार अलग-अलग होती है। आमतौर पर, विधानसभा या सीनेट में खाली सीट को गवर्नर द्वारा बुलाए गए विशेष चुनाव के माध्यम से भरा जाता है। गवर्नर का पद खाली होने पर उप-राज्यपाल गवर्नर के तौर पर कार्य करते हैं। अन्य कार्यकारी पदों (उदाहरण के लिए, उप-राज्यपाल या अटॉर्नी जनरल) तथा सुप्रीम कोर्ट और अपीलीय न्यायालयों में खाली पदों को गवर्नर द्वारा नियुक्तियाँ करके भरा जाता है।

***चुनावों की आवृत्ति।*** California में राज्यव्यापी चुनाव हर दो वर्ष में निर्धारित होते हैं। निर्धारित चुनाव वर्षों में, वर्ष के आधार पर प्राथमिक चुनाव या तो मार्च में या जून में आयोजित किया जाता है और आम चुनाव नवंबर में आयोजित किया जाता है। निर्धारित चुनावों के अलावा, राज्य और स्थानीय सरकारें विशिष्ट मुद्दों के समाधान के लिए विशेष चुनाव करवा सकती हैं। उदाहरण के लिए, गवर्नर विधानसभा की खाली सीट को भरने के लिए विशेष चुनाव करवा सकते हैं।

***California में चुनावों का प्रशासन।*** काउंटी चुनाव अधिकारी California में अधिकांश चुनावों का संचालन करते हैं। इस काम के तहत, वे पंजीकृत मतदाताओं को मतपत्र और अन्य मतदान सामग्री प्रिंट करके डाक से भेजते हैं। कुछ राज्य एजेंसियों पर भी चुनाव से संबंधित कार्यभार होता है। उदाहरण के लिए, राज्य सचिव पूरे राज्य में चुनावों की देखरेख करते हैं और राज्य की *मतदाता सूचना गाइड* तैयार करके डाक से भेजते हैं।

***राज्य के रिकॉल चुनावों के लिए भुगतान।*** राज्य के कानून के अनुसार, California के वित्त विभाग को राज्य और स्थानीय चुनाव अधिकारियों के साथ मिलकर किसी राज्य पद के लिए होने वाले रिकॉल चुनाव की लागत का अनुमान लगाना आवश्यक है। विभाग को यह अनुमान विधान मंडल को भेजना आवश्यक है। विधान मंडल इस अनुमान की समीक्षा करता है और चुनाव के लिए वित्तपोषण उपलब्ध करा सकता है। शेष किन्हीं भी लागतों का भुगतान राज्य सचिव और काउंटियों के बजट से किया जाता है।



प्रस्ताव 5 के पूरे टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 118 पर जाएँ।

## प्रस्ताव

जैसा कि नीचे बताया गया है, प्रस्ताव 5 गवर्नर को रिकॉल करने की प्रक्रिया को छोड़कर, रिकॉल प्रक्रिया में बदलाव करता है ताकि यह राज्य के खाली पदों को भरने की मौजूदा प्रक्रिया के समान हो जाए।

***रिकॉल चुनावों से दूसरा प्रश्न हटाता है।*** प्रस्ताव 5 रिकॉल चुनाव से दूसरा प्रश्न—रिकॉल किए गए अधिकारी की जगह किसे लेना चाहिए—हटा देता है। इसका अर्थ है कि भविष्य के रिकॉल चुनावों में मतदाता केवल यह तय करेंगे कि किसी निर्वाचित राज्य अधिकारी को पद से हटाया जाए या नहीं, न कि उसकी जगह कौन लेगा।

***खाली पदों को भरने के लिए चरण निर्धारित करता है।*** यदि किसी राज्य अधिकारी को रिकॉल किया जाता है, तो प्रस्ताव 5 उस अधिकारी के पद को खाली कर देता है। गवर्नर के पद को छोड़कर, प्रस्ताव 5 उस पद को भरने के लिए खाली पदों को भरने की मौजूदा प्रक्रिया का उपयोग करता है। राज्य सीनेट या विधानसभा के किसी पद के मामले में, इसका अर्थ है कि आमतौर पर किसी नए व्यक्ति का चुनाव एक अलग विशेष चुनाव के माध्यम से किया जाएगा। अन्य किसी भी पद (गवर्नर के पद को छोड़कर) में खाली पद होने पर, गवर्नर यह तय करेंगे कि उस पद को कौन भरेगा।

***गवर्नर का पद भरने के लिए अलग प्रक्रिया निर्धारित करता है।*** गवर्नर का पद भरने की प्रक्रिया इस बात पर निर्भर करती है कि रिकॉल कब होता है। यदि कार्यकाल के पहले दो वर्षों के दौरान अगले राज्यव्यापी चुनाव की नामांकन अवधि समाप्त होने से पहले गवर्नर को रिकॉल किया जाता है, तो प्रस्ताव 5 के अनुसार उप-राज्यपाल तब तक गवर्नर के रूप में कार्य करेंगे, जब तक मतदाता भविष्य के किसी राज्यव्यापी चुनाव में नए गवर्नर का चुनाव नहीं कर लेते। यदि गवर्नर को कार्यकाल में बाद में रिकॉल किया जाता है, तो उप-राज्यपाल शेष कार्यकाल के लिए गवर्नर के रूप में कार्य करेंगे।

## राजकोषीय प्रभाव

***राजकोषीय प्रभाव रिकॉल की आवृत्ति और रिकॉल किए गए पदों पर निर्भर करते हैं।*** आज की तुलना में लागत बढ़ेगी या बचत होगी, यह भविष्य में होने वाले रिकॉल की आवृत्ति और रिकॉल किए जाने वाले पदों पर निर्भर करेगा। किसी राज्यव्यापी पद (उदाहरण के लिए, उप-राज्यपाल) के रिकॉल का प्रभाव राज्य के चुनाव अधिकारियों और सभी 58 काउंटियों के स्थानीय चुनाव अधिकारियों पर पड़ेगा। किसी ज़िला-आधारित पद (उदाहरण के लिए, राज्य सीनेटर या विधानसभा सदस्य) के रिकॉल का प्रभाव केवल राज्य के चुनाव अधिकारियों और उन ज़िलों के स्थानीय चुनाव अधिकारियों पर पड़ेगा।

***संभावित लागतें।*** यदि रिकॉल के बाद खाली पद को भरने के लिए विशेष चुनाव कराना आवश्यक होता है, तो प्रस्ताव 5 के कारण भविष्य के रिकॉल चुनावों से जुड़ी लागत बढ़ सकती है। उदाहरण के लिए, रिकॉल के बाद खाली हुए किसी विधायी पद को आमतौर पर विशेष चुनाव के माध्यम से भरा जाएगा। यदि उस विशेष चुनाव को किसी निर्धारित चुनाव के साथ आयोजित नहीं किया जा सकता, तो चुनाव अधिकारियों को अलग से विशेष चुनाव कराना होगा। ऐसे विशेष चुनाव का संचालन करने के लिए राज्य और स्थानीय चुनाव अधिकारियों की लागत प्रत्येक चुनाव में कई मिलियन डॉलर हो सकती है।

***संभावित बचतें।*** प्रस्ताव 5 मतपत्र से दूसरा प्रश्न हटाकर लागतों को कम कर सकता है। यह बचत तब होगी जब किसी गवर्नर को उसके कार्यकाल के बाद

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

जारी है

के हिस्से में रिकॉल किया जाता है और उन अन्य पदों के मामले में भी होगी, जहाँ खाली पदों को नियुक्ति के माध्यम से भरा जाता है। बचत इसलिए होगी क्योंकि मतपत्रों और मतदान सामग्री में अब प्रतिस्थापन उम्मीदवारों के बारे में जानकारी शामिल नहीं होगी। बचत की राशियाँ इस बात पर निर्भर करेंगी कि यदि दूसरा प्रश्न बरकरार रहता, तो मतपत्र पर कितने उम्मीदवार होते, लेकिन यह बचतें प्रत्येक चुनाव में कई मिलियन डॉलर हो सकती है।

***कुल प्रभाव भविष्य के रिकॉल प्रयासों की परिस्थितियों पर निर्भर करता है।*** शुद्ध राजकोषीय प्रभाव अज्ञात है, क्योंकि यह भविष्य के रिकॉल चुनावों पर निर्भर करता है। प्रस्ताव 5 के कारण रिकॉल चुनावों के संचालन में संभावित रूप से **कई मिलियन डॉलर की बचतें या लागतें** हो सकती है। इस बचतों या लागतों को राज्य और काउंटी सरकारों के बीच किस प्रकार बाँटा जाएगा, यह विधान मंडल के भविष्य के निर्णयों पर निर्भर करेगा। यह शुद्ध राजकोषीय प्रभाव राज्य के कुल सामान्य निधि बजट के 1 प्रतिशत के दसवें हिस्से (0.1 प्रतिशत) से भी काफी कम है। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है।)

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

5

## ★ प्रस्ताव 5 के पक्ष में तर्क ★

California की रिकॉल प्रक्रिया को ऐसे निर्वाचित अधिकारी को पद से हटाने की अनुमति देकर हमारे लोकतंत्र की रक्षा करनी चाहिए, जो भ्रष्ट हो या अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रहा हो। इसका इस्तेमाल कभी भी किसी राजनीतिक या दलगत चाल के रूप में चुनाव को 'दोबारा कराने' की रणनीति के तौर पर नहीं किया जाना चाहिए। प्रस्ताव 5 रिकॉल प्रक्रिया को निष्पक्ष, लोकतांत्रिक और बहुमत की इच्छा के प्रति जवाबदेह बनाकर इसके मूल उद्देश्य को बहाल करेगा।

वर्तमान कानून के तहत, राज्यव्यापी रिकॉल मतपत्र में मतदाताओं से क्रमवार दो प्रश्न पूछे जाते हैं:

*(1)* क्या अधिकारी को रिकॉल किया जाना चाहिए? *(2)* यदि हाँ, तो उसकी जगह किसे लेना चाहिए?

एक-दूसरे से जुड़े होने के कारण, ये दोनों प्रश्न एक खतरनाक खामी पैदा करते हैं। किसी निर्वाचित अधिकारी को मामूली बहुमत से पद से हटाया जा सकता है। इसके बाद, प्रश्न #2 में सूचीबद्ध कोई उम्मीदवार चुनाव में डाले गए कुल मतों के 50% से बहुत कम मत प्राप्त करके भी उस पद पर निर्वाचित हो सकता है। यह राजनीतिक पक्षों को ऐसे अधिकारियों को निशाना बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिन्हें वे नियमित चुनाव में हरा नहीं सके, और उनकी जगह ऐसे लोगों को पद पर बैठाने के लिए प्रेरित करता है जिन्हें व्यापक जनसमर्थन प्राप्त नहीं है।

हमने 2021 के गवर्नर रिकॉल में ऐसा होते देखा। मतदाताओं ने इसे निर्णायक रूप से खारिज कर दिया। रिकॉल लगभग उतने ही मतों के अंतर से पराजित हुआ, जितने मतों के अंतर से गवर्नर ने नियमित चुनाव जीता था। लेकिन California के करदाताओं को ऐसे चुनाव पर $200 मिलियन डॉलर से अधिक खर्च करने पड़े, जिसके परिणाम ने केवल उसी निर्णय की फिर से पुष्टि की जो मतदाता पहले ही कर चुके थे। California के लगभग 70% संभावित मतदाताओं ने इस प्रयास को करदाताओं के पैसे की बर्बादी बताया। और यदि रिकॉल सफल हो गया होता, तो प्रमुख प्रतिस्थापन उम्मीदवार सभी रिकॉल मतदाताओं में से केवल लगभग 28% के समर्थन के साथ पद संभालता।

प्रस्ताव 5 एक सरल और व्यावहारिक बदलाव करता है: *यह रिकॉल मतपत्र से दूसरे प्रश्न को हटा देता है।*

प्रस्ताव 5 के तहत, राज्य-स्तरीय रिकॉल में मतदाता केवल एक बहुत ही सरल और महत्वपूर्ण प्रश्न पर निर्णय लेंगे: क्या किसी पदाधिकारी को पद से हटाया जाना चाहिए? यदि बहुमत हाँ में मतदान करता है, तो वह पद खाली हो जाएगा और उसे खाली पदों को भरने के मौजूदा नियमों के तहत भरा जाएगा। यदि किसी गवर्नर को रिकॉल किया जाता है, तो उप-राज्यपाल गवर्नर बनेंगे और यदि रिकॉल पर्याप्त पहले होता है, तो मतदाता अगले राज्यव्यापी चुनाव में नए गवर्नर का चुनाव करेंगे; अन्य राज्यव्यापी पदों को मौजूदा नियमों के तहत नियुक्ति द्वारा और विधायी सीटों को विशेष चुनाव द्वारा भरा जाएगा। कोई शॉर्टकट नहीं, कोई खामी नहीं और कोई प्रतिस्थापन उम्मीदवार बहुमत मतदाताओं के समर्थन के बिना पद नहीं जीत सकेगा।

रिकॉल की व्यवस्था वाले अधिकांश राज्यों में खाली पदों को पहले से ही उत्तराधिकार या अलग चुनाव के माध्यम से भरा जाता है, न कि उसी दिन प्रतिस्थापन के लिए चुनाव कराकर।

दूसरे प्रश्न को हटाकर, प्रस्ताव 5 पक्षपातपूर्ण लाभ के शॉर्टकट के रूप में रिकॉल का हथियार की तरह इस्तेमाल करने के प्रोत्साहन और क्षमता को समाप्त करता है। रिकॉल प्रक्रिया का दुरुपयोग नियमित चुनावों के परिणामों को पलटने या ऐसे उम्मीदवारों को पद पर बैठाने के लिए नहीं किया जा सकेगा, जो सामान्य परिस्थितियों में चुनाव नहीं जीत सकते।

हमारी रिकॉल प्रक्रिया तैयार करने वालों का उद्देश्य मतदाताओं को भ्रष्ट और जवाबदेह न रहने वाले अधिकारियों से बचाना था, न कि राजनीतिक संचालकों को उन चुनाव परिणामों को पलटने का हथियार देना जिन्हें वे पसंद नहीं करते। प्रस्ताव 5 रिकॉल को जवाबदेही के साधन के रूप में बनाए रखता है, साथ ही इसे नियमित चुनावों और बहुमत के शासन को दरकिनार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने से रोकता है।

बहुमत के शासन की रक्षा करने, करदाताओं के हितों की रक्षा करने और California की रिकॉल प्रक्रिया को उन मतदाताओं के हाथों में वापस देने के लिए, जिनकी सेवा के लिए इसे बनाया गया था, *प्रस्ताव 5 पर हाँ में मतदान करें*।

**Lorrel Plimier**, सह-अध्यक्षा
लीग ऑफ़ वुमैन वोटर्स ऑफ़ California

**Darius L. Kemp**, MPA, कार्यकारी निदेशक
California कॉमन कॉज़

**Dan Schnur**, पूर्व अध्यक्ष
California का निष्पक्ष राजनीतिक व्यवहार आयोग

## ★ प्रस्ताव 5 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

दूसरे पक्ष द्वारा यहाँ की जा रही दिमागी कसरत को नज़रअंदाज़ करें, जिससे वे बातों को उलझाकर पूरी तरह बेतुकी बात को तर्कसंगत साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।

वे कहते हैं कि प्रस्ताव 5 "लोकतंत्र की रक्षा करता है।" लेकिन यह ठीक इसके विपरीत करता है—यह हमारी रिकॉल प्रक्रिया के एक बुनियादी तत्व को कमजोर करता है: यह चुनने का अधिकार कि रिकॉल किए गए राजनेता की जगह कौन लेगा।

यह लोकतंत्र की रक्षा नहीं है—यह राजनीतिक अभिजात वर्ग की रक्षा है।

वे California की व्यवस्था को "खतरनाक खामी" कहते हैं। यह व्यवस्था 100 वर्षों से काम करती आ रही है—अपने पद का दुरुपयोग करने वाले राजनेताओं को पद से हटाकर उनकी जगह उस व्यक्ति को लाती है, जिसके बारे में मतदाता तय करते हैं कि वह बेहतर ढंग से काम करेगा।

प्रस्ताव 5 किसी खामी को दूर नहीं करेगा, बल्कि एक नई खामी पैदा करेगा।

दूसरा पक्ष आपको गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। उन्हें लगता है कि आप इस पर ध्यान नहीं देंगे। इसके झाँसे में न आएँ।

अगर कोई चीज़ खराब नहीं है, तो उसे ठीक करने की कोशिश न करें। हमारी रिकॉल प्रक्रिया केवल उन लोगों के लिए 'खराब' है, जिन्हें स्वयं इसका सामना करना पड़ता है—जैसा कि प्रस्ताव 5 के लेखक के साथ हुआ, जब उन्होंने चुनाव अभियान के वादे तोड़ने के बाद टैक्स में वृद्धि की।

अब जाते-जाते वे इस व्यवस्था को ही खत्म करना चाहते हैं—जिससे भविष्य में रिकॉल कम प्रभावी हों और उनके जैसे राजनेताओं की जवाबदेही कम हो जाए।

अगर आप अपनी कार बदलने के लिए देते, तो क्या आप यह जानना नहीं चाहेंगे कि बदले में आपको क्या मिल रहा है? या फिर क्या आप अपनी कार सौंपकर यह फैसला विक्रेता पर छोड़ने में खुश होंगे कि आपके सौदा पक्का कर लेने के बाद वह अपनी पसंद की कोई खटारा कार आपको थमा दे? प्रस्ताव 5 आपसे यही करने के लिए कहता है।

हमारी रिकॉल व्यवस्था ठीक तरह से काम करना जारी रखेगी, बशर्ते हम खीझे हुए राजनीतिक अभिजात वर्ग को अपने फायदे के लिए इसमें फेरबदल न करने दें।

नहीं में मतदान करें!

**Brian W. Jones**, सीनेट के अल्पसंख्यक नेता
**Joe Patterson**, विधानसभा के सदस्य



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 5 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 5 आपकी आवाज़ छीन लेगा और असफल या भ्रष्ट राजनेताओं को पद से हटाने और उनकी जगह किसी और को चुनने की आपकी क्षमता को कमज़ोर करेगा।

California के राजनेताओं के पास पहले से ही बहुत अधिक ताकत है। प्रस्ताव 5 उन्हें और अधिक ताकत देता है—और ऐसा वह आपसे, यानी मतदाताओं से, ताकत छीनकर करता है।

100 से अधिक वर्षों से, California की रिकॉल प्रक्रिया ने हमें ऐसे निर्वाचित अधिकारियों को पद से हटाने की क्षमता दी है, जो अपने पद का दुरुपयोग करते हैं, वादे तोड़ते हैं या वह काम करने में विफल रहते हैं जिसके लिए उन्हें चुना गया था। और जब ऐसा होता है, तो मौजूदा प्रक्रिया आपको—राजनेताओं को नहीं—यह चुनने की अनुमति देती है कि उनकी जगह कौन लेगा।

प्रस्ताव 5 इस व्यवस्था को हमेशा के लिए बदल देता है और लोगों से शक्ति छीन लेता है।

आज, एक रिकॉल चुनाव में दो सरल प्रश्न पूछे जाते हैं: क्या निर्वाचित अधिकारी को पद से हटाया जाना चाहिए? यदि हाँ, तो उसकी जगह किसे लेना चाहिए? इसका अर्थ है कि California के मतदाता किसी असफल राजनेता को पद से हटा सकते हैं और तुरंत उसकी जगह किसी नए व्यक्ति को चुन सकते हैं।

प्रस्ताव 5 पहले हिस्से को तो बनाए रखता है, लेकिन किसी प्रतिस्थापन के लिए मतदान करने की आपकी क्षमता समाप्त कर देता है।

इसके बजाय, Sacramento के राजनीतिक अंदरूनी लोग यह तय करेंगे कि आगे क्या होगा। कई मामलों में, मतदाताओं के बजाय स्वयं राजनेता यह तय करेंगे कि खाली पद को कौन भरेगा, जिससे उन्हें उस व्यक्ति की जगह, जिसे आपने अभी पद से हटाया है, अपने किसी अन्य मित्र या राजनीतिक सहयोगी को नियुक्त करने का अवसर मिल जाएगा।

अन्य मामलों में, तत्काल किसी व्यक्ति को नियुक्त करने के बजाय, वह सीट तब तक खाली रहेगी जब तक कि महीनों बाद एक और महँगा चुनाव निर्धारित न किया जाए—जिसका वित्तपोषण आप, यानी करदाता, करेंगे। और सबसे अहम बात यह है कि जिस असफल राजनेता को आपने अभी विफलता या भ्रष्टाचार के कारण पद से हटाया है, उसे अगले चुनाव में फिर से उम्मीदवार बनने और उस सीट पर दोबारा नियंत्रण पाने की अनुमति होगी जिसे उसने अभी-अभी खोया है।

दोनों ही स्थितियों में, आपके मत का महत्व कम हो जाता है और राजनीतिक प्रतिष्ठान का नियंत्रण बढ़ जाता है।

California वासियों को किसी निर्वाचित अधिकारी को पद से हटाने—और यह चुनने का अधिकार होना चाहिए कि उसकी जगह कौन आएगा। प्रस्ताव 5 उस अधिकार का आधा हिस्सा छीन लेता है, और यह गलत है।

समर्थकों का दावा है कि यह विधेयक लोकतंत्र को बेहतर बनाता है। ऐसा नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ है कि मतदाता—न कि Sacramento के राजनेता—अपने नेताओं को चुनें, यह तय करें कि उन्हें कब पद से हटाना है और उनकी जगह किसे लाना है। प्रस्ताव 5 इस बुनियादी अवधारणा को कमज़ोर करता है।

अपने आप से पूछें: यदि आप किसी गवर्नर या राज्यव्यापी स्तर पर निर्वाचित किसी अन्य अधिकारी को पद से हटाने के लिए मतदान करते हैं, तो क्या आपको यह भी तय नहीं करना चाहिए कि उसकी जगह कौन लेगा?

जवाब स्पष्ट है।

यह भी विचार करने लायक है कि आखिर यह विधेयक मतपत्र पर क्यों है। जो व्यवस्था खराब है ही नहीं और एक सदी से भी अधिक समय से ठीक तरह से काम कर रही है, उसे बदलने की क्या ज़रूरत है?

इस प्रस्ताव के लेखक को स्वयं California के मतदाताओं ने उस समय रिकॉल कर दिया था, जब उन्होंने गैस पर टैक्स बढ़ाने के लिए मतदान किया था, जबकि उन्होंने ऐसा न करने का वादा किया था। लोगों की इच्छा का सम्मान करने के बजाय, अब वे नियमों को फिर से लिखना चाहते हैं और अपने जैसे राजनेताओं को सार्थक जवाबदेही से बचाना चाहते हैं।

California की रिकॉल प्रक्रिया लोगों की है—राजनेताओं की नहीं। अपनी आवाज़ की रक्षा करें। अपने मत की रक्षा करें। निर्वाचित अधिकारियों को जवाबदेह ठहराने के अपने अधिकार की रक्षा करें।

प्रस्ताव 5 पर नहीं में मतदान करें।

**Brian W. Jones**, सीनेट के अल्पसंख्यक नेता
**Joe Patterson**, विधानसभा के सदस्य

5

## ★ प्रस्ताव 5 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

इसके झाँसे में न आएँ। प्रस्ताव 5 बहुमत के मत से किसी अधिकारी को रिकॉल करने की आपकी ताकत को बनाए रखता है, साथ ही उस खामी को दूर करता है जो किसी प्रतिस्थापन उम्मीदवार को बहुत कम प्रतिशत मत प्राप्त करके पद संभालने की अनुमति देती है।

मौजूदा कानून के तहत, मतदाता बहुमत के मत से तय करते हैं कि किसी अधिकारी को पद से हटाया जाए या नहीं, लेकिन उसकी जगह लेने वाला व्यक्ति बहुमत से बहुत कम मत प्राप्त करके भी जीत सकता है। 2021 में, कोई प्रतिस्थापन उम्मीदवार रिकॉल मतदाताओं में से 28% के समर्थन के साथ गवर्नर बन सकता था। यह बहुमत का शासन नहीं है।

विरोधी चाहते हैं कि आप यह मानें कि प्रस्ताव 5 आपसे चुनने का अधिकार छीन लेता है। ऐसा नहीं है। असल सवाल यह है कि क्या किसी व्यक्ति को California के मतदाताओं के केवल एक छोटे से हिस्से के समर्थन से गवर्नर बनना चाहिए।

प्रस्ताव 5 रिकॉल प्रक्रिया को बनाए रखता है, लेकिन किसी पदाधिकारी को हटाने के निर्णय को इस निर्णय से अलग करता है कि उसके बाद उस पद पर किसे रहना चाहिए। यदि किसी गवर्नर को रिकॉल किया जाता है, तो California के मतदाताओं द्वारा राज्यव्यापी स्तर पर निर्वाचित उप-राज्यपाल, नियमित चुनाव के माध्यम से मतदाताओं द्वारा अगला गवर्नर चुने जाने तक सरकार की निरंतरता बनाए रखेंगे।

मतदाता अपने निर्वाचित अधिकारियों को चुनना जारी रखेंगे। लेकिन राज्यव्यापी पद चाहने वाले उम्मीदवारों को अपनी योग्यताओं, रिकॉर्ड और California के लिए अपनी योजनाओं के आधार पर नियमित चुनाव में वह पद हासिल करना चाहिए, न कि सत्ता तक पहुँचने के शॉर्टकट के रूप में रिकॉल का इस्तेमाल करना चाहिए।

रिकॉल में यह तय होना चाहिए कि कोई पदाधिकारी अपने पद पर बना रहेगा या नहीं। कौन शासन करेगा, इसका फैसला नियमित चुनाव में होना चाहिए, जहाँ उम्मीदवार California के मतदाताओं का समर्थन हासिल करें। प्रस्ताव 5 रिकॉल प्रक्रिया की रक्षा करता है, बहुमत के शासन का सम्मान करता है और यह सुनिश्चित करता है कि उम्मीदवार अपनी योग्यता के दम पर चुनाव लड़ें।

प्रस्ताव 5 पर हाँ में मतदान करें।

**Lorrel Plimier**, सह-अध्यक्षा
लीग ऑफ़ वुमैन वोटर्स ऑफ़ California

**Darius L. Kemp**, MPA, कार्यकारी निदेशक
California कॉमन कॉज़

प्रस्ताव

# 37 नए घरों के मध्यम-आय वाले योग्य खरीदारों के लिए ऋण प्रोग्राम बनाता है। पहल विधान।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया** आधिकारिक शीर्षक और सारांश

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 118 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- पात्र खरीदारों को "योग्य नए घर" (काउंटी के आधार पर, वार्षिक रूप से समायोजित, लगभग $1 मिलियन–$1.5 मिलियन से कम कीमत वाली नई निर्माण परियोजनाएँ या परिवर्तित गैर-आवासीय संपत्ति की पहली बिक्री) के खरीद मूल्य के 17% तक के लिए निश्चित-दर वाली मॉर्गेज की पेशकश करने के लिए $25 बिलियन तक के बॉन्ड्स को अधिकृत करता है।
- यह ज़रूरी है कि उधार लेने वाले एक वर्ष से California के निवासी हों, उस घर में रहें, क्षेत्र की औसत आय के दोगुने से कम अर्जित करते हों, और कम से कम 3% का पेशगी भुगतान करें।
- यह अपेक्षा करता है कि बॉन्ड्स की वापसी अदायगी घर के मालिकों के मॉर्गेज भुगतानों द्वारा किया जाए, न कि राज्य द्वारा।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- राज्य या स्थानीय सरकार के लिए कोई प्रत्यक्ष लागत नहीं।

37

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***राज्य राजस्व बॉन्ड।*** बॉन्ड्स सरकारों के लिए धन उधार लेने का एक तरीका है, जिसका उपयोग आमतौर पर स्कूलों या पुलों जैसी सार्वजनिक परियोजनाओं के लिए किया जाता है। राज्य इन परियोजनाओं के लिए अग्रिम वित्तपोषण प्राप्त करने हेतु निवेशकों को बॉन्ड्स बेचता है। समय के साथ निवेशकों को ब्याज सहित उनका पैसा वापस चुकाया जाता है। राज्य मुख्य रूप से दो प्रकार के बॉन्ड बेचता है: सामान्य दायित्व बॉन्ड और राजस्व बॉन्ड। राज्य आमतौर पर सामान्य दायित्व बॉन्ड का भुगतान राज्य के सामान्य कोष से करता है। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका उपयोग राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के लिए भुगतान करने में करता है।) इसके विपरीत, राजस्व बॉन्ड्स का भुगतान परियोजना के उपयोगकर्ताओं द्वारा दिए गए शुल्क या अन्य भुगतानों से प्राप्त राजस्व से किया जाता है (जैसे पुल के टोल से प्राप्त राजस्व)।

***कुछ लोग डाउन पेमेंट करने के लिए सहायता चाहते हैं।*** घर खरीदते समय अधिकांश लोग लागत का कुछ हिस्सा पहले ही चुका देते हैं—आमतौर पर घर की कीमत का 3 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक। पहले किए जाने वाले इस भुगतान को डाउन पेमेंट कहा जाता है। यदि लोग डाउन पेमेंट का खर्च वहन नहीं कर सकते, तो योग्य घर खरीदारों को डाउन पेमेंट सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न सरकारी प्रोग्राम उपलब्ध हैं। घर की शेष लागत को पूरा करने के लिए घर खरीदार एक ऋण लेते हैं, जिसे मॉर्गेज (बंधक ऋण) कहा जाता है। इसके बाद घर खरीदार ब्याज सहित मासिक भुगतान करके मॉर्गेज चुकाते हैं।

***California हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी (CalHFA)।*** CalHFA एक राज्य की संस्था है, जो निम्न और मध्यम आय वाले California वासियों को किफायती आवास प्राप्त करने में सहायता देने के लिए बनाए गए प्रोग्रामों का संचालन करती है। CalHFA के कुछ प्रोग्राम घर खरीदारों को डाउन पेमेंट सहायता प्रदान करते हैं। डाउन पेमेंट सहायता प्रोग्राम ऋण के रूप में होते हैं, जिन्हें कुछ निश्चित नियमों और शर्तों के तहत चुकाना होता है।

***इमारत के निर्माण में दोष संबंधी कानून।*** इमारत के निर्माण में दोषों को रोकने के प्रयास के तहत, राज्य का कानून न्यूनतम मानक निर्धारित करता है, जिनका पालन बिल्डरों को नए आवासीय निर्माण के लिए करना होता है। वर्तमान कानून एक ऐसी प्रक्रिया भी निर्धारित करता है, जिसका पालन घर के मालिकों और आवास निर्माणकर्ताओं को करना होता है, इससे पहले कि कोई घर का मालिक उन न्यूनतम मानकों के कथित उल्लंघन के लिए किसी बिल्डर के विरुद्ध मुकदमा दायर कर सके। उदाहरण के लिए, घर के मालिक को बिल्डर को एक नोटिस देना होता है, जिसमें निर्माण दोष के दावे से संबंधित कुछ निश्चित जानकारी शामिल होनी चाहिए।

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

जारी है

## प्रस्थापना

***नए डाउन पेमेंट सहायता प्रोग्राम के लिए भुगतान हेतु राजस्व बॉन्ड।*** प्रस्ताव 37 CalHFA को $25 बिलियन डॉलर तक के राजस्व बॉन्ड्स बेचने की अनुमति देता है। CalHFA बॉन्ड्स से प्राप्त धनराशि का उपयोग "मध्यम-वर्ग के घर के स्वामित्व के लिए ऋण" नामक डाउन पेमेंट सहायता प्रोग्राम शुरू करने के लिए करेगा। प्रत्येक ऋण घर की कीमत के 17 प्रतिशत तक की राशि को कवर करेगा। (घर के खरीदारों को घर की कीमत का कम से कम 3 प्रतिशत डाउन पेमेंट के रूप में देना होगा।) घर के मालिकों के ऋण पर मासिक भुगतान इस प्रकार निर्धारित किए जाएँगे कि समय के साथ बॉन्ड्स का वापसी भुगतान किया जा सके और प्रोग्राम की प्रशासनिक लागतों को पूरा किया जा सके। CalHFA को घर खरीदारों के लिए ब्याज की लागत यथासंभव कम रखने की भी आवश्यकता होगी। CalHFA यह तय करेगा कि कितनी राशि के बॉन्ड जारी किए जाएँ (अधिकतम $25 बिलियन डॉलर तक) और उन्हें किस समयावधि में जारी किया जाए।

***खरीदारों और घरों को कुछ निश्चित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।*** मध्यम-वर्ग के घर के स्वामित्व के लिए ऋण प्रोग्राम में भाग लेने के लिए लोगों और घरों को कुछ निश्चित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। उदाहरण के लिए, आवेदक को राज्य का निवासी होना होगा और उसकी घरेलू आय उसके क्षेत्र के सामान्य आय स्तर के दोगुने से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रोग्राम के माध्यम से किसी घर को खरीद के लिए योग्य होने हेतु, अन्य आवश्यकताओं के साथ-साथ, खरीदार को उस घर का पहला खरीदार होना होगा और घर की कीमत निर्धारित सीमाओं से अधिक नहीं हो सकती।

***आवास डेवलपर के लिए विकल्प।*** प्रस्ताव 37 के तहत सभी डेवलपर ऐसे घरों का निर्माण कर सकेंगे, जो प्रोग्राम के अंतर्गत खरीद के लिए योग्य हों। डेवलपर "योग्य बिल्डर विकल्प" में भाग लेने का विकल्प भी चुन सकेंगे। इस विकल्प को चुनने वाले डेवलपरों को उच्च श्रम मानकों को पूरा करना होगा, जैसे कि कुछ प्रकार की आवास परियोजनाओं के लिए विशेष प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त श्रमिकों को काम पर रखना। इसके बदले, डेवलपरों पर निर्माण दोष से संबंधित अलग नियम लागू होंगे, जिनका सामान्य उद्देश्य डेवलपरों को अधिक लचीलापन प्रदान करना है।

## राजकोषीय प्रभाव

***राज्य या स्थानीय सरकार के लिए कोई प्रत्यक्ष लागत नहीं।*** चूँकि प्रस्ताव 37 बॉन्ड निवेशकों को भुगतान करने के लिए घर के खरीदारों से प्राप्त भुगतानों का उपयोग करता है, इसलिए इससे राज्य या स्थानीय स्तर पर कोई प्रत्यक्ष लागत नहीं आएगी।

***अन्य संभावित प्रभाव।*** कई कारक, जो इस समय अज्ञात हैं, प्रस्ताव 37 के दायरे और प्रभाव को प्रभावित कर सकते हैं। इनमें शामिल हैं: (1) निवेशक किस हद तक बॉन्ड खरीदना चाहते हैं, (2) इस प्रस्तावित प्रोग्राम के तहत उपलब्ध ऋणों की लागत अन्य डाउन पेमेंट सहायता विकल्पों की तुलना में घर खरीदारों के लिए कितनी है, और (3) क्या इस प्रोग्राम के परिणामस्वरूप घरों के निर्माण और घर खरीदने में वृद्धि होती है।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

## ★ प्रस्ताव 37 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 37 पर हाँ में मतदान करें: California मध्यम-वर्ग के घर के स्वामित्व एवं पारिवारिक आवास निर्माण अधिनियम।

प्रस्ताव 37 कामकाजी और मध्यम-वर्गीय California वासियों के लिए किफायती घर के स्वामित्व के अवसर पैदा करता है और नए घरों के निर्माण को प्रोत्साहित करता है—करदाताओं पर शून्य लागत के साथ।

California में घर के स्वामित्व की दर देश में दूसरे सबसे खराब नंबर पर आती है; बढ़ती हुई लागतें हर साल घर का मालिक बनने को और अधिक पहुँच से बाहर कर रही है।

राज्य में घर की औसत कीमत अब $930,000 डॉलर से अधिक होने के कारण, पारंपरिक 20% डाउन पेमेंट के लिए केवल घर खरीदने की शुरुआत करने के लिए $186,000 डॉलर से अधिक की बचत करनी पड़ सकती है।

शिक्षक, नर्सें, पूर्व सैनिक और अग्निशामक कड़ी मेहनत करते हैं और अपने बिलों का भुगतान करते हैं। वे मासिक बंधक ऋण की किस्तें चुका सकते हैं, लेकिन अत्यधिक डाउन पेमेंट की आवश्यकताओं के कारण उन समुदायों में घर के मालिक नहीं बन पाते जहाँ वे रहते और काम करते हैं।

प्रस्ताव 37 कामकाजी और मध्यम-वर्गीय California वासियों को घर के स्वामित्व का उचित अवसर देता है।

37

घर के स्वामित्व को लोगों की पहुँच में बनाए रखना।

प्रस्ताव 37 एक व्यावहारिक समाधान है। यह योग्य California निवासियों को नया निर्मित घर खरीदने के लिए उपभोक्ता-अनुकूल, कम ब्याज वाले डाउन पेमेंट सहायता ऋण उपलब्ध कराता है, और इसका करदाताओं पर कोई खर्च नहीं होता।

यह कोई मुफ़्त सहायता नहीं है। घर के खरीदारों को घर के ऋण के लिए योग्य होना होगा, आय संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा, कम से कम 3% डाउन पेमेंट करनी होगी, घर को अपने मुख्य निवास के रूप में इस्तेमाल करना होगा, मासिक भुगतान करना होगा और अपने ऋणों को पूरी तरह चुकाना होगा।

प्रस्ताव 37 किरायेदारों, पहली बार घर खरीदने वालों और उन कामकाजी परिवारों के लिए बनाया गया है जिनकी आय किरायेदार सहायता प्रोग्रामों के लिए योग्य होने की सीमा से अधिक है, लेकिन इतनी नहीं है कि वे घर खरीदने के लिए आवश्यक भारी डाउन पेमेंट की बचत कर सकें।

*"प्रस्ताव 37 करदाताओं पर बोझ डाले बिना घर के स्वामित्व को बढ़ावा देगा। राज्य के राजस्व बॉन्ड के रूप में, डाउन पेमेंट सहायता ऋणों का वित्तपोषण निजी बॉन्ड निवेशकों द्वारा किया जाता है और उनका भुगतान घर खरीदने वाले उधारकर्ताओं द्वारा किया जाता है, न कि करदाताओं द्वारा"*
—Malia Cohen, California राज्य नियंत्रक

अधिक घरों का निर्माण करता है, अच्छी नौकरियाँ पैदा करता है।

California ने माँग के अनुरूप पर्याप्त घरों का निर्माण नहीं किया है। योग्य खरीदारों को नए निर्मित घर खरीदने में सहायता देकर, प्रस्ताव 37 निर्माण कार्य में तेजी लाने, अच्छी तनख्वाह वाली हजारों नौकरियाँ पैदा करने और आर्थिक निवेश को बढ़ावा देने में मदद करेगा। आवास की आपूर्ति बढ़ाने से कामगारों और परिवारों को California में बने रहने, अपने घर में इक्विटी बनाने, अपने बच्चों का पालन-पोषण करने और उन्हीं समुदायों में रहने में मदद मिलती है जहाँ वे काम करते हैं।

करदाताओं पर कोई लागत नहीं।

करदाता के हितों के समर्थक और California के विधायी विश्लेषक इस बात से सहमत हैं: प्रस्ताव 37 से करदाताओं पर कोई लागत नहीं आती। ऋणों का वित्तपोषण निजी बॉन्ड निवेशकों द्वारा किया जाता है और उनका भुगतान घर खरीदने वाले उधारकर्ताओं द्वारा किया जाता है—करदाताओं द्वारा नहीं।

सख्त जवाबदेही और उपभोक्ता संरक्षण।

प्रस्ताव 37 में राजकोषीय जवाबदेही और पारदर्शिता संबंधी आवश्यकताएँ, निर्माण संबंधी जवाबदेही के मानक और वार्षिक ऑडिट शामिल हैं, जिनमें दिए गए ऋणों की स्थिति और कोष की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण दिया जाएगा।

उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों में बाजार दर से कम ब्याज वाले निश्चित-दर ऋण, अनुचित ऋण प्रथाओं से सुरक्षा, ऋणदाता शुल्क पर सख्त सीमाएँ और समय से पहले ऋण चुकाने पर कोई जुर्माना नहीं देना शामिल हैं।

व्यापक, द्विदलीय समर्थन

प्रस्ताव 37 को डेमोक्रेट और रिपब्लिकन, श्रमिक संगठनों और व्यवसायों, निर्माण श्रमिकों, करदाता और आवास समर्थकों, पूर्व सैनिकों, California शिक्षक संघ और यूनाइटेड नर्सेज़ एसोसिएशन ऑफ़ California का समर्थन प्राप्त है।

पीढ़ियों से घर के स्वामित्व ने स्थिरता, सुरक्षा और मध्यम वर्ग तक पहुँचने का मार्ग प्रदान किया है। लेकिन आज बहुत से California वासियों के लिए यह मार्ग उनकी पहुँच से बाहर हो गया है।

प्रस्ताव 37 एक व्यावहारिक समाधान है, जो करदाताओं पर बोझ डाले बिना घर के स्वामित्व की राह में आने वाली सबसे बड़ी बाधाओं में से एक को दूर करता है।

मध्यम-वर्गीय घर के स्वामित्व का विस्तार करने, अधिक घर बनाने, अच्छी नौकरियाँ पैदा करने और कामकाजी California वासियों को California में रहने, काम करने, परिवार का पालन-पोषण करने और यहीं बने रहने का उचित अवसर देने के लिए हाँ में मतदान करें।

*VoteYeson37.com*

**Danny Curtin**, संचालक
California बढ़ईयों का संघ

**Fiona Ma**, बोर्ड की सदस्या
California हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी (CalHFA)

**David West**, प्रमुख
California स्टेट कमांडर्स वेटरन्स काउंसिल


इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

★ प्रस्ताव 37 के विरुद्ध तर्क ★

# प्रस्ताव 37 के विरुद्ध कोई तर्क पेश नहीं किए गए थे।

प्रस्ताव

# 38 प्रतिरक्षा विज्ञान संबंधी चिकित्सा अनुसंधान के लिए बॉन्ड्स को अधिकृत करता है। पहल विधान।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया**

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश**

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 123 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- प्रतिरक्षा-विज्ञान और प्रतिरक्षा-चिकित्सा संबंधी अनुसंधान (ऐसी प्रौद्योगिकियाँ जो रोगों के उपचार के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का उपयोग करती हैं) के लिए राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड्स में $8.4 बिलियन को अधिकृत करता है, जिसमें से आधा कैंसर, हृदय रोग और अल्ज़ाइमर रोग के लिए समर्पित है।
- निधिकरण को समान रूप से (1) California विश्वविद्यालय से संबद्ध एक गैर-लाभकारी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, और (2) सार्वजनिक या गैर-लाभकारी विश्वविद्यालयों और संस्थानों के लिए अनुसंधान अनुदान के बीच आवंटित करता है।
- निधिकरण के प्राप्तकर्ताओं को California में अनुसंधान से प्राप्त प्रौद्योगिकी और दवाओं को राष्ट्रीय औसत मूल्य से 20% कम पर बेचने को आवश्यक बनाता है।
- बॉन्ड्स को चुकाने के लिए सामान्य निधि से धन का उपयोग करता है; जब तक बॉन्ड्स का भुगतान नहीं किया जाता है, सामान्य निधि को लाइसेंसिंग रॉयल्टी का 10% प्राप्त होगा।

38

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- चिकित्सा अनुसंधान बॉन्ड की वापसी अदायगी के लिए लगभग 20 वर्षों तक राज्य के लिए वार्षिक रूप से $500 मिलियन से $600 मिलियन की बढ़ी हुई लागत। यदि वित्तपोषित अनुसंधान से ऐसी खोजें होती हैं जो राजस्व उत्पन्न करती हैं तो बाद के दशकों में राज्य इस लागत का एक हिस्सा या पूरा वसूल कर सकता है।

**राजकीय बॉन्ड लागत का अनुमान**

| | |
|---|---|
| उधार ली गई राशि | $8.4 मिलियन |
| औसत वार्षिक वापसी भुगतान की लागत | लगभग 20 वर्षों के लिए $500 मिलियन से $600 मिलियन वार्षिक |
| वापसी भुगतान का स्रोत | बॉन्ड द्वारा वित्तपोषित खोजों से सामान्य टैक्स राजस्व और संभावित राजस्व |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***चिकित्सा अनुसंधान और विकास (R&D) एक बहु-चरणीय प्रक्रिया होती है।*** इस प्रक्रिया का पहला चरण बुनियादी अनुसंधान है, जो मानव शरीर कैसे काम करता है, इसके बारे में नया ज्ञान प्राप्त करने पर केंद्रित होता है। अगला चरण व्यावहारिक और नैदानिक अनुसंधान है, जिसका उद्देश्य विशिष्ट बीमारियों के लिए उपचार विकसित करना और उनका परीक्षण करना है। अधिकांश बुनियादी अनुसंधान विश्वविद्यालयों द्वारा किया जाता है, जबकि अधिकांश व्यावहारिक और नैदानिक अनुसंधान कंपनियों द्वारा किया जाता है। R&D का तीसरा चरण नए उपचारों की नियामक अधिकारियों द्वारा समीक्षा कराना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सुरक्षित और प्रभावी हैं। यदि किसी नए उपचार को मंज़ूरी मिल जाती है, तो उसका उपयोग मरीज़ों पर किया जा सकता है। अधिकांश R&D परियोजनाएँ इन सभी चरणों को पूरा नहीं कर पाती हैं।

***चिकित्सीय R&D का वित्तपोषण विभिन्न तरीकों से किया जाता है।*** संयुक्त राज्य अमेरिका में 2023 में चिकित्सीय R&D के लिए कुल वित्तपोषण लगभग $300 बिलियन डॉलर था। कंपनियाँ और सरकारी एजेंसियाँ (जैसे नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ़ हेल्थ) राष्ट्रीय स्तर पर और California में R&D के लिए वित्तपोषण के प्रमुख स्रोत हैं। इन वित्तपोषण स्रोतों के अलावा, California के मतदाताओं ने दो मतपत्र विधेयकों—प्रस्ताव 71 (2004) और प्रस्ताव 14 (2020)—को मंज़ूरी दी है, जिनसे राज्य को निर्दिष्ट चिकित्सा अनुसंधान के वित्तपोषण के लिए सामान्य दायित्व बॉन्ड्स जारी करने का अधिकार मिला। दोनों विधेयकों ने मिलकर राज्य को स्टेम सेल अनुसंधान के लिए $8.5 बिलियन डॉलर के बॉन्ड्स जारी करने की अनुमति दी। बॉन्ड्स राज्य के लिए धन उधार लेने और फिर समय के साथ उसे ब्याज सहित वापस चुकाने का एक तरीका है। सामान्य दायित्व बॉन्ड का भुगतान आमतौर पर राज्य के सामान्य कोष से किया जाता है। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है।) अधिक जानकारी के लिए, इस गाइड में आगे दिए गए "राज्य के बॉन्ड ऋण का अवलोकन" को देखें।

## प्रस्थापना

***निर्दिष्ट चिकित्सा अनुसंधान के लिए नया बॉन्ड।*** प्रस्ताव 38 राज्य को प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी में अनुसंधान के लिए $8.4 बिलियन डॉलर का सामान्य दायित्व बॉन्ड जारी करने की अनुमति देता है। प्रतिरक्षा विज्ञान शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का अध्ययन है और यह समझने से संबंधित है कि यह प्रणाली असामान्य कोशिकाओं और बीमारी के अन्य कारणों से शरीर की रक्षा कैसे करती है। इम्यूनोथेरेपी ऐसे उपचार विकसित करती है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को बीमारियों से अधिक प्रभावी ढंग से लड़ने में मदद करते हैं। इस विधेयक के तहत बॉन्ड की धनराशि में से कम से कम $4.2 बिलियन डॉलर का उपयोग कैंसर, हृदय रोग और Alzheimer's रोग से संबंधित प्रतिरक्षा विज्ञान अनुसंधान के लिए किया जाना आवश्यक है। बॉन्ड की कुल धनराशि का 2 प्रतिशत से अधिक राज्य की प्रशासनिक

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी है

लागतों के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। भुगतान राज्य सामान्य कोष से किया जाएगा।

***एक अनुसंधान संस्थान को सहायता प्रदान करता है।*** बॉन्ड की लगभग आधी धनराशि प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी में विशेषज्ञता रखने वाले एक अनुसंधान संस्थान को दी जाएगी। California जन स्वास्थ्य विभाग (CDPH) इस संस्थान का चयन करेगा। चयनित संस्थान को कई मानदंडों को पूरा करना होगा, जिनमें उसके आकार, वित्तपोषण और यूनिवर्सिटी ऑफ़ California (UC) के किसी परिसर के साथ सहयोग से संबंधित मानदंड शामिल हैं। संस्थान बॉन्ड की धनराशि का उपयोग अनुसंधान के लिए करेगा। हर वर्ष संस्थान को अपनी गतिविधियों पर एक सार्वजनिक रिपोर्ट जारी करनी होगी और स्वतंत्र वित्तीय लेखा-परीक्षण कराना होगा।

***अनुसंधान अनुदानों को सहायता प्रदान करता है।*** एक परिषद बॉन्ड की शेष आधी धनराशि को प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी पर केंद्रित प्रतिस्पर्धी अनुसंधान अनुदानों के रूप में वितरित करेगी। परिषद में 7 UC परिसरों और California के 10 से 15 अन्य विश्वविद्यालयों और गैर-लाभकारी अनुसंधान संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। परिषद अनुसंधान की प्राथमिकताएँ निर्धारित करेगी और अपने सदस्य संगठनों में से अनुदान प्राप्तकर्ताओं का चयन करेगी। संस्थान की ही तरह, परिषद पर भी सार्वजनिक रिपोर्टिंग और लेखा-परीक्षण संबंधी आवश्यकताएँ लागू होंगी।

***खोजों से प्राप्त राजस्व के 10 प्रतिशत का उपयोग पहले राज्य को भुगतान करने के लिए करना आवश्यक है।*** प्रस्ताव 38 के तहत संस्थान को CDPH के परामर्श से वित्तपोषित अनुसंधान से अधिकतम संभव राजस्व प्राप्त करने का प्रयास करना आवश्यक है। (उदाहरण के लिए, अनुसंधान से किसी नए चिकित्सा उपचार का विकास हो सकता है।) अर्जित होने वाले किसी भी राजस्व का दस प्रतिशत राज्य को दिया जाना आवश्यक है। यह राजस्व सबसे पहले राज्य के सामान्य कोष में जाएगा, जब तक कि अनुसंधान बॉन्ड की लागत (उधार ली गई राशि और उस पर ब्याज) पूरी तरह चुका नहीं दी जाती। किसी भी अतिरिक्त राजस्व का उपयोग भविष्य में प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान के लिए किया जाएगा।

***दो अन्य उल्लेखनीय प्रावधान हैं।***

- ***California के आपूर्तिकर्ताओं से खरीद करना आवश्यक है।*** जहाँ उचित रूप से संभव हो, अनुदान प्राप्तकर्ताओं को अपनी कम से कम आधी वस्तुएँ और सेवाएँ California के आपूर्तिकर्ताओं से खरीदनी होंगी।
- ***California के मरीज़ों को छूट देना आवश्यक है।*** वित्तपोषित अनुसंधान के माध्यम से विकसित और California में बेचे जाने वाले किसी भी उपचार पर सामान्यतः 20 प्रतिशत की छूट देना आवश्यक होगा।

## राजकोषीय प्रभाव

***बॉन्ड की वापसी अदायगी के लिए लगभग 20 वर्षों तक राज्य के लिए वार्षिक रूप से $500 मिलियन से $600 मिलियन की बढ़ी हुई लागत।*** बॉन्ड का वापसी भुगतान करने के लिए लगभग **20 वर्षों** तक राज्य की **वार्षिक लागत में $500 मिलियन डॉलर से $600 मिलियन डॉलर** की लागत आएगी। वार्षिक लागत राज्य के कुल सामान्य निधि बजट के 1 प्रतिशत के लगभग एक-चौथाई (0.25 प्रतिशत) के बराबर होगी। क्योंकि राज्य को उधार ली गई धनराशि पर ब्याज देना पड़ता है, इसलिए बॉन्ड की कुल लागत राज्य द्वारा इसके पास पहले से ही मौजूद धनराशि के साथ भुगतान करने की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक (मुद्रास्फीति समायोजन के बाद) होगी।

***अनुसंधान संबंधी खोजों से राज्य को संभावित राजस्व।*** राज्य को प्रस्ताव 38 द्वारा वित्तपोषित अनुसंधान से राजस्व प्राप्त हो सकता है। राजस्व की राशि अनिश्चित है, लेकिन यह महत्वपूर्ण हो सकती है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कितनी अनुसंधान परियोजनाओं से ऐसे उपचार विकसित होते हैं जिन्हें बाजार में बेचा जा सकता है और किसी विशेष उपचार से कितनी धनराशि प्राप्त होती है। यह राजस्व कब प्राप्त होगा और इससे राज्य की बॉन्ड लागत की भरपाई करने में कितना समय लगेगा, यह भी अनिश्चित है, लेकिन इसमें कई दशक लग सकते हैं।

***संभावित अप्रत्यक्ष राजकोषीय प्रभाव।*** प्रस्ताव 38 के कुछ अप्रत्यक्ष राजकोषीय प्रभाव पड़ने की संभावना है, विशेष रूप से राज्य के स्वास्थ्य प्रोग्रामों की लागतों पर (जैसे Medi-Cal, जो कम आय वाले California वासियों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए भुगतान करता है)। उदाहरण के लिए, यदि वित्तपोषित अनुसंधान से नए चिकित्सा उपचार विकसित होते हैं, तो मरीज़ों की देखभाल की औसत लागत बढ़ या घट सकती है। इसके परिणामस्वरूप, प्रोग्राम की लागतों पर समग्र प्रभाव अनिश्चित है।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

प्रतिरक्षा विज्ञान संबंधी चिकित्सा अनुसंधान के लिए बॉन्ड्स को अधिकृत करता है।
पहल विधान।

## ★ प्रस्ताव 38 के पक्ष में तर्क ★

मरीज़ हित समर्थक, डॉक्टर, नर्सें और चिकित्सा शोधकर्ता प्रस्ताव 38 पर हाँ में मतदान करने का आग्रह करते हैं

Alzheimer's एसोसिएशन, Michael J. Fox फाउंडेशन, अमेरिकन नर्सेज़ एसोसिएशन\California, ALS एसोसिएशन, नेशनल मल्टीपल स्क्लेरोसिस सोसाइटी और प्रोस्टेट कैंसर फाउंडेशन सहित प्रमुख मरीज़ हित समर्थक प्रस्ताव 38 पर हाँ में मतदान करने का आग्रह करते हैं, क्योंकि यह आपके और आपके किसी प्रियजन के जीवन को बचा सकता है।

*"मैं अपना जीवन खोने से केवल कुछ ही सप्ताह दूर थी, तभी एक अभूतपूर्व इम्यूनोथेरेपी ने मुझे जीवन का दूसरा मौका दिया। प्रस्ताव 38 पर हाँ में मतदान करें, क्योंकि गंभीर बीमारी के निदान का सामना कर रहे हर परिवार को ऐसी ही आशा मिलनी चाहिए।"*
—Laurie Adami, कैंसर उत्तरजीवी और मरीज़ हित समर्थक, Los Angeles

जीवनरक्षक प्रतिरक्षा विज्ञान अनुसंधान के माध्यम से बीमारियों का इलाज और रोकथाम करने के लिए प्रस्ताव 38 पर हाँ में मतदान करें

प्रस्ताव 38 उन बीमारियों के लिए अभूतपूर्व उपचारों और इलाज के विकास में तेजी लाता है, जो लगभग हर परिवार को प्रभावित करती हैं। कुल धनराशि का कम से कम आधा हिस्सा विशेष रूप से कैंसर, हृदय रोग और Alzheimer बीमारी से संबंधित अनुसंधान के लिए समर्पित है।

*"प्रतिरक्षा विज्ञान शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का उपयोग बीमारियों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए करता है। आज, अभूतपूर्व इम्यूनोथेरेपी पहले से ही मेलेनोमा, फेफड़ों के कैंसर और ल्यूकीमिया जैसे कैंसर का इलाज कर रही हैं। Parkinson रोग, हृदय रोग, मधुमेह और अन्य बीमारियों की रोकथाम के लिए आशाजनक अनुसंधान जारी है।"*
—Mark Davis, Ph.D., नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज और नेशनल एकेडमी ऑफ़ मेडिसिन के सदस्य

*"65 वर्ष से अधिक आयु के हर नौ लोगों में से एक Alzheimer's रोग के साथ जी रहा है, लेकिन वर्तमान में इसका कोई प्रभावी इलाज नहीं है। प्रस्ताव 38 पर हाँ में मतदान Alzheimer's और डिमेंशिया के साथ जी रहे लाखों मरीज़ों और उनके परिवारों के लिए उपचार और इलाज खोजने की वास्तविक आशा प्रदान करता है।"*
—Susan Disney Lord, बोर्ड की अध्यक्षा, Alzheimer's Los Angeles



चिकित्सा अनुसंधान के लिए संघीय वित्तपोषण में कटौती की भरपाई करने में मदद करता है

संघीय वित्तपोषण में भारी कटौती और अनिश्चितता गैर-लाभकारी अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों में अत्यंत आवश्यक चिकित्सा अनुसंधान को बाधित कर रही है, जिससे जीवनरक्षक इलाज विकसित करने की दिशा में प्रगति में देरी हो रही है।

प्रस्ताव 38 अभूतपूर्व प्रतिरक्षा विज्ञान अनुसंधान के लिए वित्तपोषण का एक स्थिर स्रोत उपलब्ध कराता है। सारी धनराशि विशेष रूप से California स्थित गैर-लाभकारी विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के लिए समर्पित है—जिससे चिकित्सा नवाचार में California को देश में अग्रणी बनने, शीर्ष वैज्ञानिकों और विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने तथा अच्छी तनख्वाह वाली हजारों नौकरियाँ पैदा करने में मदद मिलेगी।

*"इम्यूनोथेरेपी कैंसर देखभाल के भविष्य को बदल रही है। प्रस्ताव 38 जीवनरक्षक इलाजों के विकास में तेजी लाने में मदद करेगा और साथ ही चिकित्सा नवाचार में वैश्विक अग्रणी के रूप में California की भूमिका को मजबूत करेगा।"*
—Gina Carithers, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रोस्टेट कैंसर फाउंडेशन

California वासियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत कम करता है

प्रस्ताव 38 के माध्यम से विकसित किसी भी इलाज या इम्यूनोथेरेपी को California के मरीज़ों को 20% की छूट पर उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। सबसे गंभीर बीमारियों की रोकथाम और उनका इलाज करने से दीर्घकालिक स्वास्थ्य देखभाल खर्च भी कम होंगे और चिकित्सा खर्चों से बचत के रूप में राज्य तथा परिवारों को दसियों बिलियन डॉलर की बचत होगी।

सख्त जवाबदेही और करदाता संरक्षण

प्रस्ताव 38 को इस तरह तैयार किया गया है कि यह अपनी लागत स्वयं वहन करे और राज्य या करदाताओं पर कोई शुद्ध लागत न आए। सफल इम्यूनोथेरेपी के लाइसेंस से प्राप्त राजस्व का दस प्रतिशत ब्याज सहित बॉन्ड की लागत की भरपाई के लिए California को वापस दिया जाना आवश्यक है। प्रस्ताव 38 में सख्त जवाबदेही संबंधी आवश्यकताएँ भी शामिल हैं, जिनमें शामिल हैं:

- राज्य के प्रशासनिक खर्चों पर 2% की सीमा
- खर्चों का सार्वजनिक खुलासा
- स्वतंत्र वित्तीय लेखा-परीक्षण
- लाभकारी कंपनियाँ अनुदान वित्तपोषण प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं हैं

प्रस्ताव 38 पर हाँ में मतदान करें: डॉक्टरों, नर्सों और मरीज़ हित समर्थकों द्वारा समर्थित

• ALS एसोसिएशन • Alzheimer's एसोसिएशन • अमेरिकन नर्सेज़ एसोसिएशन\California • ब्लड कैंसर यूनाइटेड • California कोलोरेक्टल कैंसर गठबंधन • लिवर गठबंधन • Michael J. Fox फाउंडेशन • नेशनल मल्टीपल स्क्लेरोसिस सोसाइटी • Parkinson एसोसिएशन ऑफ़ उत्तरी California … और कई अन्य।

प्रस्ताव 38 पर हाँ आपकी और आपके किसी प्रियजन की जान बचा सकता है। कृपया, हाँ में मतदान करें।

*www.YesOn38.com*

**Susan Disney Lord**, बोर्ड अध्यक्षा
Alzheimer's Los Angeles

**Eugene P. Brandon**, Ph.D., न्यासी बोर्ड
ALS एसोसिएशन

**Dr. Brian Shuch**, M.D., निदेशक मंडल के सदस्य
किडनी कैंसर एसोसिएशन

## ★ प्रस्ताव 38 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

California को जैव-चिकित्सा अनुसंधान का समर्थन जारी रखना चाहिए। हर कोई हृदय रोग, कैंसर, Alzheimer's रोग और अन्य गंभीर बीमारियों के लिए नए उपचारों की उम्मीद करता है। मैं भी करता हूँ। लेकिन प्रस्ताव 38 उस लक्ष्य को प्राप्त करने का सही तरीका नहीं है।

यह दावा कि प्रस्ताव 38 अपनी लागत स्वयं वहन करेगा, अटकलों पर आधारित है। लेखा-परीक्षण, सार्वजनिक खुलासा और प्रशासनिक लागतों पर सीमाएँ जवाबदेही को बढ़ावा देती हैं, लेकिन वे इस बात की गारंटी नहीं दे सकतीं कि अनुसंधान में किया गया निवेश कई बिलियन डॉलर के बॉन्ड भुगतान की भरपाई के लिए पर्याप्त आर्थिक लाभ उत्पन्न करेगा।

California लगातार संरचनात्मक बजट घाटे का सामना कर रहा है।
प्रस्ताव 38 के तहत बॉन्ड के वापसी भुगतान के लिए लगभग $8.4 बिलियन डॉलर की ज़रूरत होगी। निर्दलीय विधायी विश्लेषक कार्यालय के अनुसार, करदाताओं को अगले 25 वर्षों तक सालाना लगभग $500 मिलियन डॉलर के ऋण भुगतान का दायित्व उठाना होगा। यह दीर्घकालिक दायित्व बदलती हुई प्राथमिकताओं के अनुसार कदम उठाने के लिए राज्य के राजकोषीय लचीलेपन को और कम कर देगा।

इस बीच, Trump प्रशासन की हालिया कार्रवाइयों ने California के आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रोग्रामों के वित्तपोषण को जोखिम में डाल दिया है, जिनमें बीमारी की निगरानी, आपातकालीन के लिए तैयारी, HIV की रोकथाम, टीकाकरण संबंधी बुनियादी ढाँचा, प्रयोगशाला क्षमता और सामुदायिक रोकथाम प्रोग्राम शामिल हैं। ये चुनौतियाँ जैव-चिकित्सा अनुसंधान से कहीं आगे तक फैली हुई हैं।

यदि California घटते हुए संघीय समर्थन की भरपाई करने का निर्णय लेता है, तो निर्वाचित अधिकारियों को स्वास्थ्य संबंधी सभी प्राथमिकताओं पर एक साथ विचार करने में सक्षम होना चाहिए। इसके बजाय, प्रस्ताव 38 भविष्य की ज़रूरतों या खोजों की परवाह किए बिना, उधार लिए गए कई बिलियन डॉलर को एक ही वैज्ञानिक क्षेत्र के लिए निर्धारित करता है। अनुसंधान की प्राथमिकताएँ सामान्य बजट प्रक्रिया के माध्यम से तय की जानी चाहिए—न कि ऐसे मतपत्र विधेयकों के माध्यम से, जो करदाताओं को दशकों तक ऋण के बोझ में बाँध देते हैं। प्रस्ताव 38 पर *नहीं* में मतदान करें।

**Robert M Kaplan**, Ph.D.



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 38 के विरुद्ध तर्क ★

California यह मानता है कि विज्ञान में निरंतर निवेश करना आवश्यक है। लेकिन यह प्रस्ताव उस लक्ष्य को प्राप्त करने का सर्वोत्तम तरीका नहीं है।

यह विधेयक यूनिवर्सिटी ऑफ़ California के एक नए संस्थान के माध्यम से प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान को सहायता देने के लिए राज्य को लगभग $8.4 बिलियन डॉलर उधार लेने की अनुमति देगा। हालाँकि इसका उद्देश्य आकर्षक है, लेकिन इसकी वित्तपोषण और नीतिगत रूपरेखा में खामियाँ हैं।

पहला, यह प्रस्ताव चुनिंदा विषयों के अनुसंधान के लिए वित्तपोषण निर्धारित करने हेतु मतपत्र पहलों के उपयोग को जारी रखता है। California पहले ही स्टेम सेल अनुसंधान और सटीक चिकित्सा के लिए अलग-अलग वित्तपोषण प्रोग्राम बना चुका है। यह विधेयक एक और अत्यधिक केंद्रित प्रोग्राम जोड़ देगा। अनुसंधान की प्राथमिकताएँ वैज्ञानिक समीक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना के माध्यम से निर्धारित की जानी चाहिए—चुनावी अभियानों के माध्यम से नहीं। कैंसर, Alzheimer रोग और हृदय रोग पर ध्यान दिया जाना चाहिए, लेकिन मानसिक बीमारी, गुर्दे की बीमारी, नेत्र रोगों और कई अन्य स्वास्थ्य स्थितियों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। मतपत्र के माध्यम से तय की जाने वाली वैज्ञानिक प्राथमिकताएँ अनिवार्य रूप से सबसे बड़े वैज्ञानिक अवसरों या सार्वजनिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं के बजाय सबसे अधिक चर्चा में रहने वाले विषयों को प्राथमिकता देती हैं।

दूसरा, वैज्ञानिक अनुसंधान के वित्तपोषण के लिए उधार लेना एक अनुपयुक्त तरीका है। विधायी विश्लेषक कार्यालय के अनुसार, इस विधेयक द्वारा अधिकृत बॉन्ड करदाताओं पर लगभग 25 वर्षों तक सालाना लगभग $500 मिलियन डॉलर के ऋण भुगतान का दायित्व उठाना होगा। बॉन्ड्स का उपयोग आमतौर पर राजमार्गों, स्कूलों और अन्य दीर्घकालिक बुनियादी ढाँचे के लिए किया जाता है, जिनके लाभ का अनुमान लगाया जा सकता है। वैज्ञानिक अनुसंधान इससे अलग है। खोजों से मरीज़ों की देखभाल में सुधार होने में अक्सर दशकों लग जाते हैं, और अनुसंधान की कई आशाजनक दिशाओं से कभी भी ऐसे उपचार विकसित नहीं हो पाते जिन्हें बाजार में बेचा जा सके।

तीसरा, यह प्रस्ताव इस धारणा पर आधारित है कि सफल खोजों से ऐसा राजस्व प्राप्त होगा जो राज्य की लागतों की भरपाई करेगा। वास्तव में, विश्वविद्यालय शायद ही कभी नई चिकित्सा पद्धतियों का अपने स्तर पर व्यावसायीकरण करते हैं। सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित अनुसंधान वैज्ञानिक आधार तैयार करता है, लेकिन उत्पाद विकास, नैदानिक परीक्षण, विनिर्माण और नियामक मंज़ूरी के लिए आवश्यक कहीं अधिक संसाधनों का निवेश आमतौर पर निजी कंपनियाँ करती हैं। जनता को इससे वास्तविक लाभ मिलते हैं, लेकिन ये लाभ आमतौर पर राज्य के खजाने में राजस्व के रूप में वापस नहीं आते।

अंत में, यह प्रस्ताव राज्य की सहायता से विकसित कुछ चिकित्सा पद्धतियों को California में रियायती कीमतों पर बेचने की आवश्यकता निर्धारित करता है। हालाँकि यह आकर्षक लग सकता है, लेकिन इससे कंपनियों को इन उत्पादों की बिक्री उन अन्य राज्यों में प्राथमिकता देने का प्रोत्साहन मिल सकता है, जहाँ कीमतों पर नियंत्रण नहीं है।

California को जैव-चिकित्सा अनुसंधान का समर्थन करना जारी रखना चाहिए। लेकिन अनुसंधान का वित्तपोषण रणनीतिक, लचीला और राजकोषीय रूप से ज़िम्मेदार होना चाहिए। वैज्ञानिक प्राथमिकताओं के बारे में निर्णय उभरते हुए वैज्ञानिक अवसरों और सार्वजनिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं के विशेषज्ञ मूल्यांकन पर आधारित होने चाहिए, न कि दीर्घकालिक ऋण से वित्तपोषित महँगे मतपत्र विधेयकों की एक श्रृंखला पर।

California के पास बेहतर विकल्प मौजूद हैं। उदाहरण के लिए, सीनेट के सदस्य Scott Wiener ने नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ़ हेल्थ और नेशनल साइंस फाउंडेशन की तर्ज पर राज्य द्वारा वित्तपोषित एक अनुसंधान एजेंसी बनाने का प्रस्ताव दिया है। विज्ञान के विशिष्ट क्षेत्रों के लिए संसाधन निर्धारित करने के बजाय, ऐसी संस्था विशेषज्ञों द्वारा की गई वैज्ञानिक समीक्षा के माध्यम से प्राथमिकताएँ निर्धारित कर सकती है और नए अवसर सामने आने पर अपने निवेश को उनके अनुसार समायोजित कर सकती है। हालाँकि यह विधेयक आगे नहीं बढ़ा है, लेकिन इसे यूनिवर्सिटी ऑफ़ California, यूनाइटेड ऑटो वर्कर्स और यूनियन ऑफ़ अमेरिकन फिज़िशियंस एंड डेंटिस्ट्स का समर्थन मिला था। भविष्य में इसी तरह के विधेयक पर विचार किए जाने की संभावना है।

"नहीं" में मतदान करना विज्ञान को अस्वीकार करना नहीं है। यह एक अक्षम वित्तपोषण व्यवस्था और अनुसंधान की प्राथमिकताएँ निर्धारित करने के खंडित दृष्टिकोण को अस्वीकार करना है। California अधिक समन्वित और टिकाऊ नीतियों के माध्यम से चिकित्सा अनुसंधान का समर्थन कर सकता है और उसे ऐसा करना भी चाहिए।

**Robert M Kaplan**, Ph.D.

38

## ★ प्रस्ताव 38 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

जीवनरक्षक प्रतिरक्षा विज्ञान संबंधी चिकित्सा अनुसंधान के लिए प्रस्ताव 38 पर हाँ में मतदान करना अत्यंत आवश्यक है

आज, अभूतपूर्व इम्यूनोथेरेपी पहले से ही मेलेनोमा, फेफड़ों के कैंसर और ल्यूकीमिया जैसे कैंसर का इलाज कर रही हैं। Alzheimer रोग, हृदय रोग, Parkinson रोग, ALS और अन्य बीमारियों के इलाज और रोकथाम के लिए आशाजनक अनुसंधान जारी है।

संघीय वित्तपोषण में भारी कटौती जीवनरक्षक इलाजों की दिशा में हो रही प्रगति को खतरे में डाल रही है

प्रस्ताव 38 पर हाँ में मतदान यह सुनिश्चित करेगा कि California के विश्वविद्यालय और गैर-लाभकारी अनुसंधान संस्थान सबसे गंभीर बीमारियों के इलाज और रोकथाम के लिए अत्यंत आवश्यक प्रतिरक्षा विज्ञान अनुसंधान जारी रख सकें।

*"प्रतिरक्षा विज्ञान ने मेरी जान बचाई—अब मैं कैंसर-मुक्त जीवन जी रहा हूँ, और यह लाखों अन्य लोगों की जान भी बचा सकता है।"*
—Andrew Dale, इम्यूनोथेरेपी मरीज़ और कैंसर उत्तरजीवी

प्रस्ताव 38 पर हाँ में मतदान को इस तरह तैयार किया गया है कि यह अपनी लागत स्वयं वहन करे—करदाताओं पर कोई लागत न आए

इम्यूनोथेरेपी के लाइसेंस से प्राप्त राजस्व का दस प्रतिशत (10%) बॉन्ड की लागत की भरपाई के लिए California को वापस दिया जाना आवश्यक है। ये आवश्यकताएँ इस विधेयक में निर्धारित हैं।

प्रस्ताव 38 पर हाँ में मतदान सख्त जवाबदेही और पारदर्शिता अनिवार्य करता है

- राज्य के प्रशासनिक खर्चों पर 2% की सीमा
- खर्चों का सार्वजनिक खुलासा
- स्वतंत्र वित्तीय लेखा-परीक्षण

प्रस्ताव 38 पर हाँ में मतदान स्वास्थ्य देखभाल की लागतों को कम करता है

प्रस्ताव 38 के माध्यम से विकसित इम्यूनोथेरेपी California के मरीज़ों को 20% की छूट पर उपलब्ध कराई जानी आवश्यक है। बीमारियों की रोकथाम और उनका इलाज करने से परिवारों और राज्य को दीर्घकालिक स्वास्थ्य देखभाल खर्चों में कई बिलियन डॉलर की बचत भी होगी।

डॉक्टर, नर्सें और मरीज़ हित समर्थक 38 पर हाँ में मतदान करने का आग्रह करते हैं

• Alzheimer एसोसिएशन • अमेरिकन नर्सेज़ एसोसिएशन\California • ALS एसोसिएशन • किडनी कैंसर एसोसिएशन • Melanoma रिसर्च गठबंधन • नेशनल मल्टीपल स्क्लेरोसिस सोसाइटी • Parkinson रोग अनुसंधान के लिए Michael J. Fox फाउंडेशन ... और कई अन्य।

जीवनरक्षक इलाजों का समर्थन करें। कृपया, 38 पर हाँ में मतदान करें।

*www.YesOn38.com*

**Andrew Dale**, कैंसर उत्तरजीवी
Santa Monica

**Anne M. Holloway**, बोर्ड की सदस्या
Parkinson रोग अनुसंधान के लिए Michael J. Fox फाउंडेशन

**Chris Tarver**, R.N., अध्यक्ष
अमेरिकन नर्सेज़ एसोसिएशन\California

प्रस्ताव

# 39 नागरिकों को मतदान करने से प्रतिबंधित करता है जब तक कि वे सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र प्रस्तुत नहीं करते हैं। पहल संवैधानिक संशोधन।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया** आधिकारिक शीर्षक और सारांश

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 133 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- डाक द्वारा मतदान करने पर रोक लगाता है जब तक कि मतदाता अपने मतदाता पंजीकरण के लिए सरकार द्वारा जारी पहचान संख्या निर्दिष्ट नहीं करता है।
- डाक से भेजे जाने वाले मतपत्रों को अमान्य कर देता है यदि लिफाफे पर सरकार द्वारा जारी पहचान संख्या के अंतिम चार अंक शामिल नहीं हैं जो मतदाता पंजीकरण में निर्दिष्ट संख्या से मेल खाते हैं (जैसे कि, यदि मतदाता पंजीकरण के लिए सोशल सिक्योरिटी नंबर निर्दिष्ट करता है, लेकिन लिफाफे पर ड्राइवर का लाइसेंस नंबर लिखता है, तो उसके मतपत्र की गणना नहीं की जाएगी)।
- सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र प्रस्तुत किए बिना व्यक्तिगत रूप से मतदान करने पर रोक लगाता है।
- चुनाव अधिकारियों के लिए यह आवश्यक बनाता है कि वे प्रत्येक काउंटी के उन मतदाताओं के प्रतिशत की वार्षिक रिपोर्ट दें जिनकी नागरिकता की स्थिति का उन्होंने सत्यापन किया है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- नई मतदान आवश्यकताओं को लागू करने के लिए प्रत्येक वर्ष राज्य और स्थानीय सरकार की लागत दसियों मिलियन डॉलर और कम से कम सैकड़ों मिलियन डॉलर के बीच होगी। लागतें विधानमंडल, राज्य विभागों, स्थानीय सरकारों और मतदाताओं द्वारा भविष्य के निर्णयों पर निर्भर करती हैं।

39

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***चुनावों का प्रशासन।*** काउंटी चुनाव अधिकारी California में अधिकांश चुनावों का संचालन करते हैं। इस काम के तहत, वे पंजीकृत मतदाताओं को मतपत्र और अन्य मतदान सामग्री प्रिंट करके डाक से भेजते हैं। कुछ राज्य एजेंसियों पर भी मतदान से संबंधित कार्यभार होता है। उदाहरण के लिए, राज्य सचिव पूरे राज्य में चुनावों की देखरेख करते हैं और राज्य की *मतदाता सूचना गाइड* तैयार करके डाक से भेजते हैं।

***संघीय, राज्य और लगभग सभी स्थानीय चुनावों में मतदान करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की नागरिकता आवश्यक है।*** किसी भी राज्य या संघीय चुनाव में मतदान करने के लिए व्यक्ति का अमेरिकी नागरिक होना आवश्यक है। यदि कोई गैर-नागरिक किसी राज्य या संघीय चुनाव में मतदान करता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है और/या उसे कारावास की सजा दी जा सकती है। अधिकांश स्थानीय चुनावों में मतदान करने के लिए, किसी व्यक्ति का अमेरिकी नागरिक होना आवश्यक है। (San Francisco और Oakland में ऐसे लोगों के लिए एक विशेष प्रक्रिया है जो अमेरिकी नागरिक नहीं हैं। यदि वे स्कूल ज़िले के किसी विद्यार्थी के माता-पिता, अभिभावक या कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त देखभालकर्ता हैं, तो वे केवल स्कूल बोर्ड चुनावों में मतदान कर सकते हैं।)

***मतदाता पंजीकरण।*** मतदान करने के लिए लोगों को पहले चुनाव अधिकारियों के पास पंजीकरण कराना आवश्यक है। लोग जिस काउंटी में रहते हैं, वहीं

मतदान के लिए पंजीकरण कराते हैं। पंजीकरण के लिए योग्य होने हेतु व्यक्ति का अमेरिकी नागरिक होना, California में रहना, कम से कम 18 वर्ष का होना, वर्तमान में जेल में न होना और किसी अदालत द्वारा मतदान करने में अक्षम घोषित न किया गया होना आवश्यक है। जो व्यक्ति California में मतदान के लिए पंजीकरण कराने का प्रयास करते समय कोई झूठा बयान देता है, जैसे कि स्वयं को झूठे तौर पर अमेरिकी नागरिक बताता है, वह झूठी गवाही देने के अपराध का दोषी होता है। लोग राज्य सचिव की वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन, डाक द्वारा, काउंटी चुनाव कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या California मोटर वाहन विभाग के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान मतदाता की पहचान उसके ड्राइविंग लाइसेंस नंबर, राज्य पहचान संख्या या सोशल सिक्योरिटी नंबर के अंतिम चार अंकों का उपयोग करके स्थापित की जाती है। जो मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान यह पहचान संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं कराते हैं, उनसे पहली बार मतदान करते समय पहचान-पत्र प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है।

***मतदाता सूचियों का रखरखाव।*** मतदाता सूची उन लोगों की सूची होती है जो मतदान के लिए पंजीकृत हैं। चुनाव अधिकारियों के लिए मतदाता सूचियों को नवीनतम रखा जाना आवश्यक है, जिसके तहत वे मतदान के लिए अब अयोग्य लोगों को सूची से हटाते हैं। उदाहरण के लिए, चुनाव अधिकारियों को अन्य सरकारी संस्थाओं से नियमित रूप से अद्यतित जानकारी प्राप्त होती है, ताकि उन लोगों की पहचान की जा सके जिनकी मृत्यु हो चुकी है या जो जेल में हैं।

***मतदान करना।*** California में प्रत्येक पंजीकृत मतदाता को एक डाक द्वारा मतदान (VBM) मतपत्र प्राप्त होता है। मतदाता अपना मतपत्र डाक से वापस भेज सकते हैं, उसे मतपत्र ड्रॉप ऑफ़ के स्थान पर जमा कर सकते हैं या मतदान स्थल पर व्यक्तिगत रूप से मतदान कर सकते हैं। नवंबर 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में California में लगभग 16 मिलियन लोगों ने मतदान किया। लगभग 13 मिलियन लोगों ने VBM मतपत्र का उपयोग करके मतदान किया और लगभग 3 मिलियन लोगों ने व्यक्तिगत रूप से मतदान किया।

***मतदाता की पहचान।*** California में मतदान करते समय मतदाता अपनी पहचान बताते हैं। यदि वे व्यक्तिगत रूप से मतदान करते हैं, तो आमतौर पर मतदान करने से पहले पंजीकृत मतदाताओं की सूची पर हस्ताक्षर करके अपनी पहचान बताते हैं। यदि वे डाक द्वारा मतदान करते हैं, तो वे अपने मतपत्र के लिफाफे पर हस्ताक्षर करके अपनी पहचान बताते हैं। चुनाव अधिकारी VBM मतपत्रों की गिनती करने से पहले उन पर किए गए हस्ताक्षरों का सत्यापन करते हैं। चुनाव अधिकारी आमतौर पर व्यक्तिगत रूप से मतदान करने वाले मतदाताओं के मतपत्रों की गिनती करने से पहले उनके हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं करते हैं।



***California राज्य लेखा-परीक्षक कार्यालय (राज्य लेखा-परीक्षक)।*** राज्य लेखा-परीक्षक राज्य सरकार का एक स्वतंत्र और निर्दलीय कार्यालय है। यह समीक्षा करता है कि राज्य और स्थानीय सरकारें धन का कितनी अच्छी तरह उपयोग करती हैं और अपने प्रोग्रामों का संचालन कैसे करती हैं। इन समीक्षाओं में कार्य-निष्पादन संबंधी लेखा-परीक्षण भी शामिल होते हैं, जिनसे यह देखा जाता है कि सरकार कानून का पालन कर रही है या नहीं और कुशलतापूर्वक काम कर रही है या नहीं। राज्य लेखा-परीक्षक सरकारी कामकाज और कार्यकुशलता में सुधार करने में मदद के लिए सुझाव दे सकता है। कुछ लेखा-परीक्षण नियमित रूप से किए जाते हैं, जबकि कुछ अन्य केवल एक बार किए जाते हैं।

प्रस्ताव 39 के पूरे टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 133 पर जाएँ।

## प्रस्थापना

***पंजीकृत मतदाताओं की अमेरिकी नागरिकता की स्थिति सत्यापित करना राज्य और स्थानीय चुनाव अधिकारियों के लिए आवश्यक बनाता है।*** प्रस्ताव 39 के तहत राज्य और स्थानीय चुनाव अधिकारियों को सरकारी डेटा का उपयोग करके यह सत्यापित करने के लिए "हर संभव प्रयास" करना आवश्यक है कि मतदाता सूची में शामिल मतदाता अमेरिकी नागरिक हैं। प्रस्ताव 39 के तहत चुनाव अधिकारियों को हर वर्ष प्रत्येक काउंटी में उन पंजीकृत मतदाताओं का प्रतिशत बताना आवश्यक है, जिनकी नागरिकता की स्थिति सत्यापित की जा चुकी है।

***डाक द्वारा मतदान करने के लिए मतदाताओं को सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र का चयन करना आवश्यक बनाता है।*** प्रस्ताव 39 के तहत नए और मौजूदा मतदाताओं को डाक द्वारा मतदान करने के लिए अपने मतदाता पंजीकरण में सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र का चयन करना आवश्यक है।

***मतदान करने के लिए मतदाताओं को अतिरिक्त पहचान संबंधी जानकारी प्रदान करना आवश्यक बनाता है।*** प्रस्ताव 39 के तहत मतदाताओं को California में किसी भी चुनाव में हर बार मतपत्र डालते समय अतिरिक्त पहचान संबंधी जानकारी प्रदान करना आवश्यक है। चुनाव अधिकारियों के लिए मतदाताओं के मतपत्रों की गिनती करने से पहले उनकी पहचान सत्यापित करना आवश्यक होगा। पहचान-पत्र संबंधी आवश्यकता इस बात पर निर्भर करेगी कि मतदाता अपना मतपत्र व्यक्तिगत रूप से डालता है या डाक द्वारा:

- ***व्यक्तिगत रूप से जाकर मतदान करना।*** व्यक्तिगत रूप से मतदान करते समय, प्रस्ताव 39 के तहत मतदाताओं को अपनी पहचान के सत्यापन के लिए सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
- ***डाक द्वारा मतदान करना।*** डाक द्वारा मतदान करते समय, प्रस्ताव 39 के तहत मतदाताओं को मतपत्र के लिफाफे पर अपने द्वारा चुने गए सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र नंबर के अंतिम चार अंक देना आवश्यक है। चुनाव अधिकारी यह सत्यापित करेंगे कि मतपत्र के लिफाफे पर दी गई पहचान-पत्र संख्या मतदाता की पंजीकरण संबंधी जानकारी से मेल खाती है।

***राज्य द्वारा जारी नया मतदाता पहचान-पत्र बनाता है।*** प्रस्ताव 39 के तहत राज्य को अनुरोध करने वाले मतदाताओं को बिना किसी शुल्क के मतदाता पहचान-पत्र उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस मतदाता पहचान-पत्र का उपयोग मतदान करते समय मतदाता की पहचान सत्यापित करने वाले सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र के रूप में किया जा सकता है।

***राज्य लेखा-परीक्षक के लिए राज्य और काउंटी द्वारा चुनाव संबंधी आवश्यकताओं के अनुपालन का नियमित रूप से लेखा-परीक्षण करना आवश्यक बनाता है।*** हर विषम संख्या वाले वर्ष में, प्रस्ताव 39 के तहत राज्य लेखा-परीक्षक को यह रिपोर्ट करना आवश्यक है कि राज्य और प्रत्येक काउंटी इस विधेयक का कितनी अच्छी तरह अनुपालन कर रहे हैं, और सुधार के लिए सुझाव देना आवश्यक है।

***पूरी तरह लागू करने के लिए विधायी कार्रवाई आवश्यक बनाता है।*** प्रस्ताव 39 के तहत विधानमंडल को इस विधेयक को लागू करने के लिए अतिरिक्त कानून पारित करना आवश्यक है। विधान मंडल को ऐसी कई बातों को स्पष्ट करना होगा जिन्हें प्रस्ताव में परिभाषित नहीं किया गया है, जैसे कि पहचान-पत्र के किन रूपों का उपयोग किया जा सकता है और पंजीकृत मतदाताओं की नागरिकता की स्थिति सत्यापित करने के लिए किन कदमों को "हर संभव प्रयास" माना जाएगा।

## राजकोषीय प्रभाव

***राज्य और स्थानीय लागतें भविष्य के निर्णयों पर निर्भर करती हैं।*** प्रस्ताव 39 से राज्य और स्थानीय सरकारों की लागत में हर वर्ष **कुछ दसियों मिलियन डॉलर से लेकर कुछ सौ मिलियन डॉलर** तक की वृद्धि होगी। ये लागतें राज्य के कुल सामान्य कोष बजट के 1 प्रतिशत के एक-चौथाई (0.25 प्रतिशत) से भी कम होंगी। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका उपयोग राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए करता है।) सटीक लागत विधानमंडल, राज्य के विभागों, स्थानीय सरकारों और मतदाताओं द्वारा भविष्य में लिए जाने वाले निर्णयों पर निर्भर करेगी। उदाहरण के लिए, लागत मतदाता पहचान-पत्र की रूपरेखा और आवश्यकताओं से संबंधित निर्णयों तथा अनुरोध किए गए पहचान-पत्रों की संख्या के आधार पर अलग-अलग हो सकती है। कुछ बचतें भी हो सकती है। यह बचत मतदान के लिए पंजीकृत लोगों की संख्या कम होने के कारण होगी—उदाहरण के लिए, अयोग्य मतदाताओं को हटाए जाने या ऐसे योग्य मतदाताओं के कारण जिनके पास सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र नहीं है। यह बचतें संभवतः इस विधेयक की लागतों से अधिक नहीं होंगी।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

39

नागरिकों को मतदान करने से प्रतिबंधित करता है जब तक कि वे सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र प्रस्तुत नहीं करते हैं। पहल संवैधानिक संशोधन।

## ★ प्रस्ताव 39 के पक्ष में तर्क ★

*मतदाता पहचान-पत्र: हमारे चुनावों में विश्वास बढ़ाने का एक द्विदलीय तरीका*

डेमोक्रेटिक, स्वतंत्र और रिपब्लिकन मतदाता सभी एक बात पर सहमत हैं: मतदाता पहचान-पत्र हमारे चुनावों में विश्वास और भागीदारी बढ़ाने के लिए एक व्यावहारिक सुधार है।

इसीलिए प्रस्ताव 39 को मतपत्र पर लाने के लिए प्राप्त हस्ताक्षरों में से लगभग आधे डेमोक्रेटिक और स्वतंत्र मतदाताओं से आए, और सर्वेक्षण बताते हैं कि सभी राजनीतिक दलों में मतदाता पहचान-पत्र के लिए व्यापक रूप से बहुत बड़ा बहुमत समर्थन करता है।

*प्रस्ताव 39 मतदान को सुलभ बनाए रखता है और मतदाता के लिए मुफ़्त पहचान-पत्र की गारंटी देता है*

प्रस्ताव 39 डाक द्वारा भेजे जाने वाले मतपत्रों, मतदान के बढ़े हुए घंटों और मतदान को सुलभ बनाने वाली अन्य सभी सुविधाओं को बरकरार रखता है।

मतदाता मतदान करने के लिए आसानी से प्राप्त किए जा सकने वाले विभिन्न सरकारी पहचान-पत्रों का उपयोग कर सकते हैं—और यह विधेयक प्रत्येक मतदाता को, यदि वह चाहे, तो मुफ़्त मतदाता पहचान-पत्र देने की गारंटी भी देता है।

California वर्तमान में डाक द्वारा भेजे गए मतपत्रों पर हस्ताक्षरों की जाँच के लिए एक धीमी प्रक्रिया का उपयोग करता है, जो न केवल चुनाव परिणामों में देरी करती है, बल्कि यदि आपके हस्ताक्षर मेल न खाने के रूप में चिह्नित किए जाते हैं, तो आपके मत की गिनती न होने का जोखिम भी पैदा करती है। कई मतदाताओं का कहना है कि वे हमेशा यह याद नहीं रख पाते कि वर्षों पहले, जब उन्होंने पहली बार मतदान के लिए पंजीकरण कराया था, तब उन्होंने अपने नाम के हस्ताक्षर किस तरह किए थे। पिछले चुनाव में हस्ताक्षरों के मेल न खाने के कारण 100,000 से अधिक मतपत्र अस्वीकार कर दिए गए—और 200,000 से अधिक मतदाताओं को अपने मत की गिनती सुनिश्चित कराने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

*मतदाता पहचान-पत्र से भागीदारी बढ़ती है*

मतदाता पहचान-पत्र मतदान को दबाता नहीं है—वास्तव में, यह मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाता है। जिन राज्यों में मतदाता पहचान-पत्र संबंधी कानून हैं और ऐसे पात्र मतदाताओं के लिए मुफ़्त पहचान-पत्र उपलब्ध हैं जो पहचान-पत्र का खर्च वहन नहीं कर सकते या उसे प्राप्त नहीं कर सकते, उन सभी राज्यों में मतदान में वृद्धि देखी गई है। मतदान में बाधा और कम मतदान तब होता है जब मतदाताओं को प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर भरोसा नहीं होता। मतदाता पहचान-पत्र सभी मतदाताओं को यह भरोसा करने का कारण देता है कि उनका मत मायने रखेगा।

*प्रस्ताव 39 में लेखा-परीक्षण और नागरिकता सत्यापन शामिल हैं*

प्रस्ताव 39 चुनाव अधिकारियों को California की मतदाता सूचियों को सटीक और अद्यतित रखने के लिए जवाबदेह बनाता है। चुनाव अधिकारियों के लिए मतदाता सूचियों की जाँच करना भी आवश्यक होगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल नागरिक ही पंजीकृत हों। प्रस्ताव 39 के तहत हर दो वर्ष में एक स्वतंत्र लेखा-परीक्षण कराना आवश्यक है, ताकि जनता को हमारे चुनावों के संचालन के तरीके पर वह भरोसा मिल सके जिसकी वह हकदार है।

*प्रस्ताव 39 पर हाँ में मतदान करें: मतदाता पहचान-पत्र के लिए एक निर्दलीय समाधान*

प्रस्ताव 39 का विरोध करने वाले राजनेता और दलीय संगठन इस बहस में जहरीली दलगत राजनीति को शामिल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इसीलिए, क्योंकि उन्हें निराधार चुनावी साजिश के सिद्धांतों और हमारे चुनावों में तेजी से घटते विश्वास से लाभ मिलता है।

इसके विपरीत, प्रस्ताव 39 के समर्थकों में डेमोक्रेटिक, रिपब्लिकन और स्वतंत्र मतदाताओं का स्पष्ट बहुमत और एक विविध गठबंधन शामिल है, लैटीनो अमेरिकन राजनीतिक एसोसिएशन, California वुमैन लीडरशिप एसोसिएशन, Howard Jarvis टैक्सपेयर्स एसोसिएशन, ट्रांसपेरेंसी फाउंडेशन, और विश्वसनीय मतदान अधिकार संगठन शामिल हैं।

द्विदलीय तरीके से मतदाता पहचान-पत्र लागू करने के लिए एक राष्ट्रीय मॉडल बनाने हेतु प्रस्ताव 39 पर हाँ में मतदान करें।

**Margit Whitlock**, डेमोक्रेटिक गठबंधन के प्रमुख
मतदाता पहचान-पत्र के लिए California वासी

**Tafa Jefferson**, रिपब्लिकन गठबंधन के प्रमुख
मतदाता पहचान-पत्र के लिए California वासी

**Joe Green**, इंडिपेंडेंट गठबंधन के प्रमुख
मतदाता पहचान-पत्र के लिए California वासी



## ★ प्रस्ताव 39 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 39 पर नहीं में मतदान करें—Trump को हमारे चुनावों में धांधली करने से रोकें। *झूठ पर विश्वास न करें।* प्रस्ताव 39 California वासियों के लिए मतदान को अधिक मुश्किल, अधिक महँगा और कम सुरक्षित बनाता है।

प्रस्ताव 39 को MAGA समर्थक दक्षिणपंथी अरबपतियों द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है। देखें कि इसके लिए पैसा कहाँ से आ रहा है। MAGA अरबपतियों ने चुनावों के बारे में झूठ फैलाने पर कई मिलियन डॉलर खर्च किए हैं। रिपब्लिकन कार्यकर्ता वर्षों से मतदाताओं के मतदान को दबाने के इस एजेंडे को आगे बढ़ाते रहे हैं। वे चाहते हैं कि Trump के पास असीमित शक्ति हो, ताकि उन्हें अमीरों के लिए अधिक टैक्स छूट मिले, जबकि बाकी लोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल और स्कूलों के वित्तपोषण में कटौती की जाए।

California के चुनाव अधिकारी पहले से ही मतदाताओं का सत्यापन करते हैं। प्रस्ताव 39 नागरिकों के लिए केवल अतिरिक्त बाधाएँ पैदा करता है। तथ्य झूठ नहीं बोलते। जब Texas ने ऐसा किया, तो वहाँ California की तुलना में *12 गुना अधिक डाक मतपत्र* खारिज कर दिए गए।

प्रस्ताव 39 पहचान की चोरी के नए खतरे पैदा करता है। किसी भी नागरिक को अपनी निजता और अपने मतदान के अधिकार में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए।

निर्दलीय विधायी विश्लेषक कार्यालय ने पाया कि प्रस्ताव 39 पर हर वर्ष सैकड़ों मिलियन डॉलर की लागत आ सकती है—इसे स्वयं पढ़ें। MAGA चरमपंथी आपके टैक्स के पैसों का इस्तेमाल Trump को एक महँगा तोहफा देने के लिए करना चाहते हैं: योग्य मतदाताओं को मतदान करने से रोकना और Big Lie को California में जीत दिलाना। हम उनके झाँसे में नहीं आएँगे।

प्रस्ताव 39 हमारा ध्यान भटकाने की कोशिश करता है कि किस तरह Trump और उनके अरबपति मित्र अमेरिकियों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। अस्पताल बंद हो रहे हैं। आग से प्रभावित लोग अब भी मदद का इंतज़ार कर रहे हैं। किराने के सामान और आवास की लागतें पहले से कहीं अधिक हो गई है। अब वे प्रस्ताव 39 का इस्तेमाल हमारे चुनावों को नियंत्रित करने और जवाबदेही से बचने के लिए करना चाहते हैं।

कोई राजा नहीं। कोई झूठ नहीं। प्रस्ताव 39 नहीं।

**Alex Padilla**, California के लिए U.S. सीनेट के सदस्य

**Catherine Kennedy**, अध्यक्ष
California नर्सों की एसोसिएशन

**Adam Weinberger**, अध्यक्ष
California स्कूल एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 39 के विरुद्ध तर्क ★

*नहीं में मतदान करें*। Donald Trump चुनावों के बारे में झूठ बोलते हैं और सत्ता हासिल करने के लिए उन झूठों का इस्तेमाल करते हैं।

TRUMP की सत्ता हथियाने की कोशिश को रोकें। Trump California से बदला लेना चाहते हैं—उन्होंने LA की जंगल में लगने वाली अग्नि राहत में देरी की है, हमारी हवा और पानी को स्वच्छ रखने वाले कानूनों को निरस्त किया है और हमारे अप्रवासी मित्रों और पड़ोसियों पर लगातार हमला किया है। अब वे प्रस्ताव 39 के माध्यम से हमारी स्वतंत्रताओं और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं।

Trump के करीबी लोग California के चुनावों में धांधली करना चाहते हैं, ताकि वे कांग्रेस और व्हाइट हाउस पर नियंत्रण हासिल कर सकें और उसे बनाए रख सकें। Trump हमारे मतदान के अधिकार को खत्म करने, जवाबदेही से बचने और सत्तावादी शक्ति पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जाएँगे।

CALIFORNIA वासी उनके झाँसे में नहीं आएँगे। हमारे पास प्रस्ताव 39 पर नहीं में मतदान करके Trump का विरोध करने और उन्हें रोकने का अवसर है। California को अगला ऐसा राज्य न बनने दें जहाँ राजनेता तय करें कि किन मतदाताओं के मत मायने रखते हैं।

सैकड़ों मिलियन डॉलर की बर्बादी करता है। Trump और उनके सहयोगी चाहते हैं कि California उनके चुनावी झूठ और साजिश के सिद्धांतों के पीछे *सैकड़ों मिलियन डॉलर* खर्च करे। California वासी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं, और Trump चाहते हैं कि उनकी साजिशों की कीमत आप चुकाएँ।

आपकी पहचान को खतरे में डालता है। प्रस्ताव 39 के तहत डाक द्वारा मतदान करने वाले प्रत्येक मतदाता को अपने वापसी लिफाफे पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी देनी होगी—जिससे मतदाता पहचान की चोरी के आसान निशाने बन जाएँगे। मतदाताओं को मतदान करने और अपनी निजता की रक्षा करने में से किसी एक को चुनना होगा।

नागरिकों को मतदान करने से रोकता है। प्रस्ताव 39 नई बाधाएँ पैदा करता है—मतदाताओं को अपने मतपत्र के लिफाफे पर एक व्यक्तिगत पहचान संख्या लिखनी होगी, जिसका राज्य के रिकॉर्ड से बिल्कुल मेल खाना आवश्यक होगा। एक अंक भी गलत होने पर वैध मतपत्र खारिज किया जा सकता है। यदि आप अधिकारियों को यह बताने के लिए अतिरिक्त कदम नहीं उठाते कि मतदान के लिए आप किस पहचान-पत्र का उपयोग करना चाहते हैं, तो संभव है कि आपको डाक मतपत्र मिले ही नहीं। और यदि आपके पहचान-पत्र पर दिया गया पता नवीनतम नहीं है या आपके नाम की स्पैलिंग गलत है, तो आपका मत अस्वीकार किया जा सकता है।

मतदाताओं को मतदान से बाहर करता है। "मुफ़्त" राज्य पहचान-पत्र वास्तव में मुफ़्त नहीं हैं: मतदाताओं को फिर भी आने-जाने, काम से छुट्टी लेने और बच्चों की देखभाल या आवश्यक दस्तावेज़ प्राप्त करने जैसे खर्च वहन करने पड़ते हैं। वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों, कम आय वाले कर्मचारियों, अश्वेत और अन्य नस्लीय/जातीय अल्पसंख्यक मतदाताओं, और विवाह के बाद अपना नाम बदलने वाली लाखों महिलाओं पर इसका सबसे अधिक असर पड़ता है। ये अनुचित बाधाएँ मतदाताओं को अपने राजनेता चुनने के बजाय राजनेताओं को अपने मतदाता चुनने में मदद करती हैं।

TRUMP सत्ता हथियाने के लिए झूठ बोलते हैं। उन झूठों को आपका मत छीनने न दें।

*अपनी आवाज़ की रक्षा करें। अपने मत की रक्षा करें। नहीं में मतदान करें।*

*CAforVotingRights.org* पर अधिक जानकारी प्राप्त करें

**David Trujillo**, कार्यकारी निदेशक
ACLU California एक्शन

**Darius Kemp**, California राज्य निदेशक
कॉमन कॉज़

**Lorrel Plimier**, सह-अध्यक्षा
लीग ऑफ़ वुमैन वोटर्स ऑफ़ California

39

## ★ प्रस्ताव 39 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

*प्रस्ताव 39 द्विदलीय है—यह DONALD TRUMP या GAVIN NEWSOM के बारे में नहीं है*

प्रस्ताव 39 California को चुनाव सुरक्षा के लिए एक द्विदलीय समाधान प्रदान करता है। जहाँ D.C. में राजनेता चुनावों पर दलीय नियंत्रण को लेकर लड़ रहे हैं, वहीं California वासी अपना स्वयं का समाधान अपना सकते हैं: मतदाता पहचान-पत्र। विरोधी दावा करेंगे कि यह विधेयक Donald Trump या Gavin Newsom के बारे में है। ऐसा नहीं है। प्रस्ताव 39 हमारे चुनावों के प्रति बढ़ते अविश्वास का एक California समाधान है। डेमोक्रेट्स, रिपब्लिकन और निर्दलीय मतदाता आपसे आग्रह करते हैं कि भारी धनराशि से किए जा रहे पक्षपातपूर्ण आरोपों को खारिज करें और मतदाताओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने *और* हमारे चुनावों की रक्षा करने के लिए प्रस्ताव 39 पर हाँ में मतदान करें।

*प्रस्ताव 39 चुनाव प्रबंधन में सुधार करता है*

प्रस्ताव 39 हमारी मतदाता सूचियों की सटीकता में सुधार करता है और चुनाव प्रबंधन को मजबूत करने के लिए स्वतंत्र लेखा-परीक्षण कराना आवश्यक बनाता है।

*मतदाता पहचान-पत्र से चुनावों में विश्वास बढ़ता है*

जिन राज्यों में मतदाता पहचान-पत्र संबंधी कानून हैं, वहाँ मतदाताओं की भागीदारी में कमी नहीं देखी गई है। जब मतदाता चुनावों पर भरोसा करते हैं, तो भागीदारी बढ़ती है।

*प्रस्ताव 39 पर हाँ में मतदान करें*

विरोधी दावा करेंगे कि यह राष्ट्रीय राजनीति के बारे में है या मतदाता पहचान-पत्र मतदाताओं के मतदान को दबाता है। इसके झाँसे में न आएँ। प्रस्ताव 39 को डेमोक्रेट्स, रिपब्लिकन और निर्दलीय मतदाताओं के साथ-साथ पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और बुज़ुर्गों—विभिन्न समुदायों के California वासियों—का समर्थन प्राप्त है।

यदि आप मानते हैं कि California को पात्र मतदाताओं के लिए मतदान को सुलभ बनाए रखते हुए चुनावों में विश्वास मजबूत करना चाहिए, तो एक स्पष्ट, द्विदलीय California समाधान के लिए प्रस्ताव 39 पर हाँ में मतदान करें।

**Johnathan Hale**, कार्यकारी निदेशक
द ट्रांसपेरेंसी फाउंडेशन

**Cynthia Kaui**, कार्यकारी निदेशक
California वुमैन लीडरशिप एसोसिएशन

**Ed Cervantes**, अध्यक्ष
लैटीनो अमेरिकन राजनीतिक एसोसिएशन

प्रस्ताव

# 40 कुछ करदाताओं पर एकमुश्त टैक्स लगाता है। पहल संवैधानिक संशोधन और विधान।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया** आधिकारिक शीर्षक और सारांश

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 134 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- $1 बिलियन से अधिक मूल्य की कवर की जाने वाली संपत्तियों वाले कुछ करदाताओं पर 5% तक का एकमुश्त टैक्स लगाता है; कवर की जाने वाली संपत्तियों में व्यवसाय, प्रतिभूतियाँ, कला-कृतियाँ, संग्रहणीय वस्तुएँ और बौद्धिक संपदा शामिल हैं, लेकिन इसमें अचल संपत्ति और कुछ पेंशन और सेवानिवृत्ति खाते शामिल नहीं हैं।
- इन टैक्स राजस्व का 90% स्वास्थ्य देखभाल के लिए, 10% भोजन सहायता या शिक्षा से संबंधित प्रोग्रामों के लिए आवंटित करता है; राजस्वों का उपयोग इन उद्देश्यों के लिए मौजूदा निधिकरण को बदलने के लिए करने पर प्रतिबंध लगाता है।
- ऐसे टैक्स राजस्वों को स्कूल के लिए निधिकरण, बजटीय आरक्षित निधियों और राज्य खर्च सीमा के लिए संवैधानिक आवश्यकताओं से छूट देता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- अरबपतियों पर नए संपत्ति टैक्स लगाने से राज्य के राजस्व में अस्थायी वृद्धि। इस संपत्ति टैक्स से राजस्व शायद कई वर्षों में मिलाकर दसियों बिलियन डॉलर तक हो जाएंगे।
- अरबपतियों से इकट्ठे किए गए राज्य आयकर राजस्व में प्रति वर्ष $1 बिलियन से कम की संभावित निरंतर कमी।

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

40

## परिप्रेक्ष्य

***California बहुत से अरबपतियों का घर है।*** दुनिया के कई सबसे धनी लोग California में रहते हैं। संपत्ति का अर्थ किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाली सभी चीज़ों का मूल्य है। संपत्ति आय से अलग होती है, आय का अर्थ वह राशि है जो कोई व्यक्ति एक निश्चित अवधि, जैसे एक वर्ष, में कमाता है। किसी व्यक्ति की संपत्ति को आम तौर पर उसकी निवल संपत्ति से मापा जाता है। किसी व्यक्ति की निवल संपत्ति उसके स्वामित्व वाली सभी चीज़ों, जैसे स्टॉक, व्यवसाय या अन्य निवेशों, के मूल्य में से उसके ऋणों को घटाने पर प्राप्त राशि होती है। California में कुछ सौ ऐसे लोग रहते हैं जिनकी निवल संपत्ति $1 बिलियन डॉलर से अधिक है और जिन्हें अक्सर अरबपति कहा जाता है। इनमें से कई अरबपतियों ने California की प्रौद्योगिकी कंपनियों में अधिकारियों या निवेशकों के तौर पर अपनी संपत्ति अर्जित की है।

***स्वास्थ्य देखभाल राज्य के खर्च की एक प्रमुख श्रेणी है।*** राज्य और संघीय सरकारें राज्य के स्वास्थ्य देखभाल प्रोग्रामों पर हर वर्ष $200 बिलियन डॉलर से अधिक खर्च करती हैं। राज्य के स्वास्थ्य देखभाल संबंधी खर्च का अधिकांश हिस्सा Medi-Cal के लिए होता है, जो कम आय वाले लोगों के लिए राज्य का स्वास्थ्य बीमा प्रोग्राम है। राज्य का खर्च सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रोग्रामों, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और नशीली दवाओं और शराब की लत के उपचार के लिए भी सहायता प्रदान करता है।

## प्रस्थापना

***अरबपतियों पर एकमुश्त संपत्ति टैक्स लगाता है।*** प्रस्ताव 40 के तहत, जो अरबपति 1 जनवरी, 2026 को California के निवासी थे, उन्हें अपनी निवल संपत्ति के 5 प्रतिशत के बराबर एकमुश्त राज्य टैक्स का भुगतान करना होगा। यह टैक्स 2027 में देय होगा। करदाताओं के पास भुगतान को पाँच वर्षों में बाँटने का विकल्प होगा, लेकिन ऐसा करने के लिए उन्हें अधिक भुगतान करना होगा। अचल संपत्ति, पेंशन और सेवानिवृत्ति खाते आम तौर पर इस टैक्स से बाहर रखे जाएँगे।

***अधिकांश धन स्वास्थ्य देखभाल पर खर्च किया जाना आवश्यक है।*** राज्य यह तय करेगा कि इस संपत्ति टैक्स से प्राप्त धन को कैसे और कब खर्च किया जाए, लेकिन इसे कुछ निश्चित प्रकार की सेवाओं पर ही खर्च करना होगा। इस धन का नब्बे प्रतिशत जनता के लिए स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर खर्च करना होगा। शेष धन शिक्षा, खाद्य सहायता और संपत्ति टैक्स के प्रशासन पर खर्च करना होगा। राज्य के संविधान में मौजूद

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण** जारी है

**अन्य प्रस्तावों के साथ संभावित परस्पर क्रियाएँ**

यदि इसी मतपत्र पर प्रस्ताव 41 या प्रस्ताव 42 को प्रस्ताव 40 की तुलना में अधिक "हाँ" के मत मिलते हैं, तो प्रस्ताव 40 को कानून बनने से रोका जा सकता है, भले ही उसे अधिकांश मतदाताओं के हाँ मत प्राप्त हों। ऐसा इसलिए है क्योंकि अदालतें यह निर्धारित कर सकती हैं कि प्रस्ताव 41 या प्रस्ताव 42, प्रस्ताव 40 के साथ टकराव में हैं।

वे नियम, जो खर्च को सीमित करते हैं और राज्य को स्कूलों तथा सामुदायिक कॉलेजों पर एक निश्चित राशि खर्च करने की आवश्यकता निर्धारित करते हैं, इस धन पर लागू नहीं होंगे।

## राजकोषीय प्रभाव

***नया संपत्ति टैक्स लगाने से राज्य के राजस्व में अस्थायी वृद्धि।*** राज्य को संपत्ति टैक्स से संभवतः दसियों बिलियन डॉलर प्राप्त होंगे। राज्य के टैक्स संग्रह में यह अस्थायी वृद्धि कई वर्षों तक फैली होगी। कई कारणों से यह सटीक अनुमान लगाना बहुत कठिन है कि राज्य कब और कितनी राशि एकत्र करेगा। उदाहरण के लिए, यह जानना कठिन है कि अरबपति अपने द्वारा चुकाए जाने वाली टैक्स की राशि को कम करने के लिए क्या कदम उठाएँगे। इसके अलावा, संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा स्टॉक की कीमतों पर आधारित होता है, जिनमें लगातार बदलाव होता रहता है।

***राज्य के आयकर राजस्वों में संभावित निरंतर कमी।*** California के अरबपति, राज्य में आय अर्जित करने वाले अन्य सभी लोगों की तरह, वर्तमान में अपनी वार्षिक आय पर राज्य टैक्स चुकाते हैं। अरबपति नए संपत्ति टैक्स के जवाब में ऐसे कदम उठा सकते हैं जिनसे उनके आयकर के भुगतानों में कमी आ सकती है। उदाहरण के लिए, कुछ अरबपति California को छोड़कर जाने का निर्णय ले सकते हैं। वे वर्तमान में राज्य को जो आयकर चुकाते हैं, वह भी मिलना बंद हो जाएगा। इन प्रतिक्रियाओं के कारण राज्य के राजस्व में संभवतः प्रति वर्ष $1 बिलियन डॉलर से कम की कमी आएगी। इसका अर्थ राज्य के सामान्य कोष के लिए कम धनराशि उपलब्ध होना हो सकता है, सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है।

***संपत्ति टैक्स के प्रशासन की राज्य की लागतें।*** राज्य को यह निर्धारित करने में कि कितना संपत्ति टैक्स देय है और टैक्स भुगतान को इकट्ठा करने में लागतें उठानी पड़ेगी। कई वर्षों तक ये लागतें प्रति वर्ष कई मिलियन डॉलर हो सकती हैं। इन लागतों का भुगतान नए संपत्ति टैक्स से प्राप्त राजस्वों से किया जाएगा।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

## ★ प्रस्ताव 40 के पक्ष में तर्क ★

अरबपतियों पर टैक्स लगाने के लिए प्रस्ताव 40 पर हाँ में मतदान करें।

Trump के "बड़े, घटिया बिल" ने अरबपतियों को टैक्स में और अधिक छूट देने के लिए California में स्वास्थ्य देखभाल के वित्तपोषण में भारी कटौती की, जिससे एक मिलियन से अधिक California वासियों का स्वास्थ्य बीमा कवरेज समाप्त हो गया और लाखों अन्य लोगों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम दोगुने हो गए। प्रस्ताव 40 पर हाँ में मतदान करें ताकि अंततः अरबपति टैक्सों में अपने उचित हिस्से का भुगतान करें और इसका बोझ मध्यम वर्ग पर डालना बंद किया जाए।

स्वास्थ्य देखभाल का वित्तपोषण करें, अरबपतियों को टैक्स की छूट नहीं

प्रस्ताव 40 के तहत California के लगभग 200 अरबपतियों को उनकी वैश्विक संपत्ति पर एक मामूली, एकमुश्त टैक्स देना होगा, ताकि स्थानीय अस्पताल और आपातकालीन कक्ष (ER) खुले रहें और लाखों California वासियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल किफायती बनी रहे।

इससे लगभग $100 बिलियन डॉलर जुटाए जाएँगे, ताकि उस वित्तपोषण की भरपाई की जा सके जिसे Trump और उनके अरबपति दानदाताओं ने अपनी जेबें भरने के लिए कामकाजी लोगों से छीन लिया। यह धनराशि वरिष्ठ नागरिकों, भूतपूर्व सैनिकों और परिवारों के लिए जीवनरक्षक चिकित्सा देखभाल पर खर्च की जाएगी। इससे लाखों California वासी अपना स्वास्थ्य बीमा बनाए रख सकेंगे और उनके प्रीमियम में भारी वृद्धि नहीं होगी। यह हमारे सरकारी स्कूलों में बड़े पैमाने पर शिक्षकों की छँटनी को रोकेगा और खाद्य सहायता प्रोग्रामों के माध्यम से बच्चों को भोजन मिलता रहेगा।

अरबपतियों को अपना उचित हिस्सा चुकाना चाहिए

आप अपनी हर तनख्वाह से टैक्स चुकाते हैं, लेकिन अरबपति कामकाजी परिवारों की तुलना में बहुत कम दरों पर टैक्स चुकाते हैं। वे कम भुगतान करने पर ज़ोर देते हैं, जबकि उन्हें लगातार और अधिक टैक्स छूटें मिलती जा रही है।

प्रस्ताव 40 एक ऐसा एकमुश्त टैक्स लागू करता है, जिसका भुगतान केवल उन California वासियों को करना होगा जिनकी संपत्ति $1 बिलियन डॉलर से अधिक है, यह ऐसे लोगों का एक छोटा समूह है, जिसके पास कुल मिलाकर $2 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति है—और इसमें से अधिकांश पर कभी टैक्स नहीं लगेगा, क्योंकि टैक्स संबंधी खामियाँ अत्यधिक धनी लोगों के पक्ष में हैं।

अरबपतियों ने मध्यम वर्ग की मेहनत की कीमत पर अपनी अथाह संपत्ति जमा की है, और हमारे पास उन्हें अपना उचित हिस्सा चुकाने के लिए बाध्य करने का अवसर है, ताकि स्वास्थ्य देखभाल के लिए अधिक भुगतान का बोझ हम पर न पड़े।

BERNIE SANDERS प्रस्ताव 40 का समर्थन करते हैं

अमेरिकी सीनेट के सदस्य Bernie Sanders प्रस्ताव 40 पर हाँ में मतदान करने का पुरज़ोर समर्थन करते हैं, भले ही Sacramento के कुछ राजनेता कामकाजी लोगों के बजाय अरबपतियों की रक्षा कर रहे हों।

"यह विचार कि [अरबपति] कह रहे हैं कि बच्चों का मरना ठीक है, लोगों को उनकी आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल न मिले और वे California के लोगों को दंडित करेंगे—यह बेहद अपमानजनक है।"
—अमेरिकी सीनेट के सदस्य Bernie Sanders.

अरबपतियों के झूठ पर विश्वास न करें

नैतिक रूप से दिवालिया अरबपतियों का एक छोटा समूह प्रस्ताव 40 के बारे में झूठ फैला रहा है, क्योंकि वे चाहते हैं कि उनकी टैक्स पर छूट की कीमत कामकाजी लोग चुकाएँ।

Google के संस्थापक और Trump के दानदाता Sergey Brin की संपत्ति Trump के चुनाव के बाद लगभग दोगुनी होकर करीब $300 बिलियन डॉलर हो गई है। अब उन्होंने प्रस्ताव 40 का विरोध करने के लिए $57 मिलियन डॉलर से अधिक खर्च किए हैं। वे टैक्सों में अपना उचित हिस्सा चुकाने के बजाय यह पसंद करेंगे कि लाखों California वासी स्वास्थ्य देखभाल से वंचित हो जाएँ।

Brin जैसे अरबपतियों ने कुछ भ्रष्ट राजनेताओं और संगठनों के नेताओं को भी प्रस्ताव 40 का विरोध करने के लिए अपने प्रभाव में कर लिया है—लेकिन वास्तविक शिक्षक, प्लांड पेरेंटहुड के कर्मचारी, नर्सें और यूनियन सदस्य इसका समर्थन करते हैं। प्रस्ताव 40 का विरोध करने वालों ने Trump द्वारा हमसे छीने गए वित्तपोषण की भरपाई के लिए कोई व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत नहीं किया है।

बेशक ये अरबपति और उनकी कठपुतलियाँ अरबपतियों पर टैक्स नहीं चाहतीं, लेकिन आपको इसका समर्थन करना चाहिए—क्योंकि किसी न किसी को इसकी कीमत चुकानी होगी, और कामकाजी लोग स्वास्थ्य देखभाल के लिए पहले ही पर्याप्त भुगतान कर रहे हैं।

ज़िंदगियाँ बचाएँ। अरबपतियों पर टैक्स लगाएँ।

**Suzanne Jimenez**, चीफ ऑफ़ स्टाफ
SEIU-यूनाइटेड हेल्थकेयर वर्कर्स वेस्ट

**Victoria Barron**, मरीज़ पहुंच विशेषज्ञ
पैसीफिक साउथवेस्ट का प्लांड पेरेंटहुड

**Denise Robb**, Ph.D., अमेरिकन फेडरेशन ऑफ टीचर्स लोकल 1521 की सदस्या
Los Angeles कॉलेज फैकल्टी गिल्ड



## ★ प्रस्ताव 40 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

CALIFORNIA के शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक सुरक्षा, श्रम और व्यापार जगत के नेता प्रस्ताव 40 की त्रुटिपूर्ण टैक्स योजना का विरोध करते हैं

प्रस्ताव 40 एक त्रुटिपूर्ण टैक्स योजना है, जो हमारे राज्य को नुकसान पहुँचाएगी और इसकी कीमत करदाताओं को चुकानी पड़ेगी।

यहाँ बताया गया है कि क्यों California के शिक्षकों, डॉक्टरों, क्लीनिकों, अस्पतालों, अग्निशामकों, करदाताओं, श्रमिक यूनियनों, व्यवसायों, डेमोक्रेट और रिपब्लिकन का एक व्यापक गठबंधन प्रस्ताव 40 का विरोध करता है:

- प्रस्ताव 40 किसी भी वित्तपोषण की कमी को पूरा नहीं करेगा—इससे स्कूलों, स्वास्थ्य देखभाल और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए राजस्व में कमी के कारण CALIFORNIA को $25 बिलियन डॉलर का नुकसान होगा।
- प्रस्ताव 40 स्वास्थ्य देखभाल की समस्याओं को दूर नहीं करेगा या उपभोक्ताओं के लिए लागतें कम नहीं करेगा—यह एक खुला चेक है, जो विधान मंडल को स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को कई बिलियन डॉलर देने की अनुमति देता है, जबकि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि ऊँची स्वास्थ्य देखभाल लागतों से जूझ रहे परिवारों को सहायता के लिए एक पैसा भी मिलेगा।
- प्रस्ताव 40 स्कूलों की मदद नहीं करेगा: यह स्कूलों के वित्तपोषण के लिए California में मतदाताओं द्वारा मंज़ूर किए गए सुरक्षा उपायों से स्वयं को छूट देता है। इससे सरकारी स्कूलों को हर वर्ष $3 बिलियन डॉलर कम मिलेंगे।
- प्रस्ताव 40 California में असमानता की समस्या का समाधान नहीं करता। यह केवल उन कंपनियों और सफल निवासियों को राज्य से बाहर जाने के लिए प्रेरित करता है, जो California की अर्थव्यवस्था, नौकरियों और टैक्स आधार को आगे बढ़ाते हैं—जिससे अन्य करदाताओं को इस कमी की भरपाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

इतना ही नहीं: प्रस्ताव 40 के पीछे के फ्रांसीसी अर्थशास्त्रियों और एकमात्र समूह को पता था कि उनके त्रुटिपूर्ण एकमुश्त टैक्स से मिलने वाली धनराशि समाप्त हो जाएगी, इसलिए उन्होंने इसमें एक ऐसी खामी शामिल की है जो विधान मंडल को जनता के मतदान के बिना इस टैक्स का विस्तार करने की अनुमति देती है।

प्रस्ताव 40 में कोई जवाबदेही या निगरानी नहीं है और यह सुनिश्चित करने के लिए कोई सुरक्षा उपाय नहीं हैं कि धनराशि निर्धारित उद्देश्य के अनुसार खर्च की जाए।

California को हमारे स्कूलों, स्वास्थ्य देखभाल और सार्वजनिक सुरक्षा के वित्तपोषण के लिए स्थिर और जवाबदेह राजस्व की आवश्यकता है—प्रस्ताव 40 की नहीं।

तथ्यों को जानें और प्रस्ताव 40 पर नहीं में मतदान करें।

**April O'Connor**, अध्यापिका
California अध्यापकों की एसोसिएशन

**Rob Gutierrez**, अध्यक्ष
California करदाता संघ (CalTax)

**Chris Hannan**, अध्यक्ष
California का स्टेट बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन ट्रेड्स काउंसिल


इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है॥

## ★ प्रस्ताव 40 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 40 पर नहीं—त्रुटिपूर्ण संपत्ति टैक्स "का प्रयोग" सभी California वासियों को नुकसान पहुँचाता है

प्रस्ताव 40 एक खराब तरीके से तैयार की गई टैक्स योजना है, जो हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचाएगी और हमारे राज्य के बजट को कई बिलियन डॉलर का नुकसान पहुँचाएगी—जबकि California वासियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत कम करने के लिए कुछ भी नहीं करेगी।

यह विधेयक एक एकमुश्त टैक्स है, जो केवल अस्थायी धनराशि उपलब्ध कराता है। जब यह धनराशि समाप्त हो जाएगी, तो राजनेता एक और टैक्स लेकर वापस आएँगे।

प्रस्ताव 40 से स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के लिए राजस्व में कमी के कारण CALIFORNIA को $25 बिलियन डॉलर का नुकसान होगा

Stanford यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्रियों के एक अध्ययन में पाया गया कि यह टैक्स कंपनियों और धनी निवासियों को राज्य से बाहर जाने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे California को $25 बिलियन डॉलर का नुकसान होगा।

ये निवासी नए व्यवसाय स्थापित करते हैं, हमारी आर्थिक वृद्धि को गति देते हैं और राज्य के प्रोग्रामों के वित्तपोषण के लिए उपयोग होने वाले आय टैक्सों का लगभग आधा हिस्सा पहले से ही चुकाते हैं। यदि वे चले जाते हैं, तो इससे हमारे बजट में बहुत बड़ी कमी पैदा होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और सार्वजनिक सुरक्षा जैसी प्रमुख सेवाएँ खतरे में पड़ेंगी या अन्य करदाताओं को इस कमी की भरपाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

California के डॉक्टर, अस्पताल और क्लीनिक प्रस्ताव 40 का विरोध करते हैं, क्योंकि वित्तपोषण में होने वाली कमी से मरीज़ों की स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच खतरे में पड़ जाएगी।

"प्रस्ताव 40 स्थिर स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण की आवश्यकता को पूरा नहीं करता। प्रस्ताव 40 इसे और बदतर बनाता है।"—Jodi Hicks, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, California की प्लान्ड पेरेंटहुड से जुड़ी संस्थाएँ

प्रस्ताव 40 को इस तरह लिखा गया है कि राजनेताओं को टैक्स का विस्तार करने की नई ताकत मिल जाए

प्रस्ताव 40 केवल "अरबपतियों पर टैक्स" नहीं है। इस विधेयक के पीछे के विशेष हितों वाले समूहों ने इसे इस तरह लिखा है कि राज्य विधान मंडल को मतदाताओं की मंज़ूरी के बिना इस विधेयक में संशोधन करने की ताकत मिल जाए।

स्वतंत्र कानूनी विश्लेषण में पाया गया कि प्रस्ताव 40 सभी California वासियों की परिसंपत्तियों—आपकी बचत, घर की इक्विटी और यहाँ तक कि रिटायरमेंट निधियों—तक इस टैक्स का विस्तार करने का रास्ता खोलता है। *www.ReadItForYourself.org*

प्रस्ताव 40 पहली बार रिटायरमेंट खातों पर टैक्स लगाता है

प्रस्ताव 40 California के इतिहास में रिटायरमेंट खातों पर टैक्स लगाने वाला पहला विधेयक होगा—जो एक खतरनाक मिसाल है। यदि यह पारित हो जाता है, तो अनिवार्य रूप से इसका विस्तार करके अधिक California वासियों की रिटायरमेंट बचत पर टैक्स लगाया जाएगा।

प्रस्ताव 40 अधिक फिज़ूलखर्ची करने का नुस्खा है

2019 से राज्य सरकार का खर्च 79% बढ़ गया है, लेकिन अपराध, आवास और बेघरपन जैसे प्रमुख मुद्दों पर बेहतर परिणाम नहीं मिले हैं। लेकिन प्रस्ताव 40 में यह सुनिश्चित करने के लिए कोई जवाबदेही, पारदर्शिता या निरीक्षण प्रावधान शामिल नहीं है कि धनराशि उद्देश्य के अनुसार खर्च की जाए।

इसके बजाय, प्रस्ताव 40: • स्कूलों के लिए मतदाताओं द्वारा मंज़ूर किए गए संवैधानिक सुरक्षा उपायों से स्वयं को छूट देता है, जिससे कक्षाओं को हर वर्ष $3 बिलियन डॉलर से अधिक की कम राशि मिलती है। *www.ProtectCaliforniaSchools.org* • मतदाताओं द्वारा मंज़ूर की गई राज्य की खर्च सीमा से स्वयं को छूट देता है, जिसमें अतिरिक्त राजस्व करदाताओं को वापस करने की आवश्यकता भी शामिल है। • कई बिलियन डॉलर सीधे स्वास्थ्य बीमा कंपनियों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को जाने से रोकने के लिए इसमें कोई सुरक्षा उपाय शामिल नहीं हैं।

लेखक स्वीकार करते हैं कि एकमुश्त टैक्स एक प्रयोग है

प्रस्ताव 40 के सह-लेखक फ्रांसीसी अर्थशास्त्रियों ने फ्रांस और यूरोपीय संघ में संपत्ति टैक्सों का प्रस्ताव रखा था, जिन्हें आर्थिक चिंताओं के कारण अस्वीकार कर दिया गया। वे प्रस्ताव 40 को "एक प्रयोग" कहते हैं, जिसका परिणाम उलटा पड़ सकता है, लेकिन उनका कहना है कि "California उनके विचार को आज़माने के लिए आदर्श स्थान है।"

हमें एक महँगे आर्थिक प्रयोग के लिए California के भविष्य को जोखिम में नहीं डालना चाहिए।

*www.WhoWroteProp40.org*

प्रस्ताव 40 का विरोध श्रम और व्यापार जगत, डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन, शिक्षक और अग्निशामक सभी करते हैं

प्रस्ताव 40 का विरोध गवर्नर Gavin Newsom, गवर्नर पद के डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन उम्मीदवारों तथा निम्नलिखित संगठनों द्वारा किया जाता है:

California टीचर्स एसोसिएशन, California के नियोजित पितृत्व सहयोगी, California चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल एसोसिएशन, स्टेट बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन ट्रेड्स काउंसिल ऑफ़ California, California कॉन्फ्रेंस ऑफ़ कारपेंटर्स, California प्रोफेशनल फायरफाइटर्स, California एशियन पैसिफिक चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, California काउंसिल फॉर अफोर्डेबल हाउसिंग, California टैक्सपेयर्स एसोसिएशन, California चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, California हिस्पैनिक चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स

हमारे साथ जुड़ें और इस त्रुटिपूर्ण टैक्स योजना पर नहीं में मतदान करें।
अधिक जानकारी के लिए *www.VoteNoOn40.org* पर जाएँ।

**René Bravo**, M.D., अध्यक्षा
California मेडिकल एसोसिएशन

**Francisco Silva**, मुख्य कार्यकारी अधिकारी
California प्राइमरी केयर एसोसिएशन

**Dr. Debra Schade**, अध्यक्ष
California स्कूल बोर्ड्स एसोसिएशन

40

## ★ प्रस्ताव 40 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

आइए तथ्यों की जाँच करें

1. प्रस्ताव 40 अरबपतियों पर लगाया जाने वाला टैक्स है। इसे किसी और पर लागू नहीं किया जा सकता—कामकाजी लोग पहले से ही अपने उचित हिस्से से अधिक भुगतान करते हैं।

2. प्रस्ताव 40 $100 बिलियन डॉलर जुटाएगा, ताकि उस स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण की भरपाई की जा सके, जिसमें Trump ने अरबपतियों को टैक्स छूट देने के लिए कटौती की थी।

3. अरबपति हर तनख्वाह से टैक्स चुकाने वाले कामकाजी परिवारों की तुलना में बहुत कम टैक्स दरों पर भुगतान करते हैं।

अरबपतियों के झूठ पर विश्वास न करें

जिन अरबपतियों ने Trump को "बिग, ब्यूटीफुल बिल" पारित कराने में मदद की, उन्होंने आपको अरबपतियों पर लगाए जाने वाले टैक्स के विरुद्ध मतदान करने के लिए गुमराह करने पर कई मिलियन डॉलर खर्च किए हैं।

इसके झाँसे में न आएँ। अरबपतियों द्वारा दिए गए समर्थन और अध्ययनों के पीछे सच्चाई छिपाई जा रही है—वे Trump के उस एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं जो अरबपतियों की रक्षा करता है और आम करदाताओं को नुकसान पहुँचाता है।

वास्तविक डॉक्टर, नर्सें, शिक्षक और कामगार प्रस्ताव 40 का समर्थन करते हैं

जहाँ कुछ संगठनों के नेताओं और लॉबिस्टों ने अरबपतियों का साथ दिया है, वहीं जिन कामकाजी लोगों का उन्हें प्रतिनिधित्व करना चाहिए, वे प्रस्ताव 40 के समर्थन में खड़े हैं और आपसे हाँ में मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं। समर्थकों में शामिल हैं:

California नर्सेज़ एसोसिएशन, प्रतिनिधि Ro Khanna, कमेटी ऑफ़ इंटर्न्स एंड रेज़िडेंट्स के डॉक्टर, SEIU, California लीग ऑफ़ यूनाइटेड लैटिन अमेरिकन सिटिज़न्स (LULAC), क्लर्जी एंड लेइटी यूनाइटेड फॉर इकोनॉमिक जस्टिस (CLUE)

प्रस्ताव 40 के विरोधियों के पास आपकी स्वास्थ्य देखभाल बचाने की कोई योजना नहीं है

अरबपतियों और उनकी कठपुतलियों ने Trump द्वारा हमसे छीने गए स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण की भरपाई के लिए कोई भी व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत नहीं किया है। वे अपना उचित हिस्सा चुकाने के बजाय यह पसंद करेंगे कि बंद पड़े अस्पतालों और आसमान छूती स्वास्थ्य देखभाल लागतों का बोझ मध्यम वर्ग पर पड़े।

प्रस्ताव 40 पर हाँ में मतदान करें।

**Suzanne Jimenez**, चीफ ऑफ़ स्टाफ
SEIU-यूनाइटेड हेल्थकेयर वर्कर्स वेस्ट

**Victoria Barron**, मरीज़ पहुंच विशेषज्ञ
पैसीफिक साउथवेस्ट का प्लांड पेरेंटहुड

**Denise Robb**, Ph.D., अमेरिकन फेडरेशन ऑफ़ टीचर्स लोकल 1521 की सदस्या
Los Angeles कॉलेज फैकल्टी गिल्ड

इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

प्रस्ताव

# 41 राजस्वों को राज्य के खर्च की सीमा से अलग करने वाले नए राज्य टैक्सों को प्रतिबंधित करता है। नए राज्य विशेष टैक्सों के लिए लेखा-परीक्षण को आवश्यक बनाता है। पहल संवैधानिक संशोधन।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया**

आधिकारिक शीर्षक और सारांश

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 147 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- ऐसे किन्हीं भी नए राज्य टैक्सों को प्रतिबंधित करता है जिसके राजस्वों को 1979 में मतदाताओं द्वारा अनुमोदित राज्य की खर्च सीमा से बाहर रखा गया है।
- राज्यव्यापी विशेष टैक्सों के लिए, (1) किसी मतदाताओं द्वारा प्रस्तावित विशेष टैक्स से निधिकरण प्राप्त करने वाले प्रोग्रामों का चुनाव से पहले लेखा-परीक्षण, और (2) 1 जनवरी, 2026 के बाद अधिनियमित विशेष टैक्सों द्वारा वित्तपोषित प्रोग्रामों के आवर्ती लेखा-परीक्षण को आवश्यक बनाता है।
- यह बताता है कि उसी मतपत्र पर दिखाई देने वाले अन्य मतदाता-अनुमोदित विधेयक अमान्य हैं यदि वे इस विधेयक का के विरोध में हैं और इस विधेयक को अधिक सकारात्मक वोट प्राप्त होते हैं।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- अज्ञात शुद्ध राजकोषीय प्रभाव। विशेष टैक्सों द्वारा वित्तपोषित प्रोग्रामों की नए एक-बारगी और निरंतर लेखा-परीक्षण की आवश्यकताओं को लागू करने के लिए California राज्य ऑडिटर के लिए बढ़ी हुई लागतें। इन लागतों का भुगतान अधिकतर विशेष टैक्सों से एकत्र किए गये नए राजस्वों से किया जाएगा। लेखा-परीक्षणों से प्राप्त हुई सिफ़ारिशों को लागू करने से जुड़ी संभावित बचतें।

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***चुनावों का प्रशासन।*** राज्य सचिव पूरे राज्य में चुनावों की देखरेख करते हैं और राज्य की *मतदाता सूचना गाइड* (VIG) तैयार करके डाक से भेजते हैं।

***मतदाता पहल प्रक्रिया।*** California के नागरिक राज्यव्यापी पहल प्रक्रिया के माध्यम से राज्य के कानूनों और संवैधानिक संशोधनों का प्रस्ताव कर सकते हैं। किसी पहल के समर्थक अपनी पहल को मतपत्र के लिए योग्य बनाने हेतु पंजीकृत मतदाताओं से हस्ताक्षर एकत्र करते हैं। राज्य का कानून यह निर्धारित करता है कि समर्थकों को अपनी पहल को मतपत्र के लिए योग्य बनाने हेतु कितने वैध हस्ताक्षर एकत्र करने होंगे। आवश्यक हस्ताक्षरों में से 25 प्रतिशत एकत्र कर लेने के बाद समर्थक राज्य सचिव को सूचित करते हैं।

***विशेष टैक्स।*** राज्य के टैक्सों को विधानमंडल या मतदाताओं द्वारा बढ़ाया जा सकता है। जब कोई "विशेष टैक्स" बनाया जाता है, तो उस टैक्स से प्राप्त राजस्व किसी विशिष्ट उद्देश्य या प्रोग्राम के लिए निर्धारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, कुछ ईंधन टैक्सों का उपयोग केवल सार्वजनिक सड़कों और अन्य परिवहन प्रोग्रामों के भुगतान के लिए किया जा सकता है।

***California राज्य लेखा-परीक्षक कार्यालय (राज्य लेखा-परीक्षक)।*** राज्य लेखा-परीक्षक राज्य सरकार का एक स्वतंत्र और निर्दलीय कार्यालय है। यह समीक्षा करता है कि राज्य और स्थानीय सरकारें कानून का कितनी अच्छी तरह पालन करती हैं, धन का उपयोग कैसे करती हैं और अपने प्रोग्रामों का संचालन कैसे करती हैं। इन समीक्षाओं को लेखा-परीक्षण कहा जाता है। किसी लेखा-परीक्षण में सरकारी कामकाज और कार्यकुशलता में सुधार करने में मदद के लिए सुझाव दिए जा सकते हैं। कुछ लेखा-परीक्षण नियमित रूप से किए जाते हैं, जबकि कुछ अन्य केवल एक बार किए जाते हैं।

## प्रस्थापना

***मतदाता पहल प्रक्रिया के माध्यम से विशेष टैक्सों के मतपत्र पर आने से पहले एक बार लेखा-परीक्षण कराना आवश्यक बनाता है।*** प्रस्ताव 41 के तहत राज्य लेखा-परीक्षक के लिए ऐसे प्रत्येक प्रोग्राम की समीक्षा करना आवश्यक है, जिसे मतदाता पहल प्रक्रिया के माध्यम से प्रस्तावित किसी नए या बढ़ाए गए विशेष टैक्स से धनराशि प्राप्त होगी। यह लेखा-परीक्षण तब किया जाएगा जब समर्थक किसी विधेयक को मतपत्र के लिए योग्य बनाने हेतु आवश्यक हस्ताक्षरों में से 25 प्रतिशत एकत्र कर लेंगे, यह उस समय से पहले होगा जब यह पता चलेगा कि पहल मतपत्र के लिए योग्य होगी या नहीं। प्रस्ताव 41 यह निर्धारित करता है कि राज्य लेखा-परीक्षक इन लेखा-परीक्षण में किन बातों को शामिल करेगा, जिनमें लेखा-परीक्षण किए गए प्रोग्राम की वार्षिक लागत को 10 प्रतिशत कम करने के तरीकों की पहचान करना भी शामिल है। प्रस्ताव 41 के तहत राज्य लेखा-परीक्षक के लिए प्रत्येक लेखा-परीक्षण का सारांश तैयार करना आवश्यक है। यदि विशेष टैक्स वाली कोई प्रस्तावित मतदाता पहल मतपत्र के लिए योग्य हो जाती है, तो प्रस्ताव 41 के तहत राज्य लेखा-परीक्षक का सारांश VIG में शामिल करना आवश्यक है। यदि मतदाता विशेष टैक्स को मंज़ूरी देते हैं, तो एक बार किए जाने वाले लेखा-परीक्षण की लागत नए टैक्स राजस्वों से चुकाई जाएगी।

***नए या बढ़ाए गए विशेष टैक्सों से धनराशि प्राप्त करने वाले प्रोग्रामों के नियमित लेखा-परीक्षण।*** प्रस्ताव 41 के तहत राज्य लेखा-परीक्षक के लिए उन प्रोग्रामों की समय-समय पर समीक्षा करना

41

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी है

**अन्य प्रस्तावों के साथ संभावित परस्पर क्रियाएँ**

यदि इसी मतपत्र पर प्रस्ताव 41 को प्रस्ताव 40 की तुलना में अधिक “हाँ” के मत मिलते हैं, तो प्रस्ताव 40 को कानून बनने से रोका जा सकता है, भले ही उसे अधिकांश मतदाताओं के हाँ मत प्राप्त हों। ऐसा इसलिए है क्योंकि अदालतें यह निर्धारित कर सकती हैं कि प्रस्ताव 41, प्रस्ताव 40 के साथ टकराव में है।

भी आवश्यक है, जिन्हें 1 जनवरी, 2026 के बाद विधानमंडल या मतदाताओं द्वारा बनाए गए या बढ़ाए गए विशेष टैक्सों से वित्तपोषण प्राप्त होता है। ये नियमित लेखा-परीक्षण हर चार वर्ष में किए जाएँगे। प्रस्ताव 41 यह निर्धारित करता है कि राज्य लेखा-परीक्षक इन लेखा-परीक्षण में किन बातों को शामिल करेगा, जिनमें प्रोग्राम की कार्यकुशलता में सुधार के लिए सुझाव भी शामिल हैं। प्रस्ताव 41 यह निर्धारित करता है कि इस नियमित कार्य की लागत का भुगतान नए टैक्स राजस्व से किया जाएगा।

***राज्य विनियोजन सीमा।*** राज्य का संविधान इस बात को सीमित करता है कि राज्य टैक्स राजस्वों के कितने हिस्से को खर्च कर सकता है। यह सीमा सामान्य कोष के टैक्सों और विशेष टैक्सों, दोनों पर लागू होती है। हालाँकि, कुछ प्रकार के खर्च, उदाहरण के लिए बुनियादी ढाँचे पर होने वाले खर्च, इस सीमा से बाहर रखे जाते हैं। प्रस्ताव 41 के तहत राज्य नए विशेष टैक्स से होने वाले खर्च को इस सीमा से बाहर रखने में सक्षम नहीं हो सकता है।

## राजकोषीय प्रभाव

***राज्य लेखा-परीक्षक की लागत में वृद्धि, जिसका अधिकांश भुगतान नए राजस्वों से किया जाएगा।*** प्रस्ताव 41 नई और नियमित लेखा-परीक्षण आवश्यकताएँ बनाकर राज्य लेखा-परीक्षक की लागतों को बढ़ाएगा। ये लागतें (1) प्रस्तावित और मंज़ूर किए गए नए या बढ़ाए गए विशेष टैक्सों की संख्या और (2) लेखा-परीक्षण किए जा रहे प्रोग्रामों की जटिलता पर निर्भर करेंगी। ये लागतें संभवतः प्रति वर्ष कुछ मिलियन डॉलर के दायरे में होंगी, लेकिन समय के साथ बढ़ेंगी। मतदाताओं या विधानमंडल द्वारा मंज़ूर किए गए विशेष टैक्सों से संबंधित एक बार किए जाने वाले और नियमित लेखा-परीक्षण की लागतों का भुगतान विशेष टैक्सों से एकत्र किए गए राजस्व से किया जाएगा। जो विशेष टैक्स अंततः मतपत्र पर नहीं आते हैं या जिन्हें मतदाता अस्वीकार कर देते हैं, उनसे संबंधित एक बार किए जाने वाले लेखा-परीक्षण की लागतों का भुगतान राज्य के सामान्य कोष से किया जाएगा। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है।)

***VIG की छपाई और डाक से भेजने की लागतों में वृद्धि।*** जब किसी विशेष टैक्स वाली मतदाता पहल मतपत्र पर आती है, तो प्रस्ताव 41 के तहत राज्य लेखा-परीक्षक की समीक्षा का सारांश VIG में शामिल करना आवश्यक होगा। इन लेखा-परीक्षण सारांशों से VIG में कई पृष्ठ जुड़ सकते हैं, जिससे प्रत्येक योग्य पहल के लिए राज्य की छपाई और डाक से भेजने की लागत में कुछ लाख डॉलर की वृद्धि होगी।

***यदि राज्य लेखा-परीक्षक की सिफारिशें लागू की जाती हैं तो संभावित बचतें।*** प्रस्ताव 41 के तहत राज्य लेखा-परीक्षक के लिए प्रोग्रामों की लागत कम करने या उनकी कार्यकुशलता में सुधार करने हेतु सिफारिशें देना आवश्यक है। यदि नीति निर्माता राज्य लेखा-परीक्षक की सिफारिशों को लागू करते हैं और वे सिफारिशें प्रभावी साबित होती हैं, तो प्रस्ताव 41 से बचतें हो सकती है या सेवाओं में सुधार हो सकता है। इससे होने वाली कोई भी बचतें भविष्य के निर्णयों पर निर्भर करेगी और फिलहाल ज्ञात नहीं है।

***शुद्ध प्रभाव ज्ञात नहीं है।*** प्रस्ताव 41 का शुद्ध राजकोषीय प्रभाव अज्ञात है, क्योंकि यह मतदाताओं, विधानमंडल और अन्य नीति निर्माताओं द्वारा भविष्य में लिए जाने वाले निर्णयों पर निर्भर करता है।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

41

## ★ प्रस्ताव 41 के पक्ष में तर्क ★

CALIFORNIA वासी अपने टैक्स के पैसों के बदले बेहतर परिणामों को पाने के हकदार हैं
*प्रस्ताव 41 के तहत राज्य लेखा-परीक्षक को प्रस्तावित नए टैक्सों से वित्तपोषित प्रोग्रामों की स्वतंत्र सार्वजनिक लेखा-परीक्षण करने होंगे, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई जा सके और बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकें।*

California वासी देश में सबसे अधिक टैक्सों में से कुछ का भुगतान करते हैं—और इसके साथ ही यहाँ जीवन-यापन की लागत भी बहुत अधिक है। केवल इस वर्ष ही California की राज्य सरकार $350 बिलियन डॉलर से अधिक खर्च करेगी—यह 2019 के बाद से खर्च में 79% की वृद्धि है। हमारे टैक्सों के कई बिलियन डॉलर आवासहीनता से निपटने के प्रयासों जैसे राज्य प्रोग्रामों पर खर्च किए गए हैं, लेकिन उसके मुकाबले परिणाम बहुत कम दिखाई दिए हैं।

हम राज्य को अपनी मेहनत की कमाई से जो पैसा देते हैं, उसके बदले हम बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बुनियादी ढाँचे और अन्य सेवाओं के हकदार हैं।

प्रस्ताव 41 हमारे टैक्सों से वित्तपोषित प्रोग्रामों में अधिक जवाबदेही, पारदर्शिता और मापी जा सकने वाली प्रगति की आवश्यकता तय करता है, ताकि हम विफल प्रोग्रामों को वित्तपोषित करना बंद करें और सफल परिणाम देने वाले प्रोग्रामों को वित्तपोषित करना शुरू करें।

प्रस्ताव 41 इस प्रकार काम करता है।

जवाबदेही, पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक लेखा-परीक्षण

प्रस्ताव 41 के तहत स्वतंत्र राज्य लेखा-परीक्षक को नए टैक्स वाले विधेयकों से वित्तपोषित प्रोग्रामों के कार्य-निष्पादन और वित्तीय लेखा-परीक्षण करने होंगे, और उनके परिणाम सार्वजनिक रूप से प्रकाशित किए जाएँगे। लेखा-परीक्षणों में निम्नलिखित करना आवश्यक होगा:

• प्रोग्राम के सभी खर्चों पर नज़र रखना और यह आकलन करना कि प्रोग्राम अपने निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त कर रहा है या नहीं; • यह निर्धारित करना कि प्रोग्रामों में पर्याप्त निगरानी और जवाबदेही है या नहीं • बर्बादी, धोखाधड़ी और दुरुपयोग के क्षेत्रों की पहचान करना; • यह सिफारिश करना कि भविष्य में बर्बादी और धोखाधड़ी से कैसे बचा जा सकता है और प्रोग्रामों को अधिक प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है।

प्रस्ताव 41 के तहत टैक्स पर मतदान होने से *पहले* भी लेखा-परीक्षण आवश्यक होंगे, ताकि मतदाताओं को पारदर्शी जानकारी मिल सके; साथ ही, स्वीकृत टैक्सों से वित्तपोषित प्रोग्रामों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उनके *निरंतर* लेखा-परीक्षण करवाने भी आवश्यक होंगे।

प्रस्ताव 41: प्रस्तावित टैक्सों के बारे में मतदाताओं के लिए स्वतंत्र, सार्वजनिक जानकारी

प्रोग्रामों को वित्तपोषित करने के लिए नए टैक्सों पर मतदान करने से पहले, मतदाताओं को इस बारे में स्वतंत्र जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए कि उन प्रोग्रामों का प्रबंधन कैसे किया जा रहा है और क्या उन्हें वास्तव में अधिक वित्तपोषण की आवश्यकता है। प्रस्ताव 41 के तहत लेखा-परीक्षक के निष्कर्ष सार्वजनिक रूप से और मतदाता सूचना गाइड में प्रकाशित किए जाने चाहिए—ताकि मतदाता विशेष हितों वाले समूहों या राजनेताओं की जानकारी पर निर्भर हुए बिना नए टैक्सों के बारे में सोच-समझकर निर्णय ले सकें।

*"यह सामान्य समझ पर आधारित और लंबे समय से अपेक्षित सुधार अंततः राज्य के खर्च में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा—और यह सुनिश्चित करेगा कि California वासियों को हमारे द्वारा चुकाए जाने वाले टैक्सों के बदले बेहतर सरकारी सेवाएँ मिलें। यह सरकारी खर्च के बारे में एक स्वतंत्र, सार्वजनिक रिपोर्ट कार्ड उपलब्ध कराता है, ताकि सरकारी प्रोग्राम सभी के लिए बेहतर ढंग से काम करें।"* — Pat Fong Kushida, CalAsian चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष/मुख्य कार्यकारी अधिकारी

प्रस्ताव 41: करदाताओं के लिए एक बेहतर व्यवस्था

प्रस्ताव 41 टैक्स में वृद्धि नहीं करता—यह करदाताओं के हितों की रक्षा करता है:

• यह उस बर्बादी और धोखाधड़ी को कम करता है, जिसके कारण हाल के वर्षों में California के करदाताओं को कई बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है; • यह आवश्यक करता है कि सभी टैक्स राज्य की मतदाताओं द्वारा अनुमोदित खर्च सीमा का पालन करें—जिसमें अतिरिक्त राजस्व करदाताओं को वापस करने की आवश्यकता भी शामिल है।

प्रस्ताव 41 यह सुनिश्चित करता है कि करदाताओं को केवल बड़ा टैक्स बिल ही नहीं, बल्कि बेहतर परिणाम भी मिलें।

*"हमारे द्वारा बर्बाद किया गया टैक्स का प्रत्येक डॉलर ऐसा डॉलर है, जो वास्तव में किसी की मदद कर सकता था। California वासी पहले से ही देश में सबसे अधिक राज्य आय और बिक्री टैक्सों का भुगतान करते हैं—हमें यह सुनिश्चित करने के लिए अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता है कि हमारे टैक्स के पैसे से परिणाम प्राप्त हों। प्रस्ताव 41 यही सुनिश्चित करता है।"*—Steve Westly, California के पूर्व नियंत्रक।

कृपया सुशासन समूहों, छोटे व्यवसाय के मालिकों, लेखाकारों, करदाताओं और सार्वजनिक पारदर्शिता के समर्थकों के साथ मिलकर प्रस्ताव 41 पर हाँ में मतदान करें।

अधिक जानकारी के लिए, यहाँ जाएँ: *www.ResultsCA.org*

**Denise LeDuc Froemming**, प्रमाणित सार्वजनिक लेखाकार, अध्यक्ष
California सोसाइटी ऑफ़ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स (CalCPAs)

**Tom Hayes**, पूर्व California राज्य लेखा-परीक्षक

**Robert Gutierrez**, अध्यक्ष
California करदाता संघ (CalTax)



## ★ प्रस्ताव 41 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

यह अरबपतियों द्वारा वित्तपोषित एक भ्रामक चाल है

धोखा न खाएँ—प्रस्ताव 41 वास्तव में लेखा-परीक्षणों के बारे में नहीं है।

यह सब एक चाल है ताकि लगभग 200 अरबपति अपने टैक्सों का भुगतान करने से बचते रहें, जबकि इसका बिल आपको चुकाना पड़े।

प्रस्ताव 41 अरबपति टैक्स को निष्प्रभावी कर देगा

प्रस्ताव 41 अरबपतियों द्वारा वित्तपोषित एक योजना है, जिसे विशेष रूप से California अरबपति टैक्स, प्रस्ताव 40, को निष्प्रभावी करने के लिए तैयार किया गया है।

प्रस्ताव 41 को मतपत्र पर इसलिए रखा गया क्योंकि अरबपति अपने उचित हिस्से का भुगतान नहीं करना चाहते। वे अपनी अत्यधिक संपत्ति पर मामूली, एकमुश्त टैक्स चुकाने के बजाय यह पसंद करेंगे कि लाखों कामकाजी लोग स्वास्थ्य सेवा से वंचित हो जाएँ।

स्थिति को और भी बदतर बनाते हुए, प्रस्ताव 41 केवल एक योजना ही नहीं है, बल्कि एक महँगी योजना भी है—इससे राज्य का समय और पैसा खर्च होगा।

DONALD TRUMP के कुछ दानदाताओं ने इसे वित्तपोषित किया है

इसके पीछे मौजूद अरबपतियों को करदाताओं के प्रति जवाबदेही की चिंता नहीं है। वे वर्षों से खामियों और टैक्स संबंधी छूटों का लाभ उठाकर अपने टैक्स का भुगतान करने से बचते रहे हैं।

यह दिखावटी पहल आप जैसे मतदाताओं को धोखे में डालकर अरबपतियों पर टैक्स लागू करना असंभव बनाने के लिए तैयार की गई थी।

यदि आप स्वास्थ्य सेवा, सार्वजनिक शिक्षा और खाद्य सहायता के लिए वित्तपोषण की परवाह करते हैं, तो प्रस्ताव 41 पर नहीं में मतदान करें

Donald Trump ने हमारी आवश्यक सेवाओं के लिए वित्तपोषण में कटौती की, ताकि अरबपति और भी अधिक संपत्ति जमा कर सकें।

California अरबपति टैक्स को पारित करना उस धन की भरपाई करने का एकमात्र तरीका है जिसे Trump ने हमसे छीन लिया, ताकि हमें बंद होते अस्पतालों और तेजी से बढ़ती हुई स्वास्थ्य देखभाल की लागतों का बोझ न उठाना पड़े।

लोगों की जान बचाने और California वासियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागतों को कम रखने के लिए, अरबपतियों के झूठ को खारिज करें।

प्रस्ताव 41 पर नहीं में मतदान करें।

**Suzanne Jimenez**, चीफ़ ऑफ़ स्टाफ
SEIU-यूनाइटेड हेल्थकेयर वर्कर्स वेस्ट



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है॥

## ★ प्रस्ताव 41 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 41 पर नहीं में मतदान करें। यह अरबपतियों द्वारा वित्तपोषित एक पहल है, जिसे विशेष रूप से California अरबपति टैक्स, प्रस्ताव 40, को निष्प्रभावी करने के लिए तैयार किया गया है।

प्रस्ताव 41 अरबपति टैक्स को निष्प्रभावी कर देगा

प्रस्ताव 41 को मतपत्र पर केवल एक कारण से रखा गया—क्योंकि अरबपति अपने उचित हिस्से का भुगतान नहीं करना चाहते। यह पहल आप जैसे मतदाताओं को धोखे में डालकर अरबपतियों पर टैक्स लागू करना असंभव बनाने के लिए तैयार की गई थी। इसीलिए आपको नहीं में मतदान करना चाहिए।

अरबपतियों के झूठ के बहकावे में न आएँ। प्रस्ताव 41 का उद्देश्य नए टैक्सों का लेखा-परीक्षण करना नहीं है। इसका उद्देश्य उस एक विशेष टैक्स को निष्प्रभावी करना है जिससे अरबपति बचना चाहते हैं, क्योंकि वे अपनी अत्यधिक संपत्ति पर मामूली, एकमुश्त टैक्स चुकाने के बजाय यह पसंद करेंगे कि लाखों कामकाजी लोग स्वास्थ्य सेवा से वंचित हो जाएँ।

प्रस्ताव 41 को उन अरबपतियों ने वित्तपोषित किया है जो चाहते हैं कि आप स्वास्थ्य देखभाल के लिए अधिक भुगतान करें

प्रस्ताव 41 के प्रमुख वित्तपोषकों में से एक Google के संस्थापक और Trump के दानदाता Sergey Brin हैं, जिनकी संपत्ति Trump के चुनाव के बाद लगभग दोगुनी होकर करीब $300 बिलियन डॉलर हो गई है। अब उन्होंने प्रस्ताव 41 जैसे दिखावटी विधेयकों को वित्तपोषित करने के लिए $57 मिलियन डॉलर से अधिक खर्च किए हैं, जिनका उद्देश्य अरबपतियों पर लगाए जाने वाले टैक्स को निष्प्रभावी करना है। अमेरिकी सीनेटर Bernie Sanders ने Brin के इस अहंकारपूर्ण कदम को "अस्वीकार्य" कहा है।

Donald Trump ने बड़े पैमाने पर टैक्स में छूट देकर कामकाजी लोगों की जेब से पैसा निकाला और Brin जैसे अरबपतियों को दे दिया। अब प्रस्ताव 41 का समर्थन करने वाले अरबपति चाहते हैं कि आप अपनी स्वास्थ्य देखभाल के लिए अधिक भुगतान करें।

यदि आप अरबपति टैक्स का समर्थन करते हैं, तो प्रस्ताव 41 पर नहीं में मतदान करें

हमारे पास अरबपतियों से उनका उचित हिस्सा चुकवाने का अवसर है, ताकि अस्पताल खुले रहें और California केकामकाजी परिवारों के लिए स्वास्थ्य सेवा किफायती बनी रहे। प्रस्ताव 41 पर नहीं में मतदान करें।

**Suzanne Jimenez**, चीफ ऑफ़ स्टाफ
SEIU-यूनाइटेड हेल्थकेयर वर्कर्स वेस्ट

## ★ प्रस्ताव 41 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

जब राज्य सरकार के प्रोग्राम अपेक्षित परिणाम नहीं देते, तो इससे उन लोगों को नुकसान होता है जो इन सेवाओं पर निर्भर हैं और उन करदाताओं को भी, जो इन्हें वित्तपोषित करते हैं।

प्रस्ताव 41 के तहत स्वतंत्र राज्य लेखा-परीक्षक को नए टैक्सों से वित्तपोषित किए जाने वाले प्रोग्रामों की कार्य-निष्पादन और वित्तीय लेखा-परीक्षण करने होंगे—ताकि प्रोग्रामों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने में मदद मिल सके।

अपने आप से पूछें: Sacramento का कोई एकमात्र विशेष हितों वाला समूह पारदर्शिता और जवाबदेही का विरोध क्यों करेगा?

प्रस्ताव 41 पर हाँ में मतदान करें: करदाता बेहतर परिणामों को पाने के हकदार हैं

कुछ तथ्य:

• इस वर्ष हमारे राज्य का बजट रिकॉर्ड $352 बिलियन डॉलर है। • 2019 के बाद से राज्य का खर्च 79% बढ़ गया है। • हमने आवासहीनता जैसे प्रोग्रामों पर कई बिलियन डॉलर खर्च किए हैं—लेकिन उसके मुकाबले परिणाम बहुत कम दिखाई दिए हैं।

देश में सबसे अधिक टैक्सों में से कुछ और बढ़ती हुई जीवन-यापन लागत के बीच, हम विफल प्रोग्रामों को वित्तपोषित करने का बोझ नहीं उठा सकते। बर्बाद किया गया प्रत्येक डॉलर ऐसा डॉलर है, जिसका उपयोग किसी की मदद के लिए किया जा सकता था।

प्रस्ताव 41 प्रोग्रामों में पारदर्शिता और मापी जा सकने वाली प्रगति की आवश्यकता तय करता है, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिल सके, जिन पर California वासी निर्भर हैं।

प्रस्ताव 41: जवाबदेही में सुधार के लिए सार्वजनिक लेखा-परीक्षण

"स्वतंत्र कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण मतदाताओं को सार्वजनिक संसाधनों के बारे में वस्तुनिष्ठ और विश्वसनीय जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे जवाबदेही और जनता का विश्वास मजबूत होता है।"—Denise LeDuc Froemming, अध्यक्ष, California सोसाइटी ऑफ़ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स

प्रस्ताव 41 के तहत स्वतंत्र राज्य लेखा-परीक्षक उन प्रोग्रामों की सार्वजनिक रूप से समीक्षा करता है जिन्हें नए टैक्सों से वित्तपोषित किया जाएगा, किसी भी बर्बादी या कुप्रबंधन को उजागर करता है और प्रोग्रामों में सुधार के लिए सिफारिशें करता है। आपके मतदान करने से पहले लेखा-परीक्षण के निष्कर्ष मतदाता सूचना गाइड में प्रकाशित किए जाते हैं—और यदि कोई टैक्स स्वीकृत हो जाता है, तो उसके निरंतर लेखा-परीक्षण भी किए जाते हैं।

मतदाता अधिक पारदर्शिता के हकदार हैं—भले ही विशेष हितों वाले समूहों को यह पसंद न हो।

प्रस्ताव 41 पर हाँ में मतदान करें। हमारे टैक्स के पैसों के लिए अधिक पारदर्शिता, अधिक जवाबदेही और बेहतर परिणाम।

**Pat Fong Kushida**, अध्यक्ष
California एशियन पैसीफिक चैंबर ऑफ़ कॉमर्स (CalAsian चैम्बर)

**Steve Westly**, पूर्व California राज्य नियंत्रक

**Robert Gutierrez**, अध्यक्ष
California करदाता संघ (CalTax)

प्रस्ताव

# 42 नए राज्य व्यक्तिगत संपत्ति टैक्सों और कुछ पूर्वव्यापी राज्य टैक्सों को प्रतिबंधित करता है। पहल संवैधानिक संशोधन।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया**

आधिकारिक शीर्षक और सारांश

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 150 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- व्यावसायिक हितों, बौद्धिक संपदा और वित्तीय संपत्तियों (जिनमें सेवानिवृत्ति और निवेश खातों में संपत्तियाँ शामिल हैं) सहित व्यक्तिगत संपत्ति पर नए राज्य टैक्सों को प्रतिबंधित करता है।
- ऐसे नए राज्य टैक्सों को प्रतिबंधित करता है जो करदाता के आचरण, गतिविधियों, या नए टैक्स के प्रभावी होने की तारीख से पहले हुई स्थिति के आधार पर पूर्वव्यापी रूप से लागू होते हैं।
- यह उन नए टैक्सों पर लागू होता है जो 1 जनवरी, 2026 को या उसके बाद अधिनियमित किए गए हैं या प्रभावी होते हैं।
- यह बताता है कि उसी मतपत्र पर दिखाई देने वाले अन्य मतदाता-अनुमोदित विधेयक अमान्य हैं यदि वे इस विधेयक का के विरोध में हैं और इस विधेयक को अधिक सकारात्मक वोट प्राप्त होते हैं।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- संभावना है कि भविष्य में टैक्स राजस्वों में उतनी वृद्धि नहीं होगी।

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***California में कुछ व्यक्तिगत संपत्ति पर टैक्स लगाया जाता है।*** राज्य और स्थानीय सरकारें, दोनों ही कुछ व्यक्तिगत संपत्ति के स्वामित्व पर टैक्स लगाती हैं। ये टैक्स संपत्ति के मूल्य पर आधारित होते हैं। व्यक्तिगत संपत्ति में रियल एस्टेट के अलावा वे सभी चीज़ें शामिल हैं, जिनका स्वामित्व लोगों के पास होता है। इस प्रकार के टैक्स का एक उदाहरण वाहन लाइसेंस शुल्क है, जिसे कार और ट्रक के मालिक हर वर्ष मोटर वाहन विभाग को चुकाते हैं। एक अन्य उदाहरण व्यावसायिक उपकरणों के मालिकों द्वारा हर वर्ष काउंटी को चुकाए जाने वाले संपत्ति टैक्स हैं।

***वित्तीय परिसंपत्तियों के स्वामित्व पर टैक्स नहीं लगाया जाता।*** कई प्रकार की व्यक्तिगत संपत्ति के स्वामित्व पर टैक्स नहीं लगाया जाता। इसका एक प्रमुख उदाहरण स्टॉक और निवेश खातों जैसी वित्तीय परिसंपत्तियाँ हैं। हालाँकि राज्य लोगों को उनकी वित्तीय परिसंपत्तियों से होने वाली आय पर टैक्स लगाता है, लेकिन केवल उन परिसंपत्तियों का स्वामित्व रखने पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाता।

## प्रस्थापना

***वित्तीय परिसंपत्तियों या अन्य व्यक्तिगत संपत्ति पर नए टैक्सों को प्रतिबंधित करता है।*** प्रस्ताव 42 के तहत वित्तीय परिसंपत्तियों या अन्य व्यक्तिगत संपत्ति के स्वामित्व पर नए टैक्स लगाने की अनुमति नहीं होगी।

***पूर्वव्यापी टैक्सों को सीमित करता है।*** प्रस्ताव 42 उन परिस्थितियों को सीमित करता है जिनमें कोई मतपत्र विधेयक या विधानमंडल किसी टैक्स को पूर्वव्यापी रूप से बढ़ा सकता है। पूर्वव्यापी टैक्स वह टैक्स है जो अतीत में हुई चीज़ों पर लागू होता है। इसका एक उदाहरण उस धन पर लगाया गया टैक्स है, जिसे किसी व्यक्ति ने दो वर्ष पहले कमाया था।

42

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण जारी है

**अन्य प्रस्तावों के साथ संभावित परस्पर क्रियाएँ**

यदि इसी मतपत्र पर प्रस्ताव 42 को प्रस्ताव 40 की तुलना में अधिक "हाँ" के मत मिलते हैं, तो प्रस्ताव 40 को कानून बनने से रोका जा सकता है, भले ही उसे अधिकांश मतदाताओं के हाँ मत प्राप्त हों। ऐसा इसलिए है क्योंकि अदालतें यह निर्धारित कर सकती हैं कि प्रस्ताव 42, प्रस्ताव 40 के साथ टकराव में है।

## राजकोषीय प्रभाव

***भविष्य में टैक्स राजस्वों के कम होने की संभावना।*** प्रस्ताव 42 भविष्य में टैक्सों को बढ़ाने के लिए राज्य के पास उपलब्ध विकल्पों को सीमित करता है। इससे राज्य के लिए टैक्सों को बढ़ाना कुछ हद तक कठिन हो सकता है। इससे भविष्य के टैक्स राजस्वों में कमी आ सकती है। भविष्य के राजस्वों में कब और कितनी कमी आएगी, यह स्पष्ट नहीं है।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

42

नए राज्य व्यक्तिगत संपत्ति टैक्सों और कुछ पूर्वव्यापी राज्य टैक्सों को प्रतिबंधित करता है। पहल संवैधानिक संशोधन।

## ★ प्रस्ताव 42 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 42 पर हाँ में मतदान करें: अपनी रिटायरमेंट और जीवन भर की बचत को राज्य के टैक्सों से बचाएँ

California अब देश में रिटायर होने के लिए तीसरा सबसे महँगा राज्य है। हर साल बढ़ती हुई लागत और टैक्स के कारण बचत करना और कठिन होता जा रहा है। अप्रैल 2026 के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 73% California वासी किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जिसे वित्तीय कारणों से अपनी रिटायरमेंट टालनी पड़ी है।

CALIFORNIA का संविधान वर्तमान में दोहरे कराधान की अनुमति देता है

फिर भी, California का संविधान वर्तमान में विधानमंडल को हमारी व्यक्तिगत संपत्ति, जैसे रिटायरमेंट निधियों और बचत खातों के मूल्य पर टैक्स लगाने की अनुमति देता है, जबकि निवासी उस पैसे को कमाते समय पहले ही उस पर आयकर दे चुके होते हैं। इसका अर्थ है कि राजनेता एक ही पैसे पर दो बार टैक्स लगा सकते हैं: पहली बार जब आप उसे कमाते हैं, और दूसरी बार जब वह आपकी रिटायरमेंट निधियों या बचत खातों में जमा होता है। यह दोहरा कराधान है!

केवल पिछले कुछ वर्षों में ही विधानमंडल और विशेष हितों वाले समूहों ने छह अलग-अलग प्रस्ताव पेश किए हैं, जिनके तहत रिटायरमेंट और बचत खातों पर टैक्स लगाया जाएगा।

California में टैक्स और जीवन-यापन की लागत पहले से ही बहुत अधिक हैं—हमें अपनी व्यक्तिगत संपत्ति और रिटायरमेंट बचत पर टैक्स से सुरक्षा की आवश्यकता है।

प्रस्ताव 42 रिटायरमेंट और बचत पर टैक्स लगाने पर रोक लगाता है

प्रस्ताव 42 राज्य के संविधान में संशोधन करके California वासियों को विशेष हितों वाले समूहों और राजनेताओं द्वारा किए जाने वाले इस दोहरे कराधान से बचाता है। विशेष रूप से, यह विधेयक:

• व्यक्तिगत संपत्ति, जैसे रिटायरमेंट निधियों, पेंशन और बचत खातों पर नए टैक्स लगाने पर रोक लगाता है; • पूर्वव्यापी टैक्स पर रोक लगाता है; और • इस वर्ष और भविष्य में रिटायरमेंट और बचत पर सभी नए टैक्स लगाने पर रोक लगाता है।

प्रस्ताव 42 सभी प्रकार की रिटायरमेंट निधियों और बचत को नए टैक्स से बचाता है

लगभग 80% California वासियों का कहना है कि उनके पास किसी न किसी प्रकार की रिटायरमेंट निधि या बचत है। इनमें वे युवा कर्मचारी शामिल हैं जिन्होंने अभी बचत करना शुरू किया है; पेंशन पाने वाले शिक्षक, अग्निशामक और पुलिस अधिकारी; और वे रिटायर्ड लोग जो अपनी वित्तीय सुरक्षा के लिए अपनी बचतों पर निर्भर हैं।

यह विधेयक सभी प्रकार की व्यक्तिगत संपत्ति पर नए टैक्सों से बचाता है, जिनमें 401ks, पेंशन, IRAs और व्यक्तिगत बचत शामिल हैं।

*"प्रस्ताव 42 California वासियों की बचत और रिटायरमेंट निधियों की सुरक्षा करता है। चाहे वह किसी यूनियन सदस्य की कड़ी मेहनत से अर्जित पेंशन हो या किसी छोटे व्यवसाय के मालिक का IRA, रिटायरमेंट पर नए टैक्सों को लोगों और उस वित्तीय सुरक्षा के बीच बाधा नहीं बनना चाहिए, जिसकी उन्होंने अपने भविष्य के लिए योजना बनाई है।"* —Chris Hannan, अध्यक्ष, स्टेट बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन ट्रेड्स काउंसिल ऑफ़ California, जो यूनियन से जुड़े निर्माण व्यवसायों के लाखों कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करती है।

प्रस्ताव 42 अनुचित पूर्वव्यापी टैक्स पर रोक लगाता है

राज्य को ऐसे नए टैक्स पारित करने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, जो करदाताओं द्वारा अतीत में कमाए गए धन पर पूर्वव्यापी रूप से लागू हों। प्रस्ताव 42 के तहत कोई भी नया टैक्स केवल मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद ही लागू हो सकता है।

*"यह निष्पक्षता और सामान्य समझ-बूझ का सवाल है। लोग वर्षों तक अपनी रिटायरमेंट की योजना बनाते हैं—वे स्थिर और पूर्वानुमानित नियमों के हकदार हैं, जो वर्षों की बचत और योजना के बाद न बदलें। प्रस्ताव 42 यह निश्चितता प्रदान करता है।"*—Sean Morgan, लाइसेंस प्राप्त वित्तीय सलाहकार

प्रस्ताव 42 को वरिष्ठ नागरिकों, भूतपूर्व सैनिकों, छोटे व्यवसाय के मालिकों, श्रमिकों और रिटायर्ड लोगों के एक व्यापक गठबंधन का समर्थन प्राप्त है, जिसमें California प्रोफेशनल फायरफाइटर्स और विकलांग अमेरिकन वेटरन्स, डिपार्टमेंट ऑफ़ California जैसे समूह शामिल हैं।

California वासी पहले से ही जीवन-यापन की ऊँची लागत और अधिक टैक्सों से जूझ रहे हैं। कई लोग रिटायरमेंट के लिए कुछ हद तक वित्तीय सुरक्षा हासिल करने के लिए अपना पूरा जीवन काम करते हैं। राजनेताओं और विशेष हितों वाले समूहों द्वारा हमारी रिटायरमेंट निधि और बचत पर टैक्स लगाना गैरकानूनी होना चाहिए।

आपने इसे कमाया और बचाया है। अब हमें इसकी रक्षा करने की आवश्यकता है।

कृपया प्रस्ताव 42 पर हाँ में मतदान करने में हमारे साथ शामिल हों। *YesonProp42.org*

**Michael Hedges**, अध्यक्ष
California लघु व्यवसाय एसोसिएशन

**Shelley Huff**, कमांडर
AMVETS, California विभाग

**Jennifer Yoder**, बोर्ड की सदस्या
California सीनियर गठबंधन

## ★ प्रस्ताव 42 के पक्ष में तर्क का खंडन ★



यह अरबपतियों द्वारा वित्तपोषित एक और चाल है

धोखा न खाएँ—प्रस्ताव 42 वास्तव में आपकी रिटायरमेंट बचत को नए टैक्सों से बचाने के बारे में नहीं है।

यह एक अनावश्यक और महँगी चाल है, जो लगभग 200 अरबपतियों को अपने टैक्सों का भुगतान करने से बचते रहने देती है, जबकि इसका बिल आपको चुकाना पड़ता है।

प्रस्ताव 42 अरबपति टैक्स को निष्प्रभावी कर देगा

प्रस्ताव 42 अरबपतियों द्वारा वित्तपोषित एक योजना है, जिसे विशेष रूप से California अरबपति टैक्स, प्रस्ताव 40, को निष्प्रभावी करने के लिए तैयार किया गया है।

प्रस्ताव 42 को मतपत्र पर इसलिए रखा गया क्योंकि अरबपति अपने उचित हिस्से का भुगतान नहीं करना चाहते। वे अपनी अत्यधिक संपत्ति पर मामूली, एकमुश्त टैक्स चुकाने के बजाय यह पसंद करेंगे कि लाखों कामकाजी लोग स्वास्थ्य देखभाल से वंचित हो जाएँ।

इसके पीछे कौन है? DONALD TRUMP के कुछ दानदाता

इसके पीछे मौजूद अरबपतियों को आपकी रिटायरमेंट बचत की सुरक्षा की चिंता नहीं है। वे अपनी सुरक्षा कर रहे हैं। वे वर्षों से खामियों और टैक्स संबंधी छूटों का लाभ उठाकर अपने टैक्स का भुगतान करने से बचते रहे हैं।

यह दिखावटी पहल आप जैसे मतदाताओं को धोखे में डालकर अरबपतियों पर टैक्स लागू करना असंभव बनाने के लिए तैयार की गई थी। इसीलिए आपको नहीं में मतदान करना चाहिए।

प्रस्ताव 40 केवल अरबपतियों की $2 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति पर टैक्स लगाएगा

प्रस्ताव 42 के पीछे मौजूद अरबपतियों ने California अरबपति टैक्स (प्रस्ताव 40) के बारे में झूठ फैलाए हैं और मतदाताओं को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की है कि उनकी रिटायरमेंट निधि और बचत खतरे में हैं।

डर फैलाने वाली इन बातों के झाँसे में न आएँ। California अरबपति टैक्स केवल अरबपतियों पर लागू होता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अरबपति आखिरकार अपने उचित हिस्से का भुगतान करें, ताकि हमें बंद होते अस्पतालों और तेजी से बढ़ती हुई स्वास्थ्य देखभाल की लागतों का बोझ न उठाना पड़े।

प्रस्ताव 42 पर नहीं में मतदान करें।

**Suzanne Jimenez**, चीफ ऑफ़ स्टाफ
SEIU-यूनाइटेड हेल्थकेयर वर्कर्स वेस्ट



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 42 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 42 पर नहीं में मतदान करें। यह अरबपतियों द्वारा वित्तपोषित एक पहल है, जिसे विशेष रूप से California अरबपति टैक्स, प्रस्ताव 40, को निष्प्रभावी करने के लिए तैयार किया गया है।

प्रस्ताव 42 अरबपति टैक्स को निष्प्रभावी कर देगा

प्रस्ताव 42 को मतपत्र पर केवल एक कारण से रखा गया—क्योंकि अरबपति अपने उचित हिस्से का भुगतान नहीं करना चाहते। यह पहल आप जैसे मतदाताओं को धोखे में डालकर अरबपतियों पर टैक्स लागू करना असंभव बनाने के लिए तैयार की गई थी। इसीलिए आपको नहीं में मतदान करना चाहिए।

अरबपतियों के झूठ के बहकावे में न आएँ। प्रस्ताव 42 का उद्देश्य व्यक्तिगत संपत्ति पर नए टैक्सों को रोकना नहीं है। इसका उद्देश्य उस एक विशेष टैक्स को रोकना है जिससे अरबपति बचना चाहते हैं, क्योंकि वे अपनी अत्यधिक संपत्ति पर मामूली, एकमुश्त टैक्स चुकाने के बजाय यह पसंद करेंगे कि लाखों कामकाजी लोग स्वास्थ्य देखभाल से वंचित हो जाएँ।

प्रस्ताव 42 को उन अरबपतियों ने वित्तपोषित किया है जो चाहते हैं कि आप स्वास्थ्य देखभाल के लिए अधिक भुगतान करें

प्रस्ताव 42 के प्रमुख वित्तपोषकों में से एक Google के संस्थापक और Trump के दानदाता Sergey Brin हैं, जिनकी संपत्ति Trump के चुनाव के बाद लगभग दोगुनी होकर करीब $300 बिलियन डॉलर हो गई है। अब उन्होंने प्रस्ताव 42 जैसे दिखावटी विधेयकों को वित्तपोषित करने के लिए $57 मिलियन डॉलर से अधिक खर्च किए हैं, जिनका उद्देश्य अरबपतियों पर लगाए जाने वाले टैक्स को निष्प्रभावी करना है। अमेरिकी सीनेटर Bernie Sanders ने Brin के इस अहंकारपूर्ण कदम को "अस्वीकार्य" कहा है।

Donald Trump ने बड़े पैमाने पर टैक्स में छूट देकर कामकाजी लोगों की जेब से पैसा निकाला और Brin जैसे अरबपतियों को दे दिया। अब प्रस्ताव 42 का समर्थन करने वाले अरबपति चाहते हैं कि आप अपनी स्वास्थ्य देखभाल के लिए अधिक भुगतान करें।

यदि आप अरबपति टैक्स का समर्थन करते हैं, तो प्रस्ताव 42 पर नहीं में मतदान करें

हमारे पास अरबपतियों से उनका उचित हिस्सा चुकवाने का अवसर है, ताकि अस्पताल खुले रहें और California केकामकाजी परिवारों के लिए स्वास्थ्य देखभाल किफायती बनी रहे। प्रस्ताव 42 पर नहीं में मतदान करें।

**Suzanne Jimenez**, चीफ ऑफ़ स्टाफ
SEIU-यूनाइटेड हेल्थकेयर वर्कर्स वेस्ट

## ★ प्रस्ताव 42 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 42 का समर्थन कौन करता है

प्रस्ताव 42 का समर्थन लाखों वरिष्ठ नागरिक, भूतपूर्व सैनिक, अग्निशामक, श्रमिक, सार्वजनिक सुरक्षा अधिकारी और कामकाजी परिवार करते हैं, क्योंकि यह सभी California वासियों की रिटायरमेंट निधि और बचत को नए टैक्सों से बचाता है।

प्रस्ताव 42 का विरोध कौन करता है? एक ऐसा संगठन जो रिटायरमेंट खातों पर टैक्स लगाना चाहता है।

हमें प्रस्ताव 42 की आवश्यकता क्यों है

हाल के वर्षों में Sacramento के राजनेताओं और विशेष हितों वाले समूहों ने बार-बार रिटायरमेंट और व्यक्तिगत बचत खातों पर टैक्स लगाने का प्रयास किया है। उन्होंने California के संविधान में मौजूद एक खामी का सहारा लिया है, जो सरकार को हमारी आय पर उस समय टैक्स लगाने की अनुमति देती है जब हम उसे कमाते हैं, और फिर दोबारा तब, जब वही पैसा हमारे बचत और रिटायरमेंट खातों में जमा होता है।

दोहरे कराधान के बिना भी CALIFORNIA पहले से ही काफी महँगा है

प्रस्ताव 42 रिटायरमेंट और बचत खातों और अन्य व्यक्तिगत संपत्ति पर सभी नए टैक्सों को प्रतिबंधित करके इस दोहरे कराधान पर रोक लगाता है, चाहे वे कानून के माध्यम से प्रस्तावित किए गए हों या किसी मतपत्र विधेयक के माध्यम से। इसमें इस वर्ष के मतपत्र पर मौजूद और भविष्य में आने वाले प्रस्ताव भी शामिल हैं।

यह राजनेताओं या विशेष हितों वाले समूहों द्वारा हमारी रिटायरमेंट निधियों और बचत खातों पर टैक्स लगाने के प्रयासों के विरुद्ध व्यापक संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करता है।

प्रस्ताव 42 से किसे लाभ होता है

प्रस्ताव 42 सभी California वासियों की रिटायरमेंट निधि और बचत की सुरक्षा करता है—चाहे वे अभी बचत शुरू करने वाले युवा कर्मचारी हों; पेंशन पाने वाले शिक्षक, अग्निशामक और पुलिस अधिकारी हों; या अपनी वित्तीय सुरक्षा के लिए बचत पर निर्भर रिटायर्ड लोग और भूतपूर्व सैनिक हों।

आपने इस पैसे को बचाया है। इसे अपने पास रखने का अधिकार आपका है।

प्रस्ताव 42 एक सरल सवाल पूछता है: क्या California के राजनेताओं के पास आपकी व्यक्तिगत संपत्ति, जिसमें रिटायरमेंट और बचत खाते भी शामिल हैं, पर टैक्स लगाने की ताकत होनी चाहिए?

यदि आपको लगता है कि आपकी रिटायरमेंट निधि और बचत को टैक्सों से सुरक्षित रखा जाना चाहिए, तो प्रस्ताव 42 पर हाँ में मतदान करें।

**Darrell Roberts**, अध्यक्ष
California के पेशेवर अग्निशामक

**Chris Hannan**, अध्यक्ष
California का स्टेट बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन ट्रेड्स काउंसिल

**Brian R. Marvel**, अध्यक्ष
California शांति अधिकारी अनुसंधान संघ

प्रस्ताव

# 43 स्थानीय सरकारी सेवाओं के लिए राजस्व जुटाने की मतदाताओं की क्षमता को सीमित करता है। वैधानिक संवैधानिक संशोधन।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया** आधिकारिक शीर्षक और सारांश

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 153 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- वर्तमान में, स्थानीय सरकारों को मतपत्र पर रखे गए विशेष टैक्सों (किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए समर्पित टैक्स) को लागू करने, उनकी अवधि बढ़ाने या उनमें वृद्धि करने के लिए दो-तिहाई मतदाता अनुमोदन प्राप्त करना ज़रूरी है। हालांकि, इन दो-तिहाई मतों की आवश्यकता उन विशेष टैक्सों पर लागू नहीं होती है जिन्हें वर्तमान में मतदाता हस्ताक्षर इकट्ठे किए जाने द्वारा मतपत्र पर रखा गया है।
- यह विधेयक ऐसे मतपत्र विधेयकों को अनुमोदित करने के लिए आवश्यक मतों के प्रतिशत को बहुमत (50% से अधिक) से बढ़ाकर दो-तिहाई करके मतदाताओं द्वारा प्रस्तावित स्थानीय विशेष टैक्सों को पारित करने की मतदाताओं की क्षमता को सीमित कर देगा।
- 1 जनवरी, 2027 के बाद अनुमोदित मतदाता-प्रस्तावित मतपत्र विधेयकों पर लागू होता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- संभावना है कि कुछ विशेष टैक्सों के लिए उच्च मतों की सीमा के कारण भविष्य में स्थानीय सरकार के टैक्स राजस्वों में उतनी वृद्धि नहीं होगी।

ACA 22 (प्रस्ताव 43) पर विधान मंडल द्वारा डाले गए अंतिम मतदान
(अध्याय 132, 2026 का विधान)

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 35 | नहीं 1 |
| विधानसभा: | हाँ 68 | नहीं 2 |

43

## परिप्रेक्ष्य

***California में स्थानीय सरकारें।*** California में कई स्थानीय सरकारें हैं। इनमें शहर, काउंटियाँ, विशेष ज़िले और स्कूल ज़िले शामिल हैं।

***स्थानीय टैक्सों के लिए मतदान की आवश्यक सीमाएँ।*** राज्य का संविधान स्थानीय मतदाताओं की मंज़ूरी से स्थानीय सरकारों को टैक्स बढ़ाने की अनुमति देता है। टैक्स वृद्धि को मतदाताओं या किसी स्थानीय शासी निकाय (जैसे नगर परिषद या पर्यवेक्षक मंडल) द्वारा मतपत्र पर रखा जा सकता है। कुछ प्रकार के स्थानीय टैक्सों में वृद्धि को मंज़ूरी देने के लिए दो-तिहाई मतों की आवश्यकता होती है, जबकि अन्य प्रकार के टैक्सों को मंज़ूरी देने के लिए बहुमत (आधे से अधिक) मतों की आवश्यकता होती है। कुछ स्थानीय टैक्स वृद्धियाँ स्थायी रूप से मंज़ूर की जाती हैं, जबकि अन्य को सीमित अवधि के लिए मंज़ूरी दी जाती है। इन टैक्सों की अवधि समाप्त होने से पहले मतदाताओं से पूछा जा सकता है कि क्या इन्हें आगे बढ़ाया जाए।

## प्रस्थापना

***कुछ स्थानीय टैक्सों के लिए मतदाताओं की दो-तिहाई मंज़ूरी आवश्यक बनाता है।*** वर्तमान कानून के तहत किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्थानीय टैक्सों को मंज़ूरी देने के लिए दो-तिहाई मतों की आवश्यकता होती है। इन्हें विशेष टैक्स कहा जाता है। हालाँकि, हाल ही के अदालती फैसलों ने मतदाताओं द्वारा प्रस्तावित विशेष टैक्सों को बहुमत के मत से मंज़ूर किए जाने की अनुमति दी है। प्रस्ताव 43 के तहत, 1 जनवरी, 2027 से मतदाताओं द्वारा प्रस्तावित किसी भी नए, बढ़ाए गए या आगे बढ़ाए गए स्थानीय विशेष टैक्स के लिए दो-तिहाई मतों की आवश्यकता होगी।

## राजकोषीय प्रभाव

***भविष्य में स्थानीय सरकारों के टैक्स राजस्व में कमी की संभावना।*** प्रस्ताव 43 स्थानीय सरकारों के लिए कुछ टैक्सों को पारित कराना अधिक कठिन बनाता है। इसके परिणामस्वरूप, भविष्य में स्थानीय सरकारों के टैक्स राजस्व उस स्थिति की तुलना में कम हो सकते हैं जो वैसे अन्यथा होते। राजस्व पर वास्तविक प्रभाव अज्ञात है और यह स्थानीय सरकारों और मतदाताओं द्वारा भविष्य में लिए जाने वाले निर्णयों पर निर्भर करेगा।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

43

## ★ प्रस्ताव 43 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 43 पर हाँ में मतदान करें: स्थानीय करदाता संरक्षण अधिनियम

California के परिवार देश में सबसे अधिक आय, बिक्री और गैस टैक्सों से जूझ रहे हैं। फिर भी राजनेता और विशेष हित समूह लगातार अधिक टैक्सों के लिए दबाव डाल रहे हैं, जिससे हमारी जीवन-यापन की लागत और भी बढ़ जाती है।

हम नए  या बढ़े हुए टैक्सों के रूप में अब और कोई अतिरिक्त राशि चुकाने का बोझ नहीं उठा सकते।

प्रस्ताव 43, प्रस्ताव 13 के करदाता संरक्षणों को बहाल करता है

प्रस्ताव 13 को टैक्सों में वृद्धि करना कठिन बनाने के लिए तैयार किया गया था, लेकिन अदालतों के फैसलों ने ऐसी खामियाँ पैदा कर दीं, जिनके कारण विशेष हितों वाले समूह मतदाताओं द्वारा अनुमोदित करदाता संरक्षणों को दरकिनार करके बड़े पैमाने पर नए कर बढ़ा सकते हैं। इन खामियों के न होने पर California वासियों को नए या बढ़े हुए टैक्सों के रूप में कई बिलियन डॉलर का भुगतान नहीं करना पड़ता। प्रस्ताव 43 इन खामियों को दूर करता है और स्थानीय विशेष टैक्सों को पारित करने के लिए दो-तिहाई मतों की आवश्यकता को बहाल करता है।

प्रस्ताव 43 आपके टैक्सों को बढ़ाना और कठिन बनाता है

पिछले दशक में स्थानीय सरकारों ने 2,000 से अधिक नए या बढ़े हुए टैक्स लगाए हैं, जिनमें बढ़े हुए बिक्री, संपत्ति और उपयोगिता कर शामिल हैं—और इसके लिए उन्होंने प्रस्ताव 13 में अदालतों के फैसलों से पैदा हुई खामियों का इस्तेमाल करके कुछ ऐसे अत्यधिक महंगे और नुकसानदेह टैक्स बढ़ाए हैं, जिनका सामना आज California वासियों को करना पड़ रहा है।

ये नए और बढ़े हुए टैक्स, भोजन और गैस से लेकर उपयोगिताओं और आवास तक, हमारे द्वारा खरीदी या इस्तेमाल की जाने वाली हर चीज़ को और महँगा बनाते हैं।

प्रस्ताव 43 सभी स्थानीय टैक्सों पर मतदाताओं के मतदान के अधिकार की गारंटी देता है और विशेष स्थानीय टैक्सों के लिए दो-तिहाई मतों की आवश्यकता को बहाल करता है।

प्रस्ताव 43 घर के मालिकों को महंगे नए रियल एस्टेट टैक्सों से बचाता है

California में आवास की लागत पहले से ही अमेरिका में सबसे अधिक लागतों में से एक है, फिर भी विशेष हितों वाले समूह अदालतों के फैसलों से पैदा हुई खामियों का इस्तेमाल करके घरों, अपार्टमेंटों और अन्य रियल एस्टेट की बिक्री पर नए टैक्स लगा रहे हैं।

कुछ शहर अब रियल एस्टेट के हस्तांतरण पर 6% तक टैक्स वसूलते हैं। California में $900,000 के औसत मूल्य वाले घर के मामले में, केवल अपना घर बेचने पर ही घर के मालिक को $54,000 चुकाने पड़ेंगे। ये लागतें घर के मालिकों की इक्विटी को कम करती हैं, अपार्टमेंट का किराया बढ़ाती हैं और नए आवास का निर्माण अधिक महँगा बनाती हैं।

प्रस्ताव 43 विशेष हितों वाले समूहों के लिए घर के मालिकों, किरायेदारों और छोटे व्यवसायों पर ये महंगे टैक्स लगाना बहुत कठिन बनाता है।

प्रस्ताव 43 टैक्सों से जुड़ी भ्रामक चालों पर रोक लगाता है

राजनेता और विशेष हितों वाले समूह वादा करते हैं कि नए टैक्सों से स्कूलों, सड़कों और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए धन उपलब्ध कराया जाएगा—लेकिन बाद में उस धन को कहीं और लगा दिया जाता है और मतदाताओं की इच्छा पूरी नहीं होती।

प्रस्ताव 43 के तहत सरकारों को टैक्स राजस्व उसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए खर्च करना होगा, जिसे मतदाताओं ने मंज़ूरी दी है। साथ ही, यह उस व्यापक मतदाता समर्थन की आवश्यकता को बहाल करता है, जो राजनेताओं और विशेष हितों वाले द्वारा किसी विशेष उद्देश्य के लिए निर्धारित टैक्स विधेयक लागू करने से पहले आवश्यक है।

यदि करदाताओं से अधिक भुगतान करने को कहा जाता है, तो उन्हें मतदान करने का अधिकार और यह भरोसा मिलना चाहिए कि उनका पैसा वादे के अनुसार ही खर्च किया जाएगा।

प्रस्ताव 43 फिर से मतदाताओं को निर्णय लेने का अधिकार देता है

हर चुनाव में राजनेता कहते हैं कि उन्हें बस एक और टैक्स वृद्धि की आवश्यकता है। प्रस्ताव 43 केवल यह सुनिश्चित करता है कि करदाताओं को टैक्सों पर मतदान करने के अधिकार के माध्यम से पूर्ण सुरक्षा मिले।

प्रस्ताव 43 पर हाँ में मतदान करें:

• सभी नए या बढ़े हुए स्थानीय टैक्स पर मतदान करने के मतदाताओं के अधिकार की पुष्टि करता है। • स्थानीय विशेष टैक्सों के लिए दो-तिहाई मतों की आवश्यकता को बहाल करता है। • प्रस्ताव 13 की सुरक्षा करता है और अदालतों के फैसलों से पैदा हुई खामियों को दूर करता है। • विशेष हितों वाले समूहों के लिए टैक्सों में वृद्धि करना कठिन बनाता है। • घर के मालिकों, किरायेदारों और छोटे व्यवसायों को नए रियल एस्टेट टैक्सों से बचाता है। • करदाताओं के धन को किस प्रकार खर्च किया जाता है, इसके लिए जवाबदेही को मजबूत करता है।

**Robert Gutierrez**, अध्यक्ष
California करदाता संघ

**Robert Rivinius**, अध्यक्ष
California का पारिवारिक व्यवसाय संघ

**Julian Canete**, अध्यक्ष
California हिस्पैनिक चैंबर्स ऑफ कॉमर्स

## ★ प्रस्ताव 43 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

हम सभी California में जीवन-यापन की ऊँची लागत से राहत पाना चाहते हैं। लेकिन प्रस्ताव 43 आपके टैक्सों में एक पैसे की भी कटौती नहीं करता। यह इससे कहीं अधिक मूल्यवान चीज़ पर हमला करता है: आपके मत की शक्ति पर।

43

प्रस्ताव 43 आपके मत की शक्ति को कमजोर करता है।

आज, जब स्थानीय मतदाता यह तय करते हैं कि अपने समुदायों का वित्तपोषण कैसे किया जाए, तो बहुमत का निर्णय मान्य होता है। प्रस्ताव 43 इस व्यवस्था को खत्म कर देता है और केवल 33.4% मतदाताओं को उस निर्णय को रोकने की शक्ति देता है जिसे लगभग 67% मतदाता चाहते हैं। प्रस्ताव 43 के तहत, नहीं में दिया गया मत, हाँ में दिए गए मत की तुलना में दोगुना प्रभाव रखता है। यह न तो उचित है और न ही लोकतांत्रिक।

प्रस्ताव 43 आवास संकट को और गंभीर बनाता है।

पूरे California में समुदाय कामकाजी परिवारों, वरिष्ठ नागरिकों और भूतपूर्व सैनिकों के लिए किफायती घर बनाने के पक्ष में मतदान करते हैं। वे किराएदारों को अपने घरों में बने रहने और लोगों को सड़कों से निकालकर आवास उपलब्ध कराने में मदद कर रहे हैं। प्रस्ताव 43 एक छोटे से अल्पसंख्यक समूह को इन समाधानों को रोकने की शक्ति देता है, भले ही आपके पड़ोसियों का स्पष्ट बहुमत उनका समर्थन करता हो।

प्रस्ताव 43 आपके समुदाय के हाथ बाँध देता है।

प्रस्ताव 43 उन महत्वपूर्ण स्थानीय सेवाओं का वित्तपोषण करना आपके लिए और कठिन बना देता है जिन पर आपका समुदाय निर्भर करता है: अग्निशमन केंद्रों और 911 आपातकालीन सेवाओं के लिए पर्याप्त कर्मचारी रखना, पड़ोसों को जंगल में लगने वाली आग के लिए तैयार करना, जर्जर सड़कों की मरम्मत करना, स्कूलों, पार्कों और पुस्तकालयों को खुला रखना, और जब Washington स्वास्थ्य देखभाल के वित्तपोषण में कटौती कर रहा है तब स्थानीय अस्पतालों और क्लीनिकों की रक्षा करना। जब वित्तपोषण रुक जाता है, तो सहायता पहुँचने में अधिक समय लगता है, कक्षाओं में भीड़ बढ़ती है और समुदाय कम सुरक्षित रह जाते हैं।

सत्ता वहीं रखें जहाँ उसका अधिकार है—आपके और आपके पड़ोसियों के पास।

इसीलिए शिक्षक, नर्सें, अग्निशामक और आवास समर्थक सभी प्रस्ताव 43 का विरोध करते हैं।

प्रस्ताव 43 पर नहीं में मतदान करें।

*www.NoProp43CA.com*

**Nick Lapis**, पक्ष-समर्थन के निदेशक
California वासी अगेंस्ट वेस्ट

**Bill Barnes**, अभियान एवं सामुदायिक निदेशक
गैर-लाभार्थी हाउसिंग एसोसिएशन ऑफ़ नार्दर्न California

**Steve Frisch**, अध्यक्ष
Sierra बिज़नेस काउंसिल



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 43 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 43 आवश्यक स्थानीय सेवाओं का वित्तपोषण करने की मतदाताओं की क्षमता को सीमित करता है।

प्रस्ताव 43 आपके लिए पुलिस और अग्निशमन विभागों जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं का वित्तपोषण करना, स्थानीय सड़कों की मरम्मत करना, हमारे स्थानीय स्कूलों में पर्याप्त कर्मचारी रखना या स्वास्थ्य देखभाल के संघीय वित्तपोषण में हुई कटौती की भरपाई करना अधिक कठिन बना देता है। प्रस्ताव 43 केवल एक-तिहाई मतदाताओं (33.4%) को स्थानीय मतदाताओं के निर्णयों को रोकने की अनुमति देकर मतदाताओं की आवाज़ और बहुमत के मत को कमजोर करता है—और कॉर्पोरेट विशेष हितों वाले समूहों के लिए अपना उचित हिस्सा चुकाने से बचना आसान बनाता है।

प्रस्ताव 43 अग्निशमन और पुलिस सेवाओं का वित्तपोषण करना अधिक कठिन बनाता है।

स्थानीय पुलिस और अग्निशामक Sacramento या Washington के राजनेताओं पर निर्भर नहीं रह सकते। इन सेवाओं का वित्तपोषण स्थानीय स्तर पर किया जाता है। प्रस्ताव 43 स्थानीय मतदाताओं के लिए पुलिस और अग्निशमन जैसी सेवाओं को नया वित्तपोषण देना अधिक कठिन बनाना चाहता है। पर्याप्त वित्तपोषण के बिना, 911 पर प्रतिक्रिया देने में अधिक समय लगता है, अग्निशमन केंद्रों में पर्याप्त कर्मचारी नहीं होते और जब हर सेकंड महत्वपूर्ण होता है, तब परिवारों को सहायता के लिए अधिक समय तक इंतज़ार करना पड़ता है। जब किसी घर में आग लगती है—या जंगल में लगने वाली आग हमारे पड़ोसों के लिए खतरा बनती है—तो यही स्थानीय वित्तपोषण हमारी रक्षा करता है। प्रस्ताव 43 मतदाताओं के एक छोटे से अल्पसंख्यक समूह को इसे रोकने की शक्ति देगा। भले ही 66% मतदाता हाँ में मतदान करें, प्रस्ताव 43 हमें अत्यंत आवश्यक स्थानीय सेवाओं का वित्तपोषण करने से रोक देगा।

प्रस्ताव 43 सड़कों की मरम्मत करना, स्कूलों का वित्तपोषण करना और स्वास्थ्य देखभाल की रक्षा करना अधिक कठिन बनाता है।

पूरे California में स्थानीय मतदाता जर्जर सड़कों की मरम्मत और परिवहन में सुधार करने, अपने पड़ोस के स्कूलों का वित्तपोषण करने और स्थानीय अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल की रक्षा करने के लिए एकजुट हुए हैं—विशेष रूप से ऐसे समय में जब Washington संघीय स्वास्थ्य वित्तपोषण में कटौती कर रहा है। ये ऐसे निर्णय हैं जो समुदाय बहुमत के मत से अपने लिए स्वयं लेते हैं। इसके बजाय, प्रस्ताव 43 मतदाताओं के एक छोटे से समूह को इन समाधानों को रोकने की शक्ति देता है, भले ही बहुमत उनका समर्थन करता हो।

प्रस्ताव 43 बहुमत की इच्छा के ऊपर 33.4% मतदाताओं को शक्ति देता है।

अमेरिका में हम एक व्यक्ति, एक मत के सिद्धांत में विश्वास करते हैं—और बहुमत जीतता है। प्रस्ताव 43 इस व्यवस्था को खत्म कर देता है। यह केवल एक-तिहाई से कुछ अधिक मतदाताओं को उस निर्णय को रोकने की शक्ति देता है जिसे लगभग 67% मतदाता चाहते हैं। यह कम मत पाने वाले अल्पसंख्यक समूह को नियंत्रण दे देता है—भले ही वे चरमपंथी हों। यह उनके नहीं में दिए गए मत को हाँ में दिए गए मत की तुलना में दोगुना प्रभावी बना देता है।

कॉर्पोरेट दानदाताओं को लाभ होता है। करदाताओं को नहीं।

प्रस्ताव 43 के तहत चुनावों में बड़ी रकम खर्च करने वाले कॉर्पोरेट दानदाताओं को सबसे अधिक लाभ होगा। अभी मतदाता इन कंपनियों और डेवलपरों को मतपत्र के माध्यम से जवाबदेह ठहरा सकते हैं और उनसे स्थानीय ज़रूरतों के लिए उनका उचित हिस्सा चुकवा सकते हैं। प्रस्ताव 43 इस शक्ति को छीनने के लिए बनाया गया है—ताकि बाकी सभी की कीमत पर कुछ शक्तिशाली लोगों की रक्षा की जा सके।

इसीलिए ये संगठन आपसे प्रस्ताव 43 पर नहीं में मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं:

• California के पेशेवर अग्निशामक • California वासी अगेंस्ट वेस्ट
• California फेडरेशन ऑफ़ टीचर्स • California स्कूल एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन
• कम्युनिटीज़ फॉर ए बेटर एनवायरनमेंट • AAPI फोर्स • गैर-लाभार्थी हाउसिंग एसोसिएशन ऑफ़ उत्तरी California • नर्स एलायंस ऑफ़ SEIU California
• Sierra बिज़नेस काउंसिल

अपने मत और बहुमत के शासन की रक्षा के लिए नहीं में मतदान करें। सत्ता वहीं रखें जहाँ उसका अधिकार है—आपके और आपके पड़ोसियों के पास।

प्रस्ताव 43 पर नहीं में मतदान करें।

*www.NoProp43CA.com*

**Darrell Roberts**, अध्यक्ष
California के पेशेवर अग्निशामक

**Chris Harkins**, कार्यकारी निदेशक
नर्स एलायंस ऑफ़ SEIU California

**Adam Weinberger**, अध्यक्ष
California स्कूल एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन

## ★ प्रस्ताव 43 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

करदाताओं के संरक्षण को बहाल करने के लिए प्रस्ताव 43 पर हाँ में मतदान करें

California वासी पहले से ही ऊँचे टैक्स चुकाते हैं। लेकिन पुलिस और अग्निशमन जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के वित्तपोषण को प्राथमिकता देने के बजाय, स्थानीय राजनेता आपकी धनराशि अपनी पसंदीदा परियोजनाओं पर बर्बाद करते हैं—और फिर सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं के वित्तपोषण की आवश्यकता का दावा करते हुए टैक्सों में वृद्धि की माँग करते हैं।

राज्य के संविधान के तहत किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए निर्धारित टैक्सों को मंज़ूरी देने के लिए दो-तिहाई मतों की आवश्यकता होती है, लेकिन हाल के अदालती फैसलों ने एक खामी पैदा कर दी, जिससे विशेष टैक्सों को कम मतों से पारित किया जा सका। अब California वासी कई बिलियन डॉलर के ऐसे टैक्स चुका रहे हैं, जिन्हें उन्हें नहीं चुकाना चाहिए था।

प्रस्ताव 43 स्थानीय विशेष टैक्सों के लिए लंबे समय से चली आ रही दो-तिहाई मतों की आवश्यकता को बहाल करता है, जिससे घर के मालिकों, किराएदारों और छोटे व्यवसायों को महँगे नए बिक्री और पार्सल टैक्सों, बिजली और गैस पर टैक्सों एवं रियल एस्टेट टैक्सों से संरक्षण मिलता है।

प्रस्ताव 43 करदाताओं को नए या बढ़े हुए स्थानीय टैक्सों पर मतदान करने के अधिकार की गारंटी देता है और सरकारों के लिए यह आवश्यक बनाता है कि वे करदाताओं की धनराशि उन्हीं विशिष्ट उद्देश्यों पर खर्च करें जिन्हें मतदाताओं ने मंज़ूरी दी है—इससे ऐसी भ्रामक योजनाओं को रोका जाता है जो हमारी पहले से ही बहुत ऊँची जीवन-यापन लागत को और बढ़ाती हैं।

पिछले एक दशक में स्थानीय सरकारों ने 2,000 नए या बढ़े हुए टैक्स लगाए हैं। प्रस्ताव 43 कुछ सबसे नुकसानदेह टैक्स वृद्धियों को पारित करने के लिए इस्तेमाल की गई खामियों को बंद करता है, प्रस्ताव 13 के तहत मतदाताओं द्वारा मूल रूप से मंज़ूर किए गए संरक्षणों को बहाल करता है और व्यापक मतदाता समर्थन के बिना विशेष हितों वाले समूहों के लिए टैक्स बढ़ाना अधिक कठिन बनाता है।

प्रस्ताव 43 को मतपत्र पर रखने के लिए विधान मंडल का लगभग सर्वसम्मत मतदान एक स्पष्ट संदेश देता है: सक्रियतावादी अदालतों ने ऐसी खामियाँ पैदा करके मतदाताओं की मंशा से आगे बढ़कर काम किया, जिनसे प्रस्ताव 13 के सुरक्षा उपाय कमजोर हुए।

सभी स्थानीय टैक्सों पर मतदान करने के अपने अधिकार को बहाल करें।

प्रस्ताव 43 पर हाँ में मतदान करें।

**Jon Coupal**, अध्यक्ष
Harvard Jarvis करदाता एसोसिएशन

**Michael Hedges**, अध्यक्ष
California लघु व्यवसाय एसोसिएशन

**Greg Van Dyke**, प्रमुख
किफायती और सुरक्षित सेवाओं के लिए California उपभोक्ता समर्थक

# सामुदायिक स्वास्थ्य क्लिनिकों के लिए राजस्व का 90% प्रोग्राम की सेवाओं पर खर्च करने को आवश्यक बनाता है। पहल विधान।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया** **आधिकारिक शीर्षक और सारांश**

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 153 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- उन गैर-लाभकारी संघीय रूप से योग्य स्वास्थ्य केंद्रों (ऐसे सामुदायिक क्लीनिक जो चिकित्सकीय रूप से वंचित क्षेत्रों और आबादी को प्राथमिक देखभाल प्रदान करते हैं) पर दंड लगाता है जो अपने राजस्व का 90% से कम भाग अपनी परोपकारी उद्देश्य की पूर्ति करने वाली "प्रोग्राम सेवाओं" पर खर्च करते हैं, जिनमें मरीज़ सेवाएँ शामिल हैं, लेकिन केवल उन्हीं तक सीमित नहीं हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग असाधारण परिस्थितियों में खर्च करने की आवश्यकताओं से छूट दे सकता है।
- अटर्नी जनरल (महाधिवक्ता) को योग्य खर्चों की परिभाषा निर्धारित करने संबंधी दिशा-निर्देश प्रकाशित करने के लिए अधिकृत करता है।
- यदि केंद्र पाँच वर्षों के भीतर नियमों का अनुपालन करने लगते हैं, तो उन पर लगाए गए आर्थिक दंड वापस किए जा सकते हैं।
- झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत करने या व्यय अनुपात को कृत्रिम रूप से बढ़ाने पर आपराधिक आरोप लगाने को अधिकृत करता है।

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- कुछ निजी गैर-लाभकारी स्वास्थ्य देखभाल क्लीनिकों पर नई आवश्यकताओं को लागू करने के लिए राज्य की लागतों में प्रति वर्ष कम से कम दसियों मिलियन डॉलर की वृद्धि, जिसकी पूर्ति प्रभावित क्लीनिकों से ली जाने वाली फीसों द्वारा कवर की जाएगी

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***सुरक्षा-जाल वाले क्लीनिक कम आय वाले लोगों को सेवाएँ प्रदान करते हैं।*** क्लीनिक ऐसे स्थान होते हैं जहाँ लोग डॉक्टर से मिलने जैसी कुछ स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं। कई क्लीनिकों को "सुरक्षा-जाल" वाले क्लीनिक माना जाता है, क्योंकि वे मुख्य रूप से कम आय वाले और बिना बीमा वाले लोगों को सेवाएँ प्रदान करते हैं। उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली देखभाल अक्सर मरीज़ों के लिए कम लागत वाली या मुफ़्त होती है। California में लगभग 2,000 सुरक्षा-जाल वाले क्लीनिक हैं। इनमें से अधिकांश निजी गैर-लाभकारी संस्थाएँ हैं और शेष का संचालन सार्वजनिक संस्थाओं (जैसे काउंटियों) द्वारा किया जाता है।

***क्लीनिक अपने राजस्व का अधिकांश हिस्सा स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर खर्च करते हैं।*** क्लीनिक अपने राजस्व का अधिकांश हिस्सा मरीज़ों को स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने पर खर्च करते हैं। उनके अन्य खर्च भी होते हैं, जैसे प्रशासनिक लागतें। हर वर्ष California के निजी गैर-लाभकारी सुरक्षा-जाल वाले क्लीनिक अपने राजस्वों और खर्चों की जानकारी संघीय सरकार और राज्य को देते हैं। वर्तमान में ये क्लीनिक अपने राजस्व का औसतन लगभग 80 प्रतिशत स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करने पर खर्च करने की जानकारी देते हैं, हालाँकि यह प्रतिशत अलग-अलग क्लीनिकों में अलग-अलग होता है।

## प्रस्थापना

***निजी गैर-लाभकारी सुरक्षा-जाल वाले क्लीनिकों में स्वास्थ्य देखभाल पर न्यूनतम खर्च निर्धारित करता है।*** प्रस्ताव 44 के तहत निजी गैर-लाभकारी सुरक्षा-जाल क्लीनिकों के लिए हर वर्ष अपने कुल राजस्व का कम से कम 90 प्रतिशत स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करने पर खर्च करना आवश्यक है। इसका अर्थ है कि प्रशासनिक लागतों जैसे अन्य खर्चों पर व्यय राजस्व के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकेगा। California के अटॉर्नी जनरल

संघीय सरकार को दी जाने वाली मौजूदा रिपोर्टों को आधार बनाकर अधिक विस्तार से यह निर्धारित करेंगे कि किस प्रकार के खर्च स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करने से संबंधित हैं और कौन-से खर्च अन्य खर्चों की श्रेणी में आते हैं। कुछ मामलों में प्रभावित क्लीनिक इन आवश्यकताओं से अस्थायी छूट दिए जाने के लिए राज्य से अनुरोध कर सकते हैं।

***न्यूनतम खर्च की आवश्यकता पूरी न करने पर जुर्माना लगाता है।*** प्रस्ताव 44 के तहत प्रभावित क्लीनिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल पर खर्च की नई न्यूनतम आवश्यकता पूरी न करने पर राज्य को जुर्माना देना आवश्यक है। जुर्माने की राशि उतनी होगी जितना खर्च 90 प्रतिशत की न्यूनतम सीमा तक पहुँचने के लिए आवश्यक होगा। यदि क्लीनिक पाँच वर्षों के भीतर खर्च संबंधी आवश्यकताओं का अनुपालन कर लेते हैं, तो उन्हें अपनी धनराशि वापस मिल सकती है। यदि क्लीनिक पाँच वर्षों के भीतर आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं करते हैं, तो राज्य उस धनराशि को अपने पास रखेगा और उसे क्लीनिकों के कार्यबल संबंधी प्रोग्रामों पर खर्च करेगा।

## राजकोषीय प्रभाव

***राज्य के लिए प्रवर्तन संबंधी लागतें उत्पन्न करता है।*** प्रस्ताव 44 के तहत राज्य निजी गैर-लाभकारी सुरक्षा-जाल वाले क्लीनिकों पर नई आवश्यकताओं को लागू करेगा। इसमें वित्तीय रिपोर्टों की समीक्षा करना और प्रभावित संस्थाओं की जाँच करना शामिल है। राज्य की प्रवर्तन संबंधी लागतें प्रति वर्ष कुछ दसियों मिलियन डॉलर के दायरे में होंगी। प्रस्ताव राज्य को प्रभावित क्लीनिकों से शुल्क लेकर इन लागतों को पूरा करने का निर्देश देता है।

***अन्य अनिश्चित लागतें भी हो सकती हैं।*** प्रस्ताव 44 से राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए अन्य लागतें भी उत्पन्न हो सकती हैं। ये लागतें अनिश्चित हैं। ये लागतें इस बात पर निर्भर करती हैं कि (1) राज्य के अटॉर्नी जनरल स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित खर्चों को किस प्रकार परिभाषित करेंगे और (2) प्रभावित क्लीनिक न्यूनतम खर्च की आवश्यकता को पूरा करेंगे या नहीं। उदाहरण के लिए, प्रभावित क्लीनिक इस आवश्यकता का अनुपालन करने के लिए प्रत्यक्ष स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर अधिक खर्च कर सकते हैं, जिससे राज्य की लागतें बढ़ सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इनमें से कुछ सेवाएँ Medi-Cal के मरीज़ों के लिए होंगी, यह राज्य का वह प्रोग्राम है जो कम आय वाले California वासियों को स्वास्थ्य देखभाल कवरेज प्रदान करता है। कुछ क्लीनिक जो न्यूनतम खर्च की आवश्यकता को पूरा नहीं कर पाएँगे, वे इसके बजाय बंद हो सकते हैं। इससे राज्य और स्थानीय लागतों पर अन्य अनिश्चित प्रभाव पड़ेंगे।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

प्रस्ताव

# 44

सामुदायिक स्वास्थ्य क्लिनिकों के लिए राजस्व का 90% प्रोग्राम की सेवाओं पर खर्च करने को आवश्यक बनाता है। पहल विधान।

## ★ प्रस्ताव 44 के पक्ष में तर्क ★

मरीज़ों को प्राथमिकता देने और क्लीनिकों को जवाबदेह बनाने के लिए प्रस्ताव 44 पर हाँ में मतदान करें।

California के सामुदायिक स्वास्थ्य क्लीनिक उन लोगों को देखभाल प्रदान करने के लिए करदाताओं से कई बिलियन डॉलर की धनराशि प्राप्त करते हैं, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। फिर भी कुछ क्लीनिक अपने वित्तपोषण का आधे से भी कम हिस्सा मरीज़ों की देखभाल और सेवाओं पर खर्च करते हैं, जबकि उनके राजस्व का बड़ा हिस्सा CEO के अत्यधिक वेतन और अन्य फिजूलखर्ची पर चला जाता है। इसके परिणामस्वरूप, मरीज़ों को अपॉइंटमेंट के लिए महीनों इंतज़ार करना पड़ता है और स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों को कर्मचारियों की कमी, पुराने उपकरणों और सीमित संसाधनों जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

प्रस्ताव 44 की आवश्यकता क्यों है

सामुदायिक स्वास्थ्य क्लीनिक करदाताओं से वित्तपोषण केवल एक उद्देश्य के लिए प्राप्त करते हैं: लाखों बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, कामकाजी परिवारों और विकलांग California वासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ, दंत चिकित्सा, प्रसवपूर्व देखभाल, टीकाकरण और अन्य आवश्यक सेवाएँ प्रदान करना। इन क्लीनिकों तक पहुँच के बिना, कई मरीज़ों को वह देखभाल नहीं मिल पाएगी जिसकी उन्हें तत्काल आवश्यकता है। लेकिन कुछ क्लीनिकों के CEO कई मिलियन डॉलर को अधिकारियों के अत्यधिक वेतन और अन्य गैर-ज़रूरी खर्चों की ओर मोड़कर करदाताओं की धनराशि का दुरुपयोग कर रहे हैं।

संघीय स्वास्थ्य देखभाल में भारी कटौती के कारण California की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के वित्तपोषण से कई बिलियन डॉलर कम होने की आशंका है, और इसका सबसे गंभीर प्रभाव सामुदायिक क्लीनिकों पर पड़ेगा। क्लीनिकों को सेवाएँ कम करने, कर्मचारियों की छँटनी करने या यहाँ तक कि अपने दरवाज़े बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इसका मतलब है कि स्वास्थ्य देखभाल पर खर्च किया जाने वाला हर डॉलर अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। California के करदाता उन संसाधनों की बर्बादी का खर्च वहन नहीं कर सकते, जिनका उपयोग मरीज़ों को समय पर, उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल प्राप्त करने में मदद करने के लिए किया जाना चाहिए।

प्रस्ताव 44 स्वास्थ्य देखभाल की धनराशि को मरीज़ों की देखभाल की ओर निर्देशित करता है

प्रस्ताव 44 सरल है। इसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य क्लीनिकों के लिए अपने राजस्व का कम से कम 90% अपने गैर-लाभकारी उद्देश्य—मरीज़ों की देखभाल और ऐसी देखभाल को संभव बनाने वाली सेवाओं—पर खर्च करना आवश्यक है। इसमें चिकित्सा संबंधी मुलाकातें, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल, दंत चिकित्सा, दवाएँ, चिकित्सा उपकरण, परिवहन, भाषा संबंधी दुभाषिया सेवाएँ, देखभाल समन्वय, लोगों तक सेवाएँ पहुँचाने के प्रयास और क्लीनिकों के परोपकारी स्वास्थ्य देखभाल उद्देश्य को पूरा करने वाली अन्य सेवाएँ शामिल हो सकती हैं।

90% में इनकी गणना नहीं होगी: मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अत्यधिक वेतन, भव्य आयोजन, जरूरत से अधिक प्रशासनिक खर्च और ऐसे अन्य खर्च जो मरीज़ों की देखभाल करने के क्लीनिक के मुख्य उद्देश्य से संसाधनों को दूर ले जाते हैं।

प्रस्ताव 44 क्लीनिकों को जवाबदेह बनाता है

प्रस्ताव 44 क्लीनिकों के लिए यह सार्वजनिक रूप से बताना आवश्यक बनाकर पारदर्शिता बढ़ाएगा कि स्वास्थ्य देखभाल की धनराशि कैसे खर्च की जाती है, ताकि मरीज़ और करदाता उन्हें जवाबदेह ठहरा सकें। वर्तमान में क्लीनिक प्रणाली में करोड़ों डॉलर की ऐसी धनराशि है, जिसे मरीज़ों की देखभाल के मुख्य उद्देश्य पर खर्च नहीं किया जा रहा है। प्रस्ताव 44 यह सुनिश्चित करेगा कि स्वास्थ्य देखभाल की यह धनराशि वहाँ खर्च हो, जहाँ इससे सबसे अधिक लाभ हो सकता है।

यह विधेयक क्लीनिकों के वित्तपोषण में कटौती नहीं करता और न ही उन सेवाओं को कम करता है जिन पर मरीज़ निर्भर हैं। जो क्लीनिक निर्धारित मानक को पूरा करते हैं, वे अपनी पूरी धनराशि अपने पास रखते हैं, और जो क्लीनिक मानक को पूरा नहीं कर पाते, वे भी आवश्यकताओं का अनुपालन करके जुर्माने के रूप में दी गई किसी भी धनराशि को वापस प्राप्त कर सकते हैं। जुर्माने की जो धनराशि वापस नहीं की जाती, यदि कोई हो, तो उसे उन स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों की भर्ती, प्रशिक्षण और उन्हें बनाए रखने के लिए लगाया जाता है, जिनकी हमारे क्लीनिकों को अत्यंत आवश्यकता है। हर डॉलर स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में ही रहता है—और अत्यधिक प्रशासनिक खर्चों के बजाय मरीज़ों की देखभाल को प्राथमिकता दी जाती है।

उन स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों, मरीज़ों और California वासियों के साथ जुड़ें, जो मानते हैं कि जवाबदेही हमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को मजबूत बनाती है।

मरीज़ों को प्राथमिकता देने के लिए प्रस्ताव 44 पर हाँ में मतदान करें।

**Shawna Brown**, पहल की प्रस्तावक

**Brisa J. Barrera**, सामुदायिक क्लिनिक कर्मी

## ★ प्रस्ताव 44 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 44 एक खतरनाक विशेष हित वाले समूह का विधेयक है, जो लाखों लोगों की देखभाल को खतरे में डालता है

इसमें कोई संदेह न रखें: प्रस्ताव 44 मरीज़ों की देखभाल के लिए संसाधन उपलब्ध कराने के बारे में नहीं है। प्रस्ताव 44 एक खतरनाक विधेयक है, *जिसे पूरी तरह से एक ही विशेष हित वाले समूह द्वारा तैयार और वित्तपोषित किया गया है और जो लाखों लोगों की देखभाल तक पहुँच को खतरे में डालता है। प्रस्ताव* 44 ऐसे अव्यावहारिक प्रतिबंध लगाता है, जो वास्तव में सामुदायिक क्लीनिकों को मरीज़ों के लिए आवश्यक देखभाल प्रदान करने से रोकते हैं।

नर्सें, डॉक्टर और मरीज़ हित समर्थक सभी सहमत हैं: प्रस्ताव 44 मरीज़ों को नुकसान पहुँचाएगा। प्रस्ताव 44 करेगा:

• हर वर्ष स्वास्थ्य क्लीनिकों की धनराशि में कई बिलियन डॉलर की कटौती करेगा। • क्लीनिकों को बंद होने और सेवाओं में कटौती करने के लिए मजबूर करेगा। • लाखों लोगों की देखभाल समाप्त कर देगा। • अधिक मरीज़ों को अस्पतालों के आपातकालीन कक्षों (ER) में जाने के लिए मजबूर करेगा—जिससे सभी परिवारों के लिए प्रतीक्षा का समय बढ़ेगा।

प्रस्ताव 44 अनावश्यक है। सामुदायिक क्लीनिकों पर सख्त नियम लागू होते हैं।

सामुदायिक क्लीनिकों पर कड़े नियम लागू हैं, जिनके तहत संसाधनों को मरीज़ों की देखभाल और उनके समुदायों की सेवा पर खर्च करना आवश्यक है। संघीय और राज्य कानूनों के तहत क्लीनिकों के खर्चों का नियमित लेखा परीक्षण और सार्वजनिक रिपोर्टिंग करना आवश्यक है। प्रत्येक सामुदायिक क्लीनिक गैर-लाभकारी है और उसका संचालन ऐसे निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें मरीज़ भी शामिल होते हैं—इसलिए धनराशि को कॉर्पोरेट मुनाफे के बजाय मरीज़ों की देखभाल और समुदाय के लाभ पर खर्च करना आवश्यक है।

प्रस्ताव 44 को आगे बढ़ाने वाले विशेष हित वाले समूह मरीज़ों को मोहरे के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं

प्रस्ताव 44 एक विशेष हित वाले समूह द्वारा सत्ता हासिल करने की शर्मनाक कोशिश है, जो स्वास्थ्य क्लीनिकों पर राजनीतिक प्रभाव हासिल करने के लिए मतपत्र विधेयक प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रहा है। इसी विशेष हित वाले समूह ने अस्पतालों, क्लीनिकों और चिकित्सकों के विरुद्ध दर्जनों नुकसानदेह मतपत्र विधेयकों को आगे बढ़ाने पर $140 मिलियन डॉलर खर्च किए हैं, जिनमें डायलिसिस से संबंधित तीन असफल प्रस्ताव भी शामिल हैं, जिन्हें मतदाताओं ने भारी बहुमत से अस्वीकार कर दिया था।

मरीज़ों, नर्सों, डॉक्टरों और सामुदायिक नेताओं के साथ जुड़ें: प्रस्ताव 44 पर नहीं में मतदान करें।

प्रस्ताव 44 का विरोध करने वालों में शामिल हैं:

• अमेरिकन एकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स CA • California स्कूल नर्सों का संगठन • California मेडिकल एसोसिएशन • अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ ऑब्सटेट्रिशियन्स एंड गायनेकोलॉजिस्ट्स ज़िला IX • CA की प्लान्ड पेरेंटहुड से जुड़ी संस्थाएँ • अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ इमरजेंसी फ़िज़िशियन्स CA • California एकेडमी ऑफ़ फैमिली फ़िज़िशियन्स

*www.NoProp44.com*

**Brent K Sugimoto**, MD, FAAFP, निर्वाचित अध्यक्ष
California एकेडमी ऑफ़ फैमिली फ़िज़िशियन्स

**Kelly McCue**, MD, तत्काल पूर्व अध्यक्षा
अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ ऑब्सटेट्रिशियन्स एंड गायनेकोलॉजिस्ट्स ज़िला IX

**Susanne J. Spano**, MD, FACEP, अध्यक्षा
अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ इमरजेंसी फिज़िशियन्स, California चैप्टर

44



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 44 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 44 पर नहीं का मतदान करें—मरीज़ों और सामुदायिक स्वास्थ्य क्लीनिकों पर हमले को रोकें

प्रस्ताव 44 एक खतरनाक और खराब तरीके से तैयार किया गया विधेयक है, जो California के लाखों मरीज़ों की देखभाल को खतरे में डाल देगा।

प्रस्ताव 44 गंभीर रूप से त्रुटिपूर्ण और अव्यावहारिक प्रतिबंध लगाता है, जो सामुदायिक क्लीनिकों को मरीज़ों के लिए आवश्यक देखभाल प्रदान करने से रोकते हैं।

आर्थिक और स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि प्रस्ताव 44:

• केवल पहले वर्ष में ही स्वास्थ्य क्लीनिकों की धनराशि में $1.7 बिलियन डॉलर की कटौती करेगा।
• राज्य के सभी क्लीनिकों में से 88% को घाटे में संचालन करने के लिए मजबूर करेगा। • पूरे राज्य में हजारों क्लीनिकों को मरीज़ सेवाओं में कटौती करने या पूरी तरह बंद होने के लिए मजबूर करेगा। • लाखों California वासियों की देखभाल समाप्त कर देगा। • अधिक मरीज़ों को अस्पतालों के आपातकालीन कक्षों में जाने के लिए मजबूर करेगा—जिससे सभी परिवारों के लिए प्रतीक्षा का समय बढ़ेगा।

प्रस्ताव 44 मरीज़ों के लिए महत्वपूर्ण सेवाओं पर खर्च को मनमाने ढंग से प्रतिबंधित करता है

प्रस्ताव 44 इतनी खराब तरह से तैयार किया गया है कि यह क्लीनिकों को आवश्यक कर्मचारियों और सेवाओं पर संसाधन खर्च करने से रोकता है, जिनमें नर्स प्रबंधक, चिकित्सक नेतृत्वकर्ता, अनुवाद सेवाएँ, बीमा सहायता और सामुदायिक शिक्षा शामिल हैं। यह क्लीनिकों को मैमोग्राम, एक्स-रे और CT मशीनों, सूचना प्रौद्योगिकी और क्लीनिकों के विस्तार या अपग्रेड के वित्तपोषण पर भी प्रतिबंध लगाता है।

प्रस्ताव 44 स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को गंभीर रूप से कमजोर करता है और सभी मरीज़ों को नुकसान पहुँचाता है

सामुदायिक स्वास्थ्य क्लीनिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, प्रसवपूर्व देखभाल, तत्काल देखभाल, मानसिक और व्यवहारिक स्वास्थ्य सेवाएँ, टेलीहेल्थ और दंत चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करते हैं। वे स्कूल-आधारित स्वास्थ्य क्लीनिक संचालित करते हैं, जो लाखों बच्चों की देखभाल करते हैं।

सामुदायिक क्लीनिक Medi-Cal के हर 4 में से 1 मरीज़ के साथ-साथ बिना बीमा वाले लोगों, कामकाजी परिवारों, वरिष्ठ नागरिकों, भूतपूर्व सैनिकों और बच्चों को सेवाएँ प्रदान करते हैं। कई ग्रामीण और चिकित्सा सेवाओं से वंचित समुदायों में, सामुदायिक स्वास्थ्य क्लीनिक सैकड़ों मील के दायरे में देखभाल का एकमात्र स्रोत हैं।

प्रस्ताव 44 हमारी पहले से ही खराब स्वास्थ्य देखभाल संबंधी समस्याओं को और बदतर बना देगा—इससे मरीज़ों के लिए प्रतीक्षा का समय बढ़ेगा और कई मरीज़ों के लिए देखभाल का एकमात्र स्रोत समाप्त हो जाएगा।

प्रस्ताव 44 अनावश्यक है। सामुदायिक क्लीनिकों पर सख्त नियम लागू होते हैं।

सामुदायिक क्लीनिकों पर पहले से ही संघीय और राज्य सरकारों द्वारा कड़े नियम लागू हैं, जिनमें मरीज़ों की देखभाल और आवश्यक सेवाओं के वित्तपोषण से संबंधित सख्त नियम और नियमित अनिवार्य सार्वजनिक लेखा परीक्षण शामिल हैं। सभी क्लीनिकों की निगरानी ऐसे बोर्ड सदस्यों द्वारा की जाती है जो स्वयं मरीज़ होते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देखभाल समुदाय की आवश्यकताओं पर केंद्रित हो। और क्लीनिक गैर-लाभकारी संस्थाएँ हैं, जिन्हें कानून के तहत अपने संसाधनों को मरीज़ सेवाओं और समुदाय के लाभ पर केंद्रित करना आवश्यक है।

मरीज़ों, नर्से, डॉक्टर और सामुदायिक नेता प्रस्ताव 44 का विरोध करते हैं

"*प्रस्ताव 44 कई समुदायों में देखभाल के एकमात्र स्रोत को समाप्त कर देगा। कृपया नहीं में मतदान करें।*"—Kim Yu, MD, FAAFP, अध्यक्ष, California एकेडमी ऑफ़ फैमिली फिज़िशियन्स

"सामुदायिक क्लीनिक मेरे परिवार और पूरे *California के लाखों लोगों के लिए जीवनरेखा हैं। कृपया, मेरे जैसे मरीज़ों की रक्षा करें। प्रस्ताव 44 को अस्वीकार करें।*"—Carmen Huertero, क्लीनिक के मरीज़, San Marcos, CA

"प्रस्ताव 44 ऐसे समय में महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच को खतरे में डालता है, *जब यह पहले से ही खतरे में है। नहीं में मतदान करें।*"—Jodi Hicks, अध्यक्षा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, California की प्लान्ड पेरेंटहुड से जुड़ी संस्थाएँ

"*क्लीनिकों को बंद करके, प्रस्ताव 44 लाखों मरीज़ों को पहले से ही भीड़भाड़ वाले अस्पतालों के आपातकालीन कक्षों में जाने के लिए मजबूर करेगा—जिससे सभी के लिए प्रतीक्षा का समय बढ़ेगा।*"—Susanne J Spano, MD, FACEP, अध्यक्ष, अमेरिकन कॉलेज ऑफ इमरजेंसी फिज़िशियंस, California

"प्रस्ताव *44 ऐसे सैकड़ों स्कूल-आधारित क्लीनिकों को बंद करने का खतरा पैदा करता है, जो हजारों बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करते हैं। नहीं में मतदान करें।*"—Katie Nilsson, RN, अध्यक्ष, California स्कूल नर्सेज़ ऑर्गनाइज़ेशन

प्रस्ताव 44 का विरोध करने वाले हैं:

• अमेरिकन एकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स, California • California स्कूल नर्सों का संगठन • California मेडिकल एसोसिएशन • California प्राइमरी केयर एसोसिएशन, जो हज़ारों कम्युनिटी हेल्थ केंद्रों और क्लीनिकों का प्रतिनिधित्व करता है • अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ ऑब्सटेट्रिशियन्स एंड गायनेकोलॉजिस्ट्स ज़िला IX • California की प्लान्ड पेरेंटहुड से जुड़ी संस्थाएँ • नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ सोशल वर्कर्स, California चैप्टर • अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ इमरजेंसी फिज़िशियन्स, California • California एकेडमी ऑफ़ फैमिली फिज़िशियन्स

*www.NoProp44.com*

**Eric Ball**, MD, FAAP, अध्यक्ष
अमेरिकन एकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स, California

**Katie Nilsson**, RN, अध्यक्षा
California स्कूल नर्सों का संगठन

**René Bravo**, M.D., अध्यक्षा
California मेडिकल एसोसिएशन

## ★ प्रस्ताव 44 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

डराने वाली बातों से गुमराह न हों।

अत्यधिक वेतन पाने वाले क्लीनिक अधिकारी चाहते हैं कि आप यह विश्वास करें कि यह विधेयक क्लीनिकों को बंद कर देगा, सेवाएँ समाप्त कर देगा और मरीज़ों को नुकसान पहुँचाएगा। ये दावे गलत हैं।

प्रस्ताव 44 मरीज़ों की देखभाल की रक्षा करता है—इसमें कटौती नहीं करता।

प्रस्ताव 44 केवल यह आवश्यक बनाता है कि क्लीनिकों के राजस्व का 90% उनके गैर-लाभकारी उद्देश्य पर खर्च किया जाए: मरीज़ों की देखभाल और देखभाल में सहायक सेवाओं पर। इसमें ये शामिल हो सकते हैं: परिवहन, भाषा संबंधी दुभाषिया सेवाएँ, देखभाल समन्वय, समुदाय तक सेवाएँ पहुँचाने के प्रयास, नर्स प्रबंधक और नैदानिक कर्मचारी, चिकित्सा उपकरण और सूचना प्रौद्योगिकी और मानसिक स्वास्थ्य, दंत चिकित्सा और निवारक देखभाल। विरोधी पक्ष गलत दावा करता है कि इन सेवाओं में कटौती की जाएगी, लेकिन प्रस्ताव 44 को मरीज़ों की सेवा पर होने वाले खर्च की रक्षा के लिए तैयार किया गया है।

प्रस्ताव 44 बहुमूल्य संसाधनों को मरीज़ों की देखभाल से दूर किए जाने से रोकता है

प्रस्ताव 44 इन पर होने वाले खर्च को कम करना चाहता है: मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अत्यधिक वेतन, भव्य आयोजन, महँगे सलाहकार और अनावश्यक प्रशासनिक खर्च। इसका अर्थ है कि स्वास्थ्य देखभाल की धनराशि वहीं खर्च होगी जहाँ उसे होना चाहिए: मरीज़ों की देखभाल पर।

क्लीनिक के अधिकारी जवाबदेही का विरोध क्यों कर रहे हैं?

प्रस्ताव 44 के विरुद्ध अभियान का वित्तपोषण उन्हीं अत्यधिक वेतन पाने वाले क्लीनिक अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें मौजूदा व्यवस्था से लाभ होता है। यदि मौजूदा निगरानी पर्याप्त होती, तो कुछ क्लीनिक अपने वित्तपोषण का आधे से भी कम हिस्सा मरीज़ों की देखभाल और सेवाओं पर खर्च नहीं कर रहे होते। क्लीनिकों के लिए वास्तविक खतरा जवाबदेही नहीं, बल्कि संघीय स्वास्थ्य देखभाल में की जा रही भारी कटौतियाँ हैं। मरीज़ यह बर्दाश्त नहीं कर सकते कि बहुमूल्य वित्तपोषण को मुख्य कार्यकारी अधिकारी के अत्यधिक वेतन और अन्य गैर-ज़रूरी खर्चों पर लगाया जाए, जबकि उन्हें अपॉइंटमेंट के लिए महीनों इंतज़ार करना पड़ता है और स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों को कर्मचारियों की कमी और सीमित संसाधनों से जूझना पड़ता है।

क्लीनिकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को नहीं, मरीज़ों को प्राथमिकता दें।

प्रस्ताव 44 पर हाँ में मतदान करें।

**Shawna Brown**, पहल की प्रस्तावक

**Brisa J. Barrera**, सामुदायिक क्लिनिक कर्मी

प्रस्ताव

# 45 कुछ परियोजनाओं के लिए पर्यावरण समीक्षा को संशोधित करता है। पहल विधान।

**अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया** आधिकारिक शीर्षक और सारांश

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 157 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- निर्दिष्ट परियोजना श्रेणियों (जिनमें अधिकांश आवास, परिवहन, जल, स्वास्थ्य, जंगल की आग को कम करने, शैक्षिक सुविधा, इंटरनेट तक पहुँच और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएँ शामिल हैं) के लिए पर्यावरण समीक्षा में तेजी लाने के लिए California पर्यावरण गुणवत्ता अधिनियम (CEQA) में संशोधन करता है। इस प्रकार की परियोजनाओं के लिए, यह विधेयक:
  - सार्वजनिक एजेंसियों के लिए पर्यावरणीय समीक्षा को पूरा करने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अंतिम समय सीमाओं को निर्धारित करता है।
  - पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए व्यवहार्य परियोजना विकल्पों की एक श्रृंखला पर विचार करने हेतु सार्वजनिक एजेंसियों के वर्तमान दायित्व को सीमित करते हुए, पर्यावरणीय प्रभावों की शीघ्र समीक्षा करने की अनुमति देता है।
  - परियोजना अनुमोदनों को चुनौती देने वाले मुकदमों को दायर करने और उनका समाधान करने के लिए अंतिम समय सीमाओं को स्थापित करता है; उन सबूतों, जिन पर अदालतें विचार कर सकती हैं और राहतें जो अदालतें आदेश दे सकती हैं, को सीमित करता है।

### राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:

- योग्य परियोजनाओं के लिए नई परियोजना समीक्षा और अदालती चुनौती प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए आरंभिक लागतें, जो संभवतः दसियों मिलियन डॉलर की सालाना ऊपरी सीमा में होगी—संभावित रूप से $100 मिलियन वार्षिक से अधिक। परियोजना आवेदकों और मुकदमा दायर करने वाले लोगों द्वारा भुगतान की गई फीस आंशिक रूप से इन लागतों की पूर्ति करेगी।
- लंबी अवधि में, राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए अनिश्चित, लेकिन संभावित रूप से अधिक महत्वपूर्ण सकारात्मक या नकारात्मक राजकोषीय प्रभाव। समग्र प्रभाव, आंशिक रूप से, इस बात पर निर्भर करता है कि नई प्रक्रियाएँ, बनने वाली योग्य परियोजनाओं की संख्या को कैसे बदलती हैं और क्या उन परियोजनाओं के अलग-अलग पर्यावरणीय प्रभाव हैं।

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***राज्य कानून के तहत सरकारी एजेंसियों के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभावों की समीक्षा करना आवश्यक है।*** राज्य और स्थानीय सरकारी एजेंसियाँ कुछ परियोजनाओं के निर्माण से पहले उनकी समीक्षा और मंज़ूरी देने के लिए ज़िम्मेदार होती हैं। इस प्रक्रिया के तहत, California पर्यावरण गुणवत्ता अधिनियम (CEQA) के अनुसार किसी एजेंसी के लिए किसी परियोजना को मंज़ूरी देने से पहले यह विचार करना आवश्यक है कि वह परियोजना पर्यावरण पर किस प्रकार नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। CEQA कई प्रकार की सार्वजनिक और निजी परियोजनाओं पर लागू होता है, जैसे आवासीय विकास परियोजनाएँ, स्कूल सुविधा-स्थल और राजमार्गों का विस्तार। कुछ अपवाद लागू होते हैं। उदाहरण के लिए, राज्य कानून सार्वजनिक परिवहन के निकट स्थित कुछ आवासीय विकास परियोजनाओं को CEQA समीक्षा की आवश्यकता से छूट देता है।

***CEQA प्रक्रिया कैसे काम करती है।*** सरकारी एजेंसी सबसे पहले यह निर्धारित करती है कि किसी परियोजना पर CEQA लागू होता है या नहीं। यदि CEQA लागू होता है, तो एजेंसी इसके बाद यह निर्धारित करती है कि क्या परियोजना पर्यावरण को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती है और क्या परियोजना में छोटे बदलाव करके उन प्रभावों से बचा जा सकता है या उन्हें कम किया जा सकता

45

है। यदि छोटे बदलाव करके महत्वपूर्ण प्रभावों से बचा या उन्हें कम नहीं किया जा सकता, तो एजेंसी को अधिक विस्तृत समीक्षा करनी होती है, जिसे पर्यावरणीय प्रभाव रिपोर्ट (EIR) कहा जाता है। (अधिकांश परियोजनाओं के लिए EIR की आवश्यकता नहीं होती; हालाँकि, बड़ी और जटिल परियोजनाओं के लिए EIR की आवश्यकता कुछ अधिक आम है।) EIR परियोजना के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों का विश्लेषण करती है और उन प्रभावों को कम करने वाले विकल्पों पर विचार करती है। पर्यावरणीय समीक्षा पूरी करने के बाद, एजेंसी यह निर्णय लेती है कि परियोजना को मंज़ूरी दी जाए या नहीं। इस प्रक्रिया के कुछ चरणों में, सरकारी एजेंसी को परियोजना की पर्यावरणीय समीक्षा के बारे में जनता और अन्य सरकारी एजेंसियों से टिप्पणियाँ माँगनी और उन पर विचार करना आवश्यक होता है।

***लोग किसी सरकारी एजेंसी की CEQA समीक्षा को लेकर उसके विरुद्ध मुकदमा दायर कर सकते हैं।*** जब कोई सरकारी एजेंसी CEQA समीक्षा पूरी कर लेती है और यह निर्णय ले लेती है कि किसी परियोजना को मंज़ूरी दी जाए या नहीं, तो जो लोग मानते हैं कि एजेंसी ने CEQA प्रक्रिया का सही तरीके से पालन नहीं किया, वे एजेंसी के विरुद्ध मुकदमा दायर कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, किसी परियोजना का विरोध करने वाला व्यक्ति यह तर्क दे सकता है कि पर्यावरणीय विश्लेषण पर्याप्त नहीं था। यदि अदालत यह पाती है कि एजेंसी ने CEQA का सही तरीके से पालन नहीं किया, तो वह पूरी परियोजना को रोक सकती है और एजेंसी को प्रक्रिया के उस हिस्से को ठीक करने का आदेश दे सकती है जिसमें समस्या थी।

***कई परियोजनाओं के लिए अन्य मंज़ूरियाँ भी प्राप्त करना आवश्यक होता है।*** CEQA समीक्षा के अलावा, कई परियोजनाओं को आगे बढ़ने से पहले अन्य स्थानीय और/या राज्य सरकारी एजेंसियों से मंज़ूरी या परमिट प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, कोई व्यवसाय जो स्वास्थ्य क्लीनिक बनाना चाहता है, उसे आगे बढ़ने से पहले स्थानीय सरकार से भूमि उपयोग संबंधी नियमों में बदलाव कराने की आवश्यकता हो सकती है। इसके अलावा, राज्य एजेंसियों को यह समीक्षा और मंज़ूरी देने की आवश्यकता हो सकती है कि परियोजना से वन्यजीवों की कुछ प्रजातियों और पानी की गुणवत्ता पर क्या प्रभाव पड़ सकता है।

## प्रस्थापना

प्रस्ताव 45 कुछ प्रकार की परियोजनाओं की समीक्षा के लिए नई प्रक्रियाएँ बनाता है, जिन्हें यह "अत्यावश्यक" के रूप में परिभाषित करता है। चित्र 1 में उन परियोजनाओं के प्रकारों की सूची दी गई है जो नई प्रक्रियाओं के लिए योग्य हैं। यह प्रस्ताव (1) CEQA समीक्षा, परमिट और अदालती चुनौतियों के लिए समय-सीमाओं को सख्त करता है; (2) CEQA समीक्षा प्रक्रिया के कुछ हिस्सों में बदलाव करता है; और (3) CEQA मुकदमों के लिए अदालत की समीक्षा प्रक्रिया में बदलाव करता है। यह प्रस्ताव योग्य परियोजनाओं के आवेदकों को नई प्रक्रियाओं या मौजूदा प्रक्रियाओं में से किसी एक का उपयोग करने का विकल्प देता है।

चित्र 1

**प्रस्ताव 45 की नई प्रक्रियाओं का उपयोग करने के लिए योग्य परियोजनाओं के प्रकार**

- आवास।
- जल प्रणाली (डेल्टा जल परिवहन सुविधा-स्थलों को शामिल न करते हुए)।
- स्वच्छ ऊर्जा (परमाणु ऊर्जा को शामिल न करते हुए)।
- स्वास्थ्य सुविधा-स्थल, क्लिनिक और चिकित्सा कार्यालय भवन।
- अग्निशमन, पुलिस और शेरिफ स्टेशन।
- जंगल में लगने वाली आग के जोखिम में कमी।
- ब्रॉडबैंड इंटरनेट तक पहुँच।
- शिक्षा सुविधा-स्थल।
- परिवहन (हाई-स्पीड रेल को शामिल न करते हुए)।

***योग्य परियोजनाओं की समीक्षा और अदालती चुनौतियों के लिए समय-सीमाओं को सख्त करता है।*** प्रस्ताव 45 राज्य और स्थानीय सरकारों द्वारा CEQA तथा परमिट संबंधी समीक्षा करने के लिए अधिक बाध्यकारी समय-सीमाएँ निर्धारित करता है। इनमें यह निर्धारित करने की समय-सीमा शामिल है कि परियोजना का आवेदन पूरा है या नहीं, EIR को पूरा करने की समय-सीमा और अन्य प्रकार



प्रस्ताव 45 के पूरे टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 157 पर जाएँ।

की मंज़ूरियाँ तथा परमिट देने की समय-सीमाएँ। उदाहरण के लिए, यदि कोई एजेंसी EIR को पूरा करने के लिए 365 कार्य-दिवस की समय-सीमा का पालन नहीं करती है, तो प्रस्ताव 45 आवेदक को एजेंसी के समक्ष सुनवाई का अनुरोध करने—और संभावित रूप से अदालत में मुकदमा दायर करने—की अनुमति देता है। यह प्रस्ताव कानूनी चुनौतियों का निपटारा करने के लिए अदालतों के लिए भी एक समय-सीमा निर्धारित करता है।

***योग्य परियोजनाओं के लिए CEQA समीक्षा में बदलाव करता है।*** योग्य परियोजनाओं के लिए, प्रस्ताव 45 CEQA समीक्षा प्रक्रिया में कई बदलाव करता है, जिनमें शामिल हैं:

- ***आवेदन प्रक्रिया।*** सरकारी एजेंसी के लिए यह आवश्यक बनाता है कि आवेदन जमा किए जाने से पहले वह उन सभी जानकारियों को स्पष्ट करे जिन्हें आवेदन में शामिल किया जाना आवश्यक है। (मौजूदा कानून एजेंसियों को बार-बार अतिरिक्त जानकारी माँगने या परियोजना में बदलाव करने का अनुरोध करने की अनुमति देता है।)
- ***पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन कैसे किया जाता है।*** एजेंसी के लिए यह आवश्यक बनाता है कि वह परियोजना का आवेदन जमा किए जाने के समय लागू कानूनों और मानकों के आधार पर संभावित पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन करे। (मौजूदा कानून एजेंसी को EIR तैयार करते समय नई जानकारी पर विचार करने और अपने समीक्षा मानकों में संशोधन करने की अनुमति देता है।)
- ***परियोजना के विकल्प।*** आवेदक को एजेंसी के विचार के लिए परियोजना का केवल एक विकल्प तैयार करने की अनुमति देता है। (मौजूदा कानून के तहत आवेदक के बजाय एजेंसी के लिए ऐसे कई परियोजना विकल्प तैयार करना और उन पर विचार करना आवश्यक है, जो पर्यावरणीय प्रभावों को कम कर सकते हैं।)
- ***मूल निवासी जनजातियों के साथ परामर्श।*** एजेंसी और आवेदक के लिए यह आवश्यक बनाता है कि वे परियोजना के बारे में केवल California की उन मूल निवासी जनजातियों के साथ परामर्श करें जिन्हें संघीय सरकार द्वारा औपचारिक रूप से मान्यता दी गई है। (मौजूदा कानून के तहत अधिक व्यापक श्रेणी की जनजातियों के साथ परामर्श करना आवश्यक है।)
- ***सार्वजनिक टिप्पणी की अवधि।*** यह तय करता है कि एजेंसी प्रोजेक्ट के बारे में जनता और दूसरी सरकारी एजेंसियों से कितने समय तक सुझाव या राय ले सकती है। (मौजूदा कानून पब्लिक रिव्यू के लिए—कम से कम दिनों की संख्या तय करता है—ज़्यादा से ज़्यादा नहीं।)

***योग्य परियोजनाओं को दी गई चुनौतियों की अदालतों द्वारा समीक्षा किए जाने के तरीके में बदलाव करता है।*** जब कोई व्यक्ति किसी योग्य परियोजना को सरकारी एजेंसी द्वारा दी गई मंज़ूरी को चुनौती देता है, तो प्रस्ताव 45 अदालत की समीक्षा प्रक्रिया में कई बदलाव करता है। उदाहरण के लिए, यह CEQA मुकदमों में अदालत द्वारा विचार किए जा सकने वाले विषयों के दायरे को सीमित करता है। यदि अदालत यह पाती है कि एजेंसी ने CEQA का सही तरीके से पालन नहीं किया, तो यह प्रस्ताव अदालत को पूरी परियोजना रोकने से भी बचाता है। इसके बजाय, जब तक एजेंसी समस्या को ठीक करती है, अदालत परियोजना के केवल उस हिस्से को रोक सकती है जिसकी पर्यावरणीय समीक्षा CEQA के अनुरूप नहीं थी।

## राजकोषीय प्रभाव

***राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए प्रारंभिक लागतें।*** पहले कई वर्षों के दौरान, प्रस्ताव 45 से राज्य और स्थानीय सरकारों की लागतें बढ़ने की संभावना है, जिसमें राज्य की अदालतें भी शामिल हैं। इन लागतों के प्रति वर्ष कई

मिलियन डॉलर के ऊपरी दायरे में होने की संभावना है और ये संभावित रूप से प्रति वर्ष **$100 मिलियन डॉलर से अधिक हो सकती हैं। उदाहरण के लिए**, राज्य और स्थानीय सरकारों को योग्य परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभावों की समीक्षा के लिए नए दिशानिर्देश और मानक तैयार करने, अधिक सख्त समय-सीमाओं का पालन करने और अदालती चुनौतियों से निपटने के लिए लागतें उठानी पड़ेंगी। परियोजना के आवेदकों और मुकदमे दायर करने वाले लोगों द्वारा दिए जाने वाले शुल्क से इनमें से कुछ लागतें पूरी होंगी। इस प्रारंभिक अवधि के बाद, जहाँ कुछ लागतें जारी रह सकती हैं, वहीं अन्य लागतों में समय के साथ कमी आने की संभावना है। उदाहरण के लिए, अदालतों द्वारा CEQA मुकदमों की समीक्षा करने के तरीके में किए गए बदलावों के कारण भविष्य में कम लोग मुकदमे दायर कर सकते हैं, जिससे दीर्घकाल में एजेंसियों और राज्य की अदालतों की लागतें कम हो सकती है।

***दीर्घकाल में, राजकोषीय प्रभाव अनिश्चित हैं, लेकिन संभावित रूप से अधिक महत्वपूर्ण हो सकते हैं।*** योग्य परियोजनाओं के लिए परियोजना समीक्षा और अदालती चुनौती की प्रक्रियाओं में प्रस्ताव 45 द्वारा किए गए बदलावों से राज्य और स्थानीय सरकारों पर विभिन्न राजकोषीय प्रभाव पड़ सकते हैं। इन बदलावों का समग्र राजकोषीय प्रभाव—सकारात्मक या नकारात्मक—अनिश्चित है, लेकिन यह निकट अवधि के प्रभावों से अधिक महत्वपूर्ण हो सकता है। उदाहरण के लिए, दो ऐसे प्रभाव जिनका महत्वपूर्ण लेकिन अनिश्चित असर हो सकता है:

- ***अधिक परियोजनाएँ और तेज़ समय-सीमा।*** जिस हद तक प्रस्ताव 45 द्वारा परियोजना समीक्षा और अदालती चुनौती की प्रक्रियाओं में किए गए बदलावों के कारण योग्य सार्वजनिक परियोजनाओं का निर्माण अधिक तेज़ी से होता है, राज्य और स्थानीय सरकारों की परियोजना लागत कम होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, यदि प्रस्ताव के बदलावों के परिणामस्वरूप कुल मिलाकर अधिक परियोजनाएँ पूरी होती हैं, तो इससे टैक्स राजस्व में वृद्धि हो सकती है, जैसे संपत्ति टैक्स से मिलने वाले राजस्व।
- ***नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव।*** जिस हद तक प्रस्ताव 45 द्वारा परियोजना समीक्षा और अदालती चुनौती की प्रक्रियाओं में किए गए बदलावों के कारण ऐसी परियोजनाओं को मंज़ूरी मिलती है जिनके नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव होते हैं और जिन्हें अन्यथा मंज़ूरी नहीं मिलती, उन प्रभावों से निपटने के लिए सरकारी एजेंसियों को अधिक लागत उठानी पड़ सकती है।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2026-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**

45

प्रस्ताव 45 के पूरे टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 157 पर जाएँ।

प्रस्ताव

# 45 कुछ परियोजनाओं के लिए पर्यावरण समीक्षा को संशोधित करता है। पहल विधान।

## ★ प्रस्ताव 45 के पक्ष में तर्क ★

लंबी देरी और नौकरशाही की बाधाएँ अत्यावश्यक परियोजनाओं को रोक रही हैं और हमारे जीवन-यापन की लागत बढ़ा रही हैं।

परिवार California में रहने का खर्च वहन नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि हम बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल हो रहे हैं। अत्यावश्यक आवास, पानी, स्वच्छ ऊर्जा, सड़कें, स्कूल, अस्पताल और जंगल में लगने वाली आग की रोकथाम वाली परियोजनाओं को मंज़ूरी देने की California की पुरानी व्यवस्था बहुत धीमी, अत्यधिक नौकरशाही वाली और बहुत महँगी है—जिससे सभी के लिए जीवन-यापन की लागत बढ़ रही है।

लगातार होने वाली देरी, नौकरशाही की बाधाएँ और निराधार मुकदमे जीवन को अधिक महँगा बनाते हैं और California वासियों के लिए आवश्यक परियोजनाओं को रोकते हैं—जिससे आवास, बिजली और पानी की लागतें बढ़ती है; करदाताओं की धनराशि बर्बाद होती है; जंगल में लगने वाली आग का का जोखिम बढ़ता है; यातायात बढ़ता है; स्कूलों में भीड़ बढ़ती है; और अस्पतालों एवं बुनियादी ढाँचे के अपग्रेड में देरी होती है।

प्रस्ताव 45 अत्यावश्यक परियोजनाओं का निर्माण अधिक तेज़ और कम खर्चीला बनाकर *हमारे जीवन-यापन की ऊँची लागत* को कम करता है।

प्रस्ताव 45 परियोजनाओं की मंज़ूरी के लिए लागू की जा सकने वाली समय-सीमाएँ निर्धारित करके मंज़ूरी प्रक्रिया को सरल और तेज़ बनाता है; अदालतों और सरकारी एजेंसियों के लिए यह आवश्यक बनाता है कि वे अपने निर्णय उन कानूनों और नियमों के आधार पर लें जो परियोजना का आवेदन जमा किए जाने के समय लागू थे; और निराधार मुकदमों को कम करते हुए कानूनी चुनौतियों के लिए अधिक तेज़ और अधिक पूर्वानुमानित प्रक्रिया बनाता है।

प्रस्ताव 45 CALIFORNIA की सबसे अत्यावश्यक और महत्वपूर्ण परियोजनाओं की मंज़ूरी प्रक्रिया को सरल और तेज़ बनाता है, जिनमें शामिल हैं:

• पानी की गुणवत्ता और आपूर्ति संबंधी परियोजनाएँ • अस्पताल और स्वास्थ्य देखभाल सुविधा-स्थल • आवास, जिनमें घर और अपार्टमेंट शामिल हैं • जंगल में लगने वाली आग की रोकथाम • स्कूल और कक्षाएँ • सड़कें, पुल और सार्वजनिक परिवहन • स्वच्छ ऊर्जा और विद्युत ग्रिड की विश्वसनीयता से संबंधित बुनियादी ढाँचा

प्रस्ताव 45 करेगा:

• आवास की लागत कम करेगा। परमिट मिलने में होने वाली देरी एक नए घर की लागत में $75,000 डॉलर से अधिक जोड़ देती है। प्रस्ताव 45 किराए और घर खरीदने के लिए ऋण की लागत कम करने में मदद करेगा और घर खरीदने पर परिवारों के हज़ारों डॉलर बचाएगा।

• बिजली की लागतों को कम करेगा। स्वच्छ ऊर्जा और विद्युत ग्रिड के बुनियादी ढाँचे के निर्माण में होने वाली देरी कामकाजी परिवारों के लिए बिजली की लागतों को बढ़ाती है। प्रस्ताव 45 बिजली की लागतों को कम करने में मदद करता है।

• करदाताओं की रक्षा करेगा। लंबी देरी के कारण सार्वजनिक परियोजनाओं—सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, जल प्रणालियों और जंगल में लगने वाली आग की रोकथाम—की लागतें निर्धारित बजट से बहुत अधिक बढ़ जाती है, जिससे करदाताओं को कई बिलियन डॉलर अतिरिक्त चुकाने पड़ते हैं। प्रस्ताव 45 महँगी देरियों को कम करता है, लागतें घटाता है और परियोजनाओं को समय पर और बजट के भीतर पूरा करने में मदद करता है।

• अच्छे वेतन वाली नौकरियाँ पैदा करेगा और हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। प्रस्ताव 45 अच्छे वेतन वाली हजारों नौकरियाँ पैदा करेगा और कई बिलियन डॉलर की आर्थिक गतिविधि उत्पन्न करेगा।

प्रस्ताव 45 CALIFORNIA के देश में सबसे मजबूत पर्यावरणीय संरक्षणों को बनाए रखता है।

California को पर्यावरण की रक्षा करने और हमारे लिए आवश्यक अत्यावश्यक परियोजनाओं का निर्माण करने के बीच किसी एक को चुनने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। प्रस्ताव 45 के तहत, परियोजनाओं को हमारी हवा, पानी, वन्यजीवों और स्वास्थ्य की रक्षा करने वाले California के *सभी* मजबूत पर्यावरणीय कानूनों का पालन करना आवश्यक होगा। प्रस्ताव 45 किसी भी एक परियोजना को भी पर्यावरणीय समीक्षा से छूट *नहीं देता*।

प्रस्ताव 45 समुदाय की राय और स्थानीय निर्णय लेने की प्रक्रिया की रक्षा करता है।

प्रस्ताव 45 के तहत, शहरों और काउंटियों के पास परियोजनाओं को मंज़ूरी देने या अस्वीकार करने का पूरा अधिकार बना रहता है, और निवासियों को अपने समुदायों को प्रभावित करने वाले निर्णयों में सार्थक रूप से अपनी बात रखने का अधिकार बना रहता है।

किफायती आवास समर्थक, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर, शिक्षक, जल प्रदाता, स्वच्छ ऊर्जा के नेता और नागरिक अधिकारों के नेता प्रस्ताव 45 का समर्थन करते हैं।

प्रस्ताव 45 को संगठनों के एक व्यापक गठबंधन का समर्थन प्राप्त है, जिनमें शामिल हैं:

• अमेरिकन क्लीन पावर—California • California लीग ऑफ़ यूनाइटेड लैटिन अमेरिकन सिटिज़न्स (LULAC) • NAACP California/Hawaii स्टेट कांफ्रेंस • California करदाता संघ • पर्यावरण नीति नवाचार केंद्र

अधिक किफायती CALIFORNIA बनाने के लिए प्रस्ताव 45 पर हाँ में मतदान करें।

हर वर्ष की देरी का अर्थ है कि California वासियों को हमारी आवश्यक अत्यावश्यक परियोजनाओं के लिए *अधिक समय तक इंतज़ार* करना पड़ता है और *अधिक कीमत चुकानी* पड़ती है। अब समय आ गया है कि नौकरशाही की बाधाओं को कम किया जाए, हमारे पर्यावरण की रक्षा की जाए और उन परियोजनाओं का निर्माण किया जाए जिनकी California को जीवन को अधिक किफायती बनाने के लिए आवश्यकता है।

प्रस्ताव 45 पर हाँ में मतदान करें।

*YESonProp45.com*

**Ann-Louise Kuhns**, अध्यक्षा
California चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल एसोसिएशन

**Jennifer Capitolo**, कार्यकारी संचालक
California वॉटर एसोसिएशन

**Jenna Abbott**, कार्यकारी संचालक
California काउंसिल ऑन एफ़ोर्डेबल हाउसिंग

## ★ प्रस्ताव 45 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 45 आपकी लागतों को कम नहीं करेगा।

यह किसी भी परियोजना के लिए आपका किराया, आपका गृह ऋण या आपके उपयोगिता बिल कम करना आवश्यक नहीं बनाता। प्रस्ताव 45 को वित्तपोषित करने वाली कॉर्पोरेट संस्थाएँ लाभ कमाती हैं, जबकि उनके प्रदूषण की कीमत आपको चुकानी पड़ती है।

प्रस्ताव 45 CALIFORNIA को अधिक किफायती नहीं बनाता। यह पर्यावरणीय और सार्वजनिक समीक्षा को सीमित करता है और सार्वजनिक स्वास्थ्य को खतरे में डालता है।

प्रस्ताव 45 का उद्देश्य California की आवश्यक परियोजनाओं का निर्माण करना हो सकता था। लेकिन ऐसा नहीं है। गैस और बिजली उपयोगिता कंपनियों और कॉर्पोरेट PACs द्वारा वित्तपोषित प्रस्ताव 45 उनकी लागतों को कम करता है, आपकी नहीं। प्रस्ताव 45 उनकी परियोजनाओं की रक्षा करने के लिए California के कानून को बदल देता है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और हमारी हवा और पानी को नुकसान पहुँचता है।

प्रस्ताव 45 आपके स्वास्थ्य को खतरे में डालता है और इसका खर्च आप पर डालता है। कमजोर पर्यावरणीय समीक्षा का अर्थ है घरों और स्कूलों के पास अधिक प्रदूषण, अस्थमा के अधिक मामले और आपातकालीन कक्ष में अधिक बार जाना। जब प्रदूषण फैलाने वाले सफाई नहीं करते, तो उसकी लागत चुकाने के लिए करदाताओं और उपयोगिता सेवाओं के शुल्कदाताओं को अधिक भुगतान करना पड़ता है।

प्रस्ताव 45 जनता को राय देने के अवसर को छीनता है। यह नई परियोजनाओं की पर्यावरणीय समीक्षा और अपनी राय देने और अपनी बात सुने जाने के आपके अधिकार को सीमित करता है। प्रस्ताव 45 डेवलपरों को शहरों और काउंटियों को चुनौती देने के नए अधिकार भी देता है, जबकि परियोजना का विरोध करने वालों के लिए किसी एजेंसी के निर्णय को सफलतापूर्वक चुनौती देना अधिक कठिन बनाता है।

प्रस्ताव 45 उन नियमों को फिर से लिखता है जो यह निर्धारित करते हैं कि California बड़े विकास कार्यों से होने वाले नुकसान से अपने नागरिकों की रक्षा कैसे करता है। प्रस्ताव 45 पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों को कमजोर करता है और शक्ति का संतुलन बड़े पैमाने पर कॉर्पोरेट प्रदूषण फैलाने वालों के पक्ष में कर देता है।

अपनी हवा की गुणवत्ता, अपने पीने के पानी, अपने परिवार के स्वास्थ्य, अपने टैक्स डॉलर और अपनी बात सुने जाने के अधिकार की रक्षा करें।

नर्सों, सामुदायिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य समर्थकों के साथ जुड़ें।

प्रस्ताव 45 पर नहीं में मतदान करें।

*www.NoProp45CA.com*

**Chris Tarver**, R.N., अध्यक्ष
अमेरिकन नर्सेज़ एसोसिएशन, CA

**Vanessa Forsythe**, RN
पर्यावरण स्वास्थ्य और न्याय के लिए California की नर्सें

**Martha Arguello**, कार्यकारी संचालक
फ़िज़िशियन्स फ़ॉर सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी, LA

45



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 45 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 45 आपके समुदाय में बनाई जाने वाली परियोजनाओं की पर्यावरणीय और सार्वजनिक समीक्षा को सीमित करता है। पानी, हवा की गुणवत्ता और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रस्ताव 45 पर नहीं में मतदान करें।

प्रस्ताव 45 बड़ी नई विकास परियोजनाओं की पर्यावरणीय समीक्षा और जनता की बात सुने जाने के अधिकार—दोनों को सीमित करता है। प्रस्ताव 45 परियोजनाओं को हवा, पानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान की बहुत कम जाँच-पड़ताल के साथ आगे बढ़ने की अनुमति देता है।

प्रस्ताव 45 CALIFORNIA पर्यावरण गुणवत्ता अधिनियम (CEQA) को कमजोर करके हवा और पानी की गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों को कमजोर करता है।

CEQA हवा और पानी की गुणवत्ता की रक्षा करने वाला California का सबसे महत्वपूर्ण कानून है। इसके तहत सार्वजनिक एजेंसियों के लिए परियोजनाओं को मंज़ूरी देने से पहले हवा, पानी और वन्यजीवों को होने वाले नुकसान की पहचान करना, उसका सार्वजनिक रूप से खुलासा करना और उस नुकसान को कम करने पर विचार करना आवश्यक है। प्रस्ताव 45 CEQA के कई मौजूदा सुरक्षा उपायों को समाप्त कर देता है—जिससे डेवलपर उन प्रदूषण फैलाने वाली परियोजनाओं को तेज़ी से आगे बढ़ा सकते हैं जिन्हें आप अपने पड़ोस में नहीं चाहते, जबकि आपके पीने के पानी और साँस लेने वाली हवा के लिए सुरक्षा उपाय कम हो जाते हैं।

प्रस्ताव 45 आपके परिवार को प्रभावित करने वाले निर्णयों से जनता की भागीदारी को बाहर कर देता है।

आज, आपके और आपके परिवार के आसपास क्या बनाया जाए, इस बारे में अपनी बात रखने का आपको अधिकार है। प्रस्ताव 45 प्रस्तावित परियोजनाओं पर जनता की टिप्पणियों पर विचार करने संबंधी सार्वजनिक एजेंसियों की आवश्यकताओं को कम करता है—जबकि ये टिप्पणियाँ अक्सर हवा और पानी के संभावित प्रदूषण और हमारे समुद्र तटों, नदियों और वन्यजीवों को होने वाले नुकसान को उजागर करती हैं। यदि प्रस्ताव 45 पारित हो जाता है, तो आपके घर, आपके बच्चों के स्कूल और आपकी जल आपूर्ति के पास क्या बनाया जाएगा, इसके बारे में निर्णय कम जानकारी और जनता की कम भागीदारी के साथ लिए जाएँगे। प्रस्ताव 45 आपके परिवार और समुदाय को नुकसान से बचाने की आपकी क्षमता को कम करता है।

*चूँकि संघीय सुरक्षा उपायों को कमजोर किया गया है, इसलिए हमें CEQA के सुरक्षा उपायों की आवश्यकता अब पहले से कहीं अधिक है।*

वे प्रदूषित करते हैं। कीमत आप चुकाते हैं।

निर्दलीय विधायी विश्लेषक कार्यालय ने चेतावनी दी है कि प्रस्ताव 45 के कारण ऐसी परियोजनाओं को मंज़ूरी मिल सकती है जिनसे "अनचाहे नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव" पड़ सकते हैं। जब कॉर्पोरेट कंपनियों के लिए अपने प्रदूषण को कम करना आवश्यक नहीं होता, तो हमारे पीने के पानी से कैंसर पैदा करने वाले रसायनों को हटाने और दूषित भूमि की सफाई का खर्च करदाताओं को उठाना पड़ता है।

प्रस्ताव 45 आपकी लागतों को कम नहीं करेगा।

प्रस्ताव 45 में आपके आवास की लागतों या आपके उपयोगिता बिलों को कम करने की कोई आवश्यकता शामिल नहीं है। प्रस्ताव 45 के लिए धन देने वाली कॉर्पोरेट कंपनियाँ लाभ कमाएँगी, जबकि आपको भुगतान करते रहना होगा।

प्रस्ताव 45 के पीछे कौन है?

प्रस्ताव 45 को California चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने तैयार किया है और इसका वित्तपोषण गैस और बिजली उपयोगिता कंपनियों और कॉर्पोरेट PACs द्वारा किया गया है। यह प्रस्ताव 45 को वित्तपोषित करने वाले प्रदूषण फैलाने वालों और कॉर्पोरेट कंपनियों को आपके घर के पास अपनी इच्छानुसार परियोजनाएँ बनाने की अधिक स्वतंत्रता देता है। आपके परिवार का स्वास्थ्य और पर्यावरण की गुणवत्ता कॉर्पोरेट मुनाफ़े से अधिक महत्वपूर्ण हैं।

प्रस्ताव 45 का विरोध करने वाले सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामुदायिक समूहों के व्यापक गठबंधन के साथ जुड़ें, जिनमें शामिल हैं:

• नेशनल वाइल्डलाइफ़ फेडरेशन • विषाक्तता के विरुद्ध California समुदाय • California पर्यावरण मतदाता • California पर्यावरण न्याय गठबंधन • पर्यावरण स्वास्थ्य और न्याय के लिए California की नर्सें • साफ़ पानी के लिए कार्रवाई • साफ़ हवा के लिए गठबंधन • फ़िज़िशियन्स फ़ॉर सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी—Los Angeles

चाहे आप डेमोक्रेट हों, रिपब्लिकन हों या स्वतंत्र मतदाता, अपने हवा और पानी, अपने टैक्स डॉलर और अपनी बात सुने जाने के अधिकार की रक्षा के लिए प्रस्ताव 45 पर नहीं में मतदान करें।

प्रस्ताव 45 पर नहीं में मतदान करें।

*www.NoProp45CA.com.*

**Joe Lyou**, अध्यक्ष
साफ़ हवा के लिए गठबंधन

**Jennifer Clary**, California संचालक
साफ़ पानी के लिए कार्रवाई

**Matt Abularach-Macias**, राजनीतिक निदेशक
California पर्यावरण मतदाता

## ★ प्रस्ताव 45 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 45 वह बदलाव है जिसकी हमें अधिक किफ़ायती CALIFORNIA बनाने के लिए आवश्यकता है।

मौजूदा व्यवस्था California के लिए कारगर नहीं है। परिवार यहाँ रहने का खर्च वहन नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि हम बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने में असफल हो रहे हैं। लगातार होने वाली देरी, मुकदमे और नौकरशाही की बाधाएँ आवश्यक चीज़ों—आवास, पानी, बिजली, स्कूलों, सड़कों, स्वास्थ्य देखभाल और जंगल में लगने वाली आग से सुरक्षा—की लागतें बढ़ा रही हैं।

हमारे पास एक विकल्प है: विफल मौजूदा व्यवस्था को स्वीकार करें—या इसे ठीक करें।

प्रस्ताव 45 अत्यावश्यक परियोजनाओं के लिए अनावश्यक देरी को समाप्त करके हमारी खराब परियोजना मंज़ूरी प्रणाली को ठीक करता है—जिससे हमारे जीवन-यापन की लागत कम होती है और हमारे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है।

प्रस्ताव 45 के विरोधी विफल मौजूदा व्यवस्था की रक्षा करने के लिए मतदाताओं को गुमराह कर रहे हैं।

प्रस्ताव 45 का विरोध करने वाले यही लोग दशकों से इन्हीं डराने वाली बातों का इस्तेमाल करके मामूली सुधारों तक को रोकते आए हैं। वे उस विफल मौजूदा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो California को महँगा बना रही है और हमारे जीवन की गुणवत्ता को कम कर रही है।

हमें पर्यावरण की रक्षा करने और अत्यावश्यक परियोजनाओं का निर्माण करने के बीच किसी एक को चुनने की आवश्यकता नहीं है।

• तथ्य: प्रस्ताव 45 हमारी हवा, पानी, वन्यजीवों और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करने वाले *प्रत्येक* संघीय, राज्य और स्थानीय पर्यावरणीय कानून को बनाए रखता है, जिनमें स्वच्छ वायु अधिनियम और स्वच्छ जल अधिनियम शामिल हैं।

• तथ्य: प्रस्ताव 45 *किसी एक भी* पर्यावरणीय कानून को समाप्त नहीं करता और *किसी एक भी* परियोजना को पर्यावरणीय समीक्षा से छूट नहीं देता।

• तथ्य: समुदायों को अपनी बात रखने का अधिकार बना रहता है। निवासियों को सार्वजनिक टिप्पणियाँ देने, परियोजनाओं का विरोध करने और परियोजनाओं को रोकने के लिए मुकदमा दायर करने का अधिकार बना रहता है।

• तथ्य: प्रस्ताव 45 *केवल अत्यावश्यक परियोजनाओं पर लागू होता है*: पानी, अस्पताल, आवास, स्कूल, सड़कें, सार्वजनिक परिवहन, स्वच्छ ऊर्जा और जंगल में लगने वाली आग की रोकथाम।

विकल्प सरल है: विफल मौजूदा व्यवस्था को स्वीकार करें—या इसे ठीक करें।

अधिक किफ़ायती CALIFORNIA बनाने के लिए प्रस्ताव 45 पर हाँ में मतदान करें।

**Ann-Louise Kuhns**, अध्यक्षा
California चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल एसोसिएशन

**Ruben Grijalva**, California राज्य के पूर्व फ़ायर मार्शल
CAL FIRE

**Robert Rivinius**, अध्यक्ष
California का पारिवारिक व्यवसाय संघ

# राज्य बॉन्ड ऋण की समीक्षा

**विधायी विश्लेषक द्वारा तैयार**

यह अनुभाग राज्य के बॉन्ड ऋण का वर्णन करता है। इसमें इस बात पर भी चर्चा की गई है कि मतपत्र पर बॉन्ड विधेयक, यदि मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो बॉन्ड्स को चुकाने की राज्य की लागतों को कैसे प्रभावित करेगा।

## राज्य बॉन्ड्स और उनकी लागतें

***बॉन्ड्स क्या होते हैं?*** बॉन्ड्स एक ऐसा तरीका है जिससे सरकारें पैसा उधार लेती हैं। राज्य सरकार मुख्य रूप से पुलों, बांधों, जेलों, पार्कों, स्कूलों और कार्यालय की इमारतों जैसी बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के भुगतान के लिए बॉन्ड्स का इस्तेमाल करती है। राज्य इन परियोजनाओं के लिए अग्रिम निधिकरण प्राप्त करने के लिए निवेशकों को बॉन्ड्स बेचता है और फिर उसे निवेशकों को समय-समय पर, आमतौर पर कुछ दशकों में, वापसी भुगतान करना होता है। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे एक परिवार अपने घर पर गिरवीनामे का भुगतान करता है।

***बॉन्ड वित्तपोषण की लागतें क्या होती हैं?*** किसी परियोजना के लिए राज्य की कुल लागत नकद भुगतान की तुलना में बॉन्ड्स के द्वारा भुगतान करने पर अधिक होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उसे बॉन्ड्स पर ब्याज देना होता है। अतिरिक्त लागत की राशि ब्याज की दर और बॉन्ड्स चुकाने में लगने वाले समय पर निर्भर करती है। उदाहरण के लिए, यदि राज्य किसी परियोजना के भुगतान के लिए 4 प्रतिशत ब्याज दर के साथ एक 30-वर्षीय बॉन्ड का इस्तेमाल करता है, तो कुल लागत उस राशि से लगभग 15 प्रतिशत अधिक होती (मुद्रास्फीति के लिए समायोजन के बाद) जो अगर राज्य ने पहले से ही अपने पास उपस्थित पैसे से भुगतान कर दिया होता।

***अधिकांश बॉन्ड्स को मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक होता है।*** राज्य का संविधान यह ज़रूरी बनाता है कि अधिकांश बॉन्ड्स को मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाए। इन बॉन्ड्स का भुगतान आमतौर पर राज्य सामान्य कोष से किया जाता है। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है।)

## बॉन्ड्स और राज्य के खर्च

***बॉन्ड ऋण की वर्तमान राशि।*** राज्य इस समय लगभग $80 बिलियन के बॉन्ड्स का वापसी भुगतान कर रहा है। इसके अलावा, मतदाताओं और विधानसभा ने पहले ही लगभग $40 बिलियन के बॉन्ड्स को मंजूरी दे दी है जो अभी तक बेचे नहीं गए हैं। इनमें से अधिकांश बॉन्ड्स को अगले कई वर्षों में बेचे जाने की उम्मीद है। राज्य इस समय बॉन्ड्स चुकाने के लिए सामान्य कोष से प्रति वर्ष लगभग $6 बिलियन का भुगतान कर रहा है। राज्य अगले कुछ वर्षों में इसी तरह की राशि का भुगतान करना जारी रखेगा। यह राज्य के वार्षिक सामान्य कोष राजस्व का लगभग 3 प्रतिशत है, जो लगभग 4 प्रतिशत की ऐतिहासिक औसत से कम है।

***ऋण के भुगतानों पर इस चुनाव का प्रभाव।*** इस मतपत्र पर सामान्य कोष द्वारा समर्थित दो बॉन्ड विधेयक हैं: प्रस्ताव 1 और प्रस्ताव 38. प्रस्ताव 1 राज्य को किफायती आवास प्रोग्रामों के लिए $10 बिलियन डॉलर उधार लेने की अनुमति देगा। इस बॉन्ड को वापस चुकाने की लागत 25 वर्षों तक प्रति वर्ष लगभग $500 मिलियन से $600 मिलियन डॉलर होगी। प्रस्ताव 38 राज्य को प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान के लिए $8.4 बिलियन डॉलर उधार लेने की अनुमति देगा। इस बॉन्ड को वापस चुकाने की लागत 20 वर्षों तक प्रति वर्ष लगभग $500 मिलियन से $600 मिलियन डॉलर होगी। दोनों बॉन्ड्स को चुकाने की लागत प्रति वर्ष लगभग $1 बिलियन डॉलर होगी, जो राज्य के वार्षिक सामान्य कोष राजस्व के 1 प्रतिशत का लगभग आधा (0.5 प्रतिशत) है।

# California में चुनाव

शीर्ष दो उम्मीदवार मुक्त प्राथमिक अधिनियम के अनुसार यह आवश्यक है कि मतदाता-नामांकित कार्यालय के सभी उम्मीदवारों को एक ही मतपत्र पर सूचीबद्ध किया जाए। मतदाता-नामांकित कार्यालयों में राज्य विधायी कार्यालय, अमेरिकी कांग्रेस के कार्यालय और राज्य संवैधानिक कार्यालय शामिल हैं, जिन्हें पहले राजनीतिक दल से संबंधित कार्यालयों के नाम से जाना जाता था।

मुक्त प्राथमिक और आम चुनावों दोनों में, आप अपने मतदाता पंजीकरण फॉर्म पर बताई गई पार्टी वरीयता के बावजूद भी किसी भी उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं। प्राथमिक चुनाव में अधिक मतदान प्राप्त करने वाले दो उम्मीदवार—भले ही उनकी पार्टी की वरीयता कुछ भी हो—आम चुनाव में आगे जाते हैं। अगर किसी उम्मीदवार को मतदान का बहुमत (कम-से-कम 50 प्रतिशत +1) प्राप्त होता है, तब भी एक आम चुनाव आयोजित किया जाना ज़रूरी है।

California का खुला प्राथमिक तंत्र अमेरिकी राष्ट्रपति, काउंटी केंद्रीय समिति या स्थानीय कार्यालयों के लिए उम्मीदवारों पर लागू नहीं होता है।

मतदाता-नामांकित कार्यालयों के लिए राइट-इन उम्मीदवार अभी भी प्राथमिक चुनाव में भाग ले सकते हैं। हालांकि कोई राइट-इन उम्मीदवार आम चुनाव में केवल तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह प्राथमिक चुनाव में शीर्ष के दो मत प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से एक हो। इसके अतिरिक्त, आम चुनाव के लिए कोई भी स्वतंत्र नामांकन प्रक्रिया नहीं होती है।

California के कानून के तहत निम्नलिखित जानकारी को इस गाइड में प्रकाशित किया जाना आवश्यक है।

## मतदाता-नामांकित कार्यालय

राजनीतिक दलों को प्राथमिक चुनाव में मतदाता-नामांकित कार्यालयों के लिए औपचारिक रूप से उम्मीदवार नामांकित करने का अधिकार नहीं है। प्राथमिक चुनाव में मतदाता-नामांकित कार्यालय के लिए नामांकित उम्मीदवार जनता का नामांकित व्यक्ति होता है, न कि आम चुनाव में किसी पार्टी का आधिकारिक नामांकित व्यक्ति। मतदाता-नामांकित कार्यालय के लिए नामांकन हेतु उम्मीदवार की अपनी योग्य पार्टी की वरीयता, या योग्य पार्टी की गैर-वरीयता मतपत्र पर निर्दिष्ट होगी, लेकिन पार्टी वरीयता पदनाम पूरी तरह से उम्मीदवार द्वारा चुना जाता है और इसे केवल मतदाताओं की जानकारी के लिए दिखाया जाता है। इसका मतलब यह नहीं है कि उस उम्मीदवार को नामित पार्टी द्वारा नामांकित या अनुमोदित किया गया है, या पार्टी और उम्मीदवार के बीच कोई संबंध है, और मतदाताओं द्वारा नामांकित किसी भी उम्मीदवार को किसी भी राजनीतिक दल का आधिकारिक रूप से नामांकित उम्मीदवार नहीं माना जाएगा। काउंटी मतदाता सूचना गाइड में पार्टियाँ मतदाता-नामांकित कार्यालयों के लिए ऐसे उम्मीदवारों की सूची तैयार कर सकती हैं, जिन्हें पार्टी का आधिकारिक अनुमोदन प्राप्त हुआ हो।

कोई भी मतदाता किसी भी उम्मीदवार के लिए मतदाता-नामांकित कार्यालय के लिए मतदान कर सकता है, अगर वह उस कार्यालय के लिए मतदान करने के लिए आवश्यक अन्य योग्यताएँ पूरी करता हो। प्राथमिक चुनाव में सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले पहले दो उम्मीदवार मतदाता-नामांकित कार्यालय के आम चुनाव में आगे जाते हैं, भले ही दोनों उम्मीदवारों ने एक ही पार्टी वरीयता पद को निर्दिष्ट किया हो। किसी भी पार्टी के पास अपनी पार्टी वरीयता पदनाम के साथ किसी उम्मीदवार को आम चुनाव में आगे भेजने का अधिकार नहीं है, जब तक कि उम्मीदवार प्राथमिक चुनाव में दो सबसे अधिक मत प्राप्त करने वालों में से एक न हो।

## निर्दलीय कार्यालय

राजनीतिक दलों को प्राथमिक चुनाव में निर्दलीय कार्यालयों के लिए उम्मीदवार नामांकित करने का अधिकार नहीं है, और प्राथमिक चुनाव में कोई उम्मीदवार आम चुनाव में निर्दिष्ट कार्यालय के लिए किसी भी पार्टी का आधिकारिक नामांकित व्यक्ति नहीं होता है। किसी निर्दलीय कार्यालय में नामांकन वाला उम्मीदवार अपनी पार्टी की वरीयता, या पार्टी वरीयता के ना होने को मतपत्र पर नामित नहीं कर सकता है। प्राथमिक चुनाव में सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले दो उम्मीदवार निर्दलीय कार्यालय के आम चुनाव के लिए आगे आते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्यों के बारे में जानकारी

इस मतदाता गाइड में राज्यव्यापी संवैधानिक कार्यालय के उम्मीदवारों से उम्मीदवारों के वक्तव्य शामिल हैं, जो इस गाइड के पृष्ठ 83 से शुरू होते हैं।

## राज्यव्यापी संवैधानिक कार्यालय

California के कानून में राज्य के पद के लिए चुनाव लड़ने वाले उन उम्मीदवारों के लिए स्वैच्छिक खर्च सीमाएँ निर्धारित हैं, जो अपने चुनाव अभियान के खर्चों को निर्धारित डॉलर राशि से कम रखने का विकल्प चुनते हैं। राज्यव्यापी संवैधानिक पदों के जो उम्मीदवार खर्च सीमाओं को स्वीकार करते हैं, वे इस मतदाता गाइड में उम्मीदवार का वक्तव्य (अधिकतम 250 शब्द) प्रकाशित करने के लिए स्थान खरीद सकते हैं।

3 नवम्बर, 2026 के आम चुनाव के लिए निम्नलिखित पदों की स्वैच्छिक खर्च सीमाएँ हैं:

- गवर्नर—$19,611,000
- उप-राज्यपाल, राज्य सचिव, राज्य नियंत्रक, कोषाध्यक्ष, अटॉर्नी जनरल, बीमा आयुक्त और सार्वजनिक शिक्षा अधीक्षक—$11,767,000
- समानता बोर्ड का सदस्य—$2,942,000

निम्नलिखित उम्मीदवारों की सूचियों में, तारांकन चिह्न (*) ऐसे राज्यव्यापी संवैधानिक पद के उम्मीदवार को दर्शाता है, जिसने California की स्वैच्छिक चुनाव अभियान खर्च सीमाओं को स्वीकार किया है और इसलिए इस मतदाता गाइड में उम्मीदवार का वक्तव्य प्रकाशित करने के लिए स्थान खरीदने का विकल्प रखता है। (खर्च सीमाओं को स्वीकार करने वाले कुछ योग्य उम्मीदवार, उम्मीदवार का वक्तव्य प्रकाशित करने के लिए स्थान नहीं खरीदने का विकल्प चुनते हैं।) जिन उम्मीदवारों ने खर्च सीमाओं को स्वीकार नहीं किया है, उन्हें वक्तव्य प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।

उम्मीदवारों की अंतिम प्रमाणित सूची के लिए, जो इस गाइड के प्रकाशित होने के बाद आने वाली थी, *vote.ca.gov* पर जाएँ।

**गवर्नर**

Xavier Becerra डेमोक्रेटिक
Steve Hilton रिपब्लिकन

**उप-राज्यपाल**

Fiona Ma* डेमोक्रेटिक
Gloria Romero* रिपब्लिकन

**राज्य सचिव**

Donald P. (Don) Wagner* रिपब्लिकन
Shirley N. Weber* डेमोक्रेटिक

**नियंत्रक**

Malia M. Cohen* डेमोक्रेटिक
Herb W Morgan* रिपब्लिकन

**कोषाध्यक्ष**

Jennifer Hawks* रिपब्लिकन
Eleni Kounalakis* डेमोक्रेटिक

**अटॉर्नी जनरल**

Rob Bonta डेमोक्रेटिक
Michael E. Gates* रिपब्लिकन

**बीमा आयुक्त**

Ben Allen* डेमोक्रेटिक
Jane Kim* डेमोक्रेटिक

**समानता बोर्ड ज़िला 1**

Nelson Esparza* डेमोक्रेटिक
Shannon Grove* रिपब्लिकन

**समानता बोर्ड ज़िला 2**

Sally J. Lieber* डेमोक्रेटिक
John Pimentel* डेमोक्रेटिक

**समानता बोर्ड ज़िला 3**

Mike Gipson* डेमोक्रेटिक
Samuel P. Sukaton डेमोक्रेटिक

**समानता बोर्ड ज़िला 4**

Denis Bilodeau* रिपब्लिकन
Tom Umberg* डेमोक्रेटिक

**सार्वजनिक शिक्षा अधीक्षक**

Richard Barrera* निर्दलीय
Sonja Shaw* निर्दलीय

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## गवर्नर

- राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में, राज्य के अधिकांश विभागों और एजेंसियों की निगरानी करता है और न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है।
- नए कानूनों का प्रस्ताव करता है, विधेयकों को मंज़ूरी देता है या उन पर वीटो करता है और वार्षिक राज्य बजट विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत करता है।
- आपातकालीन स्थितियों के दौरान राज्य के संसाधनों को जुटाता है और उनका निर्देशन करता है।

### Xavier Becerra | डेमोक्रेटिक

उम्मीदवार का कोई वक्तव्य नहीं।

### Steve Hilton | रिपब्लिकन

उम्मीदवार का कोई वक्तव्य नहीं।

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## उप-राज्यपाल

- महाभियोग, मृत्यु, इस्तीफे, पद से हटाए जाने या राज्य से अनुपस्थित रहने की स्थिति में गवर्नर का पद और उसके दायित्व संभालता है।
- राज्य सीनेट के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है और मत बराबर होने की स्थिति में निर्णायक मत देता है।
- आर्थिक विकास आयोग की अध्यक्षता करता है; राज्य का ज़मीन आयोग और समुद्र का संरक्षण करने वाली काउंसिल का सदस्य होता है; और California की विश्वविद्यालय प्रणालियों के बोर्डों पर कार्य करता है।



### **Fiona Ma** | डेमोक्रेटिक

California एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। बहुत से लोगों के लिए California के सपने को हासिल करना उनकी आर्थिक पहुँच से बाहर होता जा रहा है। आवास, किराने का सामान, गैस, बीमा और स्वास्थ्य देखभाल की लागतें लगातार बढ़ रही है, जबकि सरकारी लालफीताशाही आवास निर्माण में देरी करती है और निवेश को हतोत्साहित करती है। छोटा व्यवसाय चलाना और परमिट प्राप्त करना अत्यधिक कठिन है। California इससे बेहतर कर सकता है। मैं 1992 से सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट हूँ और मेरे पास अकाउंटिंग में B.S., टैक्सेशन में M.S. और फाइनेंस में MBA की डिग्री है। मेरे पास California को एक आर्थिक महाशक्ति बनाए रखने और साथ ही अधिक किफायती भविष्य का निर्माण करने के लिए आवश्यक वित्तीय ज्ञान और अनुभव है। मतदाताओं ने मुझे चार सार्वजनिक पदों के लिए चुना है, जहाँ मेरा ध्यान जवाबदेही, पारदर्शिता, खराब प्रणालियों को ठीक करने, फिजूलखर्ची में कटौती करने और परिणाम देने पर रहा है। राज्य के कोषाध्यक्ष के रूप में, मैंने रिकॉर्ड संख्या में किफायती आवास यूनिट्स का वित्तपोषण किया, पहली बार घर खरीदने वालों के लिए डाउन पेमेंट करने में सहायता का विस्तार किया, संकटग्रस्त अस्पतालों को बचाया और ऐसे निवेश आकर्षित किए जिनसे अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियाँ पैदा हुईं। मेरा मार्गदर्शक सिद्धांत सरल है: "58 काउंटियाँ। 1 California. साथ मिलकर अधिक मजबूत।" हर समुदाय की अपनी विशिष्टता है, इसलिए 58 काउंटियों के 500 से अधिक स्थानीय निर्वाचित अधिकारियों का समर्थन मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है, क्योंकि संबंध महत्वपूर्ण होते हैं। प्रवासी माता-पिता की सबसे बड़ी संतान और पब्लिक स्कूल की कला शिक्षिका की बेटी के रूप में, मैंने ऐसे प्रोग्राम बनाए हैं जो परिवारों को कॉलेज के लिए बचत करने और विद्यार्थी ऋण को कम करने में मदद करते हैं। उप-राज्यपाल के रूप में, मैं उच्च शिक्षा को अधिक किफायती बनाऊँगी, सवेतन इंटर्नशिप का विस्तार करूँगी और करियर के अवसरों को मजबूत बनाऊंगी। मुझे CA लेबर फेडरेशन, स्टेट बिल्डिंग ट्रेड्स काउंसिल, CA डेमोक्रेटिक पार्टी, इक्वैलिटी California, CA फार्म ब्यूरो, NWPC, प्लान्ड पेरेंटहुड, CA प्रोफेशनल फायरफाइटर्स, CA नर्सेज़ एसोसिएशन, CA टीचर्स एसोसिएशन, CA फेडरेशन ऑफ टीचर्स, CA हिस्पैनिक चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स, San Jose मर्करी न्यूज़, Bakersfield के California वासियों और अन्यों का समर्थन प्राप्त होने पर गर्व है। California हमेशा ही मेरा घर बना रहेगा। मैं विनम्रतापूर्वक आपका मत माँगती हूँ।

1032 Irving Street, #908, San Francisco, CA 94122 | टेलीफ़ोन: (415) 871-6874
ईमेल: Fiona@FionaMa.com | Instagram: @FionaMacpa | X: @FionaMa



### **Gloria Romero** | रिपब्लिकन

California को एक असली विकल्प की ज़रूरत है। मैं Gloria Romero हूँ। मैंने California सीनेट की बहुमत नेता के रूप में सेवा की, सरकार में पारदर्शिता के लिए संघर्ष किया, खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों में फंसे अभिभावकों और विद्यार्थियों को वास्तविक अवसर देने के लिए स्कूल चुनने की स्वतंत्रता से संबंधित ऐतिहासिक सुधारों को तैयार किया, और हिंसा एवं यौन उत्पीड़न से बचे लोगों के समर्थन में खड़ी रही। आपकी ही तरह, मैं भी जानती हूँ कि Sacramento की व्यवस्था क्यों खराब हो चुकी है। California का बजट नौकरशाही और फिजूलखर्ची से अत्यधिक बढ़ गया है। वर्षों से एक-दलीय शासन हमें निराश करता आया है। बेघर लोगों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है। जीवन-यापन की लागत परिवारों पर भारी बोझ डाल रही है। हमारे स्कूल विफल हो रहे हैं। बहुत से विद्यार्थी पढ़ने और गणित के बुनियादी स्तरों में भी दक्ष नहीं हैं। सार्वजनिक सुरक्षा कमजोर हुई है। लापरवाह नीतियों ने हम सभी के लिए भोजन, गैस, आवास और ऊर्जा को वहन करना कठिन बना दिया है। California का सपना धूमिल होता जा रहा है। फिर भी, राजनेता ज़िम्मेदारी लेने की बजाय बहाने बनाते हैं। इसलिए मैंने एक-दलीय एकाधिकार वाले शासन से दूरी बना ली। क्योंकि California को जनता के लिए संघर्ष करने वाले एक समर्थक की आवश्यकता है। इसीलिए मैं उप-राज्यपाल के लिए चुनाव लड़ रही हूँ। यह पद केवल एक औपचारिक उपाधि या विफल पेशेवर राजनेताओं के लिए ठिकाना नहीं होना चाहिए। मैं शिक्षा के मानकों को बहाल करूँगी, व्यवसायों को फलने-फूलने में मदद करने वाली एक साहसिक आर्थिक योजना विकसित करूँगी, हमारे पानी, कृषि भूमि और जीवनशैली की रक्षा करने में विफल रहे राजनीतिक प्रभाव वाले आयोगों पर नियंत्रण लगाऊँगी, खेलों में हमारी बेटियों के लिए टाइटल IX की रक्षा करूँगी और हमारे परिसरों में यहूदी-विरोध से लड़ूँगी। Sacramento के अंदरूनी प्रभावशाली लोगों के बजाय California वासियों को प्राथमिकता देने के लिए रिफॉर्म California के साथ खड़े हों और उप-राज्यपाल के लिए Gloria Romero को मतदान दें। California न तो नीला राज्य है और न ही लाल राज्य। यह गोल्डन स्टेट है। मैं आपका मत माँगती हूँ। मेरे साथ जुड़ें: *GloriajRomero.com*

P.O. Box 730, Hilmar, CA 95324 | टेलीफ़ोन: (310) 494-6220
ईमेल: info@gloriajromero.com | X: @Gloriajromero | Facebook: Facebook.com/gloriajromero.ca

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## राज्य सचिव

- राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में, राज्यव्यापी चुनावों की निगरानी करता है और चुनाव अभियानों एवं लॉबिंग से संबंधित वित्तीय जानकारी तक जनता की पहुँच प्रदान करता है।
- कुछ व्यावसायिक दस्तावेज़ों के रिकॉर्ड रखता है, ट्रेडमार्क को प्रमाणित करता है, नोटरी पब्लिक को विनियमित करता है और सुरक्षित ऋणदाताओं को अपने वित्तीय हितों की रक्षा करने में सक्षम बनाता है।
- राज्य के ऐतिहासिक खजानों को प्राप्त करके, सुरक्षित रखकर और साझा करके California के इतिहास को संरक्षित करता है।



### Donald P. (Don) Wagner | रिपब्लिकन

California के मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में, मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि प्रत्येक पात्र मतदाता को हमारे लोकतंत्र में भाग लेने का अधिकार मिले, प्रत्येक वैध मत की गिनती हो और प्रत्येक California वासी चुनाव परिणाम पर भरोसा कर सके, चाहे कोई भी जीते। California की चुनाव प्रणाली का प्रबंधन खराब है और यह ठीक से काम नहीं कर रही है। अन्य बड़े राज्य चुनाव की रात ही मतों की गिनती पूरी करके परिणाम घोषित कर देते हैं। California इसमें एक महीने से अधिक समय लगाता है। जैसा कि गवर्नर Newsom ने कहा, "मतों की गिनती में जितना अधिक समय लगता है, उतनी ही अधिक गलत और भ्रामक जानकारी फैलती है।" हमें इससे बेहतर करना होगा। छत्तीस राज्यों और अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में मतदान केंद्रों पर फोटो पहचान-पत्र दिखाना आवश्यक है। California में ऐसा नहीं है, जिससे हमारी चुनाव सुरक्षा इतनी कमजोर है कि कम से कम एक कुत्ते का पंजीकरण किया गया और उसने दो बार मतदान किया! हमें इससे बेहतर करना होगा। California की मतदाता सूचियाँ इतनी पुरानी हैं कि राज्य उन लोगों को मतपत्र डाक से भेजने में कई मिलियन डॉलर बर्बाद करता है जो स्थानांतरित हो चुके हैं या जिनकी मृत्यु हो चुकी है। California में ऐसी शर्मनाक चुनाव प्रणाली होना अस्वीकार्य है। राज्य सचिव के रूप में, मैं मतों की गिनती में तेजी लाने, हमारे चुनावों को सुरक्षित बनाने और मुख्य चुनाव अधिकारी के पद को दलीय राजनीति से दूर रखने का संकल्प लेता हूँ। राज्य सचिव का कार्यालय निर्दलीय होना चाहिए, जो Sacramento की राजनीतिक व्यवस्था के प्रति जवाबदेह होने के बजाय जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करे। मैं निष्पक्ष चुनावों के लिए एक निष्पक्ष निर्णायक बनूँगा, न कि किसी दल का खिलाड़ी। लोकतंत्र के इसी सर्वोच्च मानक को मैंने लगभग 30 वर्षों की जनसेवा के दौरान बनाए रखा है और राज्य सचिव के रूप में इसे लागू करूँगा। मैं आपके मत, हमारे लोकतंत्र की रक्षा करने और तेज, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के माध्यम से विश्वास बहाल करने का संकल्प लेता हूँ। जब मैं राज्य सचिव बनूँगा, तो हम इससे बेहतर करेंगे। मेरे चुनाव सुधार संबंधी मंच के बारे में जानने के लिए *WagnerForCalifornia.com* और *protectmyvoteca.org/* पर जाएँ।

4100 MacArthur Blvd., Suite 310, Newport Beach, CA 92660
WagnerForCalifornia.com | protectmyvoteca.org



### Shirley N. Weber | डेमोक्रेटिक

मैं आपके मतदान अधिकारों की रक्षा करना कभी नहीं छोड़ूँगी। मेरा जन्म जातिवाद वाले दक्षिणी क्षेत्र में बटाईदार किसानों के परिवार में हुआ था, जिन्हें मतदान करने का अधिकार नहीं था। California ने खुले दिल से हमारा स्वागत किया और तब से यही मेरा घर है। मेरे माता-पिता ने अपना पहला मतदान यहीं किया था और उन्होंने हमारे पारिवारिक बैठक कक्ष को ही मतदान केंद्र के रूप में इस्तेमाल किया। अमेरिका दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहाँ एक ही पीढ़ी के भीतर कोई परिवार Jim Crow व्यवस्था के कारण मतदान के अधिकार से वंचित होने से लेकर देश के सबसे बड़े राज्य में चुनाव कराने तक का सफर तय कर सकता है। हम बहुत आगे बढ़ चुके हैं और मैंने इसे प्रत्यक्ष रूप से देखा है। हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इस प्रगति को पीछे ले जाना चाहते हैं। वे मतदान करने के घंटों को कम करने, मतदान के लिए दिनों की संख्या को कम करने और डाक द्वारा मतदान से भेजे जाने वाले मतपत्रों को समाप्त करना चाहते हैं। उनमें से कुछ ने तो अपने पसंदीदा उम्मीदवार की हार होने पर चुनाव अधिकारियों को जान से मारने तक की धमकी दी है। California में ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब हमारे मतदान अधिकारों पर हमला हुआ, तो मैंने अदालतों में हमारे लिए संघर्ष किया और जीत हासिल की। मैं Donald Trump के खिलाफ खड़ी हुई। और मैंने पारदर्शी नेतृत्व किया है, क्योंकि विश्वास सबसे महत्वपूर्ण है। प्रत्येक योग्य California वासी को मतदान के लिए पंजीकरण कराना चाहिए और अपने मतपत्र पर मतदान करना चाहिए, चाहे हम राजनीतिक रूप से एक-दूसरे से सहमत हों या नहीं। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष जारी रखूँगी कि आपके और मतपत्र पेटी के बीच कोई बाधा न आए। राज्य सचिव के लिए डॉ. Shirley N. Weber को मतदान करें। अधिक जानकारी के लिए *www.DrShirleyWeber.com पर जाएँ।*

3230 Arena Blvd., Ste. 245-416, Sacramento, CA 95834 | टेलीफ़ोन: (949) 870-0610 | ईमेल: info@drshirleyweber.com
X: https://twitter.com/drweber4ca | Facebook: https://www.facebook.com/ShirleyWeber4SOS

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## नियंत्रक

- राज्य के मुख्य राजकोषीय अधिकारी के रूप में, राज्य के अकाउंटेंट के रूप में कार्य करता है और सभी सार्वजनिक धनराशियों का लेखा-जोखा रखता है।
- राज्य की वेतन प्रणाली और दावा न की गई संपत्ति से संबंधित कानूनों का प्रशासन करता है और राज्य के कामकाज के लेखा-परीक्षण और समीक्षाएँ करता है।
- समानता बोर्ड, नियंत्रण मंडल, और अन्य मंडलों और आयोगों को सेवा प्रदान करता है।



### Malia M. Cohen | डेमोक्रेटिक

California की राज्य नियंत्रक के रूप में, Malia Cohen राज्य की मुख्य राजकोषीय अधिकारी के रूप में कार्य करती हैं, और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के वित्त का संरक्षण करती हैं। वे यह सुनिश्चित करने के लिए फिर से चुनाव लड़ रही हैं कि करदाताओं के पैसों का प्रबंधन पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता के साथ किया जाए। जीवन भर California में रही Malia हमारे राज्य की संभावनाओं और भावी पीढ़ियों के लिए उनकी रक्षा करने की तत्काल आवश्यकता को प्रत्यक्ष रूप से समझती हैं। एक कामकाजी माँ और समर्पित जनसेवक के रूप में, उनका मानना है कि बजट नैतिक दस्तावेज़ होते हैं, जिनमें हमारी साझा मान्यताओं की झलक होनी चाहिए और विशेष हितों वाले समूहों के बजाय लोगों में निवेश किया जाना चाहिए। नियंत्रक के रूप में, Malia ने वित्तीय और वेतन संबंधी आँकड़ों तक जनता की पहुँच बढ़ाकर राजकोषीय पारदर्शिता को मजबूत किया है, जिससे California वासियों को यह स्पष्ट रूप से देखने का अवसर मिलता है कि सार्वजनिक धन कैसे खर्च किया जाता है। उन्होंने आर्थिक अनिश्चितता के दौरान California वासियों को राजकोषीय रूप से मजबूत बनाए रखने में मदद के लिए समय पर मासिक नकदी रिपोर्ट जारी की हैं, सभी 58 काउंटियों को दावा न की गई संपत्ति के रूप में कई मिलियन डॉलर वापस दिलाए और सटीक वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए स्थानीय सरकारों को सम्मानित किया है। उन्होंने पूरे राज्य में सार्वजनिक कर्मचारियों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए California की वेतन प्रणाली के लंबे समय से लंबित आधुनिकीकरण को भी आगे बढ़ाया है। ऐसे समय में जब सरकार पर भरोसा पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, Malia Cohen California के वित्तीय भविष्य की रक्षा करने और हर समुदाय के लिए California के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नियंत्रक पद के लिए Malia Cohen का समर्थन करने में पूरे California के शिक्षकों, नर्सों, अग्निशामकों, प्लान्ड पेरेंटहुड एफिलिएट्स ऑफ़ California, स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों, ऑपरेटिंग इंजीनियरों, प्लंबरों, पाइपफिटरों, बिजली कर्मियों और कामकाजी लोगों के साथ शामिल हों। अधिक जानकारी के लिए, यहाँ जाएँ: *MaliaCohenForCA.com*

Instagram: https://www.instagram.com/malia.cohen/ | Facebook: https://www.facebook.com/MaliaCohen



### Herb W Morgan | रिपब्लिकन

राज्य नियंत्रक नीतियाँ निर्धारित नहीं करता। नियंत्रक को खर्चों के पूर्व-लेखा परीक्षणों और उनकी मंज़ूरी के माध्यम से राज्य सरकार में कार्यकुशलता सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। इसके बाद कड़े पश्च-लेखा परीक्षण किए जाते हैं, जिनसे कार्य-निष्पादन और धनराशियों के उचित उपयोग की पुष्टि की जाती है। मैं सभी खर्चों को उपयोग करने में आसान ऑनलाइन डेटाबेस में उपलब्ध कराकर जनता के लिए परिणाम दूँगा, जिसमें प्रत्येक लेन-देन का विस्तृत विवरण और लगभग वास्तविक समय की रिपोर्टिंग होगी, ताकि प्रत्येक California वासी यह स्पष्ट रूप से देख सके कि सार्वजनिक धनराशियों का उपयोग कैसे किया जा रहा है। यह पारदर्शिता विश्वास बढ़ाती है और संसाधनों को कक्षाओं, समुदायों और आवश्यक प्रोग्रामों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुँचाने में मदद करती है। *www.herbmorgan.com*

P.O. Box 730, Hilmar, CA 95324 | ईमेल: info@herbmorgan.com | X: @herb4controller | Instagram: @herb4controller

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## कोषाध्यक्ष

- राज्य के बैंकर के रूप में, राज्य के निवेशों का प्रबंधन करता है और राज्य के बॉन्ड्स एवं नोट्स की बिक्री का प्रशासन करता है।
- कई आयोगों में काम करता है, जिनमें से अधिकांश बॉन्ड्स के विपणन से संबंधित होते हैं।
- नियंत्रक और अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा खर्च किए जाने पर राज्य की निधियों का भुगतान करता है।



### Jennifer Hawks | रिपब्लिकन

मैं California की राज्य कोषाध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ रही हूँ क्योंकि करदाता ऐसे व्यक्ति के काम के हकदार हैं जो उनके हर डॉलर की उसी तरह रक्षा करे जैसे वह उसका अपना हो और Sacramento में अत्यंत आवश्यक बदलाव लाने में मदद करे। मैं कोई पेशेवर राजनेता नहीं हूँ। मैं एक व्यावसायिक पेशेवर हूँ, जिसने अपना करियर बजट का प्रबंधन करने, कार्यप्रणाली में सुधार करने और जवाबदेही की माँग करने में बिताया है। उतना ही महत्वपूर्ण यह है कि मैं Sacramento के राजनीतिक प्रतिष्ठान का हिस्सा नहीं हूँ और कभी नहीं बनूँगी। मेरी निष्ठा California के करदाताओं के प्रति है, न कि राजनीतिक प्रभावशाली लोगों या विशेष हितों वाले समूहों के प्रति। मेरा मानना है कि Sacramento में स्थायी बदलाव की शुरुआत पारदर्शिता, जवाबदेही और करदाताओं को प्राथमिकता देने से होती है। कोषाध्यक्ष राज्य के बजट को दोबारा नहीं लिख सकता या नए कानून नहीं बना सकता, लेकिन यह कार्यालय पारदर्शिता की माँग कर सकता है, निगरानी को मजबूत बना सकता है और यह स्पष्ट कर सकता है कि करदाताओं के पैसों का प्रबंधन कैसे किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष के रूप में, मैं वे कठिन सवाल पूछूँगी जिन्हें दूसरे नहीं पूछेंगे, मापने योग्य परिणामों पर ज़ोर दूँगी और जहाँ कहीं भी फिजूलखर्ची, धोखाधड़ी और कुप्रबंधन होगा, उसे उजागर करने के लिए काम करूँगी। मैं ज़िम्मेदारी भरे निवेश, अधिक जवाबदेही और जनता के धन के ईमानदार प्रबंधन की वकालत करूँगी। California को एक वित्तीय निगरानीकर्ता की आवश्यकता है, किसी और राजनेता की नहीं। कोषाध्यक्ष कार्यालय में निजी क्षेत्र का नेतृत्व और स्वतंत्र निगरानी लाकर, मैं Sacramento में सार्थक बदलाव लाने, हमारा राज्य अपने वित्त का प्रबंधन कैसे करता है उसमें विश्वास बहाल करने और करदाताओं को हमेशा प्राथमिकता देने के लिए हर दिन काम करूँगी। यह आपका पैसा है। आपको यह जानने का अधिकार है कि यह कहाँ जाता है, कैसे खर्च किया जाता है और क्या इसका उपयोग California के हित में हो रहा है।

P.O. Box 61415, Palo Alto, CA 94306 | ईमेल: info@hawksforus.com | hawksforus.com | X: @VoteHawks



### Eleni Kounalakis | डेमोक्रेटिक

ग्रीक प्रवासियों की बेटी के रूप में, मैं California के सपने में विश्वास करते हुए बड़ी हुई हूँ। एक व्यवसायी महिला, वित्तीय विशेषज्ञ और उप-राज्यपाल के रूप में, मैंने अगली पीढ़ी के लिए उस सपने को जीवित रखने हेतु अपना करियर समर्पित किया है। मैं California के वित्त का ज़िम्मेदारी से प्रबंधन करने, हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और अवसर पैदा करने वाले समझदारीपूर्ण निवेश करने के लिए राज्य कोषाध्यक्ष का चुनाव लड़ रही हूँ। कोषाध्यक्ष के रूप में, मैं सार्वजनिक वित्तपोषण के माध्यम से अधिक किफायती आवास बनाऊँगी; बच्चों और परिवारों के वित्तीय भविष्य में निवेश करूँगी; स्वास्थ्य देखभाल और प्रवासी समुदायों की रक्षा करूँगी; और मेहनतकश California वासियों की पेंशन की सुरक्षा करूँगी। पद के लिए चुनाव लड़ने से पहले मैंने लगभग दो दशक एक बिल्डर के रूप में काम किया। मैंने निजी क्षेत्र में आवासीय समुदायों का निर्माण किया और बुनियादी ढाँचे संबंधी परियोजनाओं का वित्तपोषण किया। उप-राज्यपाल के रूप में, मैंने स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी नौकरियाँ पैदा करने में मदद की, सार्वजनिक भूमि का प्रबंधन किया और विद्यार्थियों एवं परिवारों के लिए लागतों को कम करने में मदद के लिए कॉलेजों में 60,000 से अधिक नए आवासीय बिस्तर उपलब्ध कराने के पक्ष में मतदान किया। इस नवम्बर, California के मतदाताओं के सामने एक स्पष्ट विकल्प है। इस चुनाव की दौड़ में एकमात्र डेमोक्रेट के रूप में, मैं हमारे राज्य पर Donald Trump के हमलों के खिलाफ खड़ी रहूँगी और उन मान्यताओं की रक्षा करूँगी जो हमें मजबूत बनाती हैं। मुझे गवर्नर Gavin Newsom, सीनेट के सदस्यों Alex Padilla और Adam Schiff, पूर्व स्पीकर Emerita Nancy Pelosi एवं पूरे California भर के लाखों शिक्षकों, अग्निशामकों, प्रथम प्रतिक्रिया कर्मियों, स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों और यूनियन सदस्यों का समर्थन प्राप्त होने पर गर्व है। *EleniForCA.com*

2443 Fillmore Street #300, San Francisco, CA 94115 | ईमेल: info@eleniforca.com
X: @eleniforca | Instagram: @eleniforca

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## अटॉर्नी जनरल

- राज्य के मुख्य कानून अधिकारी के रूप में यह सुनिश्चित करता है कि राज्य के कानूनों को लागू किया जाता है और धोखाधड़ी या गैरकानूनी गतिविधियों की जाँच करता है।
- न्याय विभाग का नेतृत्व करता है, जो राज्य सरकार को कानूनी सेवाएँ प्रदान करता है और दीवानी एवं आपराधिक अदालती मामलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करता है।
- काउंटी के ज़िला अटॉर्नी और शेरिफ सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियों की निगरानी करता है।

### Rob Bonta | डेमोक्रेटिक

उम्मीदवार का कोई वक्तव्य नहीं।



### Michael E. Gates | रिपब्लिकन

हमें एक नए अटॉर्नी जनरल की आवश्यकता है। FBI के आँकड़ों के अनुसार, हिंसक अपराध के मामले में California देश में छठे स्थान पर आता है। हर California वासी सुरक्षित महसूस करने का हकदार है—अपने पड़ोस में, स्कूल में और स्टोर तक पैदल जाते समय। आज बहुत से परिवार ऐसा महसूस नहीं करते। फेंटानिल हमारे बच्चों की जान ले रहा है। खुदरा दुकानों में चोरी के कारण वे दुकानें बंद हो रही हैं जिन पर हम निर्भर करते हैं। अमेरिका के सभी आवासहीन लोगों में से लगभग आधे California में रहते हैं। और अपराध का सबसे अधिक असर हमेशा कामकाजी परिवारों पर पड़ता है। मैं 30 वर्षों से विवाहित हूँ और पाँच बच्चों का पिता हूँ। मैंने अपना करियर राजनीति में नहीं, बल्कि एक मुकदमा लड़ने वाले वकील और अभियोक्ता के रूप में अदालतों में मुकदमे लड़ते हुए बिताया है। मैंने संयुक्त राज्य अमेरिका के न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों को लागू कराया और मुझे संयुक्त राज्य अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट के समक्ष वकालत करने की अनुमति प्राप्त है। शहरी अटॉर्नी के रूप में, मैंने एक स्थानीय अभियोजन प्रोग्राम स्थापित किया, जिसने अपने पहले ही वर्ष में अपराध में दो अंकों के प्रतिशत की कमी की और Huntington Beach को California के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक बनाया। मैंने निवासियों, नेताओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को एक साथ लाया और आपके अटॉर्नी जनरल के रूप में भी मैं यही करूँगा। California वासियों ने बार-बार होने वाली चोरी और नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों के लिए जवाबदेही बहाल करने हेतु प्रस्ताव 36 के पक्ष में भारी बहुमत से मतदान किया। मैं इसे पूरी तरह लागू करूँगा और हमारे समुदायों में ज़हर फैला रहे तस्करों पर मुकदमा चलाऊँगा, पीड़ितों की रक्षा करूँगा, लोगों को सड़कों से निकालकर उपचार दिलाने में मदद करूँगा और यह सुनिश्चित करूँगा कि आपके टैक्स के पैसों का ईमानदारी और प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए। सुरक्षित सड़कें और समान न्याय हर समुदाय का अधिकार हैं, चाहे आपका ज़िप कोड या उपनाम कोई भी क्यों न हो। सार्वजनिक सुरक्षा कोई दलीय मुद्दा नहीं है और मैं इसे कभी भी ऐसा नहीं मानूँगा। *www.Gates4AG.com*

ईमेल: info@gates4ag.com | X: @MichaelGatesESQ | Facebook: @GatesforAG

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## बीमा आयुक्त

- बीमा विभाग का नेतृत्व करता है, जो California के बीमा कानूनों को लागू करता है और उन कानूनों को कार्यान्वित करने के लिए विनियम अपनाता है।
- बीमा कंपनियों को लाइसेंस देता है, उनका विनियमन करता है और उनकी जाँच करता है।
- बीमा उद्योग के बारे में जनता के प्रश्नों और शिकायतों का जवाब देता है।



### Ben Allen | डेमोक्रेटिक

मैं हमारी खराब बीमा व्यवस्था में सुधार करने, लागतों को कम करने और उपभोक्ताओं का संरक्षण करने के लिए बीमा आयुक्त पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ। मैं किसी भी बीमा कंपनी से पैसा नहीं ले रहा हूँ, क्योंकि मेरी निष्ठा आपके प्रति है। राज्य सीनेट में मैंने उपभोक्ताओं और कामकाजी California वासियों के लिए संघर्ष किया है। मैंने प्रदूषण फैलाने वालों को जवाबदेह ठहराने और जंगल में लगने वाली आग की रोकथाम, जल संबंधी बुनियादी ढाँचे और आपदाओं का सामना करने की क्षमता में निवेश करने वाले कानून पारित किए हैं, साथ ही हमारे स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने और हमारे जल, तट एवं महासागर को संरक्षित करने के लिए काम किया है। किसी आपदा के बाद, जब California वासी पुनर्निर्माण का प्रयास कर रहे हों, तो वे तेज और निष्पक्ष व्यवहार के हकदार हैं। इसीलिए मैंने ऐसे कानून तैयार किए जिनके तहत बीमा कंपनियों को दावों के लिए अग्रिम भुगतान बढ़ाना आवश्यक है, आग लगने के जोखिम को कम करने वाले घर में किए जाने वाले सुधारों के लिए कम ब्याज वाले ऋण उपलब्ध करवाने, और घर के मालिकों को अपनी संपत्ति पर मौजूद खतरों को ठीक करने पर अपना बीमा कवरेज बनाए रखने में मदद मिलती है। जब आग ने मेरे ज़िले में भारी तबाही मचाई, तो मैंने अपना सब कुछ खो चुके सैकड़ों निवासियों को अपने घर और जीवन फिर से बसाने में मदद की और बीमा कंपनियों को उनकी देय राशि का भुगतान करने के लिए जवाबदेह ठहराया। बीमा आयुक्त के रूप में, मैं लागतों को कम करने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ाऊँगा, उन उपभोक्ताओं की रक्षा करूँगा जिनका कवरेज अनुचित रूप से समाप्त कर दिया जाता है, बीमा कंपनियों को जवाबदेह बनाऊँगा और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाऊँगा तथा पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाऊँगा। एक ऐसी अपरीक्षित बड़े पैमाने की व्यवस्था बनाने के बजाय, जिसमें राज्य और आप, करदाता के रूप में, वित्तीय दायित्व उठाने के लिए मजबूर हों, मैं एक सिद्ध और व्यावहारिक रास्ते में विश्वास करता हूँ जो हमारे राज्य की वित्तीय स्थिति को जोखिम में डाले बिना बीमे के विकल्प बढ़ाता है और दरों को कम करता है। California के उपभोक्ता संघ, California के पेशेवर अग्निशामकों, प्लांड पेरेंटहुड, California फेडरेशन ऑफ़ टीचर्स, Sierra क्लब, सीनेटर Adam Schiff और Alex Padilla, एवं पूरे राज्य के रिपब्लिकन, इंडिपेंडेंट और डेमोक्रेटिक नेताओं के एक व्यापक गठबंधन का समर्थन प्राप्त होना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे आशा है कि मैं आपका समर्थन भी प्राप्त कर सकूँगा। *BenAllenCA.com*

1700 Tribute Road, Suite 201, Sacramento, CA 95815 | टेलीफ़ोन: (805) 410-3854
ई-मेल: info@benallenca.com | Instagram: @benallenca | X: @BenAllenCA



### Jane Kim | डेमोक्रेटिक

बीमा आयुक्त को कीमतें कम करने के लिए आपके हित में काम करना चाहिए, न कि मुनाफ़ा बढ़ाने के लिए बीमा उद्योग के हित में। इसीलिए मैं बीमा कंपनियों से एक पैसा भी कभी नहीं लूँगी। California को उपभोक्ताओं के हितों की निगरानी करने वाला व्यक्ति चाहिए, न कि कंपनियों के इशारों पर चलने वाला व्यक्ति, और मैं कॉर्पोरेट PACs से पैसा लेने से इनकार करने वाली एकमात्र उम्मीदवार हूँ। इस समय बीमा कंपनियाँ हमारी दरें बढ़ाती हैं, हमारी कवरेज रद्द कर देती हैं और हमारे दावों को अस्वीकार करती हैं, जबकि *हमारे* ही पैसे का इस्तेमाल करके रिकॉर्ड मुनाफ़ा कमाती हैं। मैं उन्हें जवाबदेह ठहराऊँगी ताकि बीमा अधिक किफायती और उपलब्ध हो सके और यह सुनिश्चित करूँगी कि हमारा पैसा हमारे हित में काम करे। मैं दावों का निपटारा तेज़ और निष्पक्ष बनाऊँगी, अत्यधिक मुनाफ़े पर सीमा लगाऊँगी और गैरकानूनी रूप से कीमतें तय करने की प्रथा पर कड़ी कार्रवाई करूँगी। मैं यह सुनिश्चित करूँगी कि सभी के लिए सार्वजनिक आपदा बीमा प्रोग्राम के माध्यम से हमारे प्रीमियम का निवेश हमारे समुदायों को अधिक सुरक्षित बनाने में किया जाए। और मैं California के प्रत्येक बच्चे के लिए सुनिश्चित स्वास्थ्य देखभाल के लिए संघर्ष करूँगी। मैं किसी खराब व्यवस्था का प्रबंधन करने के लिए चुनाव नहीं लड़ रही हूँ; मैं इसे ठीक करने के लिए चुनाव लड़ रही हूँ। मैं नागरिक अधिकारों की वकील और उपभोक्ता हित समर्थक हूँ, और मुझे पता है कि बड़ी चुनौतियों का सामना करके जीत कैसे हासिल की जाती है। San Francisco के निर्वाचित निरीक्षिका के तौर पर, मैंने *सभी के लिए ट्यूशन-मुक्त सामुदायिक कॉलेज*, California की *पहली $15 डॉलर की न्यूनतम मजदूरी*, और *किफायती आवास के लिए रिकॉर्ड स्तर की धनराशियाँ* हासिल कीं। मुझे संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर Bernie Sanders, उप- राज्यपाल Eleni Kounalakis, नियंत्रक Malia Cohen, Dolores Huerta, California अध्यापक संघ, California नर्स एसोसिएशन, और कई अन्य संगठनों का समर्थन प्राप्त होने पर गर्व है, क्योंकि वे जानते हैं कि मैं *आपके* लिए संघर्ष करूँगी। अब ऐसी बीमा व्यवस्था का समय आ गया है जो *सभी* कामकाजी परिवारों के हित में काम करे, और आपका मत प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। *www.JaneKim.org*

371 Lakeport Blvd. #391, Lakeport, CA 95453
ईमेल: info@janekim.org | Instagram: @janekim | Facebook: https://www.facebook.com/JaneKimCA

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# CALIFORNIA समानता बोर्ड ज़िले

## प्रत्येक समानता बोर्ड ज़िले के अंतर्गत आने वाली काउंटियाँ

**ज़िला 1**

Alpine, Amador, Butte, Calaveras, Colusa, El Dorado, Fresno, Glenn, Inyo, Kern, Kings, Lassen, Madera, Mariposa, Merced, Modoc, Mono, Nevada, Placer, Plumas, Sacramento, San Bernardino, San Joaquin, Shasta, Sierra, Siskiyou, Solano, Stanislaus, Sutter, Tehama, Tulare, Tuolumne, Yolo, Yuba

**ज़िला 2**

Alameda, Contra Costa, Del Norte, Humboldt, Lake, Marin, Mendocino, Monterey, Napa, San Benito, San Francisco, San Luis Obispo, San Mateo, Santa Barbara, Santa Clara, Santa Cruz, Sonoma, Trinity, Ventura

**ज़िला 3**

Los Angeles

**ज़िला 4**

Imperial, Orange, Riverside, San Bernardino, San Diego



# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड

राज्य के निर्वाचित टैक्स आयोग, समानता बोर्ड में सेवा प्रदान करता है, जो:

- विनियमित रेलमार्गों और कुछ विशिष्ट सार्वजनिक उपयोगिता कंपनियों की संपत्ति का मूल्यांकन करता है और निजी रेलरोड कार टैक्स का आकलन और संग्रह करता है।
- राज्य की 58 काउंटियों के मूल्यांकन अधिकारियों की मूल्यांकन प्रक्रियाओं की निगरानी करता है।
- मादक पेय पर टैक्स का आकलन और संग्रह करता है और बीमा कंपनियों पर लगाए जाने वाले टैक्स का संयुक्त रूप से प्रशासन करता है।

### ज़िला 1



**Nelson Esparza** | डेमोक्रेटिक

Nelson Esparza एक समर्पित जनसेवक और California के कामकाजी परिवारों एवं छोटे व्यवसायों के मालिकों के हितों के सिद्ध समर्थक हैं। California की सेंट्रल वैली में पले-बढ़े Nelson का जीवन और करियर सभी के लिए अवसर, निष्पक्षता और आर्थिक समृद्धि के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित रहा है। Nelson सभी California वासियों के लिए निष्पक्ष टैक्स प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु राज्य समानता बोर्ड के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। Nelson टैक्स संबंधी खामियों को दूर करने और टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए संघर्ष करेंगे, ताकि हमारी स्थानीय सरकारें सार्वजनिक सुरक्षा, बुनियादी ढाँचे, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और आर्थिक विकास में निवेश जारी रख सकें। लंबे समय से शिक्षक और अर्थशास्त्री रहे Nelson California के राज्य टैक्स बोर्ड में वास्तविक दुनिया का वित्तीय अनुभव लेकर आएँगे। Fresno सिटी काउंसिल में वे वित्त एवं लेखा-परीक्षण समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं, जहाँ वे हर दिन जटिल वित्तीय मुद्दों से निपटते हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने हमारे समुदायों के लिए कई मिलियन डॉलर का निवेश हासिल किया है। Nelson मध्यम वर्ग और कामकाजी वर्ग के परिवारों के साथ-साथ उन छोटे व्यवसायों पर नए टैक्स का विरोध करेंगे, जो पहले से ही अपने खर्च पूरे करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वे हमारी टैक्स प्रणाली में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्ष एवं पक्षपातरहित संपत्ति टैक्स मूल्यांकन के लिए संघर्ष करेंगे। Nelson को पूरे California में स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों, शिक्षकों, नर्सों, निर्माण श्रमिकों एवं स्थानीय, राज्य और संघीय स्तर के नेताओं का समर्थन प्राप्त है—क्योंकि वे जानते हैं कि हमारे टैक्स के पैसों और सार्वजनिक सेवाओं की रक्षा करने के लिए उनके पास अनुभव और दृढ़ संकल्प है। 3 नवम्बर तक, राज्य समानता बोर्ड के लिए Nelson Esparza को मतदान करें। अधिक जानकारी के लिए *nelsonesparza.com* पर जाएँ।

ईमेल: nelson@nelsonesparza.com
Facebook: facebook.com/esparzanelson | Instagram: instagram.com/esparzaforBOE



**Shannon Grove** | रिपब्लिकन

मैं आपके लिए अमेरिकी सपने की रक्षा करने हेतु चुनाव लड़ रही हूँ। मैं बहुत अधिक साधन-संपन्न परिवार में नहीं पली-बढ़ी। मेरा जन्म ग्रामीण Kern काउंटी में हुआ था, मैं अमेरिकी सेना में भर्ती हुई, घर वापस आई और शून्य से एक छोटा व्यवसाय खड़ा किया। लेकिन मुझे सबसे अधिक गर्व इस बात पर है कि अपने छोटे व्यवसाय के माध्यम से मैंने हजारों California वासियों को अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियों के साथ अपना करियर शुरू करने में मदद की। यही मेरे जीवन का काम रहा है। मुझे अमेरिकी सपने को जीने का अवसर मिला, इसलिए मैं दूसरों को भी अपने सपने पूरे करने का अवसर दिलाने के लिए संघर्ष करती रहती हूँ। California विधान मंडल में मैंने उस परिवार के लिए संघर्ष किया जो अपना पहला घर खरीदने की कोशिश कर रहा था। उस छोटे व्यवसाय के मालिक के लिए, जो अत्यधिक नियम-कायदों और टैक्स के बोझ तले दबा हुआ था। और उन बच्चों के लिए, जिनके सपने उनसे छीन लिए गए क्योंकि खतरनाक यौन अपराधियों को उनके कृत्यों के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जा रहा था। आप किस राजनीतिक दल से संबंधित थे, इससे कभी कोई फर्क नहीं पड़ा। महत्वपूर्ण यह था कि काम पूरा किया जाए। अब मैं समानता बोर्ड में आपकी निगरानीकर्ता बनने का अवसर माँग रही हूँ। आपके लिए टैक्स के खिलाफ लड़ने वाला प्रतिनिधि बनने के लिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकार आपके घर, आपके व्यवसाय या आपकी संपत्ति पर अत्यधिक टैक्स न लगाए। प्रस्ताव 13 जैसे करदाता संरक्षण उपायों की रक्षा करने के लिए, जो लोगों को अपने घरों में बने रहने में मदद करते हैं। और सबसे महत्वपूर्ण, ऐसे आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए जो हर California वासी के लिए अमेरिकी सपने को हासिल करना संभव बनाए। चाहे आप उत्तरी स्टेट, Sacramento, Central Valley, या हाई डेज़र्ट में रहते हों, आपके सपने संघर्ष करने योग्य हैं। मैंने अपना जीवन इसे साबित करने में बिताया है। मुझे उम्मीद है कि आप मुझे आपके लिए इसे साबित करते रहने का अवसर देंगे।

टेलीफ़ोन: (916) 498-9223 | ईमेल: ShannonGroveCA@gmail.com
वेबसाइट: ShannonGroveCA.com | Facebook: facebook.com/ShannonGroveForCA

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड

### ज़िला 2



**Sally J. Lieber** | डेमोक्रेटिक

California के निर्वाचित संपत्ति टैक्स निगरानी बोर्ड, राज्य समानता बोर्ड के आपके प्रतिनिधि और अध्यक्षा के रूप में सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है। बोर्ड में मैंने संपत्ति टैक्स राहत तक पहुँच बढ़ाने के लिए काम किया है, जिसमें भूतपूर्व सैनिकों और कम आय वाले परिवारों के लिए टैक्स क्रेडिट, प्रस्ताव 19 के बारे में अधिक सार्वजनिक जानकारी उपलब्ध कराना और घर के मालिकों के बीमे के लिए उपभोक्ता संरक्षण को आगे बढ़ाना शामिल है। मैंने किफायती आवास के लिए संघर्ष किया है, संपत्ति मालिकों के लिए पहचान की चोरी से सुरक्षा का समर्थन किया है और यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है कि बोर्ड कुशल, जवाबदेह और पारदर्शी हो। मैं कॉर्पोरेट PAC से चंदा स्वीकार नहीं करती और हमेशा इस बात पर ज़ोर दूँगी कि धनी हितों वाले समूह अपनी बकाया राशि का भुगतान करें। बोर्ड की सदस्या के रूप में, मैंने प्रस्ताव 13 सहित संयुक्त राज्य अमेरिका और California के संविधानों को बनाए रखने की शपथ ली है। अगले चार वर्षों में, मैं सटीक और निष्पक्ष संपत्ति टैक्स मूल्यांकन, करदाताओं के लिए विस्तारित सहायता और ऐसी नीतियों के लिए काम करना जारी रखूँगी जो कामकाजी परिवारों के लिए आवास की वहनीयता, आपदाओं से तेजी से उबरने और आर्थिक स्थिरता का समर्थन करती हैं। बोर्ड के लिए निर्वाचित होने से पहले, मैंने स्थानीय, क्षेत्रीय और राज्य सरकार में सेवा की। California राज्य विधानसभा में मैंने राज्यव्यापी न्यूनतम वेतन बढ़ाने, हमारे समुद्र तट और San Francisco Bay की रक्षा करने, नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार करने और CalGrant छात्रवृत्तियाँ बढ़ाने के लिए कानून तैयार किए और पूरे राज्य में मुफ़्त सामुदायिक कॉलेज तक पहुँच बनाए रखने के लिए काम किया मुझे पूरे राज्य के शिक्षकों, नर्सों और अग्निशामकों के साथ-साथ California डेमोक्रेटिक पार्टी, प्लान्ड पेरेंटहुड California, Sierra क्लब California और कांग्रेस, राज्य की कार्यपालिका एवं विधान मंडल के चालीस से अधिक नेताओं का समर्थन प्राप्त है। मैं प्राथमिक चुनाव में 1.3 मिलियन से अधिक मतदाताओं से मिले समर्थन के लिए आभारी हूँ। मैं आदरपूर्वक आपसे आपका वोट माँगती हूँ। *www.sallylieber.org*

333 W. San Carlos St., Suite 600, San Jose, CA 95110 | टेलीफ़ोन: (650) 597-2587
ईमेल: vote@sallylieber.org | Facebook: https://www.facebook.com/CAvoteSally



**John Pimentel** | डेमोक्रेटिक

मुझे हमेशा की तरह चलने वाली राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं समानता बोर्ड में सुधार करूँगा, ताकि यह निष्पक्ष रूप से और भ्रष्टाचार के बिना काम करे। बोर्ड का दायित्व >$100 बिलियन डॉलर से अधिक के संपत्ति टैक्स के मूल्यांकन में एकरूपता और पारदर्शिता को सुनिश्चित करना है। हालांकि, यह भ्रष्टाचार को रोकने में असफल रहता है और सार्वजनिक उपयोगिता कंपनियों के लिए विशेष लाभ वाली टैक्स छूटों को बिना उचित जाँच के मंज़ूरी देता है। पेशेवर राजनेताओं ने हमें निराश किया है। आइए, इससे बेहतर करें। मेरा करियर व्यावहारिक समझ के साथ समस्याओं को हल करने और परिणाम हासिल करने पर आधारित है। मेरी कंपनियों ने $1 बिलियन डॉलर से अधिक की स्थिरता और ऊर्जा परियोजनाएँ विकसित कीं, जिनसे अच्छी नौकरियाँ पैदा हुई और साथ ही ऊर्जा की लागतें कम हुई। California के परिवहन उप सचिव के रूप में, मैंने महत्वपूर्ण हाईवे परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए प्रोत्साहन-आधारित अनुबंधों का उपयोग किया और दो कानून प्रवर्तन एजेंसियों का एकीकरण किया, जिससे बचत हुई और सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार हुआ। सामुदायिक कॉलेज ट्रस्टी के रूप में, मैंने मुफ़्त कॉलेज संबंधी पहल का नेतृत्व किया—जिससे उच्च शिक्षा को अधिक किफायती बनाकर नामांकन में वृद्धि हुई। मैंने धोखाधड़ी का पता लगाया, उसे ठीक किया और फिर पारदर्शिता बढ़ाने और खोई हुई धनराशि को वापस प्राप्त करने के लिए सुधार लागू किए। मैं यही ऊर्जा और अनुभव BOE में लेकर आऊँगा। मैं रेस्टोरेंट के भोजन और डिलीवरी किए जाने वाले भोजन पर बिक्री टैक्स समाप्त करने के लिए संघर्ष करूँगा, जिन पर आम लोग अपने व्यस्त जीवन में निर्भर रहते हैं। मैं टैक्स संबंधी खामियों को समाप्त करने के लिए संघर्ष करूँगा, ताकि अरबपति और कंपनियाँ अपने टैक्स का भुगतान करें। मुझे कई सम्मानित नेताओं का समर्थन प्राप्त है, जिनमें शामिल हैं: कोषाध्यक्ष टैक्स, वर्तमान/पूर्व कांग्रेस के सदस्य Sam Liccardo, Kevin Mullin, Anna Eshoo और Tom Campbell. San Jose के मेयर Matt Mahan और दर्जनों वर्तमान/रिटायर्ड राज्य विधायक भी मेरा समर्थन करते हैं। मेरी प्राथमिकताएँ: टैक्स संबंधी निष्पक्षता। सरकार और कंपनियों की जवाबदेही। भोजन पर कोई बिक्री टैक्स नहीं। मैं आपका मतदान पाकर सम्मानित महसूस करूँगा। *www.JohnPimentel.com*

20 Park Road, Suite E, Burlingame, CA 94010 | टेलीफ़ोन: (650) 210-6916 | ईमेल: john@johnpimentel.com
Facebook: https://facebook.com/JohnPimentelCA | Instagram: https://instagram.com/johnpimentelforcalifornia

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड

### ज़िला 3



**Mike Gipson** | डेमोक्रेटिक

विधानसभा के सदस्य Mike Gipson एक सिद्ध नेता हैं, जिनके पास कामकाजी California वासियों के लिए संघर्ष करने का दशकों का अनुभव है। वे हमारी टैक्स प्रणाली में निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए संघर्ष करने हेतु समानता बोर्ड के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। Mike उन टैक्स संबंधी खामियों को दूर करने के लिए संघर्ष करेंगे, जिनका फायदा धनी प्रभावशाली लोग और शक्तिशाली कंपनियाँ अपना उचित हिस्सा चुकाने से बचने के लिए उठाती हैं। Los Angeles में जन्मे और पले-बढ़े Mike ने अपना जीवन जनसेवा के लिए समर्पित किया है। उन्होंने सेवा कर्मचारियों और सार्वजनिक शिक्षकों की यूनियनों के लिए काम किया है, स्थानीय नगर परिषद के सदस्य और पुलिस अधिकारी के रूप में सेवा की है और वर्तमान में California विधानसभा के सदस्य हैं। विधानसभा के सदस्य के रूप में, Mike ने कई महत्वपूर्ण कानूनों का समर्थन किया है, जिनमें स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और बच्चों की देखभाल तक विस्तारित पहुँच के लिए वित्तपोषण की रक्षा करना; मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में निवेश; हमारे अग्निशामकों के लिए संसाधनों का विस्तार; ICE को हमारे स्कूलों से बाहर रखना; और अधिक निष्पक्ष टैक्स प्रणाली शामिल हैं। समानता बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष के चीफ ऑफ़ स्टाफ के रूप में सेवा कर चुके Mike वर्तमान में विधानसभा की राजस्व और कराधान समिति के अध्यक्ष हैं, जो समानता बोर्ड की निगरानी करती है। BOE में Gipson गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल, मजबूत स्कूलों, अधिक सुरक्षित समुदायों और पूरे राज्य में परिवारों एंव समुदायों को सहारा देने वाली आवश्यक सामाजिक सेवाओं के लिए ज़रूरी धनराशि जुटाने का काम करेंगे। वे जानते हैं कि मध्यम वर्ग पर बहुत अधिक टैक्स लगाया जा रहा है, जबकि धनी अभिजात वर्ग और प्रभावशाली लोगों को अपना उचित हिस्सा चुकाने की ज़रूरत है। उन्हें नर्सों, निर्माण कर्मियों, पुलिस अधिकारियों, अग्निशामकों, कक्षा शिक्षकों और डेमोक्रेट्स का समर्थन प्राप्त है। 3 नवम्बर तक, समानता बोर्ड के लिए Mike Gipson को मतदान करें! *mikegipson.net* पर जाएँ।

X: https://x.com/mgipson2014 | Facebook: https://facebook.com/MikeGipson4BOE

**Samuel P. Sukaton** | डेमोक्रेटिक

उम्मीदवार का कोई वक्तव्य नहीं।

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## समानता बोर्ड

### ज़िला 4



**Denis Bilodeau** | रिपब्लिकन

समानता बोर्ड के लिए Denis Bilodeau को मतदान करें। मैं आपके *जीवन-यापन की लागत को कम करने* के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ। आपका बिजली का बिल, आपका गैस का बिल, आपका पानी का बिल। समानता बोर्ड California की विनियमित सार्वजनिक उपयोगिता कंपनियों की संपत्ति का मूल्यांकन करता है और यह मूल्यांकन आपकी उपयोगिता सेवाओं की दरों को सीधे प्रभावित करता है। जब कोई मूल्यांकन गलत होता है, तो उसका असर आपके किराए और उपयोगिता सेवाओं के बिलों में दिखाई देता है। मैं Denis Bilodeau, P.E. हूँ। • लाइसेंस प्राप्त सिविल और ट्रैफिक इंजीनियर। • यूनिवर्सिटी ऑफ़ California, Irvine से ग्रेजुएट। • करदाता संघ अध्यक्ष। • अस्थायी मेयर, सिटी ऑफ़ Orange. • Orange काउंटी जल ज़िले के अध्यक्ष। • राष्ट्रीय पानी के रिसर्च इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष। मैंने 25 वर्षों तक दरों का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के हितों के लिए संघर्ष किया है। मैं जानता हूँ कि गलत मूल्यांकन कामकाजी परिवार के बजट पर किस तरह बोझ डालता है। समानता बोर्ड 58 काउंटियों के मूल्यांकनकर्ता अधिकारियों की निगरानी भी करता है। आपकी संपत्ति का मूल्यांकन निष्पक्ष रूप से किया जाना चाहिए और उसमें गलतियों या विशेष हितों वाले समूहों के लिए मौजूद खामियों के कारण बढ़ोतरी नहीं होनी चाहिए। मैंने प्रस्ताव 13 को बचाने के लिए *Howard Jarvis करदाता एसोसिएशन* की प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर किए हैं और मुझे उनका समर्थन प्राप्त है। मैं प्रस्तावित वाहन माइलेज टैक्स का विरोध करूँगा। मैंने एक ऐसी टीम का नेतृत्व किया है जिसने पानी की दरें किफायती रखीं, हमारे जलग्रहण क्षेत्रों को लंबे समय तक बने रहने वाले रसायनों से सुरक्षित किया, हर वर्ष बजट को संतुलित रखा, हमारे बुनियादी ढाँचे में निवेश किया और देश के सर्वोच्च सुरक्षा मानकों को पूरा करने वाला उच्च गुणवत्ता का पेयजल उपलब्ध कराया। नगर परिषद सदस्य के रूप में, मैंने हमारे पड़ोसों को सुरक्षित रखने के लिए काम किया है। मैं इंजीनियरिंग की सटीकता और राजकोषीय अनुशासन के साथ संघर्ष करूँगा, ताकि कामकाजी परिवार फिर से घर खरीदने में सक्षम हो सकें। *करदाताओं* के लिए एक स्वतंत्र आवाज़। मेरे लिए यह मायने रखता है कि काम सही ढंग से हो, न कि इसका श्रेय किसे मिलता है। कृपया *समानता बोर्ड के लिए Denis Bilodeau* को मतदान करें।

P.O. Box 1871, Orange, CA 92862 | टेलीफ़ोन: (858) 633-3352 | ईमेल: INFO@BILODEAUFORBOE.COM
Facebook: Denis Bilodeau For Board of Equalization 2026 | Instagram: BilodeauForBoardofEqualization



**Tom Umberg** | डेमोक्रेटिक

मैं समानता बोर्ड के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ ताकि आपके हितों का निगरानीकर्ता बन सकूँ—हमारी टैक्स प्रणाली को आम California वासियों के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत बनाने के लिए संघर्ष करते हुए यह सुनिश्चित कर सकूँ कि बड़ी और धनाढ्य कंपनियाँ अपना उचित हिस्सा चुकाएँ। समानता बोर्ड कई बिलियन डॉलर की संपत्ति टैक्स के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करता है, जिनसे स्कूलों, अस्पतालों, पुस्तकालयों, पार्कों और आपातकालीन सेवाओं सहित महत्वपूर्ण स्थानीय सेवाओं का वित्तपोषण होता है। मैं टैक्स संबंधी निष्पक्षता के लिए आपकी आवाज़ बनूँगा, घर के मालिकों, किराएदारों और छोटे व्यवसायों की रक्षा करूँगा एवं नियमों से बच निकलने वाले धनी हितों वाले समूहों के खिलाफ खड़ा रहूँगा। मेरा रिकॉर्ड दर्शाता है कि मैं कामकाजी परिवारों की परवाह करता हूँ और जानता हूँ कि बोर्ड में जवाबदेही कैसे सुनिश्चित की जाए। राज्य की सीनेट में मैंने Donald Trump को दोबारा California के मतपत्र पर आने से रोकने के लिए "No Kings" (कोई राजा नहीं) कानून लिखा और सभी California वासियों के नागरिक अधिकारों की रक्षा करते हुए ICE से जवाबदेही की माँग करने वाले कानून का समर्थन किया। एक संघीय अभियोक्ता और सेना के JAG अधिकारी के रूप में, मैंने राजनेताओं और सरकारी कर्मचारियों को धोखाधड़ी, सत्ता के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के लिए दोषी ठहराया, भ्रष्ट विदेशी सरकारों को मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए जवाबदेह ठहराया और चुनाव के दिन मतदान केंद्रों पर सुरक्षाकर्मियों के माध्यम से लैटीनो मतदाताओं को डराने-धमकाने के रिपब्लिकन पार्टी के प्रयासों की जाँच की। हाल ही में मैंने हमारे चुनावों में विशेष हितों वाले समूहों के प्रभाव पर अंकुश लगाने के लिए प्रस्ताव 4 का लेखन किया है। एक छोटे व्यवसायी के रूप में, मैं हमारे व्यवसायों और श्रमिकों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझता हूँ। मुझे California डेमोक्रेटिक पार्टी, अमेरिकी सीनेट के सदस्य Adam Schiff, अमेरिकी सीनेट के सदस्य Alex Padilla, California पेशेवर अग्निशामक, प्लान्ड पेरेंटहुड एफिलिएट्स ऑफ़ California और स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों, शिक्षकों एवं नर्सों का प्रतिनिधित्व करने वाली श्रमिक यूनियनों का समर्थन प्राप्त होने पर गर्व है। मैं आपका मतदान पाकर सम्मानित महसूस करूँगा।

P.O. Box 1630, Sunset Beach, CA 90742 | टेलीफ़ोन: (949) 679-0052 | ईमेल: info@tomumberg.com
Facebook: www.facebook.com/Umberg4BOE/ | X: www.X.com/TomUmbergCA

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# उम्मीदवारों के वक्तव्य

## सार्वजनिक निर्देश अधीक्षक (निर्दलीय कार्यालय)

- राज्य की शिक्षा प्रणालियों के संचालन में जनहित का प्रतिनिधित्व करने वाली, स्वतंत्र रूप से निर्वाचित राज्य की निर्दलीय आवाज़ के रूप में कार्य करता है।
- जनता के अत्यधिक चिंता वाले क्षेत्रों के संबंध में विधान मंडल और गवर्नर के समक्ष पक्ष रखकर एवं पहचानी गई चुनौतियों से निपटने के लिए सिफारिशें देकर जनहित का प्रतिनिधित्व करता है।
- राज्य की किंडरगार्टन से लेकर उच्च शिक्षा तक की परिवर्तनशील प्रणालियों के संचालन मंडलों में मतदान करने वाले सदस्य के रूप में कार्य करता है।



### Richard Barrera

डेमोक्रेट Richard Barrera ने उस सुधार प्रयास का नेतृत्व किया जिसने संकटग्रस्त San Diego यूनिफाइड ज़िले को देश के सबसे बड़े शहरी ज़िलों में पढ़ने और गणित में प्रथम स्थान पर पहुँचाया। राज्य अधीक्षक के रूप में, Barrera उसी ऊर्जा और उत्साह के साथ काम करेंगे और इन सुधारों को California के प्रत्येक स्कूल तक पहुँचाने का प्रयास करेंगे। Barrera ने Trump प्रशासन से विद्यार्थियों की रक्षा करने के लिए संघर्ष किया: ICE को स्कूलों से बाहर रखना, LGBTQ विद्यार्थियों के समर्थन में खड़ा होना और यह सुनिश्चित करना कि बच्चों को खसरा एवं अन्य बीमारियों के विरुद्ध टीके लगाए जाएँ। वे सार्वजनिक शिक्षा पर Trump/MAGA के हमलों से California की रक्षा करेंगे। San Diego यूनिफाइड स्कूल बोर्ड में 18 वर्षों के अनुभवी सदस्य (और वर्तमान अध्यक्ष) Barrera ने अभिभावकों, शिक्षकों और समुदाय को एक साथ लाकर फिजूलखर्ची/नौकरशाही में कटौती की और विद्यार्थियों एवं कक्षाओं में निवेश किया। परिणामस्वरूप, "राष्ट्र की रिपोर्ट कार्ड" में गणित और पढ़ने के स्तर बढ़कर राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्तरों तक पहुँच गए और San Diego यूनिफाइड ने ग्रेजुएट होने की दर और कॉलेज/करियर की तैयारी में California के शहरी ज़िलों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। Barrera ने 60 वर्ष पुराने स्कूलों की मरम्मत, प्रौद्योगिकी को अपग्रेड करने और इलेक्ट्रॉनिक दरवाज़ों के ताले, प्रवेश के एकल स्थान एवं पड़ोस और चार्टर स्कूलों के लिए अपडेट की हुई आपातकालीन संचार व्यवस्था के माध्यम से स्कूल सुरक्षा में सुधार करने के लिए चार सफल अभियानों का नेतृत्व किया। UC San Diego से स्नातक और Harvard से मास्टर डिग्री प्राप्त Barrera को उन लोगों का समर्थन मिला है जो विद्यार्थियों की सफलता के लिए सबसे अधिक ज़िम्मेदार हैं: California टीचर्स एसोसिएशन, California फेडरेशन ऑफ़ टीचर्स, यूनाइटेड एडमिनिस्ट्रेटर्स ऑफ़ सदर्न California और California स्कूल एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाले 700,000 से अधिक कक्षा शिक्षक, नर्सें, काउंसलर, प्रधानाचार्य और कर्मचारी। उन्हें प्लान्ड पेरेंटहुड, California पेशेवर अग्निशामक, स्कूल के पुलिस अधिकारियों और California की डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थन प्राप्त है। "San Diego में हमारे विद्यार्थियों ने जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं, उन पर मुझे गर्व है और मैं पूरे California में विद्यार्थियों की सफलता में सुधार करने के लिए उत्सुक हूँ।" *BarreraforEdu.com*

5445 Madison Avenue, Sacramento, CA 95841 | टेलीफ़ोन (916) 348-9100 x200
ईमेल: barreraforedu@gmail.com | TikTok: Richard.barrera01 | Instagram: richardbarrera2026



### Sonja Shaw

California के पब्लिक स्कूल हमारे बच्चों को अपेक्षित शिक्षा देने में असफल हो रहे हैं। आधे से भी कम बच्चे अपनी कक्षा के स्तर के अनुसार पढ़ या लिख सकते हैं। लड़कियों के लिए निष्पक्षता पर खतरा मंडरा रहा है, और महिला खिलाड़ी पदक और छात्रवृत्तियाँ खो रही हैं। कई लड़कियाँ अभ्यास से पहले अपनी कारों में ही कपड़े बदलती हैं, क्योंकि वे लॉकर रूम में स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। यह अस्वीकार्य है। दो बेटियों की माँ के रूप में, मुझे Chino Valley यूनिफाइड स्कूल बोर्ड की अध्यक्षा चुना गया, क्योंकि अभिभावकों ने बदलाव की मांग की थी। हमने वह बदलाव करके दिखाया। जब मैंने पद संभाला, तब हमारे ज़िले को वही समस्याएँ झेलनी पड़ रही थीं जो पूरे California में दिखाई देती हैं: खराब ग्रेड, गिरते हुए परीक्षा परिणाम, कक्षाओं में राजनीतिक मुद्दों के कारण ध्यान भटकना, और लड़कियों के लिए निष्पक्षता एवं उनकी निजता में कमी। हमने एक अलग रास्ता चुना। हमने फिर से पढ़ने, लिखने और गणित पर फिर से ध्यान केंद्रित किया। लड़कियों के खेल और उनके निजी स्थानों की रक्षा की। नौकरशाही में कटौती की। संसाधनों को वापस कक्षाओं में लगाया। विद्यार्थियों के परिणामों में सुधार हुआ और स्वतंत्र अनुसंधान ने हमारे ज़िले को COVID के बाद शैक्षणिक सुधार के लिए एक आदर्श के रूप में मान्यता दी। यह सफलता Sacramento के आदेशों से नहीं मिली। यह अभिभावकों की सामान्य समझ-बूझ के पक्ष में खड़े होने से मिली। राज्य अधीक्षक के रूप में, मैं विद्यार्थियों और परिवारों की समर्थक के रूप में पूरे राज्य में वही नेतृत्व प्रदान करूँगी और राजनेताओं एवं विशेष हितों वाले समूहों के सामने खड़ी होकर इस पद की स्वतंत्रता की रक्षा करूँगी, जैसा कि मतदाताओं का उद्देश्य था। मेरी योजना सरल है: पढ़ने, लिखने और गणित में उच्च शैक्षणिक मानकों को बहाल करना; टाइटल IX की रक्षा करते हुए लड़कियों के लिए निष्पक्षता और सुरक्षा को सुनिश्चित करना; अनावश्यक नौकरशाही में कटौती करना; और वित्तीय पारदर्शिता की माँग करना, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि धन वहाँ पहुँचे जहाँ उसका उपयोग होना चाहिए—कक्षाओं में, हमारे विद्यार्थियों और हमारे उत्कृष्ट शिक्षकों की सहायता के लिए। हमने साबित किया है कि यह कार्य योजना स्थानीय स्तर पर सफल होती है। आइए, हर बच्चे के लिए परिणाम देने हेतु मिलकर काम करें। यहाँ और जानकारी प्राप्त करें: *ShawForCA.com*.

6939 Schaefer Avenue, Suite D #119, Chino, CA 91710 | टेलीफ़ोन (949) 495-1310
ईमेल: info@shawforca.com | X: @realSonjaShaw | Instagram: @SonjaShaw2026

उम्मीदवारों द्वारा व्यक्त किए गए विचार और राय उनके अपने हैं और वे राज्य सचिव के कार्यालय के विचारों और रायों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। वक्तव्यों का क्रम बेतरतीब तरीके से चुनने द्वारा निर्धारित किया गया था। इस पृष्ठ पर दिए गए वक्तव्य उम्मीदवारों द्वारा दिए गए हैं तथा किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जाँच नहीं की गई है। प्रत्येक वक्तव्य उम्मीदवार द्वारा स्वेच्छा से दिया गया था और उम्मीदवार द्वारा इसके लिए भुगतान किया गया था। जिन उम्मीदवारों ने वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किये थे, वे मतपत्र पर उपस्थित होने के लिए अन्यथा योग्य हो सकते हैं।

# चुनावी प्रक्रिया

California के संविधान के तहत, सुप्रीम कोर्ट और अपीलीय न्यायालयों के न्यायाधीशों की पुष्टि मतदाताओं द्वारा की जाती है। जनता प्रत्येक न्यायाधीश को पद पर बनाए रखने के संबंध में "हाँ" या "नहीं" में मतदान करती है।

ये न्यायिक पद निर्दलीय होते हैं।

किसी व्यक्ति के अपीलीय न्यायालय का न्यायाधीश बनने से पहले, गवर्नर को उम्मीदवार का नाम न्यायिक नामांकित व्यक्ति मूल्यांकन आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना आवश्यक होता है, जिसमें आम जनता के सदस्य और वकील शामिल होते हैं। यह आयोग समुदाय से प्राप्त जानकारी को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार की पृष्ठभूमि और योग्यताओं की गहन समीक्षा करता है और फिर उम्मीदवार के बारे में अपना मूल्यांकन गवर्नर को भेजता है।

इसके बाद गवर्नर आयोग के मूल्यांकन की समीक्षा करता है और आधिकारिक रूप से उम्मीदवार को नामांकित करता है, जिनकी न्यायिक नियुक्ति आयोग द्वारा योग्यताओं की जाँच और समीक्षा किए जाने से पहले जनता को उन पर टिप्पणी करने का अवसर दिया जाता है। इस आयोग में California के मुख्य न्यायाधीश, California के अटॉर्नी जनरल और अपीलीय न्यायालयों के एक वरिष्ठ पीठासीन न्यायाधीश शामिल होते हैं। इसके बाद न्यायिक नियुक्ति के लिए आयोग को नामांकन की पुष्टि करनी या उसे अस्वीकार करना होता है। नामांकन की पुष्टि होने पर ही नामांकित व्यक्ति न्यायाधीश बनता है।

पुष्टि होने के बाद, न्यायाधीश को पद की शपथ दिलाई जाती है और अगले गवर्नर चुनाव में उसे मतदाताओं की मंज़ूरी प्राप्त करनी होती है, और उसके बाद प्रत्येक कार्यकाल की समाप्ति पर भी मतदाताओं की मंज़ूरी आवश्यक होती है। California के संविधान के तहत सुप्रीम कोर्ट और अपीलीय न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए निर्धारित कार्यकाल 12 वर्ष है। न्यायिक नियुक्ति आयोग द्वारा न्यायाधीशों की पुष्टि केवल अगले गवर्नर चुनाव तक के लिए की जाती है, उस समय वे अपने पूर्ववर्ती के कार्यकाल की शेष अवधि, यदि कोई हो, के लिए पद पर बने रहने हेतु चुनाव में खड़े होते हैं, यह शेष अवधि या तो चार या आठ वर्ष की होगी। (चुनाव कोड अनुभाग 9083.)

सुप्रीम कोर्ट और अपीलीय न्यायालय के न्यायाधीशों के बारे में अधिक जानकारी के लिए *voterguide.sos.ca.gov* या *courts.ca.gov* पर जाएँ।

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की योग्यताओं का विवरण

**Kelli M. Evans,** एसोसिएट जस्टिस, California का सुप्रीम कोर्ट

**बार में प्रवेश:** 1994

**शिक्षा:** यूनिवर्सिटी ऑफ़ California Davis स्कूल ऑफ़ लॉ, J.D., 1994; Stanford यूनिवर्सिटी, B.A., 1991.

**पेशेवर कानूनी पृष्ठभूमि:** मुख्य उप कानूनी मामलों की सचिव, गवर्नर Gavin Newsom का कार्यालय (2019–2021); विशेष सहायक अटॉर्नी जनरल, California न्याय विभाग (2017–2019); वरिष्ठ निदेशक, न्याय प्रशासन, स्टेट बार ऑफ़ California (2014–2017); संघीय न्यायालय मॉनिटर, अमेरिकी ज़िला न्यायालय, California का उत्तरी ज़िला (2003–2010) और अमेरिकी ज़िला न्यायालय, Ohio का उत्तरी ज़िला (2015–2017); वकील, रेलमैन एंड एसोसिएट्स (2001–2004); वरिष्ठ ट्रायल वकील, अमेरिकी न्याय विभाग का नागरिक अधिकार प्रभाग (1998–2001); स्टाफ वकील एवं एसोसिएट निदेशक, ACLU ऑफ़ नार्दर्न California (1995–1998 और 2010–2013); सहायक पब्लिक डिफेंडर, Sacramento काउंटी (1995); रूथ चांस लिटिगेशन फेलो, इक्वल राइट्स एडवोकेट्स (1994–1995).

**न्यायिक पृष्ठभूमि:** एसोसिएट जस्टिस, California सुप्रीम कोर्ट, 2023–वर्तमान; न्यायाधीश, Alameda काउंटी सुपीरियर कोर्ट, 2021–2022.

---

**Joshua P. Groban,** एसोसिएट जस्टिस, California सुप्रीम कोर्ट

**बार में प्रवेश:** दिसम्बर 1998

**शिक्षा:** Harvard लॉ स्कूल, J.D., 1998; Stanford यूनीवर्सिटी, A.B., 1995.

**पेशेवर कानूनी पृष्ठभूमि:** न्यायाधीश William C. Conner, New York के दक्षिणी ज़िले के लिए लॉ क्लर्क, 1998–1999; वकील, Paul, Weiss, Rifkind, Wharton और Garrison LLP, 1999–2005; वकील, Munger, Tolles और Olson LLP, 2005–2010; गवर्नर Jerry Brown के वरिष्ठ सलाहकार, 2011–2018; व्याख्याता, UCLA स्कूल ऑफ़ लॉ, 2014–2018.

**न्यायिक पृष्ठभूमि:** एसोसिएट जस्टिस, California सुप्रीम कोर्ट, 2018–मौजूदा समय तक।

# California
## मोटर विभाग द्वारा पंजीकृत मतदाता

California मोटर विभाग द्वारा पंजीकृत मतदाता प्रोग्राम California मोटर वाहन विभाग (DMV) में मतदान करने के लिए पंजीकरण करने को अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बना रहा है। ड्राइवर लाइसेंस, आईडी कार्ड, या पते में बदलाव जैसे कार्य सम्पादनों को ऑनलाइन, डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से DMV में पूरा करने वाले सभी योग्य व्यक्तियों को मतदान करने के लिए अपने आप ही पंजीकृत किया जाएगा, जब तक कि वे स्वचालित रूप से मतदाता पंजीकरण से "बाहर रहने" का विकल्प नहीं चुनते।

California मोटर विभाग द्वारा पंजीकृत मतदाता प्रोग्राम उन सभी California वासियों पर लागू होता है जो 18 साल या उससे अधिक उम्र के हैं और निम्नलिखित सभी मानदंड पूरे करते हैं:

- संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिक हैं।
- California के निवासी हैं।
- कोई जघन्य अपराध साबित होने की वजह से वर्तमान में राज्य या संघीय जेल में कारावास की सजा नहीं काट रहे हैं।
- वर्तमान में किसी न्यायालय द्वारा मतदान करने के लिए मानसिक रूप से अक्षम न पाए गए होना।

मतदाता पूर्व पंजीकरण उनके लिए उपलब्ध है जो 16 और 17 साल की उम्र के हैं। जब वे 18 साल के हो जाएँगे तो उनका मतदाता पंजीकरण अपने आप सक्रिय हो जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए, *motorvoter.sos.ca.gov* पर जाएँ।

मतदान करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए, *registertovote.ca.gov* पर जाएँ।

---

# मतदाता पंजीकरण की गोपनीयता जानकारी

**Safe at Home गोपनीय मतदाता पंजीकरण:** जीवन को खतरे में डालने वाली परिस्थितियों का सामना कर रहे कुछ चुनिंदा मतदाता गोपनीय मतदाता दर्जे के लिए योग्यता प्राप्त कर सकते हैं अगर वे Safe at Home प्रोग्राम के सक्रिय सदस्य हैं। इसमें घरेलू हिंसा, पीछा किए जाने, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी, बाल अपहरण और बुज़ुर्गों/आश्रित वयस्कों के साथ दुर्व्यवहार के पीड़ित और इससे बच निकले लोग शामिल हैं, साथ ही, इसमें सार्वजनिक संस्थाओं के ऐसे कर्मचारी/ठेकेदार भी शामिल हैं जिन्हें किसी सार्वजनिक संस्था के लिए अपने काम के कारण अपनी सुरक्षा का भय है, और प्रजनन और लिंग की पुष्टि संबंधी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता, कर्मचारी, स्वयंसेवक और मरीज़ भी शामिल हैं जिन्हें किसी प्रजनन या लिंग की पुष्टि स्वास्थ्य देखभाल सुविधा से अपने संबंध के कारण अपनी सुरक्षा को लेकर डर है। अधिक जानकारी के लिए, राज्य सचिव के घर में सुरक्षित प्रोग्राम के टोल-फ्री नंबर (877) 322-5227 पर संपर्क करें या *sos.ca.gov/safeathome* पर जाएँ।

**मतदाता जानकारी की गोपनीयता:** आपके मतदाता पंजीकरण शपथ-पत्र में दी गई जानकारी का उपयोग चुनाव अधिकारी आपको मतदान प्रक्रिया के बारे में आधिकारिक जानकारी भेजने के लिए करेंगे, जैसे आपके मतदान स्थल का स्थान और मतपत्र पर आने वाले विधेयकों एवं उम्मीदवारों की जानकारी। मतदाता पंजीकरण जानकारी का व्यावसायिक तौर पर इस्तेमाल किया जाना कानून द्वारा वर्जित है और यह एक अपराध है। मतदाता की जानकारी किसी पद के लिए खड़े उम्मीदवार, मतपत्र विधेयक समिति, या चुनाव, अध्ययनशील, पत्रकारिता, राजनीतिक या सरकारी उद्देश्यों के लिए अन्य व्यक्ति को प्रदान की जा सकती है, जैसा कि राज्य सचिव द्वारा निर्धारित किया गया है। इन उद्देश्यों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस और सामाजिक सुरक्षा नंबर, या आपके मतदाता पंजीकरण कार्ड पर दिखाए गए आपके हस्ताक्षर रिलीज़ नहीं किए जा सकते हैं। यदि मतदाता जानकारी के इस्तेमाल के बारे में आपके कोई प्रश्न है या ऐसी जानकारी के संदिग्ध दुरुपयोग की रिपोर्ट करना चाहते हैं, तो कृपया राज्य सचिव की टोल-फ्री मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर कॉल करें।

# चेतावनीः चुनाव प्रचार करना वर्जित है!

उल्लंघन करने पर जुर्माने लगाए जा सकते हैं और/या कारावास की सजा दी जा सकती है।

## कहाँः

- मतपत्र पर मतदान करने के लिए कतार में खड़े किसी व्यक्ति के आसपास या मतदान स्थल के प्रवेश द्वार, पटरी के किनारे मतदान करना, या मतपत्र ड्रॉप बॉक्स से 100 फीट के भीतर, निम्नलिखित गतिविधियाँ करना वर्जित हैं।






## कौन सी गतिविधियाँ वर्जित हैंः

- किसी व्यक्ति को किसी उम्मीदवार या मतपत्र विधेयक के पक्ष या विपक्ष में मतदान करने के लिए **न कहें**।
- किसी उम्मीदवार का नाम, तस्वीर या लोगो प्रदर्शित **न करें**।
- किसी मतपत्र ड्रॉप बॉक्स तक पहुंच को अवरुद्ध **न करें** या आसपास न घूमें।
- किसी मतदान स्थल, मतदान केंद्र या मतपत्र ड्रॉप बॉक्स के पास किसी भी उम्मीदवार या मतपत्र विधेयक के पक्ष में या विपक्ष में कोई भी सामग्री या सुनने लायक जानकारी प्रदान **न करें**।
- किसी पहल, जनमत संग्रह, रीकॉल या उम्मीदवार के नामांकन सहित किसी भी याचिका को प्रसारित **न करें**।
- किसी भी उम्मीदवार का नाम, तस्वीर, लोगो, और/या किसी भी उम्मीदवार या मतपत्र विधेयक का समर्थन या विरोध करने वाले किसी भी कपड़े (टोपी, कमीज, संकेत, बटन, स्टिकर) को वितरित, प्रदर्शित **न करें** या पहनें नहीं।
- किसी भी मतदाता की मतदान करने की पात्रता के बारे में जानकारी प्रदर्शित **न करें** या उसके बारे में मतदाता से बात न करें।

ऊपर संक्षेप में दिए गये चुनाव प्रचार निषेध California चुनाव संहिता के प्रभाग 18 के अध्याय 4 की धारा 7 में दिए गये हैं।

# चेतावनीः मतदान प्रक्रिया को किसी भी तरह से बिगाड़ना वर्जित है!

उल्लंघन करने पर जुर्माने लगाए जा सकते हैं और/या कारावास की सजा दी जा सकती है।

## कौन सी गतिविधियाँ वर्जित हैं:

- चुनाव में धोखाधड़ी **न करें** या धोखाधड़ी करने का प्रयास न करें।
- किसी भी तरह से किसी भी व्यक्ति को मतदान करने या मतदान न करने के लिए किसी भी तरह का मुआवजा या रिश्वत प्रदान **न करें** या प्रेरित न करें या प्रेरित करने का प्रयास न करें।
- गैरकानूनी तरीके से मतदान **न करें**।
- मतदान करने का अधिकार न होने पर मतदान करने का प्रयास न करें या किसी अन्य को मतदान करने में सहायता **न करें**।
- चुनाव अभियान में शामिल न हों; मतदान स्थल में प्रवेश करने या बाहर निकलने वाले मतदाता की तस्वीर न लें या रिकॉर्ड **न करें;** या प्रवेश, निकास, या पार्किंग में बाधा न डालें।
- किसी भी व्यक्ति के मतदान के अधिकार को चुनौती **न दें** या मतदाताओं को मतदान करने से न रोकें; मतदान की प्रक्रिया में देरी **न करें**; या धोखाधड़ी से किसी व्यक्ति को यह सलाह न दें कि वह मतदान करने के योग्य नहीं है या मतदान के लिए पंजीकृत नहीं है।
- यह पता लगाने की कोशिश **न करें** कि किसी मतदाता ने अपने मतपत्र पर कैसे मतदान किया।
- कुछ अपवादों को छोड़कर, किसी मतदान स्थल के निकटवर्ती क्षेत्र में बन्दूक अपने पास **न रखें** या किसी के पास रखने की व्यवस्था **न करें**।
- कुछ अपवादों को छोड़कर, किसी मतदान स्थल के निकटवर्ती क्षेत्र में शांति अधिकारी, गार्ड या सुरक्षा कर्मी की वर्दी में उपस्थित **न हों** या किसी के उपस्थित होने की व्यवस्था **न करें**।
- मतदान प्रणाली के किसी भी घटक के साथ छेड़छाड़ या हस्तक्षेप **न करें**।
- किसी चुनाव के परिणामों के जाली परिणाम न बनाएँ, जाली नकल न बनाएँ, या उनके साथ छेड़छाड़ **न करें**।
- किसी चुनाव के परिणामों में फेरबदल **न करें**।
- किसी भी मतदान सूची, आधिकारिक मतपत्र, या मतपत्र कंटेनर के साथ छेड़छाड़, उसे नष्ट या उसमें परिवर्तन **न करें**।
- किसी भी गैर-आधिकारिक मतपत्र इकट्ठा करने वाले कंटेनर को प्रदर्शित **न करें** जो किसी मतदाता को यह विश्वास दिलाने के लिए धोखा दे सकता है कि यह एक आधिकारिक संग्रह बॉक्स है।
- किए गए मतदानों के परिणामों की प्रति के साथ छेड़छाड़ या हस्तक्षेप **न करें**।
- किसी ऐसे व्यक्ति, जो पढ़ नहीं सकता या किसी बुज़ुर्ग के साथ किसी उम्मीदवार या विधेयक के पक्ष में या विपक्ष में मतदान करने के उनके इरादे के विपरीत जबरदस्ती **न करें** या धोखा **न दें**।
- किसी चुनाव अधिकारी के तौर पर कार्यवाही **न करें** जबकि आप वह नहीं हैं।

**नियोक्ता** अपने कर्मचारियों से अपना डाक द्वारा मतदान का मतपत्र कार्यस्थल पर लाने की माँग नहीं कर सकते या उन्हें ऐसा करने के लिए नहीं कह सकते, और न ही उनसे कार्यस्थल पर अपना मतपत्र भरकर मतदान करने के लिए कह सकते हैं। वेतन या मजदूरी का भुगतान करते समय, नियोक्ता ऐसी सामग्री को संलग्न नहीं कर सकते हैं जो उनके कर्मचारी की राजनीतिक राय या कार्यों को प्रभावित करने का प्रयास करती है।

**क्षेत्र के बोर्ड सदस्य** यह निर्धारित करने की कोशिश नहीं कर सकते कि किसी मतदाता ने अपने मतपत्र पर कैसे मतदान दिया या, यदि वह जानकारी मिलती है, तो यह प्रकट करती है कि किसी मतदाता ने अपने मतपत्र पर कैसे मतदान दिया।

ऊपर संक्षेप में दी गई मतदान प्रक्रिया को बिगाड़ने से संबंधित गतिविधि पर प्रतिबंध California चुनाव संहिता के प्रभाग 18 के अध्याय 6 में दिए गए हैं।

1

# प्रस्ताव 1

2025–2026 के नियमित सत्र के सीनेट बिल 417 द्वारा प्रस्तावित इस कानून (अध्याय 16, 2026 का विधान) को California संविधान की धारा XVI के प्रावधानों के अनुसार लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

यह प्रस्तावित स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता एवं सैन्य और भूतपूर्व सैनिक संहिता में अनुभाग जोड़ता है; इसलिए, जोड़े जाने वाले प्रस्तावित नए प्रावधानों को यह संकेत देने के लिए, कि वे नये हैं, *इटैलिक टाइप* में प्रिंट किया गया है।

## प्रस्तावित कानून

अनुभाग 2. स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के प्रभाग 31 में भाग 16.1 (अनुभाग 54050 से शुरू करते हुए) को इस तरह पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

*भाग 16.1. भूतपूर्व सैनिक और किफायती आवास बॉन्ड अधिनियम, 2026*

*अध्याय 1. सामान्य प्रावधान*

*54050. सैन्य और भूतपूर्व सैनिक संहिता के प्रभाग 4 के अध्याय 6 की धारा 5ab (अनुभाग 998.750 से शुरू करते हुए) के साथ, इस भाग को भूतपूर्व सैनिक और किफायती आवास बॉन्ड अधिनियम, 2026 के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।*

*54051. यह भाग केवल तभी प्रभावी होगा जब इसे 3 नवम्बर, 2026 के राज्यव्यापी आम चुनाव में मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।*

*54052. इस भाग के प्रयोजनों के लिए, "कोष" का अर्थ अनुभाग 54054 के अनुसार स्थापित 2026 का किफायती आवास बॉन्ड अधिनियम ट्रस्ट कोष है।*

*अध्याय 2. 2026 का किफायती आवास बॉन्ड अधिनियम ट्रस्ट कोष और प्रोग्राम*

*54054. (a) 2026 का किफायती आवास बॉन्ड अधिनियम ट्रस्ट कोष इसके द्वारा राज्य कोषागार में स्थापित किया जाता है। विधान मंडल का आशय है कि इस भाग के अनुसार जारी और बेचे गए बॉन्ड्स से प्राप्त आय, अनुभाग 54076 के अनुसार जारी किए गए पुनर्वित्त बॉन्ड्स को छोड़कर, कोष में जमा की जाए और इस अध्याय में वर्णित किफायती किराये के आवास और घर के स्वामित्व वाले प्रोग्रामों के वित्तपोषण के लिए उपयोग की जाए।*

*(b) इस भाग के अनुसार इस अध्याय में निर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए जारी और बेचे गए बॉन्ड्स से प्राप्त आय का आबंटन निम्नलिखित तरीके से किया जाएगा:*

*(1) पाँच बिलियन एक सौ मिलियन डॉलर ($5,100,000,000) अनुभाग 50661 के अनुसार स्थापित आवास पुनर्वास ऋण कोष में जमा किए जाएँगे, जिनका उपयोग भाग 2 के अध्याय 6.7 (अनुभाग 50675 से शुरू करते हुए) द्वारा अधिकृत बहुपरिवार आवास प्रोग्राम के लिए किया जाएगा। यह धनराशि प्राप्त करने वाले प्रत्येक विकास में सहायता प्राप्त यूनिट्स में से कम से कम 10 प्रतिशत यूनिट्स अत्यंत कम आय वाले परिवारों के लिए किफायती होने चाहिए।*

*(2) एक बिलियन एक सौ पचास मिलियन डॉलर ($1,150,000,000) अनुभाग 50661 के अनुसार स्थापित आवास पुनर्वास ऋण कोष में जमा किए जाएँगे, जिनका उपयोग भाग 2 के अध्याय 6.7 (अनुभाग 50675 से शुरू करते हुए) द्वारा अधिकृत बहुपरिवार आवास प्रोग्राम के अनुसार, अनुभाग 50675.14 में वर्णित सहायक आवास के लिए किया जाएगा। प्रशासन करने वाली संस्था यह धनराशि प्राप्त करने वाले विकासों में सहायक आवास यूनिट्स के लिए पूंजीकृत परिचालन आर्थिक सहायता आरक्षित निधि उपलब्ध कराएगी।*

*(A) (i) इस राशि का अधिकतम 15 प्रतिशत अनुभाग 50675.1.3 में निर्दिष्ट योग्य संस्थाओं को पूंजीगत परिसंपत्तियाँ प्राप्त करने के लिए अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका उपयोग अंतरिम आवास को स्थायी आवास में बदलने के लिए उसके अधिग्रहण, रूपांतरण या पुनर्वास हेतु किया जाएगा, जिसमें संघीय विनियम संहिता के शीर्षक 24 के भाग 578.3 में परिभाषित आवासहीन, लंबे समय से आवासहीन या आवासहीन होने के जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए विभिन्न स्थानों पर स्थित परियोजनाएँ; यूनिट्स के लिए किफायती आवास संबंधी अनुबंधों और प्रतिबंधों की खरीद; मौजूदा यूनिट्स के पुनर्वास के कारण विस्थापित किए जा रहे व्यक्तियों की स्थानांतरण लागतें; और इस अनुभाग के तहत उपलब्ध कराई गई धनराशि से खरीदी गई, रूपांतरित की गई या संशोधित की गई यूनिट्स के लिए पूंजीकृत परिचालन के लिए आर्थिक सहायता शामिल हैं।*

*(ii) इस उप-अनुच्छेद में वर्णित किसी भी उद्देश्य के लिए प्राप्त धनराशि का उपयोग करने वाला कोई भी प्रोग्राम या परियोजना स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता की अनुभाग 50675.1.5 और अनुभाग 50675.1.3 के उपखंड (i) में दिए गए विनियामक प्रक्रिया-सरलीकरण संबंधी प्रावधानों के अधीन होगा।*

*(iii) बहुपरिवार आवास प्रोग्राम (भाग 2 का अध्याय 6.7, (अनुभाग 50675 से शुरू करते हुए)) की अन्य आवश्यकताओं और इस अनुच्छेद के बीच किसी भी टकराव का समाधान इस अनुच्छेद के पक्ष में किया जाएगा, जैसा कि अनुभाग 54077 के अनुसार अधिकृत दिशानिर्देशों में निर्धारित किया जा सकता है।*

*(B) (i) इस राशि में से एक सौ पचास मिलियन डॉलर ($150,000,000) का उपयोग युवा आवास के लिए किया जाएगा।*

*(ii) इस उपखंड के प्रयोजनों के लिए, "युवा आवास" का अर्थ वर्तमान या पूर्व फोस्टर युवाओं, आवासहीन नाबालिगों या युवाओं, या आवासहीन होने के जोखिम वाले युवाओं के लिए आवास है, जिसमें ऐसे आवास शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है, जो उन्हें स्वतंत्र और आत्मनिर्भर वयस्क जीवन में सफलतापूर्वक प्रवेश करने के लिए आवश्यक कौशल और संसाधन विकसित करने में सहायता करते हैं।*

*(iii) इस उप-अनुच्छेद के तहत उपलब्ध कराई गई धनराशि का उपयोग केवल युवा आवास के विकास, अधिग्रहण, पुनर्वास या संरक्षण की पूंजीगत लागतों के लिए किया जाएगा और इसका उपयोग सेवाओं के संचालन या उन्हें प्रदान करने के वित्तपोषण के लिए नहीं किया जाएगा।*

*(iv) उपलब्ध होने के तीन वर्षों के भीतर इस उप-अनुच्छेद के उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध न की गई कोई भी धनराशि, भाग 2 के अध्याय 6.7 (अनुभाग 50675 से शुरू करते हुए) द्वारा अधिकृत बहुपरिवार आवास प्रोग्राम में सामान्य उपयोग के लिए वापस कर दी जाएगी।*

*(3) सात सौ पचास मिलियन डॉलर ($750,000,000) विधान मंडल द्वारा भाग 2 के अध्याय 5.5 (अनुभाग 50606 से शुरू करते हुए) के अनुसार स्थापित, सामान्यतः पोर्टफोलियो पुनर्निवेश प्रोग्राम के नाम से जाने जाने वाले प्रोग्राम के लिए विनियोजित किए जाएँगे। 3 नवम्बर, 2036 तक इस अनुच्छेद के उद्देश्यों के लिए प्रतिबद्ध न की गई कोई भी धनराशि, भाग 2 के अध्याय 6.7 (अनुभाग 50675 से शुरू करते हुए) द्वारा अधिकृत बहुपरिवार आवास प्रोग्राम में सामान्य उपयोग के लिए वापस कर दी जाएगी।*

*(4) दो सौ मिलियन डॉलर ($200,000,000) विधान मंडल द्वारा ऐसे प्रोग्राम के लिए विनियोजित किए जाएँगे, जो बिना प्रतिबंध वाली आवास यूनिट्स के अधिग्रहण और पुनर्वास का वित्तपोषण करेगा और मौजूदा निवासियों को विस्थापन से सुरक्षित रखते हुए उन आवास यूनिट्स पर दीर्घकालिक किफायती आवास संबंधी प्रतिबंध लागू करेगा। पहले तीन वर्षों के भीतर प्रशासन करने वाली संस्था द्वारा आबंटित न की गई कोई भी धनराशि, उसी संस्था द्वारा बहुपरिवार आवास प्रोग्राम (भाग 2 का अध्याय 6.7, अनुभाग 50675 से शुरू करते हुए) के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।*

*(5) छह सौ मिलियन डॉलर ($600,000,000) अनुभाग 50697.1 के अनुसार स्थापित स्व-सहायता आवास कोष में जमा किए जाएँगे। इस कोष की धनराशियाँ भाग 2 के अध्याय 6 (अनुभाग 50650 से शुरू करते हुए) द्वारा अधिकृत CalHome प्रोग्राम के लिए उपलब्ध होंगी, ताकि एकल-परिवार उपविभाजन सहित कई घर के स्वामित्व यूनिट्स वाली विकास परियोजनाओं में सहायता के लिए प्रत्यक्ष, माफ़ किए जाने योग्य ऋण प्रदान किए जा सकें, साथ ही स्व-सहायता गृह ऋण सहायता प्रोग्रामों और निर्मित आवासों के लिए भी सहायता प्रदान की जा सके। इन धनराशियों को प्रोग्राम के किसी भी अधिकृत उद्देश्य के लिए भी खर्च किया जा सकता है। इस अनुच्छेद के उद्देश्यों के लिए 3 नवम्बर, 2036 तक प्रतिबद्ध न की गई कोई भी धनराशि, भाग 2 के अध्याय 6.7 (अनुभाग 50675 से शुरू करते हुए) द्वारा अधिकृत बहुपरिवार आवास प्रोग्राम में सामान्य उपयोग के लिए वापस कर दी जाएगी।*

*(6) पाँच सौ मिलियन डॉलर ($500,000,000) अनुभाग 51342 के अनुसार स्थापित घर की खरीद के लिए सहायता कोष में जमा किए जाएँगे। सरकारी संहिता की अनुभाग 13340 और अनुभाग 50697.1 के बावजूद, यह धनराशि वित्तीय वर्षों की परवाह किए बिना, भाग 3 के अध्याय 6.8 (अनुभाग 51341 से शुरू करते हुए) के अनुसार स्थापित घर की खरीद के लिए सहायता प्रोग्राम के उद्देश्यों के लिए California हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी को इसके द्वारा निरंतर विनियोजित की जाती है।*

*(7) चार सौ पचास मिलियन डॉलर ($450,000,000) अनुभाग 50517.5 के अनुसार स्थापित Joe Serna, जो सर्ना, जूनियर फार्मवर्कर हाउसिंग अनुदान कोष, में जमा किए जाएँगे, ताकि कृषि कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए आवास के निर्माण या पुनर्वास या निर्मित आवास के अधिग्रहण के लिए अनुदान या ऋण, या दोनों, का वित्तपोषण किया जा सके, जो ऐसे प्रोग्राम के हिस्से के रूप में होगा जिसका उद्देश्य मौजूदा श्रमिक शिविरों, मोबाइल होम पार्कों या अन्य आवासों से खेतिहर श्रमिक परिवारों के वर्तमान और संभावित विस्थापन के प्रभाव का समाधान और निवारण करना है। इस धनराशि को प्रोग्राम के किसी भी अधिकृत उद्देश्य के लिए भी खर्च किया जा सकता है। इस धनराशि का उपयोग अनुभाग 54007 के अनुसार तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए भी किया जा सकता है। इस अनुच्छेद के उद्देश्यों के लिए 3 नवम्बर, 2036 तक प्रतिबद्ध न की गई कोई भी धनराशि, भाग 2 के अध्याय 6.7 (अनुभाग 50675 से शुरू करते हुए) द्वारा अधिकृत बहुपरिवार आवास प्रोग्राम में सामान्य उपयोग के लिए वापस कर दी जाएगी।*

*(8) दो सौ मिलियन डॉलर ($200,000,000) विधान मंडल द्वारा अध्याय 6.4 (अनुभाग 50651 से शुरू करते हुए) के अनुसार स्थापित जनजातीय आवास अनुदान प्रोग्राम के लिए विनियोजित किए जाएँगे, ताकि ऐसे आवास और आवास-संबंधी कार्यकलापों का वित्तपोषण किया जा सके जो जनजातियों को अपने समुदायों का पुनर्निर्माण और पुनर्गठन करने में सक्षम बनाएँगे। इस अनुच्छेद के उद्देश्यों के लिए 3 नवम्बर, 2036 तक प्रतिबद्ध न की गई कोई भी धनराशि, भाग 2 के अध्याय 6.7 (अनुभाग 50675 से शुरू करते हुए) द्वारा अधिकृत बहुपरिवार आवास प्रोग्राम में सामान्य उपयोग के लिए वापस कर दी जाएगी।*

*(9) पाँच सौ मिलियन डॉलर ($500,000,000) स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के अनुभाग 53559 के अनुसार स्थापित 2019 के इनफिल बुनियादी ढाँचा अनुदान प्रोग्राम के लिए दिए जाएँगे, ताकि इनफिल के रूप में निर्दिष्ट स्थानों पर उच्च-घनत्व वाले किफायती और मिश्रित-आय आवास को सहारा देने वाले बुनियादी ढाँचे के नए निर्माण और पुनर्वास में सहायता के लिए इनफिल प्रोत्साहन अनुदान प्रदान किए जा सकें। इस अनुच्छेद के उद्देश्यों के लिए 3 नवम्बर, 2036 तक प्रतिबद्ध न की गई कोई भी धनराशि, भाग 2 के अध्याय 6.7 (अनुभाग 50675 से शुरू करते हुए) द्वारा अधिकृत बहुपरिवार आवास प्रोग्राम में सामान्य उपयोग के लिए वापस कर दी जाएगी।*

*(10) तीन सौ पचास मिलियन डॉलर ($350,000,000) विधान मंडल द्वारा नई किफायती विद्यार्थी आवास परियोजनाओं के लिए विनियोजित किए जाएँगे। यह वित्तपोषण California विश्वविद्यालय और California राज्य विश्वविद्यालय के बीच समान रूप से बाँटा जाएगा। वित्तपोषित विद्यार्थी आवास परियोजनाओं को शिक्षा संहिता की अनुभाग 17201 के उपखंड (f) में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करना होगा। इन परियोजनाओं के लिए, California विश्वविद्यालय और California राज्य विश्वविद्यालय को शिक्षा संहिता के अनुभाग 17201 के उपखंड (i) और (o) में निर्दिष्ट जवाबदेही और रिपोर्टिंग संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।*

*(11) दो सौ मिलियन डॉलर ($200,000,000) अनुभाग 53545 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (F) के अनुसार स्थापित किफायती आवास नवाचार कोष में जमा किए जाएँगे। विधान मंडल द्वारा विनियोजन किए जाने पर, कोष की धनराशि अनुभाग 50842.2 के अनुसार स्थापित स्थानीय आवास ट्रस्ट कोष मिलान अनुदान प्रोग्राम के तहत उन स्थानीय आवास ट्रस्ट कोषों को प्रतिस्पर्धी अनुदान या ऋण देने के लिए उपलब्ध होगी, जो किफायती आवास का विकास करते हैं, उसका स्वामित्व रखते हैं, उसके लिए ऋण देते हैं या उसमें निवेश करते हैं और इस धनराशि का उपयोग किफायती आवास बनाने या संरक्षित करने के लिए नवाचारी और लागत में बचत करने वाले तरीकों को प्रदर्शित करने हेतु पायलट प्रोग्राम बनाने के लिए भी किया जाएगा। स्थानीय आवास ट्रस्ट कोषों के लिए धनराशि निरंतर आधार पर निजी योगदानों या ऐसे सरकारी स्रोतों से प्राप्त की जाएगी, जिनका उपयोग अन्यथा आवास प्रोग्रामों तक सीमित नहीं है। इन धनराशियों को इस प्रोग्राम के किसी भी अधिकृत उद्देश्य के लिए भी खर्च किया जा सकता है। उपलब्ध होने के तीन वर्षों के भीतर इस अनुच्छेद के उद्देश्यों के लिए प्रतिबद्ध न की गई कोई भी धनराशि, भाग 2 के अध्याय 6.7 (अनुभाग 50675 से शुरू करते हुए) द्वारा अधिकृत बहुपरिवार आवास प्रोग्राम में सामान्य उपयोग के लिए वापस कर दी जाएगी, जब तक कि आवास और सामुदायिक विकास विभाग यह निर्धारित न करे कि माँग में कमी के कारण धनराशि को इससे पहले ही वापस कर दिया जाना चाहिए।*

*(12) अनुच्छेद (1) से (11), दोनों सहित, के बावजूद, व्यवसाय, उपभोक्ता सेवाएँ और आवास एजेंसी या उसकी उत्तराधिकारी संस्था और उसके प्रशासनिक विभाग, विधान मंडल द्वारा विनियोजन किए जाने पर, इस उपखंड के अनुसार वित्तपोषित प्रोग्रामों को अधिक कुशल बनाने और धनराशि के वितरण में तेजी लाने के लिए उन्हें समन्वित कर सकते हैं या उनकी प्रक्रियाओं को सरल बना सकते हैं, बशर्ते कि व्यय उन उद्देश्यों और योग्य उपयोगों के अनुरूप रहें जिन्हें मतदाताओं और विधान मंडल ने अनुमोदित किया है।*

1

*54056. (a) विधान मंडल समय-समय पर उन प्रोग्रामों से संबंधित किसी भी कानून में संशोधन कर सकता है, जिनके लिए इस अध्याय के अनुसार धनराशि आबंटित की जाती है या की गई है, ताकि उन प्रोग्रामों की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार किया जा सके या उनके लक्ष्यों को आगे बढ़ाया जा सके।*

*(b) विधान मंडल इस अध्याय में संशोधन कर सकता है, ताकि इस भाग के अनुसार जारी और बेचे गए बॉन्ड्स से प्राप्त आय को इस अध्याय के अनुसार धनराशि प्राप्त करने वाले प्रोग्रामों के बीच आवश्यकतानुसार पुनः आबंटित किया जा सके, जिससे इस राज्य में किफायती आवास के विकास को प्रभावी ढंग से बढ़ावा दिया जा सके।*

*(c) आवास और सामुदायिक विकास विभाग या प्रशासन करने वाली संस्था इस अध्याय के अनुसार आवास विकास परियोजनाओं के लिए उपलब्ध कराई गई किसी भी धनराशि को निर्माण अवधि के दौरान वितरित कर सकती है।*

*अध्याय 3. राजकोषीय प्रावधान*

*54060. अनुभाग 54076 के अनुसार जारी किए गए पुनर्वित्त बॉन्ड्स को छोड़कर, कुल दस बिलियन डॉलर ($10,000,000,000) की राशि के बॉन्ड, या समिति द्वारा आवश्यक निर्धारित की गई इस राशि के जितने हिस्से की आवश्यकता हो, इस भाग में व्यक्त उद्देश्यों को पूरा करने और सरकारी संहिता के अनुभाग 16724.5 के अनुसार सामान्य दायित्व बॉन्ड व्यय परिक्रामी कोष की प्रतिपूर्ति करने के लिए जारी और बेचे जाने हेतु इसके द्वारा अधिकृत किए जाते हैं। कोई भी बॉन्ड, बेचे, जारी और सुपुर्द किए जाने पर, राज्य का वैध और बाध्यकारी सामान्य दायित्व होगा और माना जाएगा, एवं उन बॉन्ड्स के मूलधन और ब्याज के देय और भुगतान योग्य होने पर, दोनों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए राज्य की पूर्ण आस्था और साख इसके द्वारा गिरवी रखी जाती है।*

*54062. इस भाग द्वारा अधिकृत बॉन्ड्स, सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 के भाग 3 के अध्याय 4 (अनुभाग 16720 से शुरू करते हुए) में दिए गए राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के अनुसार तैयार, निष्पादित, जारी, बेचे, भुगतान, समाप्त और मोचित किए जाएँगे; हालांकि सरकारी संहिता के अनुभाग 16727 के उपखंड (a) और (b) इसके अपवाद होंगे, और समय-समय पर संशोधित उस कानून के सभी प्रावधान, अनुभाग 54078 में दिए गए अपवाद को छोड़कर, बॉन्ड और इस भाग पर लागू होंगे और इसके द्वारा इस भाग में इस प्रकार शामिल किए जाते हैं मानो उन्हें इस भाग में पूर्ण रूप से निर्धारित किया गया हो।*

*54064. (a) केवल इस भाग द्वारा अधिकृत बॉन्ड को राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के अनुसार जारी और बेचने की अनुमति देने के उद्देश्य से, अनुभाग 53524 द्वारा गठित आवास वित्त समिति का अस्तित्व जारी रहेगा। इस भाग के प्रयोजनों के लिए, आवास वित्त समिति वही "समिति" है, जिस अर्थ में इस शब्द का उपयोग राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून में किया गया है।*

*(b) इस भाग और राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून में प्रयुक्त "बोर्ड" के संदर्भ का अर्थ आवास विकास और वित्त समिति होगा। यह अधिकार उन प्रोग्रामों के लिए आवास और सामुदायिक विकास विभाग या California हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी को सौंपा जा सकता है जिनका प्रशासन वे करते हैं। विभाग द्वारा प्रशासित प्रोग्रामों के लिए आवास और सामुदायिक विकास विभाग को "बोर्ड" नामित किया जाता है, और एजेंसी द्वारा प्रशासित प्रोग्रामों के लिए California हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी को "बोर्ड" नामित किया जाता है।*

*54066. बोर्ड द्वारा यह बताते हुए अनुरोध किए जाने पर कि इस भाग के उद्देश्यों के लिए धनराशि की आवश्यकता है, समिति संकल्प द्वारा यह निर्धारित करेगी कि बॉन्ड्स जारी करना और बेचना आवश्यक या वांछनीय है या नहीं और, यदि ऐसा है, तो जारी और बेचे जाने वाले बॉन्ड्स की राशि कितनी होगी। उन कार्यों को क्रमिक रूप से पूरा करने के लिए बॉन्ड्स के क्रमिक इश्यू अधिकृत किए और बेचे जा सकते हैं, और यह ज़रूरी नहीं है कि जारी किए जाने के लिए अधिकृत सभी बॉन्ड्स किसी एक समय में ही बेचे जाएँ। बॉन्ड्स पर ऐसा ब्याज लग सकता है जो संघीय आयकर के अधीन हो।*

*54068. राज्य के सामान्य राजस्व के अतिरिक्त, प्रत्येक वर्ष उसी तरीके और उसी समय एक ऐसी राशि एकत्र की जाएगी जिस तरीके और समय पर राज्य का अन्य राजस्व एकत्र किया जाता है, यह राशि प्रत्येक वर्ष बॉन्ड्स के मूलधन और ब्याज का भुगतान करने के लिए आवश्यक राशि के बराबर होगी। राज्य के राजस्व की वसूली के संबंध में कानून द्वारा जिन अधिकारियों को कोई कर्तव्य सौंपा गया है, उन सभी का यह कर्तव्य होगा कि वे उस अतिरिक्त राशि को एकत्र करने के लिए आवश्यक प्रत्येक कार्य करें और उसे पूरा करें।*

*54070. सरकारी संहिता के अनुभाग 13340 के बावजूद, इस भाग के उद्देश्यों के लिए राज्य कोषागार के सामान्य कोष से इसके द्वारा निम्नलिखित दोनों राशियों के कुल योग के बराबर राशि निरंतर विनियोजित की जाती है:*

*(a) इस भाग के अनुसार जारी और बेचे गए बॉन्ड्स के मूलधन और ब्याज के देय और भुगतान योग्य होने पर उनका भुगतान करने के लिए प्रत्येक वर्ष आवश्यक राशि।*

*(b) अनुभाग 54074 को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक राशि, जिसे वित्तीय वर्षों की परवाह किए बिना विनियोजित किया जाएगा।*

*54072. बोर्ड इस भाग के उद्देश्यों के लिए सरकारी संहिता के अनुभाग 16312 के अनुसार पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट बोर्ड से पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट अकाउंट से ऋण देने का अनुरोध कर सकता है। अनुरोध की राशि उन बिना बिके बॉन्ड्स की राशि से अधिक नहीं होगी जिन्हें समिति ने संकल्प द्वारा बेचने के लिए अधिकृत किया है। इसमें अनुभाग 54076 के अनुसार अधिकृत किन्हीं भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स को शामिल नहीं किया जाएगा और इसमें से इस अनुभाग के अनुसार ऋण के रूप में दी गई एवं अभी तक वापस न चुकाई गई कोई भी राशि और अनुभाग 54074 के अनुसार सामान्य कोष से निकाली गई एवं अभी तक सामान्य कोष में वापस न की गई कोई भी राशि घटाई जाएगी। ऋण प्राप्त करने और उसे चुकाने के लिए पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट बोर्ड द्वारा आवश्यक किसी भी दस्तावेज़ को बोर्ड निष्पादित करेगा। ऋण के रूप में दी गई कोई भी राशि कोष में जमा की जाएगी और इस भाग के अनुसार आबंटित की जाएगी।*

*54074. इस भाग को कार्यान्वित करने के उद्देश्यों के लिए, वित्त निदेशक सामान्य कोष से ऐसी राशि निकालने की अनुमति दे सकता है जो उन बिना बिके बॉन्ड्स की राशि से अधिक न हो जिन्हें समिति ने संकल्प द्वारा बेचने के लिए अधिकृत किया है, इसमें अनुभाग 54076 के अनुसार अधिकृत किन्हीं भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स को शामिल नहीं किया जाएगा और इसमें से अनुभाग 54072 के अनुसार ऋण के रूप में दी गई एवं अभी तक वापस न चुकाई गई कोई भी राशि और इस अनुभाग के अनुसार सामान्य कोष से निकाली गई एवं अभी तक सामान्य कोष में वापस न की गई कोई भी राशि घटाई जाएगी। निकाली गई कोई भी राशि कोष में जमा की जाएगी और इस भाग के अनुसार आबंटित की जाएगी। इस अनुभाग के तहत उपलब्ध कराई गई कोई भी धनराशि, उस ब्याज सहित जो उस राशि पर पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट अकाउंट में अर्जित होता, बॉन्ड्स की बिक्री से प्राप्त उन धनराशियों में से सामान्य कोष में वापस की जाएगी जो अन्यथा उस कोष में जमा की जाती।*

1

*54076.* *इस भाग के अनुसार जारी और बेचे गए बॉन्ड का पुनर्वित्त सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 के भाग 3 के अध्याय 4 की धारा 6 (अनुभाग 16780 से शुरू करते हुए) के अनुसार किया जा सकता है। इस भाग में वर्णित बॉन्ड्स की बिक्री और जारी किए जाने को मतदाताओं द्वारा दी गई मंज़ूरी में, इस भाग के अनुसार जारी किए गए बॉन्ड्स के पुनर्वित्त के लिए जारी किए जाने वाले बॉन्ड्स की बिक्री और जारी किए जाने की मंज़ूरी भी शामिल है, जिसमें पहले जारी किए गए कोई भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स शामिल हैं। इस अनुभाग के द्वारा अधिकृत किए गये के अनुसार, किसी पुनर्वित्त बॉन्ड की धनराशियों के साथ उस वापस किए गए बॉन्ड को अधिकृत करने वाले संकल्प में, जो समय-समय पर संशोधित हो, निर्धारित तरीके और सीमा तक, कानूनी रूप से समाप्त किया जा सकता है।*

*54076.5.* *भूतपूर्व सैनिक और किफायती आवास बॉन्ड अधिनियम, 2026 द्वारा जारी किए जाने के लिए अधिकृत बॉन्ड्स के मूलधन की राशि से अधिक न होने वाली बॉन्ड आय, अनुभाग 54076 के अनुसार जारी किन्हीं भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स को छोड़कर, का उपयोग ऐसे किसी भी कानूनी रूप से उपलब्ध स्रोत की प्रतिपूर्ति के लिए किए जाने की अपेक्षा है और किया जा सकता है, जिसका उपयोग भूतपूर्व सैनिक और किफायती आवास बॉन्ड अधिनियम, 2026 के अनुसार अधिकृत परियोजनाओं या प्रोग्रामों की लागतों का भुगतान करने के लिए किया गया हो (इसमें विशेष राज्य विभागों या एजेंसियों की वह धनराशियाँ भी शामिल हैं जिसे परियोजनाओं या प्रोग्रामों की लागतों पर खर्च किया जा सकता है), ऐसी लागतों का भुगतान 3 नवम्बर, 2026 के बाद किया गया होना चाहिए, हालांकि, बॉन्ड्स से प्राप्त आय से प्रतिपूर्ति की जाने वाली किसी भी लागत का भुगतान किसी अन्य ऋण से प्राप्त आय से नहीं किया गया होना चाहिए, जब तक कि उस पूर्व ऋण का भुगतान बॉन्ड से प्राप्त आय द्वारा समाप्त न किया जाना हो।*

*54077.* *अनुभाग 54054 में वर्णित वित्तपोषण को लागू करने के लिए, प्रशासन करने वाली संस्था अपने वित्तपोषण प्रोग्रामों के प्रशासन संबंधी आवश्यकताएँ निर्धारित करने वाले दिशानिर्देश अपना सकती है। ये दिशानिर्देश सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 3 के भाग 1 के अध्याय 3.5 (अनुभाग 11340 से शुरू करते हुए) के अधीन नहीं हैं।*

*54078.* *राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के किसी भी प्रावधान के बावजूद, इस भाग द्वारा अधिकृत किसी भी बॉन्ड की परिपक्वता तिथि बॉन्ड जारी किए जाने की तारीख से 35 वर्ष से अधिक बाद की नहीं होगी।*

*54080.* *इस भाग द्वारा अधिकृत बॉन्ड्स की बिक्री से प्राप्त आय, California के संविधान की धारा XIII B में प्रयुक्त अर्थ में "टैक्सों से प्राप्त आय" नहीं है, और इस आय का वितरण उस धारा द्वारा लगाई गई सीमाओं के अधीन नहीं है।*

*54082.* *इस भाग द्वारा अधिकृत बॉन्ड की बिक्री से प्राप्त उस आय के संबंध में, जो सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 के भाग 2 के अध्याय 3 की धारा 4 (अनुभाग 16470 से शुरू करते हुए) के तहत निवेश के अधीन है, राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के किसी भी प्रावधान के बावजूद, कोषाध्यक्ष निवेश से होने वाली आय के लिए एक अलग खाता रख सकता है।*

*54083.* *इस भाग या राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, यदि कोषाध्यक्ष इस अध्याय के अनुसार ऐसे बॉन्ड्स बेचता है जिनके साथ बॉन्ड संबंधी कानूनी सलाहकार की यह राय शामिल है कि निर्दिष्ट शर्तों के तहत बॉन्ड्स पर मिलने वाला ब्याज संघीय टैक्स उद्देश्यों के लिए सकल आय से बाहर रखा गया है या अन्यथा किसी संघीय टैक्स लाभ का योग्य है, तो कोषाध्यक्ष बॉन्ड से प्राप्त आय के निवेश, उस आय से होने वाली कमाई एवं उस कमाई के निवेश के लिए अलग-अलग खाते रख सकता है। कोषाध्यक्ष संघीय कानून के अंतर्गत आवश्यक रियायत, जुर्माना, या अन्य भुगतान को चुकाने के लिए या उन बॉन्ड्स की बिक्री से मिले धन के निवेश और इस्तेमाल के संबंध में कोई अन्य कार्रवाई करने के लिए या उन बॉन्ड्स की टैक्स मुक्त स्थिति को बरकरार रखने और इस राज्य की निधियों की ओर से संघीय कानून के अंतर्गत कोई अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए उन बॉन्ड्स की बिक्री से मिले धन का इस्तेमाल कर सकता या उसके लिए निर्देश दे सकता है, जो संघीय कानून के अंतर्गत आवश्यक या वांछनीय है।*

*54084.* *(a) उपखंड (b) के अधीन, इस भाग के अनुसार बेचे गए बॉन्ड्स के प्रीमियम और उपार्जित ब्याज से प्राप्त सभी धनराशि को बॉन्ड ब्याज संबंधी व्यय में क्रेडिट के रूप में सामान्य कोष में हस्तांतरित किया जाएगा।*

*(b) प्रीमियम से प्राप्त राशियों को सामान्य कोष में हस्तांतरित करने से पहले बॉन्ड जारी करने की लागतों का भुगतान करने के लिए आरक्षित रखा और उपयोग किया जा सकता है।*

*अध्याय 4. जवाबदेही*

*54088.* *प्रशासन करने वाली संस्था स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के अनुभाग 50408 के अनुसार एक वार्षिक रिपोर्ट में इस बॉन्ड से किए गए निवेशों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रकाशित करेगी।*

अनुभाग 3. सैन्य और भूतपूर्व सैनिक संहिता के प्रभाग 4 के अध्याय 6 में धारा 5ab (अनुभाग 998.750 से शुरू करते हुए) को इस तरह पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

*धारा 5ab. भूतपूर्व सैनिक और किफायती आवास बॉन्ड अधिनियम, 2026*

*998.750.* *स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के प्रभाग 31 के भाग 16.1 (अनुभाग 54050 से शुरू करते हुए) के साथ, इस धारा को भूतपूर्व सैनिक और किफायती आवास बॉन्ड अधिनियम, 2026 के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।*

*998.751.* *(a) (1) समय-समय पर संशोधित किए जा सकने वाले राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून (सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 के भाग 3 का अध्याय 4, (अनुभाग 16720 से शुरू करते हुए)) को इस धारा द्वारा जारी किए जाने के लिए अधिकृत बॉन्ड्स की तैयारी, निष्पादन, जारी करने, बिक्री, समाप्ति, मोचन और पुनर्भुगतान एवं उनसे संबंधित अन्य व्यवस्थाएँ करने के उद्देश्य से अपनाया जाता है, और उस कानून के प्रावधानों को इस धारा में इस प्रकार शामिल किया जाता है मानो उन्हें इस धारा में पूर्ण रूप से निर्धारित किया गया हो, निम्नलिखित दोनों अपवादों को छोड़कर:*

*(A) राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के अनुभाग 16727 के उपखंड (a) और (b) एवं अनुभाग 16755 का उपखंड (a) लागू नहीं होंगे।*

*(B) राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के अनुभाग 16753 के उपखंड (c) के अनुच्छेद (1) को पूर्ण रूप से निम्नलिखित टेक्स्ट से प्रतिस्थापित किया जाएगा: "कोषाध्यक्ष यह आवश्यक बनाएगा कि प्रतिस्पर्धी बिक्री में सफल बोलीदाता या बातचीत द्वारा की गई बिक्री में अंडरराइटर, उन बॉन्ड्स के मूलधन की राशि का कम से कम आधा प्रतिशत सद्भावना जमा राशि के रूप में प्रदान करे, जिनके लिए बोलीदाता सफल बोलीदाता है या जिनके लिए अंडरराइटर प्रस्थापना प्रस्तुत करता है। सद्भावना जमा राशि उतनी होगी जितनी कोषाध्यक्ष द्वारा, जैसे भी लागू होती है, बॉन्ड्स की प्रतिस्पर्धी बिक्री या बातचीत द्वारा की गई बिक्री से कम से कम एक दिन पहले उचित रूप से निर्धारित की जाए। कोषाध्यक्ष जमा राशि का स्वरूप निर्दिष्ट करेगा, जो कैशियर चेक, जमानती बॉन्ड, धनराशि का वायर ट्रांसफर या इनका संयोजन हो सकता है। जमा राशि पर ब्याज नहीं मिलेगा।"*

1

(2) इस धारा में "यहाँ" के सभी संदर्भ इस धारा और यहाँ सम्मिलित किए गए उस कानून, दोनों को संदर्भित करते हैं।

(b) राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के प्रयोजनों के लिए, भूतपूर्व सैनिक मामलों के विभाग को "बोर्ड" नामित किया जाता है।

998.752. यहाँ प्रयुक्त निम्नलिखित शब्दों के मतलब इस प्रकार हैं:

(a) "बोर्ड" का अर्थ भूतपूर्व सैनिक मामलों का विभाग है।

(b) "बॉन्ड" का अर्थ इस धारा के अनुसार जारी किया गया भूतपूर्व सैनिक बॉन्ड, यानि राज्य का सामान्य दायित्व बॉन्ड है, जिसके लिए यहाँ दिए गए प्रावधानों के अनुसार राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के प्रावधान अपनाए गए हैं।

(c) "बॉन्ड अधिनियम" का अर्थ यह धारा है, जो राज्य के सामान्य दायित्व बॉन्ड्स जारी करने को अधिकृत करता है और संदर्भ द्वारा राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून को अपनाता है।

(d) "समिति" का अर्थ अनुभाग 991 द्वारा स्थापित 1943 की भूतपूर्व सैनिक वित्त समिति है।

(e) "कोष" का अर्थ अनुभाग 988 द्वारा स्थापित 1943 का भूतपूर्व सैनिक कृषि और गृह निर्माण कोष है।

(f) "भुगतान कोष" का अर्थ अनुभाग 988.6 द्वारा स्थापित भूतपूर्व सैनिक बॉन्ड भुगतान कोष है।

998.753. 1974 के (भूतपूर्व सैनिक कृषि और घर की खरीद संबंधी अधिनियम (धारा 3.1, अनुभाग 987.50 से शुरू करते हुए)) एवं उसमें संशोधन और उसके पूरक सभी अधिनियमों के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों को कृषि और घर के लिए सहायता प्रदान करने के लिए एक कोष बनाने के उद्देश्य से, समिति यहाँ निर्धारित तरीके से California राज्य पर कुल मिलाकर एक बिलियन दो सौ पचास मिलियन डॉलर ($1,250,000,000) से अधिक का ऋण या ऋणों या देयता या देयताओं का सृजन कर सकती है, इसमें अनुभाग 998.762 के अनुसार जारी किए गए किन्हीं भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स की राशि शामिल नहीं होगी।

998.754. (a) इस अनुच्छेद द्वारा अधिकृत सभी बॉन्ड्स, बेचे, जारी और सुपुर्द किए जाने पर, California राज्य के वैध और कानूनी रूप से बाध्यकारी सामान्य दायित्व होंगे और माने जाएँगे, और बॉन्ड्स के मूलधन और ब्याज के देय और भुगतान योग्य होने पर, दोनों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए California राज्य की पूर्ण आस्था और साख इसके द्वारा गिरवी रखी जाती है।

(b) राज्य के सामान्य राजस्व के अतिरिक्त, प्रत्येक वर्ष उसी तरीके और उसी समय एक ऐसी राशि एकत्र की जाएगी जिस तरीके और समय पर राज्य का अन्य राजस्व एकत्र किया जाता है, यह राशि प्रत्येक वर्ष देय और भुगतान योग्य होने वाले इन बॉन्ड्स के मूलधन और ब्याज का भुगतान करने के लिए आवश्यक राशि के बराबर होगी। राज्य के राजस्व की वसूली के संबंध में कानून द्वारा जिन अधिकारियों को कोई कर्तव्य सौंपा गया है, उन सभी का यह कर्तव्य होगा कि वे उस अतिरिक्त राशि को एकत्र करने के लिए आवश्यक प्रत्येक कार्य करें और उसे पूरा करें।

(c) प्रत्येक वित्तीय वर्ष में बॉन्ड्स की ऋण-सेवा के भुगतान के लिए सरकारी संहिता के अनुभाग 16676 के अनुसार जिन तिथियों पर धनराशि भेजी जानी है, उन तिथियों पर ऋण-सेवा का भुगतान करने के लिए कोष में उपलब्ध समस्त धनराशि भुगतान कोष में हस्तांतरित की जाएगी, बशर्ते यह राशि उस समय देय और भुगतान योग्य ऋण-सेवा की राशि से अधिक न हो। यदि प्रेषण की तिथियों पर हस्तांतरित धनराशि उस समय देय और भुगतान योग्य ऋण-सेवा से कम है, तो शेष अवैतनिक राशि उपलब्ध होते ही कोष से सामान्य कोष में हस्तांतरित की जाएगी, इसके साथ ही प्रेषण की तारीख से भुगतान की तारीख तक उस राशि पर बॉन्ड्स की समान ब्याज दर से, अर्धवार्षिक रूप से चक्रवृद्धि किया गया ब्याज भी हस्तांतरित किया जाएगा। इसके विपरीत कानून के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, यह उपखंड इस अध्याय के अनुसार सभी भूतपूर्व सैनिक कृषि और गृह खरीद बॉन्ड अधिनियमों पर लागू होगा। यह उपखंड इस धारा के तहत जारी किए गए किसी भी बॉन्ड के धारकों को कोष, भुगतान कोष, या उनमें उपलब्ध धनराशि पर कोई ग्रहणाधिकार प्रदान नहीं करता है। इस उपखंड के प्रयोजनों के लिए, "ऋण-सेवा" का अर्थ बॉन्ड्स की किसी भी श्रृंखला के संबंध में किसी भी तारीख को देय मूलधन (चाहे वह परिपक्वता, मोचन या त्वरित देयता के कारण देय हो), प्रीमियम, यदि कोई हो, या ब्याज है। हालांकि, यह उपखंड ऐसी किसी ऋण-सेवा के मामले में लागू नहीं होगा जिसका भुगतान किन्हीं पुनर्वित्त बॉन्ड्स से प्राप्त आय से किया जाना हो।

998.755. सरकारी संहिता के अनुभाग 13340 के बावजूद, इस धारा के उद्देश्यों के लिए, वित्तीय वर्ष की परवाह किए बिना, राज्य कोषागार के सामान्य कोष से इसके द्वारा ऐसी धनराशि निरंतर विनियोजित की जाती है जो निम्नलिखित दोनों के बराबर होगी:

(a) यहाँ दिए गए प्रावधानों के अनुसार जारी और बेचे गए बॉन्ड्स के मूलधन और ब्याज के देय और भुगतान योग्य होने पर उनका भुगतान करने के लिए प्रत्येक वर्ष आवश्यक राशि।

(b) अनुभाग 998.756 को क्रियान्वित करने के लिए वह ज़रूरी राशि।

998.756. इस धारा के उद्देश्यों के लिए, वित्त निदेशक सामान्य कोष से ऐसी धनराशि निकालने की अनुमति दे सकता है जो उन बिना बिके बॉन्ड्स की राशि से अधिक न हो जिन्हें समिति ने इस अनुच्छेद के अनुसार बेचने के लिए अधिकृत किया है, इसमें अनुभाग 998.762 के अनुसार अधिकृत किन्हीं भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स को शामिल नहीं किया जाएगा और इसमें से अनुभाग 998.757 के अनुसार ऋण के रूप में दी गई एवं अभी तक वापस न चुकाई गई कोई भी राशि और इस अनुभाग के अनुसार निकाली गई एवं अभी तक सामान्य कोष में वापस न की गई कोई भी राशि घटाई जाएगी। निकाली गई कोई भी राशि कोष में जमा की जाएगी। इस अनुभाग के तहत बोर्ड को उपलब्ध कराई गई कोई भी धनराशि, इस धारा को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से बॉन्ड्स की बिक्री से प्राप्त धनराशि में से, बोर्ड द्वारा सामान्य कोष में वापस की जाएगी, इसके साथ वह ब्याज भी वापस किया जाएगा जो उस राशि पर पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट अकाउंट में अर्जित होता।

998.757. बोर्ड इस धारा को कार्यान्वित करने के उद्देश्यों के लिए, सरकारी संहिता के अनुभाग 16312 के अनुसार पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट बोर्ड से पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट अकाउंट से ऋण देने का अनुरोध कर सकता है, जिसमें से अनुभाग 998.756 के अनुसार निकाली गई और अभी तक सामान्य कोष में वापस न की गई कोई भी राशि घटाई जाएगी। अनुरोध की राशि उन बिना बिके बॉन्ड्स की राशि से अधिक नहीं होगी जिन्हें समिति ने संकल्प द्वारा इस अनुच्छेद को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से बेचने के लिए अधिकृत किया है, इसमें अनुभाग 998.762 के अनुसार अधिकृत किन्हीं भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स को शामिल नहीं किया जाएगा और इसमें से इस अनुभाग के अनुसार ऋण के रूप में दी गई एवं अभी तक वापस न चुकाई गई कोई भी राशि और अनुभाग 998.756 के अनुसार निकाली गई एवं

*अभी तक सामान्य कोष में वापस न की गई कोई भी राशि घटाई जाएगी। ऋण प्राप्त करने और उसे चुकाने के लिए पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट बोर्ड द्वारा आवश्यक सभी दस्तावेज़ों को बोर्ड निष्पादित करेगा। ऋण के रूप में दी गई कोई भी राशि कोष में जमा की जाएगी और बोर्ड द्वारा इस धारा के अनुसार आबंटित की जाएगी।*

*998.758. बोर्ड के अनुरोध पर, जिसके समर्थन में राज्यपाल द्वारा अनुमोदित उसकी योजनाओं और परियोजनाओं का विवरण होगा, समिति संकल्प द्वारा यह निर्धारित करेगी कि बोर्ड की योजनाओं और परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए इस धारा के अनुसार अधिकृत किसी बॉन्ड को जारी करना आवश्यक या वांछनीय है या नहीं और, यदि ऐसा है, तो जारी और बेचे जाने वाले बॉन्ड्स की राशि कितनी होगी। इन योजनाओं और परियोजनाओं को क्रमिक रूप से कार्यान्वित करने के लिए बॉन्ड्स के लगातार निर्गम अधिकृत और बेचे जा सकते हैं, और सभी बॉन्ड्स को एक ही समय पर जारी या बेचना आवश्यक नहीं है।*

*998.759. (a) जब तक इस धारा के अनुसार अधिकृत कोई भी बॉन्ड्स बकाया हैं, भूतपूर्व सैनिक मामलों के सचिव प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में यह आवश्यक करेंगे कि मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठा वाले एक स्वतंत्र सार्वजनिक लेखाकार द्वारा कृषि और गृह खरीद प्रभाग की वित्तीय स्थिति का सर्वेक्षण एवं प्रभाग के संचालन का पूर्वानुमान तैयार किया जाए। प्रत्येक सर्वेक्षण और पूर्वानुमान के परिणाम सार्वजनिक लेखाकार द्वारा लिखित रूप में भूतपूर्व सैनिक मामलों के सचिव, California भूतपूर्व सैनिक बोर्ड, सीनेट और विधानसभा में भूतपूर्व सैनिक मामलों से संबंधित उपयुक्त नीति समितियों एवं समिति को प्रस्तुत किए जाएँगे।*

*(b) कृषि और गृह खरीद प्रभाग इन सेवाओं के लिए सार्वजनिक लेखाकार को उस धनराशि में से प्रतिपूर्ति करेगा जो प्रभाग के पास कोषाध्यक्ष के पास जमा के रूप में उपलब्ध हो सकती है।*

*998.760. (a) कोषाध्यक्ष इस धारा द्वारा अधिकृत बॉन्ड्स को उस राशि में जारी और बेचेगा जिसे समिति ने अनुभाग 998.758 के अनुसार आवश्यक और वांछनीय होना निर्धारित किया गया है। बॉन्ड्स सरकारी संहिता के अनुभाग 16731 के अनुसार समिति द्वारा अपनाए जाने वाले संकल्प में निर्दिष्ट नियमों और शर्तों पर जारी और बेचे जाएँगे।*

*(b) जब भी समिति बॉन्ड्स की प्रभावी बिक्री के लिए इसे आवश्यक समझे, तो सरकारी संहिता के अनुभाग 16754 के बावजूद, समिति कोषाध्यक्ष को बॉन्ड्स के किसी भी निर्गम को उनके अंकित मूल्य से कम पर बेचने के लिए अधिकृत कर सकती है। हालांकि, बॉन्ड्स पर छूट उनके अंकित मूल्य के 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।*

*998.761. यहाँ दिए गए प्रावधानों के अनुसार बॉन्ड्स की बिक्री से प्राप्त पहली धनराशि में से, सरकारी संहिता के अनुभाग 16724.5 द्वारा स्थापित सामान्य दायित्व बॉन्ड व्यय परिक्रामी कोष में उस अनुभाग में निर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए किए गए सभी व्ययों की राशि पुनः जमा की जाएगी, और जब भी अतिरिक्त बॉन्ड्स की बिक्री की जाए, इस धनराशि का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जा सकता है और उसी तरीके से इसकी प्रतिपूर्ति की जा सकती है। इस धारा के अनुसार बेचे गए बॉन्ड्स के प्रीमियम और उपार्जित ब्याज से प्राप्त एवं कोष में जमा की गई समस्त धनराशि को कोष में आरक्षित रखा जाएगा और बॉन्ड ब्याज संबंधी व्यय में क्रेडिट के रूप में सामान्य कोष में हस्तांतरण के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, हालांकि, प्रीमियम से प्राप्त राशियों को सामान्य कोष में किसी भी हस्तांतरण से पहले बॉन्ड जारी करने की लागतों का भुगतान करने के लिए आरक्षित रखा और उपयोग किया जा सकता है।*

*998.762. इस धारा के अनुसार जारी और बेचे गए किन्हीं भी बॉन्ड्स का पुनर्वित्त सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 के भाग 3 के अध्याय 4 की धारा 6 (अनुभाग 16780 से शुरू करते हुए) के अनुसार किया जा सकता है। इस धारा के अनुसार बॉन्ड्स जारी करने के लिए मतदाताओं की मंज़ूरी में, इस धारा के तहत मूल रूप से जारी किए गए बॉन्ड्स या पहले जारी किए गए किसी भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स के पुनर्वित्त के लिए जारी किए जाने वाले बॉन्ड्स की मंज़ूरी भी शामिल है। इस अनुभाग द्वारा अधिकृत पुनर्वित्त बॉन्ड्स से प्राप्त आय द्वारा पुनर्वित्त किए गए किसी भी बॉन्ड को, कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, उस पुनर्वित्त किए गए बॉन्ड को अधिकृत करने वाले समय-समय पर संशोधित संकल्प में निर्धारित तरीके और सीमा के अनुसार कानूनी रूप से दायित्व-मुक्त किया जा सकता है।*

*998.763. राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून या इस धारा के किसी भी प्रावधान के बावजूद, यदि कोषाध्यक्ष इस धारा के अनुसार ऐसे बॉन्ड्स बेचता है जिनके संबंध में बॉन्ड के कानूनी सलाहकार ने यह राय दी है कि निर्दिष्ट की जा सकने वाली किसी भी शर्त के अधीन, बॉन्ड्स पर मिलने वाला ब्याज संघीय आयकर के प्रयोजनों के लिए सकल आय से बाहर रखा जा सकता है या अन्यथा किसी संघीय टैक्स लाभ का योग्य है, तो कोषाध्यक्ष बॉन्ड से प्राप्त आय के निवेश और उस आय से होने वाली कमाई के लिए अलग-अलग खाते रख सकता है, कोषाध्यक्ष संघीय कानून द्वारा आवश्यक किसी छूट-वापसी, जुर्माने या अन्य भुगतान के लिए उस आय या कमाई का उपयोग कर सकता है या उसके उपयोग का निर्देश दे सकता है, और वह बॉन्ड की टैक्स-मुक्त स्थिति बनाए रखने या इस राज्य के कोषों की ओर से संघीय कानून के अनुसार कोई अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए बॉन्ड से प्राप्त आय के निवेश और उपयोग के संबंध में संघीय कानून के तहत आवश्यक या अनुमत कोई अन्य कार्रवाई भी कर सकता है।*

*998.764. इस धारा द्वारा अधिकृत बॉन्ड की बिक्री से प्राप्त आय, California के संविधान की धारा XIII B में प्रयुक्त अर्थ में "टैक्सों से प्राप्त आय" नहीं है, और इस आय का वितरण धारा XIII B द्वारा लगाई गई सीमाओं के अधीन नहीं है। "आशय की घोषणा" इस धारा द्वारा जारी किए जाने के लिए अधिकृत बॉन्ड्स के मूलधन की राशि से अधिक न होने वाली बॉन्ड आय (अनुभाग 998.762 के अनुसार जारी किसी भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स को छोड़कर) का उपयोग ऐसे किसी भी कानूनी रूप से उपलब्ध स्रोत की प्रतिपूर्ति के लिए किए जाने की अपेक्षा है और किया जा सकता है, जिसका उपयोग इस धारा के अनुसार अधिकृत परियोजनाओं या प्रोग्रामों की लागतों का भुगतान करने के लिए किया गया हो, (इसमें विशेष राज्य विभागों या एजेंसियों की वह धनराशि भी शामिल है जिसे उन परियोजनाओं या प्रोग्रामों की लागतों पर खर्च किया जा सकता है), ऐसी लागतों का भुगतान 3 नवम्बर, 2026 के बाद किया गया होना चाहिए, हालांकि, बॉन्ड्स से प्राप्त आय से प्रतिपूर्ति की जाने वाली किसी भी लागत का भुगतान किसी अन्य ऋण से प्राप्त आय से नहीं किया गया होना चाहिए, जब तक कि उस पूर्व ऋण का भुगतान बॉन्ड से प्राप्त आय द्वारा समाप्त न किया जाना हो।*

2

# प्रस्ताव 2

2025–2026 के नियमित सत्र के विधानसभा संवैधानिक संशोधन 20 (संकल्प अध्याय 130, 2026 का विधान) द्वारा प्रस्तावित यह संशोधन, California के संविधान के अनुभागों में संशोधन करके उसमें स्पष्ट रूप से संशोधन करता है; इसलिए हटाए जाने के लिए प्रस्तावित मौजूदा प्रावधानों को ~~स्ट्राइकआउट टाइप~~ में और जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित नए प्रावधानों को *इटैलिक टाइप* में प्रिंट किया गया है, ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे नए हैं।

## धारा XVI में प्रस्तावित संशोधन

पहला—(a) इस विधेयक को California के भविष्य के लिए बचत अधिनियम के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।

(b) विधान मंडल निम्नलिखित सभी को पाता है और इनकी घोषणा करता है:

(1) California के परिवार समझते हैं कि ज़िम्मेदारी भरी वित्तीय योजना के लिए अच्छे समय में बचत करके अलग रखना आवश्यक है, ताकि अप्रत्याशित चुनौतियों और आर्थिक मंदी के लिए तैयारी की जा सके। California राज्य को भी इसी सामान्य समझ-बूझ के सिद्धांत का पालन करना चाहिए।

(2) California वासी अपनी सरकार से अपेक्षा करते हैं कि वह सार्वजनिक वित्त का प्रबंधन ज़िम्मेदारी और विवेक के साथ एवं भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए करे। पर्याप्त आरक्षित निधियाँ बनाए रखने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि आवश्यक सार्वजनिक सेवाएँ उस समय उपलब्ध रहें जब उनकी सबसे अधिक आवश्यकता हो।

(3) California की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे गतिशील अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन यह आर्थिक चक्रों, राजस्व में उतार-चढ़ाव, प्राकृतिक आपदाओं, सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित घटनाओं से भी प्रभावित होती है, जो राज्य के बजट पर महत्वपूर्ण दबाव डाल सकती हैं।

(4) जब आर्थिक मंदी के दौरान राज्य का राजस्व घटता है, तो अपर्याप्त आरक्षित निधियाँ ऐसे कठिन निर्णय लेने के लिए मजबूर कर सकती हैं जो California के परिवारों, विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों, भूतपूर्व सैनिकों, कामगारों और व्यवसायों द्वारा निर्भर आवश्यक प्रोग्रामों और सेवाओं को बाधित करते हैं।

(5) आर्थिक वृद्धि की अवधि के दौरान मजबूत बजट आरक्षित निधियों का निर्माण और उन्हें बनाए रखना California वासियों को आवश्यक सेवाओं में अचानक होने वाली कटौतियों से बचाने में मदद करता है और राजकोषीय दबाव की अवधि में कठोर सुधारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता को कम करता है।

(6) सुदृढ़ वित्तीय योजना के लिए अगले वित्तीय वर्ष से आगे देखना और भविष्य की चुनौतियों के उत्पन्न होने से पहले ही उनके लिए तैयारी करना आवश्यक है। जिस प्रकार परिवार आपात स्थितियों और अप्रत्याशित खर्चों के लिए बचत करते हैं, उसी प्रकार California को अच्छे वर्षों के दौरान बचत करनी चाहिए, ताकि कठिन समय में स्कूलों, सार्वजनिक सुरक्षा और आवश्यक सेवाओं की रक्षा की जा सके।

(7) मजबूत आरक्षित निधि नीतियाँ राजकोषीय स्थिरता को बढ़ावा देती हैं, राज्य सरकार में जनता का विश्वास बढ़ाती हैं, दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि का समर्थन करती हैं और आपात स्थितियों एवं आर्थिक मंदी का प्रभावी ढंग से सामना करने की California की क्षमता को बनाए रखने में मदद करती हैं।

(8) प्रस्ताव 98 को मतदाताओं ने 1988 में स्कूलों के लिए न्यूनतम वित्तपोषण स्तर प्रदान करने के लिए अधिनियमित किया था। इस अधिनियम में किसी भी बात का उद्देश्य धारा XVI के अनुभाग 8 के तहत न्यूनतम गारंटी की गणना या वित्तपोषण में बदलाव करना नहीं है।

(c) इसलिए विधान मंडल का आशय California की बजट आरक्षित निधियों को बढ़ाकर और यह सुनिश्चित करके कि राज्य भविष्य की आर्थिक चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो, ज़िम्मेदारी भरी बजट व्यवस्था, दीर्घकालिक वित्तीय योजना और विवेकपूर्ण बचत के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। आरक्षित निधियों को मजबूत करना California के भविष्य और भावी पीढ़ियों में किया जाने वाला एक निवेश है।

दूसरा—California के संविधान की धारा XVI के अनुभाग 20 को इस तरह पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

अनुभाग 20. (a) (1) *(A)* बजट स्थिरीकरण खाता इसके द्वारा सामान्य कोष में स्थापित किया जाता है।

*(B) इस उपखंड (a) के अनुच्छेद (2) और उपखंड (c) एवं (d) के अनुसार, इस उप-अनुच्छेद को जोड़ने वाले विधेयक की प्रभावी तारीख से पहले बजट स्थिरीकरण खाते में जमा शेष राशियाँ खाते में बनी रहेंगी और इसके बाद इस उप-अनुच्छेद को जोड़ने वाले विधेयक द्वारा संशोधित इस संविधान के प्रावधानों के अनुसार हस्तांतरित, निकाली या समायोजित की जाएंगी।*

(2) ~~2015–16~~ *2027–28* वित्तीय वर्ष और उसके बाद प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए, उस वित्तीय वर्ष के बजट अधिनियम के आधार पर, नियंत्रक 1 अक्टूबर तक, सामान्य कोष से बजट स्थिरीकरण खाते में उस वित्तीय वर्ष के लिए सामान्य कोष के अनुमानित राजस्व के 1.5 प्रतिशत के बराबर राशि हस्तांतरित करेगा।

(b) (1) ~~2015–16~~ *2027–28* वित्तीय वर्ष और उसके बाद प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए, उस वित्तीय वर्ष के बजट अधिनियम के आधार पर, वित्त विभाग विधान मंडल को निम्नलिखित सभी जानकारी प्रदान करेगा:

(A) उस वित्तीय वर्ष के लिए धारा XIII B के अनुसार विनियोजित किए जा सकने वाले सामान्य कोष के टैक्सों से प्राप्त आय की राशि का अनुमान।

(B) (i) उप-अनुच्छेद (A) में पहचाने गये सामान्य कोष के टैक्सों से प्राप्त आय के उस हिस्से का अनुमान, जो शुद्ध पूंजीगत लाभ पर चुकाए गए व्यक्तिगत आयकर से प्राप्त होता है।

*(ii) निम्नलिखित का योग:*

~~(ii)~~ *(I)* खंड (i) में दिए गए अनुमान का वह हिस्सा जो उप-अनुच्छेद (A) के तहत *8 प्रतिशत से अधिक है* लगाए गए अनुमान के ~~8 प्रतिशत से~~ अधिक, लेकिन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है।

*(II) खंड (i) में दिए गए अनुमान के उस हिस्से का एक सौ पचास प्रतिशत जो उप-अनुच्छेद (A) के तहत लगाए गए अनुमान के 10 प्रतिशत से अधिक है।*

(C) अनुभाग 8 के तहत राज्य के वित्तपोषण दायित्व के उस हिस्से की अद्यतित गणना, जो उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii) के तहत गणना की गई अद्यतित राशि, यदि कोई हो, को सामान्य कोष के टैक्सों से प्राप्त आय में शामिल करने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होता है।

(D) उपखंड (c) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii), या अनुच्छेद (2) के उप-अनुच्छेद (C) में वर्णित ऐसे किसी भी विनियोजन की राशि, जो इस अनुच्छेद के उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii) में वर्णित राजस्व से किया जाता है।

(E) उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii) के तहत गणना किए गए मूल्य में से उप-अनुच्छेदों (C) और (D) के तहत गणना किए गए संयुक्त मूल्यों को घटाने पर प्राप्त राशि। यदि यह राशि शून्य से कम है, तो इस प्रयोजन के लिए इसे शून्य माना जाएगा।

(F) उप-अनुच्छेद (E) के तहत गणना की गई राशि या वह हस्तांतरण राशि, जिसके परिणामस्वरूप बजट स्थिरीकरण खाते में शेष राशि उपखंड (e) में निर्दिष्ट सीमा तक पहुँच जाती है—इन दोनों में से जो कम हो।

(2) ~~2016–17~~ *2027–28* वित्तीय वर्ष में, केवल ~~2015–16~~ *2026–27* वित्तीय वर्ष के संबंध में, और ~~2017–18~~ *2028–29* वित्तीय वर्ष एवं उसके बाद प्रत्येक वित्तीय वर्ष में, उससे ठीक पहले के दो वित्तीय वर्षों में से प्रत्येक के संबंध में अलग-अलग, वित्त विभाग संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए इस्तेमाल की गई उसी पद्धति का उपयोग करके निम्नलिखित सभी की गणना करेगा और वे गणनाएँ विधान मंडल को उपलब्ध कराएगा:

(A) धारा XIII B के अनुसार विनियोजित किए जा सकने वाले सामान्य कोष के टैक्सों से प्राप्त आय की राशि का अद्यतित अनुमान।

(B) (i) उप-अनुच्छेद (A) में पहचाने गये सामान्य कोष के टैक्सों से प्राप्त आय के उस हिस्से का अद्यतित अनुमान, जो शुद्ध पूंजीगत लाभ पर चुकाए गए व्यक्तिगत आयकर से प्राप्त होता है।

*(ii) निम्नलिखित का योग:*

~~(ii)~~ *(I)* खंड (i) में दिए गए अद्यतित अनुमान का वह हिस्सा जो उप-अनुच्छेद (A) *के तहत* ~~8 प्रतिशत से अधिक है~~ *लगाए गए अद्यतित अनुमान के 8 प्रतिशत से अधिक*, लेकिन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है।

*(II) खंड (i) में दिए गए अनुमान के उस हिस्से का एक सौ पचास प्रतिशत जो उप-अनुच्छेद (A) के तहत लगाए गए अनुमान के 10 प्रतिशत से अधिक है।*

(C) अनुभाग 8 के तहत राज्य के वित्तपोषण दायित्व का वह हिस्सा, जो उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii) के तहत गणना की गई राशि, यदि कोई हो, को सामान्य कोष के टैक्सों से प्राप्त आय में शामिल करने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होता है।

(D) उपखंड (c) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii), या अनुच्छेद (2) के उप-अनुच्छेद (C) में वर्णित ऐसे किसी भी विनियोजन की राशि, जो अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii) में वर्णित राजस्व से किया जाता है।

(E) उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii) के तहत गणना किए गए मूल्य में से उप-अनुच्छेद (C) और (D) के तहत गणना किए गए संयुक्त मूल्यों को घटाने पर प्राप्त राशि। यदि यह राशि शून्य से कम है, तो इस प्रयोजन के लिए इसे शून्य माना जाएगा।

(F) उस वित्तीय वर्ष के लिए नियंत्रक द्वारा उपखंड (c) और (d) के अनुसार सामान्य कोष से बजट स्थिरीकरण खाते में पहले हस्तांतरित की गई राशि।

(G) निम्नलिखित दोनों में से कम राशि: (i) उप-अनुच्छेद (E) के तहत गणना की गई राशि में से संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए विधान मंडल द्वारा पहले अनुमोदित अनुभाग 22 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) के अनुसार हस्तांतरण के किसी निलंबन या कटौती का मूल्य और उप-अनुच्छेद (F) में वर्णित उस वित्तीय वर्ष के लिए नियंत्रक द्वारा पहले हस्तांतरित राशि घटाने पर प्राप्त राशि, जो शून्य से कम नहीं होगी; या (ii) वह हस्तांतरण राशि जिसके परिणामस्वरूप बजट स्थिरीकरण खाते में शेष राशि उपखंड (e) में निर्दिष्ट सीमा तक पहुँच जाती है।

(c) (1) (A) ~~2015–16~~ *2027–28 वित्तीय वर्ष की* और उसके बाद ~~2029–30~~ *2039–40* वित्तीय वर्ष तक, दोनों सहित, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 1 अक्टूबर तक, उपखंड (h) के अनुच्छेद (2) और (3) के अनुसार वार्षिक बजट अधिनियम में निर्धारित अनुमानों और उपखंड (a) के अनुच्छेद (2) में पहचानी गई राशि के आधार पर, नियंत्रक वित्त निदेशक द्वारा उपलब्ध कराई गई अनुसूची के अनुसार, उप-अनुच्छेद (B) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार सामान्य कोष और बजट स्थिरीकरण खाते से राशियाँ हस्तांतरित करेगा।

(B) इस अनुभाग के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, उस वित्तीय वर्ष में जिस पर उप-अनुच्छेद (A) में पहचाना गया बजट अधिनियम लागू होता है:

(i) उपखंड (a) के अनुच्छेद (2) में पहचानी गई राशि का पचास प्रतिशत और उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii) के तहत गणना किए गए मूल्य में से उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (C) के तहत गणना किए गए मूल्य को घटाने पर प्राप्त राशि का पचास प्रतिशत, दोनों सामान्य कोष से बजट स्थिरीकरण खाते में हस्तांतरित किए जाएँगे।

(ii) शेष 50 प्रतिशत का विनियोजन विधान मंडल द्वारा निम्नलिखित में से एक या अधिक दायित्वों और उद्देश्यों के लिए किया जाएगा:

(I) *अनुभाग 8* के अनुसार पूर्व वित्तीय वर्षों के सामान्य कोष के ऐसे वित्तपोषित न किए गए दायित्व, ~~जो 1 जुलाई, 2014 को मौजूद थे।~~

(II) सामान्य कोष के बाहर के कोषों से सामान्य कोष को दिए गए बजटीय ऋण, ~~जिनमें 1 जनवरी, 2014 पर बकाया राशियाँ थीं।~~ *साथ ही साथ चिकित्सा प्रदाता अंतरिम भुगतान कोष को दिए गए ऋणों की लागतों को निर्धारित समय से पहले मान्यता देना और शिक्षा संहिता के अनुभाग 41206.04 के उपखंड (c) के अनुच्छेद (1) में वर्णित लागतों को निर्धारित समय से पहले मान्यता देना।*

(III) 2004–05 वित्तीय वर्ष से पहले वहन की गई अनिवार्य लागतों के लिए भुगतान योग्य ऐसे दावे जिनका अभी तक भुगतान नहीं किया गया है और जिन्हें धारा XIII B के अनुभाग 6 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) के अनुसार, कानून द्वारा निर्धारित तरीके से कई वर्षों की अवधि में भुगतान करने की अनुमति है।

(IV) राज्य-स्तरीय पेंशन योजनाओं की वित्तपोषित न की गई देयताएँ और रोज़गार समाप्ति के बाद मिलने वाले अन्य लाभों के लिए अग्रिम वित्तपोषण, उस वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित मौजूदा आधार राशियों से अधिक, जिसमें अन्यथा धनराशि बजट स्थिरीकरण खाते में हस्तांतरित की जाती। इस उपखंड के प्रयोजन के लिए, मौजूदा आधार राशियाँ वे राशियाँ हैं जिनका भुगतान कानून, अनुमोदित समझौता ज्ञापन, सामूहिक सौदेबाजी से बाहर रखे गए या छूट प्राप्त कर्मचारियों के लिए इन अंशदानों को निर्धारित करने हेतु अधिकृत नियोक्ता या संस्था द्वारा स्थापित लाभ अनुसूचियों, या इनके किसी संयोजन के अनुसार किया जाना आवश्यक है। इस उपखंड के तहत योग्य होने के लिए, विनियोजन उस वित्तपोषण के अतिरिक्त होना चाहिए और उसका स्थान नहीं लेना चाहिए जो अन्यथा उस वित्तीय वर्ष या अगले वित्तीय वर्ष में इस उपखंड में वर्णित दायित्वों के भुगतान के लिए उपलब्ध कराया जाता।

*(V) बेरोज़गारी कोष को दिए गए संघीय ऋण।*

*(iii) यदि खंड (ii) के अनुसार विनियोजित राशि, खंड (ii) में वर्णित दायित्वों और उद्देश्यों की कुल राशि से अधिक है, तो शेष राशि बजट स्थिरीकरण खाते में हस्तांतरित की जाएगी; हालांकि ऐसा कोई भी हस्तांतरण उपखंड (e) में निर्धारित सीमा के अधीन होगा।*

(2) (A) ~~2030–31~~ *2040–41* वित्तीय वर्ष और उसके बाद प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 1 अक्टूबर तक, उपखंड (h) के अनुच्छेद (2) और (3) के अनुसार वार्षिक बजट अधिनियम में निर्धारित अनुमानों के आधार पर, नियंत्रक वित्त निदेशक द्वारा उपलब्ध कराई गई अनुसूची के अनुसार, उप-अनुच्छेद (B) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार सामान्य कोष से बजट स्थिरीकरण खाते में राशियाँ हस्तांतरित करेगा।

(B) जिस वित्तीय वर्ष पर उप-अनुच्छेद (A) में पहचाना गया बजट अधिनियम लागू होता है, उस वित्तीय वर्ष में उपखंड (a) के अनुच्छेद (2) में पहचानी गई राशि और उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii) के तहत गणना किए गए मूल्य में से उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (C) के तहत गणना किए गए मूल्य को घटाने पर प्राप्त राशि, दोनों सामान्य कोष से बजट स्थिरीकरण खाते में हस्तांतरित की जाएंगी।

(C) इस अनुभाग के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, विधान मंडल उपखंड (a) के अनुच्छेद (2) में पहचानी गई राशि के और उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii) के तहत गणना किए गए मूल्य में से उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (C) के तहत गणना किए गए मूल्य को घटाने पर प्राप्त राशि के 50 प्रतिशत तक का विनियोजन, अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (B) के खंड (ii) में वर्णित एक या अधिक दायित्वों और उद्देश्यों के लिए कर सकता है।

(3) इस उपखंड में वर्णित हस्तांतरण अनुभाग 22 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) के अनुसार निलंबन या कटौती के अधीन हैं।

(d) ~~2016–17~~ *2027–28* वित्तीय वर्ष और उसके बाद के प्रत्येक वित्तीय वर्ष के 1 अक्टूबर तक, उपखंड (h) के अनुच्छेद (4) और (5) के अनुसार वार्षिक बजट अधिनियम में निर्धारित अनुमानों के आधार पर, नियंत्रक वित्त निदेशक द्वारा प्रदान की गई अनुसूची के अनुसार सामान्य कोष और बजट स्थिरीकरण खाते के बीच राशियों का निम्नलिखित तरीके से हस्तांतरण करेगा:

(1) यदि उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) के उप-अनुच्छेद (G) में दी गई राशि शून्य से अधिक है, तो उस राशि को सामान्य कोष से बजट स्थिरीकरण खाते में हस्तांतरित किया जाएगा, बशर्ते कि अनुभाग 22 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) के अनुसार इस हस्तांतरण को निलंबित या कम न किया गया हो।

(2) यदि उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) के उप-अनुच्छेद (F) में वर्णित राशि, उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) के उप-अनुच्छेद (E) के तहत गणना की गई राशि से अधिक है, तो उस अतिरिक्त राशि को बजट स्थिरीकरण खाते से वापस सामान्य कोष में हस्तांतरित किया जाएगा।

(e) इस अनुभाग के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए उपखंड (a) के अनुच्छेद (2) एवं उपखंड (c) और (d) के अनुसार बजट स्थिरीकरण खाते में हस्तांतरित की जाने वाली राशि इतनी अधिक नहीं होगी कि हस्तांतरण किए जाने के समय खाते की शेष राशि, उपखंड (b) के अनुसार उस वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित सामान्य कोष की टैक्स आय ~~10~~ *20* प्रतिशत से अधिक हो जाए। किसी भी वित्तीय वर्ष में सामान्य कोष की वह टैक्स आय, जो इस अनुच्छेद के अभाव में बजट स्थिरीकरण खाते में हस्तांतरित की जाती, केवल बुनियादी ढाँचे के लिए खर्च की जा सकती है, जैसा कि सरकारी संहिता के अनुभाग 13101 में परिभाषित है और जैसा कि वह अनुभाग 1 जनवरी, 2014 को प्रभावी थी, जिसमें उस बुनियादी ढाँचे का स्थगित रखरखाव भी शामिल है।

(f) उपखंड (b) में सामान्य कोष की टैक्स आय के रूप में वर्णित धनराशि, अनुभाग 8 के प्रयोजनों के लिए उस वित्तीय वर्ष की सामान्य कोष की टैक्स आय मानी जाएगी, जिसके लिए वह आय निर्धारित की गई है; लेकिन बाद में उस धनराशि को बजट स्थिरीकरण खाते से सामान्य कोष में हस्तांतरित किए जाने के आधार पर उसे सामान्य कोष की अतिरिक्त टैक्स आय नहीं माना जाएगा।

(g) नियंत्रक बजट स्थिरीकरण खाते की उस धनराशि का उपयोग सामान्य कोष की दैनिक नकदी प्रवाह संबंधी आवश्यकताओं के प्रबंधन में सहायता के लिए कर सकता है, जिसे वह वर्तमान में इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए आवश्यक नहीं मानता है। इस उपखंड के अनुसार किया गया कोई भी उपयोग बजट स्थिरीकरण खाते के उद्देश्यों में बाधा नहीं डालेगा।

(h) वार्षिक बजट अधिनियम में निम्नलिखित सभी में वर्णित अनुमान शामिल होंगे:

(1) उपखंड (a) का अनुच्छेद (2).

(2) उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (B) का खंड (ii).

(3) उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) का उप-अनुच्छेद (F).

(4) उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) के उप-अनुच्छेद (B) का खंड (ii).

(5) उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) का उप-अनुच्छेद (G).

*(i) धारा XIII B के अनुभाग 5 के बावजूद, 2027–28 वित्तीय वर्ष और उसके बाद के प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए, बजट स्थिरीकरण खाते में किए गए हस्तांतरण, धारा XIII B के प्रयोजनों के लिए "सीमा के अधीन विनियोजन" नहीं माने जाएँगे। 2027–28 वित्तीय वर्ष और उसके बाद के प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए, बजट स्थिरीकरण खाते से निकाली गई या हस्तांतरित की गई वह धनराशि, जिसे पहले धारा XIII B के प्रयोजनों के लिए "सीमा के अधीन विनियोजन" के रूप में नहीं गिना गया था, उस वित्तीय वर्ष में धारा XIII B के प्रयोजनों के लिए "सीमा के अधीन विनियोजन" मानी जाएगी जिसमें वह बजट स्थिरीकरण खाते से निकाली जाती है या सामान्य कोष में वापस की जाती है।*

*(j) बजट स्थिरीकरण खाते के पूरक के रूप में, सरकारी संहिता के अनुभाग 16418.7 में स्थापित अनुमानित अधिशेष अस्थायी होल्डिंग खाता, या उस खाते का कोई उत्तराधिकारी खाता, टैक्स से होने वाले राजस्व में उतार-चढ़ाव का मुकाबला करने के लिए ज़िम्मेदार बजट प्रबंधन की एक अतिरिक्त तकनीक होगा। धारा XIII B के अनुभाग 5 के बावजूद, 2027–28 वित्तीय वर्ष और उसके बाद के प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए, जब वार्षिक बजट अधिनियम के अनुसार अनुमानित अधिशेष अस्थायी होल्डिंग खाते में कोई हस्तांतरण किया जाता है, तो वह हस्तांतरण उस वित्तीय वर्ष के लिए धारा XIII B के प्रयोजनों के लिए "सीमा के अधीन विनियोजन" नहीं माना जाएगा, बशर्ते कि सीमा के अधीन न आने वाली राशि, उस वित्तीय वर्ष में जिसमें हस्तांतरण किया गया है, सामान्य कोष की टैक्स आय की राशि के 10 प्रतिशत से अधिक न हो। 2027–28*

*वित्तीय वर्ष और उसके बाद के प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए, अनुमानित अधिशेष अस्थायी होल्डिंग खाते से निकाली गई या हस्तांतरित की गई वह धनराशि, जिसे पहले धारा XIII B के प्रयोजनों के लिए "सीमा के अधीन विनियोजन" के रूप में नहीं गिना गया था, उस वित्तीय वर्ष में धारा XIII B के प्रयोजनों के लिए "सीमा के अधीन विनियोजन" मानी जाएगी जिसमें वह निकाली जाती है या सामान्य कोष या किसी अन्य राज्य कोष में हस्तांतरित की जाती है।*

तीसरा—धारा XVI के उस अनुभाग 22 को इस तरह पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

अनुभाग 22. (a) राज्यपाल द्वारा बजट आपातकाल घोषित करने और आपातकाल उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों की पहचान करने वाली उद्घोषणा जारी किए जाने पर, विधान मंडल ऐसा विधेयक पारित कर सकता है जो निम्नलिखित में से कोई कार्य करता हो:

(1) अनुभाग 20 के तहत सामान्य कोष से बजट स्थिरीकरण खाते में धनराशि के आवश्यक हस्तांतरण को एक वित्तीय वर्ष के लिए निलंबित करता है या उसे एक निर्दिष्ट डॉलर राशि से कम करता है।

(2) (A) अनुभाग 20 के अनुसार बजट स्थिरीकरण खाते में हस्तांतरित की गई धनराशि को बजट आपातकाल से निपटने के लिए विनियोजन हेतु सामान्य कोष में वापस करता है।

(B) किसी भी वित्तीय वर्ष में उप-अनुच्छेद (A) के अनुसार विनियोजन के लिए बजट स्थिरीकरण खाते की शेष राशि का 50 प्रतिशत से अधिक सामान्य कोष में वापस नहीं किया जा सकता, जब तक कि ठीक पिछले वित्तीय वर्ष में बजट स्थिरीकरण खाते की धनराशि विनियोजन के लिए सामान्य कोष में वापस न की गई हो।

(3) अनुभाग 21 के तहत सामान्य कोष से सार्वजनिक विद्यालय प्रणाली स्थिरीकरण खाते में धनराशि के आवश्यक हस्तांतरण को एक वित्तीय वर्ष के लिए निलंबित करता है या उसे एक निर्दिष्ट डॉलर राशि से कम करता है।

(4) अनुभाग 21 के अनुसार सार्वजनिक विद्यालय प्रणाली स्थिरीकरण खाते में हस्तांतरित धनराशि का विनियोजन करता है और उस धनराशि को स्कूल ज़िलों एवं सामुदायिक कॉलेज ज़िलों की सहायता के लिए आबंटित करता है।

(b) इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, "बजट आपातकाल" का अर्थ निम्नलिखित में से कोई भी है:

(1) धारा XIII B के अनुभाग 3 के उपखंड (c) के अनुच्छेद (2) के अर्थ के अंतर्गत राज्यपाल द्वारा घोषित कोई आपातकाल।

(2) (A) राज्यपाल द्वारा यह निर्धारित किया जाना कि वर्तमान या आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सामान्य कोष के व्ययों का वित्तपोषण करने हेतु अनुमानित संसाधन अपर्याप्त हैं, जबकि प्रतिबद्ध देनदारियों के निपटान के लिए आरक्षित निधि अलग रखी गई हो, और व्यय का स्तर हाल के तीन बजट अधिनियमों में से किसी के अधिनियमन के समय अनुमानित कुल सामान्य कोष व्ययों की उच्चतम राशि के बराबर हो, जिसे निम्नलिखित दोनों के अनुसार समायोजित किया गया हो:

(i) California उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई राज्य में जीवन-यापन की लागत में वार्षिक प्रतिशत परिवर्तन।

(ii) सरकारी संहिता के अनुभाग 7901 के उपखंड (b) के अनुसार राज्य की नागरिक आबादी में वार्षिक प्रतिशत वृद्धि।

(B) इस अनुच्छेद के तहत निर्धारित बजट आपातकाल के लिए निकाली जा सकने वाली अधिकतम राशि ऐसी राशि से अधिक नहीं होगी जिसके परिणामस्वरूप किसी वित्तीय वर्ष में कुल सामान्य कोष व्यय का स्तर, उप-अनुच्छेद (A) के अनुसार गणना किए गए हाल के तीन बजट अधिनियमों में से किसी के अधिनियमन के समय अनुमानित कुल सामान्य कोष व्ययों की उच्चतम राशि से अधिक हो जाए; और न ही यह उपखंड (a) के अनुच्छेद (2) के उप-अनुच्छेद (B) द्वारा लगाई गई किसी सीमा से अधिक होगी।

*(c) यदि उपखंड (b) के अनुसार राज्यपाल द्वारा बजट आपातकाल घोषित करने के लिए आवश्यक परिस्थितियाँ मौजूद हों, तो सरकारी संहिता के अनुभाग 13308 के उपखंड (e) के अनुसार वित्त निदेशक द्वारा विधान मंडल को प्रस्तुत राज्यपाल के बजट में प्रस्तावित समायोजन, या किसी उत्तरवर्ती कानून के तहत विधान मंडल को प्रस्तुत किया जाना आवश्यक कोई अन्य बजटीय संशोधन, बजट आपातकाल की राज्यपाल की उद्घोषणा माना जाएगा, यदि उस संशोधन में निम्नलिखित में से किसी एक का प्रस्ताव किया गया हो:*

*(1) सामान्य कोष से बजट स्थिरीकरण खाते या सार्वजनिक विद्यालय प्रणाली स्थिरीकरण खाते में धनराशि के हस्तांतरण का निलंबन या उसमें कमी।*

*(2) इस अनुभाग के अनुसार बजट स्थिरीकरण खाते से सामान्य कोष में धनराशि की वापसी, या इस अनुभाग के अनुसार सार्वजनिक विद्यालय प्रणाली स्थिरीकरण खाते से किया गया विनियोजन।*

# प्रस्ताव 3

यह पहल विधेयक California के संविधान की धारा II के अनुभाग 8 के प्रावधानों के अनुसार जनता के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

यह पहल विधेयक California के संविधान के एक अनुभाग में संशोधन करता है; इसलिए, हटाए जाने वाले प्रस्तावित मौजूदा प्रावधानों को ~~स्ट्राइकआउट टाइप~~ में प्रिंट किया जाता है और जोड़े जाने वाले प्रस्तावित नए प्रावधानों को *इटैलिक टाइप* में प्रिंट किया जाता है, ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे नए हैं।

## प्रस्तावित कानून

California बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल
संरक्षण अधिनियम, 2026

अनुभाग 1. शीर्षक।

इस विधेयक को "California बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल संरक्षण अधिनियम, 2026" के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।

अनुभाग 2. निष्कर्ष।

3

(a) 2012 में, California के मतदाताओं ने उच्च आय अर्जित करने वालों—शीर्ष 2 प्रतिशत—पर टैक्स वृद्धि को मंजूरी दी, ताकि राज्य की महत्वपूर्ण सेवाओं का वित्तपोषण किया जा सके और महामंदी से उत्पन्न राजकोषीय चुनौतियों के कारण सार्वजनिक शिक्षा में होने वाली अत्यधिक कटौतियों को रोका जा सके। इन टैक्स दरों को मतदाताओं ने 2016 में आगे बढ़ाया, जिसमें 63 प्रतिशत ने हाँ में मतदान किया। पहली बार पारित होने के बाद से, इस टैक्स विधेयक ने स्कूलों और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए $104 बिलियन डॉलर से अधिक की राशि जुटाई है। यह राज्य के बजट और राज्य के आकस्मिक निधि कोष का एक बुनियादी हिस्सा है।

(b) उच्च आय अर्जित करने वालों पर लगाए गए इस आयकर ने राज्य को हमारे बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण निवेश करने में सक्षम बनाया है और California की सार्वजनिक स्कूल प्रणाली को 50 राज्यों के बीच अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद की है। 2012 में, स्कूलों पर खर्च के मामले में California राज्यों के निचले 10 में था। आज, इन राजस्वों की बदौलत California ने स्कूलों पर खर्च के मामले में वास्तविक प्रगति की है। अब हमारा राज्य स्कूलों में निःशुल्क भोजन; सभी चार वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क ट्रांज़िशनल किंडरगार्टन; प्राथमिक विद्यालय के छोटे विद्यार्थियों के लिए स्कूल से पहले और बाद की निःशुल्क देखभाल; और कई स्कूल ज़िलों में सामुदायिक सेवाएँ प्रदान करता है।

(c) यदि मतदाता इस टैक्स को आगे नहीं बढ़ाते हैं, तो यह 2030 में समाप्त हो जाएगा। इसके परिणामस्वरूप राज्य के राजस्व में तत्काल $10 बिलियन डॉलर से अधिक की कमी आएगी और स्कूलों, बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में भारी कटौती होगी। इससे 2012 में उच्च आय अर्जित करने वालों पर आयकर पहली बार पारित होने के बाद से हमारे स्कूलों द्वारा की गई प्रगति उलट जाएगी।

(d) आज के डॉलर मूल्य के अनुसार, यह विधेयक $680,000 डॉलर से कम आय वाले दंपतियों या $340,000 डॉलर से कम आय वाले व्यक्तियों पर टैक्स को नहीं बढ़ाता है। यह मौजूदा टैक्स दरों में कोई बदलाव नहीं करता है, जो इस टैक्स विधेयक के पहली बार 2012 में लागू होने के बाद से समान बनी हुई हैं।

(e) यह California के सबसे धनी लोगों को ऐसी टैक्स कटौती देने का समय नहीं है जिसकी उन्हें आवश्यकता नहीं है और जिसका खर्च हमारे स्कूल और समुदाय वहन नहीं कर सकते। उच्च आय अर्जित करने वालों पर इस टैक्स को बनाए रखने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि California के बच्चों को आगे बढ़ने और अपनी सर्वोच्च क्षमता हासिल करने के लिए आवश्यक शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल मिले, जबकि इस टैक्स को समाप्त होने देने से हमारी अगली पीढ़ी की शिक्षा और स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में बड़ी कटौती करनी पड़ेगी।

(f) California का भविष्य उसके 9 मिलियन से अधिक बच्चों की सफलता पर निर्भर करता है। California के प्रत्येक बच्चे को एक सफल वयस्क बनने का उचित अवसर मिलना चाहिए। लेकिन बच्चों को वयस्क के रूप में सफल होने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच मिलनी चाहिए।

(g) बच्चों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल दोनों आवश्यक हैं और एक-दूसरे पर निर्भर हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच California के बच्चों की सफलता के लिए बुनियादी है। पर्याप्त स्कूल उपलब्ध होने के बावजूद, यदि बीमारी बच्चों को स्कूल जाने से रोकती है, तो वे शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते। और जिन समुदायों में पर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध नहीं है, वहाँ बड़े होने वाले बच्चों के बीमार पड़ने या ऐसी दीर्घकालिक चिकित्सीय स्थितियों से ग्रस्त होने की संभावना अधिक होती है जो उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाने से रोकती हैं।

(h) अनुसंधान से पता चलता है कि कम उम्र से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच बच्चों के स्कूल और जीवन में सफल होने की संभावनाओं को बेहतर बनाती है। उच्च आय अर्जित करने वालों पर यह टैक्स यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि California के बच्चों को आगे बढ़ने और अपनी सर्वोच्च क्षमता हासिल करने के लिए आवश्यक शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल मिले।

(i) California के संविधान में यह सुनिश्चित किया गया है कि आयकर से होने वाले राजस्व सीधे स्थानीय स्कूल ज़िलों और सामुदायिक कॉलेजों को जाए। इससे राज्य की धनराशि बजट को संतुलित करने और आकस्मिक निधि कोष के लिए उपलब्ध हो जाती है, ताकि राजस्व में गिरावट आने पर भी बच्चों और उनके परिवारों की स्वास्थ्य देखभाल; वरिष्ठ नागरिकों, कामकाजी परिवारों और छोटे व्यवसाय मालिकों के लिए सेवाओं; जंगल में लगने वाली आग की रोकथाम; एवं अन्य महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में कटौती को रोका जा सके। इससे सभी को लाभ होता है।

(j) यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह सारी धनराशि केवल वहीं खर्च हो जहाँ मतदाता चाहते हैं, इसे एक विशेष कोष में रखा जाता है, जिसे विधान मंडल अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं कर सकता। इस राजस्व में से किसी भी राशि को राज्य की नौकरशाही या प्रशासनिक लागतों पर खर्च नहीं किया जा सकता।

(k) इस धनराशि का हर वर्ष स्वतंत्र लेखा-परीक्षण किया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसे केवल इस विधेयक में निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही खर्च किया जाए। यदि निर्वाचित अधिकारी धनराशि का दुरुपयोग करते हैं, तो उन पर मुकदमा चलाया जाएगा और वे आपराधिक दंड के अधीन होंगे।

(*l*) इस विधेयक ने राज्य के आकस्मिक निधि कोष को बनाने में मदद की है और इसे बनाए रखने में सहायता करेगा। पिछले 15 वर्षों में California के बजट में बहुत बड़े उतार-चढ़ाव देखे गए हैं, जहाँ अच्छे वर्षों के बाद अक्सर भारी घाटे और गंभीर कटौतियाँ हुई हैं। राज्य के आकस्मिक निधि कोष को बनाए रखने से आर्थिक मंदी के दौरान हमारे बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग California वासियों को स्कूलों और स्वास्थ्य देखभाल के वित्तपोषण में कटौती से बचाने में मदद मिली है।

(m) संघीय बजट में कटौतियों का कम आय वाले California वासियों और विशेष रूप से हमारे बच्चों पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। लेकिन संघीय टैक्स कानून धनी करदाताओं को बहुत बड़ी टैक्स छूट दे रहे हैं। उच्च आय अर्जित करने वाले California वासियों पर इस मौजूदा टैक्स को बनाए रखना हमारे स्कूलों और स्कूली बच्चों की रक्षा के लिए आवश्यक है।

अनुभाग 3. उद्देश्य और आशय।

(a) इस विधेयक को अधिनियमित करने में मतदाताओं का मुख्य उद्देश्य और आशय ऐसी हानिकारक कटौतियों से बचना है जो California के स्थानीय सार्वजनिक स्कूलों में शिक्षा और शिक्षण की गुणवत्ता को कम करेंगी, एवं बच्चों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं हेतु पर्याप्त वित्तपोषण उपलब्ध कराना है।

(b) इस विधेयक का उद्देश्य धनी California वासियों पर मौजूदा आयकर दरों को आगे बढ़ाकर हमारे बच्चों की रक्षा करना है। धनराशि को धनी लोगों की जेबों में वापस भेजने के बजाय, यह विधेयक उस धनराशि को एक विशेष खाते में भेजता है, जिसका उपयोग विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाना आवश्यक है कि California के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक शिक्षा तक पहुँच मिले। इससे राज्य की धनराशि बच्चों को स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने और अन्य आवश्यक सेवाओं का वित्तपोषण करने के लिए उपलब्ध हो जाती है।

(c) यह विधेयक संविधान में यह सुनिश्चित करता है कि स्कूलों के लिए इससे प्राप्त राजस्व सीधे स्कूल ज़िलों और सामुदायिक कॉलेजों को कक्षा संबंधी खर्चों के लिए भेजा जाएगा, न कि प्रशासनिक लागतों के लिए। राज्य के बजट के साथ चाहे कुछ भी हो, स्कूलों के इस वित्तपोषण को न तो निलंबित किया जा सकता है और न ही रोका जा सकता है।

(d) इस विधेयक से प्राप्त समस्त राजस्व का हर वर्ष स्थानीय स्तर पर लेखा-परीक्षण किया जाएगा और स्वतंत्र नियंत्रक द्वारा भी इसका लेखा-परीक्षण किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका उपयोग केवल इस विधेयक में निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही किया जाए।

अनुभाग 4. California के संविधान की धारा XIII के अनुभाग 36 को इस तरह पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

अनुभाग 36. (a) इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए:

(1) "सार्वजनिक सुरक्षा सेवाओं" में निम्नलिखित शामिल हैं:

(A) सार्वजनिक सुरक्षा अधिकारियों को नियुक्त करना और प्रशिक्षण देना, जिनमें कानून प्रवर्तन कर्मी, आपराधिक कार्यवाहियों के लिए नियुक्त वकील और न्यायालय सुरक्षा कर्मचारी शामिल हैं।

(B) स्थानीय जेलों का प्रबंधन करना एवं किशोर और वयस्क अपराधियों के लिए आवास, उपचार और सेवाएँ प्रदान करना एवं उनकी निगरानी करना।

(C) बाल दुर्व्यवहार, उपेक्षा या शोषण को रोकना; दुर्व्यवहार, उपेक्षा या शोषण के शिकार बच्चों और युवाओं, या इनके जोखिम वाले बच्चों और युवाओं एवं उनके परिवारों को सेवाएँ प्रदान करना; गोद लेने संबंधी सेवाएँ प्रदान करना; और वयस्क संरक्षण सेवाएँ प्रदान करना।

(D) बच्चों और वयस्कों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना, ताकि स्कूल में असफलता, स्वयं को या दूसरों को नुकसान पहुँचाने, बेघर होने एवं रोके जा सकने वाले कारावास या संस्थागत देखभाल में रखे जाने की घटनाओं को कम किया जा सके।

(E) मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम और उपचार करना एवं उससे उबरने के लिए सेवाएँ प्रदान करना।

(2) "2011 पुनर्संरेखण विधान" का अर्थ राज्य की बजट योजना को लागू करने के लिए 30 सितंबर, 2012 को या उससे पहले अधिनियमित वह विधान है, जिसका शीर्षक 2011 पुनर्संरेखण है और जिसमें संबंधित रिपोर्टिंग ज़िम्मेदारियों सहित सार्वजनिक सुरक्षा सेवाओं की ज़िम्मेदारियाँ स्थानीय एजेंसियों को सौंपने का प्रावधान है। विधान मंडल द्वारा निर्धारित अनुसार, यह विधान संघीय कानून और वित्तपोषण संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप सार्वजनिक सुरक्षा सेवाओं की रूपरेखा तैयार करने, उनका प्रशासन करने और उन्हें प्रदान करने के संबंध में स्थानीय एजेंसियों को अधिकतम लचीलापन और नियंत्रण प्रदान करेगा। हालांकि, 2011 के पुनर्संरेखण विधान में 1 जनवरी, 2012 के बाद स्थानीय एजेंसियों को सौंपा गया कोई नया प्रोग्राम शामिल नहीं होगा, सिवाय प्रारंभिक आवधिक जाँच, निदान और उपचार (EPSDT) प्रोग्राम एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधित देखभाल के।

(b) (1) उपखंड (d) में दिए गए प्रावधान को छोड़कर, 2011–12 वित्तीय वर्ष से शुरू होकर और उसके बाद निरंतर, निम्नलिखित राशियाँ सरकारी संहिता के अनुभाग 30025 द्वारा स्थापित स्थानीय राजस्व कोष 2011 में निम्नलिखित प्रकार से जमा की जाएंगी:

(A) राजस्व और कराधान संहिता के अनुभागों 6051.15 और 6201.15 में वर्णित टैक्सों से प्राप्त समस्त राजस्व, धनवापसी की राशि घटाने के बाद, जैसा कि वे अनुभाग 1 जुलाई, 2011 को प्रभावी थे।

(B) राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 11005 में वर्णित वाहन लाइसेंस शुल्कों से प्राप्त समस्त राजस्व, धनवापसी की राशियों को घटाने के बाद, जैसा कि वह अनुभाग 1 जुलाई, 2011 को प्रभावी था।

(2) 1 जुलाई, 2011 से और उसके बाद, अनुच्छेद (1) के अनुसार जमा किए गए राजस्व को California के संविधान की धारा XVI के अनुभाग 8 के प्रयोजनों के लिए सामान्य कोष के राजस्व या टैक्सों से प्राप्त आय नहीं माना जाएगा।

3

(c) (1) स्थानीय राजस्व कोष 2011 में जमा की गई धनराशियाँ स्थानीय एजेंसियों द्वारा सार्वजनिक सुरक्षा सेवाएँ प्रदान करने के वित्तपोषण के लिए विशेष रूप से और निरंतर विनियोजित रहेंगी। 2011 के पुनर्संरेखण विधान के पूरी तरह लागू होने तक, इस धनराशि का उपयोग स्थानीय एजेंसियों की ओर से सार्वजनिक सुरक्षा सेवाएँ प्रदान करने में राज्य द्वारा वहन की गई प्रोग्राम लागतों की प्रतिपूर्ति के लिए भी किया जा सकता है। धनराशियों के आबंटन की पद्धति 2011 के पुनर्संरेखण विधान में निर्दिष्ट अनुसार होगी।

(2) काउंटी कोषाध्यक्ष, शहर और काउंटी के कोषाध्यक्ष, या अन्य उपयुक्त अधिकारी प्रत्येक काउंटी या शहर और काउंटी के कोषागार में काउंटी स्थानीय राजस्व कोष 2011 स्थापित करेंगे। प्रत्येक काउंटी स्थानीय राजस्व कोष 2011 में मौजूद धनराशि का उपयोग विशेष रूप से 2011 के पुनर्संरेखण विधान में निर्दिष्ट अनुसार स्थानीय एजेंसियों द्वारा सार्वजनिक सुरक्षा सेवाएँ प्रदान करने के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

(3) धारा XIII B के अनुभाग 6 या किसी अन्य संवैधानिक प्रावधान के बावजूद, 2011 के पुनर्संरेखण विधान द्वारा किसी स्थानीय एजेंसी पर लागू किए गए किसी नए प्रोग्राम या उच्च स्तर की सेवा का अधिदेश, या उस विधान को लागू करने के लिए अपनाए गए किसी विनियम या जारी किए गए किसी कार्यकारी आदेश या प्रशासनिक निर्देश द्वारा लगाया गया ऐसा अधिदेश, उस अनुभाग के अर्थ के अंतर्गत ऐसा अधिदेश नहीं माना जाएगा जिसके लिए राज्य को धनराशियों की सहायता प्रदान करना आवश्यक हो। सार्वजनिक सुरक्षा सेवाओं की अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करने या किसी अन्य मामले के संबंध में, किसी स्थानीय एजेंसी के लिए सरकारी संहिता के शीर्षक 5 के प्रभाग 2 के भाग 1 के अध्याय 9 (अनुभाग 54950 से शुरू करते हुए) का अनुपालन करने की कोई भी आवश्यकता, धारा XIII B के अनुभाग 6 के तहत प्रतिपूर्ति योग्य अधिदेश नहीं होगी।

(4) (A) 30 सितंबर, 2012 के बाद अधिनियमित ऐसा विधान, जिसका समग्र प्रभाव 2011 के पुनर्संरेखण विधान द्वारा अनिवार्य किए गए प्रोग्रामों या सेवा स्तरों के लिए स्थानीय एजेंसी द्वारा पहले से वहन की जा रही लागतों को बढ़ाना हो, स्थानीय एजेंसियों पर केवल उस सीमा तक लागू होगा जिस सीमा तक राज्य उस बढ़ी हुई लागत के लिए वार्षिक वित्तपोषण प्रदान करता है। स्थानीय एजेंसियाँ इस उप-अनुच्छेद में वर्णित विधान द्वारा आवश्यक प्रोग्रामों या सेवा स्तरों को उस स्तर से अधिक प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं होंगी जिसके लिए वित्तपोषण उपलब्ध कराया गया है।

(B) 9 अक्टूबर, 2011 के बाद लागू किए गए ऐसे विनियम, कार्यकारी आदेश या प्रशासनिक निर्देश, जो 2011 के पुनर्संरेखण विधान को लागू करने के लिए आवश्यक नहीं हैं और जिनका समग्र प्रभाव 2011 के पुनर्संरेखण विधान द्वारा अनिवार्य किए गए प्रोग्रामों या सेवा स्तरों के लिए स्थानीय एजेंसी द्वारा पहले से वहन की जा रही लागतों को बढ़ाना हो, स्थानीय एजेंसियों पर केवल उस सीमा तक लागू होंगे जिस सीमा तक राज्य उस बढ़ी हुई लागत के लिए वार्षिक वित्तपोषण प्रदान करता है। स्थानीय एजेंसियाँ इस उप-अनुच्छेद में वर्णित नए विनियमों, कार्यकारी आदेशों या प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार प्रोग्रामों या सेवा स्तरों को उस स्तर

से अधिक प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं होंगी जिसके लिए वित्तपोषण उपलब्ध कराया गया है।

(C) उप-अनुच्छेद (A) और (B) में वर्णित अनुसार, स्थानीय एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित स्तर से अधिक प्रदान किए गए किसी नए प्रोग्राम या उच्चतर स्तर की सेवा के लिए राज्य द्वारा धनराशि की सहायता देना आवश्यक नहीं होगा और न ही वह अन्यथा धारा XIII B के अनुभाग 6 के अधीन होगा। यह अनुच्छेद ऐसे विधान पर लागू नहीं होगा जिसे वर्तमान में धारा XIII B के अनुभाग 6 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (2) के तहत सहायता प्रदान करने की आवश्यकता से छूट प्राप्त है, जैसा कि वह अनुच्छेद 2 जनवरी, 2011 को प्रभावी था।

(D) राज्य संघीय सरकार को ऐसी कोई योजना या छूट, या उन योजनाओं या छूटों में कोई संशोधन प्रस्तुत नहीं करेगा जिसका समग्र प्रभाव 2011 के पुनर्संरेखण विधान द्वारा अनिवार्य किए गए प्रोग्रामों या सेवा स्तरों के लिए स्थानीय एजेंसी द्वारा वहन की जाने वाली लागत को बढ़ाना हो, सिवाय उस सीमा तक जहाँ ऐसी योजनाएँ, छूट या संशोधन संघीय कानून द्वारा आवश्यक हों, या राज्य उस बढ़ी हुई लागत के लिए वार्षिक वित्तपोषण प्रदान करता हो।

(E) इस अनुच्छेद के अनुसार राज्य को ऐसे किसी अधिदेश के लिए धनराशि की सहायता प्रदान करने की आवश्यकता नहीं होगी जो किसी स्थानीय एजेंसी के अनुरोध पर राज्य द्वारा लगाया गया हो या संघीय कानून का अनुपालन करने के लिए लगाया गया हो। इस अनुच्छेद के तहत आवश्यक राज्य की धनराशि, उपखंड (b) और (d) में वर्णित स्रोतों, यथामूल्य संपत्ति टैक्सों, या स्थानीय राजस्व कोष के बिक्री टैक्स खाते के सामाजिक सेवा उपखाते के अलावा किसी अन्य स्रोत से होगी।

(5) (A) उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (C) से (E), दोनों सहित, में वर्णित और 2011 के पुनर्संरेखण विधान में शामिल प्रोग्रामों के लिए, यदि बाद में संघीय कानूनों या विनियमों में ऐसे परिवर्तन होते हैं जो 2011 के पुनर्संरेखण विधान में वर्णित संघीय समतुल्य धनराशि प्राप्त करने की शर्तों को बदलते हैं और जिनका समग्र प्रभाव किसी स्थानीय एजेंसी द्वारा वहन की जाने वाली लागतों को बढ़ाना होता है, तो राज्य द्वारा निर्धारित उन लागतों के गैर-संघीय हिस्से का कम से कम 50 प्रतिशत राज्य प्रत्येक वर्ष प्रदान करेगा।

(B) जब राज्य किसी संघीय न्यायिक या प्रशासनिक कार्यवाही में दायर किसी शिकायत का पक्षकार हो, जिसमें उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (C) से (E), दोनों सहित, में वर्णित और 2011 के पुनर्संरेखण विधान में शामिल एक या अधिक प्रोग्राम सम्मिलित हों, और कोई समझौता या न्यायिक या प्रशासनिक आदेश मौद्रिक दंड के रूप में कोई लागत लगाता हो या जिसका समग्र प्रभाव 2011 के पुनर्संरेखण विधान द्वारा अनिवार्य किए गए प्रोग्रामों या सेवा स्तरों के लिए स्थानीय एजेंसी द्वारा पहले से वहन की जा रही लागतों को बढ़ाना हो, तो राज्य द्वारा निर्धारित उन लागतों के गैर-संघीय हिस्से का कम से कम 50 प्रतिशत राज्य प्रत्येक वर्ष प्रदान करेगा। यदि राज्य यह निर्धारित करता है कि समझौता या आदेश एक या अधिक स्थानीय एजेंसियों द्वारा किसी अनिवार्य प्रशासनिक कर्तव्य को पूरा न करने, किसी कानूनी दायित्व को सद्भावपूर्वक पूरा न करने, या लापरवाही या असावधानीपूर्ण तरीके से कार्य करने से संबंधित है, तो राज्य द्वारा भुगतान करना आवश्यक नहीं होगा।

(C) इस अनुच्छेद में प्रदान की गई राज्य की धनराशि, उपखंड (b) और (d) में वर्णित वित्तपोषण स्रोतों, यथामूल्य संपत्ति टैक्सों, या स्थानीय राजस्व कोष के बिक्री टैक्स खाते के सामाजिक सेवा उपखाते के अलावा अन्य वित्तपोषण स्रोतों से होगी।

(6) यदि राज्य या कोई स्थानीय एजेंसी इस अनुभाग या 2011 के पुनर्संरेखण विधान के तहत किसी कर्तव्य या दायित्व को पूरा करने में असफल रहती है, तो कोई उपयुक्त पक्ष न्यायिक राहत की मांग कर सकता है। इन कार्यवाहियों को अन्य सभी दीवानी मामलों पर प्राथमिकता दी जाएगी।

(7) काउंटी स्थानीय राजस्व कोष 2011 में जमा की गई धनराशियाँ इस प्रकार खर्च की जाएंगी कि संघीय समतुल्य धनराशि प्राप्त करने के लिए राज्य की योग्यता बनी रहे और सार्वजनिक सुरक्षा सेवाएँ प्रदान करने के संबंध में राज्य पर लागू होने वाले संघीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित हो।

(8) काउंटी स्थानीय राजस्व कोष 2011 में जमा की गई धनराशियों का उपयोग स्थानीय एजेंसियाँ सार्वजनिक सुरक्षा सेवाओं के लिए अन्य वित्तपोषण के स्थान पर नहीं करेंगी।

(d) यदि उपखंड (b) में वर्णित टैक्सों को कम कर दिया जाता है या वे प्रभावी नहीं रहते हैं, तो राज्य प्रत्येक वर्ष स्थानीय राजस्व कोष 2011 को ऐसी राशि प्रदान करेगा जो कम से कम उस कुल राशि के बराबर होगी जो अन्यथा उपखंड (b) में वर्णित टैक्सों से प्राप्त होती। उस राशि को निर्धारित करने की पद्धति 2011 के पुनर्संरेखण विधान में वर्णित होगी, और जब तक स्थानीय एजेंसियों के लिए 2011 के पुनर्संरेखण विधान द्वारा सौंपी गई सार्वजनिक सुरक्षा सेवाओं की ज़िम्मेदारियाँ निभाना आवश्यक रहेगा, तब तक राज्य उस राशि को प्रदान करने के लिए बाध्य होगा। यदि राज्य प्रत्येक वर्ष उस राशि का विनियोजन करने में विफल रहता है, तो नियंत्रक उस राशि को सामान्य कोष से आनुपातिक मासिक हिस्सों में स्थानीय राजस्व कोष 2011 में हस्तांतरित करेगा। इसके बाद, नियंत्रक इन राशियों को 2011 के पुनर्संरेखण विधान में निर्धारित तरीके से स्थानीय एजेंसियों को वितरित करेगा। इस उपखंड के तहत राज्य के दायित्वों का सामान्य कोष की धनराशि पर दावा, धारा XVI के अनुभाग 8 के तहत अलग रखी जाने वाली धनराशि की प्रथम प्राथमिकता और धारा XVI के अनुभाग 1 में वर्णित मतदाताओं द्वारा अनुमोदित ऋणों और देनदारियों के भुगतान की द्वितीय प्राथमिकता से निम्न प्राथमिकता का होगा।

(e) (1) स्थानीय सार्वजनिक सुरक्षा सेवाओं को महत्वपूर्ण संरक्षण प्रदान करने की प्रक्रिया में सार्वजनिक शिक्षा को नुकसान न पहुँचे, यह सुनिश्चित करने के लिए सामान्य कोष में इसके द्वारा शिक्षा संरक्षण खाता स्थापित किया जाता है, जो उपखंड (f) में निर्दिष्ट अनुसार इस अनुभाग द्वारा लगाए गए टैक्सों में वृद्धिशील बढ़ोतरी से प्राप्त राजस्व को प्राप्त और वितरित करेगा।

(2) (A) 30 जून, 2013 से पहले, और *उसके बाद,* ~~2014 से 2030 तक, दोनों सहित~~, प्रत्येक वर्ष 30 जून से पहले, वित्त निदेशक उपखंड (f) में की गई टैक्स दरों की वृद्धिशील बढ़ोतरी से प्राप्त होने वाले कुल अतिरिक्त राजस्व का, धनवापसियाँ घटाने के बाद, अनुमान लगाएगा, जो अगले वित्तीय वर्ष के दौरान शिक्षा संरक्षण खाते में हस्तांतरण के लिए उपलब्ध होगा। वित्त निदेशक 10 जनवरी, 2013 तक उस अतिरिक्त राजस्व का भी इसी प्रकार अनुमान लगाएगा, धनवापसियाँ घटाने के बाद, जो 2012–13 वित्तीय वर्ष के अंत तक प्राप्त होगा।

(B) *2013–14 से शुरू करते हुए,* ~~2013–14 से 2030–31 तक, दोनों सहित,~~ प्रत्येक वित्तीय वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में से प्रत्येक तिमाही के अंतिम 10 दिनों के दौरान, नियंत्रक उस वित्तीय वर्ष के लिए उप-अनुच्छेद (A) के अनुसार अनुमानित कुल राशि का एक-चौथाई शिक्षा संरक्षण खाते में हस्तांतरित करेगा, सिवाय इसके कि इस राशि को उप-अनुच्छेद (D) के अनुसार समायोजित किया जा सकता है।

(C) *2012–13 से शुरू करते हुए,* ~~2012–13 से 2032–33 तक, दोनों सहित~~, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में वित्त निदेशक, जैसा कि उप-अनुच्छेद (D) में निर्दिष्ट है, निम्नलिखित राशियों को जोड़कर, जैसा भी लागू होता है, शिक्षा संरक्षण खाते के लिए समायोजन की गणना करेगा:

(i) ~~2012–13 से शुरू करते हुए, 2012–13 से 2030–31 तक, दोनों सहित,~~ प्रत्येक वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में वित्त निदेशक उप-अनुच्छेद (A) के अनुसार उस वित्तीय वर्ष के लिए लगाए गए अनुमान की पुनर्गणना करेगा और इस अद्यतित अनुमान में से उस वित्तीय वर्ष के लिए पहले शिक्षा संरक्षण खाते में हस्तांतरित की गई राशियों को घटाएगा।

(ii) जून 2015 में *और उसके बाद*, ~~2016 से 2033 तक, दोनों सहित,~~ प्रत्येक जून में, वित्त निदेशक दो वर्ष पहले समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए उपखंड (f) में की गई टैक्स दरों की वृद्धिशील बढ़ोतरी से प्राप्त अतिरिक्त राजस्व की राशि का, धनवापसी घटाने के बाद, अंतिम निर्धारण करेगा। दो वर्ष पहले समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए खंड (i) के अनुसार गणना किए गए अद्यतित अनुमान की राशि को इस अंतिम निर्धारण की राशि में से घटाया जाएगा।

(D) यदि उप-अनुच्छेद (C) के अनुसार निर्धारित कुल राशि धनात्मक है, तो नियंत्रक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले के 10 दिनों के भीतर उस कुल राशि के बराबर राशि शिक्षा संरक्षण खाते में हस्तांतरित करेगा। यदि वह राशि ऋणात्मक है, तो नियंत्रक शिक्षा संरक्षण खाते में बाद के तिमाही हस्तांतरणों, यदि कोई हों, को तब तक निलंबित या कम करेगा जब तक कुल कटौती यहाँ वर्णित ऋणात्मक राशि के बराबर न हो जाए। उप-अनुच्छेद (C) के खंड (i) के अनुसार की गई किसी भी गणना के प्रयोजनों के लिए, किसी तिमाही हस्तांतरण की राशि को इस उप-अनुच्छेद के अनुसार किए गए किसी निलंबन या कटौती को दर्शाने के लिए संशोधित नहीं किया जाएगा।

(E) 30 जून, 2018 से पहले, और 2019 से 2030 तक, दोनों सहित, प्रत्येक वर्ष 30 जून से पहले, वित्त निदेशक उपखंड (f) में की गई टैक्स दरों की वृद्धिशील बढ़ोतरी से अगले वित्तीय वर्ष में प्राप्त होने वाले अतिरिक्त राजस्व की राशि का, धनवापसी घटाने के बाद, अनुमान लगाएगा, जिसकी अन्य सभी उपलब्ध सामान्य कोष राजस्व के साथ मिलकर निम्नलिखित को पूरा करने के लिए आवश्यकता होगी:

(i) उस अगले वित्तीय वर्ष के लिए धारा XVI के अनुभाग 8 के तहत न्यूनतम वित्तपोषण गारंटी; और

(ii) उस अगले वित्तीय वर्ष के लिए कार्यभार बजट, जिसमें खंड (i) के माध्यम से पहले ही शामिल किए गए किसी भी प्रोग्राम व्यय को शामिल नहीं किया जाएगा। इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, "कार्यभार बजट" का वही अर्थ है जो सरकारी संहिता के अनुभाग 13308.05 में निर्धारित है, जैसा कि वह अनुभाग 1 जनवरी, 2016 को प्रभावी थी और वित्त विभाग द्वारा उसकी व्याख्या की गई थी; हालांकि, "वर्तमान में अधिकृत सेवाओं" का अर्थ केवल वे सेवाएँ होंगी जिन्हें 1 जनवरी, 2016 तक सरकारी संहिता के अनुभाग 13308.05 के तहत "वर्तमान में अधिकृत सेवाएँ" माना जाता।

(F) California के सभी स्कूली बच्चों और उनके परिवारों की नियमित, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने की क्षमता बढ़ाने और इस प्रकार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण स्कूल से अनुपस्थिति को कम करने के लिए, जब भी वित्त निदेशक यह अनुमान लगाता है कि अगले वित्तीय वर्ष के दौरान शिक्षा संरक्षण खाते में हस्तांतरण के लिए उपलब्ध राशि, उस अगले वित्तीय वर्ष के लिए उप-अनुच्छेद (E) के अनुसार उस खाते से आवश्यक राजस्व की राशि से अधिक है, तो निदेशक शेष राशि की पहचान करेगा। उस शेष राशि का पचास प्रतिशत, किसी एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम दो बिलियन डॉलर तक, नियंत्रक द्वारा शिक्षा संरक्षण खाते से California स्वास्थ्य देखभाल सेवा विभाग को तिमाही आधार पर आबंटित किया जाएगा, ताकि कल्याण और संस्थान संहिता के प्रभाग 9 के भाग 3 के अध्याय 7 (अनुभाग 14000 से शुरू करते हुए) से अध्याय 8.9 (अनुभाग 14700 से शुरू करते हुए), दोनों सहित, में वर्णित मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल प्रोग्रामों और सेवाओं के लिए वित्तपोषण बढ़ाया जा सके। इस वित्तपोषण का उपयोग केवल बच्चों और उनके परिवारों के लिए महत्वपूर्ण, आपातकालीन, तीव्र और निवारक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए किया जाएगा, जो स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संहिता के अनुभाग 1250 के अनुसार लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य सुविधाओं द्वारा प्रदान की जाती हैं, एवं उन स्वास्थ्य योजनाओं या अन्य संस्थाओं के लिए किया जाएगा जो Medi-Cal लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधान का प्रबंधन करती हैं और इस अनुभाग के अनुसार स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए California स्वास्थ्य देखभाल सेवा विभाग के साथ अनुबंध करती हैं।

(G) उप-अनुच्छेद (F) में निर्धारित आबंटन को ऐसे वित्तीय वर्ष के दौरान कानून द्वारा निलंबित किया जा सकता है जिसमें बजट आपातकाल घोषित किया गया हो; हालांकि, उस वर्ष के समग्र सामान्य कोष व्ययों में की गई आनुपातिक कटौती से अधिक इस आबंटन में कटौती नहीं की जाएगी। इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, "बजट आपातकाल" का वही अर्थ है जो धारा XVI के अनुभाग 22 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) में दिया गया है।

(H) उप-अनुच्छेद (F) के अनुसार प्रदान किए गए वित्तपोषण का उपयोग उन प्रोग्रामों के लिए भुगतान के गैर-संघीय हिस्से हेतु मौजूदा राज्य सामान्य कोष की धनराशि के स्थान पर नहीं किया जाएगा और, संघीय कानून के अनुरूप, इसका उपयोग संघीय समतुल्य Medicaid धनराशि प्राप्त करने के लिए किया जाएगा।

(3) शिक्षा संरक्षण खाते में मौजूद सभी धनराशियाँ इसके द्वारा इस अनुच्छेद में निर्धारित अनुसार स्कूल ज़िलों, काउंटी शिक्षा कार्यालयों, चार्टर स्कूलों और सामुदायिक कॉलेज ज़िलों के समर्थन के लिए, एवं अनुच्छेद (2) के उप-अनुच्छेद (F) में निर्धारित अनुसार स्वास्थ्य देखभाल के लिए निरंतर विनियोजित की जाती हैं।

(A) इस अनुच्छेद के अनुसार शिक्षा के लिए विनियोजित धनराशियों का ग्यारह प्रतिशत, California सामुदायिक कॉलेजों के शासक मंडल द्वारा तिमाही आधार पर सामुदायिक कॉलेज ज़िलों को सामान्य प्रयोजन के लिए वित्तपोषण प्रदान करने हेतु आबंटित किया जाएगा, यह आबंटन शिक्षा संहिता के अनुभाग 84750.5 के अनुसार निर्धारित राशियों के अनुपात में होगा, जैसा कि वह संहिता के अनुभाग 6 नवम्बर, 2012 को प्रभावी थी। इस उप-अनुच्छेद के अनुसार गणना किए गए आबंटनों को शिक्षा संहिता के अनुभाग 84751 के उपखंड (a), (c) और (d) में निर्दिष्ट उन राशियों से समायोजित किया जाएगा, जैसा कि वह अनुभाग 6 नवम्बर, 2012 को प्रभावी थी, जो शिक्षा संहिता के अनुभाग 84750.5 के अनुसार गणना की गई राशियों से अधिक हैं, जैसा कि वह अनुभाग 6 नवम्बर, 2012 को प्रभावी थी; बशर्ते कि किसी भी सामुदायिक कॉलेज ज़िले को प्रति पूर्णकालिक समतुल्य विद्यार्थी एक सौ डॉलर ($100) से कम प्राप्त न हो।

(B) इस अनुच्छेद के अनुसार शिक्षा के लिए विनियोजित धनराशि का नवासी प्रतिशत, सार्वजनिक शिक्षा अधीक्षक द्वारा तिमाही आधार पर स्कूल ज़िलों और काउंटी शिक्षा कार्यालयों को सामान्य प्रयोजन का वित्तपोषण एवं चार्टर स्कूलों को राज्य का सामान्य प्रयोजन वित्तपोषण प्रदान करने के लिए आबंटित किया जाएगा, और यह आबंटन क्रमशः काउंटी शिक्षा कार्यालयों, स्कूल ज़िलों और चार्टर स्कूलों के लिए शिक्षा संहिता के अनुभागों 2558 और 42238 के अनुसार गणना की गई राजस्व सीमाओं एवं शिक्षा संहिता के अनुभाग 47633 के अनुसार गणना की गई राशियों के अनुपात में होगा, जैसा कि वे अनुभाग 6 नवम्बर, 2012 को प्रभावी थीं। इस प्रकार गणना की गई राशियों को क्रमशः काउंटी शिक्षा कार्यालयों, स्कूल ज़िलों और चार्टर स्कूलों के लिए शिक्षा संहिता के अनुभाग 2558 के उपखंड (c), अनुभाग 42238 के उपखंड (h) के अनुच्छेद (1) से (7), और अनुभाग 47635 में निर्दिष्ट उन राशियों से समायोजित किया जाएगा, जैसा कि वे अनुभाग 6 नवम्बर, 2012 को प्रभावी थीं, जो क्रमशः काउंटी शिक्षा कार्यालयों, स्कूल ज़िलों और चार्टर स्कूलों के लिए शिक्षा संहिता के अनुभागों 2558, 42238 और 47633 के अनुसार गणना की गई राशियों से अधिक हैं, जैसा कि वे अनुभाग 6 नवम्बर, 2012 को प्रभावी थीं; बशर्ते कि किसी भी स्कूल ज़िले, काउंटी शिक्षा कार्यालय या चार्टर स्कूल को औसत दैनिक उपस्थिति की प्रति इकाई दो सौ डॉलर ($200) से कम प्राप्त न हो।

(4) यह उपखंड स्वतः प्रभावी है और इसे प्रभावी करने के लिए किसी विधायी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है। California सामुदायिक कॉलेजों के शासक मंडल और सार्वजनिक शिक्षा अधीक्षक द्वारा शिक्षा संरक्षण खाते की धनराशियों के वितरण में, धारा IV के अनुभाग 12 के अनुसार विधान मंडल और राज्यपाल द्वारा वार्षिक बजट विधेयक अधिनियमित करने में विफलता, धारा XVI के अनुभाग 8 के उपखंड (h) को लागू किए जाने, या विधान मंडल या राज्यपाल द्वारा की गई किसी अन्य कार्रवाई या कार्रवाई करने में विफलता के कारण न तो देरी की जाएगी और न ही यह वितरण किसी अन्य प्रकार से प्रभावित होगा।

(5) कानून के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, शिक्षा के लिए शिक्षा संरक्षण खाते में जमा की गई धनराशियों का उपयोग विधान मंडल, राज्यपाल या राज्य सरकार की किसी भी एजेंसी द्वारा वहन की गई किसी भी लागत का भुगतान करने के लिए नहीं किया जाएगा।

(6) किसी सामुदायिक कॉलेज ज़िले, काउंटी शिक्षा कार्यालय, स्कूल ज़िले या चार्टर स्कूल को यह निर्धारित करने का एकमात्र अधिकार होगा कि शिक्षा संरक्षण खाते से प्राप्त धनराशियों को उसके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्कूल या स्कूलों में किस प्रकार खर्च किया जाए; हालांकि, संबंधित शासी बोर्ड या निकाय खर्च संबंधी ये निर्णय शासी बोर्ड या निकाय की सार्वजनिक बैठक के खुले सत्र में करेगा और शिक्षा संरक्षण खाते की किसी भी धनराशि का उपयोग प्रशासकों के वेतन या लाभों या किसी अन्य प्रशासनिक लागत के लिए नहीं करेगा। प्रत्येक सामुदायिक कॉलेज ज़िला, काउंटी शिक्षा कार्यालय, स्कूल ज़िला और चार्टर स्कूल हर वर्ष अपनी इंटरनेट वेबसाइट पर इस बात का लेखा-जोखा प्रकाशित करेगा कि शिक्षा संरक्षण खाते से कितनी धनराशि प्राप्त हुई और उस धनराशि को किस प्रकार खर्च किया गया।

(7) सामुदायिक कॉलेज ज़िलों, काउंटी शिक्षा कार्यालयों, स्कूल ज़िलों और चार्टर स्कूलों के लिए आवश्यक वार्षिक स्वतंत्र वित्तीय और अनुपालन लेखा-परीक्षण में, कानून की अन्य सभी आवश्यकताओं के अतिरिक्त, यह निर्धारित और सत्यापित किया जाएगा कि शिक्षा संरक्षण खाते से प्रदान की गईं धनराशियों का इस अनुभाग की आवश्यकताओं के अनुसार उचित रूप से वितरण और व्यय किया गया है या नहीं। इस अनुभाग की अतिरिक्त लेखा-परीक्षण आवश्यकता का अनुपालन करने के लिए उन संस्थाओं द्वारा वहन किए गए खर्चों का भुगतान शिक्षा संरक्षण खाते से प्राप्त वित्तपोषण से किया जा सकता है और इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए उन्हें प्रशासनिक लागतें नहीं माना जाएगा।

(8) इस अनुभाग के अनुसार शिक्षा संरक्षण खाते में जमा करने के लिए उपखंड (f) के अनुसार प्राप्त राजस्व को, धनवापसियाँ घटाने के बाद, धारा XVI के अनुभाग 8 के प्रयोजनों के लिए "सामान्य कोष के राजस्व," "टैक्सों से प्राप्त सामान्य कोष की आय," और "स्कूल ज़िलों एवं सामुदायिक कॉलेज ज़िलों के समर्थन के लिए राज्य द्वारा उपयोग की जाने वाली धनराशियाँ" माना जाएगा।

(f) (1) (A) राजस्व और कराधान संहिता के प्रभाग 2 के भाग 1 (अनुभाग 6001 से शुरू करते हुए) द्वारा लगाए गए टैक्सों के अतिरिक्त, मूर्त व्यक्तिगत संपत्ति को खुदरा में बेचने के विशेषाधिकार के लिए, 1 जनवरी, 2013 को या उसके बाद और 1 जनवरी, 2017 से पहले इस राज्य में खुदरा में बेची गई सभी मूर्त व्यक्तिगत संपत्ति की बिक्री से किसी भी खुदरा विक्रेता की सकल प्राप्तियों पर 1/4 प्रतिशत की दर से इसके द्वारा सभी खुदरा विक्रेताओं पर कर लगाया जाता है।

(B) राजस्व और कराधान संहिता के प्रभाग 2 के भाग 1 (अनुभाग 6001 से शुरू करते हुए) द्वारा लगाए गए टैक्सों के अतिरिक्त, 1 जनवरी, 2013 को या उसके बाद और 1 जनवरी, 2017 से पहले किसी भी खुदरा विक्रेता से इस राज्य में भंडारण, उपयोग या अन्य उपभोग के लिए खरीदी गई मूर्त व्यक्तिगत संपत्ति के इस राज्य में भंडारण, उपयोग या अन्य उपभोग पर, उस संपत्ति के बिक्री मूल्य के 1/4 प्रतिशत की दर से इसके द्वारा उत्पाद शुल्क लगाया जाता है।

(C) इस अनुच्छेद के प्रभावी होने की तारीख को या उसके बाद अधिनियमित किसी भी संशोधन सहित, बिक्री और उपयोग टैक्स कानून इस अनुच्छेद के अनुसार लगाए गए टैक्सों पर लागू होगा।

(D) यह अनुच्छेद 1 जनवरी, 2017 को निष्प्रभावी हो जाएगा।

(2) 1 जनवरी, 2012 को या उसके बाद और ~~1 जनवरी, 2031 से पहले शुरू होने वाले~~ किसी भी टैक्स योग्य वर्ष के लिए, राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 17041 के अनुसार लगाए गए टैक्स के संबंध में, राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 17041 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) में निर्धारित आयकर श्रेणी और 9.3 प्रतिशत की दर को निम्नलिखित में से प्रत्येक के अनुसार संशोधित किया जाएगा:

(A) (i) टैक्स योग्य आय के उस हिस्से के लिए, जो दो मिलियन पचास हजार डॉलर ($250,000) से अधिक लेकिन तीन मिलियन डॉलर ($300,000) से अधिक नहीं है, टैक्स की दर दो मिलियन पचास हजार डॉलर ($250,000) से अधिक की राशि का 10.3 प्रतिशत होगी।

(ii) टैक्स योग्य आय के उस हिस्से के लिए, जो तीन मिलियन डॉलर ($300,000) से अधिक लेकिन पाँच मिलियन डॉलर ($500,000) से अधिक नहीं है, टैक्स की दर तीन मिलियन डॉलर ($300,000) से अधिक की राशि का 11.3 प्रतिशत होगी।

(iii) टैक्स योग्य आय के उस हिस्से के लिए, जो पाँच मिलियन डॉलर ($500,000) से अधिक है, टैक्स की दर पाँच मिलियन डॉलर ($500,000) से अधिक की राशि का 12.3 प्रतिशत होगी।

(B) उप-अनुच्छेद (A) के खंड (i), (ii) और (iii) में निर्दिष्ट आयकर श्रेणियों की पुनर्गणना, राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 17041 के उपखंड (h) में अन्यथा निर्धारित अनुसार, केवल 1 जनवरी, 2013 को या उसके बाद शुरू होने वाले टैक्स योग्य वर्षों के लिए की जाएगी।

(C) (i) राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 19136 के उपखंड (g) के प्रयोजनों के लिए, इस अनुच्छेद को 6 नवम्बर, 2012 को अधिनियमित माना जाएगा।

(ii) राजस्व और कराधान संहिता के प्रभाग 2 के भाग 10 (अनुभाग 17001 से शुरू करते हुए) और भाग 10.2 (अनुभाग 18401 से शुरू करते हुए) के प्रयोजनों के लिए, इस अनुच्छेद द्वारा स्थापित और लगाई गई संशोधित टैक्स श्रेणियों और टैक्स दरों को राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 17041 के तहत स्थापित और लगाया गया माना जाएगा।

~~(D) यह अनुच्छेद 1 दिसंबर, 2031 को निष्प्रभावी हो जाएगा।~~

(3) 1 जनवरी, 2012 को या उसके बाद और ~~1 जनवरी, 2031 से पहले~~ शुरू होने वाले किसी भी टैक्स योग्य वर्ष के लिए, राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 17041 के अनुसार लगाए गए टैक्स के संबंध में, राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 17041 के उपखंड (c) के अनुच्छेद (1) में निर्धारित आयकर श्रेणी और 9.3 प्रतिशत की दर को निम्नलिखित में से प्रत्येक के अनुसार संशोधित किया जाएगा:

(A) (i) टैक्स योग्य आय के उस हिस्से के लिए, जो तीन मिलियन चालीस हजार डॉलर ($340,000) से अधिक लेकिन चार मिलियन आठ हजार डॉलर ($408,000) से अधिक नहीं है, टैक्स की दर तीन मिलियन चालीस हजार डॉलर ($340,000) से अधिक की राशि का 10.3 प्रतिशत होगी।

(ii) टैक्स योग्य आय के उस हिस्से के लिए, जो चार मिलियन आठ हजार डॉलर ($408,000) से अधिक लेकिन छह मिलियन अस्सी हजार डॉलर ($680,000) से अधिक नहीं है, टैक्स की दर चार मिलियन आठ हजार डॉलर ($408,000) से अधिक की राशि का 11.3 प्रतिशत होगी।

(iii) टैक्स योग्य आय के उस हिस्से के लिए, जो छह मिलियन अस्सी हजार डॉलर ($680,000) से अधिक है, टैक्स की दर छह मिलियन अस्सी हजार डॉलर ($680,000) से अधिक की राशि का 12.3 प्रतिशत होगी।

(B) उप-अनुच्छेद (A) के खंड (i), (ii) और (iii) में निर्दिष्ट आयकर श्रेणियों की पुनर्गणना, राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 17041 के उपखंड (h) में अन्यथा निर्धारित अनुसार, केवल 1 जनवरी, 2013 को या उसके बाद शुरू होने वाले टैक्स योग्य वर्षों के लिए की जाएगी।

(C) (i) राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 19136 के उपखंड (g) के प्रयोजनों के लिए, इस अनुच्छेद को 6 नवम्बर, 2012 को अधिनियमित माना जाएगा।

(ii) राजस्व और कराधान संहिता के प्रभाग 2 के भाग 10 (अनुभाग 17001 से शुरू करते हुए) और भाग 10.2 (अनुभाग 18401 से शुरू करते हुए) के प्रयोजनों के लिए, इस अनुच्छेद द्वारा स्थापित और लगाई गई संशोधित टैक्स श्रेणियों और टैक्स दरों को राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 17041 के तहत स्थापित और लगाया गया माना जाएगा।

~~(D) यह अनुच्छेद 1 दिसंबर, 2031 को निष्प्रभावी हो जाएगा।~~

(g) (1) नियंत्रक, अपने वैधानिक अधिकार के अनुसार, स्थानीय राजस्व कोष 2011 और किसी भी काउंटी स्थानीय राजस्व कोष 2011 से किए गए व्ययों का लेखा-परीक्षण कर सकता है और शिक्षा संरक्षण खाते का लेखा-परीक्षण करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उस धनराशि का उपयोग और लेखा-जोखा इस अनुभाग के अनुरूप किया गया है।

(2) अटॉर्नी जनरल या स्थानीय ज़िला अटॉर्नी काउंटी स्थानीय राजस्व कोष 2011 या शिक्षा संरक्षण खाते की धनराशि के किसी भी दुरुपयोग की शीघ्र जाँच करेगा और ऐसे दुरुपयोग के लिए दीवानी या आपराधिक दंड की मांग कर सकता है।

अनुभाग 5. परस्पर विरोधी विधेयक।

यदि यह विधेयक और व्यक्तिगत आय के लिए टैक्स दरों को प्रभावित करने वाला कोई अन्य विधेयक एक ही राज्यव्यापी मतपत्र पर प्रस्तुत होता है, तो अन्य विधेयक या उपायों के प्रावधानों को इस विधेयक के साथ परस्पर विरोधी माना जाएगा। यदि इस विधेयक को इसके साथ परस्पर विरोधी माने गए किसी विधेयक की तुलना में अधिक हाँ के मत प्राप्त होते हैं, तो इस विधेयक के प्रावधान पूर्ण रूप से प्रभावी होंगे और अन्य विधेयक या विधेयक अमान्य और निष्प्रभावी होंगे।

अनुभाग 6. पृथक्करणीयता।

यदि इस अधिनियम के प्रावधानों या उसके किसी भाग को किसी भी कारण से अमान्य या असंवैधानिक ठहराया जाता है, तो शेष प्रावधान इससे प्रभावित नहीं होंगे, बल्कि पूर्ण रूप से प्रभावी बने रहेंगे और इस उद्देश्य से इस अधिनियम के प्रावधान पृथक्करणीय हैं।

अनुभाग 7. प्रस्तावक का पक्षकार बनने का अधिकार।

कानून के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, मतदाताओं द्वारा इस अधिनियम को अनुमोदित किए जाने के बाद, यदि राज्य, कोई सरकारी एजेंसी या उसका कोई अधिकारी इस अधिनियम की संवैधानिकता का बचाव करने में असफल रहता है, तो कोई अन्य सरकारी नियोक्ता, प्रस्तावक या उनकी अनुपस्थिति में इस राज्य का कोई भी नागरिक इस अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली किसी भी अदालती कार्रवाई में इसकी संवैधानिकता का बचाव करने के उद्देश्य से हस्तक्षेप करने का अधिकार रखेगा, चाहे ऐसी कार्रवाई निचली अदालत में हो, अपील पर हो, या California के सर्वोच्च न्यायालय या संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विवेकाधीन समीक्षा के अधीन हो। कार्रवाई का बचाव करने में लगने वाली फीस और लागत अटॉर्नी जनरल को विनियोजित धनराशि पर प्रभार होगी, जिसका भुगतान शीघ्र किया जाएगा।

## प्रस्ताव 4

2025–2026 के नियमित सत्र के सीनेट विधेयक 42 (अध्याय 245, 2025 के विधान) द्वारा प्रस्तावित यह कानून California के संविधान की धारा II के अनुभाग 10 के अनुसार जनता के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

यह प्रस्तावित कानून सरकारी संहिता के अनुभागों में संशोधन करता है; इसलिए, जिन प्रावधानों को हटाने का प्रस्ताव है उन्हें ~~स्ट्राइकआउट टाइप~~ में और जिन नए प्रावधानों को जोड़ने का प्रस्ताव है उन्हें *इटैलिक टाइप* में प्रिंट किया गया है, ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे नए हैं।

4

## प्रस्तावित कानून

अनुभाग 1. इस अधिनियम को California निष्पक्ष चुनाव अधिनियम, 2026 के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।

अनुभाग 2. विधान मंडल निम्नलिखित सभी को पाता है और इनकी घोषणा करता है:

(a) सभी नागरिकों को राजनीतिक प्रक्रिया में अपनी आवाज़ उठाने और अपने निर्वाचित अधिकारियों को जवाबदेह ठहराने में सक्षम होना चाहिए।

(b) स्थानीय या राज्य के निर्वाचित पदों के लिए चुनाव निष्पक्ष, खुले और प्रतिस्पर्धी होने चाहिए।

(c) राजनीतिक अभियानों की बढ़ती हुई लागतें उम्मीदवारों को धनी दानदाताओं और विशेष हितों वाले समूहों से मिलने वाले बड़े योगदानों पर निर्भर होने के लिए मजबूर कर सकती है, जिससे उन धनी दानदाताओं और विशेष हितों वाले समूहों को सरकारी निर्णयों पर असंगत रूप से अधिक प्रभाव मिल सकता है।

(d) ऐसा असंगत प्रभाव जनता के इस विश्वास को कमजोर कर सकता है कि सार्वजनिक अधिकारी निष्पक्ष रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं और सरकार सभी नागरिकों की संपत्ति की परवाह किए बिना समान रूप से उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है और उनकी इच्छाओं पर प्रतिक्रिया दे रही है।

(e) विशेष हितों वाले समूह चुनौती देने वाले उम्मीदवारों की तुलना में मौजूदा पदाधिकारियों को अधिक योगदान देते हैं, क्योंकि वे निर्वाचित अधिकारियों तक पहुँच चाहते हैं; और ऐसे योगदान पद पर होने से मिलने वाले वित्तीय लाभ का एक बड़ा हिस्सा होते हैं, जिसकी पुष्टि 2014 में जरनल ऑफ़ पॉलिटिक्स और 2016 में पॉलिटिकल रिसर्च क्वार्टरली में प्रकाशित अध्ययनों जैसे अध्ययनों से हुई है।

(f) नागरिक-वित्तपोषित चुनाव प्रोग्राम, जिनमें योग्य उम्मीदवार केवल निजी दानदाताओं पर निर्भर रहने के बजाय मतदाताओं के साथ संवाद करने के उद्देश्य से सार्वजनिक धनराशि प्राप्त कर सकते हैं, वर्तमान में California के पाँच चार्टर शहरों के साथ-साथ कई अन्य स्थानीय और राज्य अधिकार क्षेत्रों में संचालित हैं।

(g) नागरिक-वित्तपोषित चुनाव प्रोग्राम पद पर होने से मिलने वाले वित्तीय लाभों को कम करके प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करते हैं और केवल धनी दानदाताओं या विशेष हितों वाले समूहों से संबंध रखने वाले लोगों को ही नहीं, बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों के नागरिकों के लिए पद के लिए चुनाव लड़ना संभव बनाते हैं, इसकी पुष्टि 2008 में स्टेट पॉलिटिक्स एंड पॉलिसी क्वार्टरली में प्रकाशित अध्ययनों एवं 2015 में कैंपेन फाइनेंस इंस्टीट्यूट, 2016 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑन मनी इन स्टेट पॉलिटिक्स और 2022 में स्टेट पॉलिटिक्स एंड पॉलिसी क्वार्टरली द्वारा प्रकाशित अध्ययनों से हुई है।

(h) धनी दानदाताओं और विशेष हितों वाले समूहों पर निर्भरता कम करके, नागरिक-वित्तपोषित चुनाव प्रोग्राम अनुचित प्रथाओं को रोकते हैं, भ्रष्टाचार या भ्रष्टाचार की धारणा से सुरक्षा प्रदान करते हैं और हमारी सरकारी संस्थाओं की राजनीतिक अखंडता की रक्षा करते हैं।

(i) Johnson v. Bradley (1992) 4 Cal.4th 389 में, California के सर्वोच्च न्यायालय ने अपीलीय न्यायालय की इस टिप्पणी को प्रमुखता से उद्धृत किया कि "यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि सार्वजनिक धनराशि सार्वजनिक पद चाहने वालों पर धन जुटाने के दबाव को बढ़ाने के बजाय कम करती है और इस प्रकार विशेष हितों वाले समूहों के अनुचित प्रभाव को कम करती है।"

(j) Buckley v. Valeo (1976) 424 U.S. 1 में, संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि "बड़े निजी योगदानों के अनुचित प्रभाव को समाप्त करने के साधन के रूप में सार्वजनिक वित्तपोषण एक महत्वपूर्ण सरकारी हित को आगे बढ़ाता है।"

(k) Arizona Free Enterprise v. Bennett (2011) 564 U.S. 721 में, संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने Buckley v. Valeo को उद्धृत करते हुए स्वीकार किया कि चुनावों का सार्वजनिक वित्तपोषण "भ्रष्टाचार को रोकने में राज्य के हित जैसे 'महत्वपूर्ण सरकारी हितों' को आगे बढ़ा सकता है।"

(*l*) Buckley v. Valeo में, संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने आगे कहा कि नागरिक-वित्तपोषित चुनाव प्रोग्राम "चुनावी प्रक्रिया में सार्वजनिक चर्चा और भागीदारी को सुगम और व्यापक बनाते हैं, जो स्वशासी जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण लक्ष्य हैं।"

(m) चुनाव अभियानों के सार्वजनिक वित्तपोषण पर पूर्ण प्रतिबंध विशेष हितों वाले समूहों को असंगत रूप से अधिक प्रभाव प्राप्त करने की अनुमति देता है और मौजूदा पदाधिकारियों को अनुचित लाभ पहुँचाता है। नागरिक-वित्तपोषित चुनाव प्रोग्रामों की अनुमति देने के लिए एक अपवाद बनाया जाना चाहिए, ताकि चुनाव अधिक निष्पक्ष रूप से आयोजित किए जा सकें।

अनुभाग 3. सरकारी संहिता के अनुभाग 85300 को इस तरह पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

85300. (a) ~~उपखंड (b) में दिए गए प्रावधान को छोड़कर, कोई~~ कोई सार्वजनिक अधिकारी सार्वजनिक ~~धनराशियाँ~~निधिकरण खर्च नहीं करेगा और कोई उम्मीदवार निर्वाचित ~~पद~~ *पद प्राप्त* करने के उद्देश्य से सार्वजनिक धनराशि स्वीकार नहीं करेगा*, यदि वह धनराशि किसी राज्य या स्थानीय संस्था द्वारा शिक्षा, परिवहन या सार्वजनिक सुरक्षा के लिए निर्धारित की गई हो।*

~~(b) कोई सार्वजनिक अधिकारी या उम्मीदवार निर्वाचित पद प्राप्त करने के उद्देश्य से सार्वजनिक धनराशि खर्च या स्वीकार कर सकता है, यदि राज्य या कोई स्थानीय सरकारी संस्था कानून, अध्यादेश, प्रस्ताव या चार्टर द्वारा इस उद्देश्य के लिए एक समर्पित कोष स्थापित करती है और निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी होती हैं:~~

~~(1) कोष में रखी सार्वजनिक धनराशि उसी पद के लिए सभी योग्य और स्वेच्छा से भाग लेने वाले उम्मीदवारों को उपलब्ध हो, चाहे वे मौजूदा पदाधिकारी हों या नहीं और उनकी राजनीतिक दल संबंधी प्राथमिकता कुछ भी हो।~~

~~(2) राज्य या स्थानीय सरकारी संस्था ने कानून, अध्यादेश, प्रस्ताव या चार्टर द्वारा उम्मीदवार की योग्यता निर्धारित करने के लिए मानदंड स्थापित किए हों।~~

*(b) उम्मीदवार सार्वजनिक धनराशि प्राप्त करने के लिए योग्य होने हेतु व्यय सीमाओं का पालन करेंगे और सख्त मानदंडों को पूरा करेंगे।*

*(c) सार्वजनिक धनराशियों का उपयोग कानूनी बचाव की फीस या जुर्माने का भुगतान करने के लिए नहीं किया जाएगा।*

*(d) (1) कोई उम्मीदवार किसी भी समय अपने चुनाव अभियान को दिए गए व्यक्तिगत ऋण की अदायगी के लिए सार्वजनिक धनराशि का उपयोग नहीं करेगा।*

*(2) जिस उम्मीदवार को अपने चुनाव अभियान के लिए सार्वजनिक धनराशि प्राप्त होती है, वह अपना चुनाव अभियान समाप्त होने के बाद अपने अभियान को दिए गए व्यक्तिगत ऋण की अदायगी के लिए किसी भी स्रोत की धनराशि का उपयोग नहीं करेगा।*

*(e) इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित परिभाषाएँ लागू होती हैं:*

*(1) "उपलब्ध उम्मीदवार धनराशियाँ" का अर्थ उम्मीदवार की व्यय सीमा या उस निर्वाचित पद के लिए उम्मीदवार की नियंत्रित समिति द्वारा प्राप्त सभी योगदानों और सार्वजनिक धनराशियों का कुल योग, इनमें से जो भी कम हो, है।*

*(2) "व्यय सीमाएँ" का अर्थ कानून, अध्यादेश या चार्टर द्वारा स्थापित स्वैच्छिक खर्च सीमाएँ हैं, जिनका पालन योग्य और स्वेच्छा से भाग लेने वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक धनराशियाँ प्राप्त करने के लिए करना आवश्यक है।*

*(3) "विरोध में स्वतंत्र व्यय" का अर्थ किसी विशिष्ट उम्मीदवार के विरोध में स्वतंत्र व्यय करने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा किए गए सभी व्ययों या वहन किए गए खर्चों का कुल योग है।*

*(4) "समर्थन में स्वतंत्र व्यय" का अर्थ किसी विशिष्ट उम्मीदवार के समर्थन में स्वतंत्र व्यय करने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा किए गए सभी व्ययों या वहन किए गए खर्चों का कुल योग है।*

*(5) "शुद्ध समर्थक धनराशियाँ" का अर्थ उपलब्ध उम्मीदवार धनराशि में उस उम्मीदवार के समर्थन में किए गए स्वतंत्र व्यय को जोड़कर और उस उम्मीदवार के विरोध में किए गए स्वतंत्र व्यय को घटाने के बाद प्राप्त कुल राशि है।*

*(6) "सार्वजनिक धनराशियाँ" का अर्थ निर्वाचित पद प्राप्त करने के उद्देश्य से किसी उम्मीदवार को राज्य या स्थानीय सरकारी संस्था द्वारा प्रदान की गई कोई भी धनराशि है।*

*(7) (A) "सख्त मापदंड" का अर्थ कानून, अध्यादेश या चार्टर द्वारा निर्धारित उन आवश्यकताओं से है, जिसे सार्वजनिक निधियाँ प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को पूरा करना आवश्यक है। इन मानदंडों के तहत उम्मीदवारों को अपने ज़िले में व्यापक समर्थन प्रदर्शित करना आवश्यक होगा, जैसे कि उम्मीदवारों से मतदान-आयु वाले निवासियों की एक निर्दिष्ट संख्या से छोटी राशि के योगदान या वाउचर प्राप्त करने की अपेक्षा करना।*

*(B) (i) यदि कोई कानून, अध्यादेश या चार्टर उप-अनुच्छेद (A) के अनुसार छोटी राशि के योगदान करने वाले व्यक्तियों की न्यूनतम संख्या की आवश्यकता निर्धारित करता है, तो किसी योगदानकर्ता को गिनती में शामिल करने के लिए कानून, अध्यादेश या चार्टर द्वारा आवश्यक किया जा सकने वाला अधिकतम योगदान दस डॉलर ($10) होगा।*

*(ii) इस उप-अनुच्छेद के प्रयोजनों के लिए, कोई कानून, अध्यादेश या चार्टर उप-अनुच्छेद (A) के अनुसार आवश्यक छोटी राशि के योगदान से अधिक राशि के योगदान को, उप-अनुच्छेद (A) के अनुसार आवश्यक छोटी राशि के योगदान के बराबर योगदान के रूप में गिने जाने की अनुमति दे सकता है।*

*(C) "सख्त मानदंड" में ऐसी आवश्यकताएँ शामिल नहीं होंगी जिनके तहत उम्मीदवारों को एक निर्दिष्ट संख्या में हस्ताक्षर प्राप्त करने हों या प्रति योगदानकर्ता दस डॉलर ($10) से अधिक की निर्दिष्ट कुल डॉलर राशि जुटानी हो।*

*(f) (1) कोई कानून, अध्यादेश या चार्टर प्रत्येक योग्य और स्वेच्छा से भाग लेने वाले उम्मीदवार के लिए व्यय सीमा बढ़ा सकता है।*

*(2) इस उपखंड के अनुसार बढ़ाई गई सीमा, उसी पद के लिए किसी अन्य उम्मीदवार की शुद्ध समर्थक धनराशि की सर्वाधिक डॉलर राशि, उसमें योग्य और स्वेच्छा से भाग लेने वाले उम्मीदवार के विरोध में किए गए स्वतंत्र व्यय की डॉलर राशि जोड़कर, और उस उम्मीदवार के समर्थन में किए गए स्वतंत्र व्यय की डॉलर राशि घटाकर प्राप्त राशि से अधिक नहीं होगी।*

*(g) सार्वजनिक वित्तपोषण से संबंधित कानून, चार्टर, अध्यादेश और प्रस्ताव राजनीतिक दल के आधार पर, या इस आधार पर कि कोई उम्मीदवार चुनौती देने वाला उम्मीदवार है या मौजूदा पदाधिकारी, भेदभाव नहीं करेंगे।*

*(h) किसी स्थानीय सरकारी एजेंसी द्वारा स्थापित उम्मीदवारों के सार्वजनिक वित्तपोषण की प्रणाली के प्रशासन या प्रवर्तन के लिए आयोग ज़िम्मेदार नहीं है।*

*(i) इस अनुभाग के उपखंड (e), (f) और (h) को अनुभाग 81012 के उपखंड (a) के अनुसार कानून द्वारा संशोधित किया जा सकता है। इस अनुभाग के शेष उपखंडों को केवल ऐसे कानून द्वारा संशोधित किया जा सकता है जो अनुभाग 81012 के उपखंड (b) का अनुपालन करता हो।*

*अनुभाग* 4.1. सरकारी संहिता के अनुभाग 85320 को इस तरह पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

85320. (a) कोई विदेशी सरकार, विदेशी प्रधान या विदेशी नागरिक, प्रत्यक्ष रूप से या किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से, किसी राज्य या स्थानीय मतपत्र विधेयक को मतपत्र के लिए योग्य बनाने, उसका समर्थन करने या उसका विरोध करने के संबंध में, या राज्य या स्थानीय पद के लिए किसी उम्मीदवार के चुनाव के संबंध में कोई योगदान, व्यय या स्वतंत्र व्यय नहीं करेगा।

(b) कोई व्यक्ति या समिति किसी राज्य या स्थानीय मतपत्र विधेयक को मतपत्र के लिए योग्य बनाने, उसका समर्थन करने या उसका विरोध करने के संबंध में, या राज्य या स्थानीय पद के लिए किसी उम्मीदवार के चुनाव के संबंध में किसी विदेशी सरकार, विदेशी प्रधान या विदेशी नागरिक से योगदान की मांग या उसे स्वीकार नहीं करेगी।

(c) इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित शब्दों के निम्नलिखित अर्थ होंगे:

(1) (A) "विदेशी नागरिक" का अर्थ ऐसा व्यक्ति है जो संयुक्त राज्य अमेरिका का नागरिक नहीं है और जिसे वैध रूप से स्थायी निवासी के रूप में प्रवेश नहीं दिया गया है।

(B) "विदेशी नागरिक" में ऐसा व्यक्ति शामिल नहीं है जिसे संघीय बचपन में आने वालों के लिए आस्थगित कार्रवाई (DACA) प्रोग्राम के तहत स्थगित कार्रवाई प्रदान की गई है और जिसकी स्थगित कार्रवाई की अवधि समाप्त नहीं हुई है, जैसा कि संयुक्त राज्य अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों में वर्णित है।

(2) "विदेशी प्रधान" में निम्नलिखित में से कोई भी शामिल है:

(A) एक विदेशी राजनीतिक दल।

(B) संयुक्त राज्य अमेरिका से बाहर का कोई व्यक्ति, जब तक कि निम्नलिखित में से कोई एक बात स्थापित न हो:

(i) वह व्यक्ति एक व्यक्ति विशेष है और संयुक्त राज्य अमेरिका का नागरिक है।

(ii) वह व्यक्ति कोई व्यक्ति विशेष नहीं है और संयुक्त राज्य अमेरिका या किसी राज्य या संयुक्त राज्य अमेरिका के अधिकार क्षेत्र के अधीन किसी अन्य स्थान के कानूनों के तहत संगठित या निर्मित है एवं उसका प्रमुख व्यवसाय स्थल संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर है।

(C) कोई साझेदारी, संघ, निगम, संगठन या व्यक्तियों का अन्य समूह, जो किसी विदेशी देश के कानूनों के तहत संगठित हो या जिसका प्रमुख व्यवसाय स्थल किसी विदेशी देश में हो।

4

4
5
37

(D) किसी विदेशी निगम की घरेलू सहायक कंपनी, यदि धनराशि का योगदान करने या खर्च करने का निर्णय विदेशी निगम के ऐसे अधिकारी, निदेशक या प्रबंधन कर्मचारी द्वारा लिया जाता है जो न तो संयुक्त राज्य अमेरिका का नागरिक है और न ही संयुक्त राज्य अमेरिका में कानूनी रूप से प्रवेश प्राप्त स्थायी निवासी है।

(d) यह अनुभाग कानूनी रूप से प्रवेश प्राप्त स्थायी निवासी द्वारा किए गए किसी योगदान, व्यय या स्वतंत्र व्यय को प्रतिबंधित नहीं करेगी।

(e) *(1) इस अनुभाग का उल्लंघन करने वाला कोई भी व्यक्ति* ~~*दुष्कर्म का दोषी होगा और उस पर योगदान या खर्च की गई राशि के बराबर जुर्माना लगाया जाएगा।*~~ *दुष्कर्म का दोषी होगा।*

*(2) अन्य दंडों के अतिरिक्त, इस अनुभाग का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर कम से कम योगदान या खर्च की गई राशि के बराबर, लेकिन योगदान या खर्च की गई राशि के तीन गुने से अधिक नहीं, जुर्माना लगाया जाएगा।*

# प्रस्ताव 5

2023–2024 के नियमित सत्र के सीनेट संवैधानिक संशोधन 1 (संकल्प अध्याय 204, 2024 के कानून) द्वारा प्रस्तावित यह संशोधन California के संविधान के अनुभागों में संशोधन करके उसमें स्पष्ट रूप से संशोधन करता है; इसलिए हटाए जाने के लिए प्रस्तावित मौजूदा प्रावधानों को ~~स्ट्राइकआउट टाइप~~ में और जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित नए प्रावधानों को इटैलिक टाइप में प्रिंट किया गया है, ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे नए हैं।

## धारा II और V में प्रस्तावित संशोधन

पहला—इसकी धारा II के अनुभाग 15 को इस तरह पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

अनुभाग 15. (a) किसी अधिकारी को पद से रिकॉल के संबंध में निर्णय लेने और, ~~यदि उपयुक्त हो, उसका उत्तराधिकारी चुनने के लिए~~ चुनाव, पर्याप्त हस्ताक्षरों के प्रमाणीकरण की तारीख से कम से कम 60 दिन और अधिकतम 80 दिन के भीतर राज्यपाल द्वारा बुलाया और आयोजित किया जाएगा।

(b) पर्याप्त हस्ताक्षरों के प्रमाणित होने की तारीख से 180 दिनों के भीतर रिकॉल चुनाव आयोजित किया जा सकता है, ताकि उस चुनाव को उसी अधिकार क्षेत्र में पूर्णतः या आंशिक रूप से होने वाले अगले नियमित रूप से निर्धारित चुनाव के साथ जोड़ा जा सके, बशर्ते कि उस अगले नियमित रूप से निर्धारित चुनाव में मतदान करने के योग्य मतदाताओं की संख्या, रिकॉल के चुनाव में मतदान करने के योग्य सभी मतदाताओं की संख्या के कम से कम 50 प्रतिशत के बराबर हो।

(c) यदि रिकॉल के प्रश्न पर बहुमत का मत रिकॉल के पक्ष में है, तो अधिकारी को पद से हटा दिया जाएगा, ~~और यदि कोई उम्मीदवार है, तो सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाला उम्मीदवार उसका उत्तराधिकारी होगा। अधिकारी उम्मीदवार नहीं हो सकता, और धारा VI के अनुभाग 16 के उपखंड (d) के अनुसार भरे जाने वाले किसी पद के लिए कोई उम्मीदवारी नहीं होगी;~~ एवं वह पद खाली रहेगा। *खाली पद को इस संविधान और कानून के अनुसार भरा जाएगा, बशर्ते कि जो अधिकारी रिकॉल के चुनाव का विषय था, उसे उस पद के खाली स्थान को भरने के लिए नियुक्त नहीं किया जाएगा।*

*दूसरा—धारा* II के उस अनुभाग 17 को इस तरह पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

अनुभाग 17. यदि राज्यपाल या राज्य सचिव को रिकॉल की प्रक्रिया शुरू की जाती है, तो उस पद से संबंधित रिकॉल के कर्तव्यों का निर्वहन क्रमशः ~~उप-राज्यपाल~~ *राज्य सचिव* या नियंत्रक द्वारा किया जाएगा। यदि राज्यपाल और राज्य सचिव दोनों को रिकॉल की प्रक्रियाएँ एक ही समय पर शुरू की जाती हैं, *तो दोनों पदों से संबंधित रिकॉल के कर्तव्यों का निर्वहन नियंत्रक द्वारा किया जाएगा।*

तीसरा—धारा V के उस अनुभाग 10 को इस तरह पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

अनुभाग 10. *(a)* राज्यपाल का पद खाली होने पर उप-राज्यपाल ही राज्यपाल बन जाएगा।

*(b) धारा II के अनुभाग 15 के उपखंड (c) के बावजूद, यदि राज्यपाल को रिकॉल करके पद से हटा दिया जाता है, तो उप-राज्यपाल शेष कार्यकाल के लिए राज्यपाल बन जाएगा। यदि राज्यपाल के कार्यकाल के पहले दो वर्षों के दौरान अगले राज्यव्यापी चुनाव के लिए नामांकन अवधि समाप्त होने से पहले राज्यपाल को रिकॉल करके पद से हटा दिया जाता है, तो राज्यपाल के स्थान पर किसी अन्य को चुनने के लिए एक विशेष चुनाव बुलाया जाएगा और उसे राज्यव्यापी प्राथमिक चुनाव के साथ एवं, यदि आवश्यक हो, उसके बाद होने वाले राज्यव्यापी आम चुनाव के साथ आयोजित किया जाएगा। यदि राज्यव्यापी प्राथमिक चुनाव के साथ आयोजित विशेष चुनाव में किसी उम्मीदवार को बहुमत के मत प्राप्त होते हैं, तो वह उम्मीदवार शेष कार्यकाल के लिए राज्यपाल बन जाएगा। यदि किसी भी उम्मीदवार को बहुमत के मत प्राप्त नहीं होते हैं, तो सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले दो उम्मीदवार उसके बाद होने वाले राज्यव्यापी आम चुनाव के साथ आयोजित विशेष चुनाव में प्रतिस्पर्धा करेंगे, और उस चुनाव का विजेता शेष कार्यकाल के लिए राज्यपाल बन जाएगा।*

*(c)* राज्यपाल पर महाभियोग की कार्यवाही के दौरान, राज्यपाल के राज्य से अनुपस्थित रहने के दौरान, या राज्यपाल या पद ग्रहण करने में विफल रहने वाले निर्वाचित राज्यपाल की किसी अन्य अस्थायी अक्षमता के दौरान, उप-राज्यपाल कार्यवाहक राज्यपाल के रूप में कार्य करेगा।

*(d)* विधान मंडल राज्यपाल के पद के उत्तराधिकार और राज्यपाल के कार्यों के अस्थायी निर्वहन के लिए उप-राज्यपाल के बाद की वरीयता का क्रम निर्धारित करेगा।

*(e)* इस अनुभाग के तहत उत्पन्न होने वाले सभी प्रश्नों का निर्धारण करने का अनन्य अधिकार क्षेत्र सर्वोच्च न्यायालय के पास होगा।

*(f)* पद खाली होने या अस्थायी अक्षमता से संबंधित प्रश्न उठाने का अधिकार विशेष रूप से कानून द्वारा निर्धारित निकाय में निहित होगा।

# प्रस्ताव 37

यह पहल विधेयक California के संविधान की धारा II के अनुभाग 8 के प्रावधानों के अनुसार जनता के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

यह पहल विधेयक स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता में अनुभाग जोड़ता है; इसलिए जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित नए प्रावधानों को *इटैलिक टाइप* में प्रिंट किया गया है, ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे नए हैं।

## प्रस्तावित कानून

अनुभाग 1. शीर्षक।

इस विधेयक को "California मध्यम-वर्गीय गृहस्वामित्व और पारिवारिक आवास निर्माण अधिनियम, 2026" के नाम से जाना जाएगा।

अनुभाग 2. स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के प्रभाग 31 के भाग 3 में अध्याय 11.5 (अनुभाग 51515 से शुरू करते हुए) को इस तरह पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

अध्याय *11.5. California मध्यम-वर्गीय गृहस्वामित्व और पारिवारिक आवास निर्माण अधिनियम, 2026*

*51515. (a) California आवास वित्त एजेंसी, मध्यम-वर्गीय गृहस्वामित्व और पारिवारिक आवास निर्माण अधिनियम, 2026 का प्रशासन और कार्यान्वयन निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए करेगी:*

*(1) नवनिर्मित एकल-परिवार वाले आवास की खरीद के लिए गृह वित्तपोषण को अधिक किफायती बनाने हेतु मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण स्थापित करना, जिसमें करदाताओं पर कोई लागत न आए।*

*(2) मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर के स्वामित्व के अवसर पैदा करने और California में एकल-परिवार वाले आवास की कमी को दूर करने के लिए नए एकल-परिवार आवासों के निर्माण में तेजी लाना और उसे प्रोत्साहित करना।*

*(3) उपभोक्ताओं को अनुचित ऋण प्रथाओं से सुरक्षित रखना।*

*(4) बाजार से कम ब्याज दर वाले मध्यम-वर्गीय वाले गृह ऋणों को समर्थन देने के लिए कम ब्याज वाले बॉन्ड्स की खरीद को बढ़ावा देकर सामाजिक प्रभाव निवेश के अवसर प्रदान करना, ताकि California में घर के स्वामित्व के लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सके; साथ ही ऐसे ऋण और सामुदायिक निवेश को प्रोत्साहित करना जो सामुदायिक पुनर्निवेश अधिनियम के तहत क्रेडिट के लिए योग्य हों।*

*(b) इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए:*

*(1) "अधिनियम" का अर्थ California मध्यम-वर्गीय गृहस्वामित्व और पारिवारिक आवास निर्माण अधिनियम, 2026 है।*

*(2) "एजेंसी" का अर्थ California आवास वित्त एजेंसी है।*

*(3) "आवेदक" का अर्थ ऐसा कोई व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति हैं जो मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदन करते हैं।*

*(4) "बॉन्ड" का अर्थ राजस्व बॉन्ड, नोट्स—जिनमें बॉन्ड प्रत्याशा नोट्स और निर्माण ऋण नोट्स शामिल हैं—डिबेंचर, अंतरिम या अन्य प्रमाणपत्र, या वित्तीय ऋणग्रस्तता का कोई अन्य प्रमाण है, जिसे एजेंसी द्वारा अनुभाग 51515.06 के अनुसार जारी किया गया हो।*

*(5) "उधारकर्ता" का अर्थ ऐसा आवेदक है जो अनुभाग 51515.01 के उपखंड (a) में निर्धारित आवश्यकताओं और एजेंसी द्वारा निर्धारित किसी अन्य योग्यता आवश्यकता को पूरा करता है एवं जिसने मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण प्राप्त किया है।*

*(6) "बिल्डर" का अर्थ ऐसा आवास डेवलपर है जो अनुभाग 51515.02 में स्थापित योग्य बिल्डर विकल्प में भाग लेता है।*

*(7) "ऋणदाता" का अर्थ कोई बैंक, क्रेडिट यूनियन, ट्रस्ट कंपनी, बचत बैंक, राष्ट्रीय बैंकिंग संघ, बचत और ऋण संघ, भवन और ऋण संघ, गृह ऋण बैंकर, या अन्य वित्तीय संस्था या सरकारी एजेंसी है, जो प्रायः गृह ऋणों के वित्तपोषण के लिए सेवाएँ प्रदान करती है या अन्यथा उसमें सहायता करती है, या उपर्युक्त में से किसी की होल्डिंग कंपनी है, जो अनुभाग 51515.03 में निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करती है और जिसके साथ एजेंसी ने इस अध्याय द्वारा अधिकृत मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋणों की शुरुआत या उनकी सेवा के लिए अनुबंध किया है।*

*(8) "मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण" का अर्थ इस अध्याय के अनुसार आरंभ किया गया ऋण है।*

*(9) "विकल्प" का अर्थ अनुभाग 51515.02 में स्थापित, नए एकल-परिवार वाले आवास निर्माण को प्रोत्साहित करने वाला योग्य बिल्डर विकल्प है।*

*(10) "प्रोग्राम" का अर्थ मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण प्रोग्राम है।*

*(11) "योग्य नया घर" का अर्थ ऐसा एकल-परिवार वाला आवास है जो अनुभाग 51515.01 के उपखंड (b) में निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करता है, जिसमें अनुभाग 51515.02 में स्थापित योग्य बिल्डर विकल्प के तहत बनाए गए घर शामिल हैं, लेकिन यह केवल उन्हीं तक सीमित नहीं है।*

*(12) "द्वितीयक बंधक" का अर्थ योग्य नए घर पर ऐसा गृह ऋण, ट्रस्ट विलेख या अन्य प्रतिभूति साधन है, जो मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण को सुरक्षित करता है।*

*(13) "एकल-परिवार वाले आवास" का अर्थ एक स्वतंत्र घर, टाउनहोम या रो हाउस है, जिसमें वह ज़मीन भी शामिल है जिस पर वह स्थित है, या कोई कॉन्डोमिनियम, निर्मित घर या अन्य आवासीय यूनिट, जिसे एक परिवार के निवास के लिए बनाया गया हो।*

*51515.01. उधारकर्ता और योग्य नए घर के लिए पात्रता*

*(a) मध्यम-वर्गीय घर खरीदार उधारकर्ता के लिए पात्रता।*

*(1) प्रोग्राम के तहत मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण के लिए योग्य होने हेतु आवेदक को निम्नलिखित सभी योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करना होगा:*

*(A) California निवासी होने की आवश्यकता। आवेदन के समय से पहले कम से कम एक वर्ष तक आवेदक California राज्य का निवासी रहा हो।*

*(B) मालिक द्वारा निवास किया जाने वाला मुख्य आवास। आवेदक इस बात से सहमत होगा कि समापन के 60 दिनों के भीतर वह योग्य नए घर को अपने मुख्य निवास के रूप में उपयोग करेगा।*

*(C) आय संबंधी आवश्यकताएँ। आवेदक की पारिवारिक आय उस काउंटी या महानगरीय सांख्यिकीय क्षेत्र में, जहाँ योग्य नया घर स्थित है, समान आकार के परिवार की क्षेत्रीय मध्य आय के 200 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जिसे एजेंसी द्वारा परिवार के आकार के अनुसार समायोजित किया जाएगा।*

*(D) डाउन पेमेंट की आवश्यकता। आवेदक इस बात से सहमत होगा कि वह योग्य नए घर के खरीद मूल्य का कम से कम 3 प्रतिशत ऐसी राशि से चुकाएगा जो अनुदान या उधार लिए गए धन से प्राप्त न हो।*

*(2) आवेदक एजेंसी को, एजेंसी द्वारा निर्धारित प्रारूप में, ऐसी कोई भी जानकारी प्रदान करेगा जिससे एजेंसी इस अध्याय के तहत आवेदक की पात्रता निर्धारित कर सके।*

*(b) योग्य नए घर के लिए पात्रता।*

*(1) योग्य नया घर निम्नलिखित में से कोई एक होगा:*

*(A) नया निर्मित घर, टाउनहोम, रो हाउस, कॉन्डोमिनियम या निर्मित घर, जिसमें उधारकर्ता पहला खरीदार हो।*

37

*(B) किसी ऐसे भवन में कॉन्डोमिनियम या अन्य आवासीय यूनिट, जो पहले गैर-आवासीय संरचना थी और जिसे आवासीय उपयोग के लिए पुनर्निर्मित या नए उद्देश्य के लिए अनुकूलित किया गया हो, एवं जिसमें उधारकर्ता पहला खरीदार हो।*

*(2) योग्य नए घर का अधिकतम बिक्री मूल्य उस काउंटी में एक-यूनिट वाली संपत्ति के लिए अनुरूप ऋण सीमा के 125 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा, जहाँ योग्य नया घर स्थित है, जैसा कि संयुक्त राज्य संहिता के शीर्षक 12 के अनुभाग 4542 के अनुसार संघीय आवास वित्त एजेंसी या उसकी उत्तराधिकारी एजेंसी द्वारा प्रकाशित वार्षिक अनुरूप ऋण सीमा रिपोर्ट में निर्धारित किया गया है।*

*(3) इस अनुभाग का अर्थ यह नहीं लगाया जाएगा कि योग्य नए घरों की बिक्री उन घर खरीदारों को प्रतिबंधित है जो प्रोग्राम में भाग नहीं ले रहे हैं।*

*(4) श्रम संहिता के प्रभाग 2 के भाग 7 के अध्याय 1 (अनुभाग 1720 से शुरू करते हुए) के प्रयोजनों के लिए योग्य नए घर को "सार्वजनिक निर्माण कार्य" नहीं माना जाएगा।*

*51515.02. योग्य बिल्डर विकल्प*

*(a) कोई आवास डेवलपर एजेंसी को यह प्रमाणित करके स्वेच्छा से इस विकल्प को चुन सकता है कि नए घर या घरों का निर्माण अनुभाग 51515.01 के उपखंड (b) में निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इस उपखंड के अनुसार प्रस्तुत प्रमाणन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर एजेंसी भागीदारी की स्थिति की पुष्टि करने वाला एक पत्र जारी करेगी। इस अध्याय की आवश्यकताओं के अधीन, किसी भी योग्य नए घर के विपणन और वित्तपोषण के प्रयोजनों के लिए बिल्डर, संभावित खरीदार और निर्माण ऋणदाता इस पत्र पर भरोसा कर सकते हैं।*

*(b) भाग लेने वाले बिल्डर निम्नलिखित करेंगे:*

*(1) सार्वजनिक संसाधन संहिता के अनुभाग 21080.66 के उपखंड (d) के अनुच्छेद (2), अनुच्छेद (3), यदि उस अनुच्छेद में निर्दिष्ट परियोजना और निर्माण व्यवसाय संबंधी शर्तें पूरी होती हैं, और अनुच्छेद (4) एवं (5) में दिए गए श्रम और प्रवर्तन संबंधी प्रावधानों के अधीन होंगे।*

*(2) बिल्डर के ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों द्वारा उपखंड (c) के अनुच्छेद (1) के किए गए सभी उल्लंघनों के लिए उत्तरदायी होंगे। संघीय श्रम-प्रबंधन सहयोग अधिनियम, 1978 (29 U.S.C. अनुभाग 175a) के अनुसार स्थापित संयुक्त श्रम-प्रबंधन सहयोग समिति इस अनुच्छेद के उल्लंघन के लिए सक्षम अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालय में कार्रवाई कर सकती है।*

*(c) संघीय श्रम-प्रबंधन सहयोग अधिनियम, 1978 (29 U.S.C. अनुभाग 175a) के अनुसार स्थापित संयुक्त श्रम-प्रबंधन सहयोग समिति, किसी भी स्तर पर बिल्डर के ठेकेदार या उपठेकेदार द्वारा नियोजित निर्माण श्रमिकों की ओर से, निम्नलिखित में से किसी को लागू कराने के लिए उस ठेकेदार या उपठेकेदार के विरुद्ध सक्षम अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालय में कार्रवाई कर सकती है:*

*(1) बेरोज़गारी बीमा संहिता के प्रभाग 1 (अनुभाग 100 से शुरू करते हुए) और प्रभाग 6 (अनुभाग 13000 से शुरू करते हुए) के तहत नियोक्ता के दायित्व।*

*(2) श्रम संहिता के प्रभाग 4 के भाग 1 के अध्याय 4 (अनुभाग 3700 से शुरू करते हुए) के अनुसार आवश्यक श्रमिक क्षतिपूर्ति बीमा के भुगतान को सुनिश्चित करने में विफलता।*

*(3) व्यवसाय और व्यवसायिक संहिता के प्रभाग 3 के अध्याय 9 (अनुभाग 7000 से शुरू करते हुए) के अनुसार आवश्यक वैध राज्य ठेकेदार लाइसेंस बनाए रखने में विफलता।*

*(d) इस अनुभाग के तहत श्रम कानून के उल्लंघनों के लिए उपचार और दंड का निर्धारण एवं वितरण श्रम संहिता के अनुभाग 2699 के उपखंड (m) के अनुसार किया जाएगा।*

*(e) इस अनुभाग का अर्थ यह नहीं लगाया जाएगा कि इस विकल्प के तहत बनाए गए योग्य नए घर की खरीद उन घर खरीदारों के लिए प्रतिबंधित है जो प्रोग्राम में भाग नहीं ले रहे हैं।*

*(f) यदि कोई बिल्डर इस अनुभाग के अनुसार बनाए गए योग्य नए घर को अनुभाग 51515.01 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) में निर्धारित अधिकतम बिक्री मूल्य से 25 प्रतिशत से अधिक कीमत पर बेचता है, तो अनुभाग 51515.04 के उपखंड (e) के अनुच्छेद (1) का उप-अनुच्छेद (B) और अनुच्छेद (2) उस घर पर लागू नहीं होंगे।*

*51515.03. ऋणदाता की योग्यता*

*(a) एजेंसी इस अध्याय द्वारा अधिकृत मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋणों की शुरुआत या उनकी सेवा के लिए एक या अधिक ऋणदाताओं के साथ अनुबंध कर सकती है।*

*(b) एजेंसी यह मूल्यांकन करेगी कि क्या प्रोग्राम को उसके उद्देश्यों के अनुरूप ऐसे तरीके से लागू किया जा सकता है जो संघीय सामुदायिक पुनर्निवेश अधिनियम (12 U.S.C. अनुभाग 2901 आदि) के अधीन ऋणदाताओं द्वारा विचार किए जाने योग्य गतिविधियों के मानदंडों को पूरा करता हो, और यदि ऐसा है, तो एजेंसी प्रोग्राम को उसी तरीके से लागू करेगी।*

*51515.04. उपभोक्ता संरक्षण, जवाबदेही और पारदर्शिता मानक*

*(a) उपभोक्ता संरक्षण। एजेंसी उन ऋणदाताओं पर लागू होने वाली उपभोक्ता संरक्षण संबंधी आवश्यकताएँ निर्धारित करेगी जिनके साथ उसने मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋणों की शुरुआत के लिए अनुबंध किया है, इन आवश्यकताओं में निम्नलिखित सभी शामिल होंगे, लेकिन वे केवल इन्हीं तक सीमित नहीं होंगी:*

*(1) मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋणों की शुरुआत से संबंधित ऋणदाताओं के शुल्क पर सीमाएँ।*

*(2) समय से पहले भुगतान करने पर दंड का निषेध।*

*(3) यह आवश्यकता कि मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण निश्चित ब्याज दर वाले गृह ऋण हों।*

*(b) अतिरिक्त ऋण-योग्यता सत्यापन। यदि किसी कारण से आवेदक का क्रेडिट स्कोर उसे इस प्रोग्राम के तहत ऋण या उपलब्ध सबसे अनुकूल शर्तों के लिए योग्य नहीं बनाता है, तो ऋणदाता आवेदक को स्वेच्छा से वित्तीय रिकॉर्ड प्रस्तुत करने की अनुमति देगा, जिनमें बैंक विवरण, वेतन पर्चियाँ, सत्यापन योग्य व्यक्तिगत परिसंपत्तियाँ और किराया भुगतान का इतिहास शामिल हैं, और ऋणदाता नकदी प्रवाह आधारित ऋण मूल्यांकन का उपयोग करके इन रिकॉर्डों का उपयोग और मूल्यांकन करेगा, ताकि आवेदक को प्रोग्राम के तहत ऋण या अधिक अनुकूल शर्तों के लिए योग्य बनाने का प्रयास किया जा सके। वित्तीय रिकॉर्ड स्वेच्छा से प्रस्तुत करके आवेदक प्रोग्राम के प्रयोजनों के लिए उन रिकॉर्डों का नकदी प्रवाह आधारित ऋण मूल्यांकन में उपयोग किए जाने की सहमति देता है।*

*(c) घर खरीदार का प्रतिनिधित्व और संरक्षण। आवेदक अपने द्वारा चुने गए California के लाइसेंस प्राप्त रियल एस्टेट एजेंट या ब्रोकर की सेवाएँ लेगा, जैसा कि व्यवसाय और व्यवसायिक संहिता के अनुभाग 10018.06 में परिभाषित है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि घर खरीदने की पूरी प्रक्रिया के दौरान घर खरीदार को पर्याप्त प्रतिनिधित्व और उपभोक्ता संरक्षण मिले।*

*(d) कठिनाई की स्थिति में स्थगन। उधारकर्ता एजेंसी द्वारा निर्धारित मानदंडों और शर्तों के अनुसार अपने मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण पर मासिक ब्याज भुगतान के अस्थायी स्थगन का अनुरोध कर सकता है।*

*(e) निर्माण संबंधी जवाबदेही मानक।*

*(1) उपभोक्ताओं की रक्षा करने और घर के मालिकों के लिए विवादों के समाधान में तेजी लाने के लिए:*

*(A) सिविल संहिता के प्रभाग 2 के भाग 2 के शीर्षक 7 (अनुभाग 895 से शुरू करते हुए) के प्रावधान योग्य नए घरों पर लागू होंगे, सिवाय उस स्थिति के जब अनुभाग 51515.02 के तहत किसी बिल्डर द्वारा बनाए गए योग्य नए घरों के लिए उप-अनुच्छेद (B) में इसमें कोई बदलाव किया गया हो।*

*(B) अनुभाग 51515.02 के अनुसार किसी बिल्डर द्वारा बनाए गए योग्य नए घर निम्नलिखित मरम्मत-अधिकार प्रक्रियाओं के अधीन होंगे:*

*(i) सूचना संबंधी आवश्यकताएँ। यदि कोई दावेदार, चाहे वह कोई घर का मालिक हो, घर के मालिकों का समूह हो या कोई संघ हो, सिविल संहिता के अनुभाग 910 के उपखंड (a) में वर्णित मुकदमा-पूर्व प्रक्रियाएँ शुरू करता है, तो उस उपखंड की सभी आवश्यकताओं का पालन करने के अतिरिक्त, आवश्यक लिखित सूचना में प्रत्येक घर के मालिक की पहचान पते या ऐसे अन्य विवरण से की जाएगी जो बिल्डर को प्रत्येक आवास के स्थान के बारे में पर्याप्त जानकारी दे; प्रत्येक आवास में कथित उल्लंघन की प्रकृति और स्थान की पहचान की जाएगी; और उस पर उल्लंघन का आरोप लगाने वाले प्रत्येक घर के मालिक के हस्ताक्षर होंगे।*

*(ii) खुले संचार और पारदर्शिता की अनुमति। सिविल संहिता के अनुभाग 913 के बावजूद, कोई बिल्डर सिविल संहिता के प्रभाग 2 के भाग 2 के शीर्षक 7 के अध्याय 4 (अनुभाग 910 से शुरू करते हुए) में वर्णित मुकदमा-पूर्व प्रक्रियाओं के किसी भी चरण के दौरान घर के मालिक या दावेदार से सीधे संवाद कर सकता है। हालांकि, इस प्रावधान का उद्देश्य California के स्टेट बार California पेशेवर आचरण नियमों में संशोधन करना नहीं है, जिसमें नियम 4.2 भी शामिल है, जो वकीलों को किसी ऐसे व्यक्ति से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संवाद करने से रोकता है जिसके बारे में वे जानते हैं कि उस मामले में उसका प्रतिनिधित्व किसी अन्य वकील द्वारा किया जा रहा है।*

*(iii) घर के मालिक द्वारा दावों से मुक्ति की अनुमति। सिविल संहिता के अनुभाग 926 के बावजूद, बिल्डर सिविल संहिता के प्रभाग 2 के भाग 2 के शीर्षक 7 के अध्याय 4 (अनुभाग 910 से शुरू करते हुए) द्वारा अनिवार्य मरम्मत कार्य के संबंध में घर के मालिक से दावों से मुक्ति या अधिकार-त्याग प्राप्त कर सकता है, बशर्ते कि बिल्डर ने अत्यधिक तत्परता से मरम्मत पूरी की हो और घर का मालिक उन मरम्मतों से संतुष्ट हो। घर का मालिक केवल मरम्मत की गई कमियों से संबंधित दावों से स्वेच्छा से मुक्ति प्रदान कर सकता है। ऐसी मुक्ति लिखित रूप में होगी, उसे पूरी जानकारी के साथ और स्वेच्छा से निष्पादित किया जाएगा, और वह उन किसी भी दोषों या दावों पर लागू नहीं होगी जिन्हें मरम्मत द्वारा ठीक नहीं किया गया है।*

*(iv) मुकदमे के शीघ्र समाधान को प्रोत्साहित करना। यदि कोई न्यायालय सिविल संहिता के अनुभाग 930 के उपखंड (b) के अनुसार कार्यवाही स्थगित करने का अनुरोध मंजूर करता है और उसके 120 दिनों बाद भी दावेदार ने सिविल संहिता के प्रभाग 2 के भाग 2 के शीर्षक 7 के अध्याय 4 (अनुभाग 910 से शुरू करते हुए) की आवश्यकताओं का पालन करने के लिए अपने नियंत्रण में कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की है, तो बिल्डर कार्रवाई को खारिज किए जाने के लिए आवेदन कर सकता है। न्यायालय अपने विवेक से, उस आवेदन पर सफल पक्ष को आवेदन प्रस्तुत करने या उसका विरोध करने में हुए वकील के शुल्क और लागतें प्रदान कर सकता है।*

*(v) घर के खरीदार को खुलासा। योग्य नए घर का बिल्डर एस्क्रो के समापन से पहले, एजेंसी द्वारा अनुमोदित प्रारूप में, प्रत्येक घर खरीदार को लिखित रूप से यह खुलासा करेगा कि योग्य नया घर इस उप-अनुच्छेद के अधीन है।*

*(C) उप-अनुच्छेद (B) अनुभाग 51515.02 के उपखंड (f) के अंतर्गत आने वाले योग्य नए घरों पर लागू नहीं होगा।*

*(2) किसी अन्य कानून के बावजूद, किसी योग्य नए घर से संबंधित ऐसे किसी मामले में, जो किसी घर के मालिक या घर के मालिकों के समूह द्वारा लाया गया हो और जिसमें सिविल संहिता के प्रभाग 2 के भाग 2 के शीर्षक 7 के अध्याय 4 (अनुभाग 910 से शुरू करते हुए) और अध्याय 5 (अनुभाग 941 से शुरू करते हुए) में निर्धारित प्रक्रियाओं या इस उपखंड के अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (B) में निर्धारित प्रक्रियाओं के अधीन दावे किए गए हों, वकील का अधिकतम स्वीकार्य आकस्मिक शुल्क समझौते, मध्यस्थता, पंचाट, न्यायिक संदर्भ या निर्णय के माध्यम से प्राप्त कुल राशि के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा, जब तक कि न्यायालय प्राप्त परिणामों, वकील द्वारा उठाए गए जोखिम, वकील और मुवक्किल के बीच किसी समझौते, मामले की जटिलता और वकील द्वारा प्रदर्शित कौशल को ध्यान में रखते हुए अधिक शुल्क को मंजूरी न दे। वकील का आकस्मिक शुल्क केवल समझौते, पंच-निर्णय, मध्यस्थता, न्यायिक संदर्भ या निर्णय से प्राप्त राशि में से ही चुकाया जाएगा।*

*(f) मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण जारी करने वाला ऋणदाता अधिकतम 0.5 प्रतिशत या दो सौ नब्बे डॉलर ($290), जो भी अधिक हो, का ऋण उत्पत्ति शुल्क ले सकता है। एजेंसी दो सौ नब्बे डॉलर ($290) की राशि को प्रत्येक दो वर्ष में अधिकतम एक बार समायोजित कर सकती है। एजेंसी द्वारा अधिकृत किए जाने के अलावा ऋणदाता कोई अन्य ऋण शुल्क नहीं लेगा।*

*(g) सिविल संहिता के अनुभाग 2924.13 इस अध्याय के तहत दिए गए किसी भी मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण पर लागू नहीं होगी।*

*51515.05. प्रोग्राम की आवश्यकताएँ*

*(a) एजेंसी इस अधिनियम के प्रभावी होने की तारीख से अधिकतम एक वर्ष के भीतर प्रोग्राम को लागू करेगी। इस अध्याय के अनुसार प्रोग्राम को लागू और प्रशासित करने के लिए एजेंसी के पास इस भाग द्वारा उसे प्रदान की गई सभी शक्तियाँ होंगी। इस अध्याय को लागू करते समय एजेंसी ऐसे नियम और विनियम अपनाएगी जिन्हें एजेंसी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया हो और जो इस अध्याय के अनुरूप हों। इस भाग के अनुसार अपनाई गई नीतियाँ, नियम और विनियम सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 3 के भाग 1 के अध्याय 3.5 (अनुभाग 11340 से शुरू करते हुए) के अधीन नहीं होंगे।*

*(b) प्रत्येक मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण द्वितीयक बंधक द्वारा सुरक्षित होगा, उसका उपयोग केवल योग्य नए घर के खरीद मूल्य के एक हिस्से के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा, और वह योग्य नए घर के खरीद मूल्य के उस हिस्से के अधिकतम 17 प्रतिशत का वित्तपोषण करेगा जिसे सामान्यतः घर के मालिक के डाउन पेमेंट से पूरा किया जाता*

37

*है, बशर्ते कि आवेदक योग्य नए घर के खरीद मूल्य का कम से कम 3 प्रतिशत स्वयं योगदान करे। द्वितीयक बंधक द्वारा सुरक्षित प्रत्येक मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण, योग्य नए घर की खरीद का वित्तपोषण करने वाले प्राथमिक गृह ऋण के अधीनस्थ होगा। एजेंसी समापन लागतों से संबंधित नियम अपनाएगी, जिनमें उधारकर्ता को योग्य नए घर की पूरी खरीद से संबंधित समापन लागतों का भुगतान करने के लिए मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण का उपयोग करने की अनुमति देना शामिल है, लेकिन यह केवल इसी तक सीमित नहीं है, बशर्ते कि एजेंसी यह निर्धारित करे कि ऐसा नियम उधारकर्ताओं और बॉन्ड निवेशकों के हितों के बीच संतुलन बनाता है।*

*(c) एजेंसी उधारकर्ताओं के लिए निवास की अवधि संबंधी आवश्यकताएँ एवं मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋणों पर ब्याज दरें, परिशोधन अनुसूचियाँ, मूलधन की अदायगी, पूर्वभुगतान संबंधी प्रावधान और अन्य भुगतान की शर्तें ऐसी शर्तों पर निर्धारित करेगी जिन्हें एजेंसी आवेदकों के लिए व्यावहारिक और अनुकूल माने एवं ऐसे स्तर पर निर्धारित करेगी जो, यथासंभव अधिकतम सीमा तक, इस अध्याय के अनुसार जारी बॉन्ड्स से संबंधित देय मूलधन, ब्याज और अन्य राशियों का भुगतान करने के लिए आवश्यक हों, जिसमें इस अध्याय के अनुसार एजेंसी द्वारा वहन की गई सभी प्रशासनिक लागतों को पूरा करने के लिए आवश्यक राशियाँ भी शामिल हैं।*

37

*(d) एजेंसी उन उधारकर्ताओं के लिए गृहस्वामी शिक्षा संबंधी आवश्यकता निर्धारित करेगी जिनके बारे में एजेंसी यह तय करती है कि उन्हें गृहस्वामी की शिक्षा से लाभ होगा, जिनमें पहली बार घर खरीदने वाले लोग भी शामिल हैं, और एजेंसी इसे यथासंभव सबसे किफायती तरीके से लागू करेगी, बशर्ते कि यह आवश्यकता समापन के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी की जा सके।*

*(e) एजेंसी मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋणों के लिए ऋण मूल्यांकन मानदंड निर्धारित करेगी और Fannie Mae, Freddie Mac या संघीय आवास प्रशासन द्वारा निर्धारित संघीय मानकों और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋणों की शर्तों और योग्यता को समायोजित कर सकती है, इनमें ऋण पर सीमाएँ, न्यूनतम क्रेडिट स्कोर या अनुभाग 51515.04 के उपखंड (b) द्वारा अनुमत अतिरिक्त ऋण-योग्यता सत्यापन और ऋण-से-आय अनुपात शामिल हैं, लेकिन ये केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, बशर्ते कि ये मानदंड इस अध्याय की शर्तों और उद्देश्यों के अनुरूप हों।*

*(f) एजेंसी को बॉन्ड की बिक्री का तरीका, समय और भौगोलिक वितरण निर्धारित करने का विवेकाधिकार होगा, जिसमें यह निर्धारित करना भी शामिल है कि बॉन्ड्स का विपणन क्षेत्रीय स्तर पर किया जाए या पूरे राज्य में, और एजेंसी ऐसा इस प्रकार करेगी जिससे ब्याज लागत न्यूनतम हो और निवेशकों की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहन मिले।*

*(g) एजेंसी प्रोग्राम का स्वतंत्र वार्षिक लेखा-परीक्षण कराएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बॉन्ड से प्राप्त धनराशि का उपयोग इस अध्याय की आवश्यकताओं और किसी अन्य लागू कानून के अनुरूप किया जा रहा है।*

*51515.06. राजस्व बॉन्ड्स*

*(a) केवल इस अध्याय की सीमाओं के अधीन, एजेंसी इस भाग द्वारा प्रदान की गई किसी अन्य शक्ति के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्य कर सकती है:*

*(1) प्रोग्राम के तहत मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋणों के वित्तपोषण या अधिग्रहण, इन बॉन्ड्स पर ब्याज के भुगतान, बॉन्ड्स को सुरक्षित करने के लिए आरक्षित निधियाँ स्थापित करने एवं बॉन्ड्स जारी करने से संबंधित और उसके लिए आवश्यक या सुविधाजनक एजेंसी के अन्य व्ययों के भुगतान के उद्देश्य से, एजेंसी द्वारा आवश्यक निर्धारित मूलधन राशि में अपने बॉन्ड्स जारी और बेच सकती है, जिसमें ऋण या तरलता संवर्धन की लागतें भी शामिल हैं; बशर्ते कि इस अध्याय के अनुसार जारी और बेचे गए किसी भी बॉन्ड्स की मूलधन राशि पच्चीस बिलियन डॉलर ($25,000,000,000) से अधिक नहीं होगी, जिसमें अनुच्छेद (2) के अनुसार जारी किए गए किसी पुनर्वित्त बॉन्ड्स की राशि शामिल नहीं है।*

*(2) भाग 3 (अनुभाग 50900 से शुरू करते हुए) के अनुसार, इस अध्याय के तहत पहले जारी किए गए बॉन्ड्स को भुनाने, पुनर्वित्त करने, समाप्त करने, पुनर्गठित करने या खरीदने के लिए अपने बॉन्ड जारी और बेच सकती है।*

*(3) न्यासियों के साथ बॉन्ड्स को नियंत्रित करने वाले किसी भी संकल्प, अनुबंध-पत्र या अन्य दस्तावेज़ में प्रवेश कर सकती है।*

*(4) क्रेडिट संवर्धन या नकदी सहायता के लिए कोई भी समझौता कर सकती है।*

*(5) बॉन्ड्स को संचालित करने वाले किसी संकल्प, अनुबंध-पत्र या अन्य दस्तावेज़ एवं ऋण संवर्धन या तरलता सहायता संबंधी समझौतों के तहत एजेंसी के दायित्वों को सुरक्षित करने के लिए संपार्श्विक को गिरवी रख सकती है और उस पर ग्रहणाधिकार एवं प्रतिभूति हित प्रदान कर सकती है, इसमें मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण और उनके तहत एजेंसी के अधिकार शामिल हैं, लेकिन यह केवल इन्हीं तक सीमित नहीं है। यह गिरवी, ग्रहणाधिकार और प्रतिभूति हित सरकारी संहिता के शीर्षक 1 के प्रभाग 6 के अध्याय 5.5 (अनुभाग 5450 से शुरू करते हुए) द्वारा नियंत्रित होगा।*

*(6) मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण प्रदान या अधिग्रहित कर सकती है।*

*(7) मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋण के तहत उधारकर्ताओं से देय होने पर ऋण के भुगतान और अन्य राशियाँ एकत्र कर सकती है या उन्हें एकत्र करवा सकती है।*

*(8) उधारकर्ताओं के विरुद्ध मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋणों और द्वितीयक बंधक की शर्तों को लागू कर सकती है या लागू करवा सकती है।*

*(9) प्रोग्राम के लाभ के लिए कोई भी अनुदान या दान स्वीकार कर सकती है।*

*(10) अनुबंध और अन्य दस्तावेज़ तैयार एवं निष्पादित कर सकती है और बॉन्ड्स, मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदने हेतु ऋणों, द्वितीयक गृह ऋणों से संबंधित या इस अध्याय के प्रावधानों को लागू करने के लिए आवश्यक, सुविधाजनक या वांछनीय सभी कार्य कर सकती है।*

*(b) अनुभाग 51374 द्वारा आवश्यक विवरण के अतिरिक्त, इस अनुभाग के अनुसार जारी किए गए सभी बॉन्ड्स के मुखपृष्ठ पर निम्नलिखित विवरण होगा: "इस बॉन्ड को एजेंसी के अलावा California राज्य का ऋण या देनदारी या राज्य की पूर्ण आस्था और ऋण-क्षमता की प्रतिज्ञा नहीं माना जाएगा, बल्कि इसका भुगतान केवल इसके लिए उपलब्ध कराई गई धनराशि से किया जाएगा।"*

अनुभाग 3. संशोधन।

इस अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए इसकी व्यापक व्याख्या की जाएगी। इस अधिनियम के वैधानिक प्रावधानों में संशोधन किया जा सकता है, बशर्ते कि वे संशोधन California में मध्यम-वर्गीय आवासों का

अधिक निर्माण करने, इस प्रोग्राम के तहत गृह ऋण लेने वालों की रक्षा करने और मध्यम-वर्गीय California वासियों के लिए घर के स्वामित्व के अवसरों का विस्तार करने के उद्देश्यों के अनुरूप हों और उन्हें आगे बढ़ाएँ, ऐसा संशोधन ऐसे कानून द्वारा किया जा सकता है जिसे विधान मंडल के प्रत्येक सदन के 60 प्रतिशत से अधिक सदस्यों के मत से पारित किया गया हो और राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षरित किया गया हो।

अनुभाग 4. पृथक्करणीयता।

इस अधिनियम के प्रावधान पृथक्करणीय हैं। यदि इस अधिनियम के किसी भाग, अनुभाग, उपखंड, अनुच्छेद, खंड, वाक्य, वाक्यांश, शब्द या अनुप्रयोग को किसी भी कारण से सक्षम अधिकार क्षेत्र वाले किसी न्यायालय के निर्णय द्वारा अमान्य ठहराया जाता है, तो उस निर्णय से इस अधिनियम के शेष भागों की वैधता प्रभावित नहीं होगी। California राज्य की जनता इसके द्वारा घोषित करती है कि उसने इस अधिनियम एवं इसके प्रत्येक ऐसे भाग, अनुभाग, उपखंड, अनुच्छेद, खंड, वाक्य, वाक्यांश, शब्द और अनुप्रयोग को, जिसे अमान्य या असंवैधानिक घोषित नहीं किया गया है, इस बात की परवाह किए बिना अपनाया होता कि इस अधिनियम के किसी भाग या उसके अनुप्रयोग को बाद में अमान्य घोषित किया जाता है या नहीं।

अनुभाग 5. उदार व्याख्या।

इस पहल की व्याख्या इसके उद्देश्यों को प्रभावी बनाने के लिए उदारतापूर्वक की जाएगी।

अनुभाग 6. परस्पर विरोधी मतपत्र विधेयक।

(a) यदि यह विधेयक और मध्यम-वर्गीय आवास ऋणों के वित्तपोषण के लिए राजस्व बॉन्ड को अधिकृत करने वाला कोई अन्य विधेयक एक ही राज्यव्यापी चुनाव के मतपत्र पर आते हैं, तो उस अन्य विधेयक के प्रावधानों को इस विधेयक के साथ विरोधाभासी माना जाएगा। यदि इस विधेयक को इसके साथ विरोधाभासी माने गए विधेयक की तुलना में अधिक हाँ के मत प्राप्त होते हैं, तो इस विधेयक के सभी प्रावधान पूर्ण रूप से प्रभावी होंगे और दूसरे विधेयक के प्रावधान अमान्य और निष्प्रभावी होंगे।

(b) यदि इस विधेयक को मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाता है, लेकिन उसी चुनाव में मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किसी विरोधाभासी विधेयक के कारण इसे पूर्णतः या आंशिक रूप से अधिक्रमित कर दिया जाता है, और बाद में उस विरोधाभासी विधेयक को अमान्य ठहराया जाता है, तो यह विधेयक स्वतः लागू होगा और इसे पूर्ण प्रभाव दिया जाएगा।

# प्रस्ताव 38

यह पहल विधेयक California के संविधान की धारा II के अनुभाग 8 के प्रावधानों के अनुसार लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

यह पहल विधेयक स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता में अनुभाग जोड़ता है; इसलिए जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित नए प्रावधानों को *इटैलिक टाइप* में प्रिंट किया गया है, ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे नए हैं।

## प्रस्तावित कानून

California प्रतिरक्षा विज्ञान अनुसंधान और इलाज पहल

अनुभाग 1. शीर्षक।

इस अधिनियम को "California प्रतिरक्षा विज्ञान अनुसंधान और इलाज पहल" के नाम से जाना जाएगा, और इस नाम से उद्धृत किया जा सकता है।

अनुभाग 2. निष्कर्ष और घोषणाएँ।

California राज्य के लोग निम्नलिखित सभी बातों को पाते और घोषित करते हैं:

(a) चिकित्सा अनुसंधान कुछ सबसे घातक और दुर्बल करने वाली बीमारियों एवं अन्य स्वास्थ्य विकारों की रोकथाम, उपचार और इलाज में परिवर्तनकारी सफलताएँ हासिल करने के कगार पर है, जो हर दिन अनेक लोगों और उनके प्रियजनों को प्रभावित करते हैं।

(b) प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी के उभरते हुए चिकित्सा अनुसंधान क्षेत्र स्वास्थ्य विज्ञान में अभूतपूर्व प्रगति की संभावना प्रदान करते हैं, यदि इन्हें पर्याप्त वित्तपोषण मिलता है, तो इससे उन अनेक सबसे सामान्य चिकित्सीय स्थितियों के उपचार और रोकथाम में वैज्ञानिक प्रगति तेजी से बढ़ेगी, जो वर्ष-दर-वर्ष अमेरिकियों की मृत्यु और विकलांगता का कारण बनती हैं।

(c) प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली का उपयोग बीमारियों को पहचानने और रोकने के लिए करते हैं। हाल के वर्षों में, इम्यूनोथेरेपी मेलेनोमा, फेफड़ों के कैंसर, कुछ प्रकार के ल्यूकीमिया और लिम्फोमा एवं अन्य कैंसर से लड़ने में एक प्रभावी उपचार साबित हुई है।

(d) अनेक डॉक्टरों और अनुसंधान वैज्ञानिकों का मानना है कि इम्यूनोथेरेपी में हमारे जीवनकाल में अनेक प्रकार की बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य स्थितियों की रोकथाम और इलाज करने की क्षमता है, जिनमें कैंसर, हृदय रोग, Alzheimer's और Parkinson's जैसी तंत्रिका संबंधी स्थितियाँ, मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, ALS (Lou Gehrig's रोग), HIV/AIDS, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और रूमेटॉइड आर्थराइटिस, ल्यूपस एवं मल्टीपल स्क्लेरोसिस जैसी ऑटोइम्यून बीमारियाँ शामिल हैं।

(e) चूँकि प्रतिरक्षा विज्ञान में सफलताएँ बीमारियों को रोक सकती हैं और जीवन बचा सकती हैं, इसलिए प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी से संबंधित चिकित्सा अनुसंधान का समर्थन करना सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करने एवं लोगों के जीवन को बचाने और बेहतर बनाने के राज्य के समग्र दृष्टिकोण की एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है।

(f) इन उभरती हुई प्रौद्योगिकियों को पूरी तरह विकसित करने और उनका लाभ उठाने के लिए वित्तपोषण का एक स्थिर और विश्वसनीय स्रोत बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि निरंतर अनुसंधान वित्तपोषण की कमी के कारण बाधित हुए बिना जारी रह सके, क्योंकि ऐसी कमी अन्यथा प्रगति को बाधित कर सकती है और वैज्ञानिक सफलताओं की गति को रोक सकती है।

(g) चिकित्सा अनुसंधान का सार्वजनिक वित्तपोषण आधुनिक चिकित्सा में प्रगति का हमेशा से एक प्रमुख घटक रहा है। 2010 से 2019 के बीच FDA द्वारा अनुमोदित सभी नई दवाओं में से विशाल बहुमत—99.4 प्रतिशत—सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित अनुसंधान का परिणाम थीं।

(h) California हमेशा से तकनीकी विकास और सफलताओं में अग्रणीय रहा है। विशेष रूप से, California लंबे समय से स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणीय रहा है, क्योंकि यहाँ दुनिया के कई सबसे नवाचारी और प्रतिष्ठित चिकित्सा अनुसंधान संस्थान स्थित हैं, और साथ ही, यहाँ देश की प्रमुख उच्च शिक्षा प्रणाली—California विश्वविद्यालय—भी है, जिसके अंतर्गत कई विश्वस्तरीय मेडिकल स्कूल और स्वास्थ्य विज्ञान अनुसंधान केंद्र हैं।

(i) California का दायित्व है कि वह ऐसी इम्यूनोथेरेपी के विकास में अग्रणीय भूमिका निभाए, जो अनेक ऐसी लगातार बनी रहने वाली और दुर्बल करने वाली बीमारियों के उपचार और रोकथाम में अत्यधिक लाभ प्रदान करेगी, जो अब तक अतीत की अधिक पारंपरिक उपचार पद्धतियों के प्रति प्रतिरोधी साबित हुई हैं।

(j) जीवन बचाने के अतिरिक्त, इम्यूनोथेरेपी के विकास का वित्तपोषण अनेक दुर्बल करने वाली बीमारियों और रोगों की रोकथाम और इलाज करके राज्य एवं California के परिवारों के स्वास्थ्य देखभाल खर्च में कई बिलियन डॉलर की बचत भी करेगा।

(k) प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी California के जैव-प्रौद्योगिकी उद्योग का विस्तार करने, अच्छे वेतन वाली नौकरियाँ पैदा करने, आर्थिक उत्पादन बढ़ाने और अनुदान वित्तपोषण, बौद्धिक संपदा लाइसेंसिंग एवं निजी क्षेत्र के निवेश के माध्यम से राजस्व के नए स्रोत उत्पन्न करने में मदद करेंगे। California में जैव-प्रौद्योगिकी में भविष्य में आर्थिक रूप से उतना ही महत्वपूर्ण बनने की क्षमता है जितनी आज सूचना प्रौद्योगिकी की है।

(*l*) हर वर्ष कई मिलियन परिवारों को तब नुकसान उठाना पड़ता है जब कैंसर, हृदय रोग, Alzheimer's, Parkinson's और मधुमेह जैसी विनाशकारी बीमारियाँ हमारे प्रियजनों के जीवन को बर्बाद कर देती हैं या उनकी जान ले लेती हैं। हमारा यह दायित्व है कि हम ऐसे आशाजनक इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान में निवेश करें जो सभी परिवारों को प्रभावित करने वाली बीमारियों की रोकथाम और इलाज कर सके।

(m) यह चिकित्सा विज्ञान के इतिहास का एक निर्णायक समय है, और California को एक बार फिर नवाचार में देश का नेतृत्व करने के अवसर का लाभ उठाना चाहिए, जैसा कि उसने अतीत में कई बार किया है।

अनुभाग 3. उद्देश्य और आशय।

इस अधिनियम को लागू करने में California राज्य की जनता का आशय निम्नलिखित सभी उद्देश्यों को प्राप्त करना है:

(a) California विश्वविद्यालय से संबद्ध एक विश्वस्तरीय और नवाचारी प्रतिरक्षा विज्ञान एवं इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान संस्थान को वित्तपोषित करना, ताकि मानव प्रतिरक्षा प्रणाली की शक्ति, अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकियों एवं उन्नत कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके दीर्घकालिक बीमारियों की रोकथाम और इलाज के लिए वैज्ञानिक खोजें और अगली पीढ़ी की उपचार पद्धतियाँ विकसित की जा सकें, जिससे California वासी अधिक लंबा और स्वस्थ जीवन जी सकें।

(b) प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान के लिए केवल California स्थित सार्वजनिक और गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालयों एवं गैर-लाभार्थी चिकित्सा अनुसंधान संस्थानों को अनुदान देना और सभी California वासियों के लिए जीवनरक्षक उपचारों और इलाज तक पहुँच का विस्तार करना, साथ ही यह सुनिश्चित करना कि लाभकारी संगठनों या दवा कंपनियों को कोई धनराशि न दी जाए।

(c) सार्वजनिक और गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालयों एवं अन्य गैर-लाभार्थी चिकित्सा अनुसंधान सुविधाओं में, जिनका सफल अनुसंधान और नैदानिक परीक्षण करने का प्रमाणित रिकॉर्ड है, प्रतिरक्षा विज्ञान-आधारित तरीकों का उपयोग करके विभिन्न चिकित्सीय स्थितियों के लिए अनुसंधान, शिक्षा एवं उपचार और चिकित्सा पद्धतियों के विकास का वित्तपोषण करना, ताकि हमारे जीवनकाल में कैंसर, हृदय रोग, Alzheimer's, Parkinson's, मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों और अन्य रोगों को समाप्त करने में मदद मिल सके।

(d) कैंसर, हृदय रोग और Alzheimer's रोग की रोकथाम, उपचार और इलाज से संबंधित अनुसंधान के लिए विशेष रूप से चार बिलियन डॉलर ($4,000,000,000) से अधिक की धनराशि निर्धारित करना।

(e) दुनिया भर के जैव-चिकित्सा वैज्ञानिकों, रोग मॉडलिंग विशेषज्ञों, जीनोमिक प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों, डेटा वैज्ञानिकों, कंप्यूटेशनल विशेषज्ञों, उपचार पद्धतियों के आविष्कारकों और नैदानिक परीक्षण नवप्रवर्तकों को एक साथ लाना, ताकि इन बीमारियों से सुरक्षा के लिए निवारक टीके विकसित किए जा सकें और दुनिया की कुछ सबसे दीर्घकालिक और गंभीर चिकित्सीय स्थितियों के लिए उपचार और इलाज विकसित किए जा सकें।

(f) वित्तपोषण के लिए ऐसे गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्थान का चयन करना जो स्वतंत्र, सहयोगात्मक और नवाचारी हो, साथ ही California विश्वविद्यालय से संबद्ध भी रहे, ताकि राज्य की निगरानी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जा सके, नौकरशाही और अनावश्यक प्रक्रियागत बाधाओं को कम किया जा सके एवं केंद्रित और परिणाम-आधारित अनुसंधान सुनिश्चित किया जा सके।

(g) ऐसे गैर-लाभार्थी चिकित्सा अनुसंधान केंद्र को वित्तपोषित करना जो सफल उपचार विकास से प्राप्त आर्थिक लाभ को अनुसंधान के नए क्षेत्रों में पुनर्निवेश करके अंततः आत्मनिर्भर बन जाएगा, जिससे ऐसी वित्तीय रूप से स्वतंत्र अनुसंधान सुविधा तैयार होगी जिसे अंततः किसी सार्वजनिक वित्तपोषण की आवश्यकता नहीं होगी।

(h) यह आवश्यक करना कि इस अधिनियम के परिणामस्वरूप विकसित इम्यूनोथेरेपी से प्राप्त सभी आय का 10 प्रतिशत इस अधिनियम की लागतों की भरपाई के लिए राज्य को दिया जाए, जिससे यह प्रभावी रूप से एक ऋण प्रोग्राम बन जाए और यह सुनिश्चित हो कि करदाताओं को इस महत्वपूर्ण अनुसंधान में किए गए अपने निवेश की पूरी राशि वापस प्राप्त हो।

(i) यह आवश्यक करना कि इस अधिनियम की धनराशि से विकसित किसी प्रौद्योगिकी या दवा का लाइसेंस देने वाला कोई भी प्राप्तकर्ता उस प्रौद्योगिकी या दवा को California के मरीज़ों के लिए राष्ट्रीय औसत से कम से कम 20 प्रतिशत कम कीमत पर उपलब्ध कराए, ताकि यह सुनिश्चित हो कि California वासियों को उनके सार्वजनिक निवेश का प्रत्यक्ष लाभ मिले।

(j) यह सुनिश्चित करना कि इस अधिनियम के तहत वितरित सभी अनुसंधान वित्तपोषण सख्त जवाबदेही और पारदर्शिता संबंधी आवश्यकताओं के अधीन हों, जिनमें यह आवश्यकता शामिल है कि समस्त धनराशि का 98 प्रतिशत चिकित्सा अनुसंधान और इलाज के विकास से संबंधित लागतों पर खर्च किया जाए; राज्य सरकार के प्रशासनिक खर्च को अधिकतम 2 प्रतिशत तक सीमित रखा जाए; हितों के टकराव से संबंधित सख्त नियम लागू हों; सभी खर्चों का सार्वजनिक खुलासा किया जाए; और स्वतंत्र वित्तीय लेखा-परीक्षण कराए जाएँ।

(k) ऐसे अनुसंधान का वित्तपोषण करके राज्य के बजट की रक्षा करना और उसे लाभ पहुँचाना, जो भविष्य में स्वास्थ्य देखभाल की लागतों को उल्लेखनीय रूप से कम करेगा, एवं प्रतिरक्षा विज्ञान की सफलताओं से उत्पन्न पेटेंट और लाइसेंस शुल्क से प्राप्त राजस्व का लाभ राज्य को मिलने के अवसर प्रदान करना।

(*l*) अच्छे वेतन वाली नौकरियाँ, जैव-चिकित्सा औद्योगिक परियोजनाएँ और संभावित उपचार पद्धतियाँ विकसित करके California की अर्थव्यवस्था को लाभ पहुँचाना, जो हमारे राज्य में नया टैक्स से होने वाले राजस्व उत्पन्न करेंगी।

(m) California के जैव-प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान उद्योगों को इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान और उपचार के उभरते हुए क्षेत्र में विश्व नेतृत्व के स्तर तक पहुँचाना, जिससे स्वास्थ्य नवाचार और आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में राज्य की स्थिति मजबूत हो।

अनुभाग 4. स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता में प्रभाग 110.5 (अनुभाग 130350 से शुरू करते हुए) को इस तरह पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

*प्रभाग 110.5. CALIFORNIA प्रतिरक्षा विज्ञान अनुसंधान और इलाज पहल*

*अध्याय 1. CALIFORNIA प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी चिकित्सा अनुसंधान अधिनियम*

*130350. इस अध्याय को "California प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी चिकित्सा अनुसंधान अधिनियम" के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।*

*130351. इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित शब्दों के निम्नलिखित अर्थ हैं:*

*(a) "समिति" का अर्थ अनुभाग 130362 के अनुसार स्थापित नागरिक वित्तीय जवाबदेही निरीक्षण समिति है।*

*(b) "परिषद" का अर्थ अनुभाग 130355 के अनुसार स्थापित सलाहकार और जवाबदेही अनुसंधान परिषद है।*

*(c) "विभाग" का अर्थ राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग या उसकी उत्तराधिकारी एजेंसी है।*

*(d) "कोष" का अर्थ अनुभाग 130377 के अनुसार स्थापित California प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी चिकित्सा अनुसंधान कोष है।*

*(e) "संस्थान" का अर्थ अनुभाग 130353 के अनुसार विभाग द्वारा चयनित गैर-लाभार्थी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान है।*

*(f) "बौद्धिक संपदा अधिकार" का अर्थ तकनीकी जानकारी या आविष्कारों से संबंधित सभी स्वामित्व संबंधी कानूनी अधिकार हैं, जिनमें सभी व्यापार रहस्य, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, मास्क वर्क, सॉफ्टवेयर और पेटेंट एवं दुनिया भर में उनके लिए किए गए आवेदन शामिल हैं, जिनमें आविष्कारक प्रमाणपत्र भी शामिल हैं, और ऐसा कोई भी अधिकार जिसके द्वारा कोई पक्ष किसी अन्य पक्ष को इस परिभाषा में निर्दिष्ट किसी कार्य को करने से प्रभावी रूप से रोक सकता है, जिसमें संविदात्मक अधिकार भी शामिल हैं; बशर्ते, हालांकि, ऐसे बौद्धिक संपदा अधिकारों के मामले में जिनके तहत अनुभाग 130352 के उपखंड (b) के अनुसार वित्तपोषण प्राप्त करने वाला संस्थान, सार्वजनिक या गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालय या गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्थान लाइसेंसधारी या अन्यथा अनुमत उपयोगकर्ता है, वे अधिकार इस परिभाषा के अंतर्गत केवल तभी आएँगे जब उस संस्थान, सार्वजनिक या गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालय या गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्थान को उप-लाइसेंस या अन्य समकक्ष अधिकार प्रदान करने का अधिकार हो।*

*(g) "आविष्कार" का अर्थ कोई नया और उपयोगी उपकरण, तरीका, प्रक्रिया, मशीन, निर्मित वस्तु, डिजाइन या पदार्थ की संरचना, या कोई नया और उपयोगी सुधार या पौधे की कोई ऐसी किस्म है जो संयुक्त राज्य अमेरिका के पेटेंट कानूनों और विनियमों के तहत पेटेंट योग्य है या हो सकती है।*

*(h) "तकनीकी जानकारी" का अर्थ अवधारणाएँ, विचार, नवाचार, खोजें, आविष्कार, ज्ञान, प्रक्रियाएँ, मशीनें, निर्मित वस्तुएँ, रासायनिक सूत्रीकरण, उत्पाद नमूने, परीक्षण, पदार्थों की संरचनाएँ, सुधार, संवर्धन, संशोधन, तकनीकी विकास, प्रौद्योगिकी, विधियाँ, प्रथाएँ, तकनीकें, प्रणालियाँ, डिजाइन, कलाकृतियाँ, रेखाचित्र, योजनाएँ, विनिर्देश, जीन अनुक्रमण, औषधियाँ, औषधीय सूत्रीकरण, मास्क वर्क, सॉफ्टवेयर, दस्तावेज़ीकरण, डेटा और जानकारी, चाहे वे मानव या मशीन द्वारा पढ़े जाने योग्य रूप में हों, लेखकीय कृतियाँ, उत्पाद, व्यापार रहस्य, कौशल, अनुभव, अनुभव और आवश्यकता पर आधारित प्रेरणा, दस्तावेज़, उपकरण, नैदानिक और विनियामक रणनीतियाँ, परीक्षण डेटा, जिसमें औषधीय, विष विज्ञान संबंधी और नैदानिक परीक्षण डेटा शामिल हैं, विश्लेषणात्मक और गुणवत्ता नियंत्रण डेटा एवं पेटेंट डेटा या विवरण हैं, चाहे उपर्युक्त में से कोई भी पेटेंट योग्य, कॉपीराइट योग्य या किसी अन्य प्रकार के कानूनी संरक्षण के योग्य हो या नहीं, बशर्ते कि उपर्युक्त निम्नलिखित सभी शर्तों को पूरा करते हों:*

*(1) उनकी परिकल्पना की गई हो, उन्हें बनाया गया हो, व्यवहार में लाया गया हो या वे अन्यथा अनुभाग 130353 या 130357 के तहत किए गए अनुदान समझौते की समाप्ति या निरस्तीकरण से पहले अस्तित्व में हों।*

*(2) उन्हें किसी आविष्कारक द्वारा, अकेले या अन्य लोगों के साथ मिलकर, संस्थान, सार्वजनिक या गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालय या गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्थान को सौंपा गया हो।*

*(3) वे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अनुदान समझौते की विषय-वस्तु और उससे संबंधित वित्तपोषण से संबंधित हों।*

*(i) "पेटेंट" का अर्थ संयुक्त राज्य अमेरिका या किसी विदेशी क्षेत्राधिकार का कोई पेटेंट आवेदन या संबंधित पेटेंट दस्तावेज़ है, जिसमें कोई अस्थायी आवेदन, विभाजित आवेदन, निरंतरता आवेदन, आंशिक निरंतरता आवेदन, प्रतिस्थापन, नवीनीकरण, पुनः जारी करना, विस्तार, पुष्टि, पुनः परीक्षण या पंजीकरण एवं उनमें से किसी के आधार पर जारी कोई पेटेंट शामिल है, जिसमें उसका कोई प्रतिस्थापन, नवीनीकरण, पुनः जारी करना, विस्तार, पुष्टि, पुनः परीक्षण या पंजीकरण भी शामिल है।*

*(j) "सॉफ्टवेयर" का अर्थ किसी मूर्त माध्यम पर संग्रहीत ऐसा कोई कोड है जिसे मशीन द्वारा पढ़ा या निष्पादित किया जा सकता है।*

*130352. (a) अध्याय 2 (अनुभाग 130370 से शुरू करते हुए) के अनुसार जारी और बेचे गए बॉन्ड से प्राप्त आय, अनुभाग 130383 के अनुसार जारी पुनर्वित्त बॉन्ड को छोड़कर, अनुभाग 130377 के अनुसार स्थापित California प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी चिकित्सा अनुसंधान कोष में जमा की जाएगी।*

*(b) इस अधिनियम और राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून (सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 के भाग 3 का अध्याय 4, अनुभाग 16720 से शुरू करते हुए) के तहत अधिकृत किसी अन्य राशि के भुगतान के बाद, कोष में उपलब्ध धनराशि निम्नलिखित तरीके से वितरण के लिए विभाग को आबंटित की जाएगी:*

*(1) धनराशियों का पचास प्रतिशत प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी के क्षेत्रों में स्वास्थ्य विज्ञान अनुसंधान करने या उसका निर्देशन करने के उद्देश्य से एक ही गैर-लाभार्थी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान को वितरित किया जाएगा।*

*(2) धनराशियों का पचास प्रतिशत प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी के क्षेत्रों में स्वास्थ्य विज्ञान अनुसंधान करने के उद्देश्य से परिषद में प्रतिनिधित्व करने वाले सार्वजनिक और गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालयों एवं अन्य गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्थानों को वितरित किया जाएगा। इस अनुच्छेद के तहत वितरित धनराशियाँ आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से विशिष्ट अनुसंधान परियोजनाओं के लिए अलग-अलग अनुदानों के रूप में प्रदान की जाएगी, जिनके आवेदनों की समीक्षा अनुभाग 130356 के अनुसार की जाएगी, और ये समान रूप से दिए जाने वाले ब्लॉक अनुदानों के रूप में नहीं होंगे।*

38

*130353. (a) विभाग, अनुभाग 130352 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) के अनुसार धनराशि का वितरण विभाग और विभाग द्वारा चयनित एक गैर-लाभार्थी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के बीच किए गए वित्तपोषण समझौते के अनुसार करेगा, जो निम्नलिखित सभी मानदंडों को पूरा करता हो:*

*(1) संस्थान एक ऐसा चिकित्सा अनुसंधान संस्थान हो जो आंतरिक राजस्व संहिता के अनुभाग 501(c)(3) के अनुसार संघीय आयकर से मुक्त हो, जो 1 जनवरी, 2025 को अस्तित्व में था और जिसकी स्थापना मुख्य रूप से प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी के क्षेत्रों में अनुसंधान करने के उद्देश्य से की गई थी एवं जो विशेष रूप से इन्हीं क्षेत्रों में अनुसंधान करने में विशेषज्ञता रखता हो।*

*(2) संस्थान ने 1 जनवरी, 2025 से बाद नहीं, ऐसा संबद्धता समझौता किया हो जो California विश्वविद्यालय के किसी परिसर के साथ संबद्धता संबंध स्थापित करता हो और निम्नलिखित सभी शर्तों को पूरा करता हो:*

*(A) परिसर में प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी का स्नातकोत्तर प्रशिक्षण प्रोग्राम हो।*

*(B) परिसर में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली हो जिसमें एक या अधिक अस्पताल शामिल हों और जो नई प्रायोगिक दवाओं और उपचार पद्धतियों के अपने नैदानिक परीक्षण संचालित करती हो।*

*(C) परिसर की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में अस्पताल और क्लीनिकों में प्रत्येक वर्ष 35,000 से अधिक मरीज़ों को भर्ती करने और 3,500,000 से अधिक बाह्य-मरीज़ मुलाकातों की मात्रा हो।*

38

*(3) संस्थान का संचालन एक निदेशक मंडल द्वारा किया जाता हो, जिसमें संस्थान के उपनियमों, जो 1 जनवरी, 2025 से बाद नहीं अपनाए गए हों, और अनुच्छेद (2) में वर्णित संबद्धता समझौते के अनुसार, उस California विश्वविद्यालय परिसर या परिसर की सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के वरिष्ठ स्तर के कई प्रतिनिधियों को शामिल करना आवश्यक हो, जो संबद्धता समझौते का पक्ष है।*

*(4) 1 जनवरी, 2026 तक संस्थान के स्वामित्व या पट्टे पर कम से कम 200,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाला ऐसा स्थान हो, जिसका निर्धारित उद्देश्य संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों के लिए अनुसंधान सुविधा के रूप में कार्य करना हो।*

*(5) संस्थान अन्य योग्य गैर-लाभार्थी California चिकित्सा अनुसंधान केंद्रों के साथ प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी में सहयोगात्मक चिकित्सा अनुसंधान करने के लिए सहमत हो, जिसमें बहु-संस्थागत नैदानिक परीक्षण करना भी शामिल है।*

*(6) संस्थान ने अनुच्छेद (2) में वर्णित संबद्धता समझौते में परोपकारी दान या धन जुटाने की प्रतिबद्धताओं के रूप में कम से कम दो सौ पचास मिलियन डॉलर ($250,000,000) के वित्तपोषण स्रोतों की पहचान की हो।*

*(7) संस्थान ने तीव्र टीका विकास प्रोग्राम के समर्थन के लिए कम से कम पचास मिलियन डॉलर ($50,000,000) और माइक्रोबायोम अनुसंधान प्रोग्राम के समर्थन के लिए कम से कम पचास मिलियन डॉलर ($50,000,000) की वित्तीय प्रतिबद्धताएँ सुनिश्चित की हों।*

*(b) (1) अनुच्छेद (2) में दिए गए प्रावधान को छोड़कर, विभाग इस अध्याय के प्रभावी होने की तारीख से 90 दिनों के भीतर उपखंड (a) के अनुसार संस्थान का चयन करेगा और उसके साथ वित्तपोषण समझौता करेगा।*

*(2) (A) यदि विभाग ऐसे गैर-लाभार्थी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की पहचान करने में असमर्थ है जो उपखंड (a) में निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता हो और इस अनुभाग के अनुसार वित्तपोषण समझौता करने के लिए इच्छुक भी हो, तो विभाग उपखंड (a) में निर्दिष्ट मानदंडों में संशोधन करेगा, ताकि ऐसे गैर-लाभार्थी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की पहचान की जा सके जो इस अध्याय के तहत वित्तपोषण के लिए योग्य हो और इस अनुभाग के अनुसार वित्तपोषण समझौता करने के लिए इच्छुक हो।*

*(B) उप-अनुच्छेद (A) के अनुसार विभाग द्वारा मानदंडों में किया गया कोई भी संशोधन योग्य गैर-लाभार्थी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की पहचान करने के लिए आवश्यक न्यूनतम सीमा तक ही होगा और इस अध्याय के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगा।*

*(C) यदि विभाग इस अनुच्छेद के अनुसार उपखंड (a) में निर्दिष्ट मानदंडों में संशोधन करता है, तो विभाग संशोधित मानदंड अपनाए जाने की तारीख से 90 दिनों के भीतर संस्थान का चयन करेगा और उसके साथ वित्तपोषण समझौता करेगा।*

*(c) (1) विभाग उपखंड (b) के अनुसार किए गए समझौते की प्रत्येक पाँच वर्ष में समीक्षा करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संस्थान समझौते की शर्तों और इस अध्याय के प्रावधानों का अनुपालन कर रहा है।*

*(2) यदि संस्थान समझौते की शर्तों या इस अध्याय के प्रावधानों का पर्याप्त रूप से अनुपालन करने में विफल रहता है, तो यह समझौते को समाप्त करने का आधार हो सकता है, यदि विभाग अनुच्छेद (1) के अनुसार की गई पाँच-वर्षीय समीक्षा के दौरान यह निर्धारित करता है कि ऐसी विफलता इस अध्याय के उद्देश्यों को महत्वपूर्ण और वास्तविक रूप से बाधित करती है; बशर्ते कि इस अनुच्छेद के तहत विभाग द्वारा किए गए किसी भी निर्धारण की सूचना संस्थान को दी जाएगी और पहचानी गई अनुपालन की कमी को दूर करने का उचित अवसर प्रदान किया जाएगा।*

*(d) इस अनुभाग के अनुसार किए गए वित्तपोषण समझौते में यह आवश्यक होगा कि समझौते के तहत वित्तपोषित सभी अनुसंधान और विकास खुले वैज्ञानिक आदान-प्रदान, सहकर्मी समीक्षा और सार्वजनिक निगरानी के स्थापित मानकों के अनुसार किए जाएँ।*

*(e) (1) इस अध्याय के प्रभावी होने की तारीख के बाद, संस्थान को प्रारंभिक ऋण या ऋणों के स्रोत के रूप में सामान्य कोष से एक सौ मिलियन डॉलर ($100,000,000) इसके द्वारा विनियोजित किए जाते हैं, जिनका उपयोग इस अध्याय में वर्णित संस्थान के अनुसंधान प्रोग्राम के प्रारंभिक कार्यान्वयन और समर्थन की लागतों के लिए किया जाएगा। विभाग संस्थान को दिए जाने वाले उन ऋणों का समय और राशि निर्धारित करेगा, बशर्ते कि उनकी कुल राशि उपर्युक्त विनियोजन की राशि से अधिक न हो।*

*(2) अनुच्छेद (1) के अनुसार संस्थान को दिया गया कोई भी ऋण संबंधित ऋण निकासी की तारीख से 12 महीनों के भीतर सामान्य कोष में वापस चुकाया जाएगा; या यदि 12 महीनों के भीतर भुगतान नहीं किया जाता है, तो कोषाध्यक्ष द्वारा व्यावहारिक रूप से यथाशीघ्र निर्धारित समय पर, अध्याय 2 (अनुभाग 130370 से शुरू करते हुए) के अनुसार बेचे गए बॉन्ड्स से प्राप्त आय से उसका भुगतान किया जाएगा।*

*130354. (a) अनुभाग 130352 के अनुसार वितरित धनराशि निम्नलिखित तरीके से खर्च की जाएगी:*

*(1) (A) संस्थान अनुभाग 130352 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) के अनुसार उसे वितरित धनराशि का उपयोग प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान करने के लिए करेगा, ऐसा अनुसंधान या तो संस्थान के भीतर संस्थान द्वारा सीधे नियुक्त या अनुबंधित शोधकर्ताओं और कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा या अन्यथा संस्थान के निर्देशन में किया जाएगा।*

*(B) अनुभाग 130352 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) के अनुसार वितरित धनराशि में से कम से कम दो बिलियन एक सौ मिलियन डॉलर ($2,100,000,000) कैंसर, हृदय रोग और Alzheimer's रोग की रोकथाम, उपचार और इलाज से संबंधित प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान करने के लिए खर्च किए जाएँगे।*

*(2) (A) अनुभाग 130352 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) के अनुसार वितरित धनराशि परिषद में प्रतिनिधित्व करने वाले सार्वजनिक और गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालयों एवं अन्य गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्थानों द्वारा प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान करने के लिए खर्च की जाएगी। इस अनुच्छेद के तहत वित्तपोषित अनुसंधान परियोजनाओं का चयन अनुभाग 130356 में निर्धारित तरीके से किया जाएगा।*

*(B) अनुभाग 130352 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) के अनुसार वितरित धनराशि में से कम से कम दो बिलियन एक सौ मिलियन डॉलर ($2,100,000,000) कैंसर, हृदय रोग और Alzheimer's रोग की रोकथाम, उपचार और इलाज से संबंधित प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान करने के लिए खर्च किए जाएँगे।*

*(3) वास्तविक लागतों के बराबर राशि, राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून (सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 के भाग 3 का अध्याय 4, अनुभाग 16720 से शुरू करते हुए) के तहत अधिकृत किसी भी लागत को छोड़कर, जो अनुभाग 130352 के अनुसार वितरित कुल धनराशि के 2 प्रतिशत से अधिक न हो, इस अध्याय के तहत विभाग, परिषद, समिति और नियंत्रक की संबंधित ज़िम्मेदारियों को पूरा करने की प्रशासनिक लागतों के लिए खर्च की जा सकती है।*

*(b) इस अध्याय के तहत वित्तपोषित की जा सकने वाली अनुसंधान गतिविधियों में निम्नलिखित सभी शामिल होंगी, लेकिन वे केवल इन्हीं तक सीमित नहीं होंगी:*

*(1) बीमारी के विकास की कार्यप्रणालियों और बीमारी की प्रगति में हस्तक्षेप करने के संभावित तरीकों की जाँच करने वाला बुनियादी अनुसंधान करना, जिसमें कैंसर, Alzheimer's रोग, Parkinson's रोग, हृदय संबंधी रोग और मधुमेह की रोकथाम से संबंधित अनुसंधान शामिल है, लेकिन यह केवल इन्हीं तक सीमित नहीं है।*

*(2) बीमारी का पहले पता लगाने में सक्षम बनाने के लिए रक्त बायोमार्कर और इमेजिंग सहित नैदानिक उपकरणों का विकास और सुधार करना।*

*(3) बीमारी के बनने की प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने और बीमारी की प्रगति के विभिन्न चरणों में हस्तक्षेपों का परीक्षण करने के लिए प्रतिनिधि मरीज़ आबादी से ऊतक नमूने और ट्यूमर मॉडल एकत्र करना, उनका अध्ययन करना और उनके संग्रह तैयार करना।*

*(4) बीमारी के विकास में आनुवंशिकी, पर्यावरणीय संपर्क और जीवनशैली संबंधी कारकों के संयुक्त योगदान को बेहतर ढंग से समझने के लिए उनका अध्ययन करना।*

*(5) अलग-अलग मरीज़ों के लिए सबसे प्रभावी उपचार विकसित करने हेतु कैंसर और अन्य बीमारियों को उप-प्रकारों में वर्गीकृत करना और बीमारी के उप-प्रकारों का संग्रह तैयार करना।*

*(6) कोशिकाओं, ट्यूमर और ऑर्गेनॉइड पर दवाओं और उपचार पद्धतियों का परीक्षण करना एवं प्रत्येक अध्ययनाधीन स्थिति के लिए सर्वोत्तम संभावित उपचारों की पहचान करने हेतु कोशिका रेखाओं पर अनेक उपचार पद्धतियों का मूल्यांकन करना।*

*(7) नई कोशिकीय और जीन उपचार पद्धतियों के निर्माण और मूल्यांकन को सुगम बनाने के लिए अच्छी विनिर्माण प्रथाओं (GMP) वाली सुविधा का उपयोग करना।*

*(8) विविध मरीज़ आबादी में नए उपचारों की सुरक्षा और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए नैदानिक परीक्षणों का समन्वय, संचालन और निरीक्षण करना।*

*(9) ऐसे उपचार विकसित करना जो California के मरीज़ों के लिए उपलब्ध और किफायती हों।*

*130355. (a) विभाग एक सलाहकार और जवाबदेही अनुसंधान परिषद की स्थापना का समन्वय और समर्थन करेगा।*

*(b) (1) परिषद में सात सदस्यों वाली एक कार्यकारी समिति शामिल होगी, जिसके सदस्य परिषद के सामान्य सदस्यों के रूप में भी कार्य करेंगे। California विश्वविद्यालय के Berkeley, Davis, Irvine, Los Angeles, Riverside, San Diego, और San Francisco परिसरों के कुलपति अपने-अपने परिसर से एक प्रतिनिधि को कार्यकारी समिति में सेवा देने के लिए नियुक्त करेंगे।*

*(2) कार्यकारी समिति बहुमत के मत से परिषद में कम से कम 10 और अधिकतम 15 अतिरिक्त सदस्यों को नियुक्त करेगी, जिन्हें उप-अनुच्छेद (A) और (B) में वर्णित श्रेणियों से चुना जाएगा।*

*(A) California विश्वविद्यालय को छोड़कर, California के ऐसे गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि जिन्होंने प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान में प्रमाणित सफलता और नेतृत्व प्रदर्शित किया हो।*

*(B) California के ऐसे गैर-लाभार्थी शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के प्रतिनिधि जो California विश्वविद्यालय का हिस्सा नहीं हैं और जिन्होंने प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी अनुसंधान में प्रमाणित सफलता और नेतृत्व प्रदर्शित किया हो।*

*(3) परिषद का प्रत्येक सदस्य ऐसा चिकित्सक, वैज्ञानिक या शोधकर्ता होगा जिसके पास प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी के क्षेत्रों में प्रमाणित अनुभव हो, और वह कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित किए जा सकने वाले अतिरिक्त मानदंडों को भी पूरा करेगा।*

*(c) (1) परिषद के सदस्य चार वर्ष के कार्यकाल के लिए सेवा देंगे।*

*(2) (A) यदि कार्यकारी समिति के किसी सदस्य के कार्यकाल के दौरान कोई पद खाली हो जाता है, तो उस सदस्य की नियुक्ति करने वाला प्राधिकारी शेष कार्यकाल के लिए सेवा करने हेतु 45 दिनों के भीतर एक प्रतिस्थापन सदस्य नियुक्त करेगा।*

*(B) यदि कार्यकारी समिति में शामिल न होने वाले किसी सदस्य के कार्यकाल के दौरान कोई पद खाली हो जाता है, तो कार्यकारी समिति बहुमत के मत से, पद छोड़ने वाले सदस्य द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए उसी संगठन या संस्था का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिस्थापन सदस्य को शेष कार्यकाल के लिए सेवा करने हेतु 45 दिनों के भीतर नियुक्त करेगी।*

*(3) (A) जब कार्यकारी समिति के किसी सदस्य का कार्यकाल समाप्त होता है, तो उस सदस्य की नियुक्ति करने वाला प्राधिकारी 30 दिनों के भीतर उस सदस्य को पुनः नियुक्त करेगा या नए कार्यकाल के लिए किसी नए सदस्य को नियुक्त करेगा।*

*(B) जब कार्यकारी समिति में शामिल न होने वाले किसी सदस्य का कार्यकाल समाप्त होता है, तो कार्यकारी समिति बहुमत के मत से 30 दिनों के भीतर उस सदस्य को पुनः नियुक्त करेगी या नए कार्यकाल के लिए किसी नए सदस्य को नियुक्त करेगी। जिस सदस्य का कार्यकाल समाप्त हो गया है, वह प्रतिस्थापन सदस्य की नियुक्ति होने तक सेवा करता रहेगा।*

*(d) (1) परिषद् का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, दोनों कार्यकारी समिति के सदस्य होंगे, प्रत्येक का कार्यकाल दो वर्ष का होगा और, अनुच्छेद (2) में दिए गए प्रावधान को छोड़कर, दोनों का चयन पूरी परिषद् के बहुमत के मत से किया जाएगा।*

*(2) California विश्वविद्यालय, Los Angeles से नियुक्त प्रतिनिधि परिषद् के प्रथम अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा।*

*(e) परिषद् के लिए गणपूर्ति उस समय सेवा कर रहे सदस्यों के बहुमत से होगी।*

*(f) परिषद् के सदस्य बिना किसी पारिश्रमिक के सेवा करेंगे, लेकिन अपने कर्तव्यों के निर्वहन में वास्तव में किए गए यात्रा और आवश्यक खर्चों की प्रतिपूर्ति प्राप्त कर सकते हैं।*

*130356. (a) परिषद्, उपखंड (e) में निर्धारित तरीके से, यह निर्धारित करेगी कि परिषद् में प्रतिनिधित्व करने वाले सार्वजनिक और गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालयों एवं अन्य गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्थानों द्वारा प्रस्तावित किन अनुसंधान परियोजनाओं को अनुभाग 130352 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) के अनुसार वित्तपोषित किया जाएगा, यह निर्धारण इस अध्याय के तहत स्थापित चयन मानदंडों और अनुसंधान की प्राथमिकताओं एवं इस अनुभाग के अनुसार मूल्यांकित प्रस्तावों की तकनीकी गुणवत्ता के आधार पर किया जाएगा।*

38

*(b) (1) परिषद् इस अनुभाग के तहत अनुदान प्रदान करने के लिए निम्नलिखित सभी के आधार पर चयन मानदंड और अनुसंधान की प्राथमिकताएँ स्थापित करेगी:*

*(A) प्रस्थापना की वैज्ञानिक गुणवत्ता।*

*(B) पद्धतिगत रूप से ठोस चिकित्सा अनुसंधान करने में आवेदक का अनुभव।*

*(C) जनसंख्या के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए संभावित लाभ।*

*(D) परिषद् द्वारा निर्धारित अन्य मानदंड।*

*(2) अनुच्छेद (1) के अनुसार अनुसंधान की प्राथमिकताएँ स्थापित करते समय, परिषद् उन अनुसंधान परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी जिनमें सबसे शीघ्र, सुलभ और किफायती उपचार उपलब्ध कराने की सर्वाधिक संभावना हो और जिनका उद्देश्य मरीज़ों की इम्यूनोथेरेपी उपचारों तक पहुँच बढ़ाना हो।*

*(c) (1) परिषद् उपखंड (b) के अनुसार परिषद् द्वारा विकसित चयन मानदंडों और अनुसंधान की प्राथमिकताओं के आधार पर प्रस्थापनाओं की समीक्षा करने और उन्हें प्राथमिकता देने के लिए प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी विशेषज्ञों से बने एक या अधिक वैज्ञानिक सहकर्मी समीक्षा पैनल स्थापित कर सकती है।*

*(2) वैज्ञानिक सहकर्मी समीक्षा पैनल का कोई विशेषज्ञ वित्तपोषण की प्रस्थापना की समीक्षा में भाग लेने के लिए अयोग्य होगा, यदि उस विशेषज्ञ का आवेदक के साथ सहयोगात्मक या व्यावसायिक संबंध हो।*

*(d) इस अनुभाग के तहत प्रदान किए जाने वाले सभी अनुदान मुख्य रूप से इस राज्य में स्थित शोधकर्ताओं या परियोजनाओं को दिए जाएँगे; हालांकि, California स्थित शोधकर्ताओं और राज्य से बाहर के शोधकर्ताओं के बीच अनुसंधान सहयोग के लिए वित्तपोषण की अनुमति होगी।*

*(e) (1) परिषद् बहुमत के मत से, परिषद् में प्रतिनिधित्व करने वाले सार्वजनिक और गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालयों एवं अन्य गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्थानों से प्राप्त वित्तपोषण आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करेगी।*

*(2) इस उपखंड के अनुसार अनुदान की प्रस्थापनाओं के वित्तपोषण के संबंध में अंतिम निर्णय लेते समय परिषद् अनुभाग 130353 के अनुसार विभाग द्वारा चयनित संस्थान से परामर्श करेगी।*

*(f) परिषद् अनुसंधान वित्तपोषण प्रदान करने में हितों के टकराव को रोकने के लिए नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज द्वारा स्थापित सर्वोत्तम प्रथाओं के आधार पर वित्तपोषण की प्रस्थापनाओं पर विचार करने हेतु हितों के टकराव संबंधी मानक विकसित करेगी और कम से कम प्रत्येक चार वर्ष में उन मानकों को अद्यतित करेगी, ताकि वे सामान्यतः नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज द्वारा अपनाए गए मानकों के अनुरूप बने रहें।*

*130357. (a) विभाग, विशेष रूप से प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी के क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान, विकास और नैदानिक परीक्षणों के वित्तपोषण के लिए अनुभाग 130356 के अनुसार परिषद् द्वारा चयनित प्राप्तकर्ताओं के साथ अनुदान समझौते करेगा।*

*(b) प्रत्येक अनुदान समझौते में यह आवश्यक होगा कि समझौते के तहत वित्तपोषित सभी अनुसंधान और विकास खुले वैज्ञानिक आदान-प्रदान, सहकर्मी समीक्षा और सार्वजनिक निगरानी के स्थापित मानकों के तहत किए जाएँ।*

*(c) प्रत्येक अनुदान समझौते में यह आवश्यक होगा कि अनुदान प्राप्तकर्ता यथासंभव उचित सीमा तक California के आपूर्तिकर्ताओं से वस्तुएँ और सेवाएँ खरीदे और सद्भावपूर्वक यह लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करे कि ऐसी खरीद का 50 प्रतिशत से अधिक California के आपूर्तिकर्ताओं से हो।*

*(d) प्रत्येक अनुदान समझौते में यह आवश्यक होगा कि अनुदान प्राप्तकर्ता अनुभाग 130353 के अनुसार विभाग द्वारा चयनित संस्थान को वित्तपोषित अनुसंधान में पर्याप्त रूप से भाग लेने और सहयोग करने का अवसर प्रदान करे।*

*(e) प्रत्येक अनुदान समझौते में यह आवश्यक होगा कि अनुदान प्राप्तकर्ता California विश्वविद्यालय, Los Angeles को वित्तपोषित अनुसंधान के हिस्से के रूप में किए जाने वाले किसी भी नैदानिक परीक्षण में पर्याप्त रूप से भाग लेने और सहयोग करने का अवसर प्रदान करे।*

*(f) प्रत्येक अनुदान समझौते में यह आवश्यक होगा कि अनुदान प्राप्तकर्ता अनुभाग 130361 के उपखंड (b) के अनुसार किए जाने वाले लेखा-परीक्षण के अधीन हो और उनमें सहयोग करे।*

*(g) इस अनुभाग के तहत किए गए सभी अनुदान समझौतों में अप्रत्यक्ष लागतों को अनुसंधान अनुदान के 20 प्रतिशत तक सीमित रखा जाएगा; हालांकि, अप्रत्यक्ष लागत की इस सीमा को उस राशि के बराबर बढ़ाया जा सकता है, जितनी राशि अनुदान प्राप्तकर्ता अनुदान राशि के 20 प्रतिशत से अधिक समतुल्य धनराशि के रूप में प्रदान करता है।*

*130358. (a) (1) (A) इस अध्याय के तहत अनुसंधान धनराशि प्राप्त करने वाला कोई भी प्राप्तकर्ता, इस अध्याय के तहत वित्तपोषित अनुसंधान से उत्पन्न किसी भी बौद्धिक संपदा अधिकार की बिक्री, लाइसेंसिंग या किसी अन्य प्रकार के व्यावसायीकरण या मुद्रीकरण से अनुसंधान धनराशि के प्राप्तकर्ता द्वारा अर्जित समस्त राजस्व के 10 प्रतिशत के बराबर राशि California राज्य को भुगतान करेगा।*

*(B) उप-अनुच्छेद (A) के तहत किए जाने वाले भुगतानों की गणना इस बात पर ध्यान दिए बिना की जाएगी कि जिन अनुसंधानों से बौद्धिक संपदा अधिकार उत्पन्न हुए, उन्हें इस अध्याय के तहत प्रदान की गई अनुसंधान धनराशि से पूर्ण रूप से वित्तपोषित किया गया था या केवल आंशिक रूप से।*

*(C) इस अनुच्छेद के तहत किए जाने वाले सभी भुगतान, किसी भी संबंधित राजस्व की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर अनुसंधान धनराशि के प्राप्तकर्ता द्वारा राज्य को किए जाएँगे।*

*(2) अनुच्छेद (1) के अनुसार किए गए भुगतान सामान्य कोष में तब तक जमा किए जाएँगे, जब तक उन भुगतानों की संचयी राशि अध्याय 2 (अनुभाग 130370 से शुरू करते हुए) के अनुसार जारी किए गए बॉन्ड्स की राज्य के लिए कुल लागत के बराबर न हो जाए, जिसमें बॉन्ड्स पर भुगतान किया गया ब्याज भी शामिल है, जैसा कि अनुभाग 130375 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) के अनुसार गठित California प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी वित्त समिति द्वारा निर्धारित किया गया हो।*

*(3) अनुच्छेद (2) में वर्णित संचयी कुल राशि का सामान्य कोष में भुगतान किए जाने के बाद, अनुच्छेद (1) के अनुसार प्राप्त कोई भी अतिरिक्त राजस्व California प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी चिकित्सा अनुसंधान कोष में जमा किया जाएगा और इस अध्याय के उद्देश्यों के अनुरूप खर्च किया जाएगा।*

*(b) इस अध्याय के तहत अनुसंधान धनराशि प्राप्त करने की शर्त के रूप में, इस अध्याय के अनुसार वित्तपोषित अनुसंधान के माध्यम से विकसित किसी प्रौद्योगिकी या दवा को लाइसेंस देने या बेचने वाला कोई भी प्राप्तकर्ता इस बात से सहमत होगा कि उस प्रौद्योगिकी या दवा को California के मरीज़ों, अस्पतालों या बीमा कंपनियों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उसका लाइसेंस या बिक्री, जिसमें सरकार द्वारा वित्तपोषित स्वास्थ्य देखभाल प्रोग्राम के माध्यम से उपलब्ध कराना भी शामिल है, इस शर्त के अधीन होगी कि वह प्रौद्योगिकी या दवा California के मरीज़ों, अस्पतालों और बीमा कंपनियों को उसी प्रौद्योगिकी या दवा के लिए California को छोड़कर गणना किए गए राष्ट्रीय औसत मूल्य से कम से कम 20 प्रतिशत कम कीमत पर उपलब्ध कराई जाए, जिसका निर्धारण निम्नलिखित प्रकार से किया जाएगा:*

*(1) प्रौद्योगिकी या दवा की व्यावसायिक बिक्री के पहले 12 महीनों के दौरान, California में उस प्रौद्योगिकी या दवा को खरीदने वाले मरीज़ों, अस्पतालों और बीमा कंपनियों से उस कीमत से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा, जिस कीमत पर वह प्रौद्योगिकी या दवा California के अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी भी हिस्से में मरीज़ों, अस्पतालों और बीमा कंपनियों को बेची जाती है।*

*(2) प्रौद्योगिकी या दवा की पहली व्यावसायिक बिक्री के एक वर्ष बाद की तारीख तक, बिक्री के पहले नौ महीनों के आँकड़ों का उपयोग राष्ट्रीय औसत लागत की गणना करने के लिए किया जाएगा। इसके बाद, प्रौद्योगिकी या दवा California के मरीज़ों, अस्पतालों और बीमा कंपनियों को ऐसी कीमत पर उपलब्ध कराई जाएगी जो California को छोड़कर गणना किए गए राष्ट्रीय औसत मूल्य से कम से कम 20 प्रतिशत कम हो।*

*(3) California को छोड़कर राष्ट्रीय औसत मूल्य की गणना हर वर्ष की जाएगी और California में प्रौद्योगिकी या दवा की कीमत को आवश्यकतानुसार समायोजित किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि California के खरीदारों को गणना किए गए राष्ट्रीय औसत मूल्य की तुलना में कम से कम 20 प्रतिशत की बचत प्राप्त हो।*

*(c) इस अध्याय के तहत अनुसंधान धनराशि प्राप्त करने वाला कोई भी प्राप्तकर्ता यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी वित्तपोषित अनुसंधान से उत्पन्न किसी भी बौद्धिक संपदा अधिकार का स्वामित्व उस संस्थान, सार्वजनिक या गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालय, या गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्था में निहित हो जिसने अनुभाग 130352 के उपखंड (b) के अनुसार वित्तपोषण प्राप्त किया है। किसी भी बौद्धिक संपदा अधिकार का स्वामित्व सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम इस प्रकार उठाए जाएँगे कि इस अध्याय के तहत प्राप्त धनराशि से अनुदान, अनुबंध या अन्य किसी माध्यम से वित्तपोषण प्राप्त करने वाले सभी कर्मचारी, वैज्ञानिक, शोधकर्ता, स्वतंत्र ठेकेदार या अन्य व्यक्ति पेटेंट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारों को उस संस्थान, सार्वजनिक या गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालय, या गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्था को सौंपने के लिए बाध्य होंगे और वास्तव में उन अधिकारों का हस्तांतरण करेंगे।*

*(d) अनुभाग 130352 के उपखंड (b) के अनुसार वितरित धनराशि के आधार पर या उसके परिणामस्वरूप विकसित या व्यवहार में लाए गए किसी भी बौद्धिक संपदा अधिकार के संबंध में, चाहे वे पेटेंट योग्य हों या नहीं, यदि वित्तपोषण प्राप्तकर्ता के पास पेटेंट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारों सहित ऐसी अंतर्निहित प्रौद्योगिकी के स्वामित्व वाले या लाइसेंस प्राप्त अधिकार हैं जो नए बौद्धिक संपदा अधिकारों के उपयोग में बाधा डाल सकते हैं या अन्यथा नए बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यावसायिक उपयोग को रोक सकते हैं, तो वह वित्तपोषण प्राप्तकर्ता उस अंतर्निहित प्रौद्योगिकी के लिए विश्वव्यापी, रॉयल्टी-मुक्त लाइसेंस प्रदान करेगा, बशर्ते कि उस लाइसेंसधारी या अनुमत उपयोगकर्ता को उप-लाइसेंस देने का अधिकार हो या समकक्ष अधिकारों की अनुमति हो। ऐसा लाइसेंस विशेष रूप से इस अध्याय के तहत वित्तपोषित अनुसंधान से उत्पन्न नए बौद्धिक संपदा अधिकारों की किसी बिक्री, लाइसेंसिंग या किसी अन्य व्यावसायीकरण या मुद्रीकरण के संबंध में उन नए बौद्धिक संपदा अधिकारों के उपयोग तक सीमित होगा।*

*(e) (1) संस्थान, विभाग के परामर्श से, एक लाइसेंसिंग प्रोग्राम विकसित करेगा जो निम्नलिखित सभी उद्देश्यों को पूरा करेगा:*

*(A) इस अध्याय के तहत वित्तपोषित अनुसंधान से उत्पन्न किसी भी बौद्धिक संपदा अधिकार की बिक्री, लाइसेंसिंग या किसी अन्य व्यावसायीकरण या मुद्रीकरण से प्राप्त राजस्व को अधिकतम करना।*

*(B) इस अध्याय के तहत वित्तपोषित अनुसंधान से उत्पन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यावसायीकरण या मुद्रीकरण के सभी प्रयासों में अधिक एकरूपता लाने के लिए मानकीकृत लाइसेंसिंग शर्तें और बातचीत संबंधी अनुमतियाँ विकसित करना।*

*(C) उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) के अनुसार California राज्य को धनराशियों की वापसी को सुगम बनाना और इस अध्याय के तहत वित्तपोषित अनुसंधान से उत्पन्न सभी लाइसेंसों के आधार पर California राज्य को भविष्य में किए जाने वाले भुगतानों का अनुमान लगाना।*

*(2) (A) संस्थान, विभाग के परामर्श से, इस अध्याय के तहत वित्तपोषित अनुसंधान से उत्पन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों को बेचने, लाइसेंस देने या अन्यथा उनका व्यावसायीकरण या मुद्रीकरण करने संबंधी सभी समझौतों के लिए समन्वय केंद्र और अनुमोदन केंद्र के रूप में कार्य करेगा, ताकि महत्वपूर्ण शर्तों में एकरूपता सुनिश्चित की जा सके और उन व्यावसायीकरण या मुद्रीकरण प्रयासों से प्राप्त राजस्व को अधिकतम किया जा सके।*

*(B) इस अध्याय के तहत वित्तपोषित अनुसंधान से उत्पन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों को बेचने, लाइसेंस देने या अन्यथा उनका व्यावसायीकरण या मुद्रीकरण करने संबंधी सभी समझौते, उनके निष्पादन से पहले, समीक्षा के लिए संस्थान को उपलब्ध कराए जाएँगे और संस्थान को प्रस्तावित समझौते की शर्तों में संशोधन के संबंध में सिफारिशें करने का अवसर दिया जाएगा।*

*(C) उन सभी मामलों में जिनमें संस्थान अनुभाग 130357 के उपखंड (d) के अनुसार अनुसंधान में भाग लेने और सहयोग करने के अपने विकल्प का इस्तेमाल करता है, उस अनुसंधान से उत्पन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों की बिक्री, लाइसेंसिंग या अन्य व्यावसायीकरण या मुद्रीकरण संबंधी किसी भी समझौते पर बातचीत करने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी संस्थान की होगी।*

*(f) (1) (A) इस अध्याय के तहत अनुसंधान धनराशि प्राप्त करने वाले किसी प्राप्तकर्ता द्वारा, इस अध्याय के तहत वित्तपोषित अनुसंधान से उत्पन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों के लाइसेंस के लिए किए गए किसी भी लाइसेंसिंग समझौते में यह आवश्यक होगा कि अनुसंधान धनराशि का प्राप्तकर्ता, उस समझौते के अधीन बौद्धिक संपदा अधिकारों की बिक्री या अन्य व्यावसायीकरण या मुद्रीकरण से प्राप्त सकल राजस्व के कम से कम 10 प्रतिशत के बराबर रॉयल्टी प्राप्त करे।*

*(B) उप-अनुच्छेद (A) के बावजूद, इस अध्याय के तहत अनुसंधान धनराशि प्राप्त करने वाले किसी प्राप्तकर्ता द्वारा, इस अध्याय के तहत वित्तपोषित अनुसंधान से उत्पन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों के लाइसेंस के लिए किया गया लाइसेंसिंग समझौता सकल राजस्व के 10 प्रतिशत से कम रॉयल्टी का प्रावधान कर सकता है, यदि विभाग, संस्थान के परामर्श से, यह निर्धारित करता है कि किसी विशेष लाइसेंसिंग समझौते के मामले में 10 प्रतिशत से कम की रॉयल्टी दर इस अध्याय के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगी। इस उप-अनुच्छेद के तहत निर्धारण प्रत्येक मामले के आधार पर अलग-अलग किया जाएगा और किसी भी स्थिति में विभाग 5 प्रतिशत से कम की रॉयल्टी दर को मंजूरी नहीं देगा।*

38

*(2) इस अध्याय के तहत अनुसंधान धनराशि प्राप्त करने वाले किसी प्राप्तकर्ता द्वारा, इस अध्याय के तहत वित्तपोषित अनुसंधान से उत्पन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यावसायीकरण या मुद्रीकरण के लिए संयुक्त उद्यम या अन्य व्यावसायिक व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से किए गए किसी भी समझौते में यह आवश्यक होगा कि अनुसंधान धनराशि का प्राप्तकर्ता उस संयुक्त उद्यम या अन्य व्यावसायिक व्यवस्था से प्राप्त सकल लाभ एवं उस संयुक्त उद्यम या अन्य व्यावसायिक व्यवस्था की बाद में होने वाली किसी भी बिक्री से प्राप्त सकल लाभ का कम से कम 25 प्रतिशत प्राप्त करे।*

*(g) कोई भी संस्थान, सार्वजनिक या गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालय, या गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्था, जो अनुभाग 130352 के उपखंड (b) के अनुसार वित्तपोषण प्राप्त करती है, इस अध्याय के तहत प्राप्त धनराशि से अनुदान, अनुबंध या अन्य किसी माध्यम से वित्तपोषण प्राप्त करने वाले उन सभी कर्मचारियों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, स्वतंत्र ठेकेदारों या अन्य व्यक्तियों से, जो उस वित्तपोषण से किए गए अनुसंधान के परिणाम प्रकाशित करना चाहते हैं, यह अपेक्षा करेगी कि वे किसी भी प्रकाशन या प्रस्तुति से कम से कम 30 दिन पहले प्रस्तावित लिखित प्रकाशन की एक प्रति या मौखिक प्रकटीकरण की रूपरेखा समीक्षा के लिए उस संस्थान, सार्वजनिक या गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालय, या गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्था को प्रदान करें। समीक्षा करने वाले संस्थान, सार्वजनिक या गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालय, या गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्था को निम्नलिखित दोनों कार्य करने का अधिकार होगा:*

*(1) पेटेंट संबंधी कारणों या ऐसे अन्य कारणों से, जिन्हें उस समय उचित विशिष्टता के साथ बताया जाएगा, प्रकाशन या प्रस्तुति में संशोधन प्रस्तावित करना।*

*(2) पेटेंट योग्य जानकारी की रक्षा करने और बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा करने वाले पेटेंट आवेदन दाखिल करने की अनुमति देने के लिए प्रकाशन या प्रस्तुति में उचित अवधि की देरी का अनुरोध करना, जैसा कि समीक्षा करने वाले संस्थान, सार्वजनिक या गैर-लाभार्थी विश्वविद्यालय, या गैर-लाभार्थी अनुसंधान संस्था द्वारा निर्धारित किया जाए।*

*130359. (a) संस्थान जनता के लिए एक वार्षिक रिपोर्ट जारी करेगा, जिसमें संस्थान की गतिविधियों, अनुसंधान संबंधी उपलब्धियों और संस्थान के समग्र प्रोग्राम की भविष्य की दिशा का विवरण दिया जाएगा।*

*(b) प्रत्येक वार्षिक रिपोर्ट में निम्नलिखित सभी जानकारी शामिल होगी, लेकिन वह इन्हीं तक सीमित नहीं होगी:*

*(1) अनुसंधान निष्कर्षों का सारांश, जिसमें अनुसंधान के आशाजनक नए क्षेत्र भी शामिल होंगे।*

*(2) परियोजना के लक्ष्यों की दिशा में हुई प्रगति और प्रमुख वैज्ञानिक निष्कर्षों या उपलब्धि-चरणों का विवरण।*

*(3) सहकर्मी-समीक्षित प्रकाशनों, दाखिल किए गए पेटेंट आवेदनों, या शुरू किए गए नैदानिक परीक्षणों की संख्या और प्रकार।*

*(4) संस्थान के प्रशासनिक खर्चों का सारांश।*

*(5) संस्थान की रणनीतिक अनुसंधान और वित्तीय योजनाओं की रिपोर्ट।*

*(c) वार्षिक रिपोर्ट संस्थान की इंटरनेट वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।*

*130360. (a) परिषद जनता के लिए एक वार्षिक रिपोर्ट जारी करेगी, जिसमें प्रदान किए गए अनुदानों, प्रगति पर चल रहे अनुदानों, अनुसंधान संबंधी उपलब्धियों और परिषद के समग्र अनुदान वित्तपोषण प्रोग्राम की भविष्य की दिशा का विवरण दिया जाएगा।*

*(b) प्रत्येक वार्षिक रिपोर्ट में निम्नलिखित सभी जानकारी शामिल होगी, लेकिन वह इन्हीं तक सीमित नहीं होगी:*

*(1) पहले अनुदान पाने वालों द्वारा अनुसंधान निष्कर्षों का सारांश, जिसमें अनुसंधान के आशाजनक नए क्षेत्र भी शामिल होंगे।*

*(2) उस वर्ष आबंटित अनुसंधान अनुदानों की संख्या और उनकी डॉलर राशि।*

*(3) पिछले वर्ष के अनुदान प्राप्तकर्ताओं की सूची एवं अब तक उनके अनुसंधान की प्रगति और उपलब्धियों की रिपोर्ट।*

*(4) परिषद के अनुदानों और उसके अनुसंधान प्रोग्राम की समग्र रणनीति के बीच संबंध का आकलन।*

*(5) परिषद की रणनीतिक अनुसंधान और वित्तीय योजनाओं की रिपोर्ट।*

*(6) परिषद के प्रशासनिक खर्चों का सारांश।*

*(c) वार्षिक रिपोर्ट विभाग की इंटरनेट वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।*

*130361. (a) संस्थान प्रत्येक वर्ष किसी प्रमाणित सार्वजनिक लेखा फर्म से अपनी गतिविधियों का स्वतंत्र वित्तीय लेखा-परीक्षण करवाएगा, जिसे नियंत्रक को उपलब्ध कराया जाएगा। नियंत्रक लेखा-परीक्षण की समीक्षा करेगा और प्रत्येक वर्ष उस समीक्षा की एक सार्वजनिक रिपोर्ट जारी करेगा। नियंत्रक उचित सूचना देकर एक सार्वजनिक बैठक आयोजित*

*करेगा और सार्वजनिक टिप्पणी के लिए औपचारिक अवधि प्रदान करेगा। नियंत्रक सार्वजनिक टिप्पणियों का मूल्यांकन करेगा और वार्षिक रिपोर्ट में उनके उपयुक्त सारांश शामिल करेगा।*

*(b) परिषद प्रत्येक वर्ष एक या अधिक प्रमाणित सार्वजनिक लेखा फर्मों से अपनी गतिविधियों और याद्दच्छिक रूप से चुने गए उन 10 प्रतिशत अनुदान प्राप्तकर्ताओं की गतिविधियों का स्वतंत्र वित्तीय लेखा-परीक्षण करवाएगी, जिन्होंने लेखा-परीक्षण अवधि के दौरान इस अध्याय के तहत अनुदान वित्तपोषण से व्यय किए हैं। वे स्वतंत्र वित्तीय लेखा-परीक्षण नियंत्रक को उपलब्ध कराए जाएँगे, जो उनकी समीक्षा करेगा और प्रत्येक वर्ष उस समीक्षा की एक सार्वजनिक रिपोर्ट जारी करेगा। नियंत्रक उचित सूचना देकर एक सार्वजनिक बैठक आयोजित करेगा और सार्वजनिक टिप्पणी के लिए औपचारिक अवधि प्रदान करेगा। नियंत्रक सार्वजनिक टिप्पणियों का मूल्यांकन करेगा और वार्षिक रिपोर्ट में उनके उपयुक्त सारांश शामिल करेगा।*

*130362. (a) (1) छह सदस्यों वाली नागरिक वित्तीय जवाबदेही निरीक्षण समिति होगी।*

*(2) California राज्य लेखा-परीक्षक, कोषाध्यक्ष, सीनेट के अस्थायी अध्यक्ष, विधानसभा के अध्यक्ष और परिषद के अध्यक्ष, प्रत्येक समिति के एक सार्वजनिक सदस्य की नियुक्ति करेंगे।*

*(3) नियंत्रक, या नियंत्रक द्वारा नामित व्यक्ति, समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा।*

*(b) समिति निम्नलिखित सभी कार्य करेगी:*

*(1) अनुभाग 130361 के अनुसार तैयार किए गए वार्षिक वित्तीय लेखा-परीक्षण, उन लेखा-परीक्षणों पर नियंत्रक की रिपोर्टों और संस्थान एवं परिषद की वित्तीय प्रथाओं की समीक्षा करना।*

*(2) एक वार्षिक रिपोर्ट जारी करना, जिसमें संस्थान और परिषद की वित्तीय प्रथाओं एवं कार्य-निष्पादन के संबंध में सिफारिशें शामिल हों।*

*(3) सार्वजनिक टिप्पणियों का मूल्यांकन करना और अपनी वार्षिक रिपोर्ट में उनके उपयुक्त सारांश शामिल करना।*

*(c) समिति उचित सूचना देकर सार्वजनिक बैठकें आयोजित करेगी और सार्वजनिक टिप्पणी के लिए औपचारिक अवधि प्रदान करेगी।*

*(d) नियंत्रक समिति को कर्मचारियों का सहयोग उपलब्ध कराएगा।*

*130363. (a) कानून के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, संस्थान को राज्य कानून के तहत किसी भी उद्देश्य के लिए सार्वजनिक एजेंसी नहीं माना जाएगा, जिसमें सरकारी संहिता के शीर्षक 1 का प्रभाग 10 (अनुभाग 7920.000 से शुरू करते हुए), शीर्षक 2 के प्रभाग 3 के भाग 1 के अध्याय 1 की धारा 9 (अनुभाग 11120 से शुरू करते हुए), और शीर्षक 9 (अनुभाग 81000 से शुरू करते हुए) शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।*

*(b) 1974 का राजनीतिक सुधार अधिनियम (सरकारी संहिता का शीर्षक 9 (अनुभाग 81000 से शुरू करते हुए)) परिषद पर लागू होगा, सिवाय इसके कि इस अनुभाग में अन्यथा प्रावधान किया गया हो।*

*(1) परिषद का कोई सदस्य अपने नियोक्ता को अनुदान या अनुबंध मंजूर करने या प्रदान करने के निर्णय को लेने, उस निर्णय में भाग लेने, या उस निर्णय को प्रभावित करने के लिए किसी भी प्रकार से अपने आधिकारिक पद का उपयोग करने का प्रयास नहीं करेगा; हालांकि, कोई सदस्य अपने नियोक्ता के समान क्षेत्र में कार्यरत किसी संस्था को अनुदान या अनुबंध मंजूर करने या प्रदान करने के निर्णय में भाग ले सकता है।*

*(2) परिषद का कोई सदस्य ऐसी संस्था को अनुदान या अनुबंध मंजूर करने या प्रदान करने के निर्णय में भाग ले सकता है, जिसका उद्देश्य ऐसी बीमारी से संबंधित अनुसंधान करना हो जिससे वह सदस्य या उसके परिवार का कोई व्यक्ति पीड़ित हो।*

*(3) चयन मानदंडों और अनुसंधान की प्राथमिकताओं से संबंधित सामान्य मानकों को अपनाने के निर्णय हितों के टकराव संबंधी प्रतिबंधों के अधीन नहीं होंगे।*

*(c) (1) California विश्वविद्यालय की किसी भी प्रणाली के संकाय या प्रशासन के किसी सदस्य द्वारा परिषद के सदस्य के रूप में सेवा करना, अपने आप में, California विश्वविद्यालय की किसी भी प्रणाली के संकाय या प्रशासन के सदस्य के रूप में परिषद सदस्य के कर्तव्यों के साथ असंगत, असंगतिपूर्ण, परस्पर विरोधी या प्रतिकूल नहीं माना जाएगा और इसके परिणामस्वरूप दोनों में से कोई भी पद स्वतः खाली नहीं होगा।*

*(2) किसी गैर-लाभार्थी शैक्षणिक या अनुसंधान संस्था के प्रतिनिधि या कर्मचारी द्वारा परिषद के सदस्य के रूप में सेवा करना, उस संगठन या संस्था के प्रतिनिधि या कर्मचारी के रूप में परिषद सदस्य के कर्तव्यों के साथ असंगत, असंगतिपूर्ण, परस्पर विरोधी या प्रतिकूल नहीं माना जाएगा।*

*(d) सरकारी संहिता के अनुभाग 1090 परिषद द्वारा दिए गए किसी अनुदान या किए गए किसी अनुबंध पर लागू नहीं होगी, सिवाय उन मामलों के जहाँ निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी होती हों:*

*(1) अनुदान या अनुबंध का सीधा संबंध परिषद के किसी सदस्य या उस सदस्य द्वारा प्रतिनिधित्व की जाने वाली संस्था द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से हो, या उससे उस सदस्य या उसके द्वारा प्रतिनिधित्व की जाने वाली संस्था को वित्तीय लाभ मिलता हो।*

*(2) सदस्य अनुदान या अनुबंध से संबंधित निर्णय लेने, उस निर्णय में भाग लेने, या उस निर्णय को प्रभावित करने के लिए किसी भी प्रकार से अपने आधिकारिक पद का उपयोग करने के प्रयास से स्वयं को अलग करने में असफल रहता हो।*

*130364. विभाग इस अध्याय के उद्देश्यों और प्रावधानों को लागू करने के लिए नियम और विनियम अपना सकता है, उनमें संशोधन कर सकता है और उन्हें निरस्त कर सकता है।*

*अध्याय 2. CALIFORNIA प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी बॉन्ड अधिनियम, 2026*

*130370. इस अध्याय को "California प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी बॉन्ड अधिनियम, 2026" के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।*

*130371. इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित शब्दों के निम्नलिखित अर्थ होंगे:*

*(a) "बोर्ड" का अर्थ अनुभाग 130375 के उपखंड (b) के अनुसार नामित राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग है।*

*(b) "समिति" का अर्थ अनुभाग 130375 के उपखंड (a) के अनुसार गठित California प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी वित्त समिति है।*

*(c) "कोष" का अर्थ अनुभाग 130377 के अनुसार स्थापित California प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी चिकित्सा अनुसंधान कोष है।*

*(d) "राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून" का अर्थ सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 के भाग 3 के अध्याय 4 (अनुभाग 16720 से शुरू करते हुए) में संहिताबद्ध राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून है, जैसा कि समय-समय पर संशोधित किया गया है।*

*130372. (a) कुल आठ बिलियन चार सौ मिलियन डॉलर ($8,400,000,000) की राशि के बॉन्ड, जिसमें अनुभाग 130383 के अनुसार जारी किए गए किन्हीं भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स की राशि शामिल नहीं है, या उसमें से जितनी राशि आवश्यक हो, इस प्रभाग में व्यक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए वित्तपोषण उपलब्ध कराने और सरकारी संहिता के अनुभाग 16724.5 के अनुसार सामान्य दायित्व बॉन्ड व्यय परिक्रामी कोष की प्रतिपूर्ति करने के लिए जारी और बेचे जा सकते हैं।*

*(b) बॉन्ड बेचे, जारी और सुपुर्द किए जाने पर California राज्य का वैध और बाध्यकारी दायित्व होंगे और बॉन्ड के मूलधन एवं ब्याज के देय और भुगतान योग्य होने पर उनका समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए राज्य की पूर्ण आस्था और साख इसके द्वारा गिरवी रखी जाती है।*

*(c) कोषाध्यक्ष उपखंड (a) द्वारा अधिकृत बॉन्ड्स को उस राशि में जारी और बेचेगा, जिसे समिति अनुभाग 130376 के अनुसार आवश्यक या वांछनीय निर्धारित करती है। बॉन्ड्स उन नियमों और शर्तों के अनुसार जारी और बेचे जाएँगे जो अनुभाग 130376 के अनुसार समिति द्वारा अपनाए जाने वाले संकल्प में निर्दिष्ट होंगे।*

*130373. सरकारी संहिता के अनुभाग 13340 या कानून के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, कोष में मौजूद धनराशि निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए वित्तीय वर्षों की परवाह किए बिना विनियोजित की जाती है:*

*(a) अध्याय 1 (अनुभाग 130350 से शुरू करते हुए) में वर्णित अनुसार प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी के क्षेत्रों में चिकित्सा अनुसंधान करना, जिसमें उस अनुसंधान को सहायता देने और उसका प्रशासन करने में होने वाली कोई भी लागत शामिल है।*

38

*(b) बॉन्ड्स जारी करने की लागतों का भुगतान करना।*

*(c) इस प्रभाग और राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून में वर्णित किन्हीं भी अन्य लागतों का भुगतान करना।*

*130374. इस अध्याय द्वारा अधिकृत बॉन्ड्स राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून में निर्धारित अनुसार तैयार, निष्पादित, जारी, बेचे, भुगतान और भुनाए जाएँगे, और उस कानून के सभी प्रावधान इन बॉन्ड्स और इस अध्याय पर लागू होंगे और इसके द्वारा इस अध्याय में इस प्रकार सम्मिलित किए जाते हैं मानो उन्हें इस अध्याय में पूर्ण रूप से निर्धारित किया गया हो; हालांकि, सरकारी संहिता के अनुभाग 16727 के उपखंड (a) और (b) लागू नहीं होंगे।*

*130375. (a) (1) केवल इस अध्याय द्वारा अधिकृत बॉन्ड्स को राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के अनुसार जारी करने और बेचने को अधिकृत करने के उद्देश्य से, California प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी वित्त समिति इसके द्वारा गठित की जाती है। इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए, California प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी वित्त समिति वही "समिति" है, जिस अर्थ में इस शब्द का उपयोग राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून में किया गया है।*

*(2) समिति में कोषाध्यक्ष, नियंत्रक और वित्त निदेशक शामिल होंगे।*

*(3) कोषाध्यक्ष समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा।*

*(4) समिति का बहुमत समिति के लिए कार्रवाई कर सकता है।*

*(5) किसी भी अन्य कानून के बावजूद, समिति का कोई सदस्य सभी उद्देश्यों के लिए सदस्य के स्थान पर उस सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए एक प्रतिनिधि को नामित कर सकता है, मानो सदस्य व्यक्तिगत रूप से उपस्थित था।*

*(b) राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के प्रयोजनों के लिए "बोर्ड" के रूप में नामित किया जाता है।*

*130376. (a) राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुभाग 130353 के अनुसार चयनित अनुसंधान संस्थान से यह बताते हुए लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर कि अध्याय 1 (अनुभाग 130350 से शुरू करते हुए) के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए धनराशि की आवश्यकता है, बोर्ड समिति से इस अध्याय के अनुसार बॉन्ड्स जारी करने का अनुरोध करेगा। बोर्ड से ऐसा अनुरोध प्राप्त होने पर, समिति संकल्प द्वारा यह निर्धारित करेगी कि इस अध्याय में निर्दिष्ट कार्यों को पूरा करने के लिए इस अध्याय के अनुसार अधिकृत बॉन्ड्स को जारी करना और बेचना आवश्यक या वांछनीय है या नहीं और, यदि ऐसा है, तो जारी और बेचे जाने वाले बॉन्ड्स की राशि कितनी होगी।*

*(b) अध्याय 1 (अनुभाग 130350 से शुरू करते हुए) के उद्देश्यों को क्रमिक रूप से पूरा करने के लिए बॉन्ड्स की लगातार अलग-अलग खेपों को अधिकृत और बेचा जा सकता है और सभी बॉन्ड्स को एक ही समय पर जारी या बेचना आवश्यक नहीं है।*

*(c) बॉन्ड्स पर ऐसा ब्याज दिया जा सकता है जो संघीय आयकर के प्रयोजनों के लिए सकल आय में शामिल किया जाता है, यदि समिति यह निर्धारित करती है कि अध्याय 1 (अनुभाग 130350 से शुरू करते हुए) के उद्देश्यों के लिए धनराशि उपलब्ध कराने हेतु ऐसा व्यवहार आवश्यक या वांछनीय है।*

*130377. इस अध्याय के अनुसार जारी और बेचे गए बॉन्ड्स से प्राप्त आय राज्य कोषागार में California प्रतिरक्षा विज्ञान और इम्यूनोथेरेपी चिकित्सा अनुसंधान कोष के खाते में जमा की जाएगी, जिसे इसके द्वारा राज्य कोषागार में स्थापित किया जाता है।*

*130378. राज्य के सामान्य राजस्व के अतिरिक्त, प्रत्येक वर्ष उस राशि के बराबर धनराशि उसी तरीके और उसी समय एकत्र की जाएगी जिस तरीके और समय पर राज्य का अन्य राजस्व एकत्र किया जाता है, जितनी उस वर्ष देय होने वाले बॉन्ड्स के मूलधन और ब्याज का भुगतान करने के लिए आवश्यक हो। राजस्व के संग्रह के संबंध में कानून द्वारा किसी भी कर्तव्य का दायित्व सौंपे गए सभी अधिकारियों का यह कर्तव्य होगा कि वे उस अतिरिक्त राशि को एकत्र करने के लिए आवश्यक प्रत्येक कार्य करें और उसका निष्पादन करें।*

*130379. सरकारी संहिता के अनुभाग 13340 के बावजूद, इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए और वित्तीय वर्षों की परवाह किए बिना, राज्य कोषागार के सामान्य कोष से निम्नलिखित के कुल योग के बराबर राशि इसके द्वारा निरंतर विनियोजित की जाती है:*

*(a) इस अध्याय के अनुसार जारी किए गए और बेचे गए बॉन्ड्स के मूलधन और ब्याज का भुगतान करने के लिए वार्षिक आवश्यक राशि, जैसे ही मूलधन और ब्याज देय और भुगतान-योग्य हो जाते हैं।*

*(b) अनुभाग 130380 को क्रियान्वित करने के लिए ज़रूरी राशि।*

*130380. इस अध्याय को लागू करने के प्रयोजनों के लिए, वित्त निदेशक सामान्य कोष से ऐसी राशि निकालने को अधिकृत कर सकता है जो इस अध्याय को लागू करने के उद्देश्य से समिति द्वारा बिक्री के लिए अधिकृत किए गए उन बॉन्ड्स की राशि से अधिक न हो जो अभी तक बेचे नहीं गए हैं, इसमें अनुभाग 130383 के अनुसार अधिकृत किन्हीं भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स की राशि शामिल नहीं होगी और इसमें से अनुभाग 130381 के अनुसार ऋण के रूप में दी गई और अभी तक चुकाई नहीं*

*गई कोई भी राशि एवं इस अनुभाग के अनुसार सामान्य कोष से निकाली गई और अभी तक सामान्य कोष में वापस नहीं की गई कोई भी राशि घटाई जाएगी। निकाली गई कोई भी राशि कोष में जमा की जाएगी। इस अनुभाग के तहत उपलब्ध कराई गई कोई भी धनराशि, उस ब्याज के बराबर राशि सहित जो उस धनराशि ने पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट अकाउंट में अर्जित की होती, इस अध्याय को लागू करने के उद्देश्य से बॉन्ड्स की बिक्री से प्राप्त धनराशि में से सामान्य कोष में वापस की जाएगी।*

*130381. बोर्ड इस अध्याय को लागू करने के उद्देश्य से सरकारी संहिता के अनुभाग 16312 के अनुसार पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट बोर्ड से पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट अकाउंट से ऋण देने का अनुरोध कर सकता है। अनुरोध की राशि उन बिना बिके बॉन्ड्स की राशि से अधिक नहीं होगी जिन्हें समिति ने प्रस्ताव द्वारा इस अध्याय को लागू करने के उद्देश्य से बिक्री के लिए अधिकृत किया है, इसमें अनुभाग 130383 के अनुसार अधिकृत किन्हीं भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स की राशि शामिल नहीं होगी और इसमें से इस अनुभाग के अनुसार ऋण के रूप में दी गई और अभी तक चुकाई नहीं गई कोई भी राशि एवं अनुभाग 130380 के अनुसार सामान्य कोष से निकाली गई और अभी तक सामान्य कोष में वापस नहीं की गई कोई भी राशि घटाई जाएगी। बोर्ड ऋण प्राप्त करने और उसे चुकाने के लिए पूल्ड मनी इन्वेस्टमेंट बोर्ड द्वारा आवश्यक किसी भी दस्तावेज़ को निष्पादित करेगा। ऋण के रूप में प्राप्त कोई भी राशि कोष में जमा की जाएगी और बोर्ड द्वारा इस अध्याय के अनुसार आबंटित की जाएगी।*

*130382. इस अध्याय के अनुसार बेचे गए बॉन्ड्स के प्रीमियम और अर्जित ब्याज से प्राप्त एवं कोष में जमा की गई समस्त धनराशि कोष में आरक्षित रखी जाएगी और बॉन्ड के ब्याज पर किए गए व्ययों के लिए क्रेडिट के रूप में सामान्य कोष में हस्तांतरण हेतु उपलब्ध होगी; हालांकि, प्रीमियम से प्राप्त राशियों को सामान्य कोष में किसी भी हस्तांतरण से पहले आरक्षित रखा जा सकता है और बॉन्ड जारी करने की लागतों का भुगतान करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।*

*130383. (a) इस अध्याय के अनुसार जारी और बेचे गए बॉन्ड्स का पुनर्वित्त सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 के भाग 3 के अध्याय 4 की धारा 6 (अनुभाग 16780 से शुरू करते हुए) के अनुसार किया जा सकता है।*

*(b) इस अध्याय में वर्णित बॉन्ड्स को जारी करने के लिए राज्य के मतदाताओं की मंज़ूरी में, इस अध्याय के तहत मूल रूप से जारी किए गए किन्हीं भी बॉन्ड्स या पहले जारी किए गए किन्हीं भी पुनर्वित्त बॉन्ड्स का पुनर्वित्त करने के लिए जारी किए जाने वाले किन्हीं भी बॉन्ड्स की मंज़ूरी भी शामिल है।*

*(c) इस अनुभाग द्वारा अधिकृत किसी पुनर्वित्त बॉन्ड्स से प्राप्त आय द्वारा पुनर्वित्त किए गए किन्हीं भी बॉन्ड्स को, कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, उस पुनर्वित्त किए गए बॉन्ड्स को अधिकृत करने वाले समय-समय पर संशोधित संकल्प में निर्धारित तरीके और सीमा के अनुसार कानूनी रूप से दायित्व-मुक्त किया जा सकता है।*

*130384. इस अध्याय या राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड कानून के किसी भी प्रावधान के बावजूद, यदि कोषाध्यक्ष इस अध्याय के अनुसार ऐसे बॉन्ड्स बेचता है जिनके साथ बॉन्ड संबंधी कानूनी सलाहकार की यह राय शामिल हो कि निर्दिष्ट शर्तों के तहत बॉन्ड्स पर मिलने वाला ब्याज संघीय टैक्स प्रयोजनों के लिए सकल आय से बाहर रखा गया है, या वह अन्यथा किसी संघीय टैक्स लाभ का योग्य है, तो कोषाध्यक्ष बॉन्ड से प्राप्त आय के निवेश और उस आय से होने वाली कमाई के निवेश के लिए अलग-अलग खाते रख सकता है। कोषाध्यक्ष संघीय कानून के अंतर्गत आवश्यक रियायत, जुर्माना, या अन्य भुगतान को चुकाने के लिए या उन बॉन्ड्स की बिक्री से मिले धन के निवेश और इस्तेमाल के संबंध में कोई अन्य कार्रवाई करने के लिए या उन बॉन्ड्स की टैक्स मुक्त स्थिति को बरकरार रखने और इस राज्य की निधियों की ओर से संघीय कानून के अंतर्गत कोई अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए उन बॉन्ड्स की बिक्री से मिले धन का इस्तेमाल कर सकता या उसके लिए निर्देश दे सकता है, जो संघीय कानून के अंतर्गत आवश्यक या वांछनीय है।*

*130385. इस अध्याय के द्वारा अधिकृत बॉन्ड्स की बिक्री से प्राप्त आय "टैक्स से प्राप्त आय" नहीं है, जैसे कि यह शब्द California के संविधान की धारा XIII B में उपयोग किया जाता है, और इन आयों का संवितरण उस धारा के द्वारा लगाई गई सीमाओं के अधीन नहीं आता है।*

अनुभाग 5. पृथक्करणीयता।

जनता का आशय है कि इस अधिनियम के प्रावधान पृथक्करणीय हैं और यदि इस अधिनियम का कोई प्रावधान, या उसका कोई भाग, अमान्य ठहराया जाता है, तो ऐसी अमान्यता इस अधिनियम के किसी अन्य ऐसे प्रावधान को प्रभावित नहीं करेगी जिसे अमान्य प्रावधान के बिना प्रभावी किया जा सकता है।

अनुभाग 6. उदार व्याख्या।

इस अधिनियम की उदारतापूर्वक व्याख्या और अनुप्रयोग किया जाएगा, ताकि इसके अंतर्निहित उद्देश्यों को पूरी तरह आगे बढ़ाया जा सके।

अनुभाग 7. संशोधन।

इस अधिनियम के प्रावधानों में ऐसे कानून द्वारा संशोधन किया जा सकता है जिसे विधान मंडल के प्रत्येक सदन के दो-तिहाई सदस्यों के मत से पारित किया गया हो और राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षरित किया गया हो, बशर्ते कि ऐसे संशोधन इस अधिनियम के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएँ; हालांकि, ऐसा कोई कानून बॉन्ड से प्राप्त आय के आबंटन और वितरण से संबंधित इस अधिनियम के प्रावधानों या उन उद्देश्यों में संशोधन नहीं करेगा जिनके लिए बॉन्ड से प्राप्त आय खर्च की जा सकती है।



# प्रस्ताव 39

यह पहल विधेयक California के संविधान की धारा II के अनुभाग 8 के प्रावधानों के अनुसार लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

यह पहल विधेयक California के संविधान में एक अनुभाग जोड़ता है; इसलिए, जो नए प्रावधान जोड़े जाने का प्रस्ताव है, उन्हें *इटैलिक टाइप* में प्रिंट किया गया है, ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे नए हैं।

## प्रस्तावित कानून

अनुभाग 1. निष्कर्ष और उद्देश्य।

California के संविधान द्वारा स्थापित मौजूदा मतदाता योग्यताओं, जिनमें अमेरिकी नागरिकता भी शामिल है, को लागू करने के लिए जनता इसके द्वारा California के संविधान में संशोधन करती है: (A) चुनावी प्रक्रिया में जनता के विश्वास और भरोसे को बढ़ावा देने के लिए, जिससे नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहन मिलता है और स्वस्थ लोकतंत्र को समर्थन मिलता है; (B) सटीक मतदाता पंजीकरण रिकॉर्ड बनाए रखकर और मतदान की योग्यता की पुष्टि करके मतदाता धोखाधड़ी को रोकने और उसका पता लगाने के लिए; और (C) मतदान के लिए पहचान का प्रमाण आवश्यक बनाकर किसी अन्य मतदाता के रूप में मतदान किए जाने के जोखिम को कम करने के लिए।

अनुभाग 2. California मतदाता पहचान सुधार।

अनुभाग 2.1. California के संविधान की धारा II में अनुभाग 3.1 को इस तरह पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

*अनुभाग 3.1. (a) राज्य सचिव और काउंटी चुनाव अधिकारियों, प्रत्येक का यह कर्तव्य होगा कि वे सटीक मतदाता पंजीकरण सूचियाँ बनाए रखें, सरकारी डेटा का उपयोग करके नागरिकता संबंधी घोषणाओं को सत्यापित करने के लिए हर संभव प्रयास करें और हर वर्ष यह रिपोर्ट करें कि प्रत्येक काउंटी की मतदाता सूची के कितने प्रतिशत मतदाताओं की नागरिकता सत्यापित की गई है।*

*(b) जब भी कोई मतदाता राज्य में किसी भी चुनाव में व्यक्तिगत रूप से मतपत्र पर मतदान करता है, तो मतदाता को सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र प्रस्तुत करना होगा; या यदि वह डाक द्वारा मतदान करता है, तो मतदाता को सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र की किसी विशिष्ट पहचान संख्या के अंतिम चार अंक देने होंगे, जो मतदाता द्वारा अपने मतदाता पंजीकरण के लिए निर्दिष्ट पहचान संख्या से मेल खाते हों। प्रत्येक मतदाता द्वारा निर्दिष्ट पहचान-पत्र की किस्म उसके मतदाता पंजीकरण रिकॉर्ड में दर्ज होना ज़रूरी है, उसे प्रदान किए गए डाक मतपत्र के लिफाफे पर अंकित होना और अनुरोध करने पर फोन या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उसे उपलब्ध कराया जाना ज़रूरी है। चुनाव अधिकारी किसी नियमित या अनंतिम मतपत्र की गणना तभी करेंगे जब इस अनुभाग की आवश्यकताओं के अनुसार मतदान करने वाले व्यक्ति की पहचान सत्यापित कर ली गई हो और यह भी सत्यापित कर लिया गया हो कि उस व्यक्ति ने चुनाव में केवल एक ही मतपत्र डाला है। सरकार द्वारा जारी पहचान-पत्र का अर्थ ऐसा दस्तावेज़ है जो मतदाता की पहचान का निर्णायक सत्यापन करने में सक्षम हो। किसी योग्य मतदाता के अनुरोध पर, राज्य मतदान में उपयोग के लिए उसे बिना किसी शुल्क के मतदाता पहचान-पत्र प्रदान करेगा।*

*(c) यह अनुभाग स्वतः प्रभावी होगा। विधान मंडल इस अनुभाग को लागू करने के लिए शीघ्र ही कानून भी अधिनियमित करेगा, संघीय कानून के अनुरूप सैन्य और विदेश में रहने वाले मतदाताओं के मतदान की व्यवस्था करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सभी राज्य और स्थानीय अधिकारी इस अनुभाग का अनुपालन करें और इसके अनुपालन में सहयोग दें। नागरिक इस अनुभाग के राज्य या किसी काउंटी द्वारा किए जा रहे अनुपालन की न्यायिक समीक्षा और उसके लिए समाधान की मांग कर सकते हैं। प्रत्येक विषम संख्या वाले वर्ष में, California राज्य लेखा-परीक्षक इस अनुभाग के संबंध में राज्य और प्रत्येक काउंटी के अनुपालन का लेखा-परीक्षण करेगा एवं चुनावों की सत्यनिष्ठा में सुधार के लिए अपने निष्कर्ष और सिफारिशें जनता के समक्ष प्रस्तुत करेगा।*

अनुभाग 3. पृथक्करणीयता।

इस अधिनियम के प्रावधान पृथक्करणीय हैं। यदि इस अधिनियम के किसी भाग, अनुभाग, उपखंड, अनुच्छेद, खंड, वाक्य, वाक्यांश, शब्द या अनुप्रयोग को किसी सक्षम अधिकार-क्षेत्र वाले न्यायालय के निर्णय द्वारा किसी भी कारण से अमान्य ठहराया जाता है, तो वह निर्णय इस अधिनियम के शेष भागों की वैधता को प्रभावित नहीं करेगा और उन शेष भागों को अमान्य भाग या अनुप्रयोग के बिना प्रभावी किया जाएगा।

# प्रस्ताव 40

यह पहल विधेयक California के संविधान की धारा II के अनुभाग 8 के प्रावधानों के अनुसार लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

यह पहल विधेयक California के संविधान में एक अनुभाग जोड़ता है और सरकारी संहिता और राजस्व एवं कराधान संहिता में संशोधन करता है और अनुभाग जोड़ता है; इसलिए, जो नए प्रावधान जोड़े जाने का प्रस्ताव है, उन्हें *इटैलिक टाइप* में प्रिंट किया गया है, ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे नए हैं।

## प्रस्तावित कानून

2026 अरबपति टैक्स अधिनियम

California की जनता निम्नलिखित कानून अधिनियमित करती है:

अनुभाग 1. शीर्षक।

इस अधिनियम को 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।

अनुभाग 2. निष्कर्ष।

(a) जनता यह मानती है कि पर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक शिक्षा और पौष्टिक भोजन तक पहुँच मानव गरिमा एवं पूरे राज्य की समृद्धि और सुदृढ़ता के लिए आवश्यक है। स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और खाद्य प्रोग्रामों के लिए संघीय वित्तपोषण में होने वाली आसन्न कटौतियों के क्रमिक प्रभाव अब इन आधारभूत व्यवस्थाओं के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं और सभी California वासियों के कल्याण को जोखिम में डाल रहे हैं।

(b) California का स्वास्थ्य देखभाल संबंधी सुरक्षा-जाल असाधारण खतरे में है, क्योंकि Medi-Cal—जो लगभग 15 मिलियन कम आय वाले California वासियों के कवरेज का आधार है, जिनमें राज्य के आधे से अधिक बच्चे, 2.2 मिलियन वरिष्ठ नागरिक और विकलांग लोग एवं सभी कामकाजी वयस्कों में से प्रत्येक पाँच में से एक व्यक्ति शामिल है—को संघीय वित्तपोषण में कई बिलियन डॉलर की कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जिससे मौजूदा चुनौतियाँ और गंभीर होंगी।

(c) Medi-Cal के लिए यह अनुमान है कि नवीनतम संघीय बजट कानून और प्रशासनिक कार्रवाई के कार्यान्वयन के कारण उसे वार्षिक संघीय वित्तपोषण में $19 बिलियन डॉलर तक की कमी का सामना करना पड़ेगा, जिससे लागतों का बोझ राज्य के सामान्य कोष और स्थानीय सरकारों पर स्थानांतरित हो जाएगा या आवश्यक सेवाओं में कटौती करनी पड़ेगी। अगले दस वर्षों में अकेले Medi-Cal के संघीय वित्तपोषण में होने वाली कटौती का कुल अनुमान लगभग $190 बिलियन डॉलर है।

(d) संघीय वित्तपोषण में कई बिलियन डॉलर की कमी California के पहले से ही अपर्याप्त वित्तपोषण वाले स्वास्थ्य देखभाल संबंधी सुरक्षा-जाल पर और अधिक दबाव डालती है। 2025–26 के राज्य बजट में कई नए प्रतिबंध शामिल थे, जिनमें सेवा प्रदाताओं के लिए कटौतियाँ एवं Medi-Cal में नामांकित लोगों के लाभों और सेवाओं में महत्वपूर्ण कमियाँ किया जाना शामिल है। Medi-Cal में राज्य की कटौतियाँ 2027–28 में $7 बिलियन डॉलर तक पहुँचने, और 2028–29 से आगे प्रति वर्ष बढ़कर $8.6 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है।

(e) इन संघीय और राज्य कटौतियों से पहले भी, Medi-Cal का वित्तपोषण कई स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदाताओं के लिए सेवाओं के मौजूदा स्तर को बनाए रखने हेतु बहुत कम था, क्योंकि Medi-Cal आम तौर पर अस्पतालों और क्लीनिकों को ऐसी दरों पर प्रतिपूर्ति करता है जो देखभाल प्रदान करने की वास्तविक लागत से काफी कम होती हैं।

(f) अस्पतालों और प्राथमिक देखभाल क्लीनिकों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, इन लगातार कम भुगतानों के कारण अत्यधिक वित्तीय दबाव, परिचालन घाटे और कर्मचारियों की संख्या में कटौतियों का सामना करना पड़ा है। राज्य भर में होने वाले सभी प्रसवों में से आधे के लिए Medi-Cal स्वास्थ्य कवरेज का स्रोत है। हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण प्रसूति वार्ड और आपातकालीन विभाग बंद हुए हैं, जिसका मुख्य कारण काफी हद तक Medi-Cal की कम प्रतिपूर्ति दरों को माना गया है।

(g) Medi-Cal में निवेश प्रत्येक परिवार की स्वास्थ्य सुरक्षा में निवेश है। यह पूरे राज्य के कस्बों और शहरों में प्राथमिक देखभाल क्लीनिकों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को खुला रखने में मदद करता है, जिससे लोग दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थितियों का प्रबंधन कर सकते हैं, महँगी जटिलताओं को रोक सकते हैं और अधिक लंबा एवं स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। इन

39

40

प्रोग्रामों से काटे गए प्रत्येक डॉलर का व्यापक प्रभाव पड़ता है: क्लीनिक बंद होते हैं, परिवार अपने डॉक्टरों से वंचित हो जाते हैं और मरीज़ ऐसी स्वास्थ्य स्थितियों से अनावश्यक रूप से पीड़ित होते हैं जिन्हें रोका या प्रबंधित किया जा सकता था।

(h) किफायती, उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल तक पहुँच जीवन बचाती है, परिवारों को भारी चिकित्सा ऋण से बचाती है और समुदायों को मजबूत बनाती है। जब स्वास्थ्य कवरेज समाप्त हो जाता है या कम कर दिया जाता है, तो अस्पतालों और क्लीनिकों को अत्यंत कठिन विकल्प चुनने के लिए मजबूर होना पड़ता है—कर्मचारियों की संख्या कम करना, सेवाओं को सीमित करना या पूरी इकाइयों को बंद करना—जिससे पूरी आबादी स्वास्थ्य देखभाल संबंधी सुरक्षा-जाल से वंचित हो जाती है और सभी California वासियों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

(i) जहाँ संघीय वित्तपोषण और राज्य विनियोग में कमी से Medi-Cal का वित्तपोषण खतरे में है, वहीं California वासियों को निजी स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में भारी वृद्धि का भी सामना करना पड़ रहा है। इन दोनों दबावों से बिना बीमा और अपर्याप्त बीमा वाले लोगों की संख्या और बढ़ती है, क्योंकि नियोक्ता लाभों में कटौती करते हैं और आश्रितों के कवरेज को प्रभावित करते हैं, जबकि व्यक्ति अत्यधिक महँगी हो चुकी स्वास्थ्य कवरेज को छोड़ देते हैं।

(j) California के प्रत्येक बच्चे को उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुँच मिलनी चाहिए। आज California के सार्वजनिक स्कूलों को अभूतपूर्व अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है, जिसका एक कारण Medi-Cal और पूरक पोषण सहायता प्रोग्राम (SNAP) में की गई कटौतियाँ हैं।

(k) इसके अतिरिक्त, 2026 के लिए मौजूदा संघीय बजट प्रस्थापनाएँ सार्वजनिक स्कूलों के समग्र वित्तपोषण में भारी कटौती करेंगे, विशेष रूप से अधिक आवश्यकता वाले विद्यार्थियों, ग्रामीण स्कूलों और वंचित समुदायों के लिए।

(*l*) ये संघीय व्यवधान ऐसे समय में हो रहे हैं जब California के स्कूल राज्य के बजट में अभी हाल ही में हुई कमी और भुगतान में होने वाली आसन्न देरी के प्रभावों से जूझ रहे हैं। इसके अतिरिक्त, घटता हुआ नामांकन और उससे संबंधित वित्तपोषण में कमी, बढ़ती हुई लागतें और विद्यार्थियों की बढ़ती हुई आवश्यकताएँ स्कूल ज़िलों पर लगातार बढ़ता हुआ बजटीय दबाव डाल रही हैं।

(m) 5 मिलियन से अधिक California वासी—जिनमें बच्चे, परिवार, वरिष्ठ नागरिक और विकलांग लोग शामिल हैं—भोजन उपलब्ध कराने के लिए CalFresh, यानी California के पूरक पोषण सहायता प्रोग्राम (SNAP), की जीवनरेखा पर निर्भर हैं; ऐसे राज्य में जहाँ खाद्य असुरक्षा के कारण हर पाँच में से एक व्यक्ति भूख का सामना करता है।

(n) हाल ही के संघीय बजट कानून में SNAP में की गई ऐतिहासिक संघीय कटौतियाँ हमारे अतिसंवेदनशील पड़ोसियों से कई बिलियन डॉलर की महत्वपूर्ण खाद्य सहायता छीन लेंगी, जिसके परिणामस्वरूप कई मिलियन मील्स (भोजन) उपलब्ध नहीं हो पाएँगे और पहले से ही गुज़ारा करने के लिए संघर्ष कर रहे समुदायों में भूख और बढ़ेगी।

(o) ठोस प्रमाण दर्शाते हैं कि SNAP और CalFresh न केवल भूख को कम करते हैं, बल्कि California के बच्चों के स्वास्थ्य और शैक्षिक परिणामों में भी उल्लेखनीय सुधार करते हैं, गरीबी के चक्र को तोड़ते हैं और पूरे परिवारों के लिए अधिक मजबूत भविष्य का निर्माण करते हैं।

(p) ये कटौतियाँ पहले से ही दबाव में चल रहे राज्य के प्रयासों एवं खाद्य बैंकों और CalFood एवं California खाद्य सहायता प्रोग्राम जैसी स्थानीय एजेंसियों के सीमित संसाधनों पर और भी अधिक दबाव डालेंगी।

(q) सामूहिक रूप से, संघीय वित्तपोषण और राज्य विनियोग में ये कटौतियाँ आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और पोषण तक पहुँच प्राप्त करने का प्रयास कर रहे कम और मध्यम आय वाले California वासियों के लिए लगातार बढ़ते जोखिम पैदा करती हैं। ये कटौतियाँ California की अपने भविष्य के लिए योजना बनाने की क्षमता को भी खतरे में डालती हैं, जिसके लिए राज्य के महत्वपूर्ण प्रोग्रामों में निरंतर निवेश किया जाना आवश्यक है।

(r) California में लगभग 200 अरबपति हैं, जिनके पास सामूहिक रूप से लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति है। प्रमुख आर्थिक अनुमानों के अनुसार, ये अरबपति संघीय, राज्य और स्थानीय टैक्सों सहित वार्षिक टैक्सों में अपनी कुल संपत्ति का 1.5 प्रतिशत से भी कम भुगतान करते हैं—जो सामान्य California वासियों द्वारा भुगतान किए जाने वाले हिस्से का केवल एक छोटा सा अंश मात्र है।

(s) California में 19 मिलियन से अधिक ऐसे करदाता हैं जो अरबपति नहीं हैं। इनमें नर्सों, शिक्षकों और अग्निशामकों जैसे कामकाजी वर्ग के लोग शामिल हैं, साथ ही अधिक आय वाले करदाता भी शामिल हैं, जैसे अत्यधिक वेतन पाने वाले पेशेवर, उद्यमी और प्रौद्योगिकी उद्योग के कर्मचारी। ये सभी California वासी अपनी वास्तविक आर्थिक आय के कहीं बड़े हिस्से पर टैक्स चुकाते हैं, जबकि राज्य के अरबपति अपेक्षाकृत छोटे हिस्से पर टैक्स चुकाते हैं। आर्थिक विश्लेषण के अनुसार, और सरकार के सभी स्तरों पर लगाए गए सभी टैक्सों को शामिल करते हुए, अरबपति अपनी आय का 24 प्रतिशत टैक्सों में चुकाते हैं, जबकि औसत करदाता 30 प्रतिशत चुकाता है। इसका अर्थ है कि सभी राज्य और संघीय टैक्सों को ध्यान में रखते हुए, औसत करदाता अपनी आर्थिक आय का औसत अरबपति की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक हिस्सा टैक्सों के रूप में चुकाता है। देखें: Akcan Balkir, Emmanuel Saez, Danny Yagan, और Gabriel Zucman, अमेरिकी अरबपति कितना टैक्स चुकाते हैं? प्रशासनिक डेटा से प्राप्त साक्ष्य, नेशनल ब्यूरो ऑफ़ इकोनॉमिक रिसर्च वर्किंग पेपर नंबर 34170 (2025).

(t) California कानून के तहत संपत्ति टैक्स कोई नई अवधारणा नहीं है; अधिक सीमित और कम प्रगतिशील संपत्ति टैक्स पहले से ही धनी और कम आय वाले California वासियों, दोनों द्वारा चुकाए जाते हैं। इन टैक्सों में वार्षिक वाहन लाइसेंस शुल्क शामिल है, जो वाहन के मूल्य के 0.65 प्रतिशत पर आधारित टैक्स है, एवं आवास पर वार्षिक संपत्ति टैक्स शामिल है, जो किसी घर के आकलित मूल्य का लगभग 1 प्रतिशत होता है।

(u) अरबपतियों की विशाल और बढ़ती हुई संपत्ति उन्हें ऐसे विशेषाधिकार प्रदान करती है जो अधिकांश लोगों की पहुँच से बाहर हैं। जहाँ नर्सें, शिक्षक, अग्निशामक और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के कर्मचारी अपनी अर्जित आय के लगभग पूरे हिस्से पर टैक्स चुकाते हैं, वहीं अरबपति बहुत बड़ी धनराशियों को कराधान से बचा सकते हैं। उनकी प्रमुख परिसंपत्तियाँ—शेयर, व्यवसाय और अचल संपत्ति—साल-दर-साल मूल्य में बढ़ती हैं, लेकिन चूँकि इस वृद्धि पर टैक्स केवल बिक्री के समय लगाया जाता है और अरबपतियों को अक्सर इन्हें बेचने की आवश्यकता नहीं होती, इसलिए वे अपनी बढ़ती हुई संपत्ति पर कोई टैक्स नहीं चुकाते। इसके अतिरिक्त, जब इस प्रकार की परिसंपत्तियाँ उत्तराधिकारियों को हस्तांतरित की जाती हैं, तो मौजूदा कानून कई बिलियन डॉलर की ऐसी संपत्ति को विरासत में प्राप्त करना संभव बनाते हैं जिस पर कभी टैक्स नहीं लगाया गया, और इस प्रक्रिया में कभी भी आयकर देयता उत्पन्न नहीं होती। कई अरबपति जटिल वित्तीय रणनीतियों का भी उपयोग करते हैं ताकि अपनी संपत्ति को केवल “कागज़ों पर” किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित दिखा सकें, जबकि वास्तव में वे California की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढाँचे से लाभ प्राप्त करना जारी रखते हैं।

(v) विद्वानों ने दिखाया है कि अरबपतियों के लिए उपलब्ध इन खामियों को बंद करना संभव, व्यावहारिक और उचित है। वे दर्शाते हैं कि सावधानीपूर्वक तैयार की गई नीति उद्यमशीलता की सफलता को बनाए रख सकती है, साथ ही राज्य की अर्थव्यवस्था की रक्षा कर सकती है और प्रशासकों या व्यापक करदाता आधार पर अनुचित बोझ डालने से बच सकती है। देखें: Brian Galle, David Gamage, और Darien Shanske, Money Moves: राज्य स्तर पर धनी लोगों पर कराधान, 113 California लॉ रिव्यू 635 (2025).

(w) 1980 के दशक से अरबपतियों की संपत्ति में हर वर्ष औसतन 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो सामान्य California वासियों के वेतन और बचत में हुई वृद्धि से बहुत अधिक है। California के अरबपतियों की सामूहिक संपत्ति 2011 में $300 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2019 में $700 बिलियन डॉलर और 2025 में $2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गई है। इस अधिनियम द्वारा लगाया गया संपत्ति टैक्स इस तीव्र वृद्धि को केवल मामूली रूप से धीमा करेगा और उससे इतनी राशि एकत्र होगी जो अरबपति आम तौर पर केवल एक वर्ष में अर्जित होने वाली संपत्ति में वृद्धि से भी कम है। California के अरबपति, टैक्स चुकाने के बाद भी, लगातार बढ़ती संपत्ति अर्जित करना जारी रखेंगे।

(x) प्रमुख अर्थशास्त्रियों के अनुसार, समग्र रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में California में अरबपतियों की संपत्ति अधिक केंद्रित है। इसके परिणामस्वरूप, राज्य संयुक्त राज्य अमेरिका में संपत्ति की असमानता के व्यापक रूप से दर्ज संकट और स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा एवं भूख से राहत संबंधी प्रोग्रामों के संबंध में राज्य के सामने उभर रहे और परस्पर जुड़े संकटों—दोनों से निपटने के लिए विशिष्ट स्थिति में है।

(y) अरबपतियों ने California के संसाधनों की सहायता से अपनी असाधारण संपत्ति बनाई है और वे उस संघीय कानून के सबसे बड़े लाभार्थी थे जिसने मौजूदा राज्य बजट संकट में योगदान दिया। इसलिए, यह आवश्यक और न्यायसंगत दोनों है कि California के संसाधनों से सबसे अधिक लाभ प्राप्त करने वाले लोगों से कहा जाए कि वे अरबपतियों की संपत्ति पर एकमुश्त 5% टैक्स देने के जरिए California में स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और पोषण का समर्थन करने के लिए आनुपातिक योगदान दें।

(z) वित्तपोषण की आपातकालीन स्थिति को देखते हुए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि एकत्रित राजस्व को अनावश्यक देरी के बिना खर्च किया जा सके और किसी भी कानूनी चुनौती से उत्पन्न अनिश्चितता को दूर करने के लिए, जनता ने इस अधिनियम की त्वरित न्यायिक समीक्षा का प्रावधान किया है।

40

अनुभाग 3. उद्देश्य और आशय।

(a) 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम, जिसे यहाँ "अधिनियम" के तौर पर संदर्भित किया गया है, का उद्देश्य अरबपतियों की संपत्ति पर एकमुश्त टैक्स से राजस्व जुटाकर उच्च-गुणवत्ता वाली, समान स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच की रक्षा करना एवं किंडरगार्टन से कक्षा चौदह तक की सार्वजनिक शिक्षा और खाद्य सहायता प्रोग्रामों के वित्तपोषण का समर्थन करना है।

(b) इस अधिनियम से प्राप्त राजस्व का उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और पोषण की तत्काल मौजूदा आवश्यकताओं को पूरा करना है, जो संघीय और राज्य वित्तपोषण में कटौती एवं राज्य के सामने मौजूद व्यापक राजकोषीय अनिश्चितता के कारण और गंभीर हो रही हैं।

(c) इस महत्वपूर्ण राजस्व के स्रोत के रूप में अरबपतियों की संपत्ति को निर्धारित करके, यह अधिनियम उस बुनियादी अनुचितता का समाधान करता है जो इस कारण उत्पन्न होती है कि अरबपतियों द्वारा चुकाए जाने वाले आयकर के समय, स्थान और राशि को नियंत्रित करने की उनकी विशिष्ट क्षमता के कारण उनकी संपत्ति के एक बड़े हिस्से पर राज्य द्वारा कभी टैक्स नहीं लगाया जाता।

(d) यह अधिनियम सीमित रूप से लागू होने वाला एकमुश्त टैक्स लगाकर स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और खाद्य सहायता के लिए वित्तपोषण जुटाता है, जिसे प्रशासनिक रूप से लागू करना व्यावहारिक है और राज्य के सभी अरबपतियों पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है।

(e) इस अधिनियम का आशय समान परिस्थितियों वाले करदाताओं और परिसंपत्तियों के साथ समान व्यवहार करना है, सिवाय उस सीमा तक जहाँ मजबूत टैक्स नीति के लिए अन्यथा करना आवश्यक हो।

अनुभाग 4. California के संविधान की धारा XIII में अनुभाग 37 को इस तरह पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

*अनुभाग 37. (a) यह अनुभाग California के अरबपतियों की संचित संपत्ति पर एकमुश्त टैक्स लगाने को अधिकृत और सक्षम बनाती है, यह टैक्स उन व्यक्तियों पर लगाया जाएगा जो 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम में परिभाषित टैक्स दायित्व की तारीख को राजस्व और कराधान संहिता के अनुभागों 17014 और 17015.5 के अर्थ के अंतर्गत California के निवासी हैं।*

*(b) इस अनुभाग पर निम्नलिखित परिभाषाएँ लागू होंगी:*

*(1) "अधिनियम" से आशय 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम से है।*

*(2) "आरक्षित कोष" से आशय इस अधिनियम द्वारा स्थापित 2026 अरबपति टैक्स आरक्षित कोष से है।*

*(c) संविधान के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, यह अधिनियम व्यक्तिगत संपत्ति और संपदा के सभी रूपों पर, चाहे वे मूर्त हों या अमूर्त, कराधान का प्रावधान करता है और California के अरबपतियों की संपत्ति पर एकमुश्त टैक्स लगाने के उद्देश्य से व्यक्तिगत संपत्ति और संपदा को अलग-अलग कराधान या टैक्स से मुक्ति के लिए वर्गीकृत करने की अनुमति देता है। इस प्रकार कराधान के अधीन व्यक्तिगत संपत्ति और संपदा में, बिना किसी सीमा के, पूंजीगत स्टॉक के शेयर, बॉन्ड्स या ऋण के अन्य प्रमाण एवं उनमें कोई भी कानूनी या न्यायसंगत हित शामिल हैं।*

*(d) 2026 अरबपति टैक्स आरक्षित कोष इसके द्वारा राज्य कोषागार में स्थापित किया जाता है। अधिनियम से प्राप्त समस्त राजस्व, जिसमें टैक्स, ब्याज और जुर्माने शामिल हैं, धनवापसियाँ घटाने के बाद, नियंत्रक द्वारा राज्य कोषागार में आरक्षित कोष के खाते में जमा किया जाएगा। कानून द्वारा निर्धारित प्रशासनिक खर्चों का हिसाब करने के बाद, नियंत्रक आरक्षित कोष में शेष धनराशि को निम्नलिखित उपखातों में आबंटित और हस्तांतरित करेगा, जिन्हें इसके द्वारा स्थापित किया जाता है: 90% अरबपति टैक्स स्वास्थ्य खाते में और 10% अरबपति टैक्स शिक्षा और खाद्य सहायता खाते में। अरबपति टैक्स स्वास्थ्य खाते और अरबपति टैक्स शिक्षा और खाद्य सहायता खाते की धनराशि कानून द्वारा निर्धारित अनुसार आबंटित की जाएगी।*

*(e) किसी अन्य कानून के बावजूद, आरक्षित कोष एक विशेष कोष है, जो सामान्य कोष या किसी अन्य राज्य कोष या खाते से स्थायी रूप से अलग और पृथक रहेगा। इस अधिनियम से उत्पन्न टैक्स और धनराशियों को सामान्य कोष का हिस्सा नहीं माना जाएगा, जिस अर्थ में यह शब्द सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 के भाग 2 के अध्याय 1 (अनुभाग 16300 से शुरू करते हुए) में प्रयुक्त है; और धारा XIII B के किसी भी अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, या धारा XVI के अनुभाग 8 या 8.5 के प्रयोजनों के लिए, इन्हें धारा XIII B के अनुभाग 8 के तहत "सामान्य कोष का राजस्व," "राज्य का राजस्व," "धनराशि," या "टैक्सों से प्राप्त आय" नहीं माना जाएगा। इस अधिनियम के माध्यम से जुटाए गए किसी भी राजस्व को धारा XVI के अनुभाग 20 के प्रयोजनों के लिए "शुद्ध पूंजीगत लाभ पर चुकाए गए व्यक्तिगत आयकर" भी नहीं माना जाएगा। इस अधिनियम द्वारा लगाए गए टैक्स, धारा XIII A के अनुभाग 1 के प्रयोजनों के लिए "अचल संपत्ति पर मूल्य-आधारित टैक्स" नहीं हैं। जिस सीमा तक धारा XIII A के किसी प्रावधान की अन्यथा ऐसी व्याख्या की जा सकती हो कि वह इस अनुभाग द्वारा अधिकृत टैक्स की दर, आधार, मूल्यांकन या अधिरोपण को सीमित या प्रतिबंधित करता है या उस पर लागू होता है, वह प्रावधान इस टैक्स पर लागू नहीं होगा और इस अनुभाग द्वारा प्रतिस्थापित माना जाएगा। सरकारी संहिता के अनुभाग 16305.7 के बावजूद, आरक्षित कोष की धनराशि पर अर्जित कोई भी ब्याज या लाभांश आरक्षित कोष में ही रखा जाएगा और केवल इस उपखंड में निर्धारित विशिष्ट उद्देश्यों एवं अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अनुसार उपयोग किया जाएगा।*

*(f) "धारा XIII B के तहत प्रत्येक सरकारी संस्था और राज्य के "सीमा के अधीन विनियोजन" में आरक्षित कोष से प्राप्त राजस्व के विनियोजन शामिल नहीं होंगे। आरक्षित कोष में राजस्व जमा किए जाने या उससे राजस्व का विनियोजन किए जाने के परिणामस्वरूप धारा XIII B के अनुभाग 3 के अनुसार किसी भी सरकारी संस्था की विनियोजन सीमा में किसी समायोजन की आवश्यकता नहीं होगी।*

*(g) सरकारी संहिता के अनुभागों 16310 और 16381 में, जैसा कि वे अनुभाग 1 जनवरी, 2025 को प्रभावी थे, दिए गए प्रावधानों को छोड़कर और इस अधिनियम में अन्यथा निर्धारित प्रावधानों को छोड़कर, आरक्षित कोष की धनराशि को उधार नहीं लिया जाएगा, ऋण के रूप में नहीं दिया जाएगा और न ही अन्यथा सामान्य कोष या किसी अन्य राज्य या स्थानीय कोष या खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। आरक्षित कोष में जमा की गई धनराशि का उपयोग केवल कानून द्वारा निर्धारित विशिष्ट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी जो आरक्षित कोष की स्थिति को स्थायी या अस्थायी रूप से बदलती हो, या आरक्षित कोष की धनराशि को इस उपखंड के साथ असंगत तरीके से उधार लेती हो, अन्यत्र उपयोग के लिए मोड़ती हो या विनियोजित करती हो।*

*(h) अनुभाग 32 या कानून के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम को उसके स्वरूप के आधार पर दी गई चुनौती का निर्णय राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 50314 के तहत वैधता संबंधी कार्रवाई के माध्यम से करने की अनुमति होगी, और इसके लिए उस टैक्स का भुगतान करना आवश्यक नहीं होगा जिसके स्वरूप के आधार पर अमान्य होने का दावा किया गया है। इस उपखंड को मौजूदा प्राधिकार या इस अधिनियम के अलावा कानून के विकास के संबंध में कोई निहितार्थ उत्पन्न किए बिना अपनाया गया है। इस उपखंड में ऐसा कुछ भी नहीं है जो किसी करदाता के इस अधिकार को सीमित करता हो कि वह इस अधिनियम के तहत लगाया गया टैक्स चुकाए और धनवापसी या न्यायिक समीक्षा की मांग करे, या ऐसी कोई अन्य कार्रवाई करे जो अन्यथा कानून द्वारा अधिकृत हो और इस उपखंड के साथ असंगत न हो।*

*अनुभाग* 5. धारा 1.1 (अनुभाग 16355 से शुरू होते हुए) को इस प्रकार से पढ़े जाने के लिए सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 के भाग 2 के अध्याय 2 में जोड़ा जाता है:

धारा *1.1. 2026 अरबपति टैक्स आरक्षित कोष*

*16355. (a) California के संविधान की धारा XIII के अनुभाग 37 में 2026 अरबपति टैक्स आरक्षित कोष की स्थापना का प्रावधान है, जिसमें 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम से प्राप्त समस्त राजस्व जमा किया जाएगा।*

*(b) उपखंड (e) में निर्धारित प्रशासनिक खर्चों का हिसाब करने के बाद, नियंत्रक आरक्षित कोष में शेष धनराशि को निम्नलिखित प्रकार से आबंटित और हस्तांतरित करेगा:*

*(1) नब्बे प्रतिशत अरबपति टैक्स स्वास्थ्य खाते में स्वास्थ्य देखभाल के वित्तपोषण के लिए आबंटित किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं: संघीय वित्तपोषण या राज्य विनियोजन में किसी भी कटौती को बहाल करने या उसका समाधान करने के लिए व्यय; कम और मध्यम आय वाले व्यक्तियों के लिए Medi-Cal और अन्य स्वास्थ्य कवरेज प्रोग्रामों की रक्षा या उनमें सुधार के लिए निवेश; कमजोर आबादी को सेवाएँ प्रदान करने वाले सुरक्षा-जाल वाले स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के लिए सहायता; स्वास्थ्य सुविधा-स्थलों को बंद होने या सेवाओं के स्तर में कटौती को रोकना या उनके प्रभाव को कम करना; एवं स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच, कवरेज, लाभ, वित्तपोषण, सेवाओं और प्रदाताओं को किए जाने वाले भुगतानों का समर्थन करने के लिए अन्य निवेश।*

*(2) दस प्रतिशत अरबपति टैक्स शिक्षा और खाद्य सहायता खाते में शिक्षा संबंधी और खाद्य सहायता व्ययों के लिए आबंटित किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित दोनों शामिल हैं:*

*(A) संघीय वित्तपोषण या राज्य विनियोजन में किसी भी कटौती को बहाल करने या उसका समाधान करने के लिए शिक्षा संबंधी व्यय, या किंडरगार्टन से कक्षा 14 तक की सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली की रक्षा या उसे बेहतर बनाने के लिए निवेश।*

*(B) संघीय वित्तपोषण या राज्य विनियोजन में किसी भी कटौती को बहाल करने या उसका समाधान करने के लिए खाद्य सहायता संबंधी व्यय, या CalFresh, CFAP, CalFood या स्कूल भोजन के लिए California के सार्वभौमिक भोजन प्रोग्रामों सहित प्रोग्रामों में अतिरिक्त निवेश।*

*(c) विधान मंडल को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अरबपति टैक्स स्वास्थ्य खाते से अधिकतम बाईस बिलियन पाँच सौ मिलियन डॉलर ($22,500,000,000) और प्रत्येक वर्ष अरबपति टैक्स शिक्षा और खाद्य सहायता खाते से अधिकतम दो बिलियन पाँच सौ मिलियन डॉलर ($2,500,000,000) विनियोजित करने का अधिकार होगा। यदि विधान मंडल यह निर्धारित करता है कि इस विधेयक के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए धनराशियों को आरक्षित रखना आवश्यक है, तो वह कम राशि विनियोजित कर सकता है।*

*(d) आरक्षित कोष से धनराशि का विनियोजन, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा या खाद्य सहायता प्रोग्रामों के लिए राज्य के अन्य विनियोजनों को कम करने, समाप्त करने या बढ़ाने में विफल रहने के औचित्य के रूप में उपयोग नहीं किया जाएगा। इस विधेयक से प्राप्त निधिकरण के विनियोजन का उपयोग स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा या खाद्य सहायता प्रोग्रामों के लिए मौजूदा राज्य निधिकरण का स्थान लेने के लिए नहीं किया जाएगा।*

*(e) वित्त निदेशक, इस अधिनियम के पारित होने के बाद पहले वर्ष के लिए, इस अधिनियम के तहत फ्रैंचाइज़ टैक्स बोर्ड के कर्तव्यों के प्रशासन एवं उनकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने से संबंधित वास्तविक और आवश्यक लागतों के लिए, आरक्षित कोष या सामान्य कोष से प्रारंभिक ऋण के रूप में अधिकतम पचास मिलियन डॉलर ($50,000,000) फ्रैंचाइज़ टैक्स बोर्ड को हस्तांतरित करेगा। इस उपखंड के अनुसार दिया गया कोई भी ऋण 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम के अनुसार एकत्र किए गए टैक्स से चुकाया जाएगा और यह भुगतान आरक्षित कोष से कोई व्यय या विनियोजन किए जाने से पहले किया जाएगा। बाद के वर्षों में, इस अधिनियम के तहत अपने कर्तव्यों के प्रशासन और उनकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने से संबंधित वास्तविक और आवश्यक लागतों के लिए फ्रैंचाइज़ टैक्स बोर्ड को आरक्षित कोष से हर वर्ष प्रतिपूर्ति की जाएगी। इस अधिनियम के प्रशासन के लिए फ्रैंचाइज़ टैक्स बोर्ड द्वारा किए गए किसी भी अंतर-एजेंसी समझौते की लागत इस उपखंड में उपलब्ध कराई गई धनराशियों से पूरी की जाएगी।*

*(f) 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम के अधिनियमन पर और उसके बाद प्रत्येक ऐसे वित्तीय वर्ष में जब तक आरक्षित कोष अस्तित्व में है, वित्त विभाग संबंधित राज्य एजेंसियों के परामर्श से विधान मंडल को निम्नलिखित सभी जानकारी प्रदान करेगा:*

*(1) रिपोर्टिंग की तारीख तक आरक्षित कोष में वर्तमान शेष राशि।*

*(2) चालू वित्तीय वर्ष के लिए आरक्षित कोष हेतु उत्पन्न होने वाले अनुमानित राजस्व की राशि, और उस अवधि के लिए अनुमानित राजस्व की राशि जिसके दौरान 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम से आरक्षित कोष के लिए राजस्व उत्पन्न होने की संभावना है।*

40

*(3) संघीय वित्तपोषण और राज्य विनियोगों में कटौती की भरपाई के लिए आवश्यक अनुमानित और, जहाँ उचित रूप से निर्धारित किया जा सके, वास्तविक राशियाँ, जैसा कि उपखंड (h) में परिभाषित है।*

*(4) आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आरक्षित कोष से प्रस्तावित व्यय, जिनका उद्देश्य उपखंड (h) में परिभाषित संघीय वित्तपोषण और राज्य विनियोगों में कटौती की भरपाई करना है।*

*(5) आरक्षित कोष से पूर्व में किए गए व्यय, यदि कोई हों, और उनका आबंटन।*

*(6) संघीय वित्तपोषण और राज्य विनियोगों में भविष्य में होने वाली संभावित कटौतियों के आधार पर बाद के वित्तीय वर्षों के लिए आरक्षित रखने की अनुशंसित राशि, यदि कोई हो।*

*(7) यह प्रमाणन कि आरक्षित कोष की धनराशि का उपयोग ऐसे राज्य वित्तपोषण का स्थान लेने या उसे प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं किया जा रहा है, जिसे अन्यथा विनियोजित किया जाता।*

*(g) वित्त विभाग के निदेशक द्वारा यह निर्धारित किए जाने पर कि 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम से प्राप्त सभी राजस्व एकत्र और खर्च किए जा चुके हैं, विधान मंडल को आरक्षित कोष समाप्त करने का अधिकार होगा।*

*(h) इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए:*

*(1) "संघीय वित्तपोषण में कटौती" और संघीय वित्तपोषण में कमी या कटौती के अन्य संदर्भों से आशय स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा या खाद्य सहायता प्रोग्रामों के लिए California को प्रदान की जाने वाली संघीय वित्तीय भागीदारी, अनुदान, भुगतान, प्रतिपूर्ति या अन्य संघीय वित्तपोषण में किसी भी कमी से है, जिसकी तुलना राज्य वित्तीय वर्ष 2024–25 के स्तरों से की जाएगी और जिसे मुद्रास्फीति एवं जनसंख्या वृद्धि के अनुसार समायोजित किया जाएगा, इसमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है: (A) Medicaid के संघीय चिकित्सा सहायता प्रतिशतों में कटौती; (B) संघीय पात्रता नियमों में ऐसे बदलाव जो कवरेज प्राप्त आबादी को कम करते हैं; (C) संघीय विवेकाधीन विनियोगों में कटौती; (D) संघीय प्रदाता टैक्स या निर्देशित भुगतानों पर अधिकतम सीमाएँ या प्रतिबंध; (E) कार्य संबंधी आवश्यकताएँ या अन्य प्रशासनिक शर्तें जो नामांकन को कम करती हैं; (F) पूर्वव्यापी कवरेज अवधियों में कटौती; (G) सार्वजनिक कानून 119-21 का कार्यान्वयन; या (H) संघीय वित्तपोषण में अन्य कटौतियाँ, जो कम और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को प्रभावित करने वाले Medi-Cal या अन्य स्वास्थ्य देखभाल कवरेज, पहुँच, लाभों, वित्तपोषण, प्रोग्रामों, सेवाओं और प्रदाताओं को भुगतानों में कटौती का खतरा उत्पन्न करती हैं या ऐसी कटौतियों का कारण बनती हैं; या राज्यव्यापी शिक्षा या खाद्य सहायता वित्तपोषण, या अधिक व्यापक रूप से स्वास्थ्य देखभाल सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करती हैं।*

*(2) "राज्य विनियोगों में कटौती" या राज्य विनियोगों में कमी या कटौती के अन्य संदर्भों से आशय किसी भी और सभी राज्यव्यापी स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा या खाद्य सहायता प्रोग्रामों के लिए विनियोगों में राज्य वित्तीय वर्ष 2024–25 के स्तर से नीचे की ऐसी कमी से है, जिसके परिणामस्वरूप कम और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को प्रभावित करने वाले Medi-Cal या अन्य स्वास्थ्य देखभाल कवरेज, पहुँच, लाभों, वित्तपोषण, प्रोग्रामों, सेवाओं और प्रदाताओं को किए जाने वाले भुगतानों में कटौती होती है, जब तक कि ये कटौतियाँ संघीय वित्तपोषण में कटौती से स्वतंत्र, दस्तावेजीकृत मामलों की संख्या, नामांकन या जनसंख्या में गिरावट के कारण न हुई हों; या सार्वजनिक किंडरगार्टन से कक्षा 14 तक के शिक्षा प्रोग्रामों या खाद्य सहायता प्रोग्रामों के लिए राज्य विनियोगों में कटौती से है।*

*(3) "आरक्षित कोष" से आशय 2026 अरबपति टैक्स आरक्षित कोष से है।*

*अनुभाग* 6. राजस्व और कराधान संहिता के अनुभाग 17220 को इस तरह पढ़े जाने के लिए संशोधित किया जाता है:

17220. (a) राज्य, स्थानीय और विदेशी आय, युद्ध लाभ और अतिरिक्त लाभ टैक्स की कटौती-योग्यता से संबंधित आंतरिक राजस्व संहिता का अनुभाग 164(a)(3) लागू नहीं होगा।

(b) सामान्य बिक्री टैक्स से संबंधित आंतरिक राजस्व संहिता का अनुभाग 164(b)(5) लागू नहीं होगा।

(c) टैक्स-योग्य वर्ष 2018 से 2025 के लिए व्यक्तिगत कटौतियों की सीमा से संबंधित आंतरिक राजस्व संहिता का अनुभाग 164(b)(6) लागू नहीं होगा।

(d) कुछ टैक्स संबंधी मामलों में कटौती की अनुमति न दिए जाने से संबंधित आंतरिक राजस्व संहिता के अनुभाग 164(c) के प्रावधानों के अतिरिक्त, इस भाग के अध्याय 10.5 (अनुभाग 17935 से शुरू होते हुए), अध्याय 10.6 (अनुभाग 17941 से शुरू होते हुए), या अध्याय 10.7 (अनुभाग 17948 से शुरू होते हुए), या भाग 11 (अनुभाग 23001 से शुरू होते हुए) के तहत लगाए गए किसी भी टैक्स के लिए कोई कटौती अनुमत नहीं होगी।

*(e) व्यक्तिगत संपत्ति पर टैक्स की कटौती-योग्यता से संबंधित आंतरिक राजस्व संहिता के अनुभाग 164(a)(2) सहित कानून के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, राज्य द्वारा निवल संपत्ति पर लगाए गए किसी भी टैक्स, जिसमें 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम (भाग 27 (अनुभाग 50300 से शुरू होते हुए)) शामिल है, के लिए कोई कटौती अनुमत नहीं होगी।*

*अनुभाग* 7. राजस्व और कराधान संहिता के प्रभाग 2 में भाग 27 (अनुभाग 50300 से शुरू होते हुए) को इस प्रकार पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

भाग *27. 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम*

*अध्याय 1. $1 बिलियन डॉलर से अधिक निवल संपत्ति वाली व्यक्तिगत संपदा पर टैक्स लगाना*

*50300. इस भाग को 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।*

*50301. (a) टैक्स वर्ष 2026 के लिए, एक बिलियन डॉलर ($1,000,000,000) या उससे अधिक निवल संपत्ति वाले लागू होने वाले व्यक्तियों द्वारा संपदा के अत्यधिक संचय को बनाए रखने की गतिविधि पर, और लागू होने वाले ट्रस्टों पर, उत्पाद शुल्क टैक्स लगाया जाता है। इस भाग के प्रयोजनों के लिए, कोई व्यक्ति या ट्रस्ट लागू होने वाले व्यक्ति या लागू होने वाला ट्रस्ट है या नहीं, यह टैक्स दायित्व की तारीख के अनुसार निर्धारित किया जाएगा, और टैक्स के अधीन निवल संपत्ति की राशि का आकलन मूल्यांकन की तारीख के अनुसार किया जाएगा। रिटर्न दाखिल करने से संबंधित इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, विवाहित दंपति को एक ही व्यक्ति माना जाएगा।*

*(b) जिन व्यक्तियों और ट्रस्टों पर उपखंड (a) के तहत टैक्स लगाया जाता है, उन पर लगाया गया टैक्स ऐसे व्यक्ति या ट्रस्ट की निवल संपत्ति का 5 प्रतिशत होगा। ट्रस्ट के अलावा किसी ऐसे व्यक्ति के मामले में जिसकी निवल संपत्ति एक बिलियन दस करोड़ डॉलर ($1,100,000,000) से कम है, इस अनुभाग द्वारा लगाया गया टैक्स उस प्रत्येक दो मिलियन डॉलर ($2,000,000) के लिए 0.1 प्रतिशत अंक कम किया जाएगा, जितनी*

40

*राशि से उस व्यक्ति की निवल संपत्ति एक बिलियन दस करोड़ डॉलर ($1,100,000,000) से कम है; लेकिन टैक्स को शून्य से नीचे कम नहीं किया जाएगा। ट्रस्ट के अलावा किसी ऐसे व्यक्ति के मामले में जो अनुभाग 50304 के अनुसार वैकल्पिक स्थगन खाता (ODA) शुरू करने का विकल्प चुनता है, ODA से संबद्ध परिसंपत्तियाँ तब तक इस अनुभाग के तहत टैक्स के अधीन नहीं होंगी, जब तक कि अनुभाग 50304 में निर्दिष्ट न किया गया हो।*

*(c) उपखंड (b) में दिए गए प्रावधान को छोड़कर, किसी भी टैक्स वर्ष के लिए इस अनुभाग या अनुभाग 50304 के परिणामस्वरूप देय कोई भी अतिरिक्त टैक्स, भाग 10 (अनुभाग 17001 से शुरू होते हुए) के तहत करदाता के वार्षिक आय टैक्स के साथ रिपोर्ट किया जाएगा और उसी समय देय होगा। इस अनुभाग के तहत लगाए गए किसी अतिरिक्त टैक्स का भुगतान करने वाले करदाता के पास यह विकल्प होगा कि वह या तो (1) इस भाग के तहत देय किसी भी टैक्स का भुगतान टैक्स वर्ष 2026 के लिए देय किसी भी आय टैक्स के साथ करे; या (2) जिस वर्ष टैक्स देय हो, उस वर्ष से शुरू करके पाँच समान वार्षिक किस्तों में भुगतान करे, जिसमें प्रत्येक बाद की वार्षिक किस्त पर शेष बकाया राशि का 7.5 प्रतिशत वार्षिक गैर-कटौती योग्य स्थगन शुल्क भी लागू होगा।*

*(d) टैक्स वर्ष 2026 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने से संबंधित अनुभाग 18501 के अनुसार रिटर्न दाखिल करते समय, रिटर्न दाखिल करने के लिए आवश्यक प्रत्येक California निवासी व्यक्ति निम्नलिखित में से कोई एक कार्य करेगा:*

*(1) यह घोषणा करेगा कि मूल्यांकन की तारीख को व्यक्ति की निवल परिसंपत्तियों का मूल्य एक बिलियन डॉलर ($1,000,000,000) या उससे कम था।*

*(2) इस भाग के तहत देय किसी भी अतिरिक्त टैक्स की राशि की घोषणा, इस भाग के तहत देय किसी अतिरिक्त टैक्स की गणना के लिए बोर्ड द्वारा तैयार किए गए किसी भी फ़ॉर्म के साथ, एवं किसी भी आवश्यक मूल्यांकन या उचित बाजार मूल्य के अन्य प्रमाण सहित जमा करेगा। ऐसे लागू होने वाले व्यक्ति के मामले में जिसे अनुभाग 18501 के तहत रिटर्न दाखिल करने की आवश्यकता नहीं है, वह व्यक्ति आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए अन्यथा आवश्यक समय और तरीके से इस अनुच्छेद में वर्णित घोषणा, फ़ॉर्म, मूल्यांकन या प्रमाण जमा करेगा।*

*(e) बोर्ड की लेखा-परीक्षण संबंधी ज़िम्मेदारी।*

*(1) बोर्ड इस भाग के अनुसार जमा किए गए सभी रिटर्न की जाँच करेगा और इस भाग के तहत टैक्स की सही राशि निर्धारित करेगा। जब बोर्ड को उचित रूप से यह विश्वास हो कि करदाताओं को इस भाग द्वारा लगाया गया टैक्स चुकाना चाहिए था, तो बोर्ड उन करदाताओं के सभी प्रमाणपत्रों या रिटर्न की भी जाँच करेगा। बोर्ड की किसी अन्य शक्ति को सीमित किए बिना, करदाताओं द्वारा दाखिल रिटर्न की जाँच करने और यह जाँच करने में कि क्या करदाताओं को रिटर्न दाखिल करना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, बोर्ड के पास अनुभाग 19504 में प्रदान की गई सभी शक्तियाँ होंगी।*

*(2) पिछले अनुच्छेद के बावजूद, परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त जाँच की अवधि और प्रकृति निर्धारित करने में बोर्ड अपने विवेकपूर्ण निर्णय का प्रयोग करने का अधिकार बनाए रखेगा।*

*अध्याय 2. निवल संपत्ति की गणना*

*50302. करदाता की निवल संपत्ति निर्धारित करने के प्रयोजनों के लिए करदाता द्वारा देय वास्तविक ऋणों और अन्य देनदारियों को ध्यान में रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त, ऋणों और देनदारियों को निम्नलिखित सीमाओं के अधीन ध्यान में रखा जाएगा:*

*(a) ऐसे पूर्ण-दायित्व ऋण, जिनके लिए करदाता पूरी तरह व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी है और जिन पर दिवालियापन कानून से उत्पन्न सीमाओं के अलावा कोई अन्य सीमा नहीं है, पूरी तरह ध्यान में रखे जाएँगे।*

*(b) उपखंड (a) में वर्णित पूर्ण-दायित्व वाले ऋणों के अलावा अन्य ऋणों के मामले में, प्रत्येक ऋण या देनदारी के लिए ध्यान में रखी जाने वाली राशि, उस ऋण या देनदारी के लिए संपार्श्विक के रूप में काम करने वाली परिसंपत्तियों के कारण करदाता की निवल संपत्ति में शामिल राशि से अधिक नहीं होगी।*

*(c) करदाता के एकल स्वामित्व वाले व्यवसाय के ऋण और अन्य देनदारियाँ निवल संपत्ति को उसी प्रकार कम करेंगी जैसे कि वे करदाता के स्वयं के ऋण या अन्य देनदारियाँ हों। करदाता की शुद्ध संपत्ति को किसी साझेदारी, सीमित देयता कंपनी या किसी अन्य व्यावसायिक संस्था, एकल स्वामित्व को छोड़कर, के उन ऋणों या अन्य देनदारियों की राशि से कम नहीं किया जाएगा, जिन्हें टैक्स की गणना के प्रयोजनों के लिए करदाता को आबंटित किया गया हो, सिवाय उस सीमा तक जहाँ करदाता उस ऋण या अन्य देनदारी के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी हो।*

*(d) किसी अन्य व्यक्ति के ऋणों या अन्य देनदारियों की करदाता द्वारा दी गई गारंटी के आधार पर करदाता की शुद्ध संपत्ति कम नहीं की जाएगी।*

*(e) कोई भी ऋण या देनदारी, जिसमें उपखंड (a) में वर्णित पूर्ण-दायित्व ऋण (वापसी की शर्त वाले ऋण) भी शामिल हैं, शुद्ध संपत्ति को कम नहीं करेगा यदि वह ऋण या देनदारी किसी संबंधित व्यक्ति या व्यक्तियों को देय हो; यदि उस देनदारी का अस्तित्व या उसकी राशि ऐसी भावी घटनाओं पर निर्भर हो जिनके घटित होने की पर्याप्त अनिश्चितता हो, या जिनके अगले पाँच वर्षों के भीतर घटित होने की पर्याप्त अनिश्चितता हो; या यदि उस ऋण या देनदारी पर स्वतंत्र पक्षों के बीच सामान्य व्यावसायिक शर्तों पर बातचीत नहीं की गई हो। इसके अतिरिक्त, किसी भी ऋण या देनदारी के लिए कोई राशि तब तक ध्यान में नहीं ली जाएगी जब तक करदाता से बाजार दर के अनुसार ब्याज नहीं लिया जा रहा हो।*

*(f) किसी धर्मार्थ या परोपकारी संगठन को भविष्य में योगदान देने की कोई प्रतिज्ञा शुद्ध संपत्ति को तब तक कम नहीं करेगी जब तक वह वचन उस संगठन द्वारा कानूनी रूप से प्रवर्तनीय न हो जिसे वह योगदान देने का वचन दिया गया है; और किसी भी स्थिति में, यदि ऐसा वचन 15 अक्टूबर, 2025 के बाद किया गया हो, तो वह शुद्ध संपत्ति को कम नहीं कर सकता।*

*(g) किसी करदाता के वे ऋण या देनदारियाँ, जिनके बदले करदाता भविष्य में लाभ या भविष्य के स्वामित्व अधिकार प्राप्त करने का हकदार हो, जिसमें किसी संस्था में भविष्य की तारीख को योगदान करने का संविदात्मक दायित्व भी शामिल है, शुद्ध संपत्ति को केवल उस सीमा तक कम करेंगे जहाँ:*

*(1) उन भावी लाभों या स्वामित्व अधिकारों का मूल्य करदाता की शुद्ध परिसंपत्तियों में शामिल किया गया हो।*

*(2) करदाता स्पष्ट और ठोस साक्ष्य के माध्यम से यह प्रदर्शित कर सकता है कि ऋण या देनदारी के तहत देय राशि ऐसे किसी भी भावी लाभ या स्वामित्व अधिकारों के मूल्य से अधिक है, जो करदाता की शुद्ध परिसंपत्तियों में शामिल नहीं हैं।*

*(3) किसी धर्मार्थ या परोपकारी संगठन को भविष्य में योगदान देने के कानूनी रूप से प्रवर्तनीय वचन के मामले में, उसके बदले प्राप्त होने वाले किसी भी भावी लाभ का मूल्य शून्य माना जाएगा, सिवाय उस सीमा तक जहाँ ऐसे लाभ योगदानकर्ता का धर्मार्थ योगदान कटौती निर्धारित करने के प्रयोजनों के लिए पर्याप्त लाभ माने जाएँगे।*

*50303. (a) जब तक बोर्ड द्वारा अन्यथा निर्दिष्ट न किया गया हो, और इस अनुभाग में अन्यथा निर्धारित प्रावधानों को छोड़कर, करदाता के स्वामित्व वाली प्रत्येक परिसंपत्ति का उचित बाजार मूल्य वह कीमत होगी जिस पर वह परिसंपत्ति एक इच्छुक खरीदार और एक इच्छुक विक्रेता के बीच हस्तांतरित होगी, जहाँ न तो खरीदार खरीदने के लिए और न ही विक्रेता बेचने के लिए किसी बाध्यता के अधीन हो, और दोनों को संबंधित तथ्यों की उचित जानकारी हो। जहाँ उपयुक्त हो, परिसंपत्ति के स्थान को ध्यान में रखा जाएगा। ऐसी परिसंपत्ति के लिए जिसे आम तौर पर जनता खुदरा बाजार में प्राप्त करती है, परिसंपत्ति का उचित बाजार मूल्य वह कीमत होगी जिस पर वह वस्तु या उसकी तुलनीय वस्तु खुदरा में बेची जाएगी। किसी परिसंपत्ति का उचित बाजार मूल्य निम्नलिखित में से कोई नहीं होगा:*

*(1) वह कीमत जो संपत्ति की जबरन बिक्री से प्राप्त होगी।*

*(2) उस बाजार के अलावा किसी अन्य बाजार में बिक्री मूल्य, जिसमें संपत्ति आम तौर पर जनता को सबसे अधिक बेची जाती है, यदि उस बाजार की कीमत के परिणामस्वरूप उचित बाजार मूल्य कम हो जाता हो; हालांकि, प्रतिबंधित खुले स्थान की भूमि के मूल्यांकन से संबंधित अनुभाग 423 के अधीन संपत्ति के मामले में यह अपवाद लागू नहीं होगा।*

*(b) किसी परिसंपत्ति की कोई विशेषता, जिसमें शेयरधारक अधिकार योजना भी शामिल है, को परिसंपत्ति का मूल्य निर्धारित करते समय ध्यान में नहीं रखा जाएगा, यदि उस विशेषता को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य और प्रभाव परिसंपत्ति के मूल्यांकित मूल्य को कम करना हो। किसी भी मूल्यांकन संबंधी या अन्य छूट को ध्यान में नहीं रखा जाएगा, यदि उस छूट का प्रभाव किसी परिसंपत्ति में आंशिक हित के मूल्य को संपूर्ण परिसंपत्ति के मूल्य में करदाता के आनुपातिक हिस्से से कम करना हो।*

*(c) निम्नलिखित विशिष्ट प्रकार की परिसंपत्तियों पर निम्नलिखित मूल्यांकन के तरीके, अपवर्जन और रिपोर्टिंग आवश्यकताएँ लागू होंगी:*

40

*(1) सार्वजनिक रूप से कारोबार की जाने वाली सभी परिसंपत्तियों के लिए, परिसंपत्ति का उचित बाजार मूल्य, अनुभाग 50308 के उपखंड (o) में परिभाषित मूल्यांकन तिथि पर उसका बाजार कारोबार मूल्य माना जाएगा।*

*(2) सभी एकल स्वामित्व व्यवसायों के लिए, एकल स्वामित्व व्यवसाय के स्वामित्व वाली या उसके माध्यम से धारित सभी परिसंपत्तियों की रिपोर्टिंग और उनका मूल्यांकन इस प्रकार किया जाएगा मानो वे एकल स्वामित्व व्यवसाय के माध्यम से नहीं, बल्कि सीधे करदाता के स्वामित्व और धारण में हों।*

*(3) अनुच्छेद (1) और (2) द्वारा शासित परिसंपत्तियों और संस्थाओं को छोड़कर, किसी भी व्यावसायिक संस्था में सभी हितों के लिए, जिसमें सभी इक्विटी और स्वामित्व हित, सभी ऋण हित एवं अन्य सभी संविदात्मक या गैर-संविदात्मक हित शामिल हैं, का मूल्यांकन निम्नलिखित प्रकार से किया जाएगा:*

*(A) करदाता इस अध्याय के अनुसार फ़ॉर्म दाखिल करते समय निम्नलिखित की रिपोर्ट करेगा:*

*(i) करदाता के स्वामित्व में व्यावसायिक संस्था का प्रतिशत।*

*(ii) टैक्स वर्ष के अंत तक व्यावसायिक संस्था का बही मूल्य, जो सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार निर्धारित किया गया हो।*

*(iii) सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार टैक्स वर्ष में व्यावसायिक संस्था का बही लाभ। इस अनुच्छेद के प्रयोजनों के लिए, व्यावसायिक संस्था के "टैक्स वर्ष" से आशय व्यावसायिक संस्था के उस नवीनतम टैक्स वर्ष से है जो करदाता के टैक्स वर्ष के भीतर या उसके साथ समाप्त होता है।*

*(B) यदि उप-अनुच्छेद (A) के तहत आवश्यक रिपोर्टिंग करना इसलिए संभव नहीं है क्योंकि करदाता के पास व्यावसायिक संस्था के बही मूल्य या बही लाभ की जानकारी नहीं है और उसे वह जानकारी प्राप्त करने का अधिकार भी नहीं है, तो करदाता को व्यावसायिक संस्था में अपने सभी हितों का प्रमाणित मूल्यांकन प्रस्तुत करना होगा।*

*(C) ऐसे किसी भी हित के लिए जो मतदान या अन्य प्रत्यक्ष नियंत्रण अधिकार प्रदान करते हैं, करदाता के स्वामित्व में व्यावसायिक संस्था का प्रतिशत, समग्र मतदान या अन्य प्रत्यक्ष नियंत्रण अधिकारों में करदाता के प्रतिशत से कम नहीं माना जाएगा।*

*(D) किसी व्यावसायिक संस्था में किसी भी लाभ हित के लिए, करदाता के स्वामित्व में संस्था का प्रतिशत, संस्था के लाभ में उस अधिकतम प्रतिशत हित से कम नहीं माना जाएगा जिसे करदाता अर्जित कर सकता है, भले ही वह लाभ हित ऐसी पूर्व शर्त के अधीन हो जो अभी तक पूरी नहीं हुई है।*

*(E) अनुच्छेद (1) और (2) द्वारा शासित परिसंपत्तियों और संस्थाओं को छोड़कर, किसी भी व्यावसायिक संस्था में अन्य सभी हितों के लिए—जिसमें सभी इक्विटी और अन्य स्वामित्व हित, सभी ऋण हित एवं अन्य सभी संविदात्मक या गैर-संविदात्मक हित शामिल हैं—किसी भी टैक्स वर्ष के अंत में उन हितों का उचित बाजार मूल्य निम्नलिखित राशि माना जाएगा: सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार टैक्स वर्ष के अंत में व्यावसायिक संस्था का बही मूल्य, उसमें सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वर्तमान टैक्स वर्ष और, यदि उपलब्ध हों, उससे पहले के दो टैक्स वर्षों के औसत वार्षिक बही लाभ का 7.5 गुना वर्तमान-मूल्य गुणक जोड़कर प्राप्त कुल राशि; और फिर इस संपूर्ण राशि को टैक्स वर्ष के अंत में करदाता के स्वामित्व में व्यावसायिक संस्था के प्रतिशत से गुणा किया जाएगा। किसी निजी इक्विटी संस्था के मामले में, यह मूल्य इस उपखंड के अनुसार निर्धारित उस निजी इक्विटी संस्था के स्वामित्व वाली प्रत्येक संस्था के मूल्य के कुल योग में से, लाभ हितों को छोड़कर, निजी इक्विटी संस्था की देनदारियाँ घटाने पर प्राप्त राशि से कम नहीं होगा। इस उप-अनुच्छेद के प्रयोजनों के लिए, यदि संबंधित अवधि के दौरान औसत बही लाभ शून्य से कम है, तो उसे शून्य माना जाएगा। यदि मूल्यांकन किए जाने वाले व्यवसाय द्वारा अपनी बहियों और रिकॉर्डों को लगातार किसी अन्य लेखांकन पद्धति के अनुसार रखा जाता है और उसी पद्धति का उपयोग करके आय और व्ययों की रिपोर्ट की जाती है, तो बोर्ड करदाता को सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अलावा उस अन्य लेखांकन पद्धति का उपयोग करके बही मूल्य और बही लाभ की गणना करने की अनुमति दे सकता है।*

*(F) यदि करदाता या बोर्ड स्पष्ट और ठोस साक्ष्य से यह प्रदर्शित कर सकता है कि उप-अनुच्छेद (C), (D) या (E) के तहत अनुमानित मूल्य, करदाता के स्वामित्व वाली व्यावसायिक संस्था के वास्तविक मूल्य या करदाता के स्वामित्व वाले प्रतिशत को काफी अधिक या कम दर्शाएगा, तो करदाता या बोर्ड इसके बजाय करदाता के स्वामित्व में व्यावसायिक संस्था के प्रतिशत का प्रमाणित मूल्यांकन प्रस्तुत कर सकता है और फिर अनुमानित प्रतिशत पद्धति के स्थान पर प्रमाणित मूल्यांकन का उपयोग कर सकता है।*

*(4) करदाता द्वारा सीधे धारित या प्रतिसंहरणीय ट्रस्ट के माध्यम से धारित किसी भी अचल संपत्ति में सभी हितों को शुद्ध संपत्ति में शामिल नहीं किया जाएगा। जिस सीमा तक अचल संपत्ति का मूल्यांकन आवश्यक हो, अनुभाग 25129 के तहत कॉर्पोरेट आयकर के संपत्ति कारक की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले मूल्य का उपयोग किया जाएगा।*

*(5) California के बाहर स्थित मूर्त व्यक्तिगत संपत्ति को बाहर रखा जाएगा यदि वह 2026 के दौरान कम से कम 270 दिनों तक California के बाहर स्थित रही हो; हालांकि, यदि किसी परिसंपत्ति को टैक्स से बचने के महत्वपूर्ण उद्देश्य से अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया हो, तो उसे इस प्रकार बाहर नहीं रखा जाएगा।*

*(6) ट्रस्टों में सभी हितों के लिए शुद्ध संपत्ति निम्नलिखित प्रकार से निर्धारित की जाएगी:*

*(A) किसी व्यक्ति की शुद्ध संपत्ति में उस व्यक्ति के किसी भी अनुदानकर्ता ट्रस्ट की शुद्ध संपत्ति शामिल होगी।*

*(B) अनुभाग 50301 के उपखंड (a) के तहत यह निर्धारित करने के प्रयोजनों के लिए कि किसी व्यक्ति की शुद्ध संपत्ति एक बिलियन डॉलर ($1,000,000,000) या एक बिलियन एक सौ मिलियन डॉलर ($1,100,000,000) से अधिक है या नहीं, शुद्ध संपत्ति में किसी भी ऐसे ट्रस्ट द्वारा धारित संपत्ति का मूल्य शामिल होगा—अनुदानकर्ता ट्रस्ट या टैक्स-मुक्त ट्रस्ट को छोड़कर—जिसमें उस व्यक्ति ने संपत्ति हस्तांतरित की है या करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका और California के संविधानों के अनुरूप सीमा तक, सभी प्रयोजनों के लिए अनुदानकर्ता ट्रस्ट या टैक्स-मुक्त ट्रस्ट को छोड़कर, शुद्ध संपत्ति में किसी भी ऐसे ट्रस्ट द्वारा धारित संपत्ति का मूल्य शामिल होगा, जिसमें व्यक्ति 2026 में संपत्ति हस्तांतरित करता है, एवं 2025 में हस्तांतरित ऐसी संपत्ति के मूल्य का 75 प्रतिशत शामिल होगा। यदि एक से अधिक व्यक्तियों ने ऐसे किसी ट्रस्ट में संपत्ति हस्तांतरित की है, तो योगदान करने वाले व्यक्ति की शुद्ध संपत्ति, जिस भी प्रयोजन के लिए उस पर विचार किया जाए, ट्रस्ट की संपत्ति के मूल्य के उस अनुपात से बढ़ाई जाएगी जो उस व्यक्ति द्वारा ट्रस्ट में हस्तांतरित की गई संपत्ति के मूल्य के हिस्से के बराबर हो, जिसकी तुलना ट्रस्ट में हस्तांतरित समस्त संपत्ति के मूल्य से की गई हो।*

*(C) किसी ट्रस्ट के लाभार्थी के मामले में, चाहे वह ट्रस्ट California में निवासी हो या नहीं, लाभार्थी को ट्रस्ट की परिसंपत्तियों का स्वामी उस सीमा तक माना जाएगा जिस सीमा तक वे परिसंपत्तियाँ लाभार्थी को वितरित की जा सकती हैं, चाहे वास्तव में उनका वितरण किया गया हो या नहीं। हालांकि, यदि ट्रस्ट एक लागू होने वाला ट्रस्ट है, तो ट्रस्ट के लाभार्थी को ट्रस्ट की किसी भी परिसंपत्ति का स्वामी नहीं माना जाएगा।*

*(7) परिसंपत्तियों की निम्नलिखित श्रेणियाँ इस भाग के तहत सभी कराधान से और इस अनुभाग की रिपोर्टिंग आवश्यकताओं से भी मुक्त होंगी:*

*(A) उप-अनुच्छेद (B) में वर्णित प्रावधानों को छोड़कर, योग्य पेंशन और व्यक्तिगत रिटायरमेंट व्यवस्थाएँ, जिनमें आंतरिक राजस्व संहिता के अनुभाग 219(g)(5) में वर्णित व्यवस्थाएँ शामिल हैं, या उस अनुभाग में वर्णित व्यवस्थाओं के समान प्रकृति वाली ऐसी विदेशी पेंशन व्यवस्थाएँ जिन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका की किसी संधि संबंधी बाध्यता के तहत संयुक्त राज्य अमेरिका में कराधान से छूट प्राप्त है।*

*(B) Roth IRA या अन्य Roth-जैसी रिटायरमेंट व्यवस्थाओं या किसी अन्य पर्याप्त रूप से समान खाते में रखी गई राशियाँ; हालांकि, उस सीमा तक यह छूट लागू नहीं होगी जहाँ ऐसे सभी खातों का कुल वर्तमान मूल्य, जिनमें करदाता का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभकारी हित है, दस मिलियन डॉलर ($10,000,000) से अधिक हो।*

*(C) आकस्मिक लाभ हित को छोड़कर, गैर-योग्य आस्थगित मुआवजा और बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट भविष्य के भुगतानों के अन्य वादे; हालांकि, उप-अनुच्छेद (A) और (B) में वर्णित नहीं की गई कोई पेंशन, आस्थगित मुआवजा राशि, या वस्तुओं या सेवाओं के लिए कोई अन्य भुगतान, करदाता की टैक्स योग्य परिसंपत्ति माना जाएगा यदि:*

*(i) भुगतान का प्रावधान करने वाली किसी मुआवजा व्यवस्था, योजना, अनुबंध या अन्य व्यवस्था की शर्तों के तहत, टैक्स वर्ष के अंत तक करदाता को उस भुगतान का कानूनी रूप से बाध्यकारी अधिकार प्राप्त हो।*

*(ii) मुआवजा वर्ष की समाप्ति तक या उससे पहले वास्तव में या रचनात्मक रूप से प्राप्त न किया गया हो।*

*(iii) मुआवजा व्यवस्था के अनुसार, भुगतान वर्ष की समाप्ति पर या उसके बाद करदाता को या उसकी ओर से देय हो।*

*(D) छूट प्राप्त या अपवर्जित परिसंपत्तियों को छोड़कर, करदाता को इस अनुच्छेद में वर्णित परिसंपत्तियों को इस प्रकार मानना होगा मानो वे सीधे उसके द्वारा धारित हों, न कि किसी टैक्स अनुकूलित खाते में।*

*(E) ऐसी परिभाषित लाभ योजना के मामले में जिसे इस अनुभाग के तहत अन्यथा छूट प्राप्त नहीं है, टैक्स वर्ष के अंतिम दिन करदाता के अर्जित लाभ के वर्तमान मूल्य के बराबर राशि को करदाता की शुद्ध संपत्ति में शामिल माना जाएगा।*

*(8) बोर्ड इस भाग के तहत प्राप्य राशियों और इसी प्रकार की परिसंपत्तियों की टैक्स योग्यता के संबंध में विनियम अपनाएगा। इस उपखंड की आवश्यकताओं के अधीन, बोर्ड कुछ प्राप्य राशियों और इसी प्रकार की परिसंपत्तियों को इस भाग के तहत सभी कराधान और इस अनुभाग की रिपोर्टिंग आवश्यकताओं से छूट दे सकता है। इन विनियमों को अपनाते समय, बोर्ड इस बात पर विचार करेगा कि क्या किसी विशेष प्रकार की प्राप्य राशि से करदाता को भुगतान प्राप्त होने की उचित संभावना है। जब तक बोर्ड विनियम नहीं अपना लेता, तब तक सभी प्राप्य राशियों को इस भाग के तहत शुद्ध संपत्ति में शामिल किया जाएगा।*

*(9) अन्य सभी परिसंपत्तियों के लिए—जिनमें कला और संग्रहणीय वस्तुएँ, सार्वजनिक रूप से कारोबार की जाने वाली परिसंपत्तियों के अलावा अन्य वित्तीय साधन, बौद्धिक संपदा अधिकार, करदाता को देय ऋण और अन्य देनदारियाँ जो सार्वजनिक रूप से कारोबार की जाने वाली नहीं हैं, एवं वाहन और अन्य व्यक्तिगत संपत्ति शामिल हैं—करदाता इन संयुक्त परिसंपत्तियों के कुल मूल्य में से, उनके प्रकार की परवाह किए बिना, अधिकतम पाँच मिलियन डॉलर ($5,000,000) को शुद्ध संपत्ति और इस अनुभाग की रिपोर्टिंग आवश्यकताओं से बाहर रख सकता है। इस प्रकार बाहर रखी गई परिसंपत्तियों को छोड़कर, करदाता को उन परिसंपत्तियों के उचित बाजार मूल्य की रिपोर्ट करनी होगी; और एक मिलियन डॉलर ($1,000,000) से अधिक मूल्य वाली प्रत्येक परिसंपत्ति या पर्याप्त रूप से परस्पर विनिमेय परिसंपत्तियों के प्रत्येक समूह के लिए, जिसमें एक ही अंतर्निहित प्रतिभूति से संबंधित डेरिवेटिव अनुबंध शामिल हैं, करदाता को प्रमाणित मूल्यांकन प्रस्तुत करना होगा।*

*(10) किसी भी स्थिति में किसी परिसंपत्ति का मूल्य उस राशि से कम निर्धारित नहीं किया जाएगा जिसके लिए उस परिसंपत्ति का बीमा किया गया है। किसी व्यावसायिक संस्था के मामले में, किसी भी स्थिति में उस संस्था का मूल्य, मूल्यांकन की तारीख से दो वर्ष के भीतर हुई किसी वित्तपोषण प्रक्रिया या इक्विटी की अन्य बिक्री में दर्शाए गए मूल्यांकन से कम नहीं होगा, जब तक कि करदाता स्पष्ट और ठोस साक्ष्य से यह प्रदर्शित न कर सके कि वह मूल्यांकन संस्था के मूल्य को काफी अधिक दर्शाएगा।*

40

*(11) शुद्ध संपत्ति में ऐसी किसी भी संपत्ति का मूल्य शामिल होगा जिसे व्यक्ति ने 15 अक्टूबर, 2025 के बाद उचित बाजार मूल्य से कम मूल्य पर हस्तांतरित किया हो—ऊपर वर्णित किसी ट्रस्ट को हस्तांतरित संपत्ति को छोड़कर—यदि उस संपत्ति का, अकेले या हस्तांतरित की गई अन्य पर्याप्त रूप से परस्पर विनिमेय वस्तुओं के साथ मिलाकर, उचित बाजार मूल्य एक मिलियन डॉलर ($1,000,000) से अधिक हो। इस अनुच्छेद के परिणामस्वरूप हस्तांतरणकर्ता की शुद्ध संपत्ति में शामिल की गई परिसंपत्ति को हस्तांतरिती की शुद्ध संपत्ति में शामिल नहीं किया जाएगा।*

*(12) ऐसे व्यक्ति की परिसंपत्तियाँ, जिसे आश्रित के रूप में दावा किया जा सकता है, यदि कुल मिलाकर पचास हजार डॉलर ($50,000) से अधिक हों, तो उन्हें उस करदाता की परिसंपत्तियाँ माना जाएगा जो उस व्यक्ति को आश्रित के रूप में दावा कर सकता है।*

*अध्याय 3. पात्र तरलता-बाधित करदाताओं के लिए वैकल्पिक स्थगन खाते*

*50304. (a) बोर्ड एक वैकल्पिक स्थगन खाते के लिए वैकल्पिक स्थगन खाता अनुबंध और संबंधित फ़ॉर्म तैयार करेगा, जिसे यहाँ "ODA" भी कहा गया है, ताकि करदाता और राज्य के बीच कानूनी रूप से बाध्यकारी संविदात्मक समझौता स्थापित किया जा सके। कोई अर्हता प्राप्त करदाता इस भाग के तहत ODA शुरू करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने का विकल्प चुन सकता है। अर्हता प्राप्त करदाता होने के लिए, किसी व्यक्ति को यह घोषणा दाखिल करनी होगी कि ODA का उपयोग किए बिना इस भाग के परिणामस्वरूप देय अतिरिक्त टैक्स की राशि, करदाता की उन सभी परिसंपत्तियों के संयुक्त मूल्य से अधिक होगी जो अनुभाग 50303 के उपखंड (c) के अनुच्छेद (1) के मूल्यांकन नियमों के अधीन हैं; अर्थात केवल वे व्यक्ति अर्हता प्राप्त करदाता होंगे जिन पर इस भाग के परिणामस्वरूप देय अतिरिक्त टैक्स, उस व्यक्ति की सार्वजनिक रूप से कारोबार की जाने वाली सभी परिसंपत्तियों के संयुक्त कुल मूल्य से अधिक होगा। इस अनुबंध के भाग के रूप में, ODA शुरू करने का विकल्प चुनने वाला अर्हता प्राप्त करदाता निम्नलिखित सभी बातों से सहमत होगा:*

40

*(1) इस अनुभाग में वर्णित और निर्दिष्ट सभी वार्षिक सूचनात्मक विवरणियाँ और फ़ॉर्म दाखिल करना।*

*(2) ODA के परिणामस्वरूप उत्पन्न हो सकने वाली सभी टैक्स देनदारियों का मिलान करना और उनका भुगतान करना।*

*(3) ODA के संबंध में, इस भाग द्वारा लगाए गए किसी भी टैक्स की वसूली और इस भाग द्वारा लगाई गई किसी भी रिपोर्टिंग आवश्यकता को पूरा करने के प्रयोजनों के लिए, एवं इस राज्य द्वारा करदाता पर लगाए गए किसी भी संबंधित ब्याज या जुर्माने सहित, इस राज्य के व्यक्तिगत क्षेत्राधिकार के अधीन रहना।*

*(b) यह अनुबंध करदाता एवं करदाता की संपदा और उसके अधिकार-उत्तराधिकारियों पर तब तक कानूनी रूप से बाध्यकारी रहेगा, जब तक करदाता या उसकी संपदा या अधिकार-उत्तराधिकारी संचित टैक्स के दावों का पूर्ण परिसमापन करके और फिर उन परिसमाप्त टैक्स के दावों पर देय समस्त टैक्स का भुगतान करके ODA का मिलान कर उसे उचित रूप से बंद नहीं कर देते।*

*(c) कोई करदाता केवल एक ODA बनाए रख सकता है। करदाता परिसंपत्तियों या परिसंपत्तियों के समूहों को ODA से केवल उस सीमा तक संबद्ध कर सकता है जहाँ ODA का उपयोग किए बिना अनुभाग 50301 के परिणामस्वरूप देय अतिरिक्त टैक्स की राशि, करदाता की उन सभी परिसंपत्तियों के संयुक्त मूल्य से अधिक होगी जो अनुभाग 50303 के उपखंड (c) के अनुच्छेद (1) के मूल्यांकन नियमों के अधीन हैं। किसी परिसंपत्ति या परिसंपत्तियों के समूह को ODA से संबद्ध करने के लिए, करदाता निम्नलिखित दोनों की रिपोर्ट करेगा:*

*(1) वह वर्ष जिसमें ODA शुरू किया गया था।*

*(2) उन सभी परिसंपत्तियों या परिसंपत्तियों के समूहों की सूची जिन्हें वर्तमान वर्ष के लिए ODA से संबद्ध किया जाना है।*

*(d) यदि किसी करदाता ने ODA शुरू किया है, तो उस ODA का मिलान और समापन होने तक करदाता ODA के संबंध में किए गए किसी भी महत्वपूर्ण वितरण लेनदेन की हर वर्ष रिपोर्ट करेगा और इस उद्देश्य के लिए बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी फ़ॉर्म्स को पूरा करके दाखिल करेगा। करदाता इन वार्षिक रिपोर्टों को तब तक प्रस्तुत करता रहेगा, जब तक वह संचित टैक्स के दावों का पूर्ण परिसमापन करके और फिर उन परिसमाप्त टैक्स के दावों पर देय समस्त टैक्स का भुगतान करके ODA का मिलान नहीं कर लेता। ODA शुरू करते समय करदाता द्वारा हस्ताक्षरित कानूनी अनुबंध के एक घटक के रूप में, ये रिपोर्टिंग आवश्यकताएँ तब भी जारी रहेंगी जब करदाता अनुभाग 17014 और 17015.5 के अर्थ में California का निवासी नहीं रह जाता है, और उसके बाद इन्हें राज्य के साथ कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध के रूप में लागू किया जाएगा। वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और आवश्यक फ़ॉर्म दाखिल करने में विफलता को अनुबंध का उल्लंघन माना जाएगा और इसके लिए वही दंड लागू होंगे जो आयकर फ़ॉर्म दाखिल करने के लिए बाध्य California निवासियों द्वारा आयकर फ़ॉर्म दाखिल न करने पर लागू होते हैं। ऐसे किसी करदाता की मृत्यु होने पर जिसने ऐसा ODA शुरू किया हो जिसका पूर्ण मिलान और समापन नहीं हुआ है, उस करदाता की संपदा और अधिकार-उत्तराधिकारियों को संचित टैक्स के दावों का पूर्ण परिसमापन करने के लिए ODA का मिलान करना होगा और उसके बाद उन परिसमाप्त टैक्स के दावों पर देय समस्त टैक्स का भुगतान करना होगा; इन दावों को राज्य को देय करदाता की बकाया कर देनदारी माना जाएगा।*

*(e) करदाता का जमा हुआ बिना चुकाया गया टैक्स विदहोल्डिंग (रोक) का प्रतिशत 5 प्रतिशत के बराबर होगा।*

*(f) निम्नलिखित निकासी और लेनदेन ऐसे महत्वपूर्ण वितरण लेनदेन माने जाएँगे जिनकी करदाता को हर वर्ष रिपोर्ट करनी होगी:*

*(1) ODA से संबद्ध किसी भी परिसंपत्ति से धन, संपत्ति या अन्य मूल्य की निकासी।*

*(2) करदाता या करदाता से संबंधित किसी व्यक्ति के साथ ऐसा लेनदेन, जिसका प्रभाव ODA से संबद्ध किसी परिसंपत्ति या परिसंपत्तियों के मूल्य को, ODA से संबंधित दायित्वों को साथ में हस्तांतरित किए बिना, हस्तांतरित करना हो।*

*(g) उपखंड (f) के बावजूद, किसी महत्वपूर्ण वितरण लेनदेन में ODA से संबद्ध परिसंपत्तियों के मूल्य को बनाए रखने या बढ़ाने के लिए किए गए सामान्य और आवश्यक लेनदेन शामिल नहीं होंगे, यदि ऐसे लेनदेन का प्रभाव पूंजी के उपयोग के लिए मालिकों को कोई लाभ, लाभांश या अन्य भुगतान, या इसी प्रकार के हस्तांतरण वितरित करना न हो।*

*(h) बोर्ड यह निर्दिष्ट करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा कि किस प्रकार के लेनदेन को महत्वपूर्ण वितरण लेनदेन माना जाएगा, और यह भी निर्दिष्ट करेगा कि किसी व्यापार या व्यवसाय के सामान्य क्रम में किए गए हस्तांतरण एवं आसानी से कारोबार न की जा सकने वाली परिसंपत्तियों के विनिमय को महत्वपूर्ण वितरण लेनदेन नहीं माना जाएगा। किसी भी महत्वपूर्ण वितरण लेनदेन के लिए, करदाता ODA से संबद्ध परिसंपत्तियों से निकाले गए, या अन्यथा करदाता या उससे संबंधित किसी व्यक्ति के*

*लाभ के लिए हस्तांतरित या उपयोग किए गए उचित बाजार मूल्य की रिपोर्ट करेगा।*

*(i) करदाता अपने संचित अपरिसमाप्त टैक्स रोक प्रतिशत को, अनुभाग 50303 के तहत निर्धारित, टैक्स वर्ष के सभी महत्वपूर्ण वितरण लेनदेन के उचित बाजार मूल्य से गुणा करेगा। इस प्रकार प्राप्त गुणनफल की राशि के बराबर टैक्स करदाता पर लगाया जाएगा। किसी भी टैक्स वर्ष के लिए इस अनुभाग के परिणामस्वरूप देय कोई भी अतिरिक्त टैक्स, उस टैक्स वर्ष के लिए देय किसी भी आयकर के साथ चुकाया जाएगा।*

*(j) ODA बनाए रखने वाला ऐसा कोई भी करदाता, जिसने वर्तमान वर्ष या किसी पूर्व वर्ष में कोई महत्वपूर्ण वितरण लेनदेन किया हो, प्रत्येक वर्ष निम्नलिखित सभी की रिपोर्ट करेगा:*

*(1) वह वर्ष जिसमें ODA शुरू किया गया था।*

*(2) उन सभी परिसंपत्तियों या परिसंपत्तियों के समूहों की सूची जिनसे ODA वर्तमान में संबद्ध है या कभी भी संबद्ध रहा है।*

*(3) ODA के संबंध में किए गए सभी महत्वपूर्ण वितरण लेनदेन के कुल उचित बाजार मूल्य का करदाता द्वारा रखा गया संचयी योग।*

*(k) यदि किसी वर्ष में ऐसा करदाता, जिसने पहले ODA शुरू किया था, ODA और उससे संबद्ध सभी परिसंपत्तियों में अपने सभी हितों को बेचता है, उनका निपटान करता है या अन्यथा समाप्त कर देता है, तो उपखंड (f) में निर्दिष्ट महत्वपूर्ण वितरण लेनदेन के रूप में माने जाने वाले उन लेनदेन के परिणामस्वरूप देय किसी भी टैक्स का भुगतान करने के बाद ODA को पूर्ण रूप से परिसमाप्त माना जाएगा। किसी भी टैक्स वर्ष के अंत में, ऐसा करदाता जिसने पहले ODA शुरू किया था, बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराया गया फ़ॉर्म दाखिल करके उस ODA को बंद करने का विकल्प चुन सकता है। इसके बाद करदाता उपखंड (l) के अनुसार ODA का मिलान करेगा।*

*(l) ODA को बंद करने से पहले, करदाता ODA से संबद्ध सभी परिसंपत्तियों को निकालेगा और उन निकासियों (पैसा निकालना) को इस अनुभाग के अनुसार महत्वपूर्ण वितरण लेनदेन मानेगा। ODA से निकाली गई किसी भी परिसंपत्ति के उचित बाजार मूल्य का निर्धारण अनुभाग 50303 के अनुसार किया जाएगा। इस अनुभाग में प्रयुक्त "करदाता" शब्द में करदाता की ऐसी संपदा या अधिकार-उत्तराधिकारी भी शामिल होंगे जिन्हें इस प्रावधान के तहत करदाता के ODA से संबंधित दायित्वों को पूरा करने के लिए उत्तरदायी बनाया गया हो।*

*अध्याय 4. प्रमाणित मूल्यांकन*

*50305. (a) इस भाग के प्रयोजनों के लिए प्रमाणित मूल्यांकन करने वाला कोई भी मूल्यांकनकर्ता उस प्रमाणित मूल्यांकन की एक प्रति बोर्ड को भेजेगा, साथ ही उस करदाता की पहचान करने के लिए पर्याप्त जानकारी भी देगा जिसके लिए प्रमाणित मूल्यांकन तैयार किया गया था, और बोर्ड द्वारा अपनाए गए किसी भी लागू होने वाले नियम या अन्य संबंधित निर्देशों का पालन करेगा।*

*(b) बोर्ड ऐसे विनियम अपनाएगा या मार्गदर्शन प्रकाशित करेगा जिनमें प्रमाणित मूल्यांकन की आवश्यकताओं और इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए प्रमाणित मूल्यांकन करने के योग्य मूल्यांकनकर्ताओं की आवश्यकताओं का अधिक विस्तार से वर्णन किया गया हो। नियम और मार्गदर्शन संघीय विनियम संहिता के शीर्षक 26 के अनुभाग 1.170A-17 में निर्धारित योग्य मूल्यांकन और योग्य मूल्यांकनकर्ता संबंधी नियमों पर आधारित होंगे।*

*(c) प्रमाणित मूल्यांकन में मूल्य के पर्याप्त या अत्यधिक अधिक या कम आकलन के कारण टैक्स का कम भुगतान होने के किसी भी मामले में, बोर्ड अपने विवेक से मूल्यांकनकर्ता पर इस प्रकार जुर्माना लगा सकता है, मानो अनुभाग 50312 के प्रयोजनों के लिए वह मूल्यांकनकर्ता "करदाता" हो; हालांकि, मूल्य के पर्याप्त अधिक या कम आकलन के मामले में ऐसा कोई जुर्माना कम दर्शाए गए टैक्स की राशि के 2 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा, और मूल्य के अत्यधिक अधिक या कम आकलन के मामले में कम दर्शाए गए टैक्स की राशि के 4 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।*

*अध्याय 5. प्रभाजन (बंटवारा) और टैक्स क्रेडिट*

*50306. (a) मानक प्रभाजन। इस भाग द्वारा लगाए गए टैक्स को विभिन्न अधिकार-क्षेत्रों के बीच प्रभाजित करने के लिए इस अनुभाग के नियम लागू होंगे। इस अध्याय के नियम अन्य नियमों का स्थान लेंगे, जिनमें वर्ष के किसी हिस्से के लिए निवास के प्रयोजनों हेतु आय के विभाजन से संबंधित नियम भी शामिल हैं। अनुभाग 50301 और 50304 के तहत लगाए गए किसी भी टैक्स का एक सौ प्रतिशत सभी लागू होने वाले व्यक्तियों और लागू होने वाले ट्रस्टों के लिए California को प्रभाजित किया जाएगा, और निवास के इतिहास के आधार पर इसमें कोई कमी या गुणक लागू नहीं होगा; इसमें यह बात भी शामिल है कि कोई व्यक्ति अनुभाग 50308 के उपखंड (n) में वर्णित टैक्स दायित्व की तारीख से पहले California का निवासी था या नहीं। इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, निवास की स्थिति टैक्स दायित्व की तारीख पर अनुभाग 17014 और 17015.5 के अनुसार निर्धारित की जाएगी।*

*(b) वैकल्पिक प्रभाजन।*

*(1) मानक पद्धति। इस अनुभाग के तहत मानक प्रभाजन पद्धति उपखंड (a) में निर्दिष्ट पद्धति होगी।*

*(2) वैकल्पिक प्रभाजन का उपयोग कब किया जा सकता है। यदि मानक प्रभाजन पद्धति इस बात को उचित रूप से प्रदर्शित नहीं करती कि करदाता की अत्यधिक संपत्ति किस सीमा तक California में संचित हुई थी या California द्वारा पर्याप्त रूप से बनाए रखने में सहायता मिली थी, तो करदाता अपनी पूरी संपत्ति या उसके किसी हिस्से के लिए वैकल्पिक प्रभाजन पद्धति के उपयोग हेतु याचिका दायर कर सकता है, या बोर्ड प्रस्तावित आकलन की सूचना में ऐसी वैकल्पिक प्रभाजन पद्धति के उपयोग की आवश्यकता निर्धारित कर सकता है। इस उपखंड के तहत अपनाई गई किसी भी वैकल्पिक पद्धति को अनुभाग 50307 के तहत किसी भी टैक्स क्रेडिट की गणना से पहले लागू किया जाएगा।*

*(3) याचिकाएँ; आवश्यक प्रमाण। याचिका केवल तभी स्वीकार की जाएगी जब याचिका दायर करने वाला पक्ष स्पष्ट और ठोस साक्ष्य से यह सिद्ध करे कि निम्नलिखित दोनों बातें सत्य हैं:*

*(A) अत्यधिक संपत्ति का पर्याप्त हिस्सा California में संचित नहीं हुआ था।*

*(B) अनुभाग 50308 के उपखंड (o) में परिभाषित मूल्यांकन तिथि पर समाप्त होने वाली 48 महीने की अवधि के दौरान, अत्यधिक संपत्ति को कुल मिलाकर कम से कम 365 दिनों तक California में पर्याप्त रूप से बनाए रखने में सहायता नहीं मिली थी।*

*(4) संवैधानिक विकल्प। वैकल्पिक रूप से, याचिका दायर करने वाला पक्ष यह स्थापित करके सफल हो सकता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान, California का संविधान या संघीय कानून करदाता की पूरी संपत्ति या उसके किसी हिस्से पर मानक पद्धति लागू करने को प्रतिबंधित करता है।*

*(5) प्रमाण का भार और प्रस्तावित पद्धति। याचिका दायर करने वाले पक्ष पर यह प्रदर्शित करने का भार होगा कि मानक पद्धति अनुचित या*

40

अमान्य है, और उसे ऐसी अधिक उचित और तर्कसंगत पद्धति प्रस्तावित करनी होगी जिसका प्रशासन व्यावहारिक रूप से किया जा सके। जब बोर्ड प्रस्तावित आकलन की सूचना में किसी वैकल्पिक पद्धति के उपयोग की आवश्यकता निर्धारित करता है, तो टैक्स अपील कार्यालय के समक्ष बोर्ड ही कार्रवाई करने वाला पक्ष होगा और वैकल्पिक पद्धति के संबंध में प्रमाण का यह भार बोर्ड पर होगा, और सूचना में उन कारणों को स्पष्ट और विशिष्ट रूप से बताया जाएगा जिनके कारण मानक पद्धति अनुचित है, और प्रस्तावित वैकल्पिक पद्धति का वर्णन किया जाएगा।

(6) न्यूनतम प्रतिशत; संवैधानिक सुरक्षा प्रावधान। इस उपखंड के तहत दी गई राहत प्रभाजन प्रतिशत को 25 प्रतिशत से कम नहीं करेगी, जब तक कि टैक्स अपील कार्यालय या समीक्षा करने वाला कोई न्यायालय रिकॉर्ड के आधार पर यह न पाए कि संयुक्त राज्य अमेरिका या California के संविधान या लागू संघीय कानून का उल्लंघन करने वाले अत्यधिक असंगत कराधान से बचने के लिए इससे कम प्रतिशत आवश्यक है। यह निर्धारित करते समय कि कोई टैक्स अत्यधिक असंगत है या नहीं, टैक्स अपील कार्यालय और न्यायालय इस बात पर विचार करेंगे कि करदाता की शुद्ध संपत्ति का California से कोई सार्थक संबंध है या नहीं, और मनमाने कराधान या ऐसे कराधान से बचने के लिए, जो इस राज्य के साथ करदाता के संबंधों की तुलना में किसी भी उचित अनुपात से पूरी तरह बाहर हो, प्रभाजन प्रतिशत को आवश्यक सीमा तक कम करेंगे—जिसमें उसे 25 प्रतिशत से कम और, जहाँ उपयुक्त हो, शून्य तक कम करना भी शामिल है।

(7) विनियम। बोर्ड अनुच्छेद (2) के अनुरूप स्वीकार्य वैकल्पिक तरीकों और साक्ष्य प्रस्तुत करने के स्वीकार्य तरीकों के गैर-अनन्य उदाहरण प्रदान करने वाले विनियम अपना सकता है।

(8) जिस सीमा तक इस अनुभाग का कोई प्रावधान या अनुप्रयोग, जो निवास के संदर्भ में अनुपात निर्धारित करता है, अमान्य, असंवैधानिक या अन्यथा अप्रवर्तनीय ठहराया जाता है, उस प्रावधान या अनुप्रयोग के संबंध में निवास का निर्धारण तब भाग 10 (अनुभाग 17001 से शुरू होते हुए), जिसमें अनुभाग 17014 और 17015.5 शामिल हैं, में व्यक्तिगत आयकर को नियंत्रित करने वाले नियमों के अनुसार किया जाएगा।

40

50307. (a) इस भाग द्वारा लगाए गए टैक्स के विरुद्ध, उस शुद्ध संपत्ति टैक्स पर चुकाए गए किसी भी टैक्स में करदाता के आनुपातिक हिस्से के बराबर राशि का टैक्स क्रेडिट दिया जाएगा, जहाँ उस शुद्ध संपत्ति पर इस भाग के तहत भी टैक्स लगाया गया हो, जहाँ आनुपातिक हिस्सा उस अनुपात के आधार पर निर्धारित किया जाएगा जिसमें अंश 2026 टैक्स वर्ष के दौरान करदाता द्वारा अन्य टैक्स लगाने वाले राज्य या अधिकार-क्षेत्र में निवास किए गए दिनों की कुल संख्या होगी और हर 365 होगा। संदेह दूर करने के लिए, चूँकि सीधे धारित अचल संपत्ति पर इस भाग के तहत टैक्स नहीं लगाया जाता, इसलिए सीधे धारित अचल संपत्ति पर लगाए गए टैक्स के लिए इस उपखंड के तहत कोई टैक्स क्रेडिट नहीं दिया जाएगा।

(b) संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान द्वारा आवश्यक सीमा तक, अन्य अधिकार-क्षेत्रों में चुकाए गए टैक्स के विरुद्ध भी टैक्स क्रेडिट दिया जाएगा।

अध्याय 6. सामान्य प्रावधान और परिभाषाएँ

50308. इस भाग के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित परिभाषाएँ लागू होंगी:

(a) "लागू होने वाले व्यक्ति" से आशय 2026 टैक्स वर्ष के लिए ऐसे किसी व्यक्ति से है जो उपखंड (n) में निर्दिष्ट टैक्स दायित्व की तारीख को अनुभागों 17014 और 17015.5 के अर्थ के अंतर्गत इस राज्य का निवासी हो।

(b) "लागू होने वाले ट्रस्ट" से आशय किसी ग्रांटर ट्रस्ट या टैक्स-मुक्त ट्रस्ट के अलावा किसी भी ट्रस्ट से है, चाहे वह ट्रस्ट California का निवासी हो या नहीं, यदि एक बिलियन डॉलर ($1,000,000,000) या उससे अधिक की निवल संपत्ति वाला कोई जीवित लागू होने वाले व्यक्ति, या कोई ऐसी संस्था जिसे उस व्यक्ति के संबंध में संबंधित व्यक्ति माना जाएगा, उस ट्रस्ट को संपत्ति हस्तांतरित कर चुकी हो। यदि एक से अधिक व्यक्तियों ने ट्रस्ट को संपत्ति हस्तांतरित की है, तो ट्रस्ट के एक हिस्से को लागू होने वाला ट्रस्ट माना जाएगा, इस प्रकार माना जाने वाला हिस्सा उसी अनुपात में होगा, जिस अनुपात में लागू होने वाले व्यक्ति या उस व्यक्ति के संबंध में संबंधित व्यक्ति मानी जाने वाली किसी संस्था द्वारा ट्रस्ट को हस्तांतरित परिसंपत्तियों का मूल्य, ट्रस्ट को हस्तांतरित परिसंपत्तियों के कुल मूल्य के मुकाबले है। इसके अतिरिक्त, कोई भी ट्रस्ट बोर्ड द्वारा निर्धारित किसी भी तरीके से अपने इस चुनाव की सूचना बोर्ड को देकर लागू होने वाला ट्रस्ट माने जाने का चुनाव कर सकता है। एक बिलियन डॉलर ($1,000,000,000) या उससे अधिक की निवल संपत्ति वाला कोई व्यक्ति, जिसने किसी लागू होने वाले ट्रस्ट को संपत्ति हस्तांतरित की है, बोर्ड द्वारा निर्धारित किसी भी तरीके से इस चुनाव की सूचना बोर्ड को देकर उस ट्रस्ट को उस व्यक्ति की निवल संपत्ति का हिस्सा माने जाने का चुनाव कर सकता है। उस चुनाव की स्थिति में, ट्रस्ट पर अनुभाग 50301 के तहत अलग से टैक्स नहीं लगाया जाएगा।

(c) "बोर्ड" से आशय फ्रैंचाइज़ टैक्स बोर्ड से है।

(d) "आश्रित" का वही अर्थ होगा जो आंतरिक राजस्व संहिता के अनुभाग 152 में इस शब्द के लिए परिभाषित है।

(e) "ग्रांटर ट्रस्ट" से आशय ऐसे किसी ट्रस्ट से है जिसे आयकर के प्रयोजनों के लिए ग्रांटर ट्रस्ट माना जाएगा, और ऐसे किसी ट्रस्ट से भी है जिसकी परिसंपत्तियाँ संघीय हस्तांतरण टैक्स के प्रयोजनों के लिए ग्रांटर की संपदा में शामिल की जाएँगी।

(f) "निवल संपत्ति" का अर्थ उपखंड (o) में निर्दिष्ट मूल्यांकन की तारीख के अनुसार, इस भाग के अनुभाग 50303 और अन्य लागू प्रावधानों के तहत करदाता और उनके जीवनसाथी के लिए दुनिया भर में ध्यान में रखी गई सभी परिसंपत्तियों और संपत्ति संबंधी हितों का कुल मूल्य है, चाहे वह जीवनसाथी कहीं भी निवास करता हो, जिसमें से सभी ऋणों और अन्य देनदारियों का कुल मूल्य घटाया जाता है, उस सीमा तक जहाँ ऐसी कटौतियाँ अनुभाग 50302 के तहत अनुमत हैं। संदेह दूर करने के लिए, मूल्यांकन की तारीख को अनुभाग 50303 के तहत ध्यान में रखी गई परिसंपत्तियाँ निवल संपत्ति में शामिल होंगी, भले ही उन्हें टैक्स दायित्व की तारीख के बाद अर्जित किया गया हो; और मूल्यांकन की तारीख से पहले हस्तांतरित किए जा चुके हित निवल संपत्ति से बाहर रखे जाएँगे, सिवाय उस सीमा तक जहाँ यह भाग, जिसमें अनुभाग 50303 और 50312 शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, हस्तांतरित, पुनर्वर्गीकृत या ट्रस्ट में रखी गई परिसंपत्तियों या अन्य संपत्ति हितों को करदाता की निवल संपत्ति में शामिल करने की आवश्यकता निर्धारित करता है।

(g) "वैकल्पिक स्थगन खाता" या "ODA" से आशय अनुभाग 50304 द्वारा नियंत्रित ऐसे टैक्स आरक्षित खाते से है जिसका परिसमापन नहीं किया गया है।

(h) "व्यक्ति" का वही अर्थ होगा जो अनुभाग 17007 में इस शब्द के लिए परिभाषित है।

(i) "निजी इक्विटी संस्था" से आशय सार्वजनिक रूप से कारोबार की जाने वाली संस्था, म्यूचुअल फंड या एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के अलावा ऐसी व्यावसायिक संस्था से है, जिसका मुख्य व्यवसाय अन्य व्यवसायों में निवेश करना है।

*(j) "सार्वजनिक रूप से कारोबार की जाने वाली परिसंपत्ति" से आशय ऐसी परिसंपत्ति से है जिसका किसी एक्सचेंज पर कारोबार होता है; जिसका ऐसे द्वितीयक बाजार में कारोबार होता है जहाँ उस परिसंपत्ति के बिक्री मूल्य बार-बार अद्यतित किए जाते हैं; जो ऐसे ऑनलाइन या इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध है जो नियमित रूप से खरीदारों और विक्रेताओं का मिलान करता है; या ऐसी किसी अन्य परिसंपत्ति से है जिसके बारे में बोर्ड यह निर्धारित करता है कि उसका मूल्य इसी प्रकार के साधनों से आसानी से निर्धारित किया जा सकता है।*

*(k) "संबंधित व्यक्ति" से आशय ऐसे किसी व्यक्ति से है जो 1 जनवरी, 2026 की स्थिति के अनुसार आंतरिक राजस्व संहिता के अनुभाग 267 या 318 के तहत करदाता से संबंधित हो, और ऐसे किसी अन्य व्यक्ति से भी है जिसे बोर्ड द्वारा अपनाए गए विनियमों में इस प्रकार निर्दिष्ट किया गया हो।*

*(l) "महत्वपूर्ण लाभ" का वही अर्थ है जो संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने संयुक्त राज्य अमेरिका बनाम अमेरिकन बार एंडाउमेंट (1986) 477 U.S. 105 मामले में इस शब्द को दिया है।*

*(m) "टैक्स-मुक्त ट्रस्ट" से आशय ऐसे ट्रस्ट से है जिसे आंतरिक राजस्व संहिता के अनुभाग 501 के तहत संघीय आयकर से छूट प्राप्त है।*

*(n) "टैक्स दायित्व की तारीख" से आशय 1 जनवरी, 2026 से है।*

*(o) "मूल्यांकन की तारीख" से आशय 31 दिसंबर, 2026 से है।*

*50309. (a) इस भाग में वर्णित टैक्स का संग्रह और प्रशासन भाग 10.2 (अनुभाग 18401 से शुरू होते हुए) द्वारा नियंत्रित होगा, जब तक कि इस भाग द्वारा उसे स्पष्ट रूप से प्रतिस्थापित न किया गया हो।*

*(b) बोर्ड इस भाग के किसी भी प्रावधान को लागू करने, उसकी व्याख्या करने, उसे विशिष्ट रूप देने या अन्यथा प्रभावी करने के लिए विनियम अपना सकता है।*

*(1) इन विनियमों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:*

*(A) ऐसे दुरुपयोगपूर्ण लेन-देन की पहचान करना जिनका उद्देश्य किसी परिसंपत्ति की प्रकृति को सार्वजनिक से गैर-सार्वजनिक या इसके विपरीत बदलना हो।*

*(B) ऐसे दुरुपयोगपूर्ण लेन-देन की पहचान करना जिनका उद्देश्य करदाता की परिसंपत्तियों के निर्धारित मूल्य को कृत्रिम रूप से कम करना हो।*

*(2) 1 जनवरी, 2028 तक, प्रशासनिक प्रक्रिया अधिनियम (सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 3 के भाग 1 का अध्याय 3.5 (अनुभाग 11340 से शुरू होते हुए)) के नियम-निर्माण संबंधी प्रावधान इस भाग के अनुसार बोर्ड द्वारा स्थापित या जारी किए गए किसी भी विनियम, मानक, मानदंड, प्रक्रिया, निर्धारण, नियम, सूचना, दिशानिर्देश या किसी अन्य मार्गदर्शन पर लागू नहीं होंगे।*

*(3) अनुभाग 19057 या किसी अन्य कानून के बावजूद, 1 जनवरी, 2026 को या उसके बाद और 1 जनवरी, 2027 से पहले शुरू होने वाले टैक्स योग्य वर्षों के संबंध में इस भाग के तहत प्रस्तावित टैक्स में कमी के निर्धारण की प्रत्येक सूचना, रिटर्न दाखिल किए जाने के 10 वर्षों के भीतर करदाता को डाक से भेजी जाएगी।*

*(c) इस अधिनियम के पारित होने के छह महीने के भीतर, बोर्ड इस भाग द्वारा लगाए गए टैक्स का भुगतान करने के लिए करदाताओं हेतु आवश्यक फ़ॉर्म जारी करेगा। इन फ़ॉर्म्स में अनुपालन प्रदर्शित करने वाले दस्तावेज़ संलग्न करने का प्रावधान किया जा सकता है। बोर्ड व्यक्तिगत आयकर फ़ॉर्म्स में संशोधन करेगा और परिसंपत्तियों या इस भाग के कार्यान्वयन के लिए उपयोगी अन्य जानकारी की रिपोर्टिंग हेतु आवश्यकतानुसार अन्य फ़ॉर्म्स में संशोधन करेगा या नए फ़ॉर्म तैयार करेगा।*

*(d) जिस सीमा तक यह इस अध्याय के साथ असंगत न हो, आयकर के प्रशासन, निर्धारण, संग्रह, प्रवर्तन और अपील से संबंधित प्रावधान इस भाग द्वारा लगाए गए निवल संपत्ति टैक्स पर लागू होंगे।*

*50310. विधायी प्राधिकार*

*विधान मंडल 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम में ऐसे कानून द्वारा संशोधन कर सकता है जिसे विधान मंडल के प्रत्येक सदन में जर्नल में दर्ज उपस्थिति के मतदान द्वारा पारित किया गया हो और जिसके पक्ष में कुल सदस्यों के दो-तिहाई सदस्यों की सहमति हो, बशर्ते कि वह कानून 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम के उद्देश्यों के अनुरूप हो और उन्हें आगे बढ़ाता हो।*

*50311. पृथक्करणीयता*

*(a) 2026 अरबपति टैक्स अधिनियम, जिसे "अधिनियम" भी कहा गया है, के प्रावधान पृथक्करणीय हैं। यद्यपि अधिनियम को मौजूदा कानून का अनुपालन करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, यदि अधिनियम का कोई प्रावधान या उसका अनुप्रयोग अमान्य, असंवैधानिक या अन्यथा अप्रवर्तनीय ठहराया जाता है, तो ऐसा निर्धारण अन्य प्रावधानों या अनुप्रयोगों की प्रवर्तनीयता को प्रभावित नहीं करेगा।*

*(b) अधिनियम को लागू करते समय, कोई न्यायालय संयुक्त राज्य अमेरिका और California के संविधानों के अनुरूप अधिकतम संभव सीमा तक अधिकृत टैक्स लगाए जाने को बनाए रखेगा, जिसमें निर्दिष्ट तारीखों या अवधियों में संशोधन करके किसी संवैधानिक या अन्य कानूनी दोष को दूर करने के लिए यथासंभव न्यूनतम समायोजन करना शामिल है, साथ ही शेष प्रावधानों को प्रभावी रहने दिया जाएगा। यदि कोई न्यायालय यह निर्धारित करता है कि अनुभाग 50308 के उपखंड (n) में निर्दिष्ट टैक्स दायित्व की तारीख या अनुभाग 50308 के उपखंड (o) में निर्दिष्ट मूल्यांकन की तारीख के संदर्भ में इस अधिनियम के तहत पूर्ण या आंशिक रूप से दायित्व लगाना संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान, California के संविधान या अन्य लागू संघीय कानून के विपरीत है, तो उस निर्धारण की सीमा तक, अधिनियम और California के संविधान की धारा XIII के अनुभाग 37 में "टैक्स दायित्व की तारीख" और "मूल्यांकन की तारीख" के सभी संदर्भों की व्याख्या इसके बजाय, जैसा लागू हो, टैक्स दायित्व की तारीख या मूल्यांकन की तारीख के बाद की उस सबसे पहली तारीख या उन सबसे पहली तारीखों के संदर्भ के रूप में की जाएगी जिन पर उस कानून के अनुरूप दायित्व लगाया जा सकता है। अधिनियम में निर्दिष्ट किसी तारीख या अवधि में संशोधन करते समय, न्यायालय कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक 2026 टैक्स वर्ष के लिए टैक्स लगाए जाने को बनाए रखेगा; या यदि इसकी अनुमति न हो, तो 2027 या उसके बाद के सबसे पहले अनुमत वर्ष के लिए टैक्स लगाए जाने को बनाए रखेगा, साथ ही अन्य सभी मामलों में इस अधिनियम की समग्र संरचना और उद्देश्यों को बनाए रखेगा।*

*50312. प्रवर्तन और दंड*

*(a) इस भाग के तहत लगाए गए टैक्स के अधीन ऐसा करदाता, जिसके किसी टैक्स योग्य वर्ष के टैक्स में महत्वपूर्ण या अत्यधिक कम विवरण हो, इस अनुभाग के तहत लगाए गए दंड के अधीन होगा। कम विवरण को महत्वपूर्ण माना जाएगा यदि वह निम्नलिखित में से अधिक राशि से अधिक हो:*

*(1) एक मिलियन डॉलर ($1,000,000).*

*(2) मूल रिटर्न में दर्शाए गए टैक्स का, या टैक्स योग्य वर्ष के रिटर्न की मूल या बढ़ाई गई नियत तारीख को या उससे पहले दाखिल किए गए संशोधित रिटर्न में दर्शाए गए टैक्स का बीस प्रतिशत।*

40

*(b) कम विवरण को अत्यधिक कम विवरण माना जाएगा यदि वह निम्नलिखित में से अधिक राशि से अधिक हो:*

*(1) दस मिलियन डॉलर ($10,000,000).*

*(2) मूल रिटर्न में दर्शाए गए टैक्स का, या टैक्स योग्य वर्ष के रिटर्न की मूल या बढ़ाई गई नियत तारीख को या उससे पहले दाखिल किए गए संशोधित रिटर्न में दर्शाए गए टैक्स का चालीस प्रतिशत।*

*(c) दंड निम्नलिखित होंगे:*

*(1) इस अनुभाग के तहत टैक्स की महत्वपूर्ण कम विवरणी के लिए दंड, टैक्स की कम विवरणी की राशि के 20 प्रतिशत के बराबर होगा। इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, "टैक्स की कम विवरणी" से आशय उस राशि से है, जितना इस भाग द्वारा लगाया गया टैक्स, मूल रिटर्न में दर्शाए गए टैक्स या टैक्स योग्य वर्ष के रिटर्न की मूल या बढ़ाई गई नियत तारीख को या उससे पहले दाखिल किए गए संशोधित रिटर्न में दर्शाए गए टैक्स से अधिक हो।*

*(2) इस अनुभाग के तहत टैक्स की अत्यधिक कम विवरणी के लिए दंड, टैक्स की कम विवरणी की राशि के 40 प्रतिशत के बराबर होगा।*

*(d) इस अनुभाग द्वारा लगाया गया दंड, भाग 10.2 (अनुभाग 18401 से शुरू होते हुए) या किसी अन्य कानून के तहत लगाए गए किसी अन्य दंड के अतिरिक्त होगा।*

*(e) इस अनुभाग के तहत लगाए गए दंड को चुकाने के लिए भुगतान की गई किसी भी राशि की धनवापसी या टैक्स क्रेडिट केवल इस आधार पर दिया जा सकता है कि बोर्ड ने दंड की राशि की सही गणना नहीं की है।*

*(f) इस अनुभाग के तहत किसी कम विवरणी पर उस सीमा तक कोई दंड नहीं लगाया जाएगा, जिस सीमा तक वह कम विवरणी निम्नलिखित में से किसी कारण से उत्पन्न हुई हो:*

*(1) कानून में ऐसा परिवर्तन जो निम्नलिखित दोनों तारीखों में से पहले वाली तारीख के बाद अधिनियमित, अपनाया या जारी किया गया हो या अंतिम हो गया हो:*

40

*(A) वह तारीख जिस दिन करदाता उस टैक्स योग्य वर्ष के लिए रिटर्न दाखिल करता है, जिसके लिए वह परिवर्तन प्रभावी है।*

*(B) उस टैक्स योग्य वर्ष के लिए करदाता के रिटर्न की बढ़ाई गई नियत तारीख, जिसके लिए वह परिवर्तन प्रभावी है।*

*(2) इस उपखंड के प्रयोजनों के लिए, "कानून में परिवर्तन" से आशय किसी वैधानिक परिवर्तन या सरकारी संहिता के अनुभाग 11340.9 के उपखंड (b) के अर्थ के अंतर्गत किसी विनियम या विधिक परामर्श संबंधी निर्णय द्वारा कानून की व्याख्या या कानून के नियम से, या किसी प्रकाशित संघीय या California न्यायालय के निर्णय से है।*

*(3) बोर्ड इस उपखंड को युक्तिसंगत तरीके से लागू करेगा।*

*(g) इस अनुभाग के तहत उस सीमा तक कोई दंड नहीं लगाया जाएगा, जिस सीमा तक करदाता की कम विवरणी बोर्ड की लिखित सलाह पर करदाता द्वारा युक्तिसंगत रूप से भरोसा करने के कारण हुई हो; लेकिन केवल तभी, जब वह लिखित सलाह अनुभाग 21012 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) के अर्थ के अंतर्गत मुख्य विधिक परामर्शदाता का विधिक निर्णय हो।*

*(h) उपखंड (a) के तहत कम विवरणी की राशि को उस हिस्से से कम किया जाएगा जो निम्नलिखित में से किसी के कारण हो:*

*(1) करदाता द्वारा किसी मद का टैक्स संबंधी व्यवहार, यदि उस व्यवहार के लिए पर्याप्त विधिक आधार मौजूद है या मौजूद था।*

*(2) कोई भी मद, यदि निम्नलिखित लागू हों:*

*(A) उस मद के टैक्स संबंधी व्यवहार को प्रभावित करने वाले प्रासंगिक तथ्यों का रिटर्न में या रिटर्न के साथ संलग्न किसी विवरण में पर्याप्त रूप से खुलासा किया गया हो।*

*(B) करदाता द्वारा उस मद के टैक्स संबंधी व्यवहार के लिए युक्तिसंगत आधार हो।*

*(i) अनुभाग 18567 के उपखंड (a) के बावजूद, बोर्ड केवल 2026 टैक्स वर्ष के लिए टैक्स दाखिल करने हेतु छह महीने का समय-विस्तार प्रदान करेगा। अनुभाग 18567 के उपखंड (b) के बावजूद, इस अनुभाग द्वारा लगाए गए दंड अप्रैल 2027 तक किए जाने वाले आवश्यक अनुमानित भुगतानों पर लागू नहीं होंगे। इस अनुभाग के तहत लगाए गए दंड अक्टूबर 2027 में किए गए 2026 टैक्स वर्ष के अंतिम भुगतानों पर लागू होंगे। 2027 के बाद के सभी वर्षों के लिए इस अधिनियम द्वारा लगाए गए टैक्स पर अनुभाग 18567 लागू होगी।*

*(j) कानून के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, बोर्ड इस भाग द्वारा अधिकृत टैक्स का पूर्ण रूप से प्रशासन और संग्रह करने में सहायता के लिए, जैसा उपयुक्त हो, बाहरी विशेषज्ञों या बाहरी विधिक परामर्शदाताओं को नियुक्त कर सकता है और उन्हें युक्तिसंगत शुल्क का भुगतान कर सकता है। यद्यपि इन शुल्कों का भुगतान सरकारी संहिता के अनुभाग 16355 के उपखंड (e) में निर्धारित राशि से किया जा सकता है, यदि आवश्यक हो तो बोर्ड प्रतिपूर्ति के लिए अतिरिक्त वित्तपोषण की मांग कर सकता है।*

*(k) सामान्य बचाव-रोधी नियम।*

*(1) यदि बोर्ड यह निर्धारित करता है कि किसी लेन-देन या लेन-देन की श्रृंखला में आर्थिक सार का अभाव है, या किसी लेन-देन या लेन-देन की श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य इस भाग के संबंध में ऐसा टैक्स लाभ प्राप्त करना था जिसका आशय मतदाताओं या विधान मंडल द्वारा नहीं था, तो बोर्ड उस लाभ को अस्वीकार करने के लिए सभी तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए युक्तिसंगत तरीके से किसी भी व्यक्ति के लिए टैक्स संबंधी परिणाम निर्धारित कर सकता है।*

*(2) इस उपखंड के प्रयोजनों के लिए, किसी लेन-देन या लेन-देन की श्रृंखला को आर्थिक सार से रहित माना जाएगा यदि उस व्यक्ति के पास उस लेन-देन या लेन-देन की श्रृंखला में प्रवेश करने के लिए कोई वैध और महत्वपूर्ण गैर-कर व्यावसायिक उद्देश्य न हो, जिसमें राज्य और संघीय टैक्स प्रभावों से अलग उस लेन-देन या लेन-देन की श्रृंखला के समग्र आर्थिक प्रभाव को ध्यान में रखा जाएगा।*

*(l) नियंत्रित समूह आबंटन; रूप के बजाय वास्तविक स्वरूप को प्राथमिकता।*

*(1) यदि दो या अधिक संगठन, व्यापार, व्यवसाय, संस्थाएँ या व्यवस्थाएँ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समान हितों के स्वामित्व या नियंत्रण में हों, तो बोर्ड इस भाग के तहत निवल संपत्ति के निर्धारण से संबंधित परिसंपत्तियों, देनदारियों या किसी अन्य मद को उन व्यक्तियों के बीच वितरित, अनुपातिक या आबंटित कर सकता है, यदि बोर्ड यह निर्धारित करता है कि इस भाग द्वारा लगाए गए टैक्स से बचने को रोकने या उन टैक्स मदों के वास्तविक आर्थिक स्वामित्व और लाभ को स्पष्ट रूप से दर्शाने के लिए ऐसा वितरण, अनुपात या आबंटन आवश्यक है।*

*(2) अनुच्छेद (1) के तहत अपने अधिकार का प्रयोग करते समय, बोर्ड ऐसी किसी संस्था, व्यवस्था या लेन-देन की उपेक्षा कर सकता है जिसमें आर्थिक सार का अभाव हो, संबंधित लेन-देन को चरणबद्ध लेन-देन सिद्धांत के तहत एक ही लेन-देन मान सकता है, या अन्यथा लेन-देन के रूप के बजाय उसके वास्तविक स्वरूप को प्रभावी कर सकता है।*

*(m) आयकर सिद्धांतों का उपयोग; कोई निहित छूट नहीं।*

*(1) इस भाग को लागू करते समय, बोर्ड राज्य और संघीय आयटैक्स की व्याख्या और अनुप्रयोग के संबंध में विकसित विधिक सिद्धांतों पर भरोसा कर सकता है, और न्यायालय उनसे मार्गदर्शन ले सकते हैं, जिनमें बिना किसी सीमा के आर्थिक सार, व्यावसायिक उद्देश्य, दिखावटी लेन-देन, चरणबद्ध लेन-देन और रूप के बजाय वास्तविक स्वरूप से संबंधित सिद्धांत शामिल हैं।*

*(2) इस भाग द्वारा लगाए गए टैक्स से कोई छूट, अपवर्जन या कटौती नहीं होगी, सिवाय उन छूटों, अपवर्जनों या कटौतियों के जिन्हें इस भाग या California के संविधान की धारा XIII के अनुभाग 37 में स्पष्ट रूप से अधिकृत किया गया है।*

*(n) बोर्ड की शक्ति। किसी अन्य टैक्स के संबंध में बोर्ड की शक्तियों के बारे में कोई निहितार्थ उत्पन्न किए बिना, यदि बोर्ड टैक्स अपील कार्यालय के किसी निर्णय से असहमत है, तो वह नए सिरे से सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय में कार्रवाई दायर कर सकता है।*

*50313. व्याख्या*

*इस भाग के प्रावधानों की उदारतापूर्वक व्याख्या की जाएगी ताकि इसके उद्देश्यों को प्रभावी किया जा सके।*

*50314. त्वरित समीक्षा*

*(a) इस अनुभाग का उद्देश्य वैधता संबंधी कार्रवाई के माध्यम से इस अधिनियम की उसके स्वरूप के आधार पर वैधता का त्वरित और निर्णायक समाधान उपलब्ध कराना है।*

*(b) यह निर्धारित करने के लिए कि इस अधिनियम द्वारा लगाया गया टैक्स, या उससे संबंधित सभी कार्यवाहियाँ, संवैधानिक हैं या अन्यथा अपने स्वरूप के आधार पर अमान्य हैं, और केवल इस अधिनियम या उसके किसी भाग की वैधता निर्धारित करने के लिए दायर कोई कार्रवाई या कार्यवाही, सिविल प्रक्रिया संहिता के भाग 2 के शीर्षक 10 के अध्याय 9 (अनुभाग 860 से शुरू होते हुए) के अनुसार शुरू की जाएगी।*

*(c) मतदाताओं द्वारा अधिनियम की स्वीकृति के 60 दिनों से अधिक समय बाद कोई वैधता संबंधी कार्रवाई दायर नहीं की जाएगी। यदि उस अवधि के भीतर कोई कार्रवाई दायर नहीं की जाती है, तो टैक्स और उससे संबंधित सभी कार्यवाहियाँ, जिनमें अधिनियम को अपनाना और अनुमोदित करना शामिल है, अपने स्वरूप के आधार पर वैध एवं हर दृष्टि से कानूनी और निर्विवाद मानी जाएँगी।*

*(d) सिविल प्रक्रिया संहिता के भाग 2 के शीर्षक 10 का अध्याय 9 (अनुभाग 860 से शुरू होते हुए) इस अनुभाग के तहत सभी वैधता संबंधी कार्रवाइयों को नियंत्रित करेगा; हालांकि, किसी अन्य कानून के बावजूद:*

*(1) किसी भी वैधता संबंधी कार्रवाई के लिए एकमात्र न्याय-स्थान Sacramento काउंटी उच्च न्यायालय होगा, जहाँ सभी कार्रवाइयों को कम-से-कम मुकदमे की सुनवाई के लिए, या न्यायालय द्वारा निर्धारित सीमा तक, एकीकृत किया जाएगा।*

*(2) Sacramento काउंटी उच्च न्यायालय के प्रतिकूल निर्णय के विरुद्ध कोई भी अपील, किसी मध्यवर्ती अपीलीय समीक्षा के बिना, सीधे California सर्वोच्च न्यायालय में की जाएगी।*

*(3) यदि सर्वोच्च न्यायालय समीक्षा याचिका स्वीकार करता है, तो वह इस अधिनियम की वैधता से संबंधित किसी भी अपील या रिट पर त्वरित आधार पर सुनवाई करेगा।*

*(4) त्वरित और सुविचारित न्यायिक निर्णय प्रक्रिया को संभव बनाने के लिए संबंधित न्यायालय द्वारा आवश्यकतानुसार किए जाने वाले समायोजन के अधीन, Sacramento उच्च न्यायालय किसी भी वैधता संबंधी कार्रवाई का 1 अप्रैल, 2027 तक समाधान करने का हर संभव प्रयास करेगा, और California सर्वोच्च न्यायालय किसी भी समीक्षा कार्यवाही का 1 नवंबर, 2027 तक, या उसके बाद यथाशीघ्र, समाधान करने का हर संभव प्रयास करेगा। इन तारीखों को पूरा करने के लिए आवश्यकतानुसार लिखित दलीलें प्रस्तुत करने और सुनवाई की समय-सारणी निर्धारित की जाएगी।*

*(5) सिविल प्रक्रिया संहिता के अनुभाग 868 इस अनुभाग के तहत दायर की गई कार्रवाइयों पर लागू नहीं होगी।*

*(e) राज्य, कोई सरकारी एजेंसी, उसका कोई अधिकारी, कोई अन्य सरकारी नियोक्ता, प्रस्तावक, या प्रस्तावक की अनुपस्थिति में इस राज्य का कोई भी नागरिक, सिविल प्रक्रिया संहिता के अनुभाग 863 के तहत "हितधारक व्यक्ति" है।*

अनुभाग 8. संघर्ष।

यह अधिनियम अरबपतियों की आय पर नहीं, बल्कि उनकी निवल संपत्ति पर टैक्स लगाने का प्रावधान करता है। यदि यह विधेयक और कोई अन्य ऐसा विधेयक, जो अरबपतियों की आय पर नहीं बल्कि उनकी निवल संपत्ति पर टैक्स लगाता है या उस पर लागू टैक्स की दरों को प्रभावित करता है, या अरबपतियों की निवल संपत्ति पर लगाए गए टैक्स से प्राप्त धनराशि के उपयोग का प्रावधान करता है, एक ही राज्यव्यापी मतपत्र पर प्रस्तुत होते हैं, तो अन्य विधेयक या विधेयकों के प्रावधानों को इस विधेयक के साथ परस्पर विरोधी माना जाएगा। यदि इस विधेयक को इसके साथ परस्पर विरोधी माने गए किसी विधेयक की तुलना में अधिक हाँ के मत प्राप्त होते हैं, तो इस विधेयक के प्रावधान पूर्ण रूप से प्रभावी होंगे और अन्य विधेयक या विधेयकों के कोई भी परस्पर विरोधी प्रावधान अमान्य और निष्प्रभावी होंगे।

अनुभाग 9. प्रस्तावक का पक्षकार बनने का अधिकार।

इस अनुभाग का उद्देश्य इस अधिनियम का पूर्ण और व्यापक बचाव सुनिश्चित करना, जनता के पहल के अधिकार की रक्षा करना और यह चुनने के जनता के अधिकार की रक्षा करना है कि न्यायालय में इस अधिनियम का बचाव कौन करेगा। कानून के किसी अन्य प्रावधान के बावजूद, राज्य, कोई सरकारी एजेंसी, उसका कोई अधिकारी, कोई अन्य सरकारी नियोक्ता, प्रस्तावक, या प्रस्तावक की अनुपस्थिति में इस राज्य का कोई भी नागरिक, इस अधिनियम में निर्धारित अनुसार वैधता संबंधी कार्रवाई के माध्यम से या अन्यथा उपलब्ध किसी माध्यम से इस अधिनियम की वैधता का बचाव कर सकता है और इस अधिनियम का बचाव करने के उद्देश्य से सीधे मुकदमा दायर करने या किसी कार्रवाई में हस्तक्षेप करने के लिए अधिकृत है, चाहे वह निचली अदालत में हो, अपील पर हो, California सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समीक्षा में या उसके मूल अधिकार-क्षेत्र के प्रयोग में हो, या संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष हो। यदि अटॉर्नी जनरल इस अधिनियम का बचाव नहीं करता है, तो अधिनियम का बचाव करने और उसकी वैधता के पक्ष में पैरवी करने में लगने वाली युक्तिसंगत फीस और लागत अटॉर्नी जनरल को विनियोजित धनराशि पर प्रभार होगी, जिसका भुगतान शीघ्र किया जाएगा।

# प्रस्ताव 41

यह पहल विधेयक California के संविधान की धारा II के अनुभाग 8 के प्रावधानों के अनुसार जनता के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

यह पहल विधेयक California के संविधान में अनुभाग जोड़ता है; इसलिए, जो नए प्रावधान जोड़े जाने का प्रस्ताव है, उन्हें इटैलिक टाइप में प्रिंट किया गया है, ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे नए हैं।

## प्रस्तावित कानून

अनुभाग 1. शीर्षक।

इस अधिनियम को California सरकार में पारदर्शिता, प्रभावशीलता और दक्षता सुधार अधिनियम, 2026 के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।

अनुभाग 2. निष्कर्ष और घोषणाएँ।

California राज्य के लोग निम्नलिखित सभी बातों को पाते और घोषित करते हैं:

(a) हर दिन, California के लोग वहनीयता के संकट का सामना कर रहे हैं। आवास, भोजन, बिजली, स्वास्थ्य देखभाल, घर और वाहन बीमा एवं जीवन की कई अन्य आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की लागत लगातार बढ़ रही है।

(b) California के लोग पहले से ही संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे अधिक टैक्स चुकाने वाले लोगों में शामिल हैं। एक गैर-दलीय अनुसंधान संस्थान के हालिया विश्लेषण ने निष्कर्ष निकाला कि व्यक्तिगत आय टैक्स, बिक्री टैक्स, संपत्ति टैक्स और टैक्स लगाने के अन्य रूपों को ध्यान में रखते हुए, अपनी आबादी पर टैक्स लगाने के मामले में California देश में 48वें स्थान पर है। अन्य संकेतकों के साथ-साथ, California में देश का सबसे अधिक राज्य बिक्री टैक्स, आय पर टैक्स की सबसे ऊँची शीर्ष दर और गैसोलीन पर सबसे अधिक टैक्स है।

(c) सार्वजनिक प्रोग्राम अत्यंत आवश्यक सेवाएँ प्रदान करते हैं, जिनमें बच्चों, परिवारों और हमारे राज्य के अतिसंवेदनशील लोगों के लिए सेवाएँ शामिल हैं। लेकिन हमारे टैक्स के कई बिलियन डॉलर आवासहीनता से निपटने के प्रयासों जैसे प्रोग्रामों में लगाए गए हैं, जबकि उसके मुकाबले परिणाम बहुत कम दिखाई दिए हैं।

(d) करदाताओं से अप्रभावी प्रोग्रामों को समर्थन देने के लिए उनकी मेहनत की कमाई में से और अधिक भुगतान करने को कहने से पहले, हमारा अधिक पारदर्शिता स्थापित करना और प्रोग्रामों में सुधार की प्रगति को मापने योग्य तरीके से दर्ज करना ज़रूरी है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम विफलता का वित्तपोषण बंद करें और सफल परिणामों का वित्तपोषण शुरू करें। सरकार को हमारे टैक्स के डॉलर का अधिक समझदारी से उपयोग करना ज़रूरी है।

41

(e) इनमें से कुछ प्रयास पहले से ही चल रहे हैं। उदाहरण के लिए, Newsom प्रशासन ने प्रौद्योगिकी और स्वचालन का अधिक उपयोग करके, डेटा नवाचार कार्यालय की स्थापना करके और मोटर वाहन विभाग का आधुनिकीकरण करके सरकार में दक्षता बढ़ाने का प्रयास किया है। यह संघीय स्तर पर राष्ट्रपति Obama द्वारा पहले किए गए उन प्रयासों के अनुरूप है, जिनका उद्देश्य सरकार में बर्बादी को कम करना और खराब प्रदर्शन करने वाले प्रोग्रामों में कटौती करना था।

(f) हालांकि ये मौजूदा प्रयास एक अच्छी शुरुआत हैं, फिर भी अक्षमता को कम करने और सरकारी बर्बादी में कटौती करने के लिए और अधिक किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, हाल के अध्ययनों में पाया गया है कि कुछ प्रोग्रामों में प्रत्येक डॉलर के 25 सेंट तक अक्षमता या बर्बादी के कारण नष्ट हो जाते हैं।

(g) इसके बावजूद, विधान मंडल और विशेष हित समूह अपनी पसंदीदा परियोजनाओं के लिए नए और अधिक टैक्स का प्रस्ताव देना जारी रखते हैं, जबकि यह सुनिश्चित करने का कठिन कार्य नहीं करते कि सरकारी प्रोग्राम पहले से उपलब्ध अपने राजस्व का यथासंभव प्रभावी और कुशल तरीके से उपयोग कर रहे हैं। California के लोगों को यह अपेक्षा करने का अधिकार है कि राज्य सरकार प्रोग्रामों की प्रभावशीलता और दक्षता में सुधार करे एवं बर्बादी में कटौती करे, इससे पहले कि हमसे और अधिक टैक्स चुकाने को कहा जाए—जो हमारे जीवन-यापन की लागत के संकट को और भी बदतर बनाते हैं।

(h) 1979 में, California के मतदाताओं ने फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने, अधिक प्रभावी सरकार को प्रोत्साहित करने और सीमा से अधिक किसी भी अतिरिक्त राजस्व को करदाताओं को वापस करने में मदद के लिए राज्य की खर्च सीमा को मंज़ूरी दी थी। हालांकि, उसके बाद के वर्षों में विशेष हितों वाले समूहों ने बार-बार ऐसे नए टैक्स पारित कराए हैं जिन्हें राज्य की खर्च सीमा से छूट दी गई। इससे टैक्स और अधिक बढ़ते हैं और इस बात की संभावना कम हो जाती है कि राज्य के अतिरिक्त राजस्व को करदाताओं को वापस किया जाएगा।

(i) यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस अधिनियम की नई दक्षता और पारदर्शिता संबंधी आवश्यकताओं का अपेक्षित प्रभाव पड़ने से पहले राज्य का खर्च और अधिक नियंत्रण से बाहर न हो जाए, हमें किसी भी नए टैक्स को राज्य की खर्च सीमा से छूट दिए जाने से रोकना होगा। मतदाताओं द्वारा अनुमोदित इस राज्य खर्च सीमा की रक्षा करना इस अधिनियम के उद्देश्य के अनुसार राज्य सरकार को California के लोगों के टैक्स डॉलर का बेहतर प्रबंधक बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब सरकार को राज्य की खर्च सीमा के तहत अपने उपलब्ध साधनों के भीतर रहकर काम करना पड़ता है, तो सरकार द्वारा करदाताओं के धन को प्रभावी और कुशल तरीके से खर्च किए जाने की संभावना अधिक होती है।

अनुभाग 3. आशय का कथन।

इस अधिनियम को लागू करने में, California राज्य की जनता का उद्देश्य और आशय California राज्य लेखा-परीक्षक से उन सभी राज्य प्रोग्रामों का प्रारंभिक और निरंतर लेखा-परीक्षण कराना है, जिन्हें नए या बढ़े हुए विशेष टैक्स से प्राप्त राजस्व दिए जाने के लिए लक्षित किया गया है। लेखा-परीक्षण में संभावित बचत और सुधार के क्षेत्रों की पहचान की जानी और उनके परिणाम जनता के साथ साझा किए जाने ज़रूरी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अतिरिक्त वित्तपोषण वास्तव में आवश्यक है, सार्वजनिक प्रोग्राम परिणाम दे रहे हैं और करदाताओं का धन अक्षमता, बर्बादी या दुरुपयोग के कारण नष्ट नहीं हो रहा है—साथ ही राज्य की खर्च सीमा से छूट दिए जाने पर भी रोक लगाई जाए, जो राज्य सरकार पर दक्षता और अनुशासन लागू करती है।

अनुभाग 4. California के संविधान में धारा XXIV को इस प्रकार पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

धारा *XXIV*

*करदाताओं के धन की रक्षा*

*अनुभाग 1. विशेष टैक्स पहलों के लिए चुनाव-पूर्व लेखा-परीक्षण*

*(a) जब प्रस्तावित विशेष टैक्स पहल के लिए प्रमाणीकरण, चुनाव संहिता के अनुभाग 9034 के उपखंड (a) के अनुसार राज्य सचिव को प्रस्तुत किया जाता है, तो California राज्य लेखा-परीक्षक उस प्रत्येक प्रोग्राम का चुनाव-पूर्व वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण तैयार करना शुरू करेगा, जिसे विशेष टैक्स से धनराशि प्राप्त होगी।*

*(b) चुनाव-पूर्व वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण में कम-से-कम निम्नलिखित सभी विषयों को शामिल किया जाएगा:*

*(1) क्या प्रोग्राम वर्तमान में कर्मचारियों, उपकरणों, प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर एवं सुविधा-स्थलों सहित संसाधनों को आवश्यक गुणवत्ता के लिए न्यूनतम लागत पर प्राप्त कर रहा है।*

*(2) क्या प्रोग्राम खर्च किए गए प्रत्येक डॉलर से अधिकतम परिणाम प्राप्त कर रहा है।*

*(3) प्रोग्राम वास्तव में अपने निर्धारित लक्ष्यों और परिणामों को किस सीमा तक प्राप्त कर रहा है।*

*(4) प्रोग्राम में वास्तविक और संभावित धोखाधड़ी, बर्बादी और दुरुपयोग की मात्रा एवं धोखाधड़ी, बर्बादी और दुरुपयोग को रोकने के लिए मौजूदा प्रणालियों की पर्याप्तता।*

*(5) इस बात का आकलन कि क्या प्रोग्राम संबंधित कानूनों, विनियमों और आंतरिक नीतियों का पालन कर रहा है।*

*(6) इस बात का आकलन कि क्या प्रोग्राम ने अपने सबसे बड़े खतरों की पहचान की है और उन्हें कम करने की कोई योजना बनाई है।*

*(7) प्रोग्राम द्वारा निर्णय लेने के लिए उपयोग किए जाने वाले या जिन पर भरोसा किया जाता है, उन आँकड़ों की सटीकता और विश्वसनीयता की सीमा।*

*(8) क्या प्रोग्राम में जवाबदेही और निगरानी की पर्याप्त व्यवस्था मौजूद है।*

*(9) प्रोग्राम की लागतों की तुलना गैर-सरकारी क्षेत्र के किसी समान प्रोग्राम की लागतों से कैसे होती है।*

*(10) प्रोग्राम प्रत्येक वर्ष कम-से-कम 10 प्रतिशत की बजटीय बचत कैसे प्राप्त कर सकता है, इस संबंध में सिफारिशें।*

*(c) इस अनुभाग द्वारा आवश्यक चुनाव-पूर्व वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण तैयार करते समय, California राज्य लेखा-परीक्षक विधायी विश्लेषक कार्यालय (LAO) से सुझाव आमंत्रित करेगा और कार्यालय की रिपोर्टों, विश्लेषणों और सिफारिशों में निहित जानकारी पर भरोसा कर सकता है।*

*(d) California राज्य लेखा-परीक्षक चुनाव-पूर्व वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण में एक कार्यकारी सारांश शामिल करेगा, जिसमें उपखंड (b) में वर्णित विषयों से संबंधित सभी निष्कर्षों और सिफारिशों का सारांश होगा।*

*(e) (1) चुनाव-पूर्व वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण की प्रतियाँ राज्यपाल, विधान मंडल और राज्य सचिव को दी जाएँगी एवं उन्हें California राज्य लेखा-परीक्षक की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और जनता के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।*

*(2) यदि विशेष टैक्स पहल धारा II में निर्धारित अनुसार मतपत्र के लिए पात्र हो जाती है, तो चुनाव-पूर्व वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण का कार्यकारी सारांश राज्य मतदाता सूचना गाइड में विधायी विश्लेषक द्वारा तैयार किए गए निष्पक्ष विश्लेषण के ठीक बाद प्रकाशित किया जाएगा। California राज्य लेखा-परीक्षक चुनाव-पूर्व वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण, जिसमें कार्यकारी सारांश भी शामिल है, ऐसी तारीख तक पूरा करेगा जिससे राज्य मतदाता सूचना गाइड को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की समय-सीमाएँ पूरी की जा सकें।*

*(f) यदि विशेष टैक्स पहल को मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो नियंत्रक द्वारा निर्धारित अनुसार चुनाव-पूर्व वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण तैयार करने में हुई युक्तिसंगत लागतों के लिए California राज्य लेखा-परीक्षक को विशेष टैक्स पहल से उत्पन्न राजस्व से प्रतिपूर्ति की जाएगी।*

*अनुभाग 2. सभी नए या बढ़े हुए विशेष टैक्स के लिए निरंतर लेखा-परीक्षण*

*(a) (1) 1 जनवरी, 2026 को या उसके बाद विधान मंडल या राज्यव्यापी पहल विधेयक द्वारा अधिनियमित सभी विशेष टैक्स के लिए, California राज्य लेखा-परीक्षक उस प्रत्येक प्रोग्राम का निरंतर वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण करेगा, जिसे विशेष टैक्स से धनराशि प्राप्त होती है।*

*(2) विशेष टैक्स की प्रभावी तारीख से शुरू होकर, प्रत्येक चार वर्ष में एक निरंतर वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण पूरा किया जाएगा।*

*(b) इस अनुभाग द्वारा आवश्यक निरंतर वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण में निम्नलिखित विषय शामिल होंगे:*

*(1) इस धारा के अनुभाग 1 के उपखंड (b) में वर्णित सभी विषय।*

*(2) प्रोग्राम अपनी प्रभावशीलता कैसे बढ़ा सकता है और लागतों में कैसे कटौती कर सकता है, या अन्यथा करदाताओं और राज्य के राजस्व पर प्रोग्राम द्वारा डाले गए बोझ को कैसे कम कर सकता है, इस संबंध में सिफारिशें।*

*(c) (1) इस अनुभाग द्वारा आवश्यक निरंतर वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण तैयार करते समय, California राज्य लेखा-परीक्षक विधायी विश्लेषक कार्यालय (LAO) से सुझाव आमंत्रित करेगा और कार्यालय की रिपोर्टों, विश्लेषणों और सिफारिशों में निहित जानकारी पर भरोसा कर सकता है।*

*(2) California राज्य लेखा-परीक्षक प्रोग्रामों की प्रभावशीलता को मापने के लिए उपयोग किए जाने वाले मानकों और टैक्स डॉलर को अधिक प्रभावी ढंग से कैसे खर्च किया जा सकता है, इस संबंध में अपने निर्धारणों को सूचित करने के लिए जनता से भी सुझाव आमंत्रित करेगा।*

*(d) नियंत्रक द्वारा निर्धारित अनुसार, निरंतर वित्तीय और कार्य-निष्पादन लेखा-परीक्षण तैयार करने में हुई युक्तिसंगत लागतों के लिए California राज्य लेखा-परीक्षक को विशेष टैक्स से उत्पन्न राजस्व से प्रतिपूर्ति की जाएगी।*

*अनुभाग 3.* राज्य की खर्च सीमा से छूट पर प्रतिबंध

*(a) 1 जनवरी, 2026 को या उसके बाद अधिनियमित या प्रभावी होने वाले किसी भी राज्य टैक्स को सरकारी खर्च सीमा से छूट नहीं दी जाएगी और न ही उससे बाहर रखा जाएगा।*

*(b) California राज्य 1 जनवरी, 2026 को या उसके बाद अधिनियमित या प्रभावी होने वाले किसी भी ऐसे राज्य टैक्स को लागू, एकत्र या प्रवर्तित नहीं करेगा, जिसे सरकारी खर्च सीमा से छूट दी गई हो या उससे बाहर रखा गया हो।*

*अनुभाग 4. इस धारा के प्रयोजनों के लिए:*

*(a) "California राज्य लेखा-परीक्षक" का अर्थ सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 1 के अध्याय 6.5 (अनुभाग 8543 से शुरू होते हुए) में वर्णित California राज्य लेखा-परीक्षक है।*

*(b) "सरकारी खर्च सीमा से छूट दी गई या बाहर रखा गया" का अर्थ निम्नलिखित में से कोई एक है:*

*(1) राज्य टैक्स से प्राप्त राजस्व को, पूर्णतः या आंशिक रूप से, सामान्य कोष के बाहर किसी विशेष कोष या खाते में जमा किया जाता है, और उस विशेष कोष या खाते से किए गए विनियोग धारा XIII B के तहत सरकार की प्रत्येक संस्था और California राज्य के सीमा के अधीन विनियोगों में शामिल नहीं किए जाते हैं।*

*(2) California राज्य की विनियोग सीमा को धारा XIII B के अनुभाग 4 के अनुसार कानून द्वारा बढ़ाया जाता है।*

*(c) "सरकारी खर्च सीमा" का अर्थ धारा XIII B है।*

*(d) "विशेष टैक्स" का अर्थ ऐसा टैक्स है जिसका उपयोग असीमित उद्देश्यों के बजाय केवल विशिष्ट उद्देश्यों के वित्तपोषण के लिए किया जा सकता है।*

41

*(e) "विशेष टैक्स पहल" का अर्थ धारा II के अनुभाग 8 या धारा XVIII के अनुभाग 3 के अनुसार प्रस्तावित ऐसा पहल विधेयक है, जिसमें विशेष टैक्स शामिल हो।*

*अनुभाग 5.* यह धारा उन सभी राज्यव्यापी पहल विधेयकों पर लागू होती है जिन्हें *1 जनवरी, 2026 को या उसके बाद मतदाताओं के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, जिनमें वे विधेयक भी शामिल हैं जो उसी चुनाव के मतपत्र पर आते हैं जिसमें इस धारा को जोड़ने वाले विधेयक को मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाता है।*

*अनुभाग* 5. परस्पर विरोधी विधेयक।

(a) (1) यदि यह पहल विधेयक उसी राज्यव्यापी चुनाव के मतपत्र पर किसी अन्य ऐसे पहल विधेयक के साथ आता है जो (A) विशेष टैक्स पर अलग लेखा-परीक्षण नियम लागू करता है; या (B) ऐसा राज्य टैक्स शामिल करता है जिसे सरकारी खर्च सीमा से छूट दी गई है या उससे बाहर रखा गया है, तो उस अन्य पहल विधेयक को इस विधेयक के साथ परस्पर विरोधी माना जाएगा। यदि इस पहल विधेयक को अधिक संख्या में हाँ के मत प्राप्त होते हैं, तो इस विधेयक के प्रावधान पूर्ण रूप से प्रभावी होंगे और अन्य विधेयक के सभी प्रावधान अमान्य और निष्प्रभावी होंगे।

(2) इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, "विशेष टैक्स" का वही अर्थ होगा जो इस अधिनियम के अनुभाग 4 में निर्धारित किया गया है।

(b) यदि इस पहल विधेयक को मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाता है, लेकिन उसी चुनाव में मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किसी अन्य परस्पर विरोधी पहल विधेयक द्वारा इसे पूर्णतः या आंशिक रूप से अधिक्रमित कर दिया जाता है, और बाद में उस परस्पर विरोधी विधेयक को अमान्य ठहराया जाता है, तो यह विधेयक स्वतः लागू होगा और इसे पूर्ण बल और प्रभाव दिया जाएगा।

अनुभाग 6. पृथक्करणीयता।

इस अधिनियम के प्रावधान पृथक्करणीय हैं। यदि इस अधिनियम के किसी भाग, अनुभाग, उपखंड, अनुच्छेद, खंड, उपखंड, वाक्य, वाक्यांश, शब्द या अनुप्रयोग को किसी भी कारण से सक्षम अधिकार-क्षेत्र वाले किसी न्यायालय के निर्णय द्वारा अमान्य ठहराया जाता है, तो उस निर्णय से इस अधिनियम के शेष भागों की वैधता प्रभावित नहीं होगी। California राज्य की जनता एतद्द्वारा घोषित करती है कि उसने इस अधिनियम एवं इसके प्रत्येक ऐसे भाग, अनुभाग, उपखंड, अनुच्छेद, खंड, उपखंड, वाक्य, वाक्यांश, शब्द और अनुप्रयोग को, जिसे अमान्य या असंवैधानिक घोषित नहीं किया गया है, इस बात की परवाह किए बिना अपनाया होता कि इस अधिनियम के किसी भाग या उसके अनुप्रयोग को बाद में अमान्य घोषित किया जाएगा।

अनुभाग 7. प्रभावी तिथि।

यह अधिनियम California के संविधान की धारा II के अनुभाग 10 के अनुसार यथाशीघ्र संभव तारीख से प्रभावी होगा। यह अधिनियम उसी दिन क्रियाशील होगा जिस दिन यह प्रभावी होगा।

अनुभाग 8. उदार व्याख्या।

इस अधिनियम के आशय और उद्देश्यों को प्रभावी बनाने के लिए इसकी उदारतापूर्वक व्याख्या की जाएगी।

अनुभाग 9. कानूनी बचाव।

इस अनुभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोगों के पहल के बहुमूल्य अधिकार को राज्य के राजनेताओं द्वारा अनुचित रूप से निरस्त नहीं किया जा सके, जो मतदाताओं की इच्छा का संरक्षण करने से इनकार करते हैं। इसलिए, यदि इस अधिनियम को California राज्य के मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाता है और उसके बाद इसे कानूनी चुनौती दी जाती है जो किसी भी तरह से इस अधिनियम के दायरे या कार्यान्वयन को सीमित करने का प्रयास करती है, या आरोप लगाती है कि यह अधिनियम किसी राज्य या संघीय कानून का पूर्णतः या आंशिक रूप से उल्लंघन करता है, और राज्यपाल और अटॉर्नी जनरल दोनों California राज्य की ओर से इस अधिनियम का यथासंभव पूर्णतः बचाव करने से इनकार करते हैं, तो निम्नलिखित कार्रवाई की जाएगी:

(a) सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 3 के भाग 2 के अध्याय 6 (अनुभाग 12500 से शुरू होते हुए) या किसी अन्य कानून में इसके विपरीत किसी भी प्रावधान के बावजूद, अटॉर्नी-जनरल California राज्य की ओर से इस अधिनियम का यथासंभव पूर्ण सीमा तक निष्ठापूर्वक और दृढ़ता से बचाव करने के लिए स्वतंत्र कानूनी सलाहकार नियुक्त करेगा।

(b) स्वतंत्र कानूनी सलाहकार को नियुक्त करने या उसके बाद उसे बदलने से पहले, अटॉर्नी-जनरल स्वतंत्र कानूनी सलाहकार की योग्यताओं का निर्धारण करने में समुचित सावधानी बरतेगा और उससे लिखित पुष्टि प्राप्त करेगा कि वह इस अधिनियम का यथासंभव पूर्ण सीमा तक निष्ठापूर्वक और दृढ़ता से बचाव करेगा। अनुरोध किए जाने पर लिखित पुष्टि तत्काल सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाएगी।

(c) ऐसे मामलों में इस अधिनियम के बचाव में सहायता करने के लिए, जहाँ राज्यपाल और अटॉर्नी-जनरल मतदाताओं की इच्छा के बावजूद ऐसा करने में विफल रहते हैं, नियंत्रक को सामान्य कोष से, वित्तीय वर्षों की परवाह किए बिना, स्वतंत्र कानूनी सलाहकार को नियुक्त रखने की लागतों को पूरा करने के लिए आवश्यक राशि का निरंतर विनियोग एतद्द्वारा किया जाता है, ताकि California राज्य की ओर से इस अधिनियम का यथासंभव पूर्ण सीमा तक निष्ठापूर्वक और दृढ़ता से बचाव किया जा सके।

# प्रस्ताव 42

यह पहल विधेयक California के संविधान की धारा II के अनुभाग 8 के प्रावधानों के अनुसार जनता के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

यह पहल विधेयक California के संविधान में अनुभाग जोड़ता है; इसलिए, जो नए प्रावधान जोड़े जाने का प्रस्ताव है, उन्हें इटैलिक टाइप में प्रिंट किया गया है, ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे नए हैं।

## प्रस्तावित कानून

अनुभाग 1. शीर्षक।

इस अधिनियम को रिटायरमेंट और व्यक्तिगत बचत संरक्षण अधिनियम, 2026 के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।

अनुभाग 2. निष्कर्ष और घोषणाएँ।

(a) California के परिवार हर चीज़ के लिए अधिक भुगतान कर रहे हैं और हम पहले से ही देश में सबसे अधिक टैक्स चुकाने वालों में शामिल हैं। एक गैर-दलीय अनुसंधान संस्थान के हालिया विश्लेषण ने निष्कर्ष निकाला कि व्यक्तिगत आय टैक्स, बिक्री टैक्स, संपत्ति टैक्स और टैक्स के अन्य रूपों को ध्यान में रखते हुए, अपनी आबादी पर टैक्स का बोझ डालने के मामले में California देश में तीसरे सबसे खराब स्थान पर है। इस मामले में California केवल New Jersey और District of Columbia से पीछे है। अन्य संकेतकों के अलावा, California में देश का सबसे अधिक राज्य बिक्री टैक्स, आय टैक्स की सबसे ऊँची शीर्ष दर और गैसोलीन पर सबसे अधिक टैक्स भी है।

(b) हर दिन, California के लोग वहनीयता के संकट का भी सामना कर रहे हैं। आवास, भोजन, बिजली, स्वास्थ्य देखभाल, घर और वाहन बीमा एवं जीवन की कई अन्य आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की लागत लगातार बढ़ रही है। California के लोग रोज़मर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए भी आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे हैं। रिटायरमेंट या मुश्किल समय के लिए बचत करना और भी कठिन है। राज्य में जीवन-यापन की असाधारण रूप से ऊँची लागत को देखते हुए, एक हालिया विश्लेषण से पता चलता है कि यदि California के लोग 20 वर्षों तक आराम से सेवानिवृत्त जीवन बिताना चाहते हैं, तो उन्हें $2.3 मिलियन डॉलर की बचत की आवश्यकता होगी। California के कई लोगों के लिए इतनी बड़ी राशि जुटाना असंभव है।

(c) स्थिति को और बदतर बनाते हुए, राजनेता और विशेष हित समूह रिटायरमेंट संबंधी परिसंपत्तियों, व्यक्तिगत स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों और व्यक्तिगत बचत के अन्य रूपों पर टैक्स लगाना शुरू करना चाहते हैं—भले ही "California ड्रीम" हममें से कई लोगों की पहुँच से और दूर होता जा रहा है और California के कई लोग रिटायरमेंट के लिए पर्याप्त धन बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जो कुछ जोखिम में पड़ सकता है, उसके कुछ उदाहरण ये हैं:

(1) शिक्षक, पुलिस अधिकारी, अग्निशामक और अन्य समर्पित कर्मचारी निर्धारित-लाभ पेंशन लाभ अर्जित करते हैं। उनके पेंशन लाभों के *भविष्य* के मूल्य पर टैक्स लगाया जा सकता है और उन्हें पेंशन के रूप में एक पैसा भी मिलने से पहले सरकार को भुगतान करने के लिए मजबूर किया जा सकता है।

(2) 401(k) रिटायरमेंट योजनाओं और व्यक्तिगत रिटायरमेंट खातों (IRAs) में योगदान करने वाले एवं स्टॉक, बॉन्ड, म्यूचुअल फंड और अन्य निवेशों में निवेश करने वाले California के लोगों की रिटायरमेंट के लिए जमा की गई बचत के मूल्य पर टैक्स लगाया जा सकता है। इससे कर्मचारियों को अपनी मेहनत से अर्जित बचत का कुछ हिस्सा गंवाना पड़ सकता है, जिसके कारण उन्हें रिटायरमेंट टालनी पड़ सकती है और जीवन के बाद के वर्षों में वे आर्थिक रूप से अधिक असुरक्षित हो सकते हैं।

(d) California पहले से ही अपने निवासियों पर आय टैक्स, पूंजीगत लाभ टैक्स, अचल संपत्ति टैक्स, व्यक्तिगत संपत्ति टैक्स, निगम टैक्स, बिक्री और उपयोग टैक्स, अचल संपत्ति लेनदेन टैक्स एवं कई अन्य टैक्स लगाता है। इसके अतिरिक्त, जब California के लोग अपनी रिटायरमेंट संबंधी परिसंपत्तियों से धन प्राप्त करना शुरू करते हैं, अपनी व्यक्तिगत स्वामित्व वाली परिसंपत्तियाँ बेचते हैं या अन्य व्यक्तिगत बचत में हुई वृद्धि से लाभ प्राप्त करते हैं, तो वे पहले से ही राज्य के आय, पूंजीगत लाभ और संपत्ति टैक्स के अधीन होते हैं। लेकिन राजनेताओं और विशेष हितों वाले समूहों को केवल ऐसी व्यक्तिगत संपत्ति के स्वामित्व या नियंत्रण पर टैक्स लगाने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, जैसे रिटायरमेंट संबंधी परिसंपत्तियाँ, व्यक्तिगत स्वामित्व वाली परिसंपत्तियाँ और व्यक्तिगत बचत के अन्य रूप, जिन्हें बचाने के लिए California के लोग कड़ी मेहनत करते हैं।

(e) पूर्वव्यापी टैक्स का भी California के लोगों की रिटायरमेंट योजना और व्यक्तिगत बचत पर उतना ही विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है। एक लोकतांत्रिक समाज में निष्पक्षता के मूलभूत सिद्धांतों के अनुसार यह आवश्यक है कि व्यक्ति, परिवार और व्यवसाय अपनी वित्तीय योजना को नियंत्रित करने वाले टैक्स कानूनों को समझ सकें और उन पर भरोसा कर सकें, ताकि वे नियमों की अग्रिम जानकारी के आधार पर निर्णय ले सकें।

(f) California के लोगों की अपनी वित्तीय और रिटायरमेंट संबंधी योजनाएँ बनाने और लक्ष्यों को प्राप्त करने की क्षमता इस बात पर निर्भर करती है कि उन्हें अपने ऊपर लागू होने वाले टैक्स दायित्वों की अग्रिम जानकारी हो। टैक्स कानूनों में पूर्वव्यापी बदलाव मूल रूप से अनुचित हैं और सरकार में विश्वास को कमजोर करते हैं, रिटायरमेंट और वित्तीय योजना को बाधित करते हैं एवं निवासियों और व्यवसायों को भविष्य के लिए तैयारी करने से रोकते हैं।

(g) Sacramento के राजनेताओं और विशेष हितों वाले समूहों ने अकुशल और अप्रभावी प्रोग्रामों पर हमारे टैक्स के कई बिलियन डॉलर बर्बाद किए हैं। लेकिन वे और अधिक टैक्स प्रस्तावों के साथ हमारे और अधिक पैसे के लिए बार-बार वापस आते रहते हैं। उन्हें हमारी रिटायरमेंट संबंधी परिसंपत्तियों पर टैक्स लगाने या पिछले आचरण, गतिविधियों या स्थिति के आधार पर हम पर पूर्वव्यापी रूप से टैक्स लगाने की आवश्यकता नहीं है—उन्हें उस धन से बेहतर परिणाम देने की आवश्यकता है जिसे करदाताओं ने खर्च करने के लिए उन्हें पहले ही दे दिया है।

अनुभाग 3. आशय का कथन।

इस अधिनियम को लागू करने में, California राज्य की जनता का उद्देश्य और आशय हमारी व्यक्तिगत संपत्ति पर नए टैक्स लगाए जाने पर रोक लगाकर California के लोगों की अपने भविष्य के लिए बचत करने की क्षमता की रक्षा करना है, जिसमें रिटायरमेंट संबंधी परिसंपत्तियों, व्यक्तिगत स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों और व्यक्तिगत बचत के अन्य रूपों का स्वामित्व या नियंत्रण शामिल है, साथ ही यह आवश्यक करना है कि सभी नए टैक्स केवल भविष्य के लिए लागू हों।

अनुभाग 4. California के संविधान में धारा VIII को इस प्रकार पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

धारा *VIII*

*अनुभाग 1. रिटायरमेंट संबंधी परिसंपत्तियों, व्यक्तिगत स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों और व्यक्तिगत बचत के अन्य रूपों पर टैक्स लगाने का निषेध*

*(a) 1 जनवरी, 2026 को या उसके बाद अधिनियमित कोई भी राज्य कानून और इस संविधान का कोई भी प्रावधान, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रखी गई रिटायरमेंट संबंधी परिसंपत्तियों, व्यक्तिगत स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों और व्यक्तिगत बचत के अन्य रूपों के स्वामित्व या नियंत्रण पर टैक्स को अधिनियमित, सृजित या लागू नहीं कर सकता और न ही ऐसे टैक्स के संग्रह को अधिकृत कर सकता है।*

*(b) इस अनुभाग की कोई भी बात ऐसे किसी टैक्स को लगाने या एकत्र करने में बदलाव या उसे सीमित नहीं करेगी जो 31 दिसंबर, 2025 को या उससे पहले प्रभावी था, लगाया गया था और पहली बार एकत्र किया गया था।*

*(c) इस अनुभाग की कोई भी बात इस संविधान के अन्य प्रावधानों में निर्धारित अचल संपत्ति पर टैक्स लगाने में बदलाव नहीं करेगी या उसे प्रभावित नहीं करेगी।*

*अनुभाग 2. पूर्वव्यापी टैक्स का निषेध*

*(a) (1) 1 जनवरी, 2026 को या उसके बाद अधिनियमित कोई भी राज्य कानून और इस संविधान का कोई भी प्रावधान ऐसे टैक्स को अधिनियमित, सृजित या लागू नहीं कर सकता और न ही उसके संग्रह को अधिकृत कर सकता है, जो पूर्वव्यापी रूप से लागू होकर ऐसे आचरण, गतिविधियों या स्थिति के आधार पर टैक्स दायित्व उत्पन्न करता हो जो राज्य कानून या संवैधानिक प्रावधान की प्रभावी तारीख से पहले घटित हुए हों या मौजूद रहे हों।*

*(2) यह उपखंड ऐसे टैक्स पर भी लागू होता है जो किसी करदाता पर टैक्स की प्रभावी तारीख से पहले की किसी तारीख को उसकी निवास स्थिति के आधार पर लगाया जाता है।*

*(b) उपखंड (a) की कोई भी बात ऐसे किसी टैक्स को लगाने या एकत्र करने में बदलाव या उसे सीमित नहीं करेगी जो 31 दिसंबर, 2025 को या उससे पहले प्रभावी था, लगाया गया था और पहली बार एकत्र किया गया था।*

42

*(c) उपखंड (a) 1 जनवरी, 2026 को या उसके बाद विधान मंडल द्वारा पारित किसी कानून द्वारा लगाए गए टैक्स पर लागू नहीं होगा, यदि निम्नलिखित दोनों शर्तें लागू होती हैं:*

*(1) टैक्स, कानून के प्रभावी होने की तारीख से पहले 365 दिनों से अधिक की अवधि के लिए पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं होता है।*

*(2) निम्नलिखित में से कम-से-कम एक शर्त मौजूद हो:*

*(A) राज्यपाल आग, बाढ़, तूफान, नागरिक अशांति, भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट या किसी विदेशी शत्रु द्वारा वास्तविक या आसन्न हमले के परिणामस्वरूप आपातकाल घोषित करता है और टैक्स से प्राप्त राजस्व का उपयोग कानून द्वारा स्पष्ट रूप से उस आपातकाल से निपटने तक सीमित किया गया हो।*

*(B) राज्यपाल धारा IV के अनुभाग 10 के उपखंड (f) के अनुसार राजकोषीय आपातकाल घोषित करता है और टैक्स से प्राप्त राजस्व का उपयोग कानून द्वारा स्पष्ट रूप से उस राजकोषीय आपातकाल से निपटने तक सीमित किया गया हो।*

*अनुभाग 3. परिभाषाएँ*

*इस धारा के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित परिभाषाएँ लागू होंगी:*

*(a) "रिटायरमेंट संबंधी परिसंपत्तियाँ, व्यक्तिगत स्वामित्व वाली परिसंपत्तियाँ और व्यक्तिगत बचत के अन्य रूप" से आशय पेंशन; रिटायरमेंट खातों, जिनमें 401(k) खाते, 403(b) खाते और अन्य सभी व्यक्तिगत रिटायरमेंट खाते शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं; म्यूचुअल फंड; एवं सभी व्यक्तिगत संपत्ति, चाहे मूर्त हो या अमूर्त, से है, जिनमें वित्तीय परिसंपत्तियाँ, निवेश खाते, व्यावसायिक हित, डिजिटल परिसंपत्तियाँ, बौद्धिक संपदा, व्यक्तिगत सामान एवं आय उत्पन्न करने या रिटायरमेंट या वित्तीय योजना के लिए बचत करने हेतु उपयोग की जाने वाली अन्य परिसंपत्तियाँ शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।*

*(b) "टैक्स" का अर्थ वही है जो धारा XIII A के अनुभाग 3 के उपखंड (b) में परिभाषित किया गया है।*

*अनुभाग 4. धारा का अनुप्रयोग*

*यह धारा उन सभी राज्यव्यापी पहल विधेयकों पर लागू होती है जिन्हें 1 जनवरी, 2026 को या उसके बाद मतदाताओं के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, जिनमें वे विधेयक भी शामिल हैं जो उसी चुनाव के मतपत्र पर आते हैं जिसमें इस धारा को जोड़ने वाले विधेयक को मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाता है।*

अनुभाग 5. परस्पर विरोधी विधेयक।

(a) (1) यदि यह पहल विधेयक उसी राज्यव्यापी चुनाव के मतपत्र पर किसी अन्य ऐसे पहल विधेयक के साथ आता है जो रिटायरमेंट संबंधी परिसंपत्तियों, व्यक्तिगत स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों और व्यक्तिगत बचत के अन्य रूपों के स्वामित्व या नियंत्रण पर टैक्स स्थापित, अधिनियमित, सृजित या लागू करेगा या ऐसे टैक्स के संग्रह को अधिकृत करेगा, या ऐसा टैक्स अधिनियमित करेगा जिसके परिणामस्वरूप पहल विधेयक की प्रभावी तारीख से पहले घटित हुए या मौजूद रहे आचरण, गतिविधियों या स्थिति के आधार पर टैक्स दायित्व उत्पन्न होगा, तो उस अन्य पहल विधेयक को इस विधेयक के साथ परस्पर विरोधी माना जाएगा। यदि इस पहल विधेयक को अधिक संख्या में हाँ के मत प्राप्त होते हैं, तो इस विधेयक के प्रावधान पूर्ण रूप से प्रभावी होंगे और अन्य विधेयक के सभी प्रावधान अमान्य और निष्प्रभावी होंगे।

(2) इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, "रिटायरमेंट संबंधी परिसंपत्तियाँ, व्यक्तिगत स्वामित्व वाली परिसंपत्तियाँ और व्यक्तिगत बचत के अन्य रूप" का वही अर्थ होगा जो इस अधिनियम के अनुभाग 4 में दिए गए California के संविधान की धारा VIII के अनुभाग 3 में प्रस्तावित है।

(b) यदि इस पहल विधेयक को मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाता है, लेकिन उसी चुनाव में मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किसी अन्य परस्पर विरोधी पहल विधेयक द्वारा इसे पूर्णतः या आंशिक रूप से अधिक्रमित कर दिया जाता है, और बाद में उस परस्पर विरोधी विधेयक को अमान्य ठहराया जाता है, तो यह विधेयक स्वतः लागू होगा और इसे पूर्ण बल और प्रभाव दिया जाएगा।

अनुभाग 6. पृथक्करणीयता।

इस अधिनियम के प्रावधान पृथक्करणीय हैं। यदि इस अधिनियम के किसी भाग, अनुभाग, उपखंड, अनुच्छेद, खंड, उपखंड, वाक्य, वाक्यांश, शब्द या अनुप्रयोग को किसी भी कारण से सक्षम अधिकार-क्षेत्र वाले किसी न्यायालय के निर्णय द्वारा अमान्य ठहराया जाता है, तो उस निर्णय से इस अधिनियम के शेष भागों की वैधता प्रभावित नहीं होगी। California राज्य की जनता एतद्द्वारा घोषित करती है कि उसने इस अधिनियम एवं इसके प्रत्येक ऐसे भाग, अनुभाग, उपखंड, अनुच्छेद, खंड, उपखंड, वाक्य, वाक्यांश, शब्द और अनुप्रयोग को, जिसे अमान्य या असंवैधानिक घोषित नहीं किया गया है, इस बात की परवाह किए बिना अपनाया होता कि इस अधिनियम के किसी भाग या उसके अनुप्रयोग को बाद में अमान्य घोषित किया जाएगा।

अनुभाग 7. प्रभावी तिथि।

यह अधिनियम California के संविधान की धारा II के अनुभाग 10 के अनुसार यथाशीघ्र संभव तारीख से प्रभावी होगा। यह अधिनियम उसी दिन से क्रियाशील होगा जिस दिन यह प्रभावी होगा।

अनुभाग 8. उदार व्याख्या।

इस अधिनियम के आशय और उद्देश्यों को प्रभावी बनाने के लिए इसकी उदारतापूर्वक व्याख्या की जाएगी।

अनुभाग 9. कानूनी बचाव।

इस अनुभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोगों के पहल के बहुमूल्य अधिकार को राज्य के राजनेताओं द्वारा अनुचित रूप से निरस्त नहीं किया जा सके, जो मतदाताओं की इच्छा का संरक्षण करने से इनकार करते हैं। इसलिए, यदि इस अधिनियम को California राज्य के मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाता है और उसके बाद इसे कानूनी चुनौती दी जाती है जो किसी भी तरह से इस अधिनियम के दायरे या कार्यान्वयन को सीमित करने का प्रयास करती है, या आरोप लगाती है कि यह अधिनियम किसी राज्य या संघीय कानून का पूर्णतः या आंशिक रूप से उल्लंघन करता है, और राज्यपाल और अटॉर्नी जनरल दोनों California राज्य की ओर से इस अधिनियम का यथासंभव पूर्णतः बचाव करने से इनकार करते हैं, तो निम्नलिखित कार्रवाई की जाएगी:

(a) सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 3 के भाग 2 के अध्याय 6 (अनुभाग 12500 से शुरू होते हुए) या किसी अन्य कानून में इसके विपरीत किसी भी प्रावधान के बावजूद, अटॉर्नी-जनरल California राज्य की ओर से इस अधिनियम का यथासंभव पूर्ण सीमा तक निष्ठापूर्वक और दृढ़ता से बचाव करने के लिए स्वतंत्र कानूनी सलाहकार नियुक्त करेगा।

(b) स्वतंत्र कानूनी सलाहकार को नियुक्त करने या उसके बाद उसे बदलने से पहले, अटॉर्नी-जनरल स्वतंत्र कानूनी सलाहकार की योग्यताओं का निर्धारण करने में समुचित सावधानी बरतेगा और उससे लिखित पुष्टि प्राप्त करेगा कि वह इस अधिनियम का यथासंभव पूर्ण सीमा तक निष्ठापूर्वक और दृढ़ता से बचाव करेगा। अनुरोध किए जाने पर लिखित पुष्टि तत्काल सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाएगी।

(c) ऐसे मामलों में इस अधिनियम के बचाव में सहायता करने के लिए, जहाँ राज्यपाल और अटॉर्नी-जनरल मतदाताओं की इच्छा के बावजूद ऐसा करने में विफल रहते हैं, नियंत्रक को सामान्य कोष से, वित्तीय वर्षों की परवाह किए बिना, स्वतंत्र कानूनी सलाहकार को नियुक्त रखने की लागतों को पूरा करने के लिए आवश्यक राशि का निरंतर विनियोग एतद्द्वारा किया जाता है, ताकि California राज्य की ओर से इस अधिनियम का यथासंभव पूर्ण सीमा तक निष्ठापूर्वक और दृढ़ता से बचाव किया जा सके।

# प्रस्ताव 43

2025–2026 के नियमित सत्र के विधानसभा संवैधानिक संशोधन 22 (संकल्प अध्याय 132, 2026 के विधान) द्वारा प्रस्तावित यह संशोधन, California के संविधान में एक अनुभाग जोड़कर उसमें स्पष्ट रूप से संशोधन करता है; इसलिए, जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित नए प्रावधानों को *इटैलिक टाइप* में लिखा गया है ताकि यह दर्शाया जा सके कि ये नए हैं।

## धारा XIII A में प्रस्तावित संशोधन

कि धारा XIII A में अनुभाग 4.5 को इस तरह पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

अनुभाग *4.5. (a) 1 जनवरी, 2027 से, और धारा II एवं धारा XI के बावजूद, कोई भी स्थानीय सरकार, जिसमें पहल की शक्ति का प्रयोग करने वाली स्थानीय सरकार के मतदाता भी शामिल हैं, इस धारा के अनुभाग 4, धारा XIII C के अनुभाग 2 के उपखंड (d), और धारा XIII D के अनुभाग 3 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (2) में दिए गए प्रावधानों को छोड़कर, कोई भी विशेष टैक्स तब तक नहीं लगा सकती, उसकी अवधि नहीं बढ़ा सकती या उसमें वृद्धि नहीं कर सकती, जब तक कि उस टैक्स को मतदाताओं के समक्ष प्रस्तुत न किया जाए और दो-तिहाई मतों से अनुमोदित न किया जाए।*

*(b) धारा II और धारा XI के बावजूद, कोई भी स्थानीय सरकार, जिसमें पहल की शक्ति का प्रयोग करने वाली स्थानीय सरकार के मतदाता भी शामिल हैं, धारा XIII D के अनुभाग 3 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) में दिए गए प्रावधान को छोड़कर, अचल संपत्ति पर मूल्याधारित टैक्स नहीं लगा सकती।*

*(c) "स्थानीय सरकार" और "विशेष टैक्स" का वही अर्थ होगा जो धारा XIII C के अनुभाग 1 में दिया गया है।*

# प्रस्ताव 44

यह पहल विधेयक California के संविधान की धारा II के अनुभाग 8 के प्रावधानों के अनुसार जनता के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

यह पहल विधेयक निगम संहिता, सरकारी संहिता और स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता में अनुभाग जोड़ता है; इसलिए जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित नए प्रावधानों को *इटैलिक टाइप* में प्रिंट किया गया है, ताकि यह दर्शाया जा सके कि वे नए हैं।

## प्रस्तावित कानून

अनुभाग 1. शीर्षक।

इस विधेयक को "क्लिनिक वित्तपोषण जवाबदेही और पारदर्शिता अधिनियम" के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।

अनुभाग 2. निष्कर्ष और घोषणाएँ।

California राज्य के लोग निम्नलिखित सभी बातों को पाते और घोषित करते हैं:

(a) संघीय रूप से योग्य स्वास्थ्य केंद्र (FQHCs) सामुदायिक क्लिनिक का एक प्रकार हैं, जो California की स्वास्थ्य देखभाल सुरक्षा व्यवस्था का एक बुनियादी हिस्सा हैं, क्योंकि उनका उद्देश्य कम आय वाली और पर्याप्त सेवाओं से वंचित आबादी को प्राथमिक और निवारक देखभाल प्रदान करना है।

(b) राज्य में अधिकांश FQHCs का संचालन गैर-लाभकारी संगठनों द्वारा किया जाता है, जिनका प्रशासन एक बोर्ड करता है जिसकी ज़िम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि क्लिनिक, राज्य और संघीय टैक्स छूट के अधीन सुरक्षा-व्यवस्था स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता और गैर-लाभकारी सार्वजनिक लाभ निगम के रूप में अपने उद्देश्यों को पूरा करे।

(c) क्लिनिक बोर्डों की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी होती है और वे संगठनात्मक संरचना एवं पारिश्रमिक से संबंधित निर्णयों में व्यापक अधिकार का प्रयोग करते हैं, जिसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अन्य अधिकारियों का पारिश्रमिक भी शामिल है।

(d) यद्यपि मौजूदा राज्य कानून के अनुसार गैर-लाभकारी संस्थाओं के निदेशक मंडलों को मुख्य कार्यकारी अधिकारी और मुख्य वित्तीय अधिकारी के पारिश्रमिक की समीक्षा और अनुमोदन करना आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह उचित और न्यायसंगत है, फिर भी कई क्लिनिक अपने राजस्व का अत्यधिक बड़ा हिस्सा अधिकारियों के पारिश्रमिक पर खर्च करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मरीज़ों की मुख्य सेवाओं में अपर्याप्त निवेश होता है।

(e) 2018 से, क्लिनिक सहित सभी गैर-लाभकारी संस्थाओं के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने मिशन से संबंधित, यानि "प्रोग्राम", खर्चों की डॉलर राशि के साथ-साथ "प्रबंधन और प्रशासनिक" खर्चों की राशि भी हर वर्ष IRS को रिपोर्ट करें। California में कई क्लिनिकों के प्रबंधन और प्रशासनिक खर्च औसत से बहुत अधिक हैं—कभी-कभी कुल राजस्व के 30 से 40 प्रतिशत तक—जबकि अन्य क्लिनिक 10 प्रतिशत से कम खर्च करते हैं।

(f) कई क्लिनिक अत्यधिक लाभ अर्जित करते हैं और कभी-कभी कुल राजस्व के 20 प्रतिशत तक का वार्षिक अधिशेष दर्ज करते हैं, जबकि उस धनराशि को अपने धर्मार्थ उद्देश्य के अनुरूप खर्च नहीं करते।

(g) कर्मचारियों का प्रशिक्षण, भर्ती और उन्हें बनाए रखना California के क्लिनिकों के लिए समस्याएँ हैं। क्लिनिक कर्मचारी लगातार कर्मचारियों की कमी, अत्यधिक कार्यभार और कर्मचारियों के बार-बार बदलने के साथ-साथ मरीज़ों के लिए लंबे प्रतीक्षा समय की भी रिपोर्ट करते हैं।

(h) इस पहल का उद्देश्य कुल राजस्व के अनुपात के रूप में मिशन-निर्देशित खर्च का एक उचित न्यूनतम मानक स्थापित करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रबंधन और ऊपरी खर्चों की तुलना में क्लिनिक में मरीज़ों को सेवाएँ प्रदान करने और कार्यबल की स्थिरता को प्राथमिकता दी जाए।

अनुभाग 3. रिपोर्टिंग संबंधी आवश्यकता।

अनुभाग 3.1. सरकारी संहिता में अनुभाग 12586.3 को इस तरह पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

*12586.3. (a) इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित परिभाषाएँ लागू होती हैं:*

*(1) "क्लिनिक" से आशय किसी ऐसे क्लिनिक निगम से है, जैसा कि स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संहिता के अनुभाग 1200 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (3) में परिभाषित किया गया है, जो संघीय रूप से योग्य स्वास्थ्य केंद्र (FQHC) हो, जैसा कि यह शब्द संयुक्त राज्य संहिता के शीर्षक 42 के अनुभाग 1396d में परिभाषित है। इस अनुच्छेद के प्रयोजनों के लिए, FQHCs में वे संगठन भी शामिल हैं जिन्हें FQHC पुरस्कार प्राप्त नहीं*

42
43
44

होता, लेकिन संघीय स्वास्थ्य संसाधन और सेवा प्रशासन द्वारा उन्हें FQHC प्रोग्राम की आवश्यकताओं को पूरा करने वाला नामित किया गया है, जैसा कि संयुक्त राज्य संहिता के शीर्षक 42 के अनुभाग 1395x(aa)(4)(B) और 1396d(l)(2)(B) में निर्धारित है; इन्हें "FQHC जैसे दिखने वाले" भी कहा जाता है। "क्लिनिक" में संघीय रूप से मान्यता प्राप्त अमेरिकी इंडियन जनजातियाँ, जनजातीय संगठन या शहरी अमेरिकी इंडियन संगठन, जैसा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की संहिता के शीर्षक 25 के अनुभाग 1603 में परिभाषित है, या ऐसी किसी इकाई द्वारा संचालित, बनाए रखी गई या परिचालित कोई बाह्य-मरीज़ व्यवस्था शामिल नहीं होगी।

(2) "मिशन व्यय अनुपात" से आशय उन गतिविधियों पर खर्च की गई कुल राशि को उस क्लिनिक के कुल राजस्व से भाग देने पर प्राप्त अनुपात से है, जो प्रत्येक क्लिनिक के टैक्स से छूट प्राप्त उद्देश्य को पूरा करती हैं, जैसा कि ये आंकड़े उपखंड (b) के अनुच्छेद (1) में वर्णित हैं। मिशन व्यय अनुपात की गणना करते समय, अटॉर्नी-जनरल गतिविधियों पर खर्च की गई कुल राशि और कुल राजस्व—दोनों में से—किसी भी भुगतान किए गए दंड, राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के साथ सहमत किसी योजना के आधार पर किए गए व्यय, या स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संहिता के अनुभाग 1234.5 के अनुसार प्राप्त प्रतिपूर्ति के बराबर राशि को बाहर रखेगा।

(3) "संबंधित पक्ष" से आशय किसी संबंधित संगठन या ऐसे संगठन से है जो समान स्वामित्व या नियंत्रण के अधीन हो, जैसा कि संघीय विनियम संहिता के शीर्षक 42 के अनुभाग 413.17(b) में परिभाषित है। संबंधित पक्ष में कोई प्रबंधन संगठन, अचल संपत्ति के मालिक, कर्मचारी उपलब्ध कराने वाली संस्थाएँ, कोई मूल कंपनियाँ, होल्डिंग कंपनियाँ, सहायक कंपनियाँ, सहयोगी संगठन और अन्य शामिल हो सकते हैं।

(b) (1) प्रत्येक क्लिनिक हर वर्ष चैरिटी और अनुदान संचय की रजिस्ट्री में इतना डेटा दाखिल करेगा जो अटॉर्नी-जनरल को यहाँ परिभाषित "मिशन व्यय अनुपात" की गणना करने के लिए पर्याप्त हो। इस डेटा में दो घटक शामिल होंगे:

(A) क्लिनिक के टैक्स से छूट प्राप्त उद्देश्य पर खर्च की गई कुल राशि। यह राशि प्रत्येक क्लिनिक के आंतरिक राजस्व सेवा फ़ॉर्म 990 के भाग III की पंक्ति 4e में दर्ज "कुल प्रोग्राम सेवा व्यय" के आंकड़े पर आधारित होगी, जो कैलेंडर वर्ष 2024 या 2024 में शुरू होने वाले टैक्स वर्ष के अनुसार हो, या क्लिनिक की टैक्स रिपोर्टिंग के उसके उत्तरवर्ती भाग पर आधारित होगी; लेकिन इसे अनुच्छेद (2) के तहत अटॉर्नी-जनरल द्वारा जारी मार्गदर्शन के आधार पर समायोजित किया जाएगा।

(B) संगठन का कुल राजस्व। यह राशि प्रत्येक क्लिनिक के आंतरिक राजस्व सेवा फ़ॉर्म 990 के भाग I की पंक्ति 12 में दर्ज कुल राजस्व के आंकड़े पर आधारित होगी, जो कैलेंडर वर्ष 2024 या 2024 में शुरू होने वाले टैक्स वर्ष के अनुसार हो, या क्लिनिक की टैक्स रिपोर्टिंग के उसके उत्तरवर्ती भाग पर आधारित होगी; लेकिन इसे अनुच्छेद (2) के तहत अटॉर्नी-जनरल द्वारा जारी मार्गदर्शन के आधार पर समायोजित किया जाएगा।

(2) अटॉर्नी-जनरल को इन दोनों आंकड़ों की रिपोर्टिंग के तरीके के संबंध में बाध्यकारी मार्गदर्शन जारी करने का अधिकार है।

(A) अन्य विषयों के अलावा, मार्गदर्शन में निम्नलिखित को शामिल किया जा सकता है:

(i) संबंधित पक्ष के लेनदेन के लिए अतिरिक्त रिपोर्टिंग मानक, जो इस बात को संबोधित करें कि आंतरिक राजस्व सेवा को उस डेटा की रिपोर्टिंग का तरीका किस सीमा तक क्लिनिक के टैक्स से छूट प्राप्त उद्देश्य पर खर्च की गई कुल राशि को कृत्रिम रूप से बढ़ा सकता है—जिसमें संबंधित पक्ष के साथ किए गए लेनदेन को क्लिनिक के टैक्स से छूट प्राप्त उद्देश्य पर खर्च की गई राशि में शामिल करने की अनुमति देना भी शामिल है, भले ही संबंधित पक्ष द्वारा उसके परिणामस्वरूप किए गए व्यय को उस टैक्स से छूट प्राप्त उद्देश्य से संबंधित न माना जाए—या कुल राजस्व को कृत्रिम रूप से कम कर सकता है, जिसमें राजस्व को किसी संबंधित पक्ष से संबंधित मानने की अनुमति देना भी शामिल है।

(ii) स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संहिता के अनुभाग 1234.5 के तहत भुगतान किए गए दंडों और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संहिता के अनुभाग 1234.5 के तहत राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के साथ सहमत किसी योजना के अनुसार प्राप्त प्रतिपूर्तियों और किए गए व्ययों की रिपोर्ट किस प्रकार की जाएगी, ताकि उन्हें मिशन व्यय अनुपात की गणना से बाहर रखा जा सके।

(iii) उप-अनुच्छेद (B) के अनुरूप, ऐसे व्ययों के लिए अतिरिक्त रिपोर्टिंग आवश्यकताएँ जो आंतरिक राजस्व सेवा फ़ॉर्म 990 में प्रोग्राम सेवा व्यय के रूप में योग्य नहीं होते, लेकिन जिन्हें अटॉर्नी-जनरल फिर भी क्लिनिक के टैक्स से छूट प्राप्त उद्देश्य पर खर्च किया गया निर्धारित करता है; या ऐसे व्ययों के लिए जो आंतरिक राजस्व सेवा फ़ॉर्म 990 में प्रोग्राम सेवा व्यय के रूप में योग्य होते हैं, लेकिन जिन्हें अटॉर्नी-जनरल फिर भी क्लिनिक के टैक्स से छूट प्राप्त उद्देश्य पर खर्च नहीं किया गया निर्धारित करता है।

(B) किसी भी मार्गदर्शन को क्लिनिक वित्तपोषण जवाबदेही और पारदर्शिता अधिनियम के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि कुल राजस्व के अनुपात के रूप में मिशन-निर्देशित खर्च का एक उचित न्यूनतम मानक स्थापित हो, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रबंधन और ऊपरी खर्चों की तुलना में क्लिनिक में मरीज़ों को सेवाएँ प्रदान करने और कार्यबल की स्थिरता को प्राथमिकता दी जाए।

(C) मार्गदर्शन जारी करते समय अटॉर्नी-जनरल अपने निर्धारण के कारण बताते हुए निष्कर्ष जारी करेगा।

(D) सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 3 के भाग 1 के अध्याय 3.5 (अनुभाग 11340 से शुरू होते हुए) के बावजूद, अटॉर्नी-जनरल आगे कोई विनियामक कार्रवाई किए बिना बुलेटिन, सूचनाओं या इसी प्रकार के अन्य निर्देशों के माध्यम से इस अनुच्छेद को लागू कर सकता है। इस अनुच्छेद के तहत अपनाए गए मानकों पर आधारित उल्लंघनों पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संहिता का अनुभाग 1229.1 लागू नहीं होगा।

(3) इस अनुभाग की किसी भी बात का अर्थ यह नहीं लगाया जाएगा कि वह यह निर्धारित करती है कि कोई क्लिनिक आंतरिक राजस्व सेवा को डेटा किस प्रकार रिपोर्ट करता है।

(4) अटॉर्नी-जनरल इस डेटा को प्राप्त होने के 90 दिनों के भीतर अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराएगा।

(5) प्रत्येक क्लिनिक यह डेटा अनुभाग 12586 के तहत चैरिटी और अनुदान संचय की रजिस्ट्री में रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख से देर किए बिना दाखिल करेगा।

(c) प्रत्येक क्लिनिक एक अतिरिक्त वार्षिक पंजीकरण शुल्क जमा करेगा, जिसका उपयोग किसी अन्य कानून के बावजूद, इस अनुभाग और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संहिता के अनुभाग 1234.5 में निर्धारित गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। अटॉर्नी-जनरल, राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के परामर्श से, इन प्रावधानों के प्रशासन की उचित लागतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त शुल्कों की एक अनुसूची अपनाएगा। शुल्कों को वास्तविक रूप से हुई लागतों को दर्शाने के लिए हर वर्ष समायोजित किया जाएगा और वे इन प्रावधानों के प्रशासन की उचित विनियामक लागतों को पूरा करने के लिए आवश्यक राशि से अधिक नहीं होंगे।

44

*(d) इस अनुभाग की रिपोर्टिंग संबंधी आवश्यकताओं का पालन न करने पर अटॉर्नी-जनरल प्रतिबंध लगाएगा, जो पहले उल्लंघन के लिए पाँच हजार डॉलर ($5,000) के प्रशासनिक जुर्माने और उसके बाद प्रत्येक ऐसे महीने के लिए दस हजार डॉलर ($10,000) के प्रशासनिक जुर्माने के रूप में होगा, जिसमें कोई क्लिनिक इस अनुभाग द्वारा आवश्यक वार्षिक रिपोर्ट जमा करने में विफल रहता है। अटॉर्नी-जनरल मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर इस जुर्माने को अद्यतित कर सकता है।*

*(e) प्रत्येक क्लिनिक की प्रस्तुति प्राप्त होने के 90 दिनों के भीतर, अटॉर्नी-जनरल प्रत्येक क्लिनिक के लिए मिशन व्यय अनुपात की गणना करेगा, उस गणना को क्लिनिक और राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को भेजेगा, और अपनी गणनाएँ अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराएगा।*

*(f) अटॉर्नी-जनरल, इस अनुभाग के अधीन क्लिनिकों का लेखा-परीक्षण अटॉर्नी-जनरल द्वारा निर्धारित तरीके और स्वरूप में कर सकता है, ताकि रिपोर्ट की गई जानकारी की सटीकता और इस अनुभाग की आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित किया जा सके। इन लेखा-परीक्षणों में ठेकेदारों या संबंधित पक्षों के लेखा-परीक्षण भी शामिल हो सकते हैं।*

*(g) निगम संहिता का अनुभाग 9230 और सरकारी संहिता का अनुभाग 12583 इस अनुभाग पर लागू नहीं होंगे।*

*अनुभाग 4.* जुर्माना।

अनुभाग 4.1. अनुभाग 1234.5 को स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता में इस तरह पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

*1234.5. (a) (1) सरकारी संहिता के अनुभाग 16370 के अनुसार स्थापित विशेष जमा कोष में इसके द्वारा मिशन व्यय अनुपात दंड खाता बनाया जाता है। इस खाते में उपखंड (b) के अनुसार जमा की गई सभी धनराशियाँ रखी जाएँगी।*

*(2) विशेष जमा कोष में रखी गई धनराशि पाँच वर्षों की अवधि तक एस्क्रो में रखी जाएगी, जिसके बाद वह नैदानिक कर्मचारियों के प्रशिक्षण, भर्ती और उन्हें बनाए रखने के लिए वित्तपोषण प्रदान करने वाली पहलों पर विधान मंडल द्वारा विनियोग के अधीन होगी।*

*(3) एस्क्रो में रखे जाने के दौरान, धनराशि उन क्लिनिकों को वापस की जाएगी, जैसा कि सरकारी संहिता के अनुभाग 12586.3 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (1) में परिभाषित है, जिन्होंने वह धनराशि चुकाई थी, बशर्ते कि:*

*(A) क्लिनिक लागू होने वाले 90 प्रतिशत मिशन व्यय अनुपात की आवश्यकता का अनुपालन करने लगे।*

*(B) क्लिनिक राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के साथ ऐसी योजना पर सहमति बनाए, जिसके तहत वापस की गई पूरी धनराशि मिशन-निर्देशित व्ययों पर खर्च की जाएगी।*

*(4) पिछले अनुच्छेद के बावजूद, राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग विशेष जमा कोष की धनराशि का उपयोग इस अनुभाग में निर्धारित गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए कर सकता है, जिनमें विशेष जमा कोष का रखरखाव करना और अनुच्छेद (3) के अनुसार प्रतिपूर्ति के लिए किसी क्लिनिक की पात्रता निर्धारित करने हेतु आवश्यक समीक्षाएँ करना शामिल है, लेकिन ये केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। खर्च की गई धनराशि को अनुच्छेद (3) के अनुसार क्लिनिकों को वापस की जाने वाली किसी भी राशि में से घटाया जा सकता है।*

*(5) राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को अनुच्छेद (3) के उप-अनुच्छेद (B) के अनुसार सहमत किसी भी योजना के अनुपालन के लिए क्लिनिकों का लेखा-परीक्षण करने और जिस सीमा तक कोई क्लिनिक अनुपालन नहीं करता, उस सीमा तक किसी भी प्रतिपूर्ति की वसूली करने का अधिकार होगा। ऐसी वसूली उपखंड (b) के अनुच्छेद (2) और (3) में निर्धारित समान प्रक्रियाओं के अधीन होगी।*

*(b) (1) राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक वर्ष सरकारी संहिता के अनुभाग 12586.3 के अधीन ऐसे प्रत्येक क्लिनिक पर, जिसका मिशन व्यय अनुपात 90 प्रतिशत से कम है, एक प्रशासनिक दंड लगाएगा, जो क्लिनिक द्वारा मिशन-निर्देशित व्ययों पर खर्च की गई राशि और क्लिनिक के कुल राजस्व के 90 प्रतिशत के बीच के अंतर के बराबर होगा। अटॉर्नी-जनरल की मिशन व्यय अनुपात गणना प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर, राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग उल्लंघन में पाए गए किसी भी क्लिनिक को दंड की सूचना जारी करेगा।*

*(2) यदि क्लिनिक मिशन व्यय अनुपात की गणना या आकलन पर विवाद नहीं करता है, तो दंड की सूचना प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर दंड की पूरी राशि राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को चुकाई जाएगी और मिशन व्यय अनुपात दंड खाते में जमा की जाएगी।*

*(3) यदि क्लिनिक सरकारी संहिता के अनुभाग 12586.3 के उपखंड (e) के अनुसार किए गए मिशन व्यय अनुपात की गणना या इस उपखंड के अनुसार किए गए आकलन पर विवाद करता है, तो क्लिनिक दंड की सूचना प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर अटॉर्नी-जनरल और राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, दोनों को एक साथ अपील का अनुरोध प्रस्तुत करेगा। कोई सुविधा-स्थल ऐसे निर्धारण के आधार पर भी अपील का अनुरोध कर सकता है जिसके परिणामस्वरूप कोई आकलन नहीं किया गया हो। अनुरोध में अपील का कारण बताने वाला विस्तृत विवरण और वे सभी सहायक दस्तावेज़ शामिल होंगे जिन्हें क्लिनिक सुनवाई में प्रस्तुत करेगा। क्लिनिक द्वारा अनुरोध समय पर प्रस्तुत किए जाने पर, सुनवाई निर्धारित की जाएगी और कार्यवाही प्रभाग 112 के भाग 1 के अध्याय 2 की धारा 1 (अनुभाग 131050 से शुरू होते हुए) के अनुसार संचालित की जाएगी।*

*(c) (1) कोई क्लिनिक अप्रत्याशित या असाधारण परिस्थितियों या क्लिनिक की आर्थिक स्थिति के आधार पर, 90 प्रतिशत की आवश्यकता को अस्थायी रूप से स्थगित करने वाली छूट या वैकल्पिक मिशन व्यय अनुपात की आवश्यकता के लिए राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग में आवेदन कर सकता है। इस उपखंड के अनुसार छूट जारी करने और उसकी शर्तें निर्धारित करने का अधिकार पूरी तरह और विशेष रूप से राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के पास होगा। इस उपखंड के अनुसार जारी की गई छूट, जारी किए जाने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए होगी।*

*(2) अप्रत्याशित या असाधारण परिस्थितियों के आधार पर छूट प्राप्त करने के लिए, क्लिनिक को अपने द्वारा अनुभव की गई निम्नलिखित परिस्थितियों का विवरण देना होगा:*

*(A) क्लिनिक को अप्रत्याशित या असाधारण परिस्थितियों के बारे में पहली बार कब पता चला।*

*(B) क्लिनिक उन परिस्थितियों के उत्पन्न होने का पहले से अनुमान क्यों नहीं लगा सकता था।*

*(C) उन परिस्थितियों से निपटने के लिए क्लिनिक ने क्या कार्रवाई की।*

*(D) उन परिस्थितियों से निपटने के परिणामस्वरूप किए गए व्यय।*

*(E) क्लिनिक के अनुसार वे परिस्थितियाँ कब तक समाप्त हो जाएँगी।*

*(F) यह सुनिश्चित करने के लिए क्लिनिक कौन-से निवारक कदम उठा रहा है कि भविष्य में वे परिस्थितियाँ अप्रत्याशित रूप से दोबारा उत्पन्न न हों।*

*(3) आर्थिक स्थिति के आधार पर छूट प्राप्त करने के लिए, क्लिनिक को यह प्रदर्शित करना होगा कि 90 प्रतिशत मिशन व्यय अनुपात की आवश्यकता का अनुपालन करने से सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के तहत क्लिनिक की निरंतर संचालनशील संस्था के रूप में कार्य जारी रखने की क्षमता के बारे में संदेह उत्पन्न होगा। साक्ष्य में क्लिनिक की वित्तीय स्थिति, किसी भी मूल या संबद्ध इकाई की वित्तीय स्थिति और 90 प्रतिशत मिशन व्यय अनुपात के अनुपालन के वास्तविक या संभावित प्रत्यक्ष वित्तीय प्रभाव के दस्तावेज़ शामिल होंगे।*

*(4) किसी क्लिनिक की निरंतर संचालनशील संस्था के रूप में कार्य जारी रखने की क्षमता पर विचार करते समय, क्लिनिक या किसी संबद्ध इकाई से संबंधित निम्नलिखित कारकों को शामिल किया जाएगा:*

*(A) क्लिनिक या किसी संबद्ध इकाई द्वारा संचालित किसी सुविधा-स्थल का वास्तविक या संभावित बंद होना।*

*(B) मरीज़ सेवाओं या प्रोग्रामों का वास्तविक या संभावित बंद होना।*

*(C) नौकरियों का वास्तविक या संभावित नुकसान।*

*(D) क्या क्लिनिक द्वारा संचालित सुविधा-स्थल छोटे, ग्रामीण या सीमांत क्षेत्र में स्थित हैं, या किसी ग्रामीण सेवा-क्षेत्र की आबादी को सेवाएँ प्रदान करती हैं।*

*(E) क्या क्लिनिक द्वारा संचालित किसी सुविधा-स्थल के बंद होने से उस क्षेत्र या सेवा-क्षेत्र में सेवाओं तक पहुँच पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।*

*(F) क्या क्लिनिक ऐसी वित्तीय कठिनाई में है जिसके परिणामस्वरूप, या जिसके परिणामस्वरूप होने की संभावना है, उसके द्वारा या किसी संबद्ध इकाई द्वारा संचालित किसी सुविधा-स्थल का बंद होना, मरीज़ सेवाओं या प्रोग्रामों का बंद होना, या नौकरियों का नुकसान। वित्तीय कठिनाई का निर्धारण करते समय विचार किए जाने वाले कारकों में वित्तीय मानकों के आधार पर क्लिनिक का पिछला और अनुमानित प्रदर्शन शामिल है, लेकिन ये केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, उपलब्ध नकदी की राशि और यह भी शामिल है कि क्या क्लिनिक का परिचालन मार्जिन नकारात्मक है या उसके नकारात्मक होने का अनुमान है।*

*(5) इस उपखंड के अनुसार छूट के अनुरोध राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को लिखित रूप में प्रस्तुत किए जाएँगे।*

*(6) राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग छूट के अनुरोध पर अपने निर्णय की सूचना क्लिनिक को लिखित रूप में देगा।*

*(7) कोई क्लिनिक इस उपखंड के अनुसार जारी की गई छूट के नवीनीकरण के लिए किसी भी समय आवेदन कर सकता है, लेकिन मौजूदा छूट की समाप्ति से कम-से-कम 180 दिन पहले आवेदन करना होगा।*

*अनुभाग 5.* धर्मार्थ न्यास के उल्लंघन का दावा।

अनुभाग 5.1. निगम संहिता में अनुभाग 5142.1 को इस प्रकार पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

*5142.1. (a) अनुभाग 5142 के बावजूद, यदि सरकारी संहिता के अनुभाग 12586.3 के अधीन कोई क्लिनिक या तो सरकारी संहिता के अनुभाग 12586.3 के उपखंड (b) के अनुसार आवश्यक डेटा की रिपोर्ट करने में विफल रहता है, या उसका मिशन व्यय अनुपात, जैसा कि सरकारी संहिता के अनुभाग 12586.3 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (2) में परिभाषित है, 90 प्रतिशत से कम है और वह स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संहिता के अनुभाग 1234.5 के उपखंड (c) के अनुसार किसी छूट के अधीन नहीं है, तो उस FQHC का कोई भी मरीज़ धर्मार्थ न्यास के उल्लंघन को रोकने, सुधारने या अन्यथा उसका समाधान करने के लिए उसी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई कर सकता है जो अनुभाग 5142 के तहत किए गए दावे पर लागू होती है।*

*(b) अनुभाग 5231 के बावजूद, सद्भावना इस अनुभाग के अनुसार की गई किसी भी कार्रवाई में बचाव का आधार नहीं होगी, और चुनौती दिए गए उल्लंघनों के किसी भी पहलू पर व्यावसायिक निर्णय नियम का कोई भी रूप लागू नहीं होगा, सिवाय अनुभाग 5239 में दिए गए प्रावधान के अनुसार।*

*(c) इस अनुभाग को व्यवसाय एवं पेशा संहिता के अनुभाग 17204 के अनुसार भी लागू कराया जा सकेगा।*

*अनुभाग 6.* आपराधिक दंड।

अनुभाग 6.1. निगम संहिता में अनुभाग 6814.1 को इस प्रकार पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

*6814.1. सरकारी संहिता के अनुभाग 12586.3 के अधीन किसी भी क्लिनिक का प्रत्येक निदेशक, अधिकारी या एजेंट, जो या तो जानबूझकर सरकारी संहिता के अनुभाग 12586.3 के तहत व्ययों या राजस्व की गलत रिपोर्ट करता है, या अपने मिशन व्यय अनुपात को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के इरादे से सरकारी संहिता के अनुभाग 12586.3 में परिभाषित संबंधित पक्षों—जिनमें संबंधित फाउंडेशन शामिल हैं, लेकिन ये केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं—के माध्यम से व्ययों या राजस्व को भेजने की किसी योजना में जानबूझकर भाग लेता है, दंड संहिता के अनुभाग 1170 के उपखंड (h) के अनुसार कारावास या काउंटी जेल में अधिकतम एक वर्ष के कारावास से दंडनीय होगा।*

*अनुभाग 7.* पृथक्करणीयता।

इस अधिनियम के प्रावधान पृथक्करणीय हैं। यदि इस अधिनियम का कोई प्रावधान या उसका अनुप्रयोग अमान्य ठहराया जाता है, तो ऐसी अमान्यता उन अन्य प्रावधानों या कार्यान्वयनों को प्रभावित नहीं करेगी जिन्हें अमान्य प्रावधान या कार्यान्वयन के बिना प्रभावी किया जा सकता है।

अनुभाग 8. प्रभावी तिथि।

इस अधिनियम के उद्देश्यों के अनुरूप, इस अधिनियम में निर्धारित मिशन व्यय अनुपात की आवश्यकताएँ प्रत्येक क्लिनिक के उस पहले पूर्ण वित्तीय वर्ष पर लागू होंगी जो इस अधिनियम के पारित होने के कम-से-कम 6 महीने बाद शुरू होता है।

अनुभाग 9. संशोधन।

California के संविधान की धारा II के अनुभाग 10 के उपखंड (c) के अनुसार, इस अधिनियम में संशोधन या तो बाद के किसी विधेयक द्वारा किया जा सकता है जिसे राज्यव्यापी चुनाव में जनता के मतदान के लिए प्रस्तुत किया जाए; या विधान मंडल द्वारा वैध रूप से पारित और राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षरित कानून द्वारा किया जा सकता है, लेकिन केवल इस अधिनियम के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए।

अनुभाग 10. प्रतिस्पर्धी विधेयक।

यदि यह विधेयक और कोई अन्य विधेयक, जो इसके दायरे में आने वाले कुछ या सभी क्लिनिकों के मिशन व्यय अनुपात को नियंत्रित करता है, एक ही राज्यव्यापी मतपत्र पर आते हैं, तो उस अन्य विधेयक या उन अन्य विधेयकों के प्रावधानों को इस विधेयक के साथ परस्पर विरोधी माना जाएगा। किसी अन्य विधेयक को केवल इस आधार पर इस विधेयक के साथ परस्पर विरोधी नहीं माना जाएगा कि वह इस विधेयक द्वारा जोड़े गए या संशोधित किए गए सरकारी संहिता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संहिता या निगम

संहिता के एक या अधिक अनुभागों को जोड़ता या संशोधित करता है। यदि इस विधेयक को इसके साथ परस्पर विरोधी माने गए किसी विधेयक की तुलना में अधिक हाँ के मत प्राप्त होते हैं, तो इस विधेयक के प्रावधान पूरी तरह प्रभावी होंगे और अन्य विधेयक अमान्य और निष्प्रभावी होंगे।

# प्रस्ताव 45

यह पहल विधेयक California के संविधान की धारा II के अनुभाग 8 के प्रावधानों के अनुसार जनता के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

यह पहल विधेयक सार्वजनिक संसाधन संहिता में अनुभाग जोड़ता है; इसलिए, जोड़े जाने वाले प्रस्तावित नए प्रावधानों को यह संकेत देने के लिए, कि वे नये हैं, *इटैलिक टाइप* में प्रिंट किया गया है।

## प्रस्तावित कानून

अनुभाग 1. सार्वजनिक संसाधन संहिता के प्रभाग 13 में अध्याय 1.5 (अनुभाग 21010 से शुरू होते हुए) को इस प्रकार पढ़े जाने के लिए जोड़ा जाता है:

*अध्याय 1.5. किफायती California निर्माण अधिनियम*

*धारा 1. शीर्षक, निष्कर्ष और घोषणाएँ, एवं उद्देश्य*

*21010. शीर्षक*

*इस अध्याय को किफायती California निर्माण अधिनियम के नाम से जाना जाएगा और इसी नाम से इसका उल्लेख किया जा सकता है।*

*21011. निष्कर्ष और घोषणाएँ*

*California राज्य के लोग एतद् द्वारा निम्नलिखित सभी निष्कर्ष निकालते और घोषित करते हैं:*

*(a) अत्यावश्यक परियोजनाओं को अनुमोदित करने की California की पुरानी व्यवस्था अत्यधिक धीमी, अत्यधिक नौकरशाही वाली और अत्यधिक महँगी है। स्वच्छ जल, स्वच्छ ऊर्जा, अस्पताल, किफायती आवास, सड़कें, जंगल में लगने वाली आग के रोकथाम, स्कूल, सार्वजनिक सुरक्षा और अन्य बुनियादी ढाँचा सुधार जैसी अत्यावश्यक परियोजनाएँ अनावश्यक लालफीताशाही, नौकरशाही देरी और अत्यधिक मुकदमों के कारण विलंबित या अवरुद्ध हो रही हैं।*

*(b) ये देरियाँ सभी California के लोगों के लिए जीवन-यापन की लागत में काफी वृद्धि करती हैं। अनुसंधान से पता चलता है कि केवल परमिट संबंधी देरियाँ ही नए घर की कीमत में दसियों हजार डॉलर जोड़ देती है, जिससे घर के मालिकों और किरायेदारों के लिए किराए और गृह ऋण की लागत बढ़ जाती है। इसी प्रकार की लालफीताशाही अस्पतालों, जल संबंधी बुनियादी ढाँचे, सड़कों, पुलों, स्वच्छ ऊर्जा, स्कूलों, ब्रॉडबैंड और जंगल में लगने वाली आग की शमन परियोजनाओं के निर्माण की लागत में कई बिलियन डॉलर जोड़ देती है, और अंततः ये लागतें उपभोक्ताओं और करदाताओं पर डाल दी जाती हैं।*

*(c) California के परमिट संबंधी कानून 50 वर्ष से भी अधिक समय पहले लिखे गए थे, जब आज के आधुनिक पर्यावरणीय कानून अस्तित्व में नहीं थे। वह पुरानी व्यवस्था अब ऐसी अत्यावश्यक परियोजनाओं को धीमा या अवरुद्ध करके राज्य के पर्यावरणीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य लक्ष्यों के विरुद्ध काम करती है, जो वायु प्रदूषण कम करेंगी, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन घटाएँगी, जल आपूर्ति को सुरक्षित रखेंगी, समुदायों को जंगल में लगने वाली आग से बचाएँगी और वन्यजीवों एवं पर्यावरण का संरक्षण करेंगी।*

*(d) यह अधिनियम नौकरशाही लालफीताशाही और अनावश्यक देरियों को कम करने के लिए राज्य के कानून को आधुनिक और सुव्यवस्थित करेगा, अत्यावश्यक परियोजनाओं को अवरुद्ध करने वाले निराधार मुकदमों को सीमित करेगा, साथ ही सार्वजनिक एजेंसियों और अत्यावश्यक परियोजनाओं के आवेदकों को उन मुकदमों के विरुद्ध बचाव का भार साझा करना जारी रखने की अनुमति देगा, और उन परियोजनाओं को पूरा करने की गति बढ़ाएगा जिन पर California के लोगों हर दिन निर्भर रहते हैं।*

*(e) हर वर्ष की देरी का अर्थ है कि California के लोगों को अपनी सबसे आवश्यक चीज़ों के लिए अधिक समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है और अधिक भुगतान करना पड़ता है। यह अधिनियम राज्य की सबसे अत्यावश्यक परियोजनाओं पर लागू होता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:*

*(1) पूरे राज्य के समुदायों के लिए स्वच्छ पेयजल और सुरक्षित जल आपूर्ति।*

*(2) किफायती स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित, आधुनिक अस्पताल और क्लीनिक।*

*(3) ऊर्जा बिल कम करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए स्वच्छ ऊर्जा और विश्वसनीय बिजली।*

*(4) तेजी से बढ़ते हुए किराए और गृह ऋण की लागत से जूझ रहे परिवारों एवं संवेदनशील वरिष्ठ नागरिक आबादी के लिए आवास को अधिक किफायती बनाने हेतु सभी प्रकार के आवास।*

*(5) यातायात की भीड़ कम करने और सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार करने के लिए सड़कें, पुल और सार्वजनिक परिवहन।*

*(6) जीवन, घरों और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए जंगल में लगने वाली आग के रोकथाम और उससे निपटने की क्षमता बढ़ाने वाली परियोजनाएँ।*

*(7) विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए सुरक्षित, आधुनिकीकृत सार्वजनिक स्कूल और शैक्षणिक सुविधाएँ।*

*(8) कम सुविधा प्राप्त समुदायों को जोड़ने और अवसरों का विस्तार करने के लिए ब्रॉडबैंड और दूरसंचार बुनियादी ढाँचा।*

*(f) इन अत्यावश्यक परियोजनाओं की गति बढ़ाकर यह अधिनियम California को अधिक किफायती बनाएगा और आवास, ऊर्जा, बिजली, स्वास्थ्य देखभाल एवं अन्य आवश्यकताओं की लागत कम करेगा, साथ ही सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं के लिए करदाताओं की लागत भी कम करेगा।*

*(g) यह अधिनियम अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियाँ पैदा करने वाली परियोजनाओं को भी तेजी से शुरू करेगा और विशेष रूप से निर्माण, स्वच्छ ऊर्जा एवं बुनियादी ढाँचा क्षेत्रों में दसियों हजार California वासियों को रोज़गार देगा, जिससे ऐसे समय में California की अर्थव्यवस्था को बढ़ने में सहायता मिलेगी जब इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।*

*(h) महत्वपूर्ण रूप से, यह अधिनियम राज्य और संघीय स्तर के स्वच्छ वायु, स्वच्छ जल और पर्यावरण संरक्षण कानूनों को बनाए रखता है, जिनमें लुप्तप्राय प्रजाति अधिनियम, सुरक्षित पेयजल अधिनियम, संघीय विषाक्त पदार्थ नियंत्रण अधिनियम, संघीय स्वच्छ जल अधिनियम, स्वच्छ वायु अधिनियम, संघीय पर्यावरण गुणवत्ता सुधार अधिनियम, California वैश्विक तापमान वृद्धि समाधान अधिनियम, California तटीय अधिनियम और संघीय संसाधन संरक्षण एवं पुनर्प्राप्ति अधिनियम शामिल हैं। यह अध्याय परिवारों और पर्यावरण को सुरक्षित रखने वाले इन कानूनों को निरस्त किए बिना, California को अधिक किफायती बनाने के लिए आवश्यक परियोजनाओं के निर्माण में सहायता करेगा।*

*(i) हम एक किफायती California बना सकते हैं और हमें ऐसा करना ही होगा।*

*21012. आशय का कथन*

*इस अध्याय का उद्देश्य अत्यावश्यक परियोजनाओं के अनुमोदन को सुव्यवस्थित और तेज़ करके, परिवारों और करदाताओं की लागतों को कम करके, जीवन की गुणवत्ता में सुधार करके, अच्छी नौकरियाँ पैदा करके और California के विश्व के सबसे मजबूत पर्यावरणीय संरक्षणों को बनाए रखते हुए California को अधिक किफायती बनाना है।*

*धारा 2. अध्याय का अनुप्रयोग और अन्य कानूनों के साथ परस्पर संबंध*

*21013. इस अध्याय के अधीन परियोजनाएँ*

*यह अध्याय केवल अत्यावश्यक आवास परियोजनाओं, अत्यावश्यक स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं, अत्यावश्यक जल परियोजनाओं, अत्यावश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य परियोजनाओं, अत्यावश्यक सार्वजनिक सुरक्षा परियोजनाओं, अत्यावश्यक ब्रॉडबैंड इंटरनेट पहुँच परियोजनाओं, अत्यावश्यक शैक्षणिक सुविधा परियोजनाओं और अत्यावश्यक परिवहन परियोजनाओं पर लागू होता है, जिन्हें California के लोग एतद् द्वारा इस राज्य में अपने जीवन की गुणवत्ता और वहनीयता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण घोषित करते हैं।*

*21014. अध्याय का अनुप्रयोग*

*(a) यह अध्याय किसी भी सार्वजनिक एजेंसी के अत्यावश्यक परियोजना को अनुमोदित या अस्वीकृत करने के अधिकार को कम नहीं करता है। इस अध्याय द्वारा किसी भी प्रस्तावित अत्यावश्यक परियोजना का परिणाम पहले से निर्धारित नहीं किया गया है।*

*(b) यह अध्याय किसी भी अत्यावश्यक परियोजना को इस प्रभाग या किसी अन्य कानून के तहत पर्यावरणीय समीक्षा से छूट नहीं देता है। यह अध्याय अत्यावश्यक परियोजनाओं के लिए इस प्रभाग के तहत समीक्षा और प्रशासनिक परमिट समीक्षा हेतु स्पष्ट समय-सीमाएँ और अन्य प्रक्रियाएँ निर्धारित करता है।*

*(c) इस अध्याय में अन्यथा प्रावधान किए जाने को छोड़कर, यह अध्याय किसी अत्यावश्यक परियोजना और उसके साथ जुड़े भूमि-उपयोग अधिकारों के लिए प्रत्येक आवेदन या अनुमोदन की समीक्षा और प्रसंस्करण पर लागू होगा, इसमें इस प्रभाग के तहत प्रोग्राम-स्तरीय, योजना-स्तरीय या परियोजना-स्तरीय पर्यावरणीय समीक्षा को आवश्यक बनाने वाले विवेकाधीन न्यायनिर्णयात्मक और विधायी भूमि-उपयोग अधिकार शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।*

*(d) यह अध्याय सभी सार्वजनिक एजेंसियों पर लागू होगा।*

*(e) (1) इस अध्याय और किसी अन्य कानून के बीच जहाँ तक कोई टकराव है, वहाँ यह अध्याय नियंत्रण करेगा। इसके विपरीत किसी भी बात के बावजूद, यह अध्याय इस प्रभाग से अन्यथा लागू किसी वैधानिक या श्रेणीगत छूट को समाप्त या सीमित नहीं करेगा।*

*(2) अनुभाग 21100 या किसी अन्य कानून के बावजूद, इस अध्याय के प्रावधान अत्यावश्यक परियोजना की पर्यावरणीय समीक्षा और उसके साथ होने वाली किसी परमिट समीक्षा से संबंधित किसी भी परस्पर विरोधी आवश्यकता पर प्रभावी होंगे और उसका स्थान लेंगे। अनुभाग 21100 या किसी अन्य कानून का कोई भी प्रावधान किसी अत्यावश्यक परियोजना पर इस अध्याय के अनुप्रयोग को अमान्य या सीमित नहीं करेगा।*

*(f) (1) किसी अत्यावश्यक परियोजना के लिए ऐसा आवेदन जो इस अध्याय की प्रभावी तिथि से पहले किसी सार्वजनिक एजेंसी को प्रस्तुत किया गया था और जिसे उस तिथि से पहले अंतिम अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है, वापस लिया जा सकता है और इस अध्याय की प्रभावी तिथि के बाद पुनः प्रस्तुत किया जा सकता है।*

*(2) अनुच्छेद (1) में दिए गए प्रावधान के अनुसार वापस लिया और पुनः प्रस्तुत किया गया अत्यावश्यक परियोजना का आवेदन इस अध्याय के प्रावधानों के अनुसार समीक्षा और अनुमोदन के लिए लिया जा सकता है।*

*(3) अनुच्छेद (1) में दिए गए प्रावधान के अनुसार जिन अत्यावश्यक आवास परियोजनाओं के आवेदन वापस लेकर पुनः प्रस्तुत किए जाते हैं, वे कानून के किसी प्रावधान के माध्यम से आवेदक द्वारा प्राप्त किसी निहित अधिकार या अन्य लाभ को नहीं खोएँगे, इनमें उप-प्रभाग मानचित्र अधिनियम (सरकारी संहिता के शीर्षक 7 का प्रभाग 2 (अनुभाग 66410 से शुरू होते हुए)), आवास जवाबदेही अधिनियम (सरकारी संहिता का अनुभाग 65589.5), बिल्डर का उपाय (2024 के विधान का अध्याय 268), और आवास संकट अधिनियम 2019 (सरकारी संहिता के शीर्षक 7 के प्रभाग 1 का अध्याय 12 (अनुभाग 66300 से शुरू होते हुए)) शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। निहित अधिकार उस तारीख से संबंधित माने जाएँगे जिस तारीख को सरकारी संहिता के अनुभाग 65941.1 के अनुसार कोई प्रारंभिक आवेदन प्रस्तुत किया गया था, या जिस तारीख को अन्य लागू कानून के अनुसार निहित अधिकार उत्पन्न होते हैं।*

*(4) (A) यदि किसी अत्यावश्यक परियोजना का आवेदन इस अध्याय की प्रभावी तिथि से पहले पूर्ण माना या निर्धारित किया गया था, तो इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए आवेदन को पूर्ण माना जाएगा और कोई सार्वजनिक एजेंसी उसकी पूर्णता की अतिरिक्त समीक्षा की अपेक्षा नहीं करेगी।*

*(B) ऐसी परिस्थितियों में जहाँ अनुच्छेद (1) में दिए गए प्रावधान के अनुसार आवेदन वापस लेकर पुनः प्रस्तुत किया गया है, इस अध्याय की ऐसी कोई भी समय-सीमा जो आवेदन के पूर्ण निर्धारित या पूर्ण माने जाने की तारीख से शुरू होती है, उस समय से गणना की जाएगी जब आवेदक अत्यावश्यक परियोजना का आवेदन पुनः प्रस्तुत करता है।*

*(g) इस अध्याय में निर्धारित समय-सीमाएँ इस अध्याय की प्रभावी तिथि के बाद अनुभाग 21017 या किसी अन्य कानून के अनुसार पूर्ण निर्धारित या पूर्ण माने गए सभी अत्यावश्यक परियोजना आवेदनों पर लागू होंगी, चाहे आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख कोई भी हो।*

*(h) किसी अन्य कानून के बावजूद:*

*(1) यदि कोई अत्यावश्यक परियोजना किसी बड़ी परियोजना का भाग या घटक है, तो अत्यावश्यक परियोजना के रूप में पात्र उस भाग या घटक को इस अध्याय के अनुसार प्रसंस्कृत, समीक्षा और अनुमोदित किया जा सकता है।*

*(2) यदि पूरी परियोजना ही एक अत्यावश्यक परियोजना है, तो अत्यावश्यक परियोजना को कई चरणों में लागू किया जा सकता है और चरणबद्ध आवेदनों को इस अध्याय के अनुसार प्रसंस्कृत, समीक्षा और अनुमोदित किए जाने के लिए अलग-अलग अत्यावश्यक परियोजना के मानदंडों को पूरा करना आवश्यक नहीं है।*

*(i) इस अध्याय में अन्यथा उल्लेख न होने पर, इस अध्याय की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि पर्यावरणीय समीक्षा दस्तावेज़ तैयार करते समय उपयुक्त महत्व सीमा या शमन उपाय निर्धारित करने के प्रमुख एजेंसी के विवेकाधिकार को समाप्त या सीमित किया गया है।*

*(j) इस अध्याय की कोई भी बात किसी सार्वजनिक एजेंसी को California के संविधान की धाराओं XIII A और XIII C के अनुरूप, अत्यावश्यक परियोजना आवेदनों के प्रसंस्करण और समीक्षा से जुड़ी सरकारी लागतों को पूरा करने के उद्देश्य से आवेदक पर शुल्क लगाने से नहीं रोकती है।*

*(k) आवेदक इस बात पर सहमत होकर कि वह ऐसा लिखित अनुरोध प्रस्तुत नहीं करेगा जिसे वह अन्यथा अनुभाग 21020 के उपखंड (a) या*

45

*अनुभाग 21023 के उपखंड (b) के अनुसार प्रस्तुत करने का अधिकारी है, सार्वजनिक एजेंसी को अनुभाग 21018 या 21019 के अनुसार पर्यावरणीय समीक्षा पूरी करने के लिए, या अनुभाग 21023 के अनुसार आवेदक द्वारा माँगी गई सार्वजनिक एजेंसी की अन्य कार्रवाई पर निर्णय लेने के लिए, अतिरिक्त समय देने पर सहमति दे सकता है।*

*21015. अन्य कानूनों के साथ परस्पर संबंध*

*(a) अत्यावश्यक परियोजनाओं के अनुमोदन को सुव्यवस्थित और तेज़ करने की क्षमता को अधिकतम करने के लिए, आवेदक इस अध्याय के किसी भी प्रावधान का उपयोग न करने, कुछ प्रावधानों का उपयोग करने या सभी प्रावधानों का उपयोग करने का विकल्प चुन सकता है और ऐसा अन्य भूमि-उपयोग और पर्यावरणीय समीक्षा कानूनों, व्यवस्थाओं या प्रक्रियाओं के साथ संयोजन में या उनके विकल्प के रूप में कर सकता है। इस अध्याय की कोई भी बात (1) आवेदक को ऐसे अन्य भूमि-उपयोग और पर्यावरणीय समीक्षा कानूनों का लाभ लेने से नहीं रोकती जो इस अध्याय की तुलना में अत्यावश्यक परियोजनाओं की अधिक शीघ्र या लाभप्रद समीक्षा और अनुमोदन की व्यवस्था करते हों, या (2) ऐसी परियोजना का अनुमोदन चाहने वाले आवेदक से, जो अत्यावश्यक परियोजना की परिभाषा को पूरा करती है, इस अध्याय का उपयोग करने की अपेक्षा नहीं करती।*

*(b) जहाँ इस बारे में कोई अस्पष्टता उत्पन्न होती है कि यह अध्याय कानून के अन्य प्रावधानों के साथ मिलकर किस प्रकार लागू होगा, वहाँ अनुभाग 21029 में निर्धारित नीतियाँ और उद्देश्य प्रभावी होंगे।*

*(c) किसी अत्यावश्यक आवास परियोजना पर निम्नलिखित प्रावधान लागू होंगे:*

*(1) सरकारी संहिता के अनुभाग 65913.4 के उपखंड (a) के अनुच्छेद (8) के प्रचलित वेतन संबंधी प्रावधान किसी भी अत्यावश्यक आवास परियोजना में केवल भूमि-स्तर से 85 फीट से अधिक ऊँची इमारतों पर लागू होंगे।*

*(2) 2025 के विधान के अध्याय 22 (विधानसभा बिल 130) के अनुभाग 59 द्वारा जोड़े गए अनुभाग 21080.66 के उपखंड (d) के अनुच्छेद (3) और (5) के प्रावधान इस अध्याय का उपयोग करने वाली अत्यावश्यक आवास परियोजना पर लागू होंगे।*

*(3) (A) प्रत्यक्ष ठेकेदार या उपठेकेदार के अतिरिक्त, श्रम संहिता के अनुभाग 218.9 के प्रावधान इस अध्याय का उपयोग करने वाली अत्यावश्यक आवास परियोजना के निर्माण के दौरान उस परियोजना के मालिक पर भी लागू होंगे।*

*(2) इस उपखंड के प्रयोजनों के लिए, "वस्तुनिष्ठ" से आशय ऐसी बात से है जिसमें कोई व्यक्तिगत या व्यक्तिपरक निर्णय शामिल न हो और जिसे आवेदन प्रस्तुत किए जाने से पहले आवेदक और सार्वजनिक एजेंसी दोनों के लिए उपलब्ध और ज्ञात किसी बाहरी और समान मानदंड या कसौटी के संदर्भ में समान रूप से सत्यापित किया जा सके।*

*(c) (1) अनुभाग 21029 के उपखंड (b) में निर्धारित अनुसार, इस प्रभाग या राज्य CEQA दिशानिर्देशों का अनुपालन न करने के आधार पर किसी अत्यावश्यक परियोजना के अनुमोदन या प्राधिकरण को चुनौती देने, उसकी समीक्षा करने, निरस्त करने, अमान्य करने या रद्द करने की किसी भी कार्रवाई या कार्यवाही में, न्यायालय केवल यह निर्धारित करेगा कि संपूर्ण रिकॉर्ड को देखते हुए अनुमोदन या प्राधिकरण पर्याप्त साक्ष्य द्वारा समर्थित है या नहीं।*

*(2) किसी सार्वजनिक एजेंसी द्वारा किसी अत्यावश्यक परियोजना को दिए गए अनुमोदन या प्राधिकरण को इस आधार पर चुनौती देने, उसकी समीक्षा करने, निरस्त करने, अमान्य करने या रद्द करने की किसी भी कार्रवाई या कार्यवाही में, कि सार्वजनिक भागीदारी प्रक्रियाएँ पूरी किए बिना अनुमोदन या प्राधिकरण दिया गया था, न्यायालय केवल यह निर्धारित करेगा कि सार्वजनिक भागीदारी प्रक्रियाओं का अनुपालन न करना मनमाना और अनुचित था या नहीं और क्या उसके परिणामस्वरूप प्रतिकूल त्रुटि हुई।*

*(3) इस प्रभाग या राज्य CEQA दिशानिर्देशों में किसी भी बात को इस प्रकार लागू या व्याख्यायित नहीं किया जाएगा कि वह इस प्रभाग या इस अध्याय के प्रावधानों द्वारा संशोधित या सीमित राज्य CEQA दिशानिर्देशों में स्पष्ट रूप से निर्धारित आवश्यकताओं से अतिरिक्त प्रक्रियात्मक या मूलभूत आवश्यकताएँ लागू करे।*

*(d) इस धारा की किसी भी बात की व्याख्या सार्वजनिक उपयोगिता संहिता के अनुभाग 1756 और 1759, या सार्वजनिक उपयोगिता आयोग के आदेशों या निर्णयों की न्यायिक समीक्षा को नियंत्रित करने वाले कानून के किसी अन्य प्रावधान का स्थान लेने के रूप में नहीं की जाएगी।*

*21027. अत्यावश्यक परियोजनाओं के अनुमोदन या प्राधिकरण की न्यायिक समीक्षा पर लागू समय-सीमाएँ और प्रक्रियाएँ*

*(a) समय-सीमाएँ।*

*(1) (A) किसी सार्वजनिक एजेंसी द्वारा किसी अत्यावश्यक परियोजना को दिए गए अनुमोदन या प्राधिकरण को चुनौती देने, उसकी समीक्षा करने, निरस्त करने, अमान्य करने या रद्द करने के लिए कोई कार्रवाई या कार्यवाही उस तारीख से 30 दिनों के भीतर शुरू की जाएगी जिस तारीख को सार्वजनिक एजेंसी अनुभाग 21108 या 21152 के अनुसार निर्धारण की सूचना या छूट की सूचना दाखिल करती है। कार्रवाई या कार्यवाही, मूल और अपीलीय न्यायालय की कार्यवाहियों सहित, अनुभाग 21185 के अनुसार पर्यावरणीय नेतृत्व विकास परियोजनाओं पर लागू न्यायिक प्रक्रिया-सरलीकरण प्रक्रियाओं के अनुसार 270 दिनों के भीतर पूरी की जाएगी।*

*(B) न्यायालय अपने विवेक से उप-अनुच्छेद (A) में निर्धारित 270 दिनों की समय-सीमा को अधिकतम 90 अतिरिक्त दिनों तक बढ़ा सकता है।*

*(2) अनुभाग 21185 के किसी विपरीत प्रावधान या न्यायिक परिषद द्वारा अपनाए गए किसी नियम के बावजूद, और अनुच्छेद (1) के उप-अनुच्छेद (B) में दिए गए प्रावधान को छोड़कर, अनुच्छेद (1) में निर्धारित 270 दिनों की समय-सीमा केवल वादी या याचिकाकर्ता, सार्वजनिक एजेंसी और आवेदक की पारस्परिक लिखित सहमति से ही बढ़ाई जाएगी।*

*(b) प्रशासनिक रिकॉर्ड।*

*संपूर्ण प्रशासनिक रिकॉर्ड में केवल वे सूचनाएँ, अध्ययन और अन्य दस्तावेज़ शामिल होंगे जो निम्नलिखित दोनों के अनुरूप हों:*

*(1) ऐसे दस्तावेज़ जिन्हें इस प्रभाग के तहत प्रमुख एजेंसी द्वारा आम जनता के सदस्यों को भेजना या वितरित करना, पुस्तकालय जैसे*

सार्वजनिक संग्रह-स्थल पर जनता के लिए उपलब्ध कराना, या प्रमुख एजेंसी की इंटरनेट वेबसाइट पर उपलब्ध कराना आवश्यक है।

(2) सार्वजनिक टिप्पणियों के संबंध में, अनुभाग 21021 के उपखंड (d) में वर्णित टिप्पणियाँ एवं अनुभाग 21021 के उपखंड (e) में वर्णित प्रतिक्रियाएँ और टिप्पणियाँ।

(c) समाधान।

(1) यदि न्यायालय किसी मुकदमे, सुनवाई या अपीलीय न्यायालय द्वारा वापस भेजे जाने के परिणामस्वरूप यह पाता है कि किसी अत्यावश्यक परियोजना के लिए सार्वजनिक एजेंसी का अनुमोदन या प्राधिकरण रिकॉर्ड में पर्याप्त साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं है, तो न्यायालय एक आदेश और अनिवार्य परमादेश रिट जारी करेगा, जिसमें स्पष्ट रूप से यह बताया जाएगा कि अनुमोदन या प्राधिकरण इस प्रभाग या राज्य CEQA दिशानिर्देशों की किस आवश्यकता का अनुपालन नहीं करता है, और यह पहचाना जाएगा कि अत्यावश्यक परियोजना का कौन-सा भाग, चरण या गतिविधि इस गैर-अनुपालन से प्रभावित हुई है।

(2) समाधान केवल गैर-अनुपालन वाले भाग, चरण या गतिविधि को तब तक शुरू करने से रोकने तक सीमित होगा, जब तक गैर-अनुपालन को ठीक नहीं कर दिया जाता।

(3) आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाइयाँ पूरी हो जाने पर, सार्वजनिक एजेंसी अनुपालन की पुष्टि करते हुए रिट का प्रत्युत्तर दाखिल करेगी और उसके बाद न्यायालय कार्रवाई या कार्यवाही को खारिज कर देगा। न्यायालय रिट या किसी अन्य प्रकार के आदेश, निषेधाज्ञा या निर्णय के माध्यम से किसी सार्वजनिक एजेंसी को अत्यावश्यक परियोजना का अपना अनुमोदन या प्राधिकरण वापस लेने का आदेश या निर्देश नहीं दे सकता।

(4) अत्यावश्यक परियोजना का कोई भी भाग, चरण या गतिविधि जो रिट में पहचानी गई कमी के दायरे में नहीं आती है, उस रिट के अधीन नहीं होगी और इस प्रभाग के तहत किसी कार्रवाई या कार्यवाही में आगे की चुनौती के अधीन भी नहीं होगी।

(d) बाद के अनुमोदन या प्राधिकरण।

(1) किसी अत्यावश्यक परियोजना या उसके किसी हिस्से के निर्माण की पूर्णता तक उसके कार्यान्वयन, या उसके बाद के अनुमोदन या प्राधिकरण को चुनौती देने के लिए कोई और कार्रवाई या कार्यवाही दाखिल नहीं की जा सकती, यदि सार्वजनिक एजेंसी के अनुमोदन या प्राधिकरण को न्यायिक चुनौती नहीं दी गई थी; सार्वजनिक एजेंसी के अनुमोदन या प्राधिकरण को चुनौती दी गई थी और उसे बरकरार रखा गया था; या सार्वजनिक एजेंसी ने उपखंड (c) के अनुसार रिट का ऐसा प्रत्युत्तर दाखिल किया है जिसे न्यायालय ने संतोषजनक मानकर स्वीकार कर लिया है।

(2) किसी अत्यावश्यक परियोजना में ऐसे मामूली संशोधनों को, जिनके परिणामस्वरूप प्रारंभ में अनुमोदित अत्यावश्यक परियोजना का कोई नया महत्वपूर्ण प्रभाव उत्पन्न नहीं होता या पहले पहचाने गए किसी महत्वपूर्ण प्रभाव की गंभीरता में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं होती, इस प्रभाग के तहत किसी कार्रवाई या कार्यवाही में चुनौती नहीं दी जा सकती।

(e) निषेधाज्ञा संबंधी राहत।

(1) स्पष्ट और ठोस साक्ष्य से यह प्रदर्शित किए जाने पर कि किसी अत्यावश्यक परियोजना का सार्वजनिक सुरक्षा पर कोई विशिष्ट प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और सार्वजनिक सुरक्षा पर उस विशिष्ट प्रतिकूल प्रभाव को संतोषजनक रूप से कम करने या उससे बचने की कोई व्यवहार्य पद्धति उपलब्ध नहीं है, न्यायालय केवल अस्थायी निषेधाज्ञा जारी करके अत्यावश्यक परियोजना के उस विशिष्ट घटक के निर्माण या पूर्णता को रोकने या प्रतिबंधित करने का आदेश दे सकता है जिसके कारण सार्वजनिक सुरक्षा पर वह विशिष्ट प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

(2) अनुच्छेद (1) के प्रयोजनों के लिए, सार्वजनिक सुरक्षा पर विशिष्ट प्रतिकूल प्रभाव से बचने के लिए संतोषजनक शमन निम्नलिखित में से किसी एक स्थिति में मौजूद माना जाएगा:

(A) सार्वजनिक एजेंसी द्वारा बाद में अत्यावश्यक परियोजना को इस प्रकार संशोधित करने का निर्णय लेना कि सार्वजनिक सुरक्षा पर उस विशिष्ट प्रतिकूल प्रभाव से बचा जा सके या उसे महत्वपूर्ण से कम स्तर तक कम किया जा सके; और उस निर्णय के लिए एजेंसी को इस प्रभाग के तहत कोई अतिरिक्त कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं होगी।

(B) इस अध्याय में निर्धारित समय-सीमाओं और प्रक्रियाओं के अनुसार केवल सार्वजनिक सुरक्षा पर उस विशिष्ट प्रतिकूल प्रभाव को संबोधित करने वाली पर्यावरणीय प्रभाव रिपोर्ट या पूरक पर्यावरणीय प्रभाव रिपोर्ट तैयार करने के बाद सार्वजनिक एजेंसी द्वारा यह निर्धारित किया जाना कि सार्वजनिक सुरक्षा पर उस विशिष्ट प्रतिकूल प्रभाव से बचा नहीं जा सकता या उसे महत्वपूर्ण से कम स्तर तक कम नहीं किया जा सकता।

धारा 7. परिभाषाएँ

21028. परिभाषाएँ

इस अध्याय के उद्देश्यों के लिए, निम्नलिखित परिभाषाएँ लागू होती हैं:

(a) "आवेदक" से आशय ऐसे व्यक्ति, कानूनी संस्था, सार्वजनिक एजेंसी या सार्वजनिक उपयोगिता से है जो किसी अत्यावश्यक परियोजना का प्रस्ताव करता है।

(b) "अनुमोदन या प्राधिकरण" से आशय किसी ऐसे अनुमोदन, प्राधिकरण, निर्धारण, निष्कर्ष, वित्तपोषण, अचल संपत्ति संबंधी लेनदेन या अनुबंध, या सार्वजनिक एजेंसी की अन्य कार्रवाई से है जो किसी अत्यावश्यक परियोजना की प्रगति, निर्माण, पूर्णता या कार्यान्वयन को आगे बढ़ाता है।

(c) "California शैक्षणिक संस्थान" से आशय निम्नलिखित सभी से है: कोई स्कूल ज़िला; काउंटी स्कूल अधीक्षक; काउंटी शिक्षा बोर्ड; सामुदायिक कॉलेज ज़िला; राज्य विशेष स्कूल; California सामुदायिक कॉलेजों का बोर्ड ऑफ़ गवर्नर्स या California सामुदायिक कॉलेजों के चांसलर; California स्टेट यूनिवर्सिटी या California स्टेट यूनिवर्सिटी के न्यासी बोर्ड; California विश्वविद्यालय या California विश्वविद्यालय के रीजेंट; यूनिवर्सिटी ऑफ़ California लॉ San Francisco, जिसे पहले हेस्टिंग्स कॉलेज ऑफ़ लॉ के नाम से जाना जाता था; 1992 का चार्टर स्कूल अधिनियम (शिक्षा संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 4 का भाग 26.8 (अनुभाग 47600 से शुरू होते हुए)) के अनुसार स्थापित कोई चार्टर स्कूल; और California के स्वतंत्र कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के संघ की सदस्यता वाला कोई गैर-लाभकारी कॉलेज या विश्वविद्यालय।

(d) "CEQA" से आशय California पर्यावरण गुणवत्ता अधिनियम (प्रभाग 13 (अनुभाग 21000 से शुरू होते हुए)) से है।

(e) (1) "परामर्शदाता जनजाति" से आशय ऐसी जनजाति से है जो संघीय रूप से मान्यता प्राप्त अमेरिकी इंडियन जनजाति सूची अधिनियम, 1994 (25 U.S.C. अनुभाग 5131) के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रकाशित सबसे हाल की सूची में शामिल हो और प्रस्तावित अत्यावश्यक परियोजना के भौगोलिक क्षेत्र से पारंपरिक और सांस्कृतिक रूप से संबद्ध हो।

45

*(2) अनुभाग 21073 या किसी अन्य कानून के बावजूद, जब परियोजना कोई अत्यावश्यक परियोजना हो, तो अनुभाग 21074, 21080.3.1, 21080.3.2, 21082.3, 21084.2, 21084.3, और इस अध्याय में या इनके संबंध में प्रयुक्त "California की मूल अमेरिकी इंडियन जनजाति" का अर्थ इसके बजाय "परामर्शदाता जनजाति" होगा और इसे इसी रूप में पढ़ा जाएगा।*

*(f) "दिन" से आशय निम्नलिखित दोनों से है:*

*(1) अनुभाग 21018 और 21019 में प्रयुक्त "दिन" से आशय शनिवार, रविवार या राज्य अवकाश के रूप में निर्धारित किसी दिन के अलावा किसी अन्य दिन से है।*

*(2) अनुभाग 21018 और 21019 को छोड़कर इस अध्याय के किसी भी अनुभाग में प्रयुक्त "दिन" से आशय कैलेंडर दिवस से है।*

*(g) "शैक्षणिक सुविधा-स्थल" से आशय ऐसी अचल संपत्ति, सुविधा-स्थल, संरचना, भवन या स्थायी उपकरण से है जिसका स्वामित्व या संचालन एक या अधिक California शैक्षणिक संस्थानों द्वारा शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है, या जो पूरा होने पर उनके स्वामित्व या संचालन में होगा।*

*(h) "पर्यावरणीय समीक्षा दस्तावेज़" या "पर्यावरणीय समीक्षा दस्तावेज़ीकरण" से आशय प्रारंभिक अध्ययनों; नकारात्मक घोषणाओं; शमनयुक्त नकारात्मक घोषणाओं; प्रारूप और अंतिम पर्यावरणीय प्रभाव रिपोर्टों; पर्यावरणीय प्रभाव रिपोर्टों के विकल्प के रूप में तैयार दस्तावेज़ों; अनुभाग 21080.5 के अनुसार प्रमाणित किसी प्रोग्राम के अनुसार नकारात्मक घोषणा और शमनयुक्त नकारात्मक घोषणाओं; इस प्रभाग से वैधानिक या श्रेणीगत छूटों या प्रक्रिया-सरलीकरण प्रावधानों की प्रयोज्यता को प्रमाणित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले दस्तावेज़ों या दस्तावेज़ीकरण, जिनमें अनुभाग 21083.3 और 21094.5 के अनुसार दस्तावेज़ बिना किसी सीमा के शामिल हैं; परिशिष्टों और अन्य पूरक या बाद की समीक्षा के दस्तावेज़ों; राष्ट्रीय पर्यावरण नीति अधिनियम, 1969 (42 U.S.C. अनुभाग 4321 आदि) के तहत तैयार और किसी सार्वजनिक एजेंसी द्वारा उपर्युक्त दस्तावेज़ों या दस्तावेज़ीकरण में से किसी के स्थान पर उपयोग किए गए दस्तावेज़ों; एवं California विनियम संहिता के शीर्षक 14 के अनुभाग 15361 में परिभाषित पर्यावरणीय दस्तावेज़ों से है।*

*(i) (1) "अत्यावश्यक ब्रॉडबैंड इंटरनेट पहुँच परियोजना" से आशय इस राज्य में ग्राहकों को तार सेवा, वायरलेस सेवा या रेडियो के माध्यम से व्यापक बाजार वाली खुदरा सेवा प्रदान करने वाली ऐसी परियोजना से है जो सभी या लगभग सभी इंटरनेट एंडपॉइंट तक डेटा भेजने और उनसे डेटा प्राप्त करने की क्षमता प्रदान करती है, जिसमें संचार सेवा के संचालन से संबंधित और उसे सक्षम बनाने वाली क्षमताएँ शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है; इसमें डायल-अप इंटरनेट पहुँच सेवा शामिल नहीं है।*

*(2) कोई "अत्यावश्यक ब्रॉडबैंड इंटरनेट पहुँच परियोजना" अनुभाग 21183.5 में वर्णित सभी श्रम आवश्यकताओं का पालन करेगी।*

*(j) (1) "अत्यावश्यक स्वच्छ ऊर्जा परियोजना" से आशय ऐसी परियोजना से है जो निम्नलिखित में से एक या अधिक माध्यमों द्वारा California के जलवायु, ऊर्जा दक्षता, विश्वसनीयता, विद्युतीकरण, स्थिरता या स्वच्छ ऊर्जा संबंधी उद्देश्यों का समर्थन करती है:*

*(A) (i) नवीकरणीय या टिकाऊ संसाधनों से प्राप्त बिजली का उत्पादन, सृजन या भंडारण करना, जिनमें सौर, पवन, भू-तापीय ऊर्जा; California विनियम संहिता के शीर्षक 17 के अनुभाग 94203 की वितरित उत्पादन प्रमाणन प्रोग्राम आवश्यकताओं के अनुसार राज्य वायु संसाधन बोर्ड द्वारा अपनाए गए उत्सर्जन मानकों का पालन करने वाले ईंधन सेल; 30 मेगावाट या उससे कम का लघु जलविद्युत उत्पादन; डाइजेस्टर गैस; नगरपालिका ठोस अपशिष्ट रूपांतरण; लैंडफिल गैस; समुद्री तरंग, समुद्री तापीय या ज्वारीय धारा ऊर्जा; और उनसे संबद्ध पारेषण लाइनें शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।*

*(ii) इस अनुभाग के प्रयोजनों के लिए, "संबद्ध पारेषण लाइनें" से आशय ऐसी पारेषण लाइन से है जो खंड (i) में वर्णित किसी सुविधा से बिजली के इंटरकनेक्शन या वितरण के लिए आवश्यक हो।*

*(iii) खंड (i) के बावजूद, इस उप-अनुच्छेद में परमाणु ऊर्जा से बिजली का उत्पादन या सृजन शामिल नहीं है।*

*(B) ऐसे स्वच्छ हाइड्रोजन का उत्पादन, सृजन, भंडारण, पारेषण या वितरण करना जो जीवाश्म ईंधन फीडस्टॉक से प्राप्त न हो।*

*(C) माइक्रोग्रिड और उससे संबंधित बुनियादी ढाँचे का विकास, निर्माण या स्थापना करना। इस उप-अनुच्छेद के प्रयोजनों के लिए, "माइक्रोग्रिड" से आशय सार्वजनिक उपयोगिता संहिता के अनुभाग 8370 के उपखंड (d) में परिभाषित माइक्रोग्रिड से है।*

*(D) ऊर्जा उत्पादन, विनिर्माण या रिफाइनिंग सुविधाओं सहित स्रोतों से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को स्थायी रूप से पृथक रखने के लिए उसे पकड़ना, परिवहन करना या भंडारित करना।*

*(E) स्वतंत्र सिस्टम ऑपरेटर द्वारा अनुमोदित पारेषण योजना प्रक्रिया में या अनुभाग 25302 के अनुसार अपनाई गई एकीकृत ऊर्जा नीति रिपोर्ट में पहचाने गए पारेषण या वितरण प्रणाली के घटकों का विकास, निर्माण, उन्नयन या विस्तार करना; इसमें उन सुविधाओं, परिसंपत्तियों या घटकों का बिक्री, पट्टे, हस्तांतरण, गृह ऋण या अन्य निपटान या भार के माध्यम से वित्तपोषण भी शामिल है, जिसके लिए राज्य एजेंसी की मंजूरी आवश्यक हो।*

*(2) कोई "अत्यावश्यक स्वच्छ ऊर्जा परियोजना" अनुभाग 21183.5 में वर्णित सभी श्रम आवश्यकताओं का पालन करेगी।*

*(k) (1) "अत्यावश्यक शैक्षणिक सुविधा परियोजना" से आशय किसी शैक्षणिक सुविधा के अधिग्रहण, निर्माण, विस्तार, पुनर्निर्माण, नवीनीकरण, सुधार, साज-सज्जा या उपकरण उपलब्ध कराने से है।*

*(2) कोई अत्यावश्यक शैक्षणिक सुविधा परियोजना अनुभाग 21183.5 में वर्णित सभी श्रम आवश्यकताओं का पालन करेगी।*

*(l) "अत्यावश्यक आवास परियोजना" से आशय निम्नलिखित सभी से है:*

*(1) केवल आवासीय यूनिट्स।*

*(2) मिश्रित-उपयोग विकास।*

*(3) सरकारी संहिता के अनुभाग 65582 में परिभाषित संक्रमणकालीन आवास, आपातकालीन आश्रय या सहायक आवास।*

*(4) स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के अनुभाग 50199.7 के उपखंड (h) में परिभाषित खेतिहर कामगारों के लिए आवास।*

*(5) सामूहिक आवास व्यवस्था, अर्थात ऐसी इमारतें या इमारतों के हिस्से जो एक परिवार के रूप में साथ न रहने वाले व्यक्तियों के आवासीय उपयोग के लिए बनाए गए हों या उन्हें आवास प्रदान करते हों, और जिनमें सामान्यतः प्रत्येक कमरे या यूनिट के लिए अलग रसोईघर या बाथरूम की सुविधा नहीं होती। इस उपयोग में कॉन्वेंट, मठ और अन्य प्रकार के संस्थागत आवास शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।*

*(6) विद्यार्थी आवास यूनिट्स। इस अनुच्छेद के प्रयोजनों के लिए, "विद्यार्थी आवास यूनिट्स" से आशय विद्यार्थियों द्वारा उपयोग के लिए बनाई गई किसी भी आवासीय यूनिट या सामूहिक आवास व्यवस्था से है, जिसमें छात्रावास-शैली का विद्यार्थी आवास और सुइट-शैली का विद्यार्थी आवास शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।*

*(7) (A) वरिष्ठ नागरिक आवास यूनिट्स। इस अनुच्छेद के प्रयोजनों के लिए, "वरिष्ठ नागरिक आवास यूनिट्स" से आशय किसी भी आकार की ऐसी आवासीय यूनिट्स या सामूहिक आवास व्यवस्था से है जो 55 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के निवास के लिए बनाई गई हों, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है: (i) कई पीढ़ियों वाले आवास विकास; (ii) वरिष्ठ नागरिक सामूहिक आवास; (iii) नागरिक संहिता के अनुभाग 51.3 के उपखंड (b) के अनुच्छेद (4) में परिभाषित वरिष्ठ नागरिक आवास विकास; (iv) स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के अनुभाग 1569.2 के उपखंड (o) के अनुच्छेद (1) में परिभाषित बुज़ुर्गों के लिए आवासीय देखभाल सुविधा-स्थल; और (v) स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के अनुभाग 1771 के उपखंड (c) के अनुच्छेद (10) में परिभाषित सतत देखभाल रिटायरमेंट समुदाय।*

*(B) इस अनुच्छेद की व्याख्या किसी सार्वजनिक एजेंसी के उस अधिकार को सीमित करने के रूप में नहीं की जाएगी जिसके तहत वह अपने क्षेत्रीकरण अध्यादेशों या अन्य कानूनों के अनुसार वरिष्ठ नागरिक आवास के भूमि उपयोग को गैर-आवासीय के रूप में वर्गीकृत कर सकती है; हालांकि, वरिष्ठ नागरिक आवास यूनिट्स सरकारी संहिता के अनुभाग 65589.5 के उपखंड (h) के अनुच्छेद (2) के अनुसार "आवास विकास परियोजना" के रूप में पात्र होंगी।*

*(8) नागरिक संहिता के अनुभाग 4100 में परिभाषित ऐसा उपविभाजन या साझा हित विकास, जिसमें आवासीय यूनिट्स या अविकसित आवासीय भूखंड शामिल हों।*

*(9) किसी मौजूदा व्यावसायिक भवन को आवासीय उपयोग में परिवर्तित करना।*

*(m) "अत्यावश्यक परियोजना" से आशय ऐसी परियोजना से है जो निम्नलिखित सभी आवश्यकताओं को पूरा करती हो:*

*(1) (A) परियोजना कोई अत्यावश्यक आवास परियोजना, अत्यावश्यक जल परियोजना, अत्यावश्यक स्वच्छ ऊर्जा परियोजना, अत्यावश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य परियोजना, अत्यावश्यक सार्वजनिक सुरक्षा परियोजना, अत्यावश्यक ब्रॉडबैंड इंटरनेट पहुँच परियोजना, अत्यावश्यक शैक्षणिक सुविधा परियोजना या अत्यावश्यक परिवहन परियोजना हो।*

*(B) किसी अत्यावश्यक परियोजना में उप-अनुच्छेद (A) में पहचानी गई परियोजना को सेवाएँ प्रदान करने के लिए किसी उपयोगिता या सार्वजनिक एजेंसी द्वारा आवश्यक, या पूरी परियोजना के हिस्से के रूप में अत्यावश्यक परियोजना के आवेदन में शामिल, सभी संबंधित और सहायक सार्वजनिक, निजी और उपयोगिता बुनियादी ढाँचे एवं सार्वजनिक सेवा सुविधाएँ शामिल हैं। इनमें बिजली, दूरसंचार, गैस, पानी, अपशिष्ट जल, वर्षाजल, सार्वजनिक परिवहन, पुलिस, अग्निशमन और परिवहन संबंधी सुधार शामिल हैं, जो परियोजना को आवश्यक सार्वजनिक और उपयोगिता सेवाएँ एवं बुनियादी ढाँचा प्रदान करते हैं। जब इस अध्याय के अन्य प्रावधानों द्वारा किसी अत्यावश्यक परियोजना पर कोई विशिष्ट श्रम मानक लागू किया जाता है, तो वह श्रम मानक इस उप-अनुच्छेद में वर्णित अत्यावश्यक परियोजना के घटकों पर भी लागू होगा।*

*(2) परियोजना में कोई जेल या अन्य हिरासत सुविधा-स्थल शामिल न हो और न ही उसमें किसी नई तेल या प्राकृतिक गैस उत्पादन सुविधा-स्थल का विकास शामिल हो।*

*(n) (1) "अत्यावश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य परियोजना" से आशय किसी चिकित्सा उपचार सुविधा-स्थल से है।*

*(2) कोई "अत्यावश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य परियोजना" अनुभाग 21183.5 में वर्णित सभी श्रम आवश्यकताओं का पालन करेगी।*

*(o) (1) "अत्यावश्यक सार्वजनिक सुरक्षा परियोजना" से आशय किसी प्रथम प्रतिक्रिया सुविधा या जंगल में लगने वाली आग के जोखिम कम करने की परियोजना से है।*

*(2) (A) कोई "अत्यावश्यक सार्वजनिक सुरक्षा परियोजना" अनुभाग 21183.5 में वर्णित सभी श्रम आवश्यकताओं का पालन करेगी।*

*(B) ऐसी जंगल में लगने वाली आग के जोखिम कम करने की परियोजना, जो केवल वनस्पति प्रबंधन, ईंधन सामग्री में कमी, फायरब्रेक बनाने या उनका रखरखाव करने, या ज्वलनशील सामग्री का भार कम करने तक सीमित हो और जिसे कोई सार्वजनिक एजेंसी अपने कर्मचारियों का उपयोग करके सीधे संचालित करती हो, इस अनुच्छेद का अनुपालन करने वाली मानी जाएगी, यदि परियोजना पर काम करने वाले सार्वजनिक एजेंसी के कर्मचारी किसी सामूहिक सौदेबाजी समझौते या राज्य के अन्य सिविल सेवा कानूनों के अंतर्गत आते हों जो समकक्ष वेतन, प्रशिक्षण और सुरक्षा मानक प्रदान करते हों।*

*(p) (1) "अत्यावश्यक परिवहन परियोजना" से आशय निम्नलिखित दोनों से है:*

*(A) California के संविधान की धारा XIX के अनुभाग 2 के उपखंड (a) या (b) में वर्णित कोई परियोजना।*

*(B) इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग और ईंधन भरने का बुनियादी ढाँचा।*

*(2) कोई "अत्यावश्यक परिवहन परियोजना" अनुभाग 21183.5 में वर्णित सभी श्रम आवश्यकताओं का पालन करेगी।*

*(3) "अत्यावश्यक परिवहन परियोजना" में हाई-स्पीड ट्रेन, हाई-स्पीड ट्रेन प्रणाली, कॉरिडोर या उपयोग योग्य खंड शामिल नहीं हैं, जैसा कि इन शब्दों को सड़क और राजमार्ग संहिता के अनुभाग 2704.01 में परिभाषित किया गया है; और न ही इसमें 21वीं सदी के सुरक्षित, भरोसेमंद और तेज़ रफ़्तार यात्री ट्रेन बॉन्ड अधिनियम (सड़क और राजमार्ग संहिता के प्रभाग 3 का अध्याय 20 (अनुभाग 2704 से शुरू होते हुए)) का कोई अन्य घटक शामिल है।*

*(q) (1) "अत्यावश्यक जल परियोजना" से आशय निम्नलिखित में से किसी का निर्माण, विस्तार, मरम्मत, प्रतिस्थापन, सुधार या क्षमता बढ़ाने के लिए किसी परियोजना या कार्रवाई से है: (A) स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के अनुभाग 116275 के उपखंड (h) में परिभाषित "सार्वजनिक जल प्रणाली"; (B) ऐसी प्रणाली जो किसी सार्वजनिक जल प्रणाली को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पानी उपलब्ध कराती हो; या (C) ऐसी प्रणाली जिसका सामान्य रूप से वर्णन राज्य के जल के लचीलेपन वाले पोर्टफोलियो में किया गया हो और जो उसके दायरे में आती हो।*

*(2) कोई "अत्यावश्यक जल परियोजना" अनुभाग 21183.5 में वर्णित सभी श्रम आवश्यकताओं का पालन करेगी।*

*(3) "अत्यावश्यक जल परियोजना" में जल संहिता के अनुभाग 79702 के उपखंड (f) में परिभाषित डेल्टा परिवहन सुविधाएँ शामिल नहीं हैं।*

*(r) "मौजूदा कानून" से आशय निम्नलिखित से है:*

*(1) कानूनों, विनियमों, नियमों, मानकों या अध्यादेशों में निहित औपचारिक रूप से अपनाई गई वे कानूनी आवश्यकताएँ, जो किसी अत्यावश्यक परियोजना के लिए सार्वजनिक एजेंसी को आवेदन प्रस्तुत किए जाने की तारीख को विद्यमान और प्रभावी थीं।*

*(2) (A) किसी कानून, विनियम, अध्यादेश, मानक या नियम में निहित ऐसी औपचारिक रूप से अपनाई गई कानूनी आवश्यकता, जो किसी अत्यावश्यक परियोजना के लिए सार्वजनिक एजेंसी को आवेदन प्रस्तुत किए जाने की तारीख को प्रभावी नहीं थी, लेकिन प्रमुख एजेंसी यह निष्कर्ष निकालती है कि उस विशिष्ट कानून, विनियम, अध्यादेश, मानक या नियम का अनुपालन किसी विशिष्ट प्रतिकूल जीवन-सुरक्षा प्रभाव को कम करने या उससे बचने के लिए आवश्यक है, जिसमें विशिष्ट प्रतिकूल जीवन-सुरक्षा प्रभाव से आशय महत्वपूर्ण, मापने योग्य, प्रत्यक्ष और अपरिहार्य जीवन-सुरक्षा प्रभावों से है, जिसमें नई या उभरती प्रौद्योगिकियाँ, सामग्रियाँ या ग्रिड-एकीकरण प्रणालियों से संबंधित जीवन-सुरक्षा प्रभाव भी शामिल हैं, और जो वस्तुनिष्ठ, पहचाने गए और लिखित सार्वजनिक सुरक्षा मानकों, नीतियों या शर्तों पर आधारित हो। प्रमुख एजेंसी इस उप-अनुच्छेद में वर्णित निष्कर्ष निकालने के 72 घंटों के भीतर आवेदक को सूचित करेगी।*

*(B) उप-अनुच्छेद (A) में वर्णित निष्कर्ष निम्नलिखित में से जो भी पहले हो, उससे पहले निकाला जाना आवश्यक है: (i) इस अध्याय के अनुसार अत्यावश्यक परियोजना की पर्यावरणीय समीक्षा पूरी होना; या (ii) प्रारंभिक भवन परमिट आवेदन या योजना-समीक्षा पैकेज परियोजना पर अधिकार-क्षेत्र रखने वाले प्राधिकरण को प्रस्तुत किया जाना।*

*(3) California निर्माण मानक संहिता का कोई भी अद्यतन, जिसमें California अग्नि संहिता शामिल है, लेकिन यह इसी तक सीमित नहीं है, जो निम्नलिखित में से जो भी पहले हो, उससे पहले प्रभावी हो: (A) इस अध्याय के अनुसार अत्यावश्यक परियोजना की पर्यावरणीय समीक्षा पूरी होना; या (B) प्रारंभिक भवन परमिट आवेदन या योजना-समीक्षा पैकेज परियोजना पर अधिकार-क्षेत्र रखने वाले प्राधिकरण को प्रस्तुत किया जाना।*

*(s) "व्यवहार्य" से आशय ऐसी चीज़ से है जिसे आर्थिक, पर्यावरणीय, कानूनी, सामाजिक और तकनीकी कारकों को ध्यान में रखते हुए उचित समयावधि के भीतर सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।*

*(t) (1) "प्रथम प्रतिक्रिया सुविधा-स्थल" से आशय निम्नलिखित सभी से है:*

*(A) California राज्य, किसी शहर, काउंटी, शहर और काउंटी, संयुक्त शक्तियाँ प्राधिकरण, परामर्शदाता जनजाति या विशेष ज़िले के स्वामित्व या संचालन वाला अग्निशमन स्टेशन।*

*(B) किसी शहर, काउंटी, शहर और काउंटी, संयुक्त शक्तियाँ प्राधिकरण या विशेष ज़िले के स्वामित्व या संचालन वाला पुलिस स्टेशन या शेरिफ़ का स्टेशन, लेकिन जेल या अन्य हिरासत सुविधा-स्थल के रूप में उपयोग किए जाने वाले किसी भी हिस्से को छोड़कर।*

*(2) "प्रथम प्रतिक्रिया सुविधा-स्थल" में निम्नलिखित में से कोई भी शामिल नहीं है:*

*(A) संयुक्त राज्य अमेरिका सरकार के स्वामित्व, संचालन या पट्टे पर लिया गया कोई भी सुविधा-स्थल।*

*(B) आव्रजन हिरासत सुविधा या राज्य कारागार के रूप में उपयोग किया जाने वाला कोई भी सुविधा-स्थल।*

*(u) "प्रमुख एजेंसी" से आशय अनुभाग 21067 में परिभाषित प्रमुख एजेंसी से है।*

*(v) "स्थानीय एजेंसी" से आशय ऐसी सार्वजनिक संस्था से है जो इस धारा में परिभाषित "राज्य एजेंसी" नहीं है।*

*(w) "चिकित्सा कार्यालय इमारत" से आशय ऐसी इमारत से है जिसका प्राथमिक कार्य उन स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को कार्यालय स्थान उपलब्ध कराना है जिन्हें व्यवसाय और पेशा संहिता के प्रभाग 2 (अनुभाग 500 से शुरू होते हुए) के अनुसार अभ्यास करने के लिए लाइसेंस, प्रमाणन, पंजीकरण या अन्य प्रकार का प्राधिकार प्राप्त है।*

*(x) "चिकित्सा उपचार सुविधा-स्थल" से आशय निम्नलिखित सभी से है: (1) स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के अनुभाग 1250 में परिभाषित स्वास्थ्य सुविधा-स्थल; (2) स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के अनुभाग 1200 में परिभाषित क्लीनिक; और (3) चिकित्सा कार्यालय इमारत।*

*(y) (1) "मिश्रित-उपयोग वाले विकास" से आशय आवासीय और गैर-आवासीय उपयोगों वाले ऐसे विकास से है जो निम्नलिखित में से किसी शर्त को पूरा करता हो:*

*(A) नए या परिवर्तित कुल वर्ग फुट क्षेत्र का कम से कम दो-तिहाई हिस्सा आवासीय उपयोग के लिए निर्धारित हो।*

*(B) नए या परिवर्तित कुल वर्ग फुट क्षेत्र का कम से कम 50 प्रतिशत आवासीय उपयोग के लिए निर्धारित हो और परियोजना निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी करती हो:*

*(i) परियोजना में कम से कम 500 शुद्ध नई आवासीय यूनिट्स शामिल हों।*

*(ii) परियोजना का कोई भी हिस्सा होटल, मोटल, बेड एंड ब्रेकफास्ट इन या अन्य अस्थायी आवास के रूप में उपयोग के लिए निर्धारित न हो; हालांकि, परियोजना का कोई हिस्सा स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के अनुभाग 50519 में परिभाषित आवासीय होटल के रूप में उपयोग के लिए निर्धारित किया जा सकता है।*

*(C) शुद्ध नए या परिवर्तित कुल वर्ग फुट क्षेत्र का कम से कम 50 प्रतिशत आवासीय उपयोग के लिए निर्धारित हो और परियोजना निम्नलिखित सभी शर्तें पूरी करती हो:*

*(i) परियोजना में कम से कम 500 शुद्ध नई आवासीय यूनिट्स शामिल हों।*

*(ii) परियोजना में कम से कम 100,000 वर्ग फुट गैर-आवासीय उपयोग को ध्वस्त करना या आवासीय उपयोग में परिवर्तित करना शामिल हो।*

*(iii) परियोजना स्थल पर मौजूदा गैर-आवासीय उपयोगों में से कम से कम 50 प्रतिशत को ध्वस्त करती हो।*

*(iv) परियोजना का कोई भी हिस्सा होटल, मोटल, बेड एंड ब्रेकफास्ट इन या अन्य अस्थायी आवास के रूप में उपयोग के लिए निर्धारित न हो; हालांकि, परियोजना का कोई हिस्सा स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता के अनुभाग 50519 में परिभाषित आवासीय होटल के रूप में उपयोग के लिए निर्धारित किया जा सकता है।*

*(2) इस उपखंड के प्रयोजनों के लिए, गैर-आवासीय उपयोगों में भारी औद्योगिक, निष्कर्षण, बंदरगाह, रिफाइनरी या खतरनाक सामग्री संबंधी उपयोग या पदनाम शामिल नहीं होंगे।*

*(3) मिश्रित-उपयोग वाले विकास में शामिल किसी भी गैर-आवासीय उपयोग और स्थल से बाहर स्थित किसी मौजूदा आवासीय उपयोग के बीच आवश्यक न्यूनतम दूरी राज्य कानून द्वारा निर्धारित की जाएगी।*

*(z) "सार्वजनिक एजेंसी" से आशय California विनियम संहिता के शीर्षक 14 के अनुभाग 15379 में परिभाषित सार्वजनिक एजेंसी; उत्तरदायी एजेंसी; स्थानीय एजेंसी; राज्य एजेंसी; प्रमुख एजेंसी; स्थानीय एजेंसी गठन आयोग; शहर; काउंटी; शहर और काउंटी; विशेष ज़िला; संयुक्त शक्तियाँ प्राधिकरण; या राज्य या स्थानीय कानून के तहत गठित किसी अन्य सरकारी प्राधिकरण से है, चाहे उसका स्वरूप राज्यव्यापी, स्थानीय या क्षेत्रीय हो।*

*(aa) “सार्वजनिक भागीदारी प्रक्रियाएँ” से आशय अनुभाग 21016, 21018, 21020, 21021, 21023 और 21024 में निर्धारित सार्वजनिक भागीदारी प्रक्रियाओं से है।*

*(ab) “उत्तरदायी एजेंसी” से आशय California विनियम संहिता के शीर्षक 14 के अनुभाग 15381 में परिभाषित उत्तरदायी एजेंसी से है।*

*(ac) “राज्य एजेंसी” से आशय सरकारी संहिता के अनुभाग 8557 के उपखंड (a) में परिभाषित राज्य एजेंसी और सरकारी संहिता के अनुभाग 11121 में परिभाषित किसी भी राज्य निकाय से है।*

*(ad) “राज्य CEQA दिशानिर्देश” से आशय California विनियम संहिता के शीर्षक 14 के प्रभाग 6 के अध्याय 3 (अनुभाग 15000 से शुरू होते हुए) से है।*

*(ae) “पर्याप्त साक्ष्य” से आशय उपलब्ध जानकारी से प्राप्त पर्याप्त प्रासंगिक जानकारी और उचित निष्कर्षों से है, जिनके आधार पर किसी निष्कर्ष के समर्थन में उचित तर्क दिया जा सके, भले ही अन्य निष्कर्षों पर भी पहुँचा जा सकता हो।*

*(af) “जनजातीय सांस्कृतिक संसाधन” में निम्नलिखित में से कोई भी शामिल है:*

*(1) कोई स्थल, विशेषता, स्थान, सांस्कृतिक भू-दृश्य या पवित्र स्थान, जिसमें किसी परामर्शदाता जनजाति का पवित्र कब्रिस्तान, इंडियन कब्रिस्तान या दफन करने वाला क्षेत्र शामिल है, या परामर्शदाता जनजाति के लिए सांस्कृतिक महत्व की कोई वस्तु, जो निम्नलिखित में से कोई हो:*

*(A) California ऐतिहासिक संसाधनों का रजिस्टर या ऐतिहासिक स्थलों का राष्ट्रीय रजिस्टर में शामिल हो या उसमें शामिल किए जाने के योग्य हो।*

*(B) अनुभाग 5020.1 में परिभाषित ऐतिहासिक संसाधनों के किसी स्थानीय रजिस्टर में शामिल हो।*

*(C) मूल अमेरिकी विरासत आयोग द्वारा अनुभाग 5097.94 या 5097.96 के अनुसार पवित्र स्थान के रूप में पहचाना गया हो।*

*(D) संघीय राष्ट्रीय ऐतिहासिक संरक्षण अधिनियम के अनुभाग 101 (54 U.S.C. अनुभाग 300101 आदि) के अनुसार आंतरिक सचिव द्वारा अनुमोदित जनजातीय ऐतिहासिक संरक्षण अधिकारी द्वारा बनाए गए किसी जनजातीय सरकारी रजिस्टर में शामिल हो।*

*(2) ऐसा सांस्कृतिक भू-दृश्य जो अनुच्छेद (1) के मानदंडों को उस सीमा तक पूरा करता हो जहाँ भू-दृश्य को उसके आकार और विस्तार के संदर्भ में भौगोलिक रूप से परिभाषित किया गया हो।*

*(3) अनुभाग 21084.1 में वर्णित कोई ऐतिहासिक संसाधन, अनुभाग 21083.2 के उपखंड (g) में परिभाषित कोई विशिष्ट पुरातात्विक संसाधन, या अनुभाग 21083.2 के उपखंड (h) में परिभाषित कोई “गैर-विशिष्ट पुरातात्विक संसाधन”, जो अनुच्छेद (1) के मानदंडों के अनुरूप हो।*

*(ag) “जंगल में लगने वाली आग के जोखिम कम करने की परियोजना” से आशय ऐसी गतिविधि से है जो किसी आवासीय या व्यावसायिक संरचना, या दोनों, के लिए जंगल में लगने वाली आग के जोखिम को कम करती है। “जंगल में लगने वाली आग के जोखिम कम करने की परियोजना” में निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है: विद्युत उपयोगिता लाइनों, सड़कों और बुनियादी ढाँचे को बदलना, अधिक सुरक्षित बनाना या भूमिगत करना; वनस्पति प्रबंधन; ईंधन सामग्री में कमी; घरों को आग-प्रतिरोधी बनाना; फायरब्रेक और पहुँच मार्ग बनाना या उनका रखरखाव करना; एवं ज्वलनशील सामग्री का भार कम करना।*

*धारा 8. अध्याय की व्याख्या और सामान्य प्रावधान*

*21029. अध्याय की व्याख्या*

*(a) California राज्य की जनता की यह नीति है कि इस अध्याय की व्याख्या और कार्यान्वयन इस प्रकार किया जाए कि अत्यावश्यक परियोजनाओं के हित एवं उनके अनुमोदन और कार्यान्वयन को यथासंभव पूर्ण महत्व दिया जा सके।*

*(b) (1) California राज्य की जनता का आशय है कि न्यायालय, कानून की व्याख्या के सामान्यतः स्वीकृत नियमों के अनुरूप, इस प्रभाग या राज्य CEQA दिशानिर्देशों की ऐसी व्याख्या न करें जिससे अत्यावश्यक परियोजनाओं पर इस प्रभाग या राज्य CEQA दिशानिर्देशों में स्पष्ट रूप से निर्धारित आवश्यकताओं से अतिरिक्त प्रक्रियात्मक या मूलभूत आवश्यकताएँ लगाई जाएँ।*

*(2) California राज्य की जनता का यह भी आशय है कि न्यायालय इस उपखंड की व्याख्या और इसे अनुभाग 21083.1 के निर्देशानुसार लागू करें, और यह अनुभाग 21083.1 के साथ एक ही विषय पर है, ताकि कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक यह उपखंड न्यायालयों के ऐसे निर्णय जारी करने या ऐसा उपचार लागू करने के अधिकार को सीमित करे जो इस अध्याय द्वारा स्पष्ट रूप से अधिकृत नहीं है।*

*21030. राज्यव्यापी सरोकार*

*California राज्य की जनता एतद् द्वारा घोषित करती है कि इस अध्याय में निर्धारित अत्यावश्यक परियोजनाओं की समीक्षा और अनुमोदन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना राज्यव्यापी सरोकार का विषय है, क्योंकि आवास, स्वच्छ ऊर्जा, पानी, परिवहन, ब्रॉडबैंड इंटरनेट, शिक्षा सुविधाओं, सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे और सार्वजनिक सुरक्षा बुनियादी ढाँचे की पर्याप्तता, उपलब्धता और वहनीयता California की आबादी और अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। इसलिए, California राज्य एतद् द्वारा इस अध्याय में निर्धारित अत्यावश्यक परियोजनाओं की समीक्षा और अनुमोदन के क्षेत्र में पूर्ण नियामक अधिकार ग्रहण करता है।*

*21031. वैधानिक संदर्भ*

*(a) उपखंड (b) में दिए गए प्रावधान को छोड़कर, इस अध्याय के बाहर संहिताबद्ध राज्य कानूनों या विनियमों के सभी संदर्भ उन कानूनों और विनियमों को उनके 31 दिसंबर, 2025 को विद्यमान स्वरूप में संदर्भित करते हैं, चाहे उस तारीख के बाद कोई संशोधन, निरसन, समाप्ति प्रावधान या अवधि समाप्ति हुई हो।*

*(b) श्रम संहिता के अनुभाग 218.9 का संदर्भ उस अनुभाग के 1 जनवरी, 2026 को विद्यमान स्वरूप को संदर्भित करता है।*

*21032. पृथक्करणीयता*

*इस अध्याय के प्रावधान पृथक्करणीय हैं। यदि इस अध्याय का कोई भाग, अनुभाग, उपखंड, अनुच्छेद, उप-अनुच्छेद, अनुभाग, उप-अनुभाग, वाक्य, वाक्यांश, शब्द या कार्यान्वयन किसी भी कारण से सक्षम क्षेत्राधिकार वाले किसी न्यायालय के निर्णय द्वारा अवैध माना जाता है, तो वह निर्णय इस अध्याय के शेष भागों की वैधता को प्रभावित नहीं करेगा। California राज्य की जनता एतद् द्वारा घोषित करती है कि उसने इस अध्याय एवं इसके प्रत्येक ऐसे भाग, अनुभाग, उपखंड, धारा, उप-अनुच्छेद, खंड, उपखंड, वाक्य, वाक्यांश, शब्द और अनुप्रयोग को, जिसे अमान्य या असंवैधानिक घोषित नहीं किया गया है, इस बात की परवाह किए बिना अपनाया होता कि इस अध्याय के किसी घटक या उसके अनुप्रयोग को बाद में अमान्य घोषित किया जाएगा या नहीं।*

*21033. प्रभावी तिथि*

*यह अध्याय California के संविधान की धारा II के अनुभाग 10 के उपखंड (a) में निर्धारित प्रावधान के अनुसार प्रभावी होगा और उस प्रभावी तिथि से सभी अत्यावश्यक परियोजनाओं से संबंधित सभी लंबित और भावी सार्वजनिक एजेंसी एवं न्यायिक समीक्षाओं और प्रक्रियाओं पर लागू होगा।*

*21034. संशोधन*

*विधान मंडल इस अध्याय में ऐसे कानून द्वारा संशोधन कर सकता है जिसे विधान मंडल के प्रत्येक सदन में दैनिकी में दर्ज नामवार मतदान द्वारा पारित किया गया हो और जिसके पक्ष में कुल सदस्यता के दो-तिहाई सदस्यों की सहमति हो, बशर्ते कि वह कानून इस अध्याय के अनुरूप हो और इसके उद्देश्यों को आगे बढ़ाता हो। इस अध्याय में संशोधन करने वाला कोई विधेयक तब तक पारित नहीं किया जा सकता या कानून नहीं बन सकता, जब तक उस विधेयक को उसके अंतिम स्वरूप में विधान मंडल के सदस्यों के लिए मुद्रित और वितरित न किया गया हो एवं विधान मंडल के किसी भी सदन में उसके पारित होने से कम से कम 12 कार्यदिवस पहले इंटरनेट पर प्रकाशित न किया गया हो।*

*अनुभाग* 2. परस्पर विरोधी विधेयक।

यदि यह पहल विधेयक और इस अधिनियम में परिभाषित अत्यावश्यक परियोजनाओं की समीक्षा या अनुमोदन से संबंधित कोई अन्य विधेयक या विधेयक एक ही राज्यव्यापी चुनाव मतपत्र पर प्रस्तुत होते हैं, तो अन्य विधेयक या विधेयकों को इस विधेयक के साथ परस्पर विरोधी माना जाएगा। यदि इस पहल विधेयक को अधिक संख्या में हाँ के मत प्राप्त होते हैं, तो इस विधेयक के प्रावधान पूर्ण रूप से प्रभावी होंगे और अन्य विधेयक या विधेयकों के प्रावधान अमान्य और निष्प्रभावी होंगे।

अनुभाग 3. उदार व्याख्या।

इस अधिनियम के आशय और उद्देश्यों को प्रभावी बनाने के लिए इसकी उदारतापूर्वक व्याख्या की जाएगी।

अनुभाग 4. कानूनी बचाव।

इस अनुभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोगों के पहल के बहुमूल्य अधिकार को राज्य के राजनेताओं द्वारा अनुचित रूप से निरस्त नहीं किया जा सके, जो मतदाताओं की इच्छा का संरक्षण करने से इनकार करते हैं। इसलिए, यदि इस अधिनियम को California राज्य के मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाता है और उसके बाद इसे कानूनी चुनौती दी जाती है जो किसी भी तरह से इस अधिनियम के दायरे या कार्यान्वयन को सीमित करने का प्रयास करती है, या आरोप लगाती है कि यह अधिनियम किसी राज्य या संघीय कानून का पूर्णतः या आंशिक रूप से उल्लंघन करता है, और राज्यपाल और अटॉर्नी जनरल दोनों California राज्य की ओर से इस अधिनियम का यथासंभव पूर्णतः बचाव करने से इनकार करते हैं, तो निम्नलिखित कार्रवाई की जाएगी:

(a) सरकारी संहिता के शीर्षक 2 के प्रभाग 3 के भाग 2 के अध्याय 6 (अनुभाग 12500 से शुरू होते हुए) या किसी अन्य कानून में इसके विपरीत किसी भी प्रावधान के बावजूद, अटॉर्नी-जनरल California राज्य की ओर से इस अधिनियम का यथासंभव पूर्ण सीमा तक निष्ठापूर्वक और दृढ़ता से बचाव करने के लिए स्वतंत्र कानूनी सलाहकार नियुक्त करेगा।

(b) स्वतंत्र कानूनी सलाहकार को नियुक्त करने या उसे बदलने से पहले, अटॉर्नी-जनरल स्वतंत्र कानूनी सलाहकार की योग्यताओं का निर्धारण करने में समुचित सावधानी बरतेगा और उससे लिखित पुष्टि प्राप्त करेगा कि वह इस अधिनियम का यथासंभव पूर्ण सीमा तक निष्ठापूर्वक और दृढ़ता से बचाव करेगा। अनुरोध किए जाने पर लिखित पुष्टि तत्काल सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाएगी।

(c) ऐसे मामलों में इस अधिनियम के बचाव में सहायता करने के लिए, जहाँ राज्यपाल और अटॉर्नी-जनरल मतदाताओं की इच्छा के बावजूद ऐसा करने में विफल रहते हैं, नियंत्रक को सामान्य कोष से, वित्तीय वर्षों की परवाह किए बिना, स्वतंत्र कानूनी सलाहकार को नियुक्त रखने की लागतों को पूरा करने के लिए आवश्यक राशि का निरंतर विनियोग एतद्द्वारा किया जाता है, ताकि California राज्य की ओर से इस अधिनियम का यथासंभव पूर्ण सीमा तक निष्ठापूर्वक और दृढ़ता से बचाव किया जा सके।

# विकलांग मतदाताओं के लिए सहायता

California यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रत्येक मतदाता अपने मतपत्र पर मतदान निजी और स्वतंत्र रूप से करने में सक्षम हो।

आपकी काउंटी विकलांग मतदाताओं को क्या सहायता प्रदान करती है, इसके बारे में अधिक विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया अपनी काउंटी मतदाता सूचना गाइड में देखें या अपनी काउंटी के चुनाव अधिकारी से संपर्क करें। काउंटी की संपर्क सूचना *sos.ca.gov/elections/voting-resources/county-elections-offices* पर उपलब्ध है।

## किसी मतदान स्थल या मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करना

यदि आपको अपने मतपत्र पर निशान लगाने में सहायता चाहिए, तो आप अपनी मदद के लिए दो लोगों तक को चुन सकते हैं। यह व्यक्ति:

- आपका नियोक्ता या ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं हो सकता जो आपके नियोक्ता के लिए काम करता है
- आपकी यूनियन का नेता या कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं हो सकता जो आपकी यूनियन के लिए काम करता है

*कर्बसाइड मतदान* आपको मतदान क्षेत्र के यथासंभव नजदीक अपनी गाड़ी पार्क करने की अनुमति देता है। चुनाव अधिकारी आपके लिए हस्ताक्षर करने के लिए एक रोस्टर, एक मतपत्र, और ऐसी कोई भी अन्य मतदान सामग्री लाएंगे जिसकी आपको ज़रूरत हो सकती है, चाहे आप वास्तव में फुटपाथ पर मौजूद हों या कार में बैठे हों।

सभी मतदान स्थलों और मतदान केंद्रों का विकलांग मतदाताओं के लिए पहुंचनीय होना आवश्यक है और उनमें पहुंचनीय मतदान मशीनें लगी होना आवश्यक हैं।

## घर बैठे मतदान करना

दूरस्थ सुगम्य डाक द्वारा मतदान (RAVBM) प्रणालियाँ विकलांग मतदाताओं को घर बैठे ही अपने मतपत्र प्राप्त करने और उन्हें चुनाव अधिकारियों को वापस भेजने से पहले स्वतंत्र और निजी रूप से उस पर निशान लगाने का एक सुलभ विकल्प प्रदान करती हैं। अधिक जानकारी के लिए अपनी काउंटी के चुनाव अधिकारी से संपर्क करें।

## ऑडियो और बड़े प्रिंट वाली मतदाता जानकारी गाइडें

यह गाइड ऑडियो और बड़े प्रिंट संस्करणों के साथ-साथ अंग्रेज़ी, चीनी, हिंदी, जापानी, खमेर, कोरियाई, स्पेनिश, टैगालॉग, थाई और वियतनामी भाषा में बिना किसी लागत के उपलब्ध है।

मंगवाने के लिए:

*vote.ca.gov* पर जाएँ

राज्य सचिव की टोल-फ्री मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर कॉल करें

ऑडियो MP3 संस्करण *voterguide.sos.ca.gov/hi/audio* से डाउनलोड करें

# याद रखने वाली तारीखें!

★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★★



## देरी न करें, आज ही मतदान करें!

**जैसे ही आपको अपना मतपत्र प्राप्त हों, इसे भरकर वापस भेजें।**

**डाक-द्वारा-मतदान से प्रारंभिक मतदान करने की अवधि 5 अक्टूबर, 2026 से शुरू होती है।**

**मतदान स्थल 3 नवम्बर, 2026 के चुनाव के दिन सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रहते हैं!**

### अक्टूबर

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

**5 अक्टूबर**
काउंटी चुनाव अधिकारी इस तारीख को या इससे पहले मतपत्र भेजना शुरू कर देंगे।

**5 अक्टूबर–3 नवम्बर**
मतपत्र वापस करने के लिए मतदान की अवधि।

**6 अक्टूबर**
सुरक्षित मतपत्र ड्रॉप बॉक्स खुलते हैं।

**19 अक्टूबर**
मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का अंतिम दिन। मतदाता पंजीकरण की अंतिम तिथि के बाद, चुनाव के दिन सहित, उसी दिन मतदाता पंजीकरण आपके काउंटी चुनाव कार्यालय या मतदान स्थान पर उपलब्ध होता है।

**24 अक्टूबर**
वह पहला दिन, जब जल्दी व्यक्तिगत रूप से मतदान करने के लिए मतदाता विकल्प अधिनियम वाली काउंटियों में मतदान केंद्र खुलते हैं।

**31 अक्टूबर**
सारे California में व्यक्तिगत रूप से समय से पहले मतदान करने के स्थान शनिवार, 31 अक्टूबर को खुले रहेंगे। अपने नजदीक के मतदान स्थलों और मतदान करने के घंटे खोजने के लिए *caearlyvoting.sos.ca.gov* पर जाएँ।

---

### नवम्बर

| रवि | सोम | मंगल | बुध | वीर | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | **3** | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

**मंगलवार, 3 नवम्बर, 2026**
व्यक्तिगत रूप से मतदान करने या मतपत्र को रात 8:00 बजे तक वापस लौटाने का अंतिम दिन।

मतदान स्थल सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रहते हैं।

जैसे ही आपको आपका मतपत्र प्राप्त हो, इसे भरकर डाक द्वारा वापस भेजें। आपका मतपत्र गिने जाने के लिए, यह ज़रूरी है कि उस पर चुनाव के दिन तक की डाक-मुहर लगी हो। हम उसे चुनाव के दिन से कम से कम 7 दिन पहले भेजे जाने की सलाह देते हैं। अगर आप इसे चुनाव के दिन के आस-पास डाक से भेजते हैं, तो संयुक्त राज्य अमेरिका के डाकघर में मौजूद किसी डाक कर्मचारी से उस पर हाथ से डाक-मुहर (मैनुअल पोस्टमार्क) लगाने का अनुरोध करें।

**10 नवम्बर**
चुनाव के दिन तक डाक की मुहर लगे डाक-द्वारा-मतदान के मतपत्रों को काउंटियों द्वारा प्राप्त किए जाने का अंतिम दिन।

**25 नवम्बर**
शाम 5:00 बजे तक मतपत्र के लिफाफे पर हस्ताक्षर से संबंधित समस्याओं को ठीक करने का अंतिम दिन।

**California Secretary of State**
**Elections Division**
1500 11th Street
Sacramento, CA 95814

NONPROFIT
U.S. POSTAGE
PAID
CALIFORNIA
SECRETARY
OF STATE

OFFICIAL ELECTION MAIL
Authorized by the U.S. Postal Service ®

3 नवम्बर, 2026

# आम चुनाव

## याद रखने वाली तारीखें

**5 अक्टूबर**

काउंटी चुनाव अधिकारी इस तारीख को या इससे पहले मतपत्र भेजना शुरू कर देंगे। जैसे ही आपको अपना मतपत्र प्राप्त हों, इसे भरकर वापस भेजें।

**5 अक्टूबर – 3 नवम्बर**

डाक-द्वारा-मतदान करने की प्रारंभिक अवधि।

**6 अक्टूबर**

सुरक्षित मतपत्र ड्रॉप बॉक्स खुलते हैं।

**19 अक्टूबर**

मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का अंतिम दिन। मतदाता पंजीकरण की अंतिम तिथि के बाद, चुनाव के दिन सहित, उसी दिन मतदाता पंजीकरण आपके काउंटी चुनाव कार्यालय या मतदान स्थान पर उपलब्ध होता है।

**24 अक्टूबर**

वह पहला दिन, जब जल्दी व्यक्तिगत रूप से मतदान करने के लिए मतदाता विकल्प अधिनियम वाली काउंटियों में मतदान केंद्र खुलते हैं।

**31 अक्टूबर**

सारे California में व्यक्तिगत रूप से जाकर समय से पहले मतदान करने के स्थल शनिवार, 31 अक्टूबर को खुले रहेंगे। अपने नजदीक के मतदान स्थान और मतदान करने के घंटे खोजने के लिए *caearlyvoting.sos.ca.gov* पर जाएँ।

**मंगलवार, 3 नवम्बर, 2026**

व्यक्तिगत रूप से मतदान करने या मतपत्र को रात 8:00 बजे तक वापस लौटाने का अंतिम दिन। मतदान स्थल सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रहते हैं।जैसे ही आपको आपका मतपत्र प्राप्त हो, इसे भरकर डाक द्वारा वापस भेजें। आपका मतपत्र गिने जाने के लिए, यह ज़रूरी है कि उस पर चुनाव के दिन तक की डाक-मुहर लगी हो। हम उसे चुनाव के दिन से कम से कम 7 दिन पहले भेजे जाने की सलाह देते हैं। अगर आप इसे चुनाव के दिन के आस-पास डाक से भेजते हैं, तो संयुक्त राज्य अमेरिका के डाकघर में मौजूद किसी डाक कर्मचारी से उस पर हाथ से डाक-मुहर (मैनुअल पोस्टमार्क) लगाने का अनुरोध करें।

## निम्नलिखित में से किसी भी भाषा में मतदाता सूचना गाइड की अतिरिक्त कॉपियाँ मंगवाने के लिए, कृपया कॉल करें:

**English:** (800) 345-VOTE (8683)

**Español/Spanish:** (800) 232-VOTA (8682)

中文/**Chinese:** (800) 339-2857

हिन्दी/**Hindi:** (888) 345-2692

日本語/**Japanese:** (800) 339-2865

ខ្មែរ/**Khmer:** (888) 345-4917

한국어/**Korean:** (866) 575-1558

**Tagalog:** (800) 339-2957

ภาษาไทย/**Thai:** (855) 345-3933

Việt ngữ/**Vietnamese:** (800) 339-8163

**TTY/TDD:** 711

**मोबाइल-अनुकूल मुझे स्कैन करें**

**क्या आपने मतदान करने के लिए पंजीकरण किया हैं? यहाँ पता लगाएँ: *voterstatus.sos.ca.gov***

★ चुनाव की लागतों को कम करने के प्रयास में, राज्य विधानसभा ने राज्य और काउंटियों को प्रत्येक मतदाता परिवार के लिए केवल एक गाइड डाक से भेजे जाने के लिए अधिकृत किया है। आप काउंटी चुनाव अधिकारी से सम्पर्क करके या (888) 345-2692 पर कॉल करके अतिरिक्त कॉपियाँ भेजने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। ★



OSP 26 163410